दुर्ग(३६गढ़)	–	–	–	–	6	48	6	19	0	29
देहरादून	–	–	–	–	6	43	6	35	0	08
नादौन	–	–	–	–	–	–	6	44	–	–
नाहन (हि.प्र.)	–	–	–	–	6	43	6	39	0	04
नालागढ़	–	–	–	–	–	–	6	43	–	–
नागपुर	–	–	–	–	6	48	6	27	0	21
नालगोंडा	–	–	–	–	6	48	6	26	0	22
पटना	–	–	6	10	6	48	6	05	0	43
पटियाला	–	–	–	–	–	–	6	42	–	–
पंचकूला	–	–	–	–	6	43	6	41	0	02
पालमपुर	–	–	–	–	–	–	6	43	–	–
पानीपत	–	–	–	–	6	44	6	40	0	04
पांवटा सा.	–	–	–	–	6	43	6	37	0	06
पूना	–	–	–	–	–	–	6	49	–	–
पुरी (उड़ी)	–	–	6	03	6	50	6	01	0	49
पोर्ट-ब्लेयर	–	–	5	56	6	54	5	31	1	23
पोंडीचेरी	–	–	–	–	6	48	6	23	0	25
फरीदाबाद	–	–	–	–	6	45	6	39	0	06
बहादुरगढ़	–	–	–	–	6	44	6	40	0	04
बनारस (वाराणसी)	–	–	–	–	6	47	6	13	0	34
बिलासपुर (हि.प्र.)	–	–	–	–	–	–	6	41	–	–
बैंगलुरु	–	–	–	–	6	47	6	32	0	15

नगर	खण्डग्रास प्रारम्भ घं.	मिं.	परमग्रास घं.	मिं.	खण्डग्रास समाप्त घं.	मिं.	सूर्योदय घं.	मिं.	पर्वकाल घं.	मिं.
भागलपुर(बि.)	–	–	6	10	6	48	5	59	0	49
भोपाल	–	–	–	–	6	47	6	36	0	11
भुवनेश्वर	–	–	6	04	6	49	6	01	0	48
मण्डी (हि.प्र.)	–	–	–	–	–	–	6	40	–	–
मदुरई	–	–	–	–	6	47	6	28	0	19
मथुरा	–	–	–	–	6	45	6	36	0	09
मुज्जफरपुर	–	–	6	11	6	47	6	04	0	43
मुर्शीदाबाद	–	–	6	09	6	50	5	52	0	58
मेरठ	–	–	–	–	6	44	6	37	0	07
मैंगलोर (कर्ना.)	–	–	–	–	6	47	6	43	0	04
मैसूर	–	–	–	–	6	47	6	35	0	12
यमुनानगर	–	–	–	–	6	43	6	39	0	04
रायपुर(३६गढ़)	–	–	–	–	6	48	6	18	0	30
राँची	–	–	6	07	6	49	6	04	0	45
रोहतक	–	–	–	–	6	44	6	42	0	02
लखनऊ	–	–	–	–	6	46	6	23	0	23
शिमला	–	–	–	–	6	42	6	39	0	03
शिलांग(मे.)	–	–	6	12	6	51	5	39	1	12
सरकाघाट	–	–	–	–	–	–	6	44	–	–
सहारनपुर	–	–	–	–	6	43	6	38	0	05
सिलिगुड़ी(बंगा.)	–	–	6	12	6	48	5	53	0	55
सिलचर(आसा.)	–	–	6	11	6	52	5	35	1	17
सिबसागर (आसा.)	5	39	6	15	6	52	5	27	1	13
Sringeri (Karn.)	–	–	–	–	6	47	6	40	0	07
सोलन	–	–	–	–	6	43	6	39	0	04
हमीरपुर (हि.प्र.)	–	–	–	–	–	–	6	42	–	–
हरिद्वार	–	–	–	–	6	43	6	34	0	09
हैदराबाद	–	–	–	–	6	48	6	29	0	19

'–' = जहाँ पर्वकाल के नीचे समय नहीं लिखा, वहाँ यह ग्रहण दृश्य नहीं होगा।

'क-ख' रेखा से बाईं ओर ही यह ग्रहण दिखाई देगा। शेष भारत में दिखाई नहीं देगा।

'च-छ' रेखा के बाईं ओर नगरों/ग्रामों में यह खण्डसूर्यग्रहण दिखाई नहीं देगा। 'क-ख' रेखा के दाईं ओर के नगरों में खण्ड सूर्यग्रहण के सभी घटनाक्रम दिखाई देंगे (खण्डग्रास आरम्भ से ग्रहण-समाप्ति)। 'क-ख' तथा 'ट-ठ' रेखा के मध्यवर्ती नगरों में परमग्रास से ग्रहण समाप्ति ही देखी जा सकेगी। जबकि 'च-छ' तथा 'ट-ठ' रेखा के मध्यवर्ती नगरों में सूर्योदय के बाद केवल ग्रहण-समाप्ति ही देखी जा सकेगी। (पृष्ठ 21 भी देखें)

शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या एवं सुवर्णादि पाया फल विचार-सं. २०७२ (सन् 2015-16 ई.)

गतवर्ष 2 नवबंर 2014 ई० से ही शनि देव वृश्चिक राशि में प्रविष्ट हो चुके हैं। **वि. संवत २०७२ (सन् 2015-16 ई०) में शनि देव वृश्चिक राशि में ही संचार करेंगे।**

14 मार्च से 1 अगस्त 2015 ई० तक की अवधि में शनि वक्री अवस्था में रहेंगे। दो (२) अगस्त से वृश्चिक राशि में ही मार्गी होंगे। 24 मार्च सं० 2016 ई० तक मार्गी रहेंगे। 25 मार्च 2016 ई० से संवत के अन्त (7 अप्रैल) तक वक्री स्थिति में वृश्चिक राशि में ही संचरणशील रहेंगे।

ध्यान रहे ! शनि, मंगल आदि क्रूर ग्रह जब किसी राशि में गोचरवश वक्री होकर संचार करता है, तो वह ग्रह और भी अधिक क्रूर एवं अशुभफल प्रदायक हो जाता है तथा बुध, शुक्रादि शुभ-ग्रह वक्री हों, तो और अधिक शुभ-फल देने वाले होते हैं-

क्रूरा वक्रा महाक्रूराः, सौम्या वक्रा महाशुभाः।

अर्थात् शनि आदि क्रूर ग्रह यदि जातक की कुण्डली में नीच राशिस्थ, शत्रु आदि विरुद्ध राशि में संचार करता हो, तो जातक/जातिका के जीवनकाल में आर्थिक परेशानियां, शरीर कष्ट, आय में अड़चनें, खर्चों की अधिकता, रोगादि प्रकट होने लगते हैं। किसी राष्ट्र की वर्ष कुण्डली में शनि वक्री होकर अशुभ हो तो सामाजिक एवं राजनैतिक परिस्थितियों में उथल-पुथल, उपद्रव एवं विशेष राजनैतिक उलटफेर या परिवर्तन, महँगाई या प्राकृतिक प्रकोपों का भय, लोगों में असुरक्षा की भावना हो आदि अशुभ फल घटित होने की सम्भावनाएँ होती हैं।

जब किसी जातक की जन्म कुण्डली में शनि वक्री होकर साढ़ेसती या ढैय्या के रूप में अशुभ प्रभाव कर रहा हो, तो जातक/जातिका को मानसिक तनाव, परिवारिक एवं आर्थिक उलझनें, शरीर कष्ट, रोग-भय, आय कम व खर्च अधिक, निकट बन्धुओं से मतान्तर, शत्रु-भय एवं बनते कामों में विलम्ब तथा विघ्न-बाधाएँ उत्पन्न होती हैं।

☆ वृश्चिक राशिस्थ शनि कालीन साढ़ेसाती एवं ढैय्या ☆

(1 जन. 2015 से संवतान्त् 7 अप्रै., 2016 ई. तक)

☆ साढ़ेसाती-तुला, वृश्चिक व धनु राशि वाले जातक/जातिकाओं को शनि साढ़ेसाती का प्रभाव अभी रहेगा।

☆ शनि की ढैय्या-मेष व सिंह राशि के जातकों को शनि की ढैय्या (अढैय्या) का अशुभ प्रभाव अभी रहेगा।

शनि साढ़ेसाती या ढैय्या का फल सभी कुण्डलियों में एक जैसा नहीं होता। यदि किसी कुण्डली में शनि त्रिकोणेश (1,5 या 9वें) भावों का स्वामी होकर उच्चस्थ या मित्रक्षेत्री होकर शुभग्रह की दृष्टि में हो, तो शनि साढ़ेसाती या ढैय्या का अशुभ प्रभाव अपेक्षाकृत कम होगा। इसके अतिरिक्त ग्रहों की दशा-अन्तर्दशा शुभ एवं योगकारक ग्रहों से सम्बन्धित हो तो भी शनि साढ़ेसाती या ढैय्या का अशुभ प्रभाव कम होगा।

→ किसी विशेष राशि पर शनि की साढ़ेसाती/ढैय्या का शुभाशुभ विचार करते समय, उस राशि पर अन्य ग्रहों की स्थिति एवं दृष्टियों आदि का प्रभाव तथा सुवर्णादि पाया का विचार कर लेना चाहिए।

☆ शनि का सामान्य गोचरफल-

भूमीशाः क्रोधपूर्णा विषधर मुदिताः राजानां सन्निपातः।
सप्तद्वीप प्रकम्पान्नरपतिमरणं यांति मेघा विनाशनम्।
यदा वृश्चिकगः सौरिः मेदिनी दुख संयुता।
वर्षमात्रमथो चोर्ध्वम् इन्द्र प्रस्थो विनश्यति।।

अर्थात् वृश्चिक का शनि हो, तो राजनेताओं में विग्रह एवं टकराव हो, एवं उनमें क्रोध अधिक रहे। विश्व में अनेक स्थलों पर भूकम्पादि की संभावना हो, किन्हीं विशिष्ट नेताओं की मृत्यु हो। कहीं बहुल वर्षा के कारण धन, जन एवं सम्पदा की हानि हो। पृथ्वी पर दुख एवं पीड़ा युक्त घटनाएँ घटित हों। एक वर्ष बाद इन्द्रप्रस्थ अर्थात् दिल्ली शहर में विनाशकारी घटनाएँ घटित हों।।

सुवर्णादि पाया विचार-शनिदेव 2 नवम्बर, 2014 ई० रविवार को कुम्भ के चन्द्रमाकालीन वृश्चिक राशि में प्रवेश कर चुके हैं। तदनुसार मेषादि राशियों पर ताम्रादि पाया इस प्रकार से है-

(1) मेष, कन्या एवं कुम्भ राशियों पर सुवर्ण (सोना) का पाया होगा। जिससे जातक को संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना होगा। आय में कमी तथा खर्च अधिक रहें। शरीर कष्ट, रोग भय, तनाव तथा बन्धुओं के साथ मतान्तर रहे।

(2) वृष, सिंह, एवं धनु राशियों पर ताम्र का पाया होगा। शुभ फल प्राप्त होंगे। उच्चविद्या प्राप्ति, वाहन, धन सम्पदा का लाभ एवं विवाह, सन्तान, आरोग्यादि सुख, पदोन्नति आदि लाभ प्राप्त होंगे।

(3) मिथुन, तुला एवं मकर राशियों पर चांदी का पाया होगा। पदोन्नति, विदेशगमन, आकस्मिक धन लाभ, भूमि, वाहनादि सुख, स्त्री-सन्तानादि परिवारिक सुखों की प्राप्ति आदि शुभफल होंगे।

(4) **कर्क, वृश्चिक एवं मीन राशियों पर लौह का पाया होगा।** परिवारिक कलह, घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनें, बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ, आय में कमी व खर्चों की अधिकता तथा दुर्घटना से चोटादि का भय होता है।

वृश्चिक राशिस्थ शनि का द्वादश राशियों पर गोचरफल-सं. २०७२

(1 जन., 2015 ई. से 7 अप्रै., 2016 ई. तक)

✤ **मेष राशि**–वर्षारम्भ में इस राशि पर मंगल की स्वगृही दृष्टि होने से धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु शनि की ढैय्या एवं पाया सुवर्ण होने से वृथा दौड़-धूप एवं खर्च अधिक रहेंगे। घरेलु एवं व्यवसायिक उलझनें बढ़ेंगी। ता. 14 जुला. से गुरु की शुभ दृष्टि होने से बिगड़े कामों में कुछ सुधार होंगे।

✤ **वृष राशि**–वर्षारम्भ में राशिस्वामी शुक्र भाग्य स्थान में होने से निर्वाह योग्य आय के साधन रहेंगे। शनि का पाया ताम्र होने से गृह में मंगल कार्य घटित होगा। परन्तु राशि पर शनि व मंगल की दृष्टियां होने से व्यवसाय में संघर्ष अधिक व खर्च भी बढ़ेंगे। शनि सम्बन्धी उपाय करने शुभ होंगे।

✤ **मिथुन राशि**–प्रारम्भ में शनि छटे तथा राशिस्वामी बुध अष्टम होने से धन हानि तथा बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। 9 मार्च से कुछ सुधार विशेषकर 5 जुला. से बुध स्वराशि में शुभ होगा। इस राशि पर शनि का पाया भी चान्दी होने से धन, भूमि, वाहन एवं परिवारिक सुखों की प्राप्ति होगी। परन्तु मानसिक तनाव रहेगा।

✤ **कर्क राशि**–वर्ष के पूर्वार्द्ध में इस राशि पर गुरु का संचार तथा शनि पंचमस्थ होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। धर्म-कर्म की ओर रुचि बढ़ेगी। इस राशि को शनि का पाया लोहा होने से उत्तरार्द्ध में आर्थिक उलझनों तथा परिवारिक परेशानियों का सामना रहेगा। शनि के उपाय करने शुभ होंगे।

✤ ***सिंह राशि**–पर शनि की ढैय्या का प्रभाव अभी रहेगा। द्वितीय स्थान में राहु का संचार होने से आर्थिक परेशानियों का सामना रहेगा। परंतु शनि का पाया ताम्र होने से तथा 14 जुला. से गुरु का संचार होने से मंगल कार्य एवं निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।*

✤ ***कन्या राशि**–वर्षारम्भ में शनि तृतीयस्थ है, जबकि राहु लग्न में संचरित होगा। दौड़धूप अधिक रहेगी। संघर्ष के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। इस राशि को शनि का पाया सुवर्ण होने से मानसिक व शरीर-कष्ट तथा गुप्त चिन्ताएँ रहेंगी। श्रीहनुमान उपासना व शनि के उपाय करने शुभ होंगे।*

✤ ***तुला राशि**–इस राशि पर शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव अभी रहेगा,* जिसके फलस्वरूप व्यवसाय में आर्थिक परेशानियाँ तथा घरेलु उलझनों का सामना रहेगा। इस राशि पर शनि का पाया चान्दी होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। वाहन आदि सुख-साधनों पर व्यय अधिक होंगे। अन्त में लिखे शनि देव के उपाय करने कल्याणप्रद होंगे।

✤ **वृश्चिक राशि**–पर शनि साढ़ेसाती होने से कार्य-व्यवसाय में अड़चनें तथा आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। शनि का पाया भी लोहा होने से घरेलु व आर्थिक उलझनें बढ़ेंगी। ता. 13 जुला. तक इस राशि पर गुरु की शुभ दृष्टि होने से निर्वाह योग्य धन लाभ तथा धर्म/कर्म की ओर रुचि बनी रहेगी।

✤ **धनु राशि**–शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव अभी रहेगा। गुरु उच्चस्थ होने पर भी अष्टमस्थ है, कार्य व्यवसाय में कठिनाईयों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। शनि का पाया भी ताम्र होने से बिगड़े कार्यों में सुधार होगा, विशेषकर 14 जुला. के पश्चात्।।

✤ **मकर राशि**–वर्षारम्भ से ही इस राशि पर शनि की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। शनि का पाया भी चान्दी होने से गत किए गए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। यद्यपि 14 जुला. के बाद धन लाभ एवं उन्नति के लिए विशेष संघर्ष का सामना रहेगा। आय कम व खर्च अधिक रहेंगे।

✤ **कुम्भ राशि**–शनि दशम भाव में शुभ-राशिगत है। अत्यन्त कठिनाईयों एवं संघर्ष के बाद ही निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। शनि का पाया भी सुवर्ण होने से शरीर कष्ट, मानसिक तनाव व खर्च अधिक रहेंगे। ता. 14 जुला. से इस राशि पर गुरु की दृष्टि शुभ होने से धन लाभ एवं उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आगे लिखे उपाय करने शुभ होंगे।

✤ **मीन राशि**–राशिस्वामी शनि नवमस्थ (भाग्य) में होने से कार्य व्यवसाय में अड़चनें हों। शनि का पाया भी लौह एवं केतु लग्नस्थ होने से स्वास्थ्य विकार, गुप्त चिन्ताएं एवं खर्च अधिक होंगे। वर्ष के पूर्वार्द्ध भाग में गुरु की स्वगृही दृष्टि पड़ने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे एवं धार्मिक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी।

शनि साढ़ेसाती एवं ढैय्या सम्बन्धी विशेष उपाय

शनि साढ़ेसाती अथवा शनि ढैय्या का फल सदा अनिष्टकारी ही होगा–ऐसा आवश्यक नहीं। **ध्यान रहे,** शनि सभी राशियों पर एक जैसा प्रभाव नहीं करता है, बल्कि स्वराशि, उच्च-मित्रादि स्थिति से एवं शुभाशुभ दृष्टियों के प्रभावस्वरूप इसके फल में न्यूनाधिक अन्तर पड़ना भी सम्भव है। जन्मकुण्डली एवं नवांश में शनि की स्थिति अच्छी हो एवं जातक की ग्रह-दशा भी शुभ हो, तो शनि की साढ़ेसति या ढैय्या का अशुभ प्रभाव भी अपेक्षाकृत कुछ कम होगा। इसके अतिरिक्त वृष, मिथुन, कन्या, तुला, मकर या कुम्भ राशि पर शनि की स्थिति या दृष्टि शुभ, लाभदायक एवं योगकारक भी हो सकती है। किसी विशेष राशि पर शनि साढ़ेसाती का विचार करते समय उस राशि पर अन्य ग्रहों की स्थिति, दृष्टि आदि का प्रभाव, सुवर्णादि पाया का अवश्य विचार करना चाहिए।

कुण्डली में शनि की स्थिति एवं दशाऽन्तर्दशा शुभ होने पर कार्य-व्यवहार व योजनाओं में सफलता, लाभ, व्यवसायिक विद्याओं में उन्नति, क्रय-विक्रय विशेषकर लोहे, तेल के कार्य-व्यवसाय में विशेष लाभ प्राप्त करने वाला होता है।

शनि की दशाऽन्तर्दशा अथवा साढ़ेसाती अशुभ स्थिति में होने से व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता अथवा परिश्रम करने पर भी सफलता प्राप्त नहीं होती। वह कुछ चिड़चिड़े स्वभाव का हो जाता है, उसके प्रत्येक कार्य में विघ्न पैदा होते हैं। निकट सहयोगी भी परायों जैसे व्यवहार करने लगते हैं।

अतएव ऐसी स्थिति में जातक को शनि का पूजन, दान, मन्त्र-जाप तथा औषधि स्नान आदि करने से शनि के अरिष्ट की शान्ति होती है।

जन्म कुं. में शनि यदि अशुभ हो अथवा जन्म-नक्षत्र पर शनि का संचार हो, तो जातक/जातिका को वायु-विकार, त्वचा रोग, घुटनों में दर्द, उच्च या निम्न रक्तचाप आदि रोग होते हैं।

शनि प्रायः क्लिष्ट रोग एवं दुःख देकर दुष्ट-कर्मों का भुगतान करवाता है। शनि के अरिष्टकाल में कोई-न-कोई झंझट चलता रहता है। आर्थिक संकट एवं घरेलू कलह का भय होता है। वायु प्रकोप आदि शरीर कष्ट, मानसिक अशान्ति रहती है। अपने भी पराये होने लगते हैं। आय कम तथा खर्चों में अधिकता होने लगती है।

उपाय—शास्त्रों में प्रतिपादित उपायों को विधिपूर्वक करने से अवश्य लाभ पहुँचेगा।

(1) प्रत्येक शनिवार को शनि मन्त्र का संकल्पपूर्वक पाठ करें—

'ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः'

कम-से-कम 3 माला अवश्य करें। पाठ उपरान्त निम्न शनि स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा—

नमः कृष्णाय नीलाय शितिकण्ठनिभाय च।
नमः कालाग्निरूपाय कृतान्ताय च वै नमः॥

(2) शनिवार को सुन्दरकाण्ड का पाठ या श्रवण करना शुभ होगा।

(3) शनिवासरी अमावस्या हो, तो उस दिन सायं सूर्यास्त के बाद शनि पूजन, मन्त्र जाप एवं स्तोत्र पाठ करना विशेष कल्याणप्रद होगा।

शनि साढ़ेसाती, ढैय्या एवं शनि पाया के अशुभ फल की शान्ति के लिए शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र की 23 हज़ार की संख्या में विधिपूर्वक जप करना, तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना या करवाना कल्याणकारी रहता है। शनिवार का व्रत रखना, उड़द, सप्तधान्यादि दान, कृष्ण वस्त्र, शिव उपासना, शनि स्तोत्र तथा शनि से सम्बन्धित अन्य वस्तुओं का दान करने से लाभ होता है। इसके अतिरिक्त शुभ मुहूर्त में नीलम एवं विधिपूर्वक निर्मित **शनि यन्त्र** धारण करना भी लाभप्रद रहता है।

शनि का बीज मन्त्र—*"ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः।।"*

शनि का वैदिक मन्त्र—

"ॐ शन्नो देवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शं योरभिस्त्रवन्तु नः॥ शं नमः॥"

शनि लघु स्तोत्र—

नमस्ते कोण संस्थाय पिङ्गलाय नमोऽस्तुते।
नमस्ते विष्णुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तुते।।
नमस्ते रौद्रदेवाय, नमस्ते काल-कायजे।
नमस्ते यम-संज्ञाय, शनैश्चराय नमोऽस्तुते।।

प्रतिदिन प्रातःकाल भगवान शिव की पूजनोपरान्त पीपल वृक्ष के समीप इस स्तोत्र का पाठ करके कच्ची लस्सी में काले तिल डालकर वृक्ष के मूल में लस्सी चढ़ाना तथा सायंकाल को तैल का दीपक जलाकर प्रार्थना करने से शनि-जनित अरिष्टों की शान्ति होती है।

गुरु का कर्क एवं सिंह राशिस्थ गोचरफल-संवत् २०७२

गतवर्ष 19 जून, गुरुवार, सन् 2014 ई० से गुरु देव (बृहस्पति) कर्क राशि में संचार कर रहे हैं। **आगामी वर्ष सन् 2015 ई० में 14 जुला., मंगलवार को प्रातः 6 बजकर 26 मिनट पर गुरु मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में प्रवेश करेंगे।** तथा सम्वत् के अन्त (7 अप्रैल 2016 ई०) तक सिंह राशि में ही संचार रहेगा।

वक्री-मार्गी—गतवर्ष 9 दिसबंर 2014 ई० से 7 अप्रैल 2015 ई० तक कर्क राशि में वक्री होंगे। कर्क राशिगत गुरु जब वक्री अथवा अतिचारी होता है, तो देश के कुछ भागों में दुर्भिक्ष-अर्थात् अनाज की कमी हो एवं राजनेताओं में परस्पर विग्रह एवं टकराव की स्थिति बनेगी।

कर्क राशिगतोजीवो यदा वक्री भवेत्तदा।
दुर्भिक्षं जायतेघोरं राजानोयुद्धतत्पराः।। व.प्र.।।

देश में छत्रभङ्ग (शासन परिवर्तन) हो तथा अनेक स्थलों में जनांदोलन एवं उपद्रव हों। सब प्रकार के अनाज, रसादि पदार्थ, घी, तेल, दूध, चावल, चीनी, सर्वधातुएँ एवं कपासादि तेज भाव हों। सात महीनों में विशेष तेजी हो—

राष्ट्रभङ्गं विजानीयात् वैरोपद्रव संकुलम्।
रसादि सर्वसंयोगोघृततैलादि खण्डकम्।। ....सर्वधान्य महर्घता।।

ता. 14 जुला. 2015 ई० को गुरु सिंह राशि में प्रवेश करेगा। गुरु का सिंह राशि में संचरणकालीन धर्मस्थलों, विद्वानों एवं ब्राह्मणों की प्रतिष्ठा बढ़े तथा सत्याचरण करने वाले महापुरुषों की मान-इज्ज़त में वृद्धि होगी, विभिन्न पार्टियों एवं समुदायों के बीच टकराव एवं विवाद हो, क्लिष्ट किस्म के रोगों की वृद्धि हो। सब प्रकार के चौपायों एवं गेहूँ, उड़द, तिल, तेल, पैट्रोल, चावल, सोना, चान्दी, ताम्बा, पीतल आदि धातुएँ तेज भाव होंगे।

सिंहे जीवे देव ब्राह्मण पूजास्यात्नराणां मान्यतासताम्।
रोगा:विवादश्चान्योऽन्यं चतुष्पदादिमहर्घता।। (व.प्र.)....

जुलाई-अगस्त में सिंहस्थ गुरु शीघ्रातिचारी स्थिति में गतिशील है। इस मास में शनि भी वक्री स्थिति में है। इसका फल भी शास्त्र में अशुभ कहा गया है।

यदा क्रूर ग्रहो वक्रीहि अतिचारी सौम्यकः।
युद्धादि भवति दुर्भिक्षंराज्ञांवैरं परस्परम्।।

अर्थात् शनि आदि क्रूर ग्रह जब वक्री हो और गुरु आदि शुभ ग्रह शीघ्र अतिचार गति को प्राप्त हो, तो देश के किसी क्षेत्र में अनाज एवं आवश्यक वस्तुओं की कमी हो, विशिष्ट प्रकार के रोगों के कारण लोगों में कष्ट, सीमाओं पर युद्धभय, एवं राजनेताओं में परस्पर विरोध बढ़े।

गुरु का गोचर फल

अनेक स्थलों पर टकराव एवं हिंसा की घटनाएँ घटित होंगी। कुछ भागों में अत्याधिक वर्षा के कारण कृषि-धन एवं लोगों की हानि हो। आगामी पृष्ठ पर संक्षेप में कर्क एवं सिंह राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल लिख रहे हैं।

☆ कर्क राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल ☆

[1 जन. से 13 जुला., 2015 ई. तक]

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
चतुर्थस्थ गुरु होने से साधनों में वृद्धि परन्तु सुख में कमी हो, तनाव व अशान्ति बढ़े, सवारी से चोटादि का भय, गृह में कलह-क्लेश हो।	तृतीयस्थ गुरु होने से धन लाभ अच्छा परंतु आक-स्मिक खर्च, निकटस्थ भाई-बन्धु को शरीर कष्ट, घरेलू उलझनें।	उच्च प्रतिष्ठित लोगों से मेल हो, दीर्घ यात्रा के योग, धन लाभ, शुभ कार्यों पर खर्च हो। धार्मिक कार्यों की ओर रूचि रहे।	लग्नस्थ गुरु पूज्य होता है। यद्यपि संघर्ष देता है, परन्तु यहां उच्च राशिगत होने से उलझनों एवं संघर्ष के बाद धन लाभ एवं कार्य प्रशस्त होंगे।	द्वादश गुरु होने से आय कम व खर्च अधिक रहेंगे, बनते कार्यों में विघ्न, धर्म कार्यों में प्रवृत्ति, शुभ कार्यों पर खर्च अधिक होंगे।	धन सम्पदा व सवारी आदि का सुख हो, भाग्य में उन्नति, प्रिय मिलन, व्यय अधिक, कार्यों में सफलता हो।	दशमस्थ गुरु होने से कार्य-व्यवसाय में रुकावटों के बाद धन प्राप्ति, आय कम, खर्च अधिक, तनाव के कारण स्वास्थ्य खराब रहे।	गुरु भाग्यस्थ होने से बिगड़े कार्यों में कुछ सुधार, भूमि, वाहनादि का सुख मिले, किसी प्रियबन्धु से मिलाप, सन्तान सम्बन्धी सुख।	अष्टमस्थ गुरु होने से आय कम व खर्च अधिक रहेंगे, ऋण व रोग का भय, घरेलू उलझनें बढ़ेंगी।	सप्त-मस्थ गुरु होने से विघ्नों के बाद कार्य-सिद्धि धन-लाभ, भाग्य में उन्नति के योग हैं। यात्रा का विचार बने।	छटे गुरु होने से व्यय अधिक रहे, ऋण, रोग एवं शत्रु भय हो, निज-बन्धु से विरोध रहे।	पंचमस्थ गुरु होने से भूमि-वाहनादि सुख हो, उच्च विद्या में सफलता, विवाह आदि सुखों की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क से लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

✚ सिंह राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल–सं. २०७२ ✚

(14 जुला. 2015 ई० से 7 अप्रैल 2016 ई० तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
गुरु पंचम में होने से विद्या एवं कार्यों में सफलता, वाहन आदि सुखों में वृद्धि, धन लाभ के अवसर मिलेंगे।	गुरु चतुर्थ होने से विशेष संघर्ष के बाद किंचित् धन लाभ हो, गृह कलह व खर्च के कारण मन अशान्त हो।	गुरु तृतीय होने से कठिनता से धन प्राप्ति हो। आय-कम व खर्च अधिक रहे। शरीर कष्ट, रोग भय।	धन लाभ व उन्नति के अवसर धर्म कार्यों पर खर्च अधिक हो, गत किए कार्यों में सफलता हो।	संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य धन मिले, परन्तु खर्चों में विशेष तेज़ी हो, रोग व शुभ भय रहे। धर्म-कर्म में रूचि बढ़े	द्वादश होने से वृथा दौड़ धूप रहे, आय कम खर्च अधिक हों, कामों में बाधाएँ रोग व कष्टमय, गुप्त चिन्ताएँ हो।	गुरु लाभ में होने से किसी श्रेष्ठ जन की मदद से धन लाभ के अवसर मिलेंगे। विद्या या कार्य क्षेत्र में सफलता मिले।	गुरु दशमस्थ होने से विशेष कठिनाईयों के बाद ही गुज़ारे योग्य आय हो। खर्च अधिक रहें। तनाव व रोग भय।	गुरु भाग्यस्थ होने से गत किए गए कार्यों में सफलता हो, भूमि, वाहन आदि सुखों की प्राप्ति हो, धन लाभ के साथ खर्चे भी बढ़ेंगे।	गुरु अष्टम में होने से बनते कामों में अड़चनें होंगी। आय कम व खर्च अधिक होंगे। घरेलु उलझनों के कारण रोग भय व अशान्ति हो।	गुरु सप्तम में होने से अत्यंत संघर्ष के बाद आय के साधन बनेंगे। खर्च अधिक तथा आय अल्प हो कार्य क्षेत्र में दौड़धूप अधिक हो।	गुरु छटे होने से आय कम व खर्च अधिक होंगे, रोग व शत्रु से भय हो। घरेलु उलझनों के कारण मन परेशान एवं अशान्त रहे।

गुरु का कारकत्व—गुरु पति-सुख, धर्म-आध्यात्म, सन्तान, पुत्र, विद्या, विवेक-बुद्धि, बड़ा भाई, सुवर्ण, ज्योतिष आदि विद्याओं का कारक माना जाता है। शरीर में लिवर, हृदयकोश, पाचन प्रक्रिया, कान आदि का भी कारक माना जाता है। कुण्डली में गुरु अशुभ हो अथवा अशुभ ग्रह द्वारा दृष्ट या युक्त हो, तो गुरु सम्बन्धित सुख में कमी करता है।

हमारे कार्यालय से छपी **'ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) भाग-1'** में गोचर विचार पढ़ना चाहिए।

गुरु के अशुभ फल की शन्ति के लिए दान—गुरु की शुभता बढ़ाने के लिए वृद्ध ब्राह्मण को भोजन कराना, गुरुवासरी अमावस्या तथा गुरुवार का व्रत रखना, पुखराज धारण करना, पीले वस्त्र, चने की दाल, कांस्य पात्र, सुवर्ण, शक्कर, केले, लड्डुओं, धार्मिक ग्रन्थ आदि का दान यथाशक्ति करने तथा गुरु के बीज मन्त्र अथवा गुरु गायत्री मंत्र का जाप 19,000 की संख्या में विधिपूर्वक करना शुभ एवं फलदायक रहेगा। गुरु धनु और मीन राशि का स्वामी है। पति सौख्य की प्राप्ति के लिए स्त्रियों को गुरु के बीज मंत्र, व्रत, पुखराज धारण तथा यथाशक्ति दान करना लाभदायक रहता है। प्रत्येक गुरुवार केसर का तिलक भी लगाना चाहिए।

गुरु गायत्री मन्त्र–

''ॐ अंगिरो जाताय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरुः प्रचोदयात्।।''

गुरु बीज मन्त्र–''ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः।।''

गुरु का वैदिक मन्त्र–ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्।। (जप संख्या १९०००)

पुराणोक्त गुरु मन्त्र– ॐ देवानां च मुनीनां च गुरु कांचनसंनिभम्।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमानि बृहस्पतिम्।।

☆ राहु-केतु का शुभाशुभ गोचरफल–संवत् २०७२ ☆

गतवर्ष राहु 12 जुला. सं. 2014 ई० से रात्रि 9/52 मिनट पर कन्या राशि में तथा केतु ग्रह मीन राशि में प्रविष्ट हो चुके हैं।

आगामी वर्ष सन् 2015 ई० में राहु कन्या राशि में तथा केतु मीन राशि में ही संचार करते रहेंगे। परन्तु 29 जनवरी सन् 2016 ई० से राहु सिंह राशि में तथा केतु कुम्भ राशि में रात्रि 25/21 बजे से प्रविष्ट होंगे। उनका शुभाशुभ गोचर फल आगामी पंचांग संवत् २०७३ में दिया जाएगा। आगे राहु का कन्या राशि में तथा केतु का मीन राशि में प्रवेश का गोचर फल दिया जा रहा है–

☆ कन्या राशिस्थ राहु का गोचर फल ☆

[संवतारम्भ से 29 जनवरी, 2016 ई. तक]

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
विशेष संघर्ष के बाद भी आय कम व खर्च अधिक रहें।	आर्थिक उलझनों के कारण घरेलू परेशानियां हों, भाग्य में विघ्नों के कारण गुप्त चिंताए रहें।	कार्य-व्यवसाय में विघ्नों के बाद सफलता मिले। आय के साथ-2 खर्च भी बहुत हों।	पराक्रम व उत्साह में वृद्धि, धन-लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। विदेश-गमन की योजना बनेगी।	घरेलू कलह-क्लेश हो, वृथा खर्च बढ़े, शरीर कष्ट व तनाव बढ़े। रोग भय।	शरीर कष्ट, तनाव अधिक रहे। बनते कार्यों में अड़चनें पड़े, खर्चों की भी अधिकता हो।	सामान्य आय के साथ-2 खर्च भी बहुत अधिक रहेंगे। किसी अप्रिय घटना के कारण मन अशान्त रहे।	धन लाभ व उन्नति के चांस बनेंगे, पर खर्च भी बहुत बढ़ेंगे, विदेश यात्रा के विचार बनेंगे।	आय अल्प, किन्तु खर्च बहुत हों, कार्य-व्यवसाय एवं घरेलू उलझनों के कारण तनाव बढ़ें कार्यों में विघ्न।	बिगड़े कार्यों में कुछ सुधार, वाहनादि सुखों की प्राप्ति, बड़ी कठिनता से निर्वाह योग्य आय बने।	धन-लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे, शुभ कार्यों पर खर्च होंगे, शुभ समाचार मिले, कुछ बिगड़े काम बनेंगे।	बनते कार्यों में अड़चनें, लाभ कम व खर्च अधिक होंगे, परिवार या पति/पत्नी में मन-मुटाव हो।

☆ मीन राशिस्थ केतु का गोचर फल ☆

[संवतारम्भ से 29 जनवरी, 2016 ई. तक]

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
रोग व शत्रु भय, अपने भी परायों जैसा व्यवहार रखें। खर्च अधिक रहेंगे।	धन लाभ साधारण, वाहन, भूमि आदि साधनों की प्राप्ति, संघर्ष अधिक रहे।	अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे, खर्चों में वृद्धि, रोग व शत्रुभय, परेशानियां बढ़ेंगी।	भाग्य-उन्नति में विघ्न, वृथा खर्च बढ़ें, दुर्घटना से चोट आदि का भय।	परिश्रम से धन लाभ अच्छा, वाहन आदि सुख प्राप्त हों, कुछ बिगड़े कामों में सुधार।	कुटुम्ब में किसी प्रियजन से वैमनस्य, खर्च अधिक, किसी से धोखा मिले।	पराक्रम से धन लाभ हो, बिगड़े कार्यों में कुछ सुधार, खुश-खबरी मिले।	लाभ कम व खर्च अधिक हों। घरेलू कलह-क्लेश के कारण मन अशान्त, विदेश गमन का योग बनेगा।	संघर्ष के बाद गुजारे योग्य आय के साधन हों। भूमि, सवारी आदि सुखों का लाभ।	बिगड़े कामों में सुधार, परिश्रम से धन लाभ अच्छा, वाहन सुख मिले।	वृथा दौड़-धूप अधिक हो, लाभ कम व खर्च अधिक रहे, तनाव हो।	शरीर कष्ट व तनाव रहे, बनते कार्यों में विघ्न, खर्च अधिक हो।

अनिष्ट राहु की शान्ति हेतु तिल, तेल, भूरे रंग का वस्त्र, कम्बल, नारियल, सप्तधान्य, सतनाजा, कृष्ण पुष्प आदि का दक्षिणा सहित दान करना कल्याणकारी रहता है। जन्मपत्री अनुशीलन के बाद गोमेध भी धारण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राहु के बीज मन्त्र '**ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः**' का 18 हज़ार की संख्या में जाप करें। गजेन्द्र मोक्ष स्तोत्र का पाठ भी शुभ है। राहु का गायत्री मन्त्र–

ॐ शिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्॥

केतु के अरिष्ट की शान्ति हेतु लोहा, सप्तधान्य, लाल-काला वस्त्र, नारियल, कम्बल, कस्तूरी, बेल, कुष्ठाश्रम आदि में भोजन, क्षीर का दान तथा जन्मपत्री विश्लेषण के पश्चात् लहसनिया नग धारण करना कल्याणकारी रहता है। केतु के बीज मन्त्र '**ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः**' की 17 हज़ार की संख्या में जाप करना तथा श्री गणेश स्तोत्र एवं अपराजिता स्तोत्र का पाठ करना शुभ है। केतु की शान्ति के लिए गायत्री मन्त्र–

ॐ पद्म पुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो केतुः प्रचोदयात्॥

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के सम्बन्ध में और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी प्रकाशित पुस्तक **अनिष्ट ग्रहों के चामत्कारी उपाय/टोटके** मँगवाकर पढ़ें। **मूल्य–200/-**

नक्षत्रानुसार पाया फल जानना

- ✷ आर्द्रा, पुर्न., पुष्य, अश्ले., मघा, पू.फा., उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती–इन दश नक्षत्रों के मध्य किसी जातक का जन्म हो, तो चान्दी का पाया।
- ✷ विशा., अनु., ज्ये., मूल, पू.षा., उ.षा., श्रवण, धनि., शतभिषा के मध्य जन्म हो, तो ताम्बे का पाया।
- ✷ रेवती, अश्वि, भर., कृति, रोह, मृग = सोना (सुवर्ण)
- ✷ पू.भा., उ.भा. = लौह पाया

आर्द्रा दश रूपाणां, विशाखा नवताम्रका। रेवती षट् हेमश्च, शेषा द्वौ लौह-प्रकीर्तिता।।

चान्दी एवं ताम्र के पाया शुभ एवं लाभदायक तथा सुवर्ण एवं लौह के पाया धन हानि एवं कष्टकारी फल देते हैं।

कुछ विद्वानों एवं मुहूर्त्त ग्रन्थों अनुसार जन्म-राशि से चन्द्रस्थिति तक गणना करने पर विभिन्न स्थानों के अनुसार चन्द्रमा के सुवर्णादि पाद का विचार किया जाता है। यथा–

स्थान	१,६,११	२,५,९	३,७,१०	४,८,१२
चन्द्रपाद	स्वर्ण	रजत	ताम्र	लोह
फल	सौभाग्य	शुभत्व	दारिद्रय	मृत्यु

जन्मराशि से इन्हीं स्थानों पर अन्य ग्रहों के भी चरणों का विचार किया जाता है परन्तु फल भिन्न-भिन्न रहता है–**"सौरी लोहे शुभः प्रोक्तो हेमपादे च वै गुरुः। रजते चंद्रशुक्रौ च, ग्रहाश्चान्ये च ताम्रके।।"**

अर्थात् शनि का लौह पाद, बृहस्पति का सुवर्णपाद, चंद्र शुक्र का रजत पाद तथा अन्य ग्रहों (सू.मं.बु.श.के.) के ताम्र पाद श्रेष्ठ होते हैं।

सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, गुरु पुष्यादि योग–वि. संवत् २०७२ (सन् 2015–16 ई.)

किसी विशेष कार्य हेतु आवश्यक परिस्थितिवश अथवा शीघ्रता में कोई सुनियोजित एवं निर्धारित मुहूर्त न मिलता हो, तो आगे लिखे गए सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, रवि योग, गुरु पुष्य आदि योगों में अभीष्ट कार्यों का शुभारम्भ करके मनोवांछित कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

सर्वार्थ सिद्धि योगों में—अनुबन्ध करना, परीक्षा, नौकरी अथवा चुनाव आदि के लिए आवेदन करना, क्रय-विक्रय करना, यात्रा या मुकद्दमा करना, भूमि, सवारी, वस्त्र-आभूषणादि का क्रय करना इत्यादि कृत्य किए जा सकते हैं। **अमृत सिद्धि योगों में** स. सि. योगों वाले कृत्यों के अतिरिक्त प्रेम विवाह करना, विदेश यात्रा, किसी कार्य सिद्धि हेतु सकाम अनुष्ठान करना आदि। रवि योग स. सि. योगों की भान्ति शुभ कार्यों के लिए प्रशस्त माने जाते हैं। **रवि योग की** उपलब्धता में यदि कोई कुयोग भी हो, तो **'रवि योग'** अन्य कुयोगों का नाश करके शुभ फल प्रदान करता है।

रविपुष्य योग—में जड़ी-बूटी तोड़ना तथा तोड़कर औषध तैयार करना, किसी विशेष रोग में रोगी को औषधि देना शुभ होता है। यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रादि प्रयोगों में यह योग शुभ होते हैं।

गुरुपुष्य योग— गुरू अथवा पिता, दादा या श्रेष्ठ व्यक्ति से मन्त्र, तन्त्र या किसी विशिष्ट विषय के सम्बन्ध में उच्च विद्या ग्रहण करना, धन, भूमि-विद्या एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करना, कोई धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ करना, गुरु धारण करना, विदेश-यात्रा आरम्भ करना शुभ होता है।

उपरोक्त सभी योगों में से कोई योग विशेष ग्रहण करने से पूर्व तिथि एवं चन्द्रमा का बल भी ध्यान में रख लेवें, तो अत्यन्त लाभदायक होगा। (अर्थात् कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर्यन्त चन्द्र निर्बल माना जाता है।) इनके अतिरिक्त गुरु-शुक्र ग्रहों के अस्त काल, अधिक मास, ग्रहण काल, श्राद्ध पक्ष आदि का भी ध्यान कर लेना शुभ होगा। **विवाह, मुण्डन, गृहनिर्माण, गृहप्रवेश आदि कार्य निर्धारित मुहूर्त्तों में ही करने शुभ होंगे।** ध्यान रहे, 12 अग. से 7 सितं., 2015 ई. तक गुरु अस्त तथा 5 अग. से 20 अग., 2015 ई. तक शुक्र अस्त रहेगा।

—पण्डित विवेक शर्मा, गणितकर्ता

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल 2015 ई.	घं. मिं.	समाप्ति काल 2015 ई.	घं. मिं.
22 मार्च	सू. उ.	23 मार्च	4 23
24 मार्च	सू. उ.	25 मार्च	2 02
25 मार्च	सू. उ.	26 मार्च	सू. उ.
28 मार्च	4 05	28 मार्च	सू. उ.
29 मार्च	सू. उ.	30 मार्च	8 46
31 मार्च	सू. उ.	31 मार्च	11 40
8 अप्रै.	सू. उ.	9 अप्रै.	6 51
12 अप्रै.	7 10	13 अप्रै.	सू. उ.
13 अप्रै.	6 13	14 अप्रै.	4 46
17 अप्रै.	19 49	18 अप्रै.	सू. उ.
19 अप्रै.	सू. उ.	19 अप्रै.	15 09
21 अप्रै.	सू. उ.	21 अप्रै.	11 57
22 अप्रै.	सू. उ.	23 अप्रै.	सू. उ.
26 अप्रै.	सू. उ.	26 अप्रै.	15 53
6 मई	सू. उ.	6 मई	12 40
10 मई	सू. उ.	10 मई	11 57
11 मई	सू. उ.	11 मई	10 56
15 मई	04 34	17 मई	सू. उ.
18 मई	21 55	19 मई	सू. उ.
20 मई	सू. उ.	20 मई	20 46
21 मई	21 08	22 मई	22 14

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल 2015 ई.	घं. मिं.	समाप्ति काल 2015 ई.	घं. मिं.
30 मई	16 30	31 मई	सू. उ.
1 जून	19 20	2 जून	सू. उ.
6 जून	17 31	7 जून	सू. उ.
11 जून	10 59	13 जून	सू. उ.
15 जून	6 26	16 जून	सू. उ.
17 जून	सू. उ.	17 जून	5 41
18 जून	6 01	19 जून	6 57
23 जून	16 21	24 जून	सू. उ.
24 जून	19 27	25 जून	सू. उ.
27 जून	सू. उ.	28 जून	02 49
29 जून	सू. उ.	30 जून	4 31
3 जुला.	24 40	4 जुला	22 55
7 जुला.	17 45	8 जुला.	सू. उ.
9 जुला.	सू. उ.	10 जुला	14 09
13 जुला	सू. उ.	14 जुला	सू. उ.
16 जुला	सू. उ.	17 जुला	सू. उ.
21 जुला	सू. उ.	22 जुला	3 11
22 जुला	सू. उ.	23 जुला	सू. उ.
25 जुला	सू. उ.	25 जुला	11 24
27 जुला	सू. उ.	27 जुला	13 51

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल 2015 ई.	घं. मिं.	समाप्ति काल 2015 ई.	घं. मिं.
31 जुला	9 53	1 अग.	7 41
4 अग.	सू. उ.	4 अग.	22 38
6 अग.	सू. उ.	6 अग.	19 40
8 अग.	18 26	9 अग.	सू. उ.
10 अग.	सू. उ.	10 अग.	19 01
13 अग.	सू. उ.	13 अग.	23 13
18 अग.	सू. उ.	18 अग.	10 11
19 अग.	सू. उ.	19 अग.	13 22
28 अग.	सू. उ.	28 अग.	18 07
1 सितं.	सू. उ.	1 सितं.	7 14
5 सितं.	सू. उ.	5 सितं.	24 10
13 सितं.	13 21	14 सितं.	सू. उ.
19 सितं.	3 57	19 सितं.	सू. उ.
27 सितं.	20 54	28 सितं.	सू. उ.
29 सितं.	15 00	30 सितं.	सू. उ.
3 अक्तू.	सू. उ.	3 अक्तू.	7 27
9 अक्तू.	16 19	10 अक्तू	सू. उ.
11 अक्तू	सू. उ.	12 अक्तू	सू. उ.
16 अक्तू	9 43	17 अक्तू	सू. उ.
18 अक्तू	13 13	19 अक्तू	सू. उ.
25 अक्तू	7 42	26 अक्तू	5 02
27 अक्तू	सू. उ.	27 अक्तू	23 25

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल 2015–16	घं. मिं.	समाप्ति काल 2015–16	घं. मिं.
28 अक्तू	20 50	29 अक्तू	सू. उ.
2 नवं.	16 25	3 नवं.	सू. उ.
3 नवं.	17 53	4 नवं.	सू. उ.
6 नवं.	सू. उ.	6 नवं.	25 52
8 नवं.	सू. उ.	9 नवं.	सू. उ.
12 नवं.	15 42	13 नवं.	17 26
15 नवं.	सू. उ.	15 नवं.	19 39
22 नवं.	सू. उ.	22 नवं.	14 29
24 नवं.	सू. उ.	24 नवं.	9 58
25 नवं.	7 38	26 नवं.	सू. उ.
30 नवं.	1 32	1 दिसं.	02 23
1 दिसं.	सू. उ.	2 दिसं.	04 02
4 दिसं.	सू. उ.	4 दिसं.	9 14
6 दिसं.	सू. उ.	6 दिसं.	15 31
9 दिसं.	22 56	10 दिसं.	24 24
20 दिसं.	19 45	21 दिसं.	सू. उ.
23 दिसं.	सू. उ.	24 दिसं.	सू. उ.
27 दिसं.	11 19	28 दिसं.	11 49
29 दिसं.	सू. उ.	29 दिसं.	13 03
(सन् 2016 ईसवी में)			
6 जन.	सू. उ.	7 जन.	8 57
10 जन.	9 42	11 जन.	सू. उ.
11 जन.	8 57	12 जन.	सू. उ.

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल 2015–16	घं. मिं.	समाप्ति काल 2015–16	घं. मिं.
16 जन.	2 33	16 जन.	सू. उ.
17 जन.	सू. उ.	17 जन.	23 58
19 जन.	सू. उ.	19 जन.	21 46
20 जन.	सू. उ.	21 जन.	सू. उ.
24 जन.	सू. उ.	24 जन.	20 44
3 फर.	सू. उ.	3 फर.	18 08
7 फर.	सू. उ.	7 फर.	18 29
8 फर.	सू. उ.	8 फर.	17 03
12 फर.	9 07	13 फर.	7 13
16 फर.	3 09	16 फर.	सू. उ.
17 फर.	सू. उ.	18 फर.	2 14
19 फर.	2 24	20 फर.	2 59
27 फर.	18 28	28 फर.	सू. उ.
29 फर.	24 17	1 मार्च	सू. उ.
6 मार्च	4 58	6 मार्च	सू. उ.
10 मार्च	18 21	12 मार्च	सू. उ.
14 मार्च	9 27	15 मार्च	सू. उ.
16 मार्च	सू. उ.	16 मार्च	7 47
17 मार्च	7 52	18 मार्च	8 33
22 मार्च	16 19	23 मार्च	सू. उ.
23 मार्च	19 07	24 मार्च	सू. उ.

सर्वार्थ सिद्धि योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2015-16	घं. मिं.	2015-16	घं. मिं.
26 मार्च	सू. उ.	27 मार्च	4 13
28 मार्च	7 05	29 मार्च	सू. उ.
2 अप्रै.	14 26	3 अप्रै.	सू. उ.
7 अप्रै.	सू. उ.	8 अप्रै.	2 22

अमृत सिद्धि योग

विशेष—कुछ विद्वानों के मतानुसार सर्वार्थ सिद्ध योग एवं अमृत सिद्ध योग के संयोग से रविवार से शनिवार तक (क्रमशः) ५, ६, ७, ८, ९, १०, ११ तिथियां एवं प्रारंभ की ६ घड़ियाँ विषाक्त एवं त्याज्य मानी गई है।

प्रारम्भ काल	घं. मिं.	समाप्ति काल	घं. मिं.
8 मार्च	सू. उ.	8 मार्च	17 30
8 अप्रै.	सू. उ.	9 अप्रै.	सू. उ.
17 अप्रै.	19 49	18 अप्रै.	सू. उ.
6 मई	सू. उ.	6 मई	12 40
15 मई	सू. उ.	16 मई	2 41
12 जून	सू. उ.	12 जून	9 40
13 जुला	12 52	14 जुला	सू. उ.
16 जुला	14 49	17 जुला	सू. उ.
8 अग.	18 26	9 अग.	सू. उ.
10 अग.	सू. उ.	10 अग.	19 01
13 अग.	सू. उ.	13 अग.	23 13
2 सितं.	04 49	2 सितं.	सू. उ.
5 सितं.	सू. उ.	5 सितं.	24 10
29 सितं.	15 00	30 सितं.	सू. उ.
3 अक्तू	सू. उ.	3 अक्तू	7 27
11 अक्तू	22 34	12 अक्तू	सू. उ.
27 अक्तू	सू. उ.	27 अक्तू	23 25
8 नवं.	सू. उ.	9 नवं.	सू. उ.
24 नवं.	सू. उ.	24 नवं.	9 58
6 दिसं.	सू. उ.	6 दिसं.	15 31
9 दिसं.	22 56	10 दिसं.	सू. उ.
(सन् 2016 ईसवी में)			
6 जन.	सू. उ.	7 जन.	सू. उ.
16 जन.	2 33	16 जन.	सू. उ.
3 फर.	सू. उ.	3 फर.	18 08
12 फर.	9 07	13 फर.	07 13
11 मार्च	सू. उ.	11 मार्च	15 42

रवि योग–संवत् २०७२ वि०

रवि योग वार, तिथि, जनित आदि कुयोगों के दोषों को दूर करता है। सामान्यतः अन्नदान, गोदान, भूदान एवं सरकारी क्षेत्रों में सेवाओं (जैसे प्रतिष्ठित पद ग्रहण आदि में) के लिए इनका उपयोग किया जाता है–

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2015 ई.	घं. मिं.	2015 ई.	घं. मिं.
23 मार्च	4 23	24 मार्च	2 52
25 मार्च	2 02	26 मार्च	1 57
28 मार्च	4 05	29 मार्च	6 09
29 मार्च	6 09	30 मार्च	8 45
2 अप्रै.	17 52	3 अप्रै.	20 51
10 अप्रै.	7 30	11 अप्रै.	7 36
21 अप्रै.	11 57	22 अप्रै.	11 15
23 अप्रै.	11 17	24 अप्रै.	12 05
26 अप्रै.	15 53	27 अप्रै.	18 37
27 अप्रै.	18 37	28 अप्रै.	21 40
28 अप्रै.	21 40	29 अप्रै.	24 47
9 मई	12 40	10 मई	11 57
20 मई	20 46	21 मई	21 08
22 मई	22 14	23 मई	24 03
28 मई	11 26	29 मई	14 12
8 जून	सू. उ.	8 जून	15 02
9 जून	सू. उ.	9 जून	13 41
19 जून	6 57	20 जून	8 31
21 जून	10 41	22 जून	13 21
24 जून	19 27	25 जून	22 23
25 जून	22 23	26 जून	24 54
26 जून	24 54	27 जून	26 49
30 जून	4 31	1 जुला	सू. उ.
7 जुला.	17 45	8 जुला	16 20
18 जुला	18 31	19 जुला	21 06
20 जुला	15 51	20 जुला	24 03
22 जुला	3 11	23 जुला	6 17
25 जुला	11 24	26 जुला	13 01
26 जुला	13 01	27 जुला	13 51
29 जुला	13 08	30 जुला	11 46

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2015 ई.	घं. मिं.	2015 ई.	घं. मिं.
5 अग.	20 57	6 अग.	19 40
17 अग.	7 03	17 अग.	12 24
18 अग.	10 11	19 अग.	13 22
20 अग.	16 24	21 अग.	19 04
23 अग.	22 36	24 अग.	23 12
24 अग.	23 12	25 अग.	22 59
27 अग.	20 19	28 अग.	18 07
4 सितं.	1 19	4 सितं.	24 26
16 सितं.	22 43	17 सितं.	25 32
19 सितं.	3 57	20 सितं.	5 50
22 सितं.	7 34	24 सितं.	6 19
26 सितं.	2 26	26 सितं.	23 47
27 सितं.	17 43	27 सितं.	20 54
3 अक्तू	7 27	4 अक्तू	7 13
16 अक्तू	9 43	17 अक्तू	11 42
18 अक्तू	13 13	19 अक्तू	14 11
21 अक्तू	14 20	22 अक्तू	13 29
22 अक्तू	13 29	23 अक्तू	12 02
26 अक्तू	5 02	27 अक्तू	2 13
1 नवं.	15 46	2 नवं.	16 25
14 नवं.	18 45	15 नवं.	19 39
16 नवं.	20 09	17 नवं.	20 14
19 नवं.	19 09	20 नवं.	7 22
20 नवं.	17 58	21 नवं.	16 24
21 नवं.	16 24	22 नवं.	14 29
24 नवं.	9 58	25 नवं.	7 38
1 दिसं.	2 23	2 दिसं.	4 02
14 दिसं.	1 57	15 दिसं.	1 44
16 दिसं.	1 15	16 दिसं.	14 41
16 दिसं.	24 33	17 दिसं.	23 38
19 दिसं.	21 13	21 दिसं.	18 09

2015 ई.	घं. मिं.	2015 ई.	घं. मिं.
23 दिसं.	14 52	24 दिसं.	13 24
31 दिसं.	17 30	1 जन.	20 27
13 जन.(16)	6 40	14 जन.(16)	5 19
15 जन.	3 55	16 जन.	2 33
17 जन.	23 58	19 जन.	21 46
21 जन.	20 17	22 जन.	20 00
30 जन.	7 45	31 जन.	10 51
11 फर.	11 10	12 फर.	9 07
13 फर.	7 13	14 फर.	5 33

2016 ई.	घं. मिं.	2016 ई.	घं. मिं.
16 फर.	3 09	18 फर.	2 14
21 फर.	4 00	22 फर.	5 28
28 फर.	21 30	29 फर.	24 17
11 मार्च	15 42	12 मार्च	13 15
13 मार्च	11 07	14 मार्च	9 27
16 मार्च	7 47	17 मार्च	7 52
17 मार्च	7 52	19 मार्च	9 49
21 मार्च	13 46	22 मार्च	16 19
29 मार्च	9 41	30 मार्च	11 49
30 मार्च	11 49	31 मार्च	13 23

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योग (2015–16 ई.)

(गाड़ी, आभूषणादि बहुमूल्य वस्तुएँ खरीदने हेतु विशेष मुहूर्त्त)

द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योगों में बहुमूल्य एवं उपयोगी पदार्थ, वस्तुएँ जैसे–ज़मीन-जायदाद, हीरे-जवाहरात, स्वर्ण-चाँदी के आभूषण, कार, ट्रक, स्कूटर, गाय-भैंस क्रय करना, नवीन उद्योग की स्थापना आदि करना लाभदायक रहता है। इन योगों में यदि कोई अनिष्ट हो जाए, तो भी दुगुनी अथवा तीन गुणा हानि होने की सम्भावना हो जाती है। त्रिपुष्कर दोष की शान्ति के लिए तीन गौओं के मूल्य का धन तथा द्विपुष्कर में दो गौओं के मूल्य और तिलों द्वारा निर्मित पीठी का दान करना शुभ होगा। (वसिष्ठ.)

द्विपुष्कर योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2015 ई.	घं. मिं.	2015 ई.	घं. मिं.
17 मार्च	20 15	17 मार्च	25 56
5 अप्रै.	19 35	6 अप्रै.	02 01
19 मई	21 03	20 मई	सू. उ.
30 मई	सू. उ.	30 मई	16 30
1 अग.	13 08	2 अग.	5 18
3 अक्तू	15 19	4 अक्तू	7 13
30 जन.16	17 05	31 जन.	10 51
15 मार्च	8 19	15 मार्च	11 12
4 अप्रै.	05 38	4 अप्रै.	सू. उ.
गुरुपुष्य योग			
16 जुला	14 49	17 जुला	सू. उ.
13 अग.	सू. उ.	13 अग.	23 13
रविपुष्य योग			
29 मार्च	सू. उ.	30 मार्च	सू. उ.
26 अप्रै	सू. उ.	26 अप्रै.	15 53
29 नवं.	25 32	30 नवं.	सू. उ.
27 दिसं.	11 19	28 दिसं.	सू. उ.
24 जन.16	सू. उ.	24 जन.	20 44

त्रिपुष्कर योग

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
2015-16	घं. मिं.	2015-16	घं. मिं.
25 अप्रै.	सू. उ.	25 अप्रै.	13 39
5 मई	9 54	5 मई	11 51
10 मई	6 46	10 मई	11 57
23 जून	16 21	24 जून	3 17
28 जून	10 45	29 जून	04 02
7 जुला	17 10	7 जुला	17 45
12 जुला	8 23	12 जुला	13 00
22 अग.	सू. उ.	22 अग.	12 24
30 अग.	20 27	31 अग.	सू. उ.
24 अक्तू	10 05	25 अक्तू	4 08
2 नवं.	4 51	2 नवं.	सू. उ.
7 नवं.	13 47	8 नवं.	05 03
22 दिसं.	16 30	22 दिसं.	22 50
26 दिसं.	15 24	27 नवं.	11 19
6 जन.(16)	6 54	6 जन.	07 26
11 जन.	5 40	11 जन.	सू. उ.
5 मार्च	17 12	6 मार्च	4 58

सूर्यादि ग्रहों के अनिष्टफल की शान्ति हेतु दान एवं जपादि मन्त्र

														जप संख्या	जपकाल	जपनीय बीजमन्त्राः	हवन समिधा
सूर्य	कनक	माणिक्य	तांबा	सोना	लाल गाय	गुड़	घी	कमलादि	रक्तवस्त्र	लालचंदन	मूंगा	केशर		७०००	सूर्योदय	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	आक् काष्ठ
चन्द्र	चावल	मोती	चांदी	सोना	श्वेत बैल	मिश्री	दही	श्वेत पुष्प	श्वेतवस्त्र	श्वेतचंदन	शंख	कपूर		११०००	संध्याकाले	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	पलाश
मंगल	मसूर	मूंगा	तांबा	सोना	लाल बैल	गुड़	घी	लाल कनेर	लालवस्त्र	लाल चंदन	केशर	कस्तूरी		१००००	सू.उ. २।१५	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	खैर
बुध	मूंग	पन्ना	कांस्य	सोना	शस्त्र	शक्कर	घी	सर्व रंग पु.	हरावस्त्र	अनेक फल	हाथीदांत	कपूर		९०००	सू.उ. ५ घड़ी	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	अपामार्ग
गुरू	पीतधान्य	पुखराज	कांस्यपात्र	सोना	अश्व	लवण श	घी	पीले पुष्प	पीतवस्त्र	पीला फल	धर्मग्रंथ	लवणशहद		१९०००	संध्याकाले	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	पीपल
शुक्र	चावल	हीरा	चांदी	सोना	श्वेत घोड़ा	मिसरी	दूध	श्वेत पुष्प	सफेदवस्त्र	सफेद चंदन	दही	सुगन्धित द्रव्य		१६०००	सू. उ. काल	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	गूलर
शनि	उड़द	नीलम	लोहा	सोना	काली गाय	कुलथी	तैल	काले पुष्प	कालावस्त्र	काले जूते	भैंस	कस्तूरी		२३०००	संध्याकाल	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	शमी
राहु	सप्तधान्य	गोमेद	सीसा	सोना	काला घोड़ा	ताम्र पात्र	तैल	कृष्ण पुष्प	नीलवस्त्र	नारियल	कंबल	खड्ग		१८०००	रात्रि	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	दूर्वा
केतु	सप्तधान्य	लसनिया	लोहा	सोना	बकरा	नारियल	तेल	धूम्र पुष्प	कालावस्त्र	शस्त्र ध्वज	कंबल	कस्तूरी		१७०००	रात्रि	ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः	कुशा
मुंथा	चावल	मोती	कांस्यपात्र	सोना	श्वेतचंदन	ऋतुपुष्प	घृत	श्वेतपुष्प	श्वेतवस्त्र	हाथीदांत	मुंथेश ग्रह.	ग्रह अनुसार		मुंथेश ग्रहानुसार	प्रातः	मुन्था स्वामी मन्त्र	

विशेष—ध्यान रहे, प्रत्येक ग्रह के दान के साथ यथाशक्ति दक्षिणा भी अवश्य देनी चाहिए। **सप्तधान्य**—गेहूँ, उड़द, मूंगी, चने, जौं, कंगनी और धान्य, चावल।

सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारण हेतु औषधि स्नान

सूर्य	चन्द्रमा	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मन:शिला	पंचगव्य	बिल्व छाल	गोबर	चमेलीपुष्प	पिपरामूल	कालेतिल	लोबान	लोबान
इलायची	गोदूध	लाल पुष्प	अक्षत	पुष्प	जायफल	सूरमा	तारपीन	तारपीन
देवदारू	गोबर	हींग	मोती	श्वेत सरसों	केशर	लोबान	मोथा	तिलपत्र
केशर	गजमद	गोदनी	शहद	शहद	मूली बीज	सौंफ	गजदंत	गजदंत
खस	शंख सीप	जटामांसी	सुवर्ण	गुलर	मन:शिल	खस	कस्तूरी	छागमूत्र
रक्तपुष्प	गंगाजल	मौलसिरी	जायफल	दमयंती	इलायची	खिल्ला	बिल्वपत्र	लाल चंदन
रक्तचंदन	श्वेत चंदन	सिगरफ	पिपरामूल	मुलट्ठी	श्वेतचंदन	शतकुसुम	गंगाजल	गंगाजल
कनेर पुष्प	स्फटिक	मालकंगनी	नागकेशर	नवीनपत्ते	गंगाजल	गाँदमिश्रित	लालचंदन	कस्तूरी
मि. गंगाजल	गोमूत्र	गंगाजल	गंगाजल	गंगाजल	श्वेतकमल			

होमादि में अग्नि वास जानना

जिस दिन को होम/हवन करना हो, उस दिन की तिथि और वार की संख्या को जोड़कर १ जमा करें फिर कुल जोड़ को ४ द्वारा भाग देवें। यदि शेष शून्य (०) अथवा ३ बचें, तो अग्नि का वास पृथ्वी पर होगा। इस दिन होम करना कल्याणकारक होता है। यदि शेष २ बचें तो अग्नि का वास पाताल में होता है। इसी दिन होम करने से धन का नुक्सान होता है। यदि ४ का भाग देने से १ शेष बचे तो आकाश में अग्नि का वास होगा, इसमें होम करने से आयु का क्षय होता है। वार की गणना रविवार से तथा तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से करनी चाहिए। तदुपरान्त ग्रह के मुख आहुति चक्र का विचार करना चाहिए।

ग्रहों के मुख में आहुति चक्र

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनने से यदि ३ या ३ से कम की संख्या आए तो होमाहुति सूर्य के मुख में जाने, तीन से आगे की संख्या से ६ तक की संख्या में मिले, तो बुध के मुख में आहुति जानें। इसी प्रकार, निम्न क्रमानुसार सब ग्रहों में होमाहुति जानें।

ग्रह	सूर्य	बुध	शुक्र	शनि	चंद्र	मंग.	गुरु	राहु	केतु
नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३	३
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ

नवग्रहों के जपनीय होमार्थ (हवन) मन्त्र

सूर्य मन्त्र—अर्क (आक) समिधा द्वारा "ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च हिरण्येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥ ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम ॥१ ॥

चन्द्रमा मन्त्र—(पलाश या ढाक समिधा के साथ)—"ॐ इमं देवाऽसपत्न Ω सुवध्वम् महते क्षत्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां Ω राजा। ॐ सोमाय स्वाहा॥ इदं चन्द्रमसे न मम ॥२ ॥

भौम मन्त्र—(खैर की लकड़ी से) "ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपा Ω रेता Ω सि जिन्वति स्वाहा। ॐ भौमाय स्वाहा॥ इदं भौमाय इदं न मम॥"

बुध मंत्र—(अपामार्ग की समिधा से) ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहित्वमिष्टापूर्ते स Ω सृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत॥ ॐ बुधाय स्वाहा। इदं बुधाय इदं न मम॥

गुरु मन्त्र—(पीपल) ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐ बृहस्पतये स्वाहा॥ इदं बृहस्पतये, इदं न मम।

शुक्र मन्त्र—(गूलर) ॐ अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत् क्षत्रं पयः। सोमं प्रजापतिः ऋतेन सत्यमिन्द्रियं पिवानं Ω शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु॥ ॐ शुक्राय स्वाहा॥ इदं शुक्राय, न मम।

शनि मन्त्र—(शमी की समिधा) ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्त्रवन्तु नः। ॐ शनैश्चराय स्वाहा। इदं शनैश्चराय, इदं न मम्॥

राहु मन्त्र—(दूर्वा) ॐ कयानश्चित्र आ भुवदृती सदा वृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥ ॐ राहवे स्वाहा॥ इदं राहवे इदं न मम॥

केतु मन्त्र—(कुशा से) ॐ केतुं कृण्वन्न केतवे पेशो मर्या अपेशसे। समुषद्भिरजा यथाः। ॐ केतवे स्वाहा॥ इदं केतवे, इदं न मम॥

ग्रहों के गुण, वर्ण, स्वभाव, उच्च-नीच, स्व-गृही राशि आदि चक्र

नाम ग्रह	स्व-ग्रही राशि	मूल त्रिकोण	गुण	चरादि	वर्ण जाति	रंग	उच्च राशि	नीच राशि	पुरुष स्त्री	तत्त्व	कारक	संबंध	स्व-भाव	प्रकृति	धातु	रस	शरीरांग	दिशा	दृष्टि विशेष	भाग्योदय काल
सूर्य Sun	सिंह	सिंह	सत्त्व	स्थिर	क्षत्रिय	रक्त वर्ण	मेष	तुला	पुरुष	अग्नि	आत्मा	पिता	क्रूर	पित्त	सोना	तिक्त	शिर, नेत्र	पूर्व	७	२२ से २४
चन्द्र Moon	कर्क	वृष	सत्त्व	चंचल	वैश्य	श्वेत	वृष	बृश्चि.	स्त्री	जल	मन	माता	सौम्य	वातश्ले	चांदी	क्षार	बुद्धि, रक्त	पशि. उत्तर	७	२४ से २५
मंगल Mars	मेष, वृश्चिक	मेष	तम	चर	क्षत्रिय	लाल	मकर	कर्क	पुरूष	अग्नि	बल	भाई	क्रूर	पित्त	ताम्र	कटु	मज्जा	दक्षिण	७,४,८	२८ से ३२
बुध Merc	मिथुन, कन्या	कन्या	रज	द्विस्वभा	वैश्य	हरा	कन्या	मीन	नपुंसक	पृथ्वी	वाणी	बंधु/मित्र	मिश्र	त्रिधातु	कांस्य	मिश्र	त्वचा, मुख	उत्तर	७	३२ से ३६
गुरू Jup.	धनु, मीन	धनु	सत्त्व	स्थिर	ब्राह्मण	पीला	कर्क	मकर	पुरूष	आकाश	विद्या	संतान	शुभ	कफ	सोना	मधुर	चर्बी	ईशान	५७९	१६ से २४
शुक्र Ven.	वृष, तुला	तुला	रज	चर	वैश्य	सफेद	मीन	कन्या	स्त्री	जल	काम	स्त्री	शुभ	वात, कफ	चांदी	अम्ल	वीर्य	दक्षि., पूर्व	७	२६ से २८
शनि Sat.	मकर, कुम्भ	कुम्भ	तम	स्थिर	शूद्र	नीला काला	तुला	मेष	नपुंसक	वायु	संघर्ष	भृत्य	क्रूर	वात, श्ले	लोहा	कषाय	स्नायु	पश्चि.	३,७,१०	३६ से ४२
राहु Rahu	कन्या	कर्क	तम	चर	अत्यज	धूम्र	वृष	बृश्चि.	पुरुष	छाया	दुःख	शत्रु	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	हड्डी	दक्षिण	७	४४ से ५०
केतु Ketu	मीन	मकर	तम	चर	शूद्र	धूम्र	बृश्चि.	वृष	पुरुष	छाया	कष्ट	बाधा	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	चर्म	उत्तर	७	४८ से ५०

राशियों के गुण-स्वभाव तत्त्व, शुभ रत्नादि चक्र

राशि	स्वा. ग्रह	अंग्रेज़ी नाम	वर्ण	जाति	क्रूरादि	चरादि	तत्त्व	गुण	जीवादि	समादि	दिशा	शुभ रत्न	बल समय	शरीरांग	दीर्घादि	नरादि	प्रकृति	गुण	पृष्ठोदय आदि
मेष	मंगल	Aries	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	चर	अग्नि	रज	धातु	विषम	पूर्व	मूंगा	रात्रि	शिर	ह्रस्व	पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
वृष	शुक्र	Taurus	श्वेत	वैश्य	सौम्य	स्थिर	पृथ्वी	तम	मूल	सम	दक्षिण	हीरा	रात्रि	नेत्र	ह्रस्व	पशु	वात	शांत	पृष्ठोदय
मिथुन	बुध	Gemini	हरा	शूद्र	क्रूर	द्वि. स्व.	वायु	सत	जीव	विषम	पश्चि.	पन्ना	रात्रि	भुजाएँ, गला	सम	नर	वात	चंचल	शीर्षोदय
कर्क	चंद्र	Cancer	श्वेत	विप्र	सौम्य	चर	जल	रज	धातु	सम	उत्तर	मोती	रात्रि	वक्ष, फेफड़े	सम	जल चर	कफ	शांत	पृष्ठोदय
सिंह	सूर्य	Leo	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	स्थिर	अग्नि	तम	मूल	विषम	पूर्व	माणक	दिन	मेरू, रक्त, हृदय	दीर्घ	पशु	पित्त	उष्ण	शीर्षोदय
कन्या	बुध	Virgo	मिश्रित	वैश्य	सौम्य	द्वि. स्व.	पृथ्वी	सत	जीव	सम	दक्षिण	पन्ना	दिन	पेट, नाभि	दीर्घ	नर	त्रिदोष	शीत	शीर्षोदय
तुला	शुक्र	Libra	नीला	शूद्र	क्रूर	चर	वायु	रज	धातु	विषम	पश्चि.	हीरा	दिन	गुर्दे, कमर	दीर्घ	नर	वात	उष्ण	शीर्षोदय
बृश्चिक	मंगल	Scorpio	ताम्र	विप्र	सौम्य	स्थिर	जल	तम	मूल	सम	उत्तर	मूंगा	दिन	गुप्तांग	दीर्घ	कीट	कफ	शीत	शीर्षोदय
धनु	गुरु	Sagittarius	पीला	क्षत्रिय	क्रूर	द्वि. स्व.	अग्नि	सत	जीव	विषम	पूर्व	पुखराज	रात्रि	जंघा	सम	नर पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
मकर	शनि	Capricor	भूरा	वैश्य	सौम्य	चर	पृथ्वी	रज	धातु	सम	दक्षिण	नीलम	रात्रि	घुटने	सम	जल पशु	वात	शीत	पृष्ठोदय
कुम्भ	शनि	Aquarius	काला	शूद्र	क्रूर	स्थिर	वायु	तम	मूल	विषम	पश्चि.	नीलम	दिन	पिंडली	लघु	जल चर	त्रिदोष	उष्ण	शीर्षोदय
मीन	गुरु	Pisces	पीला	विप्र	सौम्य	द्वि. स्वा.	जल	सतो	जीव	सम	उत्तर	पुखराज	दिन	पाँव दोनों	लघु	जल चर	कफ	शीत	उभयोदय

चर, शीर्षोदयादि राशियों का महत्त्व–उपरोक्त राशियों के **गुण, स्वभाव, तत्वादि** का फलित ज्योतिष में विशेष महत्त्व होता है। संक्षेप में, **चर** का अर्थ है चलित अर्थात् जिसमें कार्य जल्दी हो। यात्रा करें, तो शीघ्र वापिस आ जावे। स्थिर लग्न राशि में कार्य करने से स्थायी प्रभाव होता है। मकान, दुकान, व्यवसायादि में प्रवेश करे, तो बहुत वर्षों तक रहे। द्वि-स्वभाव राशि में मिला-जुला प्रभाव होता है। अर्थात् पहिला आधा भाग स्थिर प्रभाव दिखाता है, अन्तिम आधा भाग 'चर' का प्रभाव दिखाता है। इसी भान्ति धातु का अर्थ है, सोना, चाँदी, लोहा, भूमि, सवारी धनादि पदार्थ। **'मूल'** का अर्थ है, फल, वृक्ष, अनाजादि भोग्य पदार्थ। **'जीव'** का अर्थ प्राणी–स्त्री, पुत्र, पौत्र, भाई आदि। **उदाहरणार्थ**–मान लीजिए, सौम्य राशि **मीन** में यदि कोई सौम्य ग्रह (शुक्र) बैठा है, तो प्रश्नकर्त्ता को स्त्री, संतानादि का सुख लाभ होगा (क्योंकि मीन राशि जीव सम्बन्धी राशि है) और यदि कोई अशुभ या क्रूर ग्रह स्थित हो, तो स्त्री, संतानादि सुख सम्बन्धी हानि होगी। ऐसा कहना चाहिए। इसी भान्ति, राशियों की दिशा बताने का तात्पर्य यह है कि जिस राशि में कारक ग्रह बैठे हो, उस राशि की दिशा में भाग्योदय होता है। **उदाहरण** के लिए किसी की जन्म कुण्डली में लग्नेश एवं नवमेश ग्रह वृष राशि में हो, तो जातक का भाग्योदय जन्म से दक्षिण दिशा में होगा–ऐसा कहना चाहिए। जैसे–यदि **कन्या लग्न** हो, तो बुध लग्नेश, दशमेश होगा। द्वितीयेश व नवमेश शुक्र, बुध (लग्नेश) सहित नवम् (भाग्य) स्थान पर इकट्ठे हों, तो वृष राशि (दक्षिण) में भाग्योदय होगा।

वैधृति एवं व्यतीपात–दो विशेष अरिष्टकर परन्तु महत्त्वपूर्ण योग

गर्गाचार्य अनुसार योग दो प्रकार के होते हैं। एक नित्य, दूसरे नैमित्तिक। विष्कम्भादि 27 नित्य योग होते हैं और आनन्दादि तिथि वार के साहचर्य से नैमित्तिक योग होते हैं। अधिकतर पंचांगों में पाँच तत्त्वों के रूप में 'विष्कम्भादि योगों' का अधिक वर्णन रहता है।

विष्कम्भादि योग–सूर्य और चन्द्रमा के राश्यंश, कलादि के जोड़ को योग कहते हैं। नक्षत्रों की भान्ति योग कोई तारा समूह का नाम नहीं, बल्कि यह एक वस्तु स्थिति है, जो सूर्य एवं चन्द्र के राश्यंशों के जोड़ (कलाओं में) को आगामी दिवसीय सू.चं. में जोड़ के तुलनात्मक अन्तर द्वारा भाग देने पर सन्धि के रूप में प्राप्त होती है। दूसरे शब्दों में सूर्य और चन्द्रमा को संयुक्त रूप में 13° अंश, 20 कला (अर्थात् 800 कला) को पूरा करने में जितना समय लगता है, उसे योग कहते हैं। विष्कम्भादि योगों की संख्या भी 27 मानी जाती है। सूर्य, चन्द्रमा की गोल आवृत्तीय गति के कारण 360 अंशों के 27 समान भाग करने पर प्रत्येक योग की कोणीय दूरी का मान भी नक्षत्र की भान्ति 13° अंश, 20 कला माना जाता है। योग का दैनिक भोग्य **मध्यम मान ६० घड़ी १३ पल** होता है तथा योग के मध्यम मान में भी सूर्य-चन्द्र की गतियों में प्रतिदिन भिन्नता के कारण न्यूनाधिकता बनी रहती है। पंचांग में दिए गए नक्षत्रों एवं योगों के घड़ी पल अथवा घण्टे-मिन्ट, नक्षत्र एवं योग के समाप्ति काल को दर्शाते हैं। **फलित ज्योतिष** में नक्षत्रों की भान्ति योगों के शुभाशुभ फल का वर्णन भी प्राचीन ग्रन्थों में पाया जाता है।

विष्कम्भ आदि 27 योग तथा उनके स्वामी इस प्रकार से हैं–

क्रम	योग	स्वामी	शुभाशुभ	क्रम	योग	स्वामी	शुभाशुभ
1.	विष्कम्भ	यम	अशुभ	15.	वज्र	वरुण	अशुभ
2.	प्रीति	विष्णु	शुभ	16.	सिद्धि	गणेश	शुभ
3.	आयुष्मान	चन्द्र	शुभ	17.	व्यतीपात	रूद्र	अशुभ
4.	सौभाग्य	ब्रह्मा	शुभ	18.	वरियान	कुबेर	शुभ
5.	शोभन	बृहस्पति	शुभ	19.	परिघ	विश्वकर्मा	अशुभ
6.	अतिगण्ड	चन्द्र	अशुभ	20.	शिव	मित्र	शुभ
7.	सुकर्मा	इन्द्र	शुभ	21.	सिद्ध	कीर्तिकेय	शुभ
8.	धृति	जल	शुभ	22.	साध्य	सावित्री	शुभ
9.	शूल	सर्प	अशुभ	23.	शुभ	लक्ष्मी	शुभ
10.	गण्ड	अग्नि	अशुभ	24.	शुक्ल	पार्वती	शुभ
11.	वृद्धि	सूर्य	शुभ	25.	ब्रह्म	अश्विनी कु.	शुभ
12.	ध्रुव	भूमि	शुभ	26.	ऐंद्र	पितर	अशुभ
13.	व्याघात	वायु	अशुभ	27.	वैधृति	दिति	अशुभ
14.	हर्षण	भग	शुभ				

उपरोक्त योगों में विष्कम्भ, अतिगण्ड, शूल, व्याघात, वज्र, व्यतीपात, परिघ, ऐन्द्र, वैधृति योगों में उत्पन्न जातक को गण्डमूल की भान्ति अशुभ फलदायक माना जाता है।

वसिष्ठ संहिता के अनुसार विरुद्ध (अशुभ) योगों का पहिला चरण, वैधृति व व्यतीपात के चारों चरण और परिघ योग का प्रथमार्ध (7½ घटी) समस्त शुभ कार्यों में वर्जनीय होता है।

विरुद्धयोगेषु च आद्यपादः शुभेषु कार्येषु विवर्जनीयः।
सवैधृतस्तु व्यतिपातयोगः सर्वोप्यनिष्टः परिघस्य चार्द्धम्।।

'मुहूर्त्त-गणपति' अनुसार भी वैधृति, व्यतिपात के चारों चरण शुभ कार्यों में वर्जित कहे हैं।

'वैधृतिव्यतिपाताख्यौ सम्पूर्णौ वर्जयेत् शुभे। वज्रविष्कम्भयोश्चैव घटिकात्रयमादिकम्। परिघार्धं पञ्चशूले व्याघाते घटिका नव। गण्डातिगण्डयोः षट् च हेयाः सर्वेषु कर्मसु।।

–अर्थात् वज्र और विष्कम्भ योग की प्रथम तीन घड़ियाँ, परिघ का पूर्वार्ध, व्याघात की नौं (9) घड़ियां, शूल योग की पाँच (५), गण्ड और अतिगण्ड योग की आरम्भिक 6-6 घड़ियाँ शुभ कार्यों में त्याग करनी चाहिएँ।

'ज्योतिर्निबन्ध' अनुसार भी परिघ की पूर्वार्द्ध घड़ियां सब शुभ कार्यों में निन्दनीय कही हैं। विष्कम्भ की प्रथम तीन (3), व्याघात की 9 घटी, गण्ड और अतिगण्ड की 6-6 तथा शूल योग की पाँच घड़ियां अशुभ मानी हैं।

'परिघस्य तु पूर्वार्धं सर्वकार्येषु गर्हितम्। विष्कम्भं घटिकास्तिस्रो नवव्याघात वज्रयोः। गण्डतिगण्डयोः षट् च शूले पञ्च न शोभनाः।।'

इस प्रकार, मुहूर्त्त ग्रन्थों एवं प्राचीन ऋषियों ने विवाह आदि में वैधृति एवं व्यतीपात योगों के सम्पूर्ण काल (चारों चरण) को तथा परिघ, शूल आदि योगों की उपरोक्त घटियों को विशेष रूप से त्याज्य माना है। **'पंचांगदिवाकर'** तथा अन्य पंचांगों में भी इनके काल में विवाहादि शुभ मुहूर्त्त नहीं लगाए जाते। यद्यपि इनके परिहार वाक्य भी उपलब्ध हैं। यथा–

वैधृति, व्यतीपात, भद्रा या अन्य किसी दृष्ट योग से आक्रान्त दिन में यदि अमृत योग का समागम हो जाए, तो समस्त पाप योगों का नाश हो जाता है–

यदि विष्टिः व्यतिपातो दिनं वाप्यशुभं भवेत्।
हन्यतेऽमृतयोगेन भास्करेण तमो यथा।। (राजमार्तण्ड)

परन्तु अधिकतर पंचांगकारों ने इस परिहार वाक्य को अधिक मान्यता नहीं दी तथा मुहूर्त्तों में इनका काल निषिद्ध ही माना है।

इस वर्ष वि. संवत् २०७२ में आश्विन (शारदीय) शुक्ल प्रतिपदा को नवरात्रे आरम्भ वैधृति योग में हो रहे हैं। इस दिन घटस्थापन आदि मंगल कृत्यों को मध्याह्न काल अभिजित मुहूर्त्त में करने की शास्त्राज्ञा है।

पीपल (अश्वत्थ) वृक्ष की महिमा एवं पूजन

विज्ञानिकों के अनुसार विश्वभर में एकमात्र पीपल ही एक ऐसा वृक्ष है, जो दिन-रात चौबीस घण्टे ऑक्सीजन का उत्सर्जन करता है तथा कार्बनडाइ-ऑक्साइड को ग्रहण करता है। इससे बड़ा मानवोपकारी कौन हो सकता है ? भारतीय जन-जीवन में वनस्पतियों, वृक्षों आदि में भी देवत्व की अवधारणा की गई है। वृक्षों में पीपल, गूलर, बरगद, पाकड़ और आम को पञ्चवट माना गया है। इनमें भी धार्मिक आस्था की दृष्टि से पीपल का स्थान सर्वोपरि है। कल्पवृक्ष की भान्ति पीपल भी अभीष्ट फल प्रदान करने वाला है। पीपल पवित्र वृक्ष है, इसमें देवताओं एवं पितरों का निवास है।

गीता में भी भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है-**'अश्वत्थः सर्ववृक्षाणाम्'** अर्थात् मैं वृक्षों में पीपल हूँ, पीपल के मूल में ब्रह्मा जी, मध्य में विष्णु जी एवं अग्रभाग में शिव जी साक्षात् रूप में विराजमान हैं।

मूलतो ब्रह्मरूपाय मध्यतो विष्णुरूपिणे।
अग्रतः शिवरूपाय अश्वत्थाय नमो नमः।।

स्कन्दपुराणानुसार अश्वत्थवृक्ष के मूल में **विष्णु**, तने में **केशव**, शाखाओं में **नारायण**, पत्तों में **भगवान् श्रीहरि** और फलों में सब देवताओं से युक्त अच्युत सदा निवास करते हैं। यह वृक्ष मूर्तिमान **श्रीविष्णुस्वरूप** है। पीपल वृक्ष की पूजा एवं जल से सिंचित करने से पापों का नाश तथा सभी अभीष्टों की प्राप्ति होती है। **मूले विष्णुः स्थितो नित्यं स्कन्धे केशव च। नारायणस्तु शाखासु पत्रेषु भगवान् हरिः।। फलेऽच्युते न संदेहः सर्वदेवैः समन्वितः। स एवं विष्णुर्द्रुम एव मूर्तो महात्मभिः सेवितपुण्यमूलः। यस्याश्रयः पापसहस्रहन्ता भवेन्नृणां कामदुघो गुणाढ्यः।।**

पीपल को जल से सिंचित् करना एक धार्मिक कर्म माना जाता है और यह मरणाशौष की निवृत्ति कर पवित्रता प्रदान करता है। अशौष की पूर्ण निवृत्ति भी देववृक्ष पीपल के स्पर्श से मानी गई है। पीपल वृक्ष हमें संसार की क्षणभङ्गुरता तथा सर्वत्र परमात्मा-प्रभु की व्यापकता का संदेश प्रदान करता है। अश्वत्थ वृक्ष के आरोपण की भी बड़ी महिमा है, ऐसे व्यक्ति की वंशपरम्परा का उच्छेद नहीं होता। समस्त ऐश्वर्य एवं दीर्घायु की प्राप्ति होती है और पितृगण नरक से छूटकर मोक्ष प्राप्त करते हैं-

अश्वत्थः स्थापितो येन तत्कुलं स्थापितं ततः।
धनायुषां समुद्धिस्तु नरकात् तारयेत् पितृन्।। (अश्वत्थस्तोत्रम्।)

शास्त्रों में कहा गया है कि पीपल वृक्ष को बिना प्रयोजन के काटना अपने पितरों को काट देने के समान है। ऐसा करने से वंश की हानि होती है। यज्ञादि पवित्र कार्यों के उद्देश्य से इसकी लकड़ी काटने से कोई दोष न होकर अक्षय स्वर्ग की प्राप्ति होती है। पीपल सर्वदेवमय वृक्ष है, अतः इसका पूजन करने से समस्त देवता पूजित हो जाते हैं-

अश्वत्थः पूजितो यत्र पूजिताः सर्वदेवताः।।

अश्वत्थ (पीपल) पूजन-अश्वत्थ की पूजा एवं स्पर्श प्रायः शनिवार को ही विशेष रूप से किया जाता है। अश्वत्थ पूजा का प्रारम्भ आषाढ़, पौष और चैत्र मास में, गुरु-शुक्र अस्त होने पर तथा जिस दिन चन्द्रबल न हो, उस दिन न करें। शुभ दिन देखकर प्रातः शुभ मुहूर्त्त विशेषकर शुक्रवार में पीपल वृक्ष के पास जाकर उसकी जड़ में सुपारी, हल्दी, कुमकुम और चावल चढ़ाकर दोनों हाथ जोड़कर कहे-**'कल्पवृक्ष ! पितृदेव !** मैं कल से सुख, शान्ति एवं समृद्धि के लिए आपकी विधिपूर्वक पूजा करूँगा। इसके लिए आप मुझे आज्ञा प्रदान करें।' इस प्रकार उनकी आज्ञा प्राप्ति की भावना कर शनिवार प्रातःकाल तेल की आड़ी बत्ती वाला दीपक जलाए। ताँबे के लोटे में जल लेकर पीपल वृक्ष के पास जाकर दीपक रखकर पीपल की जड़ में जल चढ़ायें। ध्यान में अष्टभुज विष्णु जी का स्मरण करें। शिव-पार्वती जी का पूजन करें। वृक्ष को वस्त्र या सूत पहनाएं। बाद में अश्वत्थवृक्ष की पाँच बार प्रदक्षिणा करें। प्रदक्षिणा के समय निम्न मन्त्र बोले-

अश्वत्थ सुमहाभाग सुभग प्रियदर्शन।
इष्टकामांश्च मे देहि शत्रुभ्यस्तु पराभवम्।।
आयुः प्रजां धनं धान्यं सौभाग्यं सर्वसम्पदम्।
देहि देव महावृक्ष त्वामहं शरणं गतः।।

अर्थात् महाभाग अश्वत्थ ! आप सुन्दर तथा प्रियदर्शन हैं। आप मेरी अभिलाषाओं को पूर्ण करें, मेरा कामादि शत्रुओं का पराभव करें। मुझे दीर्घायु, संतान, धन-धान्य, सौभाग्य तथा सभी प्रकार का ऐश्वर्य प्रदान करें। देव ! महावृक्ष! मैं आपकी शरण में हूँ।।

इस प्रकार प्रार्थनापूर्वक परिक्रमा के बाद पीपल की जड़ को स्पर्श करें। सच्ची श्रद्धा हो तो निःसंदेह कल्पवृक्ष पीपल सभी अभीष्टों को पूर्ण करने वाला है। पीपल की पूजा करने से ग्रहपीड़ा, पितृदोष, कालसर्पयोग, विष योग तथा ग्रहों से उत्पन्न दोष का निवारण हो जाता है। अमावस्यान्त श्रावण मास में पीपल के नीचे स्थित हनुमान जी की शनिवार के दिन अर्चना करने से बड़े-से-बड़ा संकट दूर हो जाता है। प्रातःकाल पीपल के नीचे बैठकर जप करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। पीपल वृक्ष प्राणवायु प्रवाहित करता है। पीपल के इन दिव्य गुणों से ही उसे पृथ्वी पर कल्पवृक्ष का स्थान प्राप्त हुआ है। अतः इसका आरोपण करके इसे संरक्षण प्रदान करना चाहिए। इस वृक्ष को लगाकर हम भी पुण्य के भागी बनें और हरीतिमा संवर्धन में सहयोगी बनें।

शुभचिंतक-पं. विवेक शर्मा,

प्रेरक-परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन स्व. पं. पन्ना लाल ज्योतिषी जी

सिंहस्थ गुरु विचार (विवाहादि मङ्गलकृत्यों में विशेषत: विचारणीय)

–लेखक : पं. विवेक शर्मा (पंचागदिवाकर कार्यालय, जालन्धर, पं.)

गुरु प्रत्येक राशि में लगभग एकवर्ष तक संचार करता है। आगामी वर्ष 14 जुलाई, 2015 ई. से सम्वतान्त तक गुरु सिंह राशि में संचार करेगा। मुहूर्त्त शास्त्र एवं प्राचीन पौराणिक ग्रन्थों में सिंह राशिस्थ की पूर्ण अवधि, कुछ में केवल गुरु के सिंह नवांशस्थ काल, कुछ में केवल विशेष क्षेत्रों में ही वर्जित माना गया है। इस प्रकार अनेक विरोधाभास वाक्य मिलते हैं।

(1) प्रथम मत–अनुसार अनेक शास्त्रवाक्यों ने सम्पूर्ण सिंह राशिस्थ गुरु की संचार-अवधि में विवाह, मुण्डन, गृहप्रवेश, प्रतिष्ठा, यज्ञ, यात्रा, क्षौर, यज्ञोपवीत, दीक्षा आदि शुभ कृत्यों को करने का निषेध माना है तथा ऐसा करने पर कर्ता को शुभफल नहीं होता है। यथा–ऋषि शौनकानुसार–

कीर्त्यागारविवाहयागगमनं क्षौरं च कर्णव्यधं।
सिंहस्थे विबुधार्चने न शुभदं कर्तुस्तथा सूर्यगम्।।

देवीपुराणानुसार भी सिंहस्थ गुरु कालीन विवाहादि शुभ कर्म वर्जित माने गए हैं–

सिंहसंस्थे गुरौ यत्नात् सर्वशुभकर्माणि विवर्जयेत्।
प्रारब्धं च न सिध्येत् महाभयकरं भवेत्।।

निर्णयामृत में भी सिंहस्थ गुरु काल में सभी शुभकर्मों को न करने का निर्णय दिया है–

उद्यानचूडाव्रतबन्ध दीक्षा विवाहयात्रा च वधूप्रवेशः।
तड़ागकूपत्रिदशप्रतिष्ठां बृहस्पतौ सिंहगते न कुर्यात्।।

अर्थात् बगीचा, चौल, यज्ञोपवीत, दीक्षा, विवाह, यात्रा, वधूप्रवेश, तालाब, कुआँ, देवप्रतिष्ठा सम्बन्धी कार्य सिंह के गुरु में नहीं करने चाहिए।

उपरोक्त शास्त्रवाक्य सिंहस्थ गुरुकाल को सम्पूर्ण प्रदेशों में वर्ज्य बतला रहे हैं। अर्थात् सिंहस्थ गुरु की सम्पूर्ण अवधि को सभी जगह वर्ज्य माना गया है।

(2) द्वितीय मत–अनुसार गोदावरी के दक्षिणदेश अर्थात् [मैसूर, आंध्रप्रदेश, मद्रास, महाराष्ट्र, मुम्बई, गुजरात आदि के निकटवर्ती क्षेत्र] एवं गंगानदी के उत्तरवर्त्ती प्रदेश [उत्तराखण्ड, उत्तरी उ.प्र., नेपाल, गोरखपुर आदि के समीपस्थ क्षेत्रमात्र] तथा बिहार में सिंहस्थ गुरु का दोष नहीं होता।

यथा–ऋषि वसिष्ठ जी अनुसार–

"भागीरथ्युत्तरे कुले गोतम्या दक्षिणे तथा।
विवाहो व्रतबन्धश्च सिंहस्थेज्ये न दुष्यति।। (निर्णयसिन्धु)

आचार्य गर्ग जी का यह वाक्य भी देखिए–

भागीरथ्युत्तरे तीरे गोदावर्याश्च दक्षिणे।
व्रतोद्वाहादिकर्माणि सिंहगेज्ये न दुष्यति।।

–गंगा के उत्तर तट पर और गोदावरी के दक्षिण में व्रत, विवाह आदि शुभ कार्य सिंह के गुरु में दोषप्रद नहीं होते हैं।

ज्योतिर्निबन्ध अनुसार भी सिंहस्थ गुरु काल में गोदावरी नदी के दक्षिण भाग और भागीरथी नदी के उत्तर भाग में सिंह के गुरु में भी विवाह आदि मांगलिक कार्य करना चाहिए।

(3) तृतीय मत–अनुसार गुरु के सिंहराशिस्थ काल में केवल मघा के चारों चरणों एवं पूर्वाफाल्गुनी के प्रथम चरण में सिंहस्थ गुरुकाल को वर्जित कहा है। यथा–

मघादि पंचपादेशु गुरु सर्वत्र निन्दितः।
गंगागोदान्तरं हित्वा शेषांघ्रिषु न दोषकृत्।। (मुहूर्त्त चिन्तामणि)

मुनिभावरत्न रचित ज्योतिर्विदाभरणम् में भी मणिमाला ने कहा है कि मघा नक्षत्र का त्यागकर जब गुरु पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में जाता है तो उस समय शादी करने पर कन्या पुत्रवती, धनिनी और सुख भोगने वाली होती है। यथा–

मघां त्यक्त्वा यदा गच्छेत्फाल्गुनीं च बृहस्पतिः।
पुत्रिणी धनिनी कन्या सौभाग्यसुखमश्नुते।।

परन्तु तृतीय मत भी अधिकांश ज्योतिषाचार्यों द्वारा स्वीकार्य नहीं हुआ है।

मघागत बृहस्पति का परिहार–मणिमाला अनुसार सिंह राशि में मघा नक्षत्र में गुरु के संचार कालीन जब विवाह किया जाता है तो करने पर धन, सुख, भाग्य, पुत्र, पशु और राज्य की वृद्धि होती है–

सिंहस्थमध्ये यदि पितृऋक्षे भवेद्गुरु स्याच्च तदा विवाहः।
कृते सु प्राप्नोति धनं च सौख्यं भाग्यं च पुत्रं पशुराजवृद्धिम्।।

मुहूर्तमाला अनुसार माघ मास की पूर्णिमा में मघा नक्षत्र के होने पर सिंह के गुरु का दोष उस वर्ष नहीं होता, इसके विपरीत में होता है।

माघमासे पौर्णमासी मघायुक्ता यदा भवेत्।
सिंहस्थस्य गुरोर्दोषस्तस्मिन्वर्षे न चान्यथा।।

यद्यपि इस संवत् २०७२ में यह योग घटित हो रहा है। परन्तु यह वाक्य सिंहस्थ गुरु के काल की ग्राह्य-अग्राह्यता के पोषक पुराण, संहिता ग्रन्थों के अन्य किसी भी वाक्य से सामञ्जस्य नहीं रखता। अतः इस वाक्य की प्रामाणिकता भी नहीं है।

(4) चतुर्थ मत–परन्तु परवर्ती अधिकांश ज्योतिषाचार्यों एवं '**मुहूर्त्त ग्रन्थों**' ने सिंहस्थ गुरु के संचार का पूरा काल शुभ कृत्यों के लिए वर्जित नहीं माना है। **मुहूर्त्त चिन्तामणि (पीयूषधारा)** के अनुसार सिंह का बृहस्पति सिंह के नवांश (पू.फा. के प्रथम-चरण) में स्थित हो, तो विवाहादि शुभ कार्यों में नेष्ट फल करता है–

"सिंहे गुरौ सिंहलवे विवाहो नेष्टोऽथ गोदोत्तरतश्च यावद्।
भागीरथी याम्यतटं हि दोषो नान्यत्रदेशे तपनेऽपि मेषे।।"

और गोदावरी नदी के उत्तरीय प्रदेशों (महाराष्ट्र, राज.) एवं गंगा जी के दक्षिणी तट पर्यन्त जितने प्रदेश (मध्यप्रदेश, छ्‌त्तीसगढ़ आदि) है, उनमें सिंह के बृहस्पति में शुभ कार्य त्याज्य हैं, दूसरे प्रदेशों में नहीं। अन्यऽपि च, यदि मेष का सूर्य (वैशाख मास) हो, तो किसी भी प्रदेश में सिंहस्थ बृहस्पति का दोष नहीं होगा।

आचार्य राजमार्तण्ड अनुसार भी सिंह राशि में सिंह के नवांश (4-13°-20′ से 4-16°-40′ तक) में गुरु रहने पर समस्त प्रदेशों में विवाहादि शुभ कार्य त्याज्य होते हैं, क्योंकि उस काल में किया गया विवाह वर-वधू के लिए मरणकारक होता है।

सिंहराशौ तु सिंहांशे यदा भवति वाक्पतिः।
सर्वदेशेष्वयं त्याज्यो दम्पत्योर्निधनप्रदः।।

राजमार्तण्ड का यह वाक्य सिंहस्थ गुरु के सिंहाशक (नवमांशक) (13°-20′ से 16°-40′ तक) को सर्वत्र (गंगा-गोदावरी के मध्यवर्ती तथा इनसे इतर सभी प्रदेशों में) वर्ज्य बतलाता है।

व्यास जी अनुसार भी सिंह राशि में सिंह के नवांश (13°-20′ से 16°-40′ तक) में गुरु के होने पर कलिङ्ग, गौड़, गुजरात प्रदेशों में कालमृत्यु योग कारक होता है। यह स्त्री-पुरुष दोनों के लिए मरणप्रद होता है।

"सिंहे सिंहाशके जीवे कलिंगे गौडगुर्जरे।
कालमृत्युरयं योगो दम्पत्योर्निधनप्रदः।। (मु. चि. पीयूष)

मुहूर्त्त गणपति, मुहूर्त्त चिन्तामणि पीयूषधारा, टोडरानन्द आदि प्रभृति मुहूर्त्त ग्रन्थों में सिंह राशि के नवांश (अर्थात् सिंह राशि के 13 अंश, 20 कला से 16 अंश, 40 कला पर्यन्त) काल में ही विवाहादि शुभ कार्य त्याज्य माने गए हैं।

पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के अधिकांश पंचांगकार एवं ज्योतिषाचार्यों द्वारा गत अनेक वर्षों से चतुर्थ मत (अर्थात् सिंहस्थ नवांश काल (13°-20′ से 16°-40′ पू.फा. प्रथम (I) चरण) अर्थात् 14 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2015 ई. की समयावधि को विशेष नष्ट एवं त्याज्य माना है।

इसी परम्परा को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत वर्ष 14 सितं. से 30 सितं., 2015 ई. की समय-अवधि में विवाह, गृहारम्भ आदि शुभ मुहूर्त्त नहीं लगाए गए हैं।

● सोमवती, भौमवासरी आदि अमावस्या का माहात्म्य ●

सोमवार से युक्त अमावस्या का शास्त्रों में विशेष माहात्म्य कहा गया है। स्कन्द पुराण के अनुसार सोमवार और अमावस्या का योग कभी-कभी होता है। इस दिन भगवान शिव के दर्शन करके पूजन आदि करने का विशेष महत्त्व होता है। विशेषकर सोमेश्वर महादेव की पूजार्चना करने से कोटि (करोड़ों) यज्ञों का फल प्राप्त होता है–

अमासोमेन संयुक्ता कदाचिद् यदि लभ्यते। तस्यां सोमेश्वरं दृष्ट्वा कोटियज्ञफलं लभेत्।।

सोमवती अमावस्या को तीर्थ स्थान, जप, पाठ एवं ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र, दक्षिणादि सहित दान करना विशेष पुण्यप्रद माना गया है।

पुरुषार्थ चिन्तामणि के अनुसार, यदि अमावस्या सोमवार या मंगलवार अथवा गुरुवार को हो तो उस योग के पर्व को **पुष्कर योग** कहते हैं। इन योगों का फल सूर्यग्रहणों में किए हुए दान-पुण्य से सौ गुणा अधिक होता है–

अमा सोमे तथा भौमे गुरुवारे यदा भवेत्। तत्पर्व पुष्करं नाम सूर्यपर्वशताधिकम्।।

स्नानदान आदि पुण्य कर्मों में मंगलवारी अमावस्या भी सोमवती अमावस्या के समान मनानी चाहिए। यदि मंगलवारी अमावस्या हो तो गंगा के स्नानमात्र से सहस्र गौओं के दान का फल प्राप्त होता है–

स्नानदानादौ भौमवती अपि सोमवती समा ज्ञेया। अमावस्या भवेद्वारे यदा भूमिसुतस्य वै। जाह्नवी स्नान-मात्रेण गोसहस्रफलं लभेत्। –हेमाद्रौ शातातप

सोमवार से युक्त अमावस्या हो तो वहाँ अनन्त फल देने वाली और पितृगणों को दिया हुआ श्राद्ध अक्षय होता है–

सोमवारेण संयुक्ता अमावस्या यदा भवेत्। तत्रानन्तफलं श्राद्धं पितृणां दत्तभक्षयम्।।

सोमवती एवं मंगलवारी अमावस्या के विशिष्ट योग में पितृदोष शान्ति, सम्पदा सम्बन्धी परेशानियां, लड़के/लड़की के विवाह में विलम्ब, सन्तान एवं क्लिष्ट रोगों की शान्ति तथा आध्यात्मिक क्षेत्र में आत्म शुद्धि, स्नानदान, जप-पाठ आदि का विशेष माहात्म्य होता है। इस दिन व्रत धारण करके भगवान श्री विष्णु एवं शिवपूजन, चन्द्रपूजन तथा पीपल वृक्ष की गंगाजल युक्त दुग्ध, पुष्पाक्षत, एवं पुष्प-फल-मिष्ठान से धूप-दीप आदि से पूजन करके 108 प्रदक्षिणा के उपरान्त ब्राह्मणों को दक्षिणा सहित भोजन, वस्त्र, फलों का दान करने का विशेष माहात्म्य होता है।

वर्ष 2015-16 ई. में प्रमुख अमावस्याएँ

माघ (भौमवती)	20 जन. मंग.	आश्विन (सोमवती)	12 अक्तू. चंद्र
ज्येष्ठ (सोमवती)	18 मई चंद्र	माघ (सोमवती)	8 फर. चंद्र
प्र. शुद्ध आषाढ़ (भौमवती)	16 जून मंग.		

व्यापारिक वस्तुओं तथा शेयर-बाज़ार में मन्दा-तेजी-सन् 2015 ई.

वायदा व्यापारियों के लिए आवश्यक सुझाव—व्यापारिक वस्तुओं अथवा जिन्सों के दैनिक उतार-चढ़ाव के अध्ययन के बाद ही वस्तुओं का क्रय-विक्रय करना सफल व्यापार की कुंजी है। संसार के सभी पदार्थों पर प्रभाव रखने वाले ग्रह होते हैं तथा अपने में सभी पदार्थों का समावेश करने वाली राशियां होती हैं। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशि-भोग करता है, तो उसकी हर गति का प्रभाव प्रत्येक वस्तु पर पड़ता है, क्योंकि उस समय वे पदार्थ उस ग्रह के प्रभाव में रहते हैं और वस्तु के मूल्यों में जो परिवर्तन (घटाबढ़ी) होता है, उसे हम तेजी-मन्दी कहते हैं।

ज्योतिष शास्त्र का वायदा-व्यापार से गहरा सम्बन्ध है। ध्यान रहे, हाजिर एवं वायदा बाजार पर राजनीतिक, सामाजिक, प्राकृतिक एवं आजकल अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं का प्रभाव भी अवश्य रहता है। इसके अतिरिक्त कुशल व्यापारी को अपनी वर्तमान विशोंतरी ग्रहदशा तथा आर्थिक सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए ही व्यापार करना चाहिए। जन्म/वर्ष कुण्डली में हानिप्रद या अनिष्ट ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। अनुकूल ग्रह-दशा जातक को व्यवसाय में विपुल धन लाभ तथा प्रतिकूल ग्रहदशा अकस्मात् धन-हानि करवा सकती है। सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी की हानि साधारणतया उठा सकने का सामर्थ्य हो।

गतवर्षों सन् 2010 से 2014 ई० में हमारे द्वारा निर्दिष्ट ग्रहस्थिति एवं तेजी-मन्दी के चान्सों से सोना, चाँदी, गुड़, सोयाबीन, कॉपर, तेल, लोहे, स्टील, चने तथा शेयरों से सम्बन्धित अनेक व्यापारी लाभान्वित हुए। (विशेषकर जून-जुलाई में सोने-चांदी में हुई तेजी-मन्दी से विशेष लाभ उठाया।)

आगे गोचर ग्रहों, नक्षत्रों के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं (जिन्सों) के दैनिक मन्दा-तेजी की विशेष लाइनों एवं तूफानी तेजी आदि का विवरण लिख रहे हैं। **यदि आप प्रतिमास किसी विशेष एक जिन्स (वस्तु) की दैनिक तेजी-मन्दी रिपोर्ट या वायदा हाजिर का चांस चाहते हैं तो प्रति जिन्स की एक मास की फीस 751 रु., 2 मास की फीस 1400 रु. होगी। पूरी फीस अग्रिम ड्राफ्ट द्वारा भेजें।** रिपोर्ट लिखित रूप में रजिस्ट्री या कोरियर के माध्यम से भेज दी जाएगी। D.D. (ड्राफ्ट) या चैक या मनीआर्डर इस पते पर भेजें। —**पं. विवेक शर्मा S/o स्व. पं. पन्ना लाल शर्मा, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर—144008 (पंजाब), फोन 0181-2457959**

जनवरी—व्यापारी भाईयों के लिए नववर्ष मंगलमय एवं लाभप्रद रहे। मासारम्भ ता. 1 जन. को ही बुध मकर राशि में आकर मंगल एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर शनि एवं गुरु की दृष्टि रहेगी। हमारे विचारानुसार यह योग विशेष तेजी का है। सोना, चाँदी, घी, मूँग, रूई, तेल में विशेष तेजी बनेगी। बैंकिंग शेयर्ज में भी तेजी का रुख बनेगा। ता. 31 दिसं. को जिन वस्तुओं में तेजी बने, उन वस्तुओं/जिन्सों में ता. 1 से तेजी को और बल मिलेगा।

4 जन. को मंगल कुम्भ राशि में आकर शनि के साथ स्थान परिवर्तन योग बनाएगा अर्थात् मंगल शनि की राशि में तथा शनि मंगल की राशि में होगा। रूई, चाँदी, गुड़, चीनी, सोना, अनाजों में उथल-पुथल के बाद अच्छी तेजी बनेगी। **[यथा-भूसुते कुम्भराशिस्थे सर्वधान्यमहर्घता।।]**

6 जन. को शुक्र, फिर ता. 7 जन. को बुध श्रवण नक्षत्र में आकर शुक्र के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। ता. 6 तक जिन वस्तुओं/जिन्सों में तेजी होगी, उन वस्तुओं में तेजी ओर बढ़ेगी। यदि. ता. 6 तक जिन्सों में मन्दी की लाईन बन गई, तो मन्दी ज़ोर पकड़ सकती है। ध्यानपूर्वक ता. 5 को बाज़ार का वातावरण देखते हुए आगे बढ़ें।

11 जन. को सूर्य उ.षा. में तथा ता. 12 जन. को वक्री गुरु आश्लेषा (3) में आने से लगभग सभी व्यापारिक जिन्सों में तेजी की लाईन बनेगी। उड़द, मूँग, चावल, चना, गेहूँ, गुड़, चीनी, शक्कर, कपास, पिप्पलामूल, चमड़ा, सरसों, मूँग, सोयाबीन में तेजी बनेगी।

13 जन. को मंगल शतभिषा नक्षत्र में आने से अनाजादि में मन्दी, रूई, सोना, चाँदी, कपास, चने के भाव पहले मन्दे होकर बाद तेज हो जाएंगे।

14 जन. को सूर्य मकर राशि में आकर बुध एवं शुक्र के साथ एक राशि सम्बन्ध बनाएगा। इन पर शनि एवं गुरु की दृष्टि रहेगी। घी, तेल, अलसी, गुड़, शक्कर, चीनी, रूई, सरसों, सोयाबीन, चने में अच्छी तेजी का झटका लगेगा, गेहूँ, चावल, बारदाना में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बन सकती है।

[ता. 13 से 16 जन. के मध्य जिन जिन्सों में मन्दी रहे, उन्हें व्यापारी बन्धु आगे के लिए स्टॉक कर सकते हैं तथा मासान्त से पहले थोड़ी तेजी बनते ही निकाल दें]

17 जन. को शुक्र धनिष्ठा तथा राहु हस्त (3) में आने से चावल, मूँग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, सोना, चाँदी, रूई, कपास, दूध, घी में तेजी बनेगी।

20 जन. को मंगलवारी अमावस भी तेल, तिलहन, चने में अचानक तेजी ला सकती है। सावधानीपूर्वक कार्य करें।

21 जन. को मकर राशिस्थ बुध वक्री होगा। इस पर शनि की पहले से ही दृष्टि चल रही है। घी, बैंकिंग शेयर्ज़, मूँग, गुड़, चीनी में तेजी बने। इसी दिन बुधवारी चन्द्रदर्शन होने से सोना, चाँदी, रूई, बारदाना, शक्कर में घटाबढ़ी के बाद मामूली मन्दी बनेगी।

22 जन. को शुक्र कुम्भ राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। अकेला शुक्र यद्यपि यहाँ मन्दीकारक होता है। परन्तु क्रूरग्रह मंगल के साथ योग के कारण यहाँ मन्दी की जगह तेजी प्रधान रहेगी। चान्दी, घी, रूई में अच्छी तेजी बनेगी। सोने, अलसी, तेल, सोयाबीन,

गुड़, साफ्टवेयर शेयर्ज़, चीनी में पहले मन्दी बनकर फिर तेज़ी बनेगी।

24 जन. को सूर्य श्रवण नक्षत्र में आकर बुध के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। इन पर शनि-गुरु की दृष्टि रहेगी। गेहूँ, जौं, चावल, रुई, सूत, सन्, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, अलसी, लौंग, पीतल में तेजी बनेगी। परन्तु शीघ्र ही मन्दी का रुख भी बन जाएगा। जल्दी सौदे निपटा लें।

28 जन. को शुक्र शतभिषा नक्षत्र में आकर मंगल के साथ एक-नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। गेहूँ, चावल आदि अनाज, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों, रूई, सरसों, चान्दी में अच्छी तेजी की लाईन बनेगी।

30 जन. को मंगल पू.भा. नक्षत्र में आने से तिल, तेल, मूँगफली, एरण्ड, अलसी, नारियल, सुपारी, रूई, सूत, कपास, सोना, चाँदी में तेजी बनेगी। मंगल अतिचारी होने से भी इन जिन्सों में तेजी को और अधिक बल मिलेगा।

[**विशेष**–ता. 1 से 12 जन. के मध्य तेजी का रुख रहेगा, पुन: 21 से 24 तक मुख्य जिन्सों तथा शेयर बाज़ार में तेज़ी का रुख रहेगा।]

☞ फरवरी–5 फर. को वक्री बुध उ.षा. नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। इसी दिन वक्री बुध पूर्व में उदय होगा। घी, अनाज, शेयरों, चान्दी, चना, कपास, खल-बिनौला, सोने, रूई में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

6 फर. को सूर्य धनिष्ठा नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी तथा अन्य जवाहरात, मूँग, मसूर, गेहूँ आदि अनाजों, अलसी, रूई में तेजी बनेगी।

8 फर. को शुक्र पू.भा. नक्षत्र तथा वक्री गुरु आश्लेषा (2) में आने से रूई, घी, तेल, सोयाबीन, चने में तेजी, अनाजों में कुछ मन्दा बनेगा।

10 फर. को शनि अनुराधा के तृतीय चरण में आने से मिर्च, केसर, चन्दन, कपूर, तेल, क्रूड-आयल में तेजी बने।

11 फर. को मकर राशिस्थ बुध मार्गी होने से सरसों, रूई, तेल, अलसी, गुड़, बिनौला, कपूर, मूँगफली में पहले मन्दी बनकर बाद में मामूली सुधार होगा। सोना, गेहूँ, जौं, चने में तेजी बनेगी।

12 फर. को मंगल मीन राशि में आकर केतु के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की नवम दृष्टि रहेगी। सोना, चाँदी, रूई, घी, मिर्च, सरसों में पहले मन्दी या ठहराव सा आकर 1-2 दिनों में ही अच्छी तेजी का झटका लगेगा।

13 फर. को सूर्य कुम्भ राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। अतएव कुछ जिन्सों/वस्तुओं में अच्छी तेजी तथा कुछ में मन्दी का रुझान रहेगा। घी, तेल, लवण, सरसों, मूँगफली, राई, सोने, क्रूड-आयल में तेजी तथा रूई, एरण्ड, गेहूँ आदि अनाज, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी बनेगी।

16 फर. को शुक्र मीन राशि में मंगल एवं केतु के साथ एक-राशि सम्बन्ध बनाएगा। इन पर गुरु की दृष्टि भी है। इसी दिन मंगल उ.भा. नक्षत्र में आ जाएगा। अकेला शुक्र यद्यपि मीन राशि में मन्दी करता है, **परन्तु यहाँ शत्रु ग्रह दृष्टि एवं क्रूर ग्रहों के योग से विशेष तेज़ी का योग बनेगा। रूई, चान्दी, NIFTY, गुड़, शक्कर, घी में अच्छी ज़ोरदार तेजी बन सकती है। तेल तिलहन, सरसों, चीनी में कुछ मन्दी बन सकती है।** शीघ्र ही चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थ भी तेज़ होंगे।

18 फर. को बुध श्रवण में आएगा। इस पर शनि की दृष्टि रहेगी। इसी दिन शुक्र उ.भा. नक्षत्र में आकर मंगल के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। गुड़, चीनी, अलसी, चना, चावल तेज होंगे। चाँदी, कपूर, नमक, रूई, कपास आदि में मामूली मन्दी बनकर पुन: तेजी बन जाएगी।

19 फर. को सूर्य शतभिषा नक्षत्र में आने से सोना, चान्दी, सूत, सन, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूँ, गुड़ के भाव तेज होंगे।

20 फर. को शुक्रवार को चन्द्रदर्शन होने से सरसों, तिल, तेल, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, ऊन में मन्दी तथा रूई, चाँदी, सोना में घटाबढ़ी होकर बाद में तेजी बनेगी।

[**विशेष**–ता. 12 से 20 फर. तक मुख्य जिन्सों तथा शेयर बाज़ार में मुख्यत: तेजी का रुख रहेगा। सावधानीपूर्वक कार्य करें।]

☞ मार्च–ता. 1 मार्च को शुक्र रेवती नक्षत्र में आएगा। मीन राशि में शु.-मं.-के. ग्रहों का योग बना हुआ है। रूई, कपास, चाँदी, चावल, चन्दन, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर, जवाहरात में मन्दी होकर बाद में तेजी बन जाएगी।

3 मार्च को बुध धनिष्ठा नक्षत्र में आएगा। इस पर शनि की दृष्टि चल रही है। सोना, चाँदी, रूई, चावल, घी, दूध, मूँग में मन्दी के योग के बावजूद तेजी का रुख बन जाएगा।

4 मार्च को सूर्य पू.भा. नक्षत्र में आएगा। रेशम, सोना, चाँदी, गेहूँ, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, गुग्गुल, पीपलामूल, रुई में तेजी बनेगी।

6 मार्च को मंगल रेवती नक्षत्र में आकर शुक्र-केतु के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। गेहूँ, चना, मूँग, सोना, मोठ, जौं, ज्वार, बाजरा में मन्दी बनकर बाद में तेजी बनेगी। रूई, चाँदी में शुरु से ही तेजी रहेगी।

8 मार्च को वक्री गुरु आश्लेषा नक्षत्र के प्रथम चरण में प्रवेश करेगा। घी, तेल, शेयरों, मूँग, अरहर, चने, मिर्च, सोयाबीन, ग्वार में तेजी बनेगी।

9 मार्च को बुध कुम्भ राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। जिन वस्तुओं में तेजी चल रही होगी, उनमें ओर तेजी बनेगी। बाज़ारों में काफ़ी उठापटक चलेगी। शेयर बाज़ार, बैंकिंग शेयर्ज़, निफ्टी, मूँग, घी, गुड़, चीनी, सोना, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

12 मार्च को शुक्र अश्विनी नक्षत्र तथा मेष राशि में प्रवेश करेगा। जौं, चना, गेहूँ आदि अन्न, घी, सोने, चान्दी, गुड़, शक्कर, बारदाना में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। ऊन, तिल, तेल, सरसों, अलसी, अरण्डी में कुछ मन्दी बनेगी।

13 मार्च को बुध शतभिषा नक्षत्र में आने से सोने, चांदी में मामूली मन्दी का झटका लगेगा।

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आकर मंगल एवं केतु के साथ एक राशि सम्बन्ध बनाएगा। इसी दिन वृश्चिक राशिस्थ शनि वक्री हो रहा है। गुरु भी वक्री चल रहा है।

फाल्गुनेचैत्रमासे च पक्षद्वयतिथीषु च।
वक्रं यातः शनिर्भौमः शीघ्रं गृहलीत धान्यकम्।।

अर्थात् चैत्र मास में शनि वक्री होने से 15 दिनों में अनाज महंगे हो जाते हैं। तिल, तेल, क्रूड-आयल, सोना, चाँदी, सरसों, शक्कर, गुड़, खाण्ड, रुई में भी अच्छी ज़ोरदार तेजी बनेगी।

[ता. 14 से 17 मार्च तक शनि से सम्बन्धित बाज़ार मुख्यत: तेज रहेंगे। इसलिए पूर्व योजना बनाकर स्टॉक कर रखें। पैट्रोलियम, गैस, रिफाइनरी मिडकैप, स्मॉलकैप, कैपिटल गुडस और मेटल शेयरों में तेजी बनेगी।]

18 मार्च को सूर्य उ.भा. नक्षत्र में आने से चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूँ, तेल तेज होंगे।

22 मार्च को बुध पू.भा. नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा, चना तथा अनाज में मन्दी, रुई में घटाबढ़ी रहेगी।

23 मार्च को मंगल अश्विनी नक्षत्र तथा मेष राशि में आकर शुक्र के साथ एक राशि सम्बन्ध बनाएगा। सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातु, मूँग, मोती ऊन, रूई, कपास, पाट, बारदाना, गुड़, शक्कर, लाल-मिर्च, सोयाबीन, तेल में तेजी की लाईन बननी प्रारम्भ होगी। गेहूँ, चना आदि अनाज में कुछ मन्दी बन सकती है।

27 मार्च को बुध मीन राशि में आकर सूर्य एवं केतु के साथ मेल करेगा। इसी दिन बुध अस्त भी हो रहा है। रूई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चाँदी, बिनौला, मूँग में घटाबढ़ी के बाद पहले अच्छी तेजी बने, फिर उतनी ही मन्दी बन सकती है।

29 मार्च को बुध उ.भा. नक्षत्र में आकर सूर्य एवं केतु के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। चाँदी, रूई, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूँ, अनाज में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

31 मार्च को सूर्य रेवती नक्षत्र में आने से अलसी, सरसों, एरण्ड, मूँगफली, लहसुन, मोती, लाख, रुई, गेहूँ, जौं, चना, चावल तेज होंगे।

[**नोट**–ता. 12 से 17 मार्च तक, पुन: 23 से 27 मार्च तक वायदा बाज़ार तेज रहेंगे।]

☞ अप्रैल–3 अप्रै. को शुक्र कृतिका नक्षत्र में आएगा। जौं, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रुई, सूत, चाँदी, सोना, मोती आदि जवाहरात में मन्दी बनेगी।

4 अप्रैल को ग्रस्तोदय खग्रास चन्द्रग्रहण भी चाँदी, रुई, घी में विशेष तेजी लाएगा।

5 अप्रै. को बुध रेवती नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। केसर, मजीठ, लाल-चन्दन, लाल-मिर्च आदि लाल वस्तुओं में विशेष तेजी, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों, घी, सोयाबीन, चाँदी में भी घटाबढ़ी के बाद तेजी बन जाएगी।

6 अप्रै. को शुक्र वृष राशि में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बनाएगा। सोना, चाँदी, रूई, कपास, घी, कपड़ा, साफ्टवेयर शेयरों में अच्छी उठापटक के बाद अच्छी तेजी बनेगी।

8 अप्रै. को कर्क राशिगत गुरु मार्गी होने से रुई, चाँदी में मन्दी बनकर तेजी होगी। चावल, अलसी, सरसों, गुड़, तम्बाकू, घी में तेजी बनेगी।

10 अप्रै. को मंगल भरणी नक्षत्र में आएगा। इसी दिन मं. पश्चिम में अस्त होगा। सोने, चाँदी, रूई, गेहूँ, अलसी, जौं, चना, गुड़ में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा।

12 अप्रै. को बुध मेष राशि में आकर मंगल के साथ योग करेगा। सोना, चाँदी, ताँबा आदि धातु, मूँग, मोती आदि रत्न, ऊन, रुई, कपास, पाट, बारदाना, गुड़, चावल, चना आदि तेजी के रुख को बल मिलेगा।

14 अप्रै. को सूर्य भी अश्विनी नक्षत्र तथा मेष राशि में आकर बुध एवं मंगल के साथ मेल करेगा। यह योग पिछली चली आ रही तेजी की ओर बढ़ावा देगा। फिर भी सावधानीपूर्वक देखते हुए आगे बढ़े। रुई, कपास, सूत, घी, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चाँदी में अच्छी तेजी बनेगी। गेहूँ, चावल, उड़द, मूँग, अरहर, चना, जौं, मटर में घटाबढ़ी के बाद पहले मन्दी, बाद में तेजी बनेगी।

15 अप्रै. को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में आएगा। शु.-श. में पहले ही समसप्तक योग चल रहा है। चाँदी, सोना आदि धातु, अलसी, एरण्डी, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, सुपारी, नारियल में पहले मन्दी का झटका लगकर बाद में तेजी बनेगी।

16 अप्रै. को वक्री शनि अनुराधा (2) में आने से लाल मिर्च, केसर, चन्दन, कपूर, क्रूड-आयल, सोने में तेजी बनेगी।

18 अप्रै. को बुध भरणी नक्षत्र में आकर मंगल के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। इसी दिन शनिवारी अमावस भी व्यापारिक जिन्सों में तेजीकारक होगी। गेहूँ, चावल, चना आदि अनाज, मूँग, शक्कर, सोयाबीन, सरसों में तेजी बनेगी।

20 अप्रै. को सोमवार के दिन चन्द्रदर्शन होने से रुई, सूत, सोने में तेजी रहे, चाँदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी।

22 अप्रै. को बुध पश्चिम से उदय होगा। मेष राशि में सूर्य-मंग.-बुध योग बना हुआ है। ऊन, कपास, रुई, शेयरों तथा घी में अच्छी घटाबढ़ी के मध्य तेजी का रुख रहेगा।

25 अप्रै. को बुध कृतिका में रुई में तेजी, चाँदी, घी में घटाबढ़ी होकर मन्दी बनाएगा।

26 अप्रै. को शुक्र मृगशिर नक्षत्र में आकर गेहूँ, चना, ज्वार, सोयाबीन, सरसों में मन्दी तथा गुड़, शक्कर, चीनी, घी में तेजी करेगा।

27 अप्रै. को बुध वृष राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा तथा इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। रूई में पहले मामूली मन्दी बनकर फिर तेजी बने। गेहूँ, जौं, चना, चावल, मटर, रुई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोयाबीन, बैंकिंग शेयर्ज़, मूँग में विशेष तेजी का रुख बनेगा। इसी दिन सूर्य भरणी नक्षत्र में आकर मंगल के साथ एक नक्षत्र सम्वन्ध बनाएगा। सोना, चाँदी, कॉपर, मूँग, चना, सरसों, गुड़ में भी तेजी की लाईन बनेगी।

29 अप्रै. को मंगल कृतिका में आकर बुध के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाकर घटाबढ़ी को बढ़ावा देगा। गेहूँ, मूँग, मोठ, चावल, राई, मसूर, तिल, तेल, सरसों, घी, चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

☞ मई–ता. 2 मई को ही शुक्र एकाकी रूप में मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। रूई, कपास, सूत, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में मन्दी, अलसी, गुड़, घी, साफ्टवेयर शेयर्ज़ में घटाबढ़ी रहेगी। गेहूँ, जौं, चना, चावलों में तेजी बनेगी।

3 मई को मंगल वृष राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि रहेगी। लाल चन्दन, लाल मिर्च, गुड़, सरसों, सोयाबीन, रुई, कपास, सूत, चन्दन, कपूर, केसर, तेल, सोना, चाँदी, कॉपर, जिस्त आदि तथा मैटल/इस्पात शेयरों में ज़ोरदार तेजी बनेगी।

8 मई को शुक्र आर्द्रा नक्षत्र में आने से गेहूँ आदि अनाजों में अचानक मन्दी का वातावरण बनेगा। इसलिए ता. 8 से पहले तेजी के सौदे निपटा लें।

10 मई को गुरु आश्लेषा (2) में आने से घी, तेल, चना, रुई, कपास, ग्वार में तेजी का रुख बनेगा।

12 मई को सूर्य कृतिका नक्षत्र में आकर मंगल के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। घी, रुई, सोना, चाँदी, अलसी, एरण्ड, गेहूँ, जौं, चना, मूँग, मोठ, चावल, राई, सरसों में अच्छी तेजी बनेगी।

15 मई को सूर्य वृष राशि में आकर मंगल एवं बुध के साथ एक राशि सम्बन्ध बनाएगा। इन पर शनि की दृष्टि रहेगी। अतएव यह योग विशेष वायदा एवं हाजिर बाज़ार में विशेष तेजी लेकर आएगा। सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों आदि में तेजी बनेगी। जौं, चना, गेहूँ, मटर, अरहर, मूँग, चावल में कुछ मन्दी बनकर बाद में तेजी बने। शेयर बाज़ार, क्रूड आयल में अच्छी तेजी बनेगी।

17 मई को मंगल रोहिणी नक्षत्र में आकर बुध के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। बाज़ार में घटाबढ़ी के बाद तेजी का माहौल बनेगा। रुई, कपास, सूत, वस्त्र, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लाल-मिर्च, हींग, शेयरों में तेजी का रुख रहेगा।

19 मई को वृषराशिगत बुध वक्री होगा। वक्री शनि की उस पर दृष्टि रहेगी। चाँदी, बैंकिंग शेयर्ज, सोने, मूँग, गुड़, शेयर बाज़ार, तेल, सोयाबीन में अच्छी ज़ोरदार तेजी का झटका लगेगा।

21 मई को शुक्र पुनर्वसु नक्षत्र में आकर धान्य, गेहूँ, बिनौले में तेजी परन्तु सोने, चाँदी, रूई, कपास, सूत में मन्दी बनेगी।

22 मई को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से सोने, चाँदी, रूई में तूफानी तेजी का चाँस है। शेयर बाज़ार, कॉपर, कपास, बिनौला, मूँग में भी तेजी बनेगी।

23 मई को राहु हस्त (1) तथा केतु उ.भा. (3) में आने से रुई, गुड, खाण्ड, चावल में तेजी बनेगी।

25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में आकर मंगल एवं बुध के साथ एक नक्षत्र बनाएगा। इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। अतएव सोने, क्रूड-आयल में तूफानी तेजी बन सकती है। घी, रुई, चाँदी, अलसी, शेयर-बाज़ार, एरण्ड, गेहूँ, जौं, चना, ज्वार, सुपारी, मिर्च, राई में भी अच्छी तेजी बने। तेजी की यह लाईन 29 मई तक चलेगी।

30 मई को शुक्र कर्क राशि में आकर गुरु के साथ मेल करेगा। रुई में पहले अच्छी मन्दी बनकर बाद में तेजी बनेगी। अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी परन्तु चाँदी, गेहूँ, जौं, चना, मटर, अरहर में मन्दी बने।

जून–ता. 2 जून को शुक्र पुष्य में आने से रुई, सूत, सन्, रेशम, ऊन व धान्य में तेजी और लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, शिंगरफ, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी बनेगी।

4 जून को वक्री शनि अनुराधा (1) में आने से कपास, रुई, केसर, क्रूड-आयल में तेजी का रुख रहेगा।

6 जून को मंगल मृगशिर नक्षत्र में आएगा। सू., मं., बु. ग्रहों पर शनि की दृष्टि भी चल रही है। इसी दिन गुरु आश्लेषा (3) में आएगा। तिल, चाँदी में विशेष तेजी, रुई, गुड़, सोयाबीन में मन्दी की उम्मीद होने पर भी तेजी का रुख बनेगा।

8 जून को सूर्य मृगशिर नक्षत्र में आकर मंगल के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। इसी दिन वक्री बुध पूर्व में उदय होगा। सोना, चाँदी में तेजी बनकर अचानक मन्दी बन सकती है। कॉपर, रुई, सूत, रेशम, सन्, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, तेल, उड़द, मूँग, मोठ, चने, बाजरा तथा अलसी में तेजी बनेगी।

[यदि 8-9 ता. को धातुओं में मन्दी बने तो आगे के लिए मन्दी का ही व्यापार करें।]

15 जून को सूर्य मिथुन राशि में आएगा। इसी दिन मंगल भी मिथुन में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। बारदाना, रेशम, सोना, चाँदी, कपास, कॉपर, रुई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूँग, उड़द, गेहूँ, चना, चावल आदि अनाज, **लाल मिर्च आदि में अच्छी ज़ोरदार तेजी का झटका लगेगा।**

ता. 16 जून को भी भौमवती अमावस व्यापारिक वस्तुओं में तेजीकारक रहेगी। [परन्तु शीघ्र ही इस तेजी में कमी आ जाएगी। अतएव व्यापारिक बन्धुओं को शीघ्र मुनाफा काट लेना चाहिए।]

राज्यभ्रंशोराज युद्धं क्लेशानां च प्रवर्द्धनम्।
उपघातोऽल्पवृष्टिश्च क्षयश्चार्थस्य भूमिजे।

अर्थात् राजनीतिक टकराव, जन-धन-सम्पदादि की क्षति एवं अल्प वृष्टि हो।

17 जून से आषाढ़ अधिक मास प्रारम्भ हो रहा है। सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातुओं में मन्दी, जबकि करियाना वस्तुओं में तेजी का रुख रहेगा। यथा–

द्वयाषाढ़े व्यथा किंचित् खण्डवृष्टिः क्वचित्पुनः।।

अर्थात् दो (अधिक) आषाढ़ मास होने से प्रजा में महँगाई के कारण व्यथा, अनिश्चितता एवं आक्रोश रहे। कुछ क्षेत्रों में खण्ड वर्षा हो अर्थात् कहीं अधिक वर्षा से हानि एवं कहीं कम वर्षा से हानि होगी। धान्यादि के भाव बढ़ेंगे।

ता. 17 जून को शुक्र आश्लेषा नक्षत्र में आकर गुरु के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा।

गुरु-शुक्रौ यदैकस्थो नरयुद्धं तदा भवेत्।
अकाले वा भवेद् वृष्टिः जगत्यां नात्र संशयः।।

अर्थात् देश के कुछ भागों में कहीं आन्तरिक कलह, उपद्रव, अशान्ति एवं युद्ध का वातावरण बने। कहीं असामायिक वर्षा से हानि हो, दैनिक उपभोग्य वस्तुओं में तेजी होगी। रुई में कुछ मन्दी बने।

18 जून, गुरुवार को चन्द्रदर्शन होने से रुई, सूत, रेशमी, ऊनी-वस्त्र, सरसों, तेल, घी में तेजी, सोना, चाँदी, खाण्ड, गुड़ में मन्दी बनेगी।

22 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में आएगा। रुई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूँ, चावल, चना, जौं, चाँदी में तेजी बनेगी। सोने में घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बनेगी।

25 जून को मंगल भी आर्द्रा नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। मंगल सूर्य के पीछे-पीछे चल रहा है। वर्षाकाल में वर्षा अच्छी होगी।

भौमस्य पृष्ठतो भानुजातश्च जलशोषकः।
भवत्यत्र न संदेहो विपरीतो जलप्रदः।।

रुई, सूत, कपास, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, नमक में तेजी और चाँदी में मामूली मन्दी बनेगी।

26 जून को गुरु आश्लेषा (4) में आने से घी, तेल, रुई, चावल, सोने में तेजी बनेगी।

30 जून को बुध मृगशिर नक्षत्र में आएगा। शनि की इस पर दृष्टि है। रुई, चाँदी, गेहूँ, तिल, सरसों, मूँग, उड़द, बैंकिंग शेयर्ज़ में पहले मन्दी बनकर अचानक तेजी का रुख बन जाएगा।

☞ जुलाई—मासारम्भ से ता. 4 जुला. तक व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी के मध्य तेजी का रुख रहेगा।

5 जुला. को बुध मिथुन राशि में आकर सूर्य एवं मंगल के साथ एक राशि सम्बन्ध बनाएगा। इसी दिन शुक्र मघा नक्षत्र तथा सिंह राशि में प्रवेश करेगा तथा शुक्र पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। यह योग विशेष तेजीकारक होगा। सोना, ताँबा, जौं, चना, गेहूँ, लाल-चन्दन, मजीठ, लाल-मिर्च, लाल रंग की वस्तुओं, घी, गुड़, साफ्टवेयर शेयर्ज़ में अच्छी ज़ोरदार तेजी बनेगी। चाँदी, रुई, में पहले मन्दी बनकर बाद में तेजी बनेगी।

6 जुला. को सूर्य पुनर्वसु में आकर भी रुई, सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सब्ज़ी, हरड़, सुपारी, नारियल, केसर, मजीठ, नील, सोंठ, गुग्गुल आदि सुगन्धित पदार्थों, अन्य करियाना वस्तुओं में तेजी करेगा।

9 जुला. को बुध आर्द्रा में आकर मंगल के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाकर घटाबढ़ी करेगा। गेहूँ, तिल, उड़द, जौं, चना, मूँग, मोठ में मन्दी बनकर घटाबढ़ी चलेगी।

12 जुला. को बुध पूर्व में अस्त होने से अनाज, घी, शेयरों में मन्दी, रुई, सोने, चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

14 जुला. को गुरु मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। *गुरु-शुक्र के योग का फल 17 जून को भी लिखा जा चुका है। सिंह राशि के बृहस्पति का फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है—*

गोधूमतिलमाषाज्य शालीनांच महर्घता।
सुवर्णरूप्यताम्राद्येः प्रवालानां समर्घता।।

अर्थात् सिंह राशि का वृहस्पति होने पर सुभिक्ष हो तथा वर्षा प्रबल रूप से होगी, विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन होगा। एवं च, गेहूँ, तिल, उड़द, घी, चावल, सोना, चाँदी, ताम्बा और मूँग विशेष महँगे होंगे। अलसी, रुई में घटाबढ़ी चलेगी। [हमारे विचारानुसार अचानक बाज़ार में सभी वस्तुओं/धातुओं में ज़ोरदार तेजी या मन्दी चलकर तुरन्त लाईन परिवर्तित हो जाएगी।] इसलिए यदि तेजी बनती है तो शीघ्र मुनाफा काटकर निकल जाएं।

16 जुला. को सूर्य कर्क राशि में आने से रुई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, सोना, चान्दी, शेयर बाज़ार में तेजी बने, गेहूँ, जौं, चना, मटर, अरहर, उड़द, मूँग, चावल में मन्दी बनेगी।

18 जुला. शनिवार को चन्द्रदर्शन होने से रुई, सूत, वस्त्र, अनाज, चाँदी, सोना, सरसों, मूँगफली आदि में अच्छी तेजी बनेगी।

20 जुला. को सूर्य पुष्य नक्षत्र में आएगा। इसी दिन बुध भी कर्क राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। रुई, चाँदी, गुड़, दूध, तेल, मूँगफली, सरसों, सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

22 जुला. को बुध पुष्य नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। सोना, चाँदी, रुई, घी, ऊनी-वस्त्र, मूँग में मन्दी बनकर भी बाद में सुधार हो जाएगा।

25 जुला. को सिंहराशिगत शुक्र वक्री होगा। इस पर वक्री शनि की दृष्टि भी चल रही है। इसी दिन राहु उ.फा. नक्षत्र में आएगा। लोहा, कागज़ (पेपर), काली मिर्च, रुई, सोना, चाँदी, कॉपर, क्रूड में तूफानी तेजी बन सकती है। गुड़, घी, खाण्ड, चावल, गेहूँ, साफ्टवेयर शेयर्ज़ में भी तेजी बनेगी।

28 जुला. को बुध आश्लेषा नक्षत्र में आकर भी तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूँगफली में तेजी बनेगी।

30 जुला. को मंगल कर्क राशि में आकर सूर्य एवं बुध के साथ मेल करेगा। इसी दिन गुरु मघा (2) में भी आएगा। गुड़, शक्कर, सरसों, एरण्ड, अलसी, तेल, कॉपर, सोना, चाँदी, सोयाबीन में तेजी की लाईन बनेगी।

☞ अगस्त—2 अग. को वृश्चिक राशिगत शनि मार्गी होने से काली मिर्च, लाल-मिर्च, सोने, कॉपर रुई, तिल, तेल, सरसों, हींग में तेजी बनेगी।

3 अग. को सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, रुई, बिनौला, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च में तेजी बनेगी।

4 अग. को मंगल पुष्य नक्षत्र में आएगा। **इसी दिन बुध मघा नक्षत्र तथा सिंह राशि में आकर गुरु एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि चल रही है।** गेहूँ, जौं, चना, सोना, चान्दी, सूत, रुई, ऊनी वस्त्र, खाण्ड, क्रूड-आयल, मूँग, बैंकिंग शेयर्ज़ में अच्छी ज़ोरदार तेजी बनेगी।

5 अग. को बुध पश्चिम में उदय होगा। इसी दिन सिंह राशिगत शुक्र पश्चिम मे अस्त होगा। सोना, चाँदी, गुड़, सूत, कपड़ा, घी, तेल, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूँगफली में मन्दी बनेगी। रूई में तेजी बनेगी।

[घटाबढ़ी के मध्य मन्दी का यह रुख ता. 11 तक चलेगा। यद्यपि रुई, कपास में मज़बूती बनी रहेगी।]

12 अग. से बाज़ार की लाईन एकदम परिवर्तित होगी। इस दिन मंगल पूर्व में उदय होगा, बुध पू.फा. नक्षत्र में आएगा। सिंह राशिस्थ गुरु भी पश्चिम में अस्त होगा। रुई, कपास तथा शेयरों में तेजी बनेगी। सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, गेहूँ, चना आदि अनाज में मन्दी बनेगी।

13 अग. को वक्री शुक्र कर्क राशि में आकर सूर्य एवं मंगल के साथ मेल करेगा। अकेला शुक्र यद्यपि यहाँ मन्दीकारक होता है। परन्तु यहाँ मन्दी की जगह व्यापारिक वस्तुओं में तेजी की लाईन बनेगी। रूई, कपास में पहले मन्दी बनकर बाद में तेजी, अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी बनेगी। चाँदी, जौं, चना, अरहर में मामूली मन्दी बने।

14 अग. को गुरु मघा (3) में आने से गुड़, खाण्ड, चना, अरहर आदि सर्वप्रकार के अनाज, सोना, चाँदी, लोहे में मन्दी बनेगी।

16 अग. रविवार को चन्द्रदर्शन होने से शेयरों, गुड़, तेल, सोयाबीन, सोना-चाँदी में तेजी बनेगी। रुई, कपास में घटाबढ़ी के बाद मामूली मन्दी बने।

17 अग. को सूर्य सिंह राशि में आकर बुध एवं गुरु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की विशेष दृष्टि रहेगी। अतएव बाज़ार में विशेष तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, सोयाबीन, क्रूड आयल, शेयर बाज़ार तथा अन्य लाल रंग की वस्तुओं में तेजी बनने का चाँस है। [परन्तु हमारे विचारानुसार तेजी **प्रारम्भ होने का इन्तजार करें, क्योंकि गुरु-शुक्र अस्त चल रहे हैं, यदि तेजी शुरु हो जाए तो माल पकड़कर शीघ्र निकाल देवें। वैसे तेजी का झटका अवश्य लगेगा।**]

20 अग. को शुक्र पूर्व में उदय होने से चना, गेहूँ, चावल, बाजरा, दालें आदि अनाज तेज होंगे। नारियल, रेशमी सूत, सॉफ्टवेयर शेयर्ज में अच्छी तेजी बनेगी।

23 अग. को बुध कन्या राशि में आकर राहु के साथ योग करेगा। कुछ वस्तुओं में भयंकर तेजी की लाईन बनेगी। गेहूँ, जौं, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी, शेयर्ज में तेजी बने। चना, रूई, घी, चाँदी में पहले मामूली मन्दी बन फिर तेजी बनेगी।

25 अग. को मंगल आश्लेषा नक्षत्र में आकर शुक्र के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। रुई, चाँदी में मन्दी का चाँस होने पर भी अचानक मामूली तेजी दिखाई देगी। चना, गेहूँ, चावल आदि अनाज में तेजी बनेगी।

30 अग. को गुरु मघा (4) में आने से गुड़, सोना, चान्दी, घी, चीनी में कुछ मन्दी बनेगी।

31 अग. को सूर्य पू.फा. नक्षत्र में तथा बुध हस्त में आएगा। जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूँ, ज्वार, चावल, ऊनी कपड़ा, रुई, सूत में तेजी बनेगी। चाँदी में घटाबढ़ी चलेगी।

☞ सितम्बर–मासारम्भ से ता. 5 तक घटाबढ़ी के मध्य मुख्यत: मन्दी का माहौल रहेगा। अनाज, सब्ज़ी तथा रुई में तेजी रहेगी।

6 सितं. को कर्क राशिगत शुक्र मार्गी होने से सोना, चाँदी, गुड़, घी, रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

7 सितं. को सिंह राशिगत गुरु पूर्व में उदय होने गेहूँ, चना, चावल आदि अन्न, घी, रुई, शेयरों, सोना, चाँदी में तेजी बनेगी। यह तेजी की लाईन धीरे-धीरे चलेगी।

13 सितं. को सूर्य उ.फा. में आने से रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चाँदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, सुपारी में तेजी बनेगी।

14 सितं. को गुरु पू.फा. नक्षत्र में आने से गुड़, खाण्ड, गेहूँ, शक्कर, चावल आदि अनाजों में मन्दी बनेगी। रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी।

15 सितं. को मंगल सिंह राशि में आकर गुरु के साथ योग करेगा। मंग.-शनि की परस्पर चतुर्थ-दशम् दृष्टि सम्बन्ध भी शुरु होगा। जोकि 2 नवं. तक रहेगा। इस अवधि में सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा आदि धातु, गुड़, शक्कर, खाण्ड, गेहूँ, अलसी, रुई, लाल वस्त्र, लाल मिर्च तथा अन्य लाल रंग की वस्तुओं में विशेष तेजी बनेगी।

17 सितं. को सूर्य कन्या राशि में आकर बुध एवं राहु के साथ योग करेगा। रुई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ, गुड़, सोयाबीन, लाल-मिर्च में तेजी बनेगी। शेयरों एवं चाँदी में घटबढ़ी, रुई, घी में अच्छी घटाबढ़ी चले। गेहूँ, चना में कुछ मन्दी का झटका लगेगा।

[घटाबढ़ी का यह रुख 23 सितं. तक चलेगा।]

24 सितं. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होगा। **सोने, चाँदी में धमाके की तेजी बनेगी।** शेयरों, रुई, घी, मूँग में भी अच्छी तेजी बनेगी।

27 सितं. को सूर्य हस्त नक्षत्र में तथा शनि अनु. (2) में आएगा। गेहूँ, जौं, ज्वार, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, नमक, हरड़, हींग, हल्दी, शेयरों में तेजी बनेगी।

30 सितं. को गुरु पू.फा. (2) में आने से गुड़, खाण्ड, रुई, शक्कर, गेहूँ, चावल आदि अनाजों में मन्दी बने।

☞ अक्तूबर–**1 अक्तू. को शुक्र सिंह राशि में आकर मंगल एवं गुरु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि रहेगी।** सोना, ताम्बा, जौं, चना, गेहूँ, लाल-मिर्च, घी, साफ्टवेयर, शेयर्ज़ में अच्छी ज़ोरदार तेजी बनेगी। रुई, चान्दी में पहले मन्दी बनकर बाद में अच्छी तेजी बन जाएगी।

3 अक्तू. को वक्री बुध उ.फा. नक्षत्र में आकर राहु के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। उड़द, मूँग, मोठ, मसूर, अरहर, बाजरा में तेजी, रुई, कपास, चान्दी में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

6 अक्तू. को मंगल पू.फा. नक्षत्र में आकर गुरु के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। इन पर शनि की दृष्टि है। तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन, मूँगफली, घी, गुड़, खाण्ड, नमक, मिर्च, ग्वार में तेजी बनेगी।

7 अक्तू. को वक्री बुध पूर्व में उदय होने से घी, अनाज, शेयरों, चान्दी, चना, कपास, खल-बिनौला, सोने, रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने।

9 अक्तू. को बुध मार्गी होने से चन्दन, सुपारी, नारियल, गेहूँ, जौं, चना, अनाज, सोने में तेजी बनेगी। रुई, चाँदी, घी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

11 अक्तू. को सूर्य चित्रा नक्षत्र में आएगा। रुई, सूत, सोना, चाँदी, मोती आदि रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूँ, चना, तिल, नारियल, कपूर में तेजी बनेगी।

14 अक्तू., बुधवार के दिन चन्द्रदर्शन होने से सोना, चाँदी, रुई, सूत, बारदाना, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी, अन्न और घी में तेजी बनेगी।

15 अक्तू. को बुध हस्त में आकर गेहूँ, चावल, चना, अरहर आदि सभी प्रकार के अनाजों में कुछ मन्दा बनेगा।

17 अक्तू. को सूर्य तुला राशि में आएगा। रुई, चान्दी, ताम्बा, लाल-चन्दन, श्रीफल, सुपारी, सोयाबीन में कुछ तेजी बनेगी। इसी दिन शुक्र पू.फा. में आने से ज्वार, बाजरा, उड़द, मूँग, चना, जौं, ज्वार में मन्दी बनेगी।

[ता. 17 से 23 अक्तू. के मध्य घटाबढ़ी के बाद साधारण तेजी रहेगी।]

24 अक्तू. को सूर्य स्वाती में आने से कॉपर में 5-10 रु. की विशेष तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, शेयरों, रुई, सूत, सन्, रेशम, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गुग्गुल में तेजी बनेगी।

25 अक्तू. को बुध चित्रा में आने से रुई, चाँदी, घी, गेहूँ, चना, शेयरों में घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बने।

27 अक्तू. को बुध पूर्व में अस्त होने से घी, गेहूँ, चना आदि अनाज कुछ मन्दे, सोना, चाँदी, रुई, कपास, ग्वार में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

28 अक्तू. को मंगल उ.फा. नक्षत्र में आकर राहु के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। मं.-गु.-शु. पर शनि की दृष्टि चल रही है। गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोयाबीन, सोना, ताम्बा, मिर्च आदि में ज़ोरदार तेजी बनेगी।

29 अक्तू. को बुध तुला राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, सोना, सोयाबीन में अच्छी तेजी बनेगी।

30 अक्तू. को शुक्र उ.फा. नक्षत्र में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि भी चल रही है। अकेला शुक्र यद्यपि यहाँ मन्दी करता है। परन्तु ग्रहयोग अनुसार यहाँ विशेष तेजी बनेगी। गुड़, खाण्ड, चावल, शेयरों, चाँदी रुई, कपास में अच्छी तेजी बनेगी।

31 अक्तू. को शनि अनुराधा (3) में आने से क्रूड-आयल, तेल, डीज़ल, सोयाबीन, सरसों, गुड़ के भावों में तेजी बनेगी।

☞ नवम्बर–2 नवं. को बुध स्वाती नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बना लेगा। रुई, घी, चावल, चाँदी, कपास, ग्वार, सोयाबीन में पहले मन्दी बनकर बाद में तेजी बनेगी।

3 नवं. को मंगल एवं शुक्र कन्या राशि में आकर यद्यपि शनि की दृष्टि से हट जाएंगे, परन्तु राहु के साथ योग करेंगे। अतएव बाज़ार में पहले तूफानी तेजी बनेगी। *सोना, चाँदी, ऊन, लाल-रंग की वस्तुओं, गुड़, खाण्ड, चावल, रुई, कपास में विशेष तेजी बनेगी। तेजी की यह लाईन 2-3 दिन चलेगी।*

5 नवं. को गुरु पू.फा. (4) में आकर गुड़, खाण्ड, शक्कर में मामूली मन्दी बनाएगा।

6 नवं. को सूर्य विशाखा में आने से जौं, चावल, गेहूँ, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, अफीम में तेजी, अलसी, चाँदी, घी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

10 नवं. को बुध विशाखा में आकर सूर्य के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। रुई, मूँग, शेयरों, चाँदी, सोने, ताम्बे में घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बनेगी।

12 नवं. को शुक्र हस्त नक्षत्र में आने से सोने, चाँदी, साफ्टवेयर शेयर्ज़ में तेजी बनेगी। खाण्ड, गुड़, शक्कर में घटाबढ़ी के बाद तेजी होगी। अन्नादि के भाव यदि मंदे हुए तो संग्रह करने से आगे लाभ होगा। रुई, चावल में मन्दी बने।

13 नवं. को शनि पश्चिम में अस्त होने से मेटल शेयर्ज़, रुई, सोने, कॉपर में मन्दी, गेहूँ, चावल आदि अनाज में तेजी बनेगी।

16 नवं. को सूर्य वृश्चिक राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। रुई, ताम्बा, चान्दी, सोना, ऊनी, वस्त्रों, क्रूड-आयल, तेल, सोयाबीन, गुड़, कपास में अच्छी तेजी की लाईन बनेगी। परन्तु शनि अस्त होने के कारण प्रारम्भ में मन्दी का प्रभाव रहेगा। परन्तु धीरे-धीरे शीघ्र ही तेजी बन जाएगी।

17 नवं. को बुध भी वृश्चिक राशि में आकर सूर्य एवं शनि के साथ मेल करके व्यापारिक वस्तुओं में विशेष उथल-पुथल करेगा। घी, तेल, सरसों, रुई, चान्दी, मूँग, क्रूड-आयल, सोयाबीन, गुड़, कपास, ग्वार, जिस्त, ज़िंक में विशेष तेजी बनेगी। सोने में तेजी बनेगी।

19 नवं. को मंगल हस्त तथा बुध अनुराधा नक्षत्र में आएगा। घी, गुड़, खाण्ड, नमक, मिर्च में तेजी, सूत, सन, रुई, सोना, चाँदी में मन्दी बनकर बाद में तेजी बनेगी।

20 नवं. को सूर्य अनुराधा नक्षत्र में आकर बुध के साथ योग करेगा। जौं, चना आदि धान्य, ऊन, धागों, सोना, चाँदी, कॉपर, जिस्त आदि धातुओं में तेजी बनेगी। गेहूँ, अलसी, मिर्च में तेजी होकर मन्दी बने।

24 नवं. को शुक्र चित्रा में आने से सोना, चाँदी, साफ्टवेयर शेयरों, घी, रुई के भावों में घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बनेगी।

27 नवं. को बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में आने से बैंकिंग शेयर्ज़, घी, गुड़, खाण्ड, चावल, मूँग में तेजी बनेगी।

28 नवं. को गुरु उ.फा. नक्षत्र में आकर राहु के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। गुरु पर शनि की दृष्टि भी है। सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, घी, ग्वार में तेजी बनेगी। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

29 नवं. को शनि अनुराधा (4) में आने से कपास, रुई, घी में विशेष रुप से तेजी की लाईन चलेगी। अतएव पहले से स्टॉक होना चाहिए। केसर, चन्दन, कपूर, सोने में भी तेजी बनेगी।

30 नवं. को शुक्र तुला राशि में आने से रुई, चाँदी और अफीम में पहले तेजी, बाद में मन्दी बन सकती है। सोने, गुड़, खाण्ड, चावल, शेयरों में तेजी बनेगी।

☞ दिसम्बर–3 दिसं. को सूर्य ज्येष्ठा में आकर बुध के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। ऊनी वस्त्रों, सोना, चाँदी, चावल, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, गुड़, खाण्ड, रुई में तेजी बनेगी।

5 दिसं. को शुक्र स्वाती में आने से गुड़, खाण्ड, रुई में तेजी, अन्नादि के भावों में मन्दी बनेगी।

6 दिसं. को बुध धनु राशि में आएगा। अकेला बुध यद्यपि यहाँ मन्दी करता है **परन्तु मंगल एवं गुरु की दृष्टि के कारण** रुई,. कपास, वस्त्र, सूत, चान्दी, गुड़, बैंकिंग शेयर्ज़, मूँग में तेजी बनेगी। बाद में मन्दी बनेगी। शीघ्र तेजी दिखते निकल जाएं।

11 दिसं. को बुध पश्चिम में उदय होने से रुई में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी बने, तिल, तिलहन, चाँदी, सोने, शेयरों में भी तेजी का रुख रहे।

12 दिसं. को मंगल चित्रा में आने से गेहूँ, चावल, चना, सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल, गुड़, सोयाबीन, सरसों में तेजी बनेगी।

14 दिसं. को बुध पू.षा. में आने से अनाज, चना, सोना, चाँदी में मन्दी बन जाएगी। खल-बिनौला तेज होंगे।

16 दिसं. को सूर्य धनु राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल एवं गुरु **ग्रहों की दृष्टि है।** रुई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोना, चाँदी, चावल, घी, दूध, सोयाबीन में तेजी बनेगी।

17 दिसं. को शुक्र विशाखा में जाने से रुई, कपास, चाँदी तथा अनाज मन्दे की तरफ बढ़ सकते हैं।

[अतएव ता. 16 को तेजी दिखते ही मुनाफा काटकर चलना अक्लमन्दी होगी।]

23 दिसं. को मंगल तुला राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। यह शुक्र ग्रह की वस्तुओं को भी कुछ तेजी प्रदान करेगा तथा बाज़ार में फैले मन्दी के वातावरण को धीरे-धीरे तेजी प्रदान करेगा। रुई, कपास, सूत, पाट, बारदाना, मूँगफली, गुड़, खाण्ड, गेहूँ, उड़द, मूँग आदि अनाजों में तेजी बनाएगा। शेयरों, चाँदी में भी तेजी बनेगी।

24 दिसं. को बुध उ.षा. में आने से अनाज, गेहूँ, चना, उड़द में पुनः कुछ मन्दापन रहे।

25 दिसं. को शुक्र वृश्चिक राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। रुई, शेयरों, चान्दी, अफीम में मन्दी का चाँस होने के बावजूद तेजी बनेगी। गेहूँ, जौं, उड़द, मूँग, मोठ, बाजरा आदि अनाजों, अलसी, सोयाबीन में अच्छी तेजी बनेगी।

26 दिसं. को बुध मकर राशि में आएगा। इस पर शनि की दृष्टि रहेगी। सोना, चाँदी, क्रूड-आयल, बैंकिंग शेयर्ज़, कपास, डीज़ल, मूँग, उड़द में अच्छी तेजी बनेगी।

28 दिसं. को शुक्र अनुराधा नक्षत्र में आने से गुड़, खाण्ड, चावल, नमक आदि में मन्दी बनेगी।

29 दिसं. को सूर्य पू.षा. नक्षत्र में आने से तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, कपूर, ऊनी वस्त्र, सन, चान्दी में तेजी बनेगी।

[तेजी की यह लाईन नववर्ष के आरम्भ तक चलेगी।]

नोट–ऊपर दिए गए व्यापारिक रुख, लाईन तथा चांसों के विपरीत बाज़ार का रुख चले या वायदा व्यापार की लाईन न चले, तो तुरन्त सौदा काटकर हानि से बचें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि होने पर हम जिम्मेवार न होंगे। —सम्पादक

आज का दिन कैसा गुजरेगा ?

जिस दिन को मालूम करना हो कि **आज का दिन आपका कैसा गुजरेगा ?** तो उस दिन आप पंचांग में देखें कि चन्द्रमा किस नक्षत्र पर है। आप उस नक्षत्र को नं. १ पर से गिन कर ऊपर लिखे चक्र के क्रमानुसार 28 नक्षत्र लगा लें। फिर देखें कि आपके नाम का नक्षत्र किस स्थान पर आता है। वैसा फल जानें। यदि आपके नाम का नक्षत्र वृत्त (गोलाकार) के अन्दर पड़ेगा तो उस दिन शुभ समाचार, प्रिय बन्धु से मिलाप व धन लाभ होगा। यदि गोल वृत्त के बाहर पड़े तो दिन का आधा भाग खुशी में, आधा भाग फिकर और चिन्ता में व्यतीत होगा। यदि त्रिशूल के ऊपर पड़े तो पूरा दिन परेशानी, झगड़े, धन हानि व चिन्ता में व्यतीत होगा। **उदाहरणार्थ आज यदि मघा नक्षत्र हो तो, उसे नं. १ लें।** इसी क्रम में पू.फा. आदि 28 नक्षत्र क्रम से लिख लें। नक्षत्रों की तालिका इसी पंचाँग के अन्तिम पृष्ठों में देखें।

खोई हुई वस्तु मिलेगी या नहीं ?

विनष्टार्थस्य लाभोऽन्धे शीघ्रं मन्दे प्रयत्नतः। स्यात् दूरेश्रवणं मध्ये श्रुत्याप्ती न सुलोचने॥

१. **अन्धाक्ष नक्षत्रों** में गुम हुई अथवा चोरी हुई वस्तु पूर्व दिशा की ओर जाती है और उसकी पुनः प्राप्ति की शीघ्र सम्भावना रहती है।

२. **सुलोचन नक्षत्रों** में गुम हुई वस्तु उत्तर दिशा में जाती है परन्तु उसका न तो पता चलता है और न ही प्राप्त होती है।

३. **मध्याक्ष नक्षत्र** में खोई वस्तु पश्चिम दिशा की ओर अति दूर चली जाती है। पता चलने पर भी प्राप्त (हस्तंगत) नहीं होती।

४. **मन्दाक्ष नक्षत्र** में गुम अथवा चोरी हुई वस्तु दक्षिण की ओर चली जाती है तथा अत्यधिक प्रयत्न करने पर अन्ततोगत्वा वह प्राप्त हो जाती है। अन्धाक्षादि नक्षत्र निम्नलिखित हैं–

नक्षत्र संज्ञा	नाम नक्षत्र							मिलेगी या नहीं
(१) अन्धाक्ष	रोहणी	पुष्य.	उ.फा.	विशा.	पू.षा.	धनि.	रेव.	शीघ्र मिलेगी।
(२) सुलोचन	कृतिका	पुन.	पू.फा.	स्वा.	मूल.	श्रव.	उभा.	नहीं मिलेगी।
(३) मध्याक्ष	भर.	आर्द्रा.	मघा.	चित्रा.	ज्येष्ठा	अभि.	पू.भा.	पता लगाने पर भी नहीं मिलेगी।
(४) मन्दाक्ष	अश्विनी	मृग.	आश्ले.	हस्त.	अनु.	उ.षा.	शत.	बहुत प्रयत्न करने पर मिलेगी।

चमत्कारिक मन्त्र-तन्त्र एवं यन्त्र

'मन्त्र' वह दिव्य शक्ति है, जिसके द्वारा दैवी शक्तियों का अनुग्रह उपयुक्त साधना द्वारा सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है। धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति के लिए कर्त्तव्य की प्रेरणा देनी वाली शक्ति साधना को भी मन्त्र कहते हैं।

मन्त्र सिद्धि एवं साधना के लिए दृढ़ संकल्प शक्ति एवं श्रद्धा भावना का होना आवश्यक है। जैसा कि 'भावचूड़ामणि' में लिखा गया है-

बहुजापात् तथा होमात् कायक्लेशादिविस्तरैः। न भावेन विना देवो यन्त्रमन्त्राः फलप्रदाः॥

अर्थात् चाहे कितना भी अधिक जप, होम तथा शारीरिक प्रयास किया जाए, परन्तु भाव के बिना देवता, मन्त्र और यन्त्र आदि फलप्रद नहीं होते।

प्राचीनाचार्यों ने मन्त्र-तन्त्रादि के अनुष्ठान एवं सिद्धि के लिए कुछ विशेष नियमों को पालन करने के भी निर्देश दिए हैं। जैसे-गोपनीयता, मन व शरीर की शुद्धि, शुभ स्थान, सात्विक भोजन, शुभासन, विनियोग, मन्त्र, देवता, दिशा एवं शुभ मुहूर्त्तादि का ज्ञान होना आवश्यक बताया गया है। जिनका पालन करके मन्त्रानुष्ठान शीघ्र व सुलभ हो जाती है। इनकी विस्तृत व्याख्या हमारी प्रकाशित पुस्तक **'शिव मन्त्रावली'** में दी गई है।

मन्त्र एवं यन्त्रों के अनुष्ठान एवं सिद्धि के लिए सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, सूर्य-चन्द्र क्रान्तिसाम्य का काल, श्रीमहाशिवरात्रि काल, दीपावली, अक्षय तृतीया, सायन एवं निरयण संक्रान्ति पुण्यकाल, होलाष्टक, रवि-गुरु पुष्यादि योग, नवरात्रों में, अमृत सिद्धि योगों, भौमवासरी अमावस आदि पर्वों को विशेष प्रशस्त माना गया है।

मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

सायन संक्रान्ति प्रवेश एवं पुण्यकाल-सन् 2015-16 ई.

भारतीय मुहूर्त्त शास्त्रों ने निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल की भान्ति सायन संक्रान्ति के पुण्यकाल को भी यन्त्र-मन्त्र साधना हेतु विशेष सिद्धिदायक बताया है।

2015-16 ई.	राशि	प्रवेशकाल	पुण्यकाल विवरण (भा. स्टैं. टा.)
20 जनवरी	कुम्भ	15-14	प्रात: 8/50 से रात्रि 21/38 तक
19 फरवरी	मीन	05-21	18 की रात्रि 22/57 से 19 की प्रात: 11/45 तक
20 मार्च	मेष	28-16	20 की रात्रि 21/52 से 21 की प्रात: 10/40 तक
20 अप्रैल	वृष	15-12	प्रात: 8/48 से रात्रि 21/36 तक
21 मई	मिथुन	14-15	प्रात: 7/51 से रात्रि 20/39 तक
21 जून	कर्क	22-08	दोप. 15/44 से अगले दिन प्रात: 04/32 तक
23 जुलाई	सिंह	9-00	22 की रात्रि 26/36 से 23 की दोप. 15/24 तक
23 अगस्त	कन्या	16-07	प्रात: 9/43 से रात्रि 22/31 तक
23 सितम्बर	तुला	13-51	प्रात: 7/27 से रात्रि 20/15 तक
23 अक्तूबर	वृश्चिक	23/17	सायं 16/53 से अगले दिन प्रात: 5/41 तक
22 नवम्बर	धनु	20-55	दोपहर 14-31 से अद्धरात्रि बाद 27/19 तक
22 दिसम्बर	मकर	10-18	21 की रात्रि 27/54 से 22 की सायं 16/42 तक
20 जन.(2016)	कुम्भ	20-57	दोपहर 14/33 से अर्द्धरात्रि 27/21 तक
19 फरवरी	मीन	11-04	प्रात: 04/40 से सायं 17/28 तक
20 मार्च	मेष	10-00	प्रात: 03/36 से सायं 16/24 तक

क्रान्तिसाम्य काल-2015-16 ई.

यहाँ सूर्य-चन्द्रमा का महापात गणित द्वारा प्रणीत सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य काल दिया जा रहा है। विवाहादि मुहूर्त्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य काल को वर्जित किया गया है। यह समयावधि विवाहादि शुभ मुहूर्त्तों के लिए अशुभ परन्तु मन्त्र-यन्त्र अनुष्ठान के लिए श्रेष्ठ होती है।

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
तारीख	घं. मिं.	तारीख	घं. मिं.
29 जन.	16 44	30 जन.	10 52
11 फर.	17 15	11 फर.	26 01
23 फर.	04 01	23 फर.	10 05
8 मार्च	06 16	8 मार्च	12 45
20 मार्च	10 23	20 मार्च	15 20
1 अप्रै.	21 24	1 अप्रै.	27 51
14 अप्रै.	16 06	14 अप्रै.	21 59
26 अप्रै.	8 45	26 अप्रै.	17 39
8 मई	23 59	9 मई	13 49
8 अग.	9 19	8 अग.	20 04
21 अग.	10 49	21 अग.	19 02
2 सितं.	06 02	2 सितं.	11 33
14 सितं.	25 54	15 सितं.	8 17
27 सितं.	14 19	27 सितं.	19 09
9 अक्तू.	16 35	9 अक्तू.	23 19
22 अक्तू.	17 59	22 अक्तू.	24 23
2 नवं.	25 14	3 नवं.	11 12
(सन् 2016 ई.)			
3 फर.	06 09	3 फर.	19 39
14 फर.	20 02	15 फर.	03 13
27 फर.	13 48	27 फर.	20 52
10 मार्च	21 21	10 मार्च	26 11
23 मार्च	04 30	23 मार्च	10 49
5 अप्रै.	04 41	5 अप्रै.	10 02

वारुणी पर्व

18 मार्च	17 38	18 मार्च	22 28
(सन् 2016 ई.)			
4 अप्रै.	27 07	5 अप्रै.	10 35

-सूर्य-चन्द्रग्रहण-

सूर्य एवं चन्द्र-ग्रहणों का पर्वकाल जानने के लिए देखें पृ. 15

दीपावली पर्व

यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र साधना, अनुष्ठान के लिए 11 नवम्बर, बुधवार को दीपावली पर्व में प्रदोष एवं निशीथ काल विशेष सिद्धिदायक होगा। देखें पृ. 87

पुत्र प्रदायक सन्तान गणपति स्तोत्र

आगे दिया गया सन्तान गणपति-स्तोत्र के तीन पाठ नित्यप्रति **श्रद्धापूर्वक निरन्तर 21 दिन** तक करने से वाँछित पुत्र सन्तति का सुख प्राप्त होता है। संक्षेप में पाठ विधि इस प्रकार है– **भाद्रपद या माघ** मास की गणेश चतुर्थी का फलाहारी व्रत रखकर कुशा या ऊनी आसन पर पूर्व या उत्तर अभिमुख बैठ जाएँ और भगवान् श्री गणेश की प्रतिमा या शीशे में लगे चित्र तथा श्री गणेश यंत्र को अपने सम्मुख विराजमान कर लें। चन्दन, पुष्प, धूप-दीप, नैवेद्य आदि से श्री गणेश का पूजन पण्डित जी से करवाकर संकल्प करें कि "मैं अमुक कार्य (पुत्र सन्तति प्राप्ति) के लिए इस स्तोत्र का प्रतिदिन तीन बार पाठ करूँगा/करूँगी।" तत्पश्चात् भगवान् श्रीगणेश का ध्यान करते हुए श्रद्धापूर्वक स्तोत्र पाठ करें। श्री गणेश पूजन एवं संकल्पादि कृत्य यदि किसी कर्मकाण्डी पण्डित जी द्वारा करवाए जाएं, तो प्रशस्त होगा। स्तोत्र पाठ उपरान्त यदि **ॐ गं गणपतये नमः** मन्त्र की ५, ३ या १ माला का पाठ चन्द्रार्घ्य व लड्डुओं का प्रसाद यथाशक्ति लगाएँ तो लाभप्रद होगा। कोई साधक यदि निरन्तर २१ दिन पर्यन्त पाठ न कर सकता हो तो उसको प्रति मास श्री गणेश चतुर्थी को व्रत करके तीन सँख्या का पाठ तथा **ॐ गं गणपतये** मंत्र के 11 पाठ कम-से-कम एक वर्ष तक करना चाहिए। मनोवाँछित पुत्र सन्तान प्राप्ति के लिए यह एक अत्यन्त सफल उपाय होगा।

नोट–स्तोत्र पाठ के दौरान दम्पत्ति को भूमिशयन, अल्प भोजन, फलाहार सत्यवचन, ब्रह्मचर्य इत्यादि नियमों का अवश्य पालन करना चाहिए।

संतान गणपति स्तोत्र

नमोऽस्तु गणनाथाय सिद्धिबुद्धि युताय च। सर्वप्रदाय देवाय पुत्रवृद्धि प्रदाय च।।
गुरूदराय गुरवे गोप्त्रे गुह्यासिताय ते। गोप्याय गोपिताशेषभुवनाय चिदात्मने।।
विश्वमूलाय भव्याय विश्वसृष्टि करायते। नमो नमस्ते सत्याय सत्यपूर्णाय शुण्डिने।।
एकदन्ताय शुद्धाय सुमुखाय नमो नमः। प्रपन्न जनपालाय प्रणतार्तिविनाशिने।।
शरणं भव देवेश सन्तति सुदृढ़ां कुरु। भविष्यन्ति च ये पुत्रा मत्कुले गणनायक।।
ते सर्वे तव पूजार्थं निरताः स्युःवरो मतः। पुत्रप्रदमिदं स्तोत्रं सर्वसिद्धि प्रदायकम्।।

सिद्धि-बुद्धिसहित उन गणनाथ को नमस्कार है, जो पुत्रवृद्धि करने वाले तथा जो सब कुछ देने वाले देवता हैं। जो भारी उदर वाले (लम्बोदर), गुरु (ज्ञानदाता), गोप्ता (रक्षक), गुह्य (गूढ़स्वरूप) तथा सब ओर से सुन्दर हैं। जिनका स्वरूप और तत्त्व गोपनीय है तथा जो समस्त भुवनों के रक्षक हैं, उन चिदात्मा आप गणपति को नमस्कार है। जो विश्व के मूल कारण, कल्याणस्वरूप, संसार की रचना करने वाले, सत्यस्वरूप, सत्य से पूर्ण तथा शुण्डधारी हैं, उन श्री गणेश्वर को बारम्बार नमस्कार है। जिनके एक दाँत और सुन्दर मुख है ; जो शरणागत भक्तजनों के रक्षक तथा जो शरणागत्जनों की पीड़ा का नाश करने वाले हैं, उन शुद्धस्वरूप, आप गणपति को बारम्बार नमस्कार है। देवेश्वर ! आप मेरे लिए शरणदाता हों। मेरी संतान-परम्परा को सुदृढ़ करें। गणनायक ! मेरे कुल में जो पुत्र हों, वे सब आपकी पूजा के लिए सदा तत्पर रहें। यह वर प्राप्त करना मुझे अभीष्ट है। यह पुत्रप्रदायक स्तोत्र समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाला है।

–पुत्र संतति प्रदायक–"सन्तान गोपाल मन्त्र"–

भगवान् श्रीकृष्ण के बालरूप की प्रतिमा (अथवा) चित्र के सामने नियमित रूप से धूप-दीप जलाकर संकल्पपूर्वक प्रतिदिन (एक या तीन माला) का पाठ करने से निश्चय ही मनोवांछित पुत्र सन्तान प्राप्ति होती है। सवा लाख संख्या में पाठ करना शुभ एवं लाभदायक रहता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अथवा किसी शुभ मुहूर्त्त में पाठारम्भ करना चाहिए। पाठ स्वयं विधिपूर्वक अथवा किसी सुयोग्य ब्राह्मण द्वारा श्रद्धापूर्वक करवाना लाभदायक होता है।

विनियोग–अस्य श्री सन्तानगोपालमन्त्रस्य श्रीनारद ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्रीकृष्णो देवता, ग्लौं बीजम्, नमः शक्तिः, पुत्रार्थे जपे विनियोगः।

अङ्गन्यास–'देवकीसुत गोविन्द' हृदयाय नमः, 'वासुदेव जगत्पते' शिरसे स्वाहा, 'देहि मे तनयं कृष्ण' शिखायै वषट्, 'त्वामहं शरणं गतः' कवचाय हुम्, '**ॐ नमः**' अस्त्राय फट्॥

ध्यान–
वैकुण्ठादागतं कृष्णं रथस्थं करुणानिधिम्।
किरीटसारथिं पुत्रमानयन्तं परात्परम्॥१॥
आदाय तं जलस्थं च गुरवे वैदिकाय च।
अपर्यन्तं महाभागं ध्यायेत् पुत्रार्थमच्युतम्॥२॥

मूल मन्त्र–"**ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते। देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः॥**"

इसका तीन लाख संख्या में जाप करना चाहिए। साथ में हमारे कार्यालय द्वारा प्रकाशित **'सन्तान गोपाल स्तोत्र'** (हिन्दी अनुवाद सहित) पुस्तक में से सन्तान गोपाल स्तोत्र का भी यथासम्भव पाठ करना चाहिए तथा मंत्र/स्तोत्र जप के बाद दशांश, हवन, तर्पण, मार्जन कर ब्राह्मणों को खीर, पूड़ी आदि दक्षिणा सहित भोजन करवाकर उनका आशीर्वाद ग्रहण करें।

लघु शास्त्र विहित सन्तानप्रद मन्त्र

(4) ॐ नमो भगवते जगत् आत्मसूतये नमः।

मन्त्रार्थ (सम्पूर्ण जगत् जिनकी अपनी सन्तान है, उन भगवान् श्री कृष्ण को नमस्कार है) इस मन्त्र का **तीन लाख** की सँख्या में संकल्पपूर्वक जप करने का विधान है। पहले लिखी गई विधि अनुसार प्रतिदिन निश्चित सँख्या में, शुभ मुहूर्त्त से प्रारम्भ करके भगवान् कृष्ण की बाल प्रतिमा के सम्मुख पूर्वाभिमुख होकर, शुद्धासन पर बैठकर श्रद्धापूर्वक पाठ करें।

अथ ध्यान (श्रीकृष्ण)–

शंख चक्रगदा पद्म् दधानं सूतिकागृहे।
अंके शयानं देवक्याः कृष्णं वन्दे विमुक्तये ।।

(अर्थात् सूतिका गृह में शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण किए माता देवकी की गोद में निद्रालीन हुए हैं, उन भगवान् कृष्ण की मैं सन्तान प्राप्ति के प्रतिबन्धक (दोष) से विमुक्त होने के लिए वन्दना करता हूँ।)

इस मन्त्र जप/अनुष्ठान के भी सम्पन्न हो जाने पर श्री **सन्तानगोपाल स्तोत्र** का पाठ, फिर किए पाठ की दशमांश संख्या में हवन, उसका दशांश तर्पण और उसका दशांश मार्जन करना चाहिए। तदनन्तर **ब्राह्मणों को** मिष्ठान्न सहित भोजन, **वस्त्रादि का यथोचित दान-दक्षिणादि देकर उनका आशीर्वाद** ग्रहण करना चाहिए। तथा समाप्ति पर भगवान् श्रीकृष्ण जी की आरती और खीर, हलुवा आदि का **भोग लगाकर** परिवार में सबको बाँटकर स्वयं ग्रहण करें।

पुत्र लाभ के लिए कुछ अन्य जपनीय मन्त्राः

**(5) अस्माकं पुत्र लाभाय भजामि त्वां जगत्पते।
देहि मे तनयं कृष्ण वासुदेव रमापते।। ५।।**

अर्थ–(हे जगदीश्वर ! मैं अपने लिए पुत्र प्राप्ति के लिए उद्देश्य से आपकी आराधना करता हूँ। रमावल्लभा, वासुदेव, श्री कृष्ण ! मुझको पुत्र संतान दीजिए।।५।।

**(6) वासुदेव सुतं देहि तनयं देहि माधव।
पुत्रं मे देहि श्री कृष्ण वत्सं देहि महाप्रभो।। ६।।**

अर्थ–वासुदेव ! मुझे बेटा दीजिए। माधव मुझे तनय (सन्तान) दीजिए। श्री कृष्ण मुझे पुत्र दीजिए। महाप्रभो ! मुझे वत्स (पुत्र सन्तति) दीजिए।। ६।।

**(7) वासुदेव मुकुन्देश गोविन्द माधवाच्युत।
देहि मे तनयं कृष्ण रमानाथ महाप्रभो।। ७।।**

अर्थ–वासुदेव ! मुकुन्द ! ईश्वर ! गोविन्द ! माधव ! अच्युत ! श्री कृष्ण ! रमानाथ ! महाप्रभो ! मुझे पुत्र सन्तान दीजिए।। ७।।

**(8) विद्यावन्तं बुद्धिमन्तं श्रीमन्तं तनयं सदा।
देहि मे तनयं कृष्ण देवकी नन्दन प्रभो ।। ८।।**

अर्थ–प्रभो देवकीनन्दन श्री कृष्ण ! आप साद मेरे लिए विद्वान्, बुद्धिमान और धन-सम्पन्न पुत्र प्रदान कीजिए।

**(9) मदिष्टदेव गोविन्द वासुदेव जनार्दन।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः।। ९।।**

अर्थ–(मेरे इष्टदेव गोविन्द ! वासुदेव ! जनार्दन ! श्री कृष्ण ! मुझे पुत्र सुख प्रदान कीजिए, मैं आपकी शरण में आया हूँ।)

आवश्यक नोट–उपरोक्त मन्त्रों के संदर्भ में ज्ञातव्य रहे कि सभी मन्त्रों की विधि-विधान एवं प्रयोग, 'सुतभाव प्रकाश' पुस्तक के आरम्भ में दिए गए (देवकी सुत गोविन्द) में जो-जो मुहूर्त, विनियोग, अंगन्यास या जप सँख्या, विधि आदि बताई गई है, उपरोक्त मन्त्रों के सम्बन्ध में भी समान रूप में रहेगी। ध्यान रहे, **अर्थ को ध्यान में रखकर किए गए मन्त्र जप का फल विशेष अधिक** होता है।

पाठोपरान्त ऊपर लिखे मन्त्र से कम-से-कम १०८ आहुतियाँ देनी चाहिएँ तथा अन्त में अपनी सामर्थ्यानुसार ब्राह्मण भोजन, दान-दक्षिणा सहित करवाना तथा कन्या पूजन करना कल्याणकारी होगा।

तन्त्रसारोक्त सन्तान गोपाल यन्त्र

पहले अष्टदल कमल बनाकर उसकी कर्णिका में '**क्लीं**' इस काम बीज का उल्लेख करे। फिर वहीं यजमान पति-पत्नी के नाम और उसकी कामना भी लिख दे। यथा– '**अमुकस्य धर्मपत्न्याः अमुकदेव्याः पुत्रं कुरु कुरु।**' फिर आठ दलों के निम्न भागों में दो-दो करके अकारादि सोलह स्वरों को अंकित करे तथा उन्हीं के ऊपरी भागों में सन्तान गोपाल-मन्त्र के चार-चार अक्षरों को लिखे। फिर उन दलों के बाह्य भाग में एक गोल रेखा खींचकर उसे ककारादि वर्णों से आवेष्टित करे। तत्पश्चात् उस वृत्त के बाहर चतुष्कोण बनावें। किसी पात्र में माखन रखकर उस पर यह यन्त्र अंकित करें अथवा सूक्ष्म स्वर्ण या चान्दी आदि के पतरे पर इस यन्त्र को मुद्रित करावें। यन्त्र से अंकित नवनीत को नारी खा जाए और स्वर्णादि पत्रों पर लिखे गए इस यन्त्र को वह धारण करे। इससे वह पुत्र को जन्म देती है।

इस यन्त्र के देवता श्री कृष्ण हैं। यंत्र धारण करने से पूर्व चाँदी की कटोरी में जल रखकर यन्त्र को रेशमी लाल या गुलाबी वस्त्र पर पूजनोपरान्त स्थापित कर देवें, तदनन्तर श्री संतान गोपाल मंत्र एवं स्तोत्र का पाठ करें।

(शारदा तिलक में बताये अनुसार यह सन्तानगोपाल के मन्त्र की अनुष्ठानविधि लिखी गयी है।)

'दीर्घायु व रोगनाश के लिए महामृत्युञ्जय मन्त्र'

'ॐ हौं जूँ सः, ॐ भूर्भुवः स्वः। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनात् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। स्वः भुवः भूः ॐ। सः जूँ हौं ॐ।'

अर्थ–हम परमपिता त्र्यम्बक (भगवान् शिव) की आराधना करते हैं। वह परमसुखदायक एवं पुष्टिवर्धक हैं। जैसे तरबूज आदि फल (पक जाने पर स्वयं ही) बेल से छूट जाता है, वैसे ही (पूर्ण आयु भोगकर) मैं मृत्युमय जीवन से (बिना कष्ट भोगे) छूट जाऊँ, परन्तु अमृतमय जीवन से मत छूटूँ।

संक्षिप्त विधि–यह सम्पुटयुक्त मन्त्र है। ॐकार का प्रतीक शिवलिङ्ग है; उसी के ऊपर अविच्छिन-अनवरत जलधारा के प्रवाहवत अपनी दृष्टि स्थिर करते हुए विश्वासपूर्वक मृत्युंजय महामन्त्र का जाप करता रहे तो ध्यानावस्था प्रत्यक्ष खड़ी हो जाती है और एक विलक्षण आनन्द की अनुभूति होती है।

किसी शुभ मुहूर्त में शुद्ध शान्तचित्त, संयमपूर्वक देवालय (विशेषकर शिव मन्दिर), गंगादि तीर्थ स्थान, जलाशय, पीपल वृक्ष के पास अथवा अपने निवास स्थान में स्वच्छ एकान्त स्थान पर संकल्पपूर्वक निश्चित विषम संख्या (एक, तीनादि) में नियमित रूप में श्रद्धापूर्वक पाठ करने से अवश्य लाभ मिलता है। जप संख्या में उलट-फेर या कमी बेशी करने से विक्षिप्तता का भय रहता है। जपसंख्या पूर्ण हो जाने पर जपसंख्या का दशमांश हवन, हवन का दशांश तर्पण तथा एवं तर्पण का दशांश मार्जन एवं यथेष्ट दानादि सहित ब्राह्मण भोजन करवाना चाहिए तथा पाठोपरान्त शिव कवच पढ़ना चाहिए। जप के बाद इस प्रकार प्रार्थना करनी चाहिए।

गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्। सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादन्महेश्वर॥
मृत्युंजय महारुद्र त्राहि मां शरणागतम्। जन्ममृत्युजरारोगैः पीडितं कर्मबन्धनैः॥

श्रीमहामृत्युन्जय मंत्र के जप से अकालमृत्यु का निवारण, दीर्घायु व आरोग्य की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त जन्मकुण्डली में ग्रह-नक्षत्र दोष, नाड़ी दोष, मंगलीक दोष, शत्रुषडाष्टक, विधुर एवं वैधव्यादि दोषों के निवारण हेतु तथा अतिशय क्लिष्ट एवं असाध्य रोगों और मृत्युतुल्य शारीरिक एवं मानसिक रोगों में उपायस्वरूप अचूक एवं सिद्ध मन्त्र माना गया है।

''श्रीमहामृत्युंजय कवच यन्त्रम्''

भोजपत्र पर अष्टगन्ध से यन्त्र लिखकर गुग्गुल का धूप देकर पुरुष के दाहिने और स्त्री के बायें हाथ में बाँध देना चाहिए। गोत्र, पिता का नाम, पुत्र या पुत्री (रोगी) का नाम यथास्थान लिख देना चाहिए। साथ में रुद्राक्ष माला से महामृत्युञ्जय जप करते रहें।

अचानक आए संकट को दूर करने के लिए

ॐ इत्थं यदा यदा बाधा दानवोत्था भविष्यति।
तदा तदावतीर्याहं करिष्याम्यरिसंक्षयम् ॐ॥

मार्कण्डेय पुराण में देवी भगवती ने स्वयं प्रतिज्ञापूर्वक कहा है–**''जब-जब संसार में दानवी बाधा उपस्थित होगी, तब-तब अवतार लेकर मैं शत्रुओं का संहार करूँगी।''**

विधि–इस मंत्र की 1008 आहुति एक पान पर, शाकल्य, कमलगट्टा घी में भीगोकर, 1 सुपारी, 2 लौंग, 1 इलायची तथा गुग्गल, रक्त पुष्प, रक्त चन्दन से वेष्टित कर, सभी वस्तुएं सुर्वे में लेकर खड़े होकर हवन में समर्पित करने से अचानक आई हुई विपत्ति या संकट शीघ्र दूर हो जाता है।

भूमि-मकान-जायदाद-कृषिभूमि खरीदने/प्राप्ति के लिए

किसी से भूमि/जायदाद खरीदने या किराये पर लेने का प्रयास किया जा रहा हो अथवा किसी वाद-विवाद-शत्रुता-मुकद्मा आदि के चक्कर में अपनी ही ज़मीन-जायदाद-मकान आदि नष्ट होने की स्थिति पैदा हो रही हो तो द्विपुष्कर या त्रिपुष्कर योग जिस दिन पड़े, उस दिन अपनी आकांक्षा के अनुसार संकल्प करके श्रीगणेश-गौरी-कार्तवीर्य-दत्तात्रेय और वराह देवता की विधिवत् पूजा करके 10 दिन इस मंत्र का जाप 10-10 माला प्रतिदिन करें–

''ॐ एकदण्ष्ट्राय विद्महे महावराहाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रयोदयात्॥''

11वें दिन इसी मंत्र के 10 माला के जप द्वारा तिल, मधु, घी का हवन करें। फिर 12वें दिन से 27 दिन तक, कुल 16 दिन 5-5 माला प्रतिदिन इसी मंत्र का जप करें–

''ॐ नमो भगवते वराहरूपाय भूर्भुवः स्वः पतये भूपतित्वं मे देहि च दापय स्वाहा॥''

28वें दिन इसी मंत्र के 8 माला जप द्वारा खड़ी हल्दी और घी का हवन करें। फिर 29वें दिन से 40 दिन तक, कुल 12 दिन 12-12 माला प्रतिदिन इस मंत्र का जप करें–

''ॐ श्रीवराहायधरण्युद्धारणाय स्वाहा''

41वें दिन इसी मंत्र का 15 माला जप छोटी इलायची, मधु, घी का हवन करें। 42वें दिन 3 ब्राह्मणों को विधिवत भोजन कराकर सर्वांग वस्त्र दान देने से भूमि/मकान/जायदाद की इच्छित कामना पूर्ण होती है।

कन्या के शीघ्र विवाह का अनुष्ठान

आजकल प्रायः यह देखा जा रहा है कि कई परिवार के लोगों को अपनी कन्या के विवाह के लिये विशेष प्रयत्नशील होने पर भी दहेज आदि की समस्याओं के कारण सफलता नहीं मिलती; कन्याएँ भी माता-पिता की इस चिन्ता से दुःखी होने लगती हैं और वे उपाय पूछती हैं।

इस प्रकार की स्थिति वाली कन्याओं की संख्या समाज में बहुत अधिक है। यह बड़े ही दुःख की बात है कि दहेज के अभाव से और आजकल के आधुनिक मनोवृत्ति के लड़कों के कारण लड़कियों के विवाह नहीं हो पा रहे हैं और घर-घर ऐसी कठिन समस्याएँ आ रही हैं। ऐसे लड़कों को तथा उनके अभिभावकों को तैयार होना चाहिये, जो बिना दहेज के विवाह करने को प्रस्तुत हों ; इसके साथ ही विवाहोपरान्त पति-पत्नी का परस्पर सामञ्जस्य न बैठने के कारण तलाक भी होने लगा है जो सर्वथा शास्त्रविरुद्ध है। परस्पर पति-पत्नी में सद्भाव तथा स्नेह-प्रेम भी रहना ही चाहिये। इसके लिए यहाँ एक अनुष्ठान प्रस्तुत है–

अतः मनोऽभिलाषित घर-वर शीघ्र प्राप्त करने के लिये कुमारी कन्याओं को प्रतिदिन माता पार्वती के चित्र का चन्दन-पुष्प आदि से पूजन कर आगे लिखे मन्त्र की ग्यारह माला का जप करना चाहिये। ग्यारह माला न हो सके तो पाँच माला (१०८ दानों की एक माला)–का जप अवश्य करना चाहिये। समयाभाव में भी एक माला तो करनी ही चाहिये तथा कातर-हृदय से पार्वती

माता से प्रार्थना करते हुए नीचे लिखी चौपाइयों की एक आवृत्ति पाठ करना चाहिये। श्रद्धा-भक्तिपूर्वक करने पर इस प्रयोग से शीघ्र सफलता मिलती है–

मन्त्र यह है– हे गौरि शंकरार्धाङ्गि यथा त्वं शंकरप्रिया।
तथा मां कुरु कल्याणि कान्तकान्तां सुदुर्लभाम्॥

प्रतिदिन इसका एक बार पाठ करे–

जय जय गिरिबरराज किसोरी। जय महेस मुख चंद चकोरी॥
जय गजबदन षडानन माता। जगत जननि दामिनि दुति गाता॥
नहिं तव आदि मध्य अवसाना। अमित प्रभाउ बेदु नहिं जाना॥
भव भव बिभव पराभव कारिनि। बिस्व बिमोहनि स्वबस बिहारिनि॥
पतिदेवता सुतीय महुँ मातु प्रथम तव रेख।
महिमा अमित न सकहिं कहि सहस सारदा सेष॥
सेवत तोहि सुलभ फल चारी। बरदायनी पुरारि पिआरी॥
देबि पूजि पद कमल तुम्हारे। सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे॥
मोर मनोरथु जानहु नीकें। बसहु सदा उर पुर सबही कें॥
कीन्हेउँ प्रगट न कारन तेहीं। अस कहि चरन गहे बैदेहीं॥
बिनय प्रेम बस भई भवानी। खसी माल मूरति मुसुकानी॥
सादर सियँ प्रसादु सिर धरेऊ। बोली गौरि हरषु हियँ भरेऊ॥
सुनु सिय सत्य असीस हमारी। पूजिहि मनकामना तुम्हारी॥
नारद बचन सदा सुचि साचा। सो बरु मिलिहि जाहिं मनु राचा॥
मनु जाहिं राचेउ मिलिहि सो बरु सहज सुंदर साँवरो।
करुना निधान सुजान सीलु सनेहु जानत रावरो॥
एहि भाँति गौरि असीस सुनि सिय सहित हियँ हरषीं अली।
तुलसी भवानिहि पूजि पुनि पुनि मुदति मन मंदिर चली॥
जानि गौरि अनुकूल सिय हिय हरषु न जाइ कहि।
मंजुल मंगल मूल बाम अंग फरकन लगे॥

(रा० च० मा ० १। २३५ । ५ से २३६ तक)

अभीष्ट वर प्राप्ति के लिए अन्य मंत्र

जिन कन्या के विवाह-कार्य में बार-बार विघ्न-बाधाएं पड़ती हों, उसको गुरु-पुष्य, रवि पुष्य, अक्षया तीज, श्रावण मास में, दीपावली, बसन्त अथवा नवरात्रों में निम्नलिखित मन्त्र का आरम्भ करके यथेष्ठ संख्या में ५१ हज़ार अथवा सवा लाख की संख्या में नियमित रूप में, शिव-पार्वती अथवा माता के मन्दिर में धूप, दीप जलाकर पीले एवं लाल पुष्प चढ़ाकर सुनिश्चित समय में नियमित रूप से संकल्पपूर्वक एवं विधिवत् जप करना चाहिए। इससे देवी कीकृपा से अवश्य कामना सिद्धि होती है–

ॐ कात्यायनि महामाये महायोगिनी अधीश्वरी।
नन्दगोपसुते देवि ! पतिं मे कुरु ते नमः॥

इसके साथ प्रति सोमवार का व्रत तथा पार्वती मंगल स्तोत्र का पाठ भी किया जाए, तो मनोवांछित फल की प्राप्ति शीघ्र होती है। इसके अतिरिक्त अन्य अनेक शास्त्रोक्त प्रयोग प्रसंगवश मिलते हैं, जिनका जातिका की ग्रहदशा का अवलोकन करके करना चाहिए।

विदेश यात्रा के लिए कुछ सफल प्रयोग

(1) शुक्ल पक्ष के मंगलवार के दिन एक छोटी शीशी में शहद भरकर यह मन्त्र तीन बार पढ़कर किसी एकान्त स्थान में भूमि में गड्ढा खोदकर गाड़ देवें। मन्त्र–"**ॐ भूमिपुत्राय नमः, ॐ भूमि नन्दनाय नमः, ॐ सर्वकामफल प्रदाय नमः॥**" मंत्र पढ़ने के बाद शुद्ध पानी के 3 बार छींटें दे देवें।

(2) प्रस्तुत यंत्र को नवरात्रों में अथवा अक्षय तीज या गुरुपुष्य योग में भोजपत्र पर अष्टगन्ध की स्याही एवं अनार की कलम से लिखकर पंचोपचार विधि से 'सर्वमंगल मांगल्ये....' आदि मन्त्रों से पूजा करके। माला '**ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे**' 31 दिन तक निरन्तर करके 9 कन्याओं का पूजन करके प्रसाद बांटे तो विदेश यात्रा में पड़ने वाले विघ्न दूर होंगे।

(3) सुन्दरकाण्ड का पाठ–किसी शुक्ल पक्ष के मंगलवार अथवा अन्य सिद्ध मुहूर्त्तों से प्रातः स्नानादि के बाद संकल्पपूर्वक श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ निरन्तर 108 दिन (बिना क्रम तोड़े) तक करना शुभ होगा। पाठारम्भ वाले मंगलवार से हर मंगलकर को श्रीहनुमान चालीसा का भी पाठ करके श्रीहनुमान मंदिर में मिष्ठान्न युक्त प्रसाद बच्चों में बांट देवें। प्रतिदिन पाठ के बाद निम्न चौपाई भी पढ़ लेवें तो शीघ्र लाभ होगा–

पवनतनय बल पवन समाना। बुद्धि विवेक विग्यान निधाना।
कवन सो काज कठिन जग माही। जो नहि होइ तात तुम्ह पाही॥ कि. का.

धनप्रदायक सिद्ध बीसा यन्त्र

गुरुपुष्य योग अथवा शुक्ल पक्ष के गुरुवार के दिन शुभ मुहूर्त्त में भोजपत्र पर अष्टगन्ध की स्याही से सोने की निब अथवा चमेली की कलम से लिखकर मन्त्रोपचार पूजन कर रुद्राक्ष अथवा स्फटिक की माला से २१ हज़ार नवार्ण मन्त्रों द्वारा अभिमन्त्रित कर स्वर्ण, चांदी आदि के यन्त्र में भरकर धारण करने से धन, धान्य व सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

बारह राशियों के जप मन्त्र

ज्योतिष भारत की अति प्राचीन विद्या है। हमारे प्राचीन संतों, ऋषियों ने सम्पूर्ण आकाश मंडल का व्यापक अध्ययन करने पर जो निष्कर्ष दिए हैं, उन्हें आज भी विज्ञान मानता है। उन्होंने सम्पूर्ण आकाश मण्डल को जो अनन्त असीम है, सूर्य को आधार मानकर १२ खण्डों में विभाजित कर ज्योतिष विद्या को जन्म दिया है। उसी के आधार पर नाभीय चक्र को १२ राशियों एवं २७ नक्षत्रों में बांटा गया है। अलग-अलग राशि का अपना-अपना अलग विशेष देवता से अभिन्न सम्बन्ध है। प्रत्येक साधक को अपनी जन्म राशि से सम्बन्धित देवता और ग्रह का पूजन करना कल्याणकारी रहता है।

राशियों के देवता और मन्त्र-प्रत्येक साधक को अपनी सुविधा के अनुसार प्रतिदिन अपनी राशि के अधिष्ठित मन्त्र की कम-से-कम एक माला का जाप करते रहने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।

(१) मेष राशि-इस राशि के देवता भगवान् विष्णु हैं, अतः इनकी उपासना श्री लक्ष्मी नारायण मन्त्र के जाप से करनी चाहिए।

मन्त्र-"ॐ श्री लक्ष्मी नारायणाय नमः।"

इस मन्त्र का जाप केले के वृक्ष के पास अथवा लक्ष्मी-नारायण के मन्दिर में करें। फल और लड्डुओं का भोग लगाएं।

(२) वृष राशि-इस राशि के देवता भगवान् वासुदेव हैं। उनकी उपासना वासुदेव मन्त्र से करनी चाहिए।

मन्त्र-"ॐ क्रीं वासुदेवाय नमः"

(३) मिथुन राशि-इस राशि वालों को केशव मन्त्र का जाप करना चाहिए। भगवान् कृष्ण की दूध-दही, मक्खनादि से पूजन करें।

मन्त्र-"ॐ क्रीं केशवाय नमः"

(४) कर्क राशि-इस राशि वालों को हरिवंश मन्त्र का जाप करना चाहिए। राधा-कृष्ण के मन्दिर में खोये के लड्डुओं का भोग लगाना चाहिए।

मन्त्र-"ॐ ह्रीं हरिहराय नमः"

(५) सिंह राशि-इस राशि वालों को मुकुन्द भगवान् (मदन गोपाल) का पूजन लाभकारी होगा। मुकुन्द भगवान् की खीर तथा मालपुओं से पूजा करनी चाहिए।

मन्त्र-"ॐ बालमुकुन्दायः नमः"

(६) कन्या राशि-इस राशि वालों को पीताम्बरधारी (पीत वस्त्रधारी) भगवान् कृष्ण का ध्यान करना चाहिए। पीले चावल और पीले रंग का हलवा भगवान् को अर्पण करें।

मन्त्र-"ॐ ह्रीं पीताम्बराय परमात्मने नमः"

(७) तुला राशि-इस राशि वालों को भगवान् श्री राम का सपरिवार पूजन करना लाभप्रद रहेगा। अपने को अति प्रिय लगने वाले मिष्ठान सहित पूजन करना चाहिए।

मन्त्र-"श्री रामः शरणं मम"

(८) वृश्चिक राशि-इस राशि वालों को नर-नारायण भगवान् की उपासना करनी चाहिए। जाप के उपरांत मास में कम-से-कम एक बार ब्राह्मण दम्पत्ति को भोजन करवाना चाहिए।

मन्त्र-"ॐ नमो नारायणाय नमः"

(९) धनु राशि-इस राशि के जातक को श्री धरणीधर भगवान् का पूजन और उपासना करनी चाहिए। जगत धारण करने वाले भगवान् का ध्यान करते हुए कच्चा दूध-दही अर्पण करें।

मन्त्र-"ॐ ह्रीं श्रीं क्रीं धरणीधराय: नमः"

(१०) मकर राशि-इस राशि वालों को ब्रह्मातारक की उपासना करनी चाहिए। जाप नियमित रूप से करते हुए संक्रान्ति और अमावस्या को सफेद वस्त्र, खीर तथा फलादि का दान ब्राह्मण को दक्षिणा सहित करें।

मन्त्र-"ॐ श्री वत्साय उपेन्द्राय नमः"

(११) कुम्भ राशि-कुम्भ राशि वालों को गोविन्द गोपाल की पूजा करनी चाहिए। गाय को हरा चारा और पेड़ा-शक्कर डाल कर खिलाएं। कृष्ण भगवान् का ग्वाल-बालों सहित ध्यान करें।

मन्त्र-"श्री गोपाल गोविन्दाय नमः"

(१२) मीन राशि-इस राशि वालों को प्रमुखत्या चक्रपाणि और दामोदर भगवान् की उपासना करनी चाहिए। जाप करते समय भगवान् विष्णु का शेष शैय्या पर विराजमान लक्ष्मी जी सहित ध्यान करें। भगवान् को दूध, क्षीर और दूध के बनी मिठाई और नारियल अर्पण करें।

मन्त्र-"ॐ ह्रीं श्रीं क्रीं रथाङ्गचक्राय नमः"

उपर्युक्त मन्त्रों का जाप शुभ मुहूर्त्त में किसी विद्वान् ब्राह्मण द्वारा विधिपूर्वक शुरू करावें और स्वयं पाठ होते समय मांस, मछली, नशादि से परहेज करें। कम से कम दिन में एक अच्छा पुण्य कार्य अवश्य करें। माता-पिता की आज्ञा का पालन, उनकी सेवा करके आशीर्वाद ग्रहण करना कल्याणकारी रहेगा।

कालसर्प दोष निवारक रक्षक यंत्र

कालसर्प यंत्र को शनि प्रदोष के दिन, शिवरात्रि, नागपंचमी या अनन्तचतुर्दशी के दिन ताम्र पत्र पर खुदवाकर या भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही तथा अनार की कलम से लिखकर निम्न मंत्र द्वारा 21 बार अभिमन्त्रित करके अपने सिर से तीन बार Anticlock घुमाकर चलते पानी में बहा देवें।

मन्त्र- ॐ नमोऽस्तु सर्पेभ्योये के च पृथिवीमनुः।
ये अन्तरिक्षे यो दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः।। ॐ सर्पेभ्यो नमः।।

प्रश्नोत्तर–समस्याएँ और समाधान

(1) समस्याएं–(i) अत्यावश्यक परिस्थिति में यदि किसी जातक के लिए काम्यव्रत या यज्ञ करना असम्भव हो, तो उसके निमित्त किसे व्रत, यज्ञ आदि का अधिकारी होना चाहिए?

(ii) क्या गुरु–शुक्र अस्तकाल में नवग्रह शान्ति, दुर्गा–पाठ हवन, महामृत्युञ्जय पाठ, हवनादि करवाया जा सकता है या नहीं ?

–पं. दीवान चन्द शर्मा ज्यो., गाँ-पोलियां, हरोली, जिला-ऊना (हि.प्र.)

समाधान–(i) यात्रा, आपत्ति, दुर्बलता, रोग, अध्ययनकाल में, स्थानान्तरण अथवा अन्य किसी अपरिहार्य कारण से यदि व्यक्ति स्वयं व्रत न कर सके तो, वह असमर्थ व्यक्ति अपने स्थान पर प्रतिनिधि रूप में यज्ञ, व्रत या हवन आदि करवा सकता है। शास्त्रानुसार पुत्र, पत्नी, बहिन, भाई, पति, पुरोहित, मित्र, शिष्य आदि को प्रतिहस्तक (प्रतिनिधि या एवजी) बनाकर उनसे करावे। उपर्युक्त प्रतिनिधि प्राप्त न हो तो वह काम–ब्राह्मण से हो सकता है।

भर्ता पुत्रः पुरोधाश्च भ्राता पत्नी सखापि च।
यात्रायां धर्मकार्येषु कर्त्तव्याः प्रतिहस्तकाः।। (मदनरत्न)

अपि च, **पुत्राद् वा कारयेदाद्याद् ब्राह्मणाद् कपि कारयेत्।।** (वायुपुराण)

धर्मसिन्धु अनुसार व्रत, यज्ञ के प्रतिनिधि को भी व्रतादि का फल मिलता है।

(ii) श्रीमहामृत्युञ्जय मंत्र/जप, दुर्गा-पाठ जोकि विशेषकर काम्य (कामना) हेतु करवाया जा रहा हो, तो गुरु/शुक्रास्तादि दोषों का विचार अवश्य करना चाहिए। परन्तु यदि जप निष्काम भाव से किया जा रहा हो अथवा किसी गम्भीर संकट या शरीर कष्ट आदि की निवृत्ति के लिए जप करना हो, तो गुरु-शुक्रास्त होने पर भी शुभ तिथियों में जप, पाठारम्भ करवा सकते हैं। अति आवश्यक परिस्थितिवश शुभ कार्यों को गुरु-शुक्र के अस्त में तत्ग्रह सम्बन्धी पूजनादि, दान, जप के बाद किए जा सकते हैं–

आचार्य बृहस्पति अनुसार– **शान्तिं कृत्वा तयोस्तद्वच्छुक्रदेवेन्द्रमन्त्रिणः।**
होमैर्दानैर्जपैर्वापि तपोरुकैश्च मन्त्रकैः।।

गुरु–शुक्रास्त काल में काम्य एवं शुभ कार्यों का निषेध ही माना गया है। केवल नित्य, नैमित्तिक कर्म तथा पहले से ही प्रारम्भ किए हुए किसी पाठ/जप के अनुष्ठान में हवन, शान्ति, दान, जप के बाद अस्त का विचार करने की आवश्यकता नहीं।

(2) वि. संवत् 2071 के 'पंचांगदिवाकर' में 'प्लवंग' नामक संवत्सर का नाम लिखा गया था। जबकि दिल्ली से प्रकाशित कुछ पंचांगकारों ने 'कीलक' संवत्सर लिखा था ? इस मतभेद को स्पष्ट करें ?

–पं. अनुपम शर्मा, AM Block, श्रीशिव मन्दिर, शालीमार बाग, दिल्ली-88

समाधान–इसके समाधान के लिए पृष्ठ 65 देखिए।

(3) वि. संवत् 2071 के 'पंचांगदिवाकर' में आश्विन संक्रान्ति 16 सितं. को लगाई गई थी। जबकि अन्य अनेक पंचांगों में यह 17 सितं. को थी। यह मतभेद क्यों हुआ ?

–पं. देवराज शास्त्री, VPO-जुखाला, जिला–हमीरपुर (हि.प्र.)

समाधान–जिस वार में सूर्य राशि परिवर्तन करता है, उसी वार को पश्चिमोत्तर भारत (विशेषकर पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, जम्मू आदि) में संक्रान्ति पर्व मनाया जाता है और वहाँ उसी वार/दिन से सौर मास (सौर मास का प्रथम प्रविष्टा) शुरु होता है। यहाँ यह ध्यान रखना आवश्यक है कि भारतीय ज्योतिष के अनुसार प्रत्येक नवीन **'वार'** का प्रारम्भ सूर्योदय से होता है। अतः सूर्योदय से दूसरे दिन के सूर्योदय तक के समय को वार कहा जाता है। वि. संवत् 2071 में सूर्य का कन्या राशि में प्रवेश 17 सितं., बुधवार को प्रातः 6घं.–11मि. (भा.स्टैं.टा.) पर हुआ था। लगभग सभी पंचांगकारों ने 1-2 मिनट के अन्तर से यही समय लिखा था क्योंकि जालन्धर के सूर्योदय अनुसार **'पंचांगदिवाकर'** में घड़ी-पलादि दिए जाते हैं, अतएव 17 सितं. 2014 ई. को जालन्धर का सूर्योदय 6घं.–16मि. था। अतः स्पष्ट है कि जालन्धर तथा उन नगरों (कांगड़ा, हमीरपुर, धर्मशाला, ऊना) में जहाँ सूर्योदय 17 सितं. को 6घं.–11मि. के बाद था, वहाँ **'आश्विन संक्रान्ति'** 16 सितं., मंगलवार को ही थी। जिन नगरों (चण्डीगढ़, मण्डी, सोलन, शिमला, नाहन) में सूर्योदय 6घं.–11मि. से पहले हुआ था, वहाँ उन पंचांगों में **'आश्विन संक्रान्ति'** 17 सितं. को लिखी गई थी। अतएव यह भेद सूर्योदय अन्तर के कारण कभी भी घटित हो सकता है। यद्यपि आश्विन संक्रान्ति का स्नानदानादि पुण्यकाल **'पंचांगदिवाकर'** में लिखे अनुसार 17 सितं., बुधवार को दोपहर 12घं.–35मि. तक ही था।

पर्वों में सूर्योदय या चन्द्रोदय भेद के कारण यह अन्तर आना स्वाभाविक है।

नोट–स्थानाभाव के कारण कुछ समस्याओं के समाधान यहाँ नहीं दे सका, उन्हें अगले वर्ष के **'पंचांगदिवाकर'** में देने का प्रयास करूँगा।

–पं. विवेक शर्मा

सूर्य–चन्द्रग्रहण में जनन एवं प्रथम रजोदर्शन का फल

यदि किसी स्त्री को सूर्यग्रहण अथवा चन्द्रग्रहण में प्रसव हो अथवा किसी स्त्री को प्रथम बार मासिक धर्म हो, तो उसके कारण स्त्री या बालक/बालिका को व्याधि तथा पीड़ा होती है। यथा– **ग्रहणे चन्द्रसूर्यस्य प्रसूतिर्यदि जायते।**
व्याधिपीडा तथा स्त्रीणामादौ तु ऋतुदर्शनात्।।

इसकी शान्ति-विधि संक्षिप्त रूप से इस प्रकार वर्णित है–जिस नक्षत्र में ग्रहण लगा हो, उस नक्षत्र-देवता की सुवर्ण-प्रतिमा बनवाएं। यदि सूर्यग्रहण हो, तो सूर्य की मूर्त्ति स्वर्णधातु से तथा चन्द्रग्रहण हो, तो चन्द्रमा की मूर्त्ति चाँदी से बनवानी चाहिए। तदनन्तर राहु-प्रतिमा का नागधातु (सीसा) से बनवानी चाहिए। तदनन्तर हवन हेतु सूर्य, चन्द्रमा एवं राहु से सम्बन्धित वस्तुओं/पुष्प अर्पण करें तथा सूर्य, चंद्र व राहु की समिधा से हवन करना चाहिए। कलश-स्थापन, पूजन, अभिषेक करने के पश्चात् आचार्य-पूजन, ब्राह्मण-भोजन एवं दक्षिणा आदि से सन्तुष्ट करना चाहिए।

मेषादि राशियों का ग्रहगोचर अनुसार फलादेश–2015 ई०

आगे बारह राशियों का मासिक एवं वार्षिक फल ग्रहों की गोचर स्थित्यनुसार लिखा गया है। अपने जीवन सम्बन्धी और अधिक जानकारी एवं महत्त्वपूर्ण पक्ष जैसे–विद्या, व्यवसाय, नौकरी, विवाह, सन्तान, विदेश गमनादि प्रश्नों सम्बन्धी विशेष फलादेश तथा तत्सम्बन्धी समस्याओं के विशेष उपाय जानने के लिए शुद्ध एवं बड़ी जन्मपत्री का होना आवश्यक है। हमारे कार्यालय से शुद्ध एवं विस्तृत हस्तलिखित जन्मपत्री बनवाने के लिए जातक/जातिका का नाम, जन्म-समय, जन्म स्थान (Place & Time of Birth), माता-पिता का नाम एवं व्यवसाय आदि का विवरण तथा अग्रिम रूप में पूरी फीस भेजें। मध्यम विस्तृत जन्मपत्री हस्तलिखित फलादेश सहित की फीस 901, अधिक वृहद् विस्तृत की 1250 रु. से 2100 रुपए। सामान्य मध्यम जन्मपत्री की 801 रु., वार्षिक वर्षफल, उपायों आदि सहित की फीस 601 रु.। विदेश में उत्पन्न जातक की फीस 31 पौंड अथवा 51 डालर होगी। डाक व्यय 50 रु. जोड़कर भेजें, फीस M.O. या ड्राफ्ट द्वारा अग्रिम इस पते पर भेजें– –पं. विवेक शर्मा, सुपुत्र पं. पन्ना लाल शर्मा, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर-8 (पंजाब), फोन-0181-2457959

भविष्यफल–जनवरी–सन् 2015 ई.

मेष–मासारम्भ में राशिस्वामी मंगल की उच्च एवं शुभ दृष्टि पड़ने से अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। परन्तु शनि की ढैय्या के कारण मानसिक तनाव एवं घरेलु उलझने भी बढ़ेंगी। उत्तरार्द्ध भाग में वृथा दौड़ धूप अधिक तथा खर्च भी अधिक रहेंगे। क्रोधाधिक्य से बचें।

वृष–मासारम्भ में राशिस्वामी शुक्र भाग्य स्थान में होने से धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। कुछ बिगड़े काम भी बनेंगे। मंगल के कारण खर्च भी अधिक रहेंगे। ता. 23 से व्यवसाय में दौड़ धूप बढ़ेगी। इन दिनों वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें।

मिथुन–राशिस्वामी बुध अष्टमभाव में भौम युक्त है। व्यवसाय में भागदौड़ अधिक एवं खर्च भी अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य में विकार का भय है। किसी निकट बन्धु से मतान्तर हो। 5 जन. से हालात बेहतर हों। मकर संक्रांति को गर्म वस्त्र एवं तिलों का दान करना शुभ होगा।

कर्क–मासारम्भ में इस राशि पर वक्री गुरु का संचार बना हुआ है। धर्म-कर्म की ओर रुचि बढ़ेगी। अत्यधिक परिश्रम के बाद गुजारे योग्य आमदन के साधन बनते रहेंगे। खर्चों की भी विशेष अधिकता रहेगी। मासान्त में बनते कामों में विघ्न एवं खर्च अधिक होंगे।

सिंह–मासारम्भ में सूर्य पंचम में होने से कार्य-क्षेत्र में कुछ नवीन योजनाएँ बनेंगी। लेकिन धन स्थान में राहु होने से आर्थिक परेशानियों का सामना होगा। क्रोधावेश के कारण धन हानि के योग। शनि की ढैय्या होने से घरेलू उलझनों के कारण तनाव रहे। मकर सक्रांति को गर्म वस्त्र का दान करें।

कन्या–राशि पर राहु का संचार है। राशि-स्वामी बुध पंचम भाव में शुक्र युक्त है। विशेष संघर्ष के बाद निर्वाह-योग्य आय के साधन बनेंगे। अत्यधिक खर्च एवं घरेलू उलझनों के कारण तनाव रहेगा। बनते कामों में अड़चने पैदा होंगी।

तुला–राशिस्वामी शुक्र चतुर्थ भाव में मंगल व बुध के साथ है। इन पर शनि की विशेष तृतीय दृष्टि भी है। कार्य/व्यवसाय सम्बन्धी कुछ नवीन योजनाएँ बनेंगी। अत्यधिक दौड़-धूप करने पर भी धन लाभ विशेष न हो पाए। माघ संक्रान्ति पर गर्म वस्त्र या धार्मिक पुस्तक मन्दिर में दान देना शुभ होगा।

वृश्चिक–राशि पर शनि का संचार है। ता. 4 जन. तक राशिस्वामी मंगल तृतीय स्थान में उच्च राशि में होने से पराक्रम में वृद्धि, कार्य में लाभ व उन्नति के चाँस बनेंगे। ता. 5 से मंगल चतुर्थ स्थान पर आने से अचानक खर्चों में वृद्धि एवं घरेलु परेशानियों का सामना होगा। लक्ष्मी चालीसा का पाठ करना शुभ होगा।

धनु–मासारम्भ में राशिस्वामी गुरु उच्चस्थ होने पर भी आठवें स्थान में होने से अत्यन्त कठिन परिस्थितियों के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। ता. 14 जन. से भाग्येश सूर्य द्वितीय होने से आय कम व खर्च अधिक होंगे। माघ संक्राति को सूर्य उपासना करनी शुभ होगी।

मकर–मासारम्भ से इस राशि पर मंगल उच्चस्थ होकर संचरित है। पुरुषार्थ करने से धन लाभ एवं उन्नति के अवसर मिलेंगे। ता. 14 जन. से इस राशि पर सूर्य का संचार रहेगा। वृथा खर्च एवं परिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। सूर्य उपासना करना शुभ होगा।

कुम्भ–मासारम्भ में राशिस्वामी शनि दशम स्थान में शत्रु राशिगत होने पर भी उस पर गुरु की दृष्टि है। ता. 5 से इस राशि पर मंगल का संचार रहेगा। कार्य/व्यवसाय में निर्वाह योग्य आय के स्रोत बनते रहेंगे। परंतु आकस्मिक खर्च भी अधिक होंगे। घरेलु उलझनों के कारण तनाव व परेशानियाँ होंगी।

मीन–इस राशि पर गुरु की स्वगृही दृष्टि के कारण धन-लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। सोची हुई योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी। धार्मिक कार्यों की ओर रुचि बढ़ेंगी। भाग्य स्थान में शनि कार्यों में विघ्नकारक होगा। खर्च भी बढ़-चढ़ कर रहेंगे। लग्नगत केतु के कारण गुप्त परेशानियाँ भी रहेंगी।

मेष राशि (Aries)

चु, चे, चो, ला, ली, लु, ले, लो, अ

ग्रह गोचर–इस राशि पर शनि की ढैय्या का प्रभाव वर्षभर रहेगा, वर्षारम्भ से राशिस्वामी मंगल की स्वगृही दृष्टि पड़ने से पुरुषार्थ में वृद्धि, कोई शुभ समाचार मिलेगा। फरवरी–मार्च में मंगल 12 वें स्थान में होने से वृथा दौड़–धूप अधिक तथा खर्च बढ़ेगा। सेहत में भी विकार रहे। 31 जुला. से 15 सितं. के मध्य मंगल नीचस्थ परन्तु गुरु की शुभ दृष्टि होने से मिले जुले प्रभाव होंगे।

भविष्यफल–फरवरी–सन् 2015 ई.

मेष–मासारम्भ में राशिस्वामी मंगल एकादश भाव में (कुम्भ राशि) संचरित है। परिश्रम के बावजूद बनते कामों में अड़चने पैदा होंगी। कठिनाई से आय के साधन बनेंगे ता. 12 फर. से मंगल मीन (12वें स्थान) में जाने से वृथा भाग दौड़ एवं खर्च बढ़ेंगे।

वृष–मास के पूर्वार्द्ध तक दशम स्थान पर मंगल-शुक्र का योग होने से कठिनाईयों के बाद ही निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। निकटस्थ बन्धुओं के साथ वृथा मन-मुटाव रहे। उत्तरार्द्ध भाग में कार्यों में विघ्न/बाधाएँ एवं तनाव हो। श्रीदुर्गा पाठ करना शुभ होगा।

मिथुन–मासारम्भ से ही राशिस्वामी बुध अष्टम भाव में अस्तंगत है। कार्य-व्यवसाय में विघ्न बाधाओं का सामना रहे। आकस्मिक खर्च भी बढ़ेंगे, जिससे

मानसिक तनाव व घरेलु उलझनें बढ़ेंगी। स्वास्थ्य भी ठीक न रहे। श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करना शुभ होगा।

कर्क–राशि पर गुरु उच्च स्थिति में संचार करता है, परन्तु 11 फर. तक कार्येश मंगल अष्टम स्थान में होने से बनते कामों में अड़चने रहेंगी। धन लाभ कम परन्तु खर्च अधिक होंगे ता. 12 फर. के मध्य धन लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

सिंह–मास के पूर्वार्द्ध में राशिस्वामी सूर्य छटे स्थान में संचरित है परन्तु उस पर शनि की दृष्टि होने से बनते कामों में अड़चनें होंगी। मानसिक तनाव तथा खर्च भी अधिक रहेंगे। ता. 13 से सूर्य की स्वगृही दृष्टि होने से मान-सम्मान में वृद्धि तथा धन लाभ हो।

कन्या–राशिस्वामी बुध पंचम भाव में सूर्य युक्त है। यद्यपि निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु राहु के कारण मानसिक तनाव एवं उलझनें भी बढ़ेंगी। मासान्त में स्वास्थ्य में विकार-भय, क्रोधावेश से बचें।

तुला–पंचम स्थान में मंगल-शुक्र का योग बना हुआ है। पूर्वार्द्ध भाग में धन-लाभ व उन्नति के चाँस बनेंगे। नए वाहन आदि का सुख प्राप्त होगा। परन्तु मंगल के कारण मानसिक तनाव एवं आकस्मिक धन के खर्च बढ़ेंगे। दुर्घटना आदि का भय होगा, सावधानी बरतें।

वृश्चिक–शनि साढ़ेसाती लगी है। मासारम्भ में राशिस्वामी मंगल चतुर्थ में होने से घर-परिवार सम्बन्धी उलझनें रहेंगी। 13 जुला. तक गुरु की शुभ दृष्टि होने से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। धर्म की और रुचि बढ़ेगी।

धनु–राशिस्वामी गुरु उच्चस्थ होने से धार्मिक कार्यों की ओर रुझान बढ़ेगा, परन्तु वर्षारम्भ में अष्टम स्थान में होने से प्रत्येक कार्य में विघ्न बाधाएँ उत्पन्न होंगी। ता 14 जुला. से गुरु भाग्य स्थान में संचार करेगा। यद्यपि निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

मकर–मास के पूर्वार्द्ध भाग में इस राशि पर सूर्य, बुध का योग बना हुआ है तथा उस पर शनि की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। परिवारिक उलझनों एवं तनाव के बावजूद निर्वाह-योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मास के उत्तरार्ध भाग में आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। शनि स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

कुम्भ–मासारम्भ में इस राशि पर मंगल-शुक्र ग्रहों का योग बना है। शनि दशम में शत्रु राशिगत है, अत्यन्त कठिनाईयों के बाद निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। ता. 13 फर. के बाद सूर्य का संचार होने से घरेलु उलझनों के कारण तनाव एवं खर्चों की अधिकता रहेगी।

मीन–मासारम्भ में इस राशि पर केतु का संचार बना हुआ है, परन्तु इस राशि पर गुरु की स्वगृही दृष्टि पड़ने से आय के साधनों में सुधार होगा। बिगड़े कामों में सफलता प्राप्त होगी। परन्तु केतु के कारण स्वास्थ्य नर्म तथा खर्चों में विशेष तेज़ी रहेगी। श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करना शुभ होगा।

भविष्यफल–मार्च–सन् 2015 ई.

मेष–मासारम्भ में राशिस्वामी मंग. द्वादश भाव में केतु व शुक्र के साथ है। परिवारिक उलझनें तथा आकस्मिक खर्च बढ़ेंगे। अत्यधिक कठिन संघर्ष के बाद भी धन-लाभ कम रहेगा। ता. 15 के बाद सूर्य भी द्वादश होने से आँखों को कष्ट एवं रक्त विकार का भय।

वृष–मासारम्भ में राशिस्वामी शुक्र एकादश में भौम युक्त होकर उच्चक्षेत्री है। धन लाभ एवं गत किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। भूमि-वाहनादि

वृष राशि (Taurus)

इ, उ, ए, ओ, व, बि, वे, वो

ग्रह गोचर– वृष राशि पर शनि की सप्तम किंवा मित्र दृष्टि वर्षभर रहेगी। शुक्र का संचार भाग्य स्थान (मकर) में वर्षारम्भ से ता. 22 जन. तक होने से कार्य व्यवसाय सम्बन्धी कुछ नवीन योजनाएँ बनेंगी। 16 फर. से 11 मार्च के मध्य शुक उच्चस्थ होने से अकस्मात धन लाभ के चाँस। 12 मार्च से 5 अप्रै. शुक्र द्वादश भाव में स्वास्थ्य में खराबी, वृथा भागदौड़। 6 अप्रै. से 1 मई के मध्य शुक्र वृष राशि में संचार करने से कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। 5 जुला. से शुक्र चतुर्थ होने से वाहन आदि पर खर्च होंगे। 25 जुला. से शुक्र वक्री तथा 5 अग. से 19 अग. के मध्य शुक्र अष्टमस्थ होने से बनते कार्यों में विघ्न बाधाओं के संकेत हैं। 3 नवं. से 29 नवं. के मध्य संघर्षपूर्ण हालात बने।

मिथुन राशि (Gemini)

क, कि, कु, घ, छ, के, ह

ग्रह गोचर– वर्षारम्भ से 8 मार्च तक राशि स्वामी बुध अष्टम भाव में होने से स्वास्थ्य नर्म, मानसिक तनाव रहेगा। 9 मार्च से 28 मार्च के मध्य बुध कुम्भस्थ होने से

सुखों की प्राप्ति होगी। किसी प्रियबन्धु से मुलाकात होगी। 12 मार्च से शुक्र द्वादशस्थ होने से आय कम व खर्च अधिक होंगे। परिवारिक उलझनें बढ़ेंगी।

मिथुन–मासारम्भ में राशिस्वामी बुध अष्टम में होने से कार्य/व्यवसाय में अड़चने एवं विलम्ब होगा। स्वास्थ्य में भी विकार उत्पन्न होंगे। ता. 9 मार्च से बुध नवम अर्थात् भाग्य स्थान पर संचार करने से परिस्थितियों में कुछ सुधार होगा। धन लाभ एवं उन्नति के अवसर मिलेंगे। सेहत में भी कुछ बेहतरी होगी।

कर्क–मासारम्भ में गुरु का शुभ संचार होगा, धर्म-कर्म की ओर रुचि बढ़ेगी तथा उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क होंगे। परन्तु धनेश सूर्य अष्टम में होने से विशेष लाभ नहीं उठा पाएँगे। ता. 15 मार्च से सूर्य भाग्य स्थान पर आने से लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

सिंह–मास के पूर्वार्द्ध में राशिस्वामी सूर्य की इस राशि पर स्वगृही दृष्टि रहेगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उच्च प्रतिष्ठित मित्रों के साथ सम्पर्क बनेंगे। उत्तरार्द्ध में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। शनि की ढैय्या होने से धन लाभ अल्प रहेगा। ता. 10 के बाद आय के साधनों में विघ्नों के पश्चात् लाभ होगा।

कन्या–मासारम्भ में बुध पंचम स्थान पर (मित्र राशि) संचार करने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। ता. 9 मार्च से बुध छटे स्थान में होने से बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। खर्च अधिक होंगे। किसी निकट बन्धु से धोखा मिलने के योग हैं, सावधानी बरतें। श्रीराम रक्षा स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

तुला–मासारम्भ में राशिस्वामी शुक्र छटे स्थान में उच्च राशिस्थ भौमयुक्त होकर संचरणशील है। संघर्ष के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के साधन बनेंगे। सवारी, सिनेमा-संगीत, एवं विलास आदि कार्यों पर धन का खर्च अधिक होगा। ता. 12 मार्च से तुला राशि पर शुक्र की स्वगृही दृष्टि होने से बिगड़े कामों में सुधार होगा।

वृश्चिक–इस राशि पर गुरु की शुभ दृष्टि होने से कार्यक्षेत्र में व्यस्तताएं बनी रहेंगी। कोई रुका हुआ कार्य बनने के योग हैं। ता. 18–19 को विदेश सम्बन्धी कार्यों में कुछ विघ्न उत्पन्न होंगे। ता. 20–21 को नए-नए सम्पर्क एवं गठजोड़ भाग्यवृद्धि में सहायक होंगे। शनि के कारण मानसिक तनाव, खर्चों की अधिकता रहेगी।

धनु–विघ्न-बाधाओं के बावजूद प्रयोजन सिद्धि लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुछ अप्रत्याशित सफलताएं प्राप्त होंगी। शत्रु प्रबल होंगे। अकस्मात् धन-लाभ, बन्धु मिलाप, स्त्री-सुख आदि शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नवीन कार्य की योजना बनेगी। श्रीदुर्गा सप्तशती का पाठ करना शुभ होगा।

मकर–इस मास में रुकावटों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधन बढ़ेंगे। व्यवसायिक व्यस्तताएं बढ़ेंगी। माता-पिता का सहयोग विशेष लाभकारी होगा। धार्मिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। मासान्त में विदेशी मित्रों से दान एवं सुख प्राप्त होगा। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें। श्रीदुर्गा सप्तशती तथा श्रीदुर्गा कवच का नित्य पाठ करना कल्याणकारी रहेगा।

कुम्भ–मासारम्भ में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु आरम्भ में इस राशि पर सूर्य का संचार होने से परिस्थितियां संघर्षपूर्ण रहेंगी। आराम कम व दौड़धूप अधिक रहेगी। भूमि व वाहन आदि पर खर्च होंगे। ता. 14 मार्च से शनि वक्री होगा। वाहनादि चलाते समय सावधानी बरतें। चोटादि का भय होगा। स्वास्थ्य में विकार एवं विघ्न तथा खर्च अधिक होंगे।

मीन–मासारम्भ में अत्यधिक संघर्ष के बावजूद धन लाभ रहे। अधिकांश समय व्यर्थ के कामों में व्यतीत होगा। उदर में विकार एवं आँखों में कष्ट का भय

है। उत्तरार्द्ध भाग में किसी नए मित्र के साथ सम्पर्क पैदा होंगे। विद्या अथवा पूर्व में किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी।

भविष्यफल-अप्रैल-सन् 2015 ई.

मेष-राशि पर मंगल-शुक्र का योग बना हुआ है। यद्यपि निर्वाह योग्य धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। परन्तु मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक रहेंगे। संसारिक कार्यों में प्रगति होगी। गृह में खुशी का वातावरण बनेगा। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। **श्रीशिव उपासना** करना शुभ रहेगा।

वृष-राशिस्वामी शुक्र वृष राशि में 6 अप्रैल से संचार करेगा। जिससे मास के पूर्वार्द्ध में शुभाशुभ-दोनों प्रकार के फल प्राप्त होंगे। उत्तरार्द्ध में व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूल खर्ची अधिक होगी। गत किए प्रयासों में सफलता मिलेगी। गृह में कोई शुभ कार्य भी सम्पन्न होगा। शनि की दृष्टि होने के कारण आकस्मिक खर्च होंगे तथा मानसिक तनाव बना रहेगा।

मिथुन-राशिस्वामी बुध नीच राशिगत होने से वृथा भागदौड़ एवं खर्च की अधिकता रहेगी। विदेश सम्बन्धी कार्यों में कुछ प्रगति परन्तु विघ्नों के पश्चात् ही सफलता मिलेगी। ता. 12 के पश्चात् कुछ बिगड़ें काम बनेंगे एवं धन लाभ होगा। मासान्त में मानसिक तनाव, सिर पीड़ा व आर्थिक परेशानियाँ बढ़ेंगी। सूर्याराधना करना शुभ होगा।

कर्क-इस राशि पर गुरु उच्चस्थ होने से पूर्वार्द्ध भाग में धन लाभ व सुख साधनों में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म के कार्यों में रुचि रहेगी। परन्तु मंगल की नीच दृष्टि होने से खर्च अधिक, स्वास्थ्य ढ़ीला एवं मानसिक तनाव बना रहेगा।

सिंह-मास के पूर्वार्द्ध भाग में राशिस्वामी सूर्य आठवें भाव में केतु के साथ होने के कारण धन लाभ एवं बनते कामों में विघ्न बाधाएँ होंगी। स्वास्थ्य में विकार एवं वृथा खर्च बढ़ेंगे। ता. 14 से सूर्य भाग्यस्थान (मेष) में होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। वैशाख संक्रांति को यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, फल, मिष्टान्न आदि का दान करना शुभ होगा।

कन्या-इस राशि पर राहु का संचार है, जिससे वृथा भागदौड़ एवं धन का खर्च अधिक होगा। किसी निकट-बन्धु से मनमुटाव होंगे। क्रोध से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ेगा। आर्थिक-परेशानी होने से गृह में तनाव रहेगा। वाहन चलाने में सावधानी बरतें।

तुला-इस राशि पर मंगल-शुक्र की संयुक्त दृष्टियाँ पूर्वार्द्ध भाग तक रहेंगी। जिससे क्रोध एवं उत्तेजना बढ़ेगी। आय कम व खर्च अधिक होंगे। परिवार में निकट बन्धु से तकरार हो। दुर्घटना से चोटादि का भय है। वैशाख संक्रांति को अनाज, गुड़, फल, वस्त्रादि का दान करना शुभ होगा।

वृश्चिक-इस राशि पर शनि का संचार है, उस पर मंगल एवं गुरु की दृष्टि रहेगी। कार्य-व्यवसाय में अस्थिरता एवं हानि का सामना होगा। बड़ी कठिनता से निर्वाह योग्य धन के साधन बनेंगे। शनि साढ़ेसती के कारण क्रोध व उत्तेजना अधिक रहे, अचानक खर्च बढ़ेंगे।

धनु-लग्नेश गुरु यद्यपि उच्च राशिस्थ है, परन्तु भाग्येश सूर्य चतुर्थ में केतु-बुध के साथ है। कार्यों में विघ्न/बाधाओं का सामना होगा। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होंगे। ता. 14 के बाद धन लाभ व सोची गई योजना में सफलता होगी।

मकर-राशि पर शनि की स्वगृही तथा गुरु की नीच दृष्टि पड़ रही है। विघ्न/बाधाओं के बावजूद गुज़ारे लायक धन प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे। साधु-महात्मा या श्रेष्ठ जनों के साथ संम्पर्क बनेंगे। गुरु की दृष्टि के कारण सेहत में विकार एवं धन का अपव्यय रहेगा।

कुम्भ-राशिस्वामी शनि शत्रु राशिगत है। मास के पूर्वार्द्ध भाग में धन हानि व किसी उच्चाधिकारी से विरोध पैदा हो, शरीर कष्ट व मानसिक तनाव अधिक रहे। बनते कामों में रुकावटें पैदा हों। शनि पर गुरु की शुभ दृष्टि होने से उत्तरार्द्ध भाग में स्थिति में सुधार होगा। बिगड़े काम बनेंगे। निर्वाह योग्य धन लाभ होगा। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। श्रीदुर्गा कवच का नित्य पाठ करें।

मीन-इस मास में किसी मित्र की सहायता से कोई बिगड़ा कार्य बने। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बने रहेंगे। परिवारिक व व्यवसायिक उलझनें भी होंगी। वृथा, वाद-विवाद से बचें। विद्यार्थी वर्ग को इन दिनों पढ़ाई की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सूर्य उपासना एवं गायत्री जाप करना शुभ रहेगा।

कर्क राशि (Cancer)

हि, हु, हे, हो, डा, डी, ड, डे, डो

ग्रह गोचर-- कर्क राशि पर गुरु (बृहस्पति) का संचार उच्चस्थिति में 13 जुला. तक होगा। वर्षारम्भ में मंगल की अशुभ दृष्टि होगी। जिससे मानसिक तनाव विशेष रूप से अधिक रहेगा। 12 फर. से 22 मार्च के मध्य मंगल भाग्य स्थान में होने से विघ्न/बाधाओं के बावजूद आय के साधन बनते रहेंगे। 23 मार्च से कार्य/व्यवसाय की स्थिति कुछ बेहतर परन्तु सेहत में अस्थिरता एवं विकार होंगे। 14 जुला. से गुरु सिंह राशिस्थ होने धन का खर्च अत्यधिक बढ़ेगा। घरेलु परेशानियाँ बढ़ेंगी। स्वास्थ्य हानि एवं तनाव होगा। भाग्योन्नति, एवं उच्च-प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क बनेंगे। 29 मार्च से 11 अप्रै. तक बुध मीन (नीचस्थ) होने से परिवारिक उलझनों के कारण मन अशान्त रहेगा। 12 अप्रै. से 26 अप्रै. के मध्य बुध लाभस्थ होने से धन लाभ के अवसर मिलेंगे। 27 अप्रै. से 4 जुला. के मध्य धन हानि एवं बनते कामों में परेशानी होगी। 5 से 19 जुला. के मध्य बुध मिथुन में (स्वराशि) होने से विलासादि कार्यों पर खर्च होगा। 23 अग. से 28 अक्तू. के मध्य स्वराशिस्थ होने से आय के साधनों में वृद्धि होगी। 17 नवं. से 5 दिसं. के मध्य वृश्चिक राशि में बुध के संचार करने से धन का खर्च अचानक बढ़ेगा।

भविष्यफल-मई-सन् 2015 ई.

मेष-मासारम्भ में राशि पर सूर्य, मंगल का योग है। धन लाभ एवं उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। ता. 15 के बाद सू, बु, मं. दूसरे भाव में होने से कार्यों में विघ्न/बाधाएँ होंगी। आय कम व खर्च अधिक होंगे। श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करना शुभ होगा।

वृष-रुके हुए कार्यों में कुछ सफलता मिलेगी, धन लाभ एवं उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। इस राशि पर शुक्र के साथ ही मंगल का भी संचार होने से दुर्घटना से चोटादि लगने की आशंका है, सावधानी बरतें। द्वितीय भाग में अपव्यय बढ़ेगा। दौड़-धूप अधिक रहेगी। तनाव एवं उलझनें, खर्च भी बढ़ेंगे। हर शुक्रवार को श्री सूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

मिथुन-मासारम्भ से राशिस्वामी बुध एवं मंगल द्वादश भाव में तथा शुक्र इसी राशि (मिथुन) में संचार करेगा। कार्य/व्यवसाय सम्बन्धी दौड़-धूप अधिक होगी, धन के खर्च भी अधिक रहेंगे। वाहन एवं मनोरजंन आदि कार्यों पर खर्च विशेष होंगे। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। इस मास 9,13,17,24 व 29 तारीखें अशुभ होंगी।

कर्क-इस राशि पर गुरु का उच्च स्थिति में संचार है। इस मास में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। द्वितीयेश सूर्य दशम भाव में होने से अकस्मात् धन लाभ व उन्नति के चाँस भी बनेंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे।

सिंह-मासारम्भ में राशिस्वामी सूर्य नवम (भाग्य स्थान) में होने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परिवारिक सुख में वृद्धि होगी। किसी शुभ कार्य पर धन खर्च होगा। परन्तु शनि की ढैय्या के कारण गुप्त चिन्ता व तनाव रहेगा। भलाई करने पर भी बुराई मिलेगी। आकस्मिक खर्च अधिक होंगे। आर्थिक परेशानियों के कारण गुप्त चिन्ताएँ होंगी।

कन्या-इस राशि पर राहु का संचार है। स्वास्थ्य कुछ नर्म रहे। स्वभाव में तेजी तथा व्यर्थ की भागदौड़ अधिक होगी। विरोधी हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। मंगल-बुध का योग होने से किसी नवीन कार्य की योजना बनने पर भी आर्थिक आय के साधन सीमित रहेंगे। श्रीदुर्गा सप्तशती का पाठ करना शुभ होगा।

तुला-मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य/मंगल की दृष्टि पड़ने से लाभ कम व खर्च अधिक होंगे। सिर में दर्द तथा आँखों में कष्ट के योग हैं। परन्तु राशिस्वामी

शुक्र भाग्य स्थान में होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। गायत्री मंत्र सहित सूर्य उपासना करना शुभ होगा।

वृश्चिक–राशि पर शनि साढ़सती का प्रभाव है तथा मंगल की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। इस मास मिश्रित फल होंगे। व्यवसाय में आंशिक लाभ एवं विलासादि कार्यों पर धन का व्यय होगा। क्रोध एवं उत्तेजना से कोई रुका हुआ कार्य बिगड़ने के योग हैं। आर्थिक उलझनों के कारण तनाव व चिन्ताएँ रहेंगी। संक्रान्ति पर '**श्रीआदित्य हृदय स्तोत्र**' का पाठ करना शुभ होगा।

धनु–मासारम्भ में इस राशि पर मंगल व शुक्र ग्रहों की दृष्टियां पड़ रही है जिससे पूर्वार्द्ध भाग में धन लाभ व सुख के साधनों में वृद्धि होगी। धर्म कर्म में रुचि होगी परन्तु आकस्मिक खर्चों के कारण घरेलू उलझनें व परेशानियां होंगी। श्रीनारायण कवच का पाठ करना शुभ होगा।

मकर–इस राशि पर राशिस्वामी शनि की स्वगृही तथा गुरु की नीच दृष्टि रहने से मिश्रित प्रभाव होंगे। संघर्ष एवं कठिनाईयों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परिवार में धर्म-कर्म के कार्यो पर धन का खर्च होगा। परन्तु स्वास्थ्य कुछ ढीला एवं वृथा भागदौड़ रहेगी।

कुम्भ–राशिस्वामी शनि दशम में शत्रुराशिगत है, जिससे व्यवसाय में लाभ कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहेगा। निकट-बन्धुओं से तकरार, आर्थिक उलझनें, परिवारिक कलह एवं मन अशान्त रहेगा। परन्तु शनि पर गुरु की शुभ दृष्टि पड़ने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे, परन्तु खर्च भी विशेष अधिक होंगे।

मीन–राशिस्वामी गुरु उच्चस्थ होने से परिवार में शुभ मंगल कार्य होंगे। पंचम में शुक्र होने से कुछ सोची योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी। परन्तु इस राशि पर केतु का संचार होने से स्वास्थ्य की हानि तथा घरेलू उलझनों के कारण खर्च अधिक होंगे।

भविष्यफल–जून–सन् 2015 ई.

मेष–राशिस्वामी मंगल दूसरे भाव में अस्तंगत है। अत्यन्त कठिनाईयों के बाद आय के साधन बनेंगे। वृथा भागदौड़ एवं आकस्मिक खर्च अधिक होंगे। शनि की ढैय्या के कारण परिवार में मन-मुटाव एवं खर्च अधिक रहें। श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करना शुभ होगा।

वृष–मासारम्भ में इस राशि पर सू.मं.बु. का संचार है। शुक्र तृतीय भाव में गुरु के साथ है। आय कम और खर्च अधिक रहेगा। पुरुषार्थ और परिश्रम करने पर गुजारे लायक धन प्राप्त होता रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्रों में अनेक उतार-चढ़ाव और कार्यशैली में परिवर्तन से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। प्रियबन्धु से मुलाकात और धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। स्वास्थ्य के सम्बन्ध में विशेष सावधानी रखें।

मिथुन–मास के शुरु में राशिस्वामी बुध द्वादशभाव में सूर्य, मंगल के साथ है। व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूल खर्ची अधिक होगी। कुछ बिगड़े काम बनेंगे। गत किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। गृह में कोई मंगलकार्य भी आयोजित होगा। उत्तरार्ध में कुछ घरेलू उलझनों के कारण मन अशान्त रहेगा। खर्च भी बढ़-चढ़ कर होगा। बुधवार का व्रत रखना शुभ होगा।

कर्क–मासारम्भ में इस राशि पर गुरु व शुक्र ग्रहों का संचार होगा। पूर्वार्द्ध भाग में मानसिक तनाव एवं परिवार सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी। बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। खर्च भी अधिक रहेंगे। गुरु की स्थिति शुभ होने से पदोन्नति एवं धन लाभ के योग बनेंगे। किसी श्रेष्ठ एवं उच्चाधिकारी से सम्पर्क बढ़ेगा। नए कार्य की योजना बनेगी। इस राशिवालों को हर शुक्रवार को श्रीसूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

सिंह–मासारम्भ में इस राशि पर मंगल एवं शनि दोनों की शुभाशुभ दृष्टियाँ पड़ रही हैं। कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। मित्रों की सहायता से किसी कठिन कार्य में सिद्धि होगी। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। परन्तु संघर्षपूर्ण परिस्थितियां होंगी। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। संक्रान्ति को तिल, अनाज, फलों व वस्त्रों का दान करना शुभ होगा।

कन्या–मासारम्भ में राशिस्वामी बुध नवम (भाग्य) स्थान में सूर्य, मंगल के साथ अस्त है। किसी शुभ कार्यों पर धन का खर्च होगा। बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। उत्तरार्ध में किसी प्रिय बन्धु से मन-मुटाव व गलतफहमी उत्पन्न हो। अकस्मात् धन का अपव्यय के योग हैं। सोच समझकर खर्च करें। किसी निकट बन्धु से धोखा मिलने के भी संकेत हैं। श्रीगणेश चालीसा का पाठ करना शुभ होगा।

तुला–राशिस्वामी शुक्र दशम में गुरु के साथ है। मित्र के सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा। विघ्न-बाधाओं के बावजूद निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। परन्तु खर्च की भी अधिकता रहेगी। मासान्त में मानसिक तनाव बढ़ेगा। वाहनादि चलाते समय सावधानी बरतें। चोटादि का भय होगा। श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करें तथा दुर्घटनानाशक यंत्र का प्रयोग करें।

वृश्चिक–इस राशि पर शनि साढ़सती है। मासारम्भ में राशि पर गुरु, सूर्य, भौम, बुधादि ग्रहों की शुभाशुभ दृष्टियाँ पड़ रही हैं। संघर्ष के बावजूद धन लाभ सामान्य रहे। अधिकांश समय व्यर्थ के कामों में व्यतीत होगा। उदर विकार एवं आँखों में कष्ट का भय है। धन का अपव्यय बढ़ेगा। किसी नए मित्र के साथ सम्पर्क पैदा होंगे। विद्या अथवा पूर्व में किए गए प्रयासों में सफलता होगी। आकस्मिक खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु–व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहेगी। व्यस्तताएं बढ़ेंगी। किसी विदेशी सम्बन्धी से मुलाकात होगी। व्यर्थ की भागदौड़ अधिक और धन लाभ में विघ्न होंगे। स्वास्थ्य में खराबी और पारिवारिक चिन्ता रहेगी। मासान्त में खर्चों की अधिकता के कारण घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। श्रीदुर्गा पाठ करना शुभ होगा।

मकर–पूर्वार्द्ध भाग में धन हानि एवं किसी उच्च अधिकारी से विरोध पैदा हो, शरीर कष्ट व मानसिक तनाव अधिक रहे। बनते कामों में रुकावटें पैदा हों। उत्तरार्द्ध भाग में स्थिति में सुधार होगा। बिगड़े काम बनेंगे। निर्वाह योग्य धन लाभ होगा। किसी प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। परंतु खर्च भी अधिक रहेंगे।

कुम्भ–राशिस्वामी शनि दशम में है, उसी पर सूर्य, भौम, गुरु की संयुक्त दृष्टियां हैं। मिश्रित फल प्राप्त होंगे। मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। अत्यधिक परिश्रम करने पर भी गुज़ारे लायक ही धन प्राप्त होगा। अचानक खर्च भी अधिक होंगे। क्रोध एवं उत्तेजना से कार्य बिगड़ने के संकेत हैं। धन सम्बन्धी विशेष चिन्ता रहेगी धन लाभ के लिए लक्ष्मी एवं श्रीसूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

मीन–मासारम्भ में केतु का संचार होने से व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूल खर्ची बढ़ेगी। कुछ बिगडे काम बनेंगे। गुरु की दृष्टि होने से गत किए गए प्रयासों में किंचित सफलता मिलेगी। गृह में कोई मंगलकार्य सम्पन्न होगा। परन्तु कुछ घरेलू उलझनों के कारण मन अशान्त रहेगा। खर्च भी बढ़-चढ़ कर रहेंगे।

सिंह राशि (Leo)

म, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे

ग्रह गोचर– इस राशि पर शनि की ढैय्या वर्ष पर्यन्त रहेगी। वर्षारम्भ से सूर्य पंचम में होने से कार्यक्षेत्र में कुछ नवीन योजनाएं बनेंगी तथा गुप्त चिन्ताएँ भी रहेंगी। 14 जन. से 12 फर. तक सूर्य छटे भाव में होने से आय कम व खर्च अधिक होंगे। ता. 13 फर. से सूर्य की दृष्टि होने से गान सम्मान बढ़ेगा। (14 मार्च) से पुनः बनते कामों से विघ्न बाधाएँ होंगी। 14 अप्रै. से सूर्य उच्चस्थ होने से आय स्रोतों में वृद्धि तथा धन लाभ के अवसर बनेंगे। मई–जून में सूर्य-शनि में दृष्टि सम्बन्ध होने आय कम व खर्च बढ़ेंगे। जुला. अग. सूर्य द्वादशस्थ होने से संघर्ष बढ़ेंगे तथा धन हानि होने के संकेत हैं। 17 अग. से 16 सितं. के मध्य सूर्य–गुरु सिंह राशि में ही संचार करेंगे, जिससे बिगड़ें कामों में सुधार होगा धन लाभ के साधन बनेंगे। अक्तू.–नवं. में स्वास्थ्य में विकार, धन हानि तथा बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी।

कन्या राशि (Virgo)

टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

ग्रह गोचर– वर्षारम्भ से 8 मार्च तक राशिस्वामी बुध, पंचम में संचार करेगा। उस पर शनि की विशेष दृष्टि रहेगी। राहु पूरा वर्ष संचार करेगा। संघर्ष

भविष्यफल–जुलाई–सन् 2015 ई.

मेष–मासारम्भ में मंगल तृतीय भाव में सूर्य के साथ अस्तंगत है। संघर्ष के बावजूद धन लाभ के साधन बनते रहेंगे। भूमि, जायदाद एवं वाहनादि पर खर्च अधिक होगा। परिवार में खुशी का वातावरण बनेगा। शनि ढैय्या के कारण बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। धन हानि, कार्य-विलम्ब होने की चिन्ता होगी। घरेलू व व्यवसायिक उलझनें बढ़ेंगी।

वृष–मासारम्भ ता. 5 से राशिस्वामी शुक्र पर शनि की दृष्टि होगी। कार्य व्यवसाय में दौड़-धूप अधिक रहेगी। धार्मिक कार्यों पर भी खर्च होगा। धन लाभ कम, खर्च अधिक होंगे। वाहनादि साधनों पर भी विशेष खर्च रहेंगे। श्रीदुर्गासप्तशती व श्रीसूक्त का पाठ शुभ होगा।

मिथुन–मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य, मंगल ग्रहों का संचार है। ता. 5 से बुध भी इसी राशि पर संचार करेगा। विशेष संघर्ष के उपरांत ही निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। अकस्मात् खर्च भी अधिक होंगे। क्रोध के कारण बनते कामों में अड़चनें रहेंगी। उत्तरार्द्ध भाग में कुछ लाभ के चाँस होंगे।

कर्क–पूर्वार्द्ध भाग में इस राशि पर गुरु का शुभ-स्थिति में संचार होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। शुक्र द्वितीयस्थ होने से मनोरंजन आदि कार्यों पर वृथा खर्च अधिक रहेंगे। उत्तरार्ध भाग में कार्य व्यवसाय के सम्बन्ध में दौड़-धूप एवं खर्च भी अधिक होंगे।

सिंह–मासारम्भ में खर्च अधिक होंगे, कार्य-व्यस्तताएँ भी रहेंगी। परन्तु संघर्ष के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 14 से गुरु का संचार होने से कार्य-व्यवसाय में लाभ व पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु शनि की ढैय्या के कारण मानसिक तनाव व घरेलू उलझनें भी रहेंगी।

कन्या–मासारम्भ में इस राशि पर मंगल की विशेष दृष्टि पड़ रही है। मानसिक तनाव एवं उलझनें अधिक रहेंगी। यद्यपि निर्वाह योग्य धन लाभ के स्रोत बनते रहेंगे। आय कम व खर्च भी अधिक होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से धोखा मिलने के संकेत हैं, सावधानी बरतें। श्रीदुर्गा सप्त. का पाठ करना शुभ होगा।

तुला–शनि साढ़ेसाती का प्रभाव अभी होगा। मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। अत्यधिक संघर्ष के बाद धन लाभ अल्प रहेगा। खर्चों की अधिकता होगी। उत्तरार्द्ध भाग में रुके हुए कार्यों में सुधार, आय में वृद्धि, परन्तु खर्च अधिक होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नए लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। '**श्री सूक्तम्**' का पाठ करना शुभ होगा।

वृश्चिक–व्यवसाय में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अत्यधिक भागदौड़ करने पर भी आय से व्यय अधिक होगा। शनि की साढ़ेसति के कारण मानसिक तनाव व धन का अपव्यय होगा। ता. 12-13 को परिवार सम्बन्धी चिन्ता रहेगी। परन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

धनु–पूर्वार्द्ध भाग में परिश्रम व दौड़-धूप अधिक रहेगी। फिर भी निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में उतार-चढ़ाव व आर्थिक परेशानियाँ रहेंगी। उत्तरार्द्ध भाग में गुरु की दृष्टि होने से आर्थिक क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। किसी उच्चाधिकारी के साथ सम्पर्क बनेंगे।

मकर–राशिस्वामी शनि की स्वगृही तथा मंगल की उच्च दृष्टि होने से मान-सम्मान कार्यों की ओर अभिरुचि बढ़ेगी। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। तथा 29 मार्च से 11 अप्रै. के बीच बुध नीचस्थ से संघर्ष अधिक रहेगा तथा आय कम व खर्च भी बहुत होंगे। 23 मार्च से 2 मई तक बुध अष्टम होने से स्वास्थ्य में विकार हो। 15 जून से 29 जुला. के बीच स्वास्थ्य तथा बिगड़े कामों में सुधार होगा। नवं. में धन लाभ व स्रोतों में वृद्धि होगी। प्रतिदिन गाय को चार मीठी चपातियां और हरा चारा व गुड़ खिलाना शुभ रहेगा। यदि प्रतिदिन संभव न हो तो हर बुधवार को करें।

तुला राशि (Libra)

रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तु, ते

ग्रह गोचर–वर्षारम्भ में राशिस्वामी शुक्र चतुर्थस्थ होने से अड़चनों के बाद कार्य/व्यवसाय में धन प्राप्ति व उन्नति के अवसर मिलेंगे। ता. 16 फर. से 11 मार्च तक उच्चस्थ होने से वाहन आदि सुख/साधनों पर खर्च अधिक होंगे। ता. 12 मार्च से 5 अप्रै. के मध्य शुक्र की स्वगृही दृष्टि होने से धन लाभ व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। 30 मई से 12 अग. तक शुक्र क्रमशः कर्क व सिंह में संचार होने से व्यवसाय में अस्थिरता व हानि का वातावरण बनेगा। 25 जुला. से 5 सितं. तक शुक्र वक्री होगा तथा 1 अक्टू. से 2 नवं. शुक्र सिंह में होने दौड़धूप ज्यादा और खर्च अधिक होंगे। नवं. में वृथा दौड़-धूप एवं धन हानि होगी, स्वास्थ्य भी ठीक न रहे। रंग-बिरंगी (चितकबरी) गाय को हरा चारा चापाती, द्वारा सेवा करना तथा रंग-बिरंगे कुत्ते को दूध व चापाती डालना शुभ होगा।

बढ़ेंगे, भूमि, सवारी आदि सुख-साधनों में वृद्धि होगी। महिलाओं को तनाव और धन की चिन्ता रहेगी। सुन्दरकाण्ड का पाठ करना शुभ होगा।

कुम्भ–राशिस्वामी शनि दशम स्थान में होने से अत्यधिक क्रोध, व्यर्थ में धन का अपव्यय हो। पदोन्नति में विघ्न उत्पन्न होंगे। निकट सहयोगी से कपटपूर्ण धोखा मिले। शुभ कामों में प्रवृत्ति लगे। आकस्मिक खर्च बढ़ेंगे। श्रीसूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

मीन–अचानक धन प्राप्ति के साधन बढ़ेंगे और नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, परन्तु केतु के कारण उचित लाभ नहीं होगा। निकट बन्धुओं के साथ कलह-क्लेश एवं विवाद का भय। आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

भविष्यफल–अगस्त–सन् 2015 ई.

मेष–शुरु में ही राशिस्वामी मंगल अस्तंगत है, शनि की ढैय्या का प्रभाव भी है। फलस्वरूप अत्यधिक दौड़-धूप के बावजूद आय में कमी एवं खर्च अधिक होंगे। कार्य-व्यवसाय में उलझनें एवं रुकावटें पैदा होंगी। क्रोध अधिक एवं तनाव से परिवारिक जनों के साथ मनमुटाव हो। मंगलवार के व्रत रखना शुभ होगा।

वृष–मासारम्भ में राशिस्वामी शुक्र वक्री होकर चतुर्थ भाव में है। विशेष परिश्रम एवं भागदौड़ के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में धन लाभ कम तथा खर्च विशेष अधिक रहेंगे। शनि की दृष्टि के कारण घरेलू तनाव एवं उलझनें अधिक होंगी। स्वास्थ्य भी ठीक न रहे। श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करना शुभ होगा।

मिथुन–राशिस्वामी बुध तृतीय भाव में गुरु, शुक्र ग्रहों के साथ है। इस मास में परिश्रम व दौड़-धूप अधिक रहेगी। फिर भी निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में कई तरह के उतार-चढ़ाव व अन्य परेशानियां रहेंगी। आकस्मिक खर्च होने के योग हैं। मासान्त में आर्थिक क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। किसी उच्चाधिकारी के साथ सम्पर्क रहेंगे।

कर्क–मासारम्भ में मंगल नीच स्थिति में सूर्य के साथ संचार कर रहा है। मानसिक तनाव एवं क्रोध की भावना अधिक होगी। आलस्य में वृद्धि होगी। भाई-बन्धु से मनमुटाव, स्वास्थ्य में गड़बड़ी उत्पन्न हो, मासान्त में विदेश से कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा। धन लाभ कम परन्तु खर्च अधिक रहेंगे।

सिंह–इस राशि पर गुरु व बुध का शुभ संचार है। धर्म-कर्म की ओर रुचि होगी एवं किसी शुभ कार्य पर खर्च होंगे। कठिनाई से धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। परन्तु राशि पर शनि की ढैय्या होने से मानसिक तनाव व खर्च अधिक होंगे। सूर्य देव को अर्घ्य प्रदान करना शुभ होगा।

कन्या–मासारम्भ में राशिस्वामी बुध अधिकांशतः द्वादशस्थ होने से दौड़ धूप अधिक रहेगी। आय कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। कार्य/व्यवसाय में संघर्ष अधिक रहेगा। निकटस्थ बन्धुओं के साथ तकरार रहे। ता. 23 के बाद हालात में सुधार के योग हैं।

तुला–मासारम्भ में इस राशि पर मंगल की दृष्टि होने से स्वभाव में क्रोध व तनाव अधिक रहे। शनि साढ़ेसाती के कारण अत्यधिक परिश्रम के पश्चात् ही निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा। लेन-देन करते समय सावधानी बरतें। बनते कार्यों में विघ्न और विलम्ब पैदा होंगे। मंगल स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा। ता. 27 से स्थिति में कुछ सुधार होगा। परन्तु खर्चों की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक–राशिस्वामी मंगल नीचस्थ एवं शनि साढ़ेसाती के कारण बनते

कामों में विघ्न और विलम्ब होगा। नौकरी में किसी से धोखा मिल सकता है। सावधानी बरतें। खर्च की अधिकता से मन परेशान और अशांत रहेगा। शरीर कष्ट और चोटादि का भय रहेगा। आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

धनु–इस राशि पर गुरु की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। धर्म-कर्म में विशेष रुचि होगी। समाज में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो, परिवार में शुभ कार्यों पर व्यय होगा। मासान्त में व्यवसाय में कुछ परिवर्तन का विचार बनें। ता. 23 का कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा। शनि साढ़ेसति के कारण आकस्मिक खर्चों में विशेष वृद्धि होगी।

मकर–पूर्वार्द्ध भाग में धन लाभ एवं सुख साधनों की प्राप्ति होगी। वृथा खर्च भी बढ़ेंगे। आमोद-प्रमोद आदि साधनों में विस्तार एवं वृद्धि होगी। धर्म कर्म में भी रूझान रहेगा। उत्तरार्द्ध में परिवारिक उलझनों के कारण मन संतप्त रहे। आकस्मिक खर्चों में वृद्धि के कारण तनाव रहे। गुरुवार का व्रत करना शुभ होगा।

कुम्भ–आशाओं में किंचित सफलता प्राप्त होगी। शनि की स्थिति दशम स्थान पर होने से धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। नवीन कार्य को कार्य रूप देने का प्रयास लाभकारी रहेगा। मासान्त में कार्य करने से कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। परन्तु धन का खर्च अधिक रहेगा। श्रीसूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

मीन–इस राशि पर केतु का संचार होने से बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। आशाओं के अनुरूप सफलता प्राप्त नहीं होगी। मन उदासीन रहेगा। ता. 26-27 को कुछ विवादास्पद मामले मानसिक तनाव का कारण बनेंगे। किसी निकट सम्बन्धी से तकरार होगी। धन का खर्च अधिक होगा। **श्री लक्ष्मी सूक्त** का पाठ करना शुभ होगा।

भविष्यफल–सितम्बर–सन् 2015 ई.

मेष–इस राशि पर गुरु की शुभ दृष्टि होने से अकस्मात् धन लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रयास करने पर कोई रुका हुआ कार्य बनेगा। परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। शनि की ढैय्या होने से ज़मीन-जायदाद व वाहनादि पर खर्च अधिक होगा। घरेलू परिस्थितियों के कारण तनाव रहेगा। भगवान शिव मन्दिर में दूध, जल व बिल्वपत्र हर सोमवार व शनिवार को चढ़ाएं।

वृष–निर्वाह योग्य धन लाभ संघर्ष के पश्चात् ही प्राप्त होगा। शुभ कार्यों पर धन का व्यय अधिक होगा। कुछ बिगड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। मानसिक तनाव एवं गुप्त परेशानियों का सामना होगा। अन्त में धन का अपव्यय अधिक रहेगा। **श्री शिव उपासना** करना शुभ होगा।

मिथुन–इस मास मिश्रित फल प्राप्त होंगे। ता. 10 सितं. तक मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनों के कारण चिन्ताएं अधिक रहेंगी। बनते कामों में रुकावटें पैदा होंगी। उत्तरार्द्ध के बाद बिगड़े कामों में सुधार होगा। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। परन्तु स्वास्थ्य में विकार उत्पन्न होने के योग है।

कर्क–मंगल का नीच स्थिति में संचार है। पूर्वार्द्ध भाग में अत्यधिक परिश्रम करने पर भी लाभ प्राप्त नहीं होगा। व्यवसाय में उन्नति के अवसर कम प्राप्त होंगे। परन्तु घरेलू उलझनों के कारण रुकावटें आएंगी। खर्च भी बहुत होंगे। उत्तरार्द्ध भाग में किसी मित्र की सहायता से कुछ बिगड़े काम बनेंगे। श्रीसूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

सिंह–मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य-गुरु का संचार है। कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। व्यवसाय में

वृश्चिक राशि (Scorpio)

तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

ग्रहगोचर–शनि साढ़ेसती का प्रभाव सम्पूर्ण वर्ष रहेगा। राशिस्वामी मंगल उच्चराशिस्थ हेगा, उस पर शनि एवं गुरु की विशेष शुभाशुभ दृष्टियाँ हैं। प्रथम तीन मास संघर्षपूर्ण होंगे। 12 फर. से 22 मार्च तक मीन में होने से स्वास्थ्य में हानि तथा खर्च अधिक रहेंगे। 31 जुला. से 14 सितं. के मध्य मंगल नीचस्थ से संघर्ष अधिक और सेहत भी ठीक न रहे। 15 सितं. से 2 नवं. के मध्य मंगल दशम (सिंह) में आकर लग्न को शुभ दृष्टि से देखेगा। आगे लिखे उपाय करने शुभ होंगे। हर मंगलवार का विधिपूर्वक व्रत रखें तथा छोटी कन्याओं, लड़कों को मीठा प्रशाद बाँटें।

धनु राशि Sagittarius)

ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे

ग्रहगोचर–इस राशि पर शनि साढ़ेसाती रहेगी। राशि स्वामी गुरु उच्चराशिस्थअष्टम में है। उस पर मंगल, बुध एवं शुक्र ग्रहों की दृष्टियाँ पड़ रही हैं। वर्ष का पूर्वार्द्ध भाग अत्यन्त संघर्ष परिस्थितियों से युक्त होगा। ता. 14 जुला. से गुरु **सिंह राशि** एवं भाग्यस्थान में आने से धार्मिक कार्यों की ओर रुचि बनेगी। परन्तु साढ़ेसाती के कारण मानसिक तनाव एवं खर्च भी बढ़ेंगे। लगभग सारा वर्ष बृहस्पतिवार का विधिपूर्वक व्रत रखना तथा पीला पुखराज धारण करना शुभ होगा।

संघर्षपूर्ण हालात के बाद लाभ होगा। शनि की ढैय्या के कारण घरेलू उलझनों से तनाव रहेगा। संक्रान्ति को **श्रीआदित्य हृदय स्तोत्र** का पाठ व यथाशक्ति दान करना शुभ होगा।

कन्या–मासारम्भ में इस राशि पर बुध स्वराशिगत है। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी एवं व्यवसाय में उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। एकादश में मंगल-शुक्र की स्थिति के कारण मनोरंजन एवं विलासादि वस्तुओं पर व्यय अधिक होगा। किसी प्रिय व्यक्ति से सम्बन्ध बनेंगे। आकस्मिक खर्च भी बढ़ेंगे।

तुला–मासारम्भ में इस राशि पर मंगल की दृष्टि पड़ रही है। शनि साढ़ेसति भी लगी है। फलस्वरूप व्यवसाय में अत्यधिक संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आमदन के साधन बनेंगे। ता. 16 के बाद भूमि, मकान एवं वाहन सम्बन्धी परेशानियां पैदा हों। परिवार में व्यर्थ का तनाव और खर्च की अधिकता रहेगी। **श्रीदुर्गा कवच** पाठ करना शुभ होगा।

वृश्चिक–मास के पूर्वार्द्ध भाग में मंगल नीच राशिस्थ है व्यवसाय की स्थिति अस्थिर रहे। सवारी का सुख मिले। उत्तरार्द्ध भाग में भी घरेलू उलझनों के कारण मन परेशान रहे। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न हों। निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति हो, खर्चों की अधिकता रहे। **श्रीहनुमान कवच** का पाठ करना शुभ होगा।

धनु–इस राशि पर राशिस्वामी गुरु की शुभ दृष्टि से धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी एवं व्यवसाय में उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। भौम अष्टम होने के कारण मनोरंजन एवं विलासादि पर व्यय अधिक होंगे। चोटादि लगने का भय है, सावधानी बरतें। श्री हनुमत कवच का पाठ करें।

मकर–मासारम्भ में कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी मित्र की सहायता से किसी कठिन कार्य में सिद्धि होगी। मंगल की शुभ दृष्टि होने से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। परन्तु व्यवसाय के सम्बन्ध में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। अकस्मात खर्च बढ़ेंगे।

कुम्भ–इस राशि पर गुरु की शुभ किन्तु सूर्य की अशुभ दृष्टि होने से व्यवसाय में उन्नति व प्रगति के कुछ मार्ग प्रशस्त होंगे। गृह में कोई मंगल कार्य होगा। कुछ बिगड़े कार्यों में विशिष्ट व्यक्तियों से सम्पर्क करने से सुधार होगा। परिवार में सहयोग कम प्राप्त होगा। सूर्याष्टक स्तोत्र का पाठ करने से लाभ होगा।

मीन–इस राशि में केतु का संचार तथा बुध की नीच दृष्टि, मंगल पंचम स्थान में होने के कारण मानसिक तनाव एवं परेशानियों में कमी होगी। घरेलू एवं व्यवसायिक क्षेत्र में विघ्न बाधाओं व अड़चनों के बाद गुजारे योग्य आय के साधन बनेंगे। खर्च अधिक रहेंगे। इस राशि की स्त्रियों को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना होगा।। सुंदरकांड का पाठ करना शुभ होगा।

भविष्यफल–अक्तूबर–सन् 2015 ई.

मेष–मासारम्भ में इस राशि पर गुरु की शुभ दृष्टि पड़ रही है। किसी प्रतिष्ठित मित्र की सहायता से बिगड़े हुए कार्य बनेंगे। नए कार्य की योजना बनेगी। शनि की ढैय्या होने से स्वास्थ्य में विकार और चोटादि का भय है। यद्यपि गत किए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी एवं खर्च अधिक रहेंगे। श्री गायत्री मंत्र का पाठ शुभ होगा।

वृष–इस राशि पर शनि की मित्र दृष्टि रहेगी। किसी नए कार्य की योजना बनेगी। व्यवसाय में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। दाम्पत्य जीवन में मतभेद होंगे। परेशानी और उलझनें उत्पन्न होंगी। विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक होगा। **'कार्तिक माहात्म्य'** का पाठ करना शुभ होगा।

पं. देवीदयालु संस्थान द्वारा प्रकाशित **'कार्तिक माहात्म्य'** में शुद्ध एवं सही जानकारी मिलेगी।

मिथुन–इस मास मिश्रित प्रभाव होगा। गत किए गए प्रयासों से किसी विशेष कार्य में सफलता मिले। विदेश सम्बन्धी कार्यों में विघ्नों का सामना रहेगा। ता. 17 के पश्चात् किसी नए कार्य में विनियोग का लाभ होने के योग हैं। स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा। कार्तिक माहात्म्य का पाठ करना शुभ होगा।

कर्क–मासारम्भ में कन्या राशि में सूर्य का संचार होने के कारण मिश्रित प्रभाव रहेंगे। नौकरी व व्यापार में यद्यपि उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु पारिवारिक एवं निजी उलझनों के कारण लाभ में कमी रहेगी। ता. 17 के पश्चात् कुछ बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। श्री दुर्गा पाठ करना शुभ होगा।

सिंह–इस राशि पर गुरु, मंगल ग्रहों का योग बना हुआ है। परिश्रम व दौड़-धूप रहेगी। फिर भी निर्वाह-योग्य धन की प्राप्ति होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव व अल्प परेशानियां रहेंगी। 17 ता. से तुला में सूर्य होने से सिर-दर्द, आँखों में कष्ट व चर्म रोग होने का भय रहेगा। विशेष सावधानी बरतें। सूर्य यंत्र का पूजन तथा भगवान् सूर्य को अर्घ्य देना शुभ होगा।

कन्या–ता. 16 तक सूर्य व बुध का संचार रहेगा। जिससे दैनिक कार्यों एवं सरकारी क्षेत्रों में कुछ रुके कार्यों में प्रगति होगी। यद्यपि आय के साधन सीमित रहेंगे। ता. 17 से राशिस्वामी सूर्य द्वितीयस्थ संचार करने से वृथा भ्रमण, व्यर्थ का खर्च एवं मुश्किल हालात में धन लाभ अल्प रहेगा। **कार्तिक माहात्म्य** का पाठ करना शुभ होगा।

तुला–द्वादश में सूर्य-राहु का योग होने से बनते कामों में अड़चनें, परिवार सम्बन्धी चिन्ता और मानसिक तनाव रहेगा। गुजारे लायक धन की प्राप्ति होगी। शनि साढ़ेसाती के कारण शरीर कष्ट, मानसिक तनाव व स्वास्थ्य हानि के योग हैं। विभिन्न कार्यों पर खर्च अधिक रहेगा। ता. 17 से **कार्तिक माहात्म्य** का पाठ करना शुभ होगा।

वृश्चिक–इस राशि पर शनि का संचार होने से आय कम और खर्च अधिक होगा। व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूल खर्ची बढ़ेगी। धन की हानि एवं स्वास्थ्य नर्म होगा। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। परिवार सम्बन्धी उलझनें एवं चिन्ता बढ़ेगी। श्रीआदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

धनु–राशिस्वामी गुरु भाग्य स्थान पर होने से निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। किसी विशेष कार्य में पारिवारिक सहयोग से सफलता मिलेगी। परन्तु मासान्त में मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। आय से खर्च अधिक और वृथा वाद-विवाद में हानि होगी। **श्रीसूक्त** का पाठ करना शुभ होगा।

मकर–राशिस्वामी शनि की शुभ दृष्टि पड़ रही है। हालात में सुधार व कुछ बिगड़े काम बनेंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से मेल-जोल होगा। परन्तु संतान सम्बन्धी चिन्ता रहे। ता. 20 के पश्चात् परिवार में शुभ एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। परन्तु भूमि-जायदाद के मतभेद दूर होने से विलम्ब होगा। **श्रीविष्णु सहस्रनाम** का पाठ करना शुभ होगा।

कुम्भ–मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य-मंगल व शुक्र ग्रहों की सप्तम दृष्टि

मकर राशि (Capricorn)

भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी

ग्रह गोचर– मकर राशि पर मंगल, बुध व शुक्र ग्रहों का संचार है। उन पर गुरु व शनि दोनों की संयुक्त दृष्टियाँ पड़ रही हैं। जिससे अत्यन्त संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आमदन के साधन बनेंगे। 14 जन. से 12 फर. तक सूर्य (मकर) में होने से धर्म–कर्म की ओर रुचि बढ़ेगी। (15) मार्च से 13 अप्रै. तक सूर्य तृतीय भाव में होने से शुभ कार्यों पर खर्च होगा। 16 जून से 14 सितं. के मध्य मंगल की विशेष दृष्टि रहेगी। ता. 14 जुला. से वर्षान्त तक गुरु अष्टम सिंह राशि में संचार करेगा। अत्यन्त कठिन परिस्थितियों का सामना रहेगा। शनिवार को सरसों के तेल में अपना चेहरा (मुख) देखकर मन्त्र पढ़ते हुए सायंकाल के समय शनि मन्दिर चढ़ाना।

मन्त्र-" ॐ प्रां. प्रीं. प्रौं सः शनयै नमः"

कुम्भ राशि (Aquarius)

गु, गे, गो, स, सी, सू, से, सो, द

ग्रह गोचर–राशि स्वामी शनि (शत्रु राशि) में एवं ता. 14 मार्च से 1 अग. तक वक्री रहेगा। कार्य व्यवसाय में अत्यन्त संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। परन्तु लग्नेश शनि पर 13 जुला. तक गुरु की दृष्टि रहने से

पड़ रही है। जिससे मिश्रित प्रभाव होंगे। उलझनों के बावजूद धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी शुभ काम पर खर्च भी होगा। सोची योजनाओं में आंशिक सफलता मिले। ता. 20 के बाद किसी मित्र की सहायता से नवीन कार्य की योजना बनेगी। विदेश यात्रा के भी योग है। सवारी आदि सुख प्राप्त होंगे। श्री सूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

मीन–मासारम्भ में केतु का संचार है तथा सूर्य-बुध आदि ग्रहों की दृष्टि पड़ रही है जिससे इस मास मिश्रित फल प्राप्त होंगे। धन लाभ के साथ-साथ खर्चे भी अत्यधिक रहेगा। घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण परेशानियाँ बढ़ेंगी। ता. 15 के पश्चात् आकस्मिक धन लाभ हो, परन्तु मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक रहे। देश विदेश में सम्पर्क सूत्र बढ़ेंगे। **श्री दुर्गा सप्त.** का पाठ करना शुभ होगा।

अपने भावी जीवन के लिए विशेष फल व उपाय जानने के लिए वर्ष/फल बनवाएँ। फीस 601/- रुपये।

भविष्यफल–नवम्बर–सन् 2015 ई.

मेष–मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य की उच्चदृष्टि होने से कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन-लाभ के साथ-साथ खर्चों की भी अधिकता रहेगी। महत्त्वपूर्ण विदेशी कार्यों में कुछ प्रगति के आसार बनेंगे। उत्तरार्द्ध भाग में क्रोध एवं आवेश से बचना चाहिए। गृह-कलह होने के योग हैं। **'कार्तिक माहात्म्य'** का पाठ करना शुभ होगा।

वृष–मासारम्भ में इस राशि पर शनि की सप्तम दृष्टि के कारण आय कम व खर्च अधिक होगा। उत्तेजना से बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। भाई-बन्धु से मन-मुटाव होगा। आर्थिक तंगी से परेशानी होगी। व्यवसाय में संघर्ष के पश्चात् भी धन की प्राप्ति अल्प होगी।

मिथुन–मासारम्भ में राशिस्वामी बुध पंचम भाव में सूर्य के साथ अस्तंगत है। आय कम व संघर्ष अधिक रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्रों में दौड़-धूप अधिक एवं स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा। जमीन-जायदाद सम्बन्धी समस्याएँ उत्पन्न होंगी। **'कार्तिक माहात्म्य'** का पाठ करना शुभ होगा।

कर्क–मासारम्भ में मंगल शुक्र व राहु तृतीयस्थ होने से मिश्रित प्रभाव होंगे। विशेष परिश्रम एवं संघर्ष के पश्चात् आय के निर्वाह योग्य साधन बनेंगे। वृथा भागदौड़ एवं क्रोध की अधिकता से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ेगा। मासान्त में परिवार में शुभ कार्य होंगे। **श्री दुर्गासप्तशती** का पाठ करना शुभ होगा।

सिंह–इस राशि पर गुरु का संचार है। पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ कार्य पर खर्च होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु शनि की ढैय्या के कारण संघर्षपूर्ण हालात का सामना रहेगा। आय कम और खर्च अधिक रहेंगे। **शनि स्तोत्र** का पाठ करना शुभ होगा।

कन्या–मासारम्भ में इस राशि पर मंगल-शुक्र व राहु का संचार बना हुआ है। आरम्भ में आराम कम व संघर्ष अधिक रहेगा। जमीन-जायदाद एवं वाहन सम्बन्धी समस्या उत्पन्न होगी। व्यवसायिक क्षेत्रों में दौड़-धूप अधिक परन्तु आय कम रहेगी। स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा। वाहन से चोटादि का भय और शरीर कष्ट के योग हैं। **श्री दुर्गा-कवच** का पाठ करना शुभ होगा।

तुला–मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य-बुध का अशुभ संचार बना हुआ है।

आय कम और खर्च होंगे। व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूलखर्ची बढ़ेगी। धन की हानि एवं स्वास्थ्य नर्म रहेगा। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। मन में अशांति व क्रोध की मात्रा अधिक होगी। अधिकांश समय मनोरंजन एवं वृथा कामों में व्यतीत होगा। भगवान सूर्य को मंत्रपूर्वक अर्घ्य देना शुभ होगा।

वृश्चिक—व्यवसाय में अनिश्चितता बनी रहेगी। आय कम और व्यय अधिक रहेगा। विशेष परिश्रम करने पर भी धन लाभ अल्प होगा। परिवार में तनाव व मतभेद होंगे। आर्थिक उलझनों के कारण मन परेशान, वाहनादि पर व्यय होगा। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। **श्रीसुंदरकांड** का पाठ करना शुभ होगा।

धनु—शनि साढ़ेसाती होने से अत्यन्त संघर्षपूर्ण हालात का सामना रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ एवं मानसिक तनाव रहेगा। गुरु की दृष्टि होने से निर्वाह आय के साधन बनते रहेंगे। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी। **श्रीगुरु गायत्री मंत्र** का जप करना शुभ होगा।

मकर—मासारम्भ में राशि पर स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। व्यवसाय की दृष्टि से शुभ होगा। नई योजना को कार्य रूप देने में अत्यधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों में कुछ विघ्नों के उपरान्त सफलता मिलेगी। मासान्त में घरेलू एवं आर्थिक उलझनें और परेशानियां बढ़ेंगी। आकस्मिक खर्च भी बढ़ेंगे।

कुम्भ—मास के पूर्वार्द्ध भाग में धन हानि एवं किसी उच्च अधिकारी से विरोध पैदा हो, शरीर कष्ट व धन का खर्च अधिक रहे। बनते कामों में रुकावटें पैदा हों। उत्तरार्द्ध भाग में स्थिति में सुधार होगा। बिगड़े काम बनेंगे। निर्वाह योग्य धन लाभ होगा। प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। किसी शुभ कार्य पर खर्च होंगे।

मीन—पूर्वार्द्ध भाग में विघ्न-बाधाओं के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। गृह में कोई मंगल कार्य होगा। कलह-क्लेश के कारण गृह में अशान्ति होगी। आलस्य में वृद्धि होगी। धन का व्यय भी अधिक हो। **श्रीदुर्गासप्तशती** का पाठ करना शुभ होगा।

भविष्यफल—दिसम्बर—सन् 2015 ई.

मेष—शनि की ढैय्या तथा शुक्र की दृष्टि होने से मिले-जुले फल प्राप्त होंगे। व्यवसाय में उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। सवारी आदि सुख साधनों पर खर्च होगा। उत्तरार्द्ध में किसी विदेशी मित्र द्वारा धन प्राप्त होगा। अकस्मात् यात्रा के योग हैं। श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ करना शुभ होगा।

वृष—मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य व शनि की दृष्टियां पड़ रही है। व्यवसाय में संघर्ष एवं कठिन हालात के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। उत्तरार्द्ध भाग में कुछ बिगड़ें कामों में सुधार एवं धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। *श्री सूक्त* का पाठ करना शुभ होगा।

मिथुन—बुध की स्वगृही दृष्टि पड़ने से पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। दूसरे भाग में किसी श्रेष्ठ व्यक्ति की सहायता से उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

कर्क—कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। अत्यन्त कठिनाई से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होगी। खर्चों की अधिकता से मन परेशान रहेगा। गृहस्थ जीवन में तनाव निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे। शुक्र भाग्य स्थान में होने से वाहन आदि सुख/साधनों का सुख होगा। हर शनिवार को भगवान शिव मन्दिर में कच्ची लस्सी, बिल्वपत्र, एक चुटकी शक्कर डालकर (ॐ नमः शिवाय) पढ़कर अभिषेक करें। तदुपरान्त पीपल को भी जल अर्पण करें।

मीन राशि (Pisces)

दि, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि

ग्रह गोचर—वर्षभर केतु का संचार एवं 13 जुला. तक राशिस्वामी गुरु की दृष्टि रहेगी। पूर्वार्द्ध भाग में उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क रहेंगे। ता. 15 जुला. से मंगल नीच राशि (कर्क) में होने से अकस्मात् खर्च बढ़ेंगे तथा मानसिक तनाव रहेगा। ता. 15 सितं. से 23 दिसं. तक भाग्येश मंगल मित्र-दृष्टि पड़ने से बिगड़ें कामों में कुछ सुधार होने के योग है। परन्तु क्रोधावेश करने से हानि होने के संकेत हैं।

प्रत्येक वीरवार को केले के पौधे का पूजन करना, भगवान् शंकर की पूजा करके शिवलिङ्ग पर हल्दी मिलाकर जल **''ॐ नमः शिवायः''** मन्त्र पढ़ते हुए बेलपत्र सहित चढ़ाना शुभ होगा।

की स्थिति रहे। शरीर अस्वस्थ रहे। ता. 26 के बाद दौड़ धूप एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। आय के साधनों में विघ्न-बाधाएं रहेंगी।

सिंह—गुरु का संचार एवं शनि की ढैय्या होने से मिश्रित प्रभाव होगा। किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी। विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति और धन प्राप्ति के साधन बढ़ेंगे। परन्तु ता. 16 से सूर्य धनु राशिगत संचार करने से विघ्नों के बावजूद कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि परन्तु गुस्सा ज्यादा आएगा।

कन्या—मासारम्भ में मंगल-राहु का संचार होने के कारण व्यर्थ की भाग-दौड़, आकस्मिक खर्च और क्रोध के कारण हानि की आशंका रहेगी। उत्तरार्द्ध में बनते कामों में विघ्न, सुख-साधनों पर खर्च होगा। आँखों में कष्ट के योग हैं। **श्रीदुर्गा सप्तशती** का पाठ करना शुभ होगा।

तुला—मासारम्भ में राशिस्वामी शुक्र का संचार बना हुआ है। दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। परन्तु शनि साढ़ेसाति के कारण उत्तरार्द्ध भाग में आय कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। श्री सूक्त का पाठ करना शुभ रहेगा।

वृश्चिक—मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य-शनि का संचार होने के कारण धन-लाभ व बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। किसी श्रेष्ठ व्यक्ति से सम्पर्क होगा। विशेष अवसरों और उत्सवों में जाने से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। परन्तु शनि के कारण मानसिक तनाव होगा। लाभ के मार्गों में रुकावटें आयेंगी। मासान्त में वृथा यात्रा होगी। चोटादि का भय रहे।

धनु—गुरु-मंगल की शुभ अशुभ दृष्टियां रहेंगी। जिससे स्वास्थ्य कुछ नर्म रहे। स्वभाव में तेजी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ अधिक होगी। विरोधी हानि पहुँचाने का प्रयास करेंगे। कठिनाईयों के बावजूद निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होती रहेगी। किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी परन्तु आय के साधन सीमित रहेंगे। ता. 21 से 23 के मध्य निकट बन्धुओं से वैमनस्य एवं तनाव रहेगा। भाई-बहनों का सुख कम हो।

मकर—कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। उत्तरार्द्ध भाग में व्यवसाय के सम्बन्ध में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। **शनि स्तोत्र** का पाठ करना शुभ होगा।

कुम्भ—मासारम्भ में राशिस्वामी शनि-सूर्य का योग दशम भाव में बना है। अत्यधिक परिश्रम करने पर भी मनोनुकूल लाभ प्राप्त नहीं होगा। यद्यपि व्यवसाय में उन्नति के कुछ अवसर प्राप्त होंगे, परन्तु घरेलू उलझनों के कारण अशान्ति रहेगी। किसी निकट बन्धु के द्वारा धोखा मिलने का योग है। किसी प्रियजन से मुलाकात होगी जो लाभदायक होगी। खर्च में वृद्धि होगी।

मीन—केतु का संचार व मंगल की सप्तम दृष्टि होने से भागदौड़ अधिक रहे। चिन्ताओं में वृद्धि तथा फिजूल खर्ची बढ़ेगी। किसी निकट बन्धु से मनमुटाव पैदा हो। ता. 16 के बाद कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। कहीं यात्रा का भी प्रोग्राम बनेगा।

वि. संवत् २०७२ में संवत्सर एवं राजा-मन्त्री आदि का फल

ॐ स्वस्ति नः श्रीगणेशाय नमः। अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः। आदौ गणपतिं नमस्कृत्य प्रणम्य च पूर्वजानहम्-चन्द्रमिश्रं तत्पुत्रं रामजी दत्तस्य सूनं विश्वविख्यातं पण्डित देवीदयालु ज्यो. स्व प्रपितामहम् स्मरन् भक्त्या लोकहितार्थाय सुखसम्पत्ति हेतवे। **'कीलक' नामक** नवविक्रमी सम्वत्सरे शुभे चत्वारिंशत्योत्तर शत वर्षाणि (१४०) वर्ष प्रवेशे पण्डित विवेक शर्मा ज्योतिषी अहं पुत्र दैवज्ञरत्न पण्डित श्रीपन्ना लाल ज्योतिषी, कनिष्ठ भ्रातृ पण्डित पंकज शर्मा सहितोऽहं कुर्वे **पंचाँग दिवाकरम्।**

सृष्टि सम्वत् १९५,५८,८५,११६ के अन्तर्गत, **श्रीविक्रमी संवत् २०७२**, कलि (कल्कि) संवत् ५११६, श्रीकृष्ण सम्वत् ५२५१, सप्तर्षि संवत् ५०९१, श्रीबुद्ध संवत् २६३८-३९, श्रीमहावीर निर्वाण संवत् २५४०-४१, शक संवत् १९३७-३८, हिजरी सन् १४३६-३७, ईंग्लिश सन् २०१५-१६ ईसवी, फसली सन् १४२२-२३, खालसा संवत् ३१६-१७, नानकशाही सम्वत् ५४६-४७, सृष्टि संवत् के अन्तर्गत सतयुग प्रमाण १७२८०००, त्रेतायुग १२९६०००, द्वापर युग प्रमाण ८६४००० एवं कलियुग का प्रमाण ४३२००० वर्षों का होता है।

'कीलक' नामक सम्वत्सर का फल

कीलब्देतु ईतिभीतिश्च प्रजाक्षोभनृपाहवयौ।
तथापि वर्धते लोकः समधान्यार्ध वृष्टिभिः।।

अर्थात् कीलक नामक सम्वत्सर आवे, तो उस वर्ष फसलों को ईति भयः अर्थात् कहीं अतिवृष्टि, अनावृष्टि, अकाल, मूषकों, कृमियों, टिड्डी दलों आदि से फसलों की क्षति तथा लोगों में क्लिष्ट रोग भय एवं कष्ट-विक्षोभ अधिक हों। राजाओं (प्रशासकों) एवं लोगों में परस्पर टकराव बढ़े। तथापि वर्षा अच्छी होने से धान्यादि की फसलों में वृद्धि होगी तथा लोगों में खुशहाली बढ़े।

गुरु मान से शिव विंशति के अन्तर्गत **'कीलक'** नाम का नया विक्रमी सम्वत् २०७२ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, अर्थात् **21 मार्च सन् 2015 ई०**, तदनुसार प्रविष्टे **८ चैत्र, शनिवार से** प्रारम्भ होगा। शनिवार से प्रारम्भ होने से आगामी वर्ष (सम्वत्) का राजा भी शनि होगा।

नव सम्वत् प्रवेश २१।१५

नवचैत्र शुक्ल प्रतिपदा का आरम्भ 20 मार्च, शुक्रवार की दुपैहर तीन बजकर 06 मिनट (२१।१५ घट्यादि) पर, उ.भा. नक्षत्र एवं शुक्ल योग कालीन, कर्क लग्न में होगा। परन्तु कीलक नामक नव सम्वत्सर तथा चैत्र नवरात्र का शुभारम्भ 21 मार्च, शनिवार की प्रातः सूर्योदय से होगा। जोकि 21 मार्च से 28 मार्च पर्यन्त रहेंगे। नवरात्र के प्रथम दिन किसी पण्डित जी द्वारा घटस्थापन, संवत्सर पूजन एवं श्रीगणेश, विष्णु, शिव एवं अन्य देवी पूजन करने का विशेष माहात्म्य होता है। प्रथम नवरात्र से सभी प्रकार के व्रतानुष्ठान, दानादि शुभ कार्यों के प्रारम्भ एवं अन्य संकल्पादि के कार्यों में **'कीलक'** नामक संवत्सर का प्रयोग होगा। श्री पण्डित जी अथवा किसी पूजनीय व्यक्ति के मुखारविन्द से परिवार को संवत् का नाम, संवत् का वास, राजा, मन्त्री आदि का फल श्रवण करना चाहिए। इससे सारा वर्ष मंगलमय व्यतीत होता है।

नोट–नवसंवत् (वर्ष-कुण्डली) के ग्रहों के अनुसार राजनैतिक व सामाजिक प्रभाव हेतु **ग्रहों की आकाशी कौंसिल का प्रभाव** के पृष्ठों का अवलोकन करें।

रोहिणी का वास–ज्योतिषीय गणनानुसार संवत् २०७२ में रोहिणी का वास समुद्र पर रहेगा। शास्त्र में इसका फल इस प्रकार लिखा गया है–

यदा पयोनिधि स्थले गतो विरंचिभं तदा।
अतीव वर्षणं भवेत् समस्त धान्य वर्द्धनम्।।

अर्थात् जिस वर्ष रोहिणी नक्षत्र **'समुद्र'** पर आता हो, तो उस वर्ष बारिश अधिक होती है। गेहूँ, धान्यादि सभी की पैदावार भी अच्छी होगी। परन्तु मध्य भारत (जैसे-बिहार, म. प्र., उड़ीसा, उ. प्रदेश आदि) के कुछ स्थलों पर बाढ़ आदि प्रकोपों के कारण जन, धन, कृषि आदि फसलों की हानि होने के संकेत हैं। परन्तु कुछ भागों में धान्य, मक्का, चावल, तृण, फल-फूलों आदि की पैदावार अच्छी होगी।

समय अर्थात् संवत्सर का वास–माली के घर में होने से वर्षा विपुल मात्रा में होगी। ईख, धान्य, चावल, तृण, घास एवं फूल व फलों की पैदावार अच्छी होगी। परन्तु इन सबके बावजूद सब प्रकार के कृषि उत्पाद, घी, तेल, दैनिक भोग्य वस्तुएँ, दालें, दूध तथा सोना, ताम्बा, चान्दी आदि तेज भाव होंगी–

मालिने प्रचुरा वृष्टिः। सर्ववस्तु समर्घं स्यान्मालाकारगृहे।।

संवत् (समय) का वाहन–महिष

वर्ष का राजा शनि होने से संवत् का वाहन भैंसा (महिष) होगा। वर्षभर विषम वर्षा होगी। अर्थात् असमान् वर्षा होगी। कहीं उपयोगी वर्षा की कमी रहे तो कहीं अति वर्षा से बाढ़, भूस्खलन, फसलों की हानि एवं अन्य प्राकृतिक प्रकोपों से धन, जन, सम्पदा आदि की हानि होने का भय होगा। काले रंग की वस्तुएं अधिक प्रिय अर्थात् महँगी होंगी। लोगों की प्रवृत्ति तामसिक बनेंगी। पूर्व-दक्षिण के देशों एवं राज्यों में प्राकृतिक प्रकोप अधिक होंगे।

वि. संवत् २०७२ के दशाधिकारियों का फल

(1) वर्ष के राजा शनि का फल–

शनैश्चरे भूमिपतौ सकृज्जलं प्रभूतरोगैः परिपीड्यते जनः।
युद्धं नृपाणां गद–तस्कराद्यैः भ्रमन्ति लोकाः क्षुधिताश्चदेशान्।।

अर्थात् वर्ष का राजा शनि हो तो बेमौसमी एवं बेमौका (प्रतिकूल) वर्षा होने से लोग विभिन्न प्रकार के पेचीदा रोगों के कारण परेशान रहें। नेताओं में परस्पर वैमनस्य, विरोध एवं टकराव रहें। कहीं भूमण्डल पर युद्ध की स्थिति बने। चोरी, ठगी, डकैती एवं लूटमार आदि की घटनाएँ अधिक हों, जिस कारण लोग परेशान एवं दुःखी हों। किसी प्रदेश विशेष में लोग दुर्भिक्ष, बाढ़, आतंक आदि से परेशान (पीड़ित) होकर अन्य प्रदेशों में स्थानान्तरण करने को विवश होंगे।

(2) सम्वत् के मन्त्री मंगल का फल–

अवनिजो ननु मन्त्रिकतां गतो भवति दस्युगदादिज वेदना।
जनपदेषु जयः सुख संचयो न बहुगोषु पयो द्विज कर्म च।।

सम्वत् का मन्त्री मंगल हो, तो उस वर्ष लोग चोरों, लुटेरों, तस्करों आदि के आतंक एवं विविध रोगों के कारण परेशान एवं पीड़ित रहें। अग्निकाण्ड, दुर्घटनाएं एवं हिंसक घटनाएं अधिक हों। अधिकांश लोग सुख-साधनों एवं सम्पन्नता की चाह में महानगरों की ओर जाने में अग्रसर होंगे। गाय, भैंस आदि के दूध में कमी होगी। ब्राह्मण लोग यज्ञादि कर्मकाण्ड आदि धार्मिक कामों में कम प्रवृत्त हों। सोना, ताम्बा, पीतल, जूट-पटसन, लाख, लाल मिर्च आदि लाल वर्ण की वस्तुएँ तेज भाव होंगी।

(3) सस्येश गुरु का फल–

कणपतौ सुरराज पुरोहिते सकल सौख्यकरः श्रुतिपूर्वकः।
जलधरा जलदा बहुसस्यदा रसपयांसि बहूनिवसूनि वै।।

अर्थात्–गुरु (बृहस्पति) सस्येश हो, तो वेदों द्वारा निर्धारित धर्म-मार्ग का अनुसरण करने से ही लोगों को सुख-शान्ति एवं कल्याण की प्राप्ति हो। वर्षा अधिक हो। गेहूँ, धान्य, ईख, गोरस, दूध, घी एवं फलों आदि की पैदावार अधिक होगी। सर्व प्रकार की कृषि आदि का उत्पादन भी अच्छा होगा। खेतीकर एवं कृषि का व्यवसाय करने वाले व्यापारी अच्छा मुनाफा प्राप्त कर सकेंगे।

(4) धान्येश बुध का फल–

बुध धान्याधिपे मेघा जलं मुञ्चति वै भृशम्।
सैन्धवे लाटदेशे च माधवोऽल्पं च वर्षति।।

अर्थात्–जिस वर्ष धान्यपति बुध हो, उस वर्ष मेघों से वर्षा अच्छी होती है। सब प्रकार के अनाज आदि की पैदावार भी अच्छी होती है, परन्तु उस वर्ष सिन्ध प्रदेश तथा लाट प्रदेश (पंजाब, हरियाणा आदि) में अपेक्षाकृत वर्षा की कमी एवं कृषि का उत्पादन कम हो।

(5) मेघेश (वर्षा का स्वामी) चन्द्र–

शशिनि तोयदपे यदि गोमहिष्यज–खरादिषु दुग्धरसं तदा।
फलवती धन–धान्यवती विविध भोगवती ननु भामिनी।।

अर्थात्–मेघेश (वर्षा का स्वामी) यदि चन्द्रमा हो, तो गाय, भैंस, बकरी, गधी आदि चौपाय अधिक मात्रा में दूध देंगे। उस वर्ष पृथ्वी पर गेहूँ, धान्य, चावल आदि की फसलें अच्छी होंगी। वृक्षों पर फल, फूल आदि अधिक होंगे। पृथ्वी पर विविध प्रकार के उपभोग्य, सुख-साधन एवं ऐश्वर्य के स्रोतों में वृद्धि होगी। महिला समाज को भी सुख एवं ऐश्वर्य के साधनों की वृद्धि होगी।

(6) रसेश शनि का फल–

रविसुते रसपे रससंक्षयो न जलदा गददाश्च पयोधराः।
अजगवां गजवाजि खरोष्ट्रहा जनपदेषु नरा न रसैर्युताः।।

रसों का स्वामी शनि होने से संवत् में अनुकूल (उपयोगी) वर्षा की कमी रहेगी। रसदार वनस्पतियों (जैसे–ईख, गुड़, चीनी, घी, दूध, मक्खन, फल आदि) की पैदावार में कमी किंवा इन वस्तुओं के मूल्यों में विशेष तेजी होगी। अनेक प्रकार के क्लिष्ट रोगों से लोग परेशान रहें। गाय, भैंस, बकरी, हाथी, घोड़े, ऊँट आदि चौपायों में रोग आदि के कारण हानि हो। लोगों में परस्पर प्रेम-भावों की कमी होगी।

(7) नीरसेश गुरु का फल–

हरिद्रा पीतवस्तूनि पीतवस्त्रादिकं च यत्।
नीरसेशो यदा जीवः सर्वेषां प्रीतिरूत्तमा।।

नीरसेश अर्थात् ठोस धातु पदार्थों का स्वामी गुरु (बृहस्पति) होने से हल्दी, पीले वस्त्र, सोना, पीतल आदि पीले वर्ण की वस्तुओं एवं धातुओं के प्रति लोगों का आकर्षण अर्थात् माँग विशेष अधिक बढ़े। फलस्वरूप इनके मूल्यों में भी और वृद्धि हो। लोगों की अभिरूचि धार्मिक विषयों की ओर एवं पारस्परिक प्रीति एवं सहयोग बढ़ेगा।

(8) फलेश चन्द्र का फल–

यदि विधुः फलपो द्रुमराशयः फलयुता वलिभिः कुसुमैर्युताः।
द्विजमुखावर भोग समन्विता नृपतयो नयनाटन तत्पराः।।

फलों का स्वामी चन्द्रमा हो, तो उस वर्ष राजनेता प्रजा को न्याय प्रदान कराने में प्रवृत्त

होंगे। विद्वान्-ब्राह्मण (विप्र) भी विविध प्रकार के धन-धान्य एवं भोग्य पदार्थों से सम्मन्वित होंगे। वृक्षों एवं लताओं पर विभिन्न प्रकार के मौसमी फल, फूलों एवं अन्य वनस्पतियों की पैदावार अच्छी होगी। राजनेता देश, विदेश के स्थानों पर भ्रमण करने में उत्सुक रहेंगे, अर्थात् भ्रमणशील रहेंगे।

(9) धनेश गुरु का फल–

सुमनसां च गुरुः द्रविणाधिपो वणिज–वृत्तिपराः सुखभाजिनः।
फलित पुष्पित–भूमिरुहाः सदा विविध द्रव्ययुताभुवि मानवाः।।

अर्थात् गुरु (बृहस्पति) यदि धनेश (कोश-स्वामी) हो, तो व्यापारी अर्थात् वणिज वृत्ति करने वाले व्यापारी लोग व्यापार में लाभान्वित होकर सुखी एवं प्रसन्नचित्त हों। वृक्षों पर फूलों, फलों आदि की पैदावार अच्छी हो। कुछ विशिष्ट लोग धन, सम्पदाओं एवं विविध प्रकार के भौतिक सुखों से सम्पन्न हों।

(10) दुर्गेश (सेनापति) चन्द्र का फल–

गढपतिः शशलाञ्छनको यदा नृपसुराज्य विलासित पौरजाः।
बहुधनेक्षुज गोरसभोगिनो नखरा वरवर्णित विग्रहाः।।

यदि वर्ष में चन्द्रमा दुर्गेश (सेना का स्वामी) हो, तो उस वर्ष राजनेता (प्रशासक) प्रजा में सुचारू ढंग से शासन करने की चेष्टा करें। लोगों में कुछ प्रसन्नता का वातावरण बने। गुड़, चीनी, ईख (गन्ना), दूध, घी, गोरस आदि के क्रय-विक्रय (व्यापार) करने वाले व्यापारियों को अच्छा (समुचित) लाभ हो। उच्च-प्रतिष्ठित विशेष वर्ग के लोगों में परस्पर विग्रह हों।

नवमेघों में ''वरुण'' नामक मेघ का फल–

अग्निहोत्रकरणादराद्विजाः स्युः सदाधिकमुदोखिलाः प्रजाः।
अर्णवेणसहितं महीतलं वारुणे जलधरे भवेदलम्।।

अर्थात् यदि '**वरुण**' नाम का मेघ हो, तो समाज में कर्मकाण्डी एवं अग्निहोत्रादि करने वाले ब्राह्मणों का आदर बढ़े। प्रजा में सुख-साधनों की वृद्धि होगी। अनाज, धान्यादि का उत्पादन अच्छा होगा। कहीं अनुकूल एवं अच्छी वर्षा हो, कहीं अधिक वर्षा से भयंकर बाढ़ की स्थिति बनेगी।

द्वादश नागों में 'कंबल' नामक नाग का फल–

यदैवकंबलाभिधो भुजंगमः प्रजायते।
तदास्ति मध्यमजलं समस्त धान्यम् उत्तमम्।।

अर्थात् जिस वर्ष में '**कंबल**' नामक नाग हो, तो उस वर्ष वर्षा कम हो अर्थात् उपयोगी व अनुकूल वर्षा की कमी तथा फलस्वरूप अन्न का उत्पादन भी कम होगा।

सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश फल–वि. २०७२

(वर्षा एवं वायुमण्डल विचार)

वि. संवत् २०७२ में सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रथम (अधिक) आषाढ़ शुक्ल पक्ष, षष्ठी तिथि, पू.फा. नक्षत्र एवं सिद्धि योग कालीन सायं 4 बजकर, 46 मिनट पर, 22 जून, सोमवार को वृश्चिक लग्न में प्रवेश करेंगे। सूर्य आर्द्रा प्रवेश कालीन वृश्चिक लग्न उदित हुआ है। स्थिर लग्न एवं जल तत्त्व राशि में वायुतत्त्वकारक ग्रह शनि (शत्रुराशिस्थ) संचार कर रहा है। वृश्चिक राशि उत्तर दिशा की सांकेतिक राशि है। लग्नेश एवं अग्नितत्त्व ग्रह मंगल अष्टम भाव में सूर्यदेव के साथ वायु तत्त्व एवं पश्चिम दिशा की सांकेतिक राशि मिथुन में संचरित है। ग्रहस्थिति अनुसार भारत के उत्तर एवं पश्चिमी राज्यों (जैसे-पंजाब, राजस्थान, जम्मू-काश्मीर, हरियाणा, दिल्ली, हि.प्र., उत्तराखण्ड आदि) में वायु प्रकोप के साथ गर्म हवाएँ तथा गर्मी बढ़ने के संकेत हैं। फलस्वरूप विपरीत जलवायु, विषम वर्षा तथा कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा से बाढ़ जैसे हालात तथा कुछ क्षेत्रों में अल्प वर्षा से अकाल जैसी परिस्थितियां बनेंगी। शनि के कारण धीमे वायु-वेग के कारण उपयोगी वर्षा की कमी रहे। गुरु, शुक्र, शनि–तीन ग्रह जल-तत्त्व राशियों में हैं तथा लग्न पर गुरु की शुभ दृष्टि भी है। जलीय ग्रह शुक्र भी गुरु के साथ ही जल राशि में है। फलस्वरूप विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पूर्वी एवं दक्षिणी क्षेत्रों में व्यापक वर्षा होगी। उत्तर-पश्चिमी राज्यों (जैसे उ.प्र., हि.प्र., पंजाब, हरियाणा, राज.) में भी कुछ विशेष क्षेत्रों में अच्छी वर्षा व अन्न-उत्पादन यथेष्ठ रहेगा तथा कुछ क्षेत्रों में वर्षा की कमी से अकाल की स्थिति बने। खण्ड वर्षा के योग हैं।

सूर्य आर्द्रा प्रवेश कुं.
22 जून, 2015 ई., 16घं. 46मि.

सूर्य द्वारा आर्द्रा प्रवेश सोमवार को होने से सुभिक्ष के संकेत हैं। अर्थात् पर्याप्त वर्षा होने से गेहूँ, अन्न आदि का उत्पादन अच्छा होगा तथा मूल्यों में विशेष अधिक वृद्धि न होगी।

शशिधरवारे स्मरहरधिष्ण्ये। दिनकरवेशे सतिहिसुभिक्षम्।।

पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में आर्द्रा प्रवेश करने से प्रधान-नेताओं की कीर्ति, यश उत्तरोत्तर बढ़ता है। परन्तु दोपहर बाद आर्द्राप्रवेश होने से खड़ी फसलों को नुकसान, धान्य, चावल, चना आदि अनाज महँगे हों तथा तृण, घास का किसी बिमारी के कारण नाश हो–

मध्याह्नकाले कृषिनाशनाय धान्यं महर्घं चतृणस्य नाशः।।

सिद्धि योग में आर्द्राप्रवेश होने से प्रजा में रोगों की वृद्धि हो, परन्तु धन, धान्य, वस्त्रादि की वृद्धि होगी।

शनि की दृष्टि—गतवर्ष वि. संवत् २०७१ में 2 नवं., 2014 ई. को शनिदेव ने वृश्चिक राशि में प्रवेश किया था। आगामी वि. संवत् २०७२ में शनि वृश्चिक राशि में ही रहेंगे। वृश्चिक राशि संचारकालीन शनि की मकर, वृष तथा सिंह राशियों पर दृष्टियाँ रहेंगी तथा तुला, वृश्चिक एवं धनु राशि वाले जातकों/राष्ट्रों पर शनि साढ़ेसति का प्रभाव रहेगा। शनि की दृष्टि उत्तर दिशा की ओर रहेगी। फलस्वरूप उत्तरी प्रान्तों तथा उत्तरी देशों (विशेषकर वृष, सिंह एवं मकर राशि वाले देशों/प्रान्तों) जैसे-आयरलैण्ड, मध्यप्रदेश, आस्ट्रेलिया, ईरान, सूरत, जर्मनी, बिहार, सिक्किम, दिल्ली, फ्रांस, अफगानिस्तान, छत्तीसगढ़, इटली, महाराष्ट्र, पंजाब, पश्चिम-बंगाल, बंगलादेश, उत्तराखण्ड, हि.प्र. में प्राकृतिक प्रकोप, बाढ़, तूफान, भूकम्प, आतंकवादी विस्फोट एवं हिंसक घटनाएं तथा राजनैतिक क्षेत्रों में उथल-पुथल, सत्ता-परिवर्तन की प्रबल सम्भावनाएं बनेंगी।

गुर्राफल विचार (सन् 2015-16 ई.)

इस्लामी नववर्ष कुण्डली

2, 12 के., 3, 1, 11, 4 गु., 10, 7 सू. चं. शु. श., 5, 9 मं., 6 बु. रा., 8

हिजरी सन् 1436

सूर्यास्त 25 अक्तू., 2014

इस्लामी मतानुसार एकं (यकम) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् आरम्भ होता है।

वि. संवत् 2071 में 26 अक्तू., 2014 ई., रविवार को 1 मुहर्रम (यकम) के दिन हिजरी सन् 1436 शुरु होगा। रविवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से इस्लामी वर्ष 1436 (2014-15 ई.) का बादशाह साल **सूरज (सूर्य)** होगा।

इस्लामी मतानुसार निर्धारित वर्षकुण्डली में मेष लग्न उदित हुआ है। लग्नेश मंगल अग्नितत्त्व राशिस्थ नवम भाव में शुभ है, परन्तु शनि द्वारा दृष्ट है। सप्तम भाव में सू., चं., शु., श. चार ग्रह लग्न भाव पर अशुभ दृष्टि डाल रहे हैं। इसके अतिरिक्त पाक, इराक (बगदाद), टर्की आदि मुस्लिम राष्ट्रों की प्रभाव राशि कन्या पापाक्रान्त है। फलस्वरूप पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईराक, सूडान, मिस्र, लीबिया, यमन, सीरिया आदि मुस्लिम देशों में आन्तरिक, सामाजिक एवं राजनीतिक हालात अत्यन्त असमंजसपूर्ण, अस्थिर एवं संघर्षपूर्ण रहेंगे। शिया-सुन्नी-कुर्दों के बीच खूनी संघर्ष और उग्र हो जाएगा। इज़रायल-फिलिस्तीन में भी युद्धमय वातावरण रहेगा। तथा किसी भी समय एक-दूसरे पर प्राणघातक हथियारों का प्रयोग करेंगे। अफगानिस्तान, पाक आदि मुस्लिम देशों में आतंकवादी घटनाओं के कारण बेकसूर आम (साधारण) लोगों को जान-माल का खतरा होगा। कहीं भूकम्पादि प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी जन-धन की क्षति होने के योग हैं।

वि. संवत् 2072 में 15 अक्तू., 2015 ई., गुरुवार को 1 मुहर्रम (यकम) के दिन हिजरी सन् 1437 शुरु होगा। गुरुवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से इस्लामी वर्ष 1437 (2015-16 ई.) का बादशाह गुरु (बृहस्पति) होगा।

इस्लामी नववर्ष कुण्डली

1, 11, 2, 12 के., 10, 3, 9, 6 सू. बु. रा., 4, 8 श., 5 मं.गु.शु., 7 चं.

हिजरी सन् 1437 (2015-16)

सूर्यास्त 14 अक्तू., 2015 ई.

इस्लामी नववर्ष कुण्डली में मीन लग्न उदित हुआ है। साल का बादशाह और लग्नेश गुरु (बृहस्पति) षष्ठ भाव में सिंहस्थ होकर मंगल एवं शुक्र के साथ संचार कर रहा है। इन पर शनि की दृष्टि भी है। ग्रहस्थिति अनुसार पाकिस्तान, ईराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लीबिया आदि कुछ कट्टरपंथी देशों में अनेक स्थलों पर आई.एस.आई.एस. एवं अलकायदा ग्रुप द्वारा विस्फोटक घटनाओं को अंजाम दिया जाएगा। ये देश स्वयं आतंकवाद एवं शिया-सुन्नी विवाद की आग में झुलसने लगेंगे। इन देशों में हिंसक आतंकवादी गतिविधियों में विशेष वृद्धि होगी। भारतादि पड़ोसी देशों के साथ यद्धमय वातावरण बनेगा। इन देशों में साम्प्रदायिक दंगे, जातीय-फिसाद एवं विस्फोटक घटनाएं अधिक बढ़ेंगी। मंगल-शनि के मध्य परस्पर दृष्टि सम्बन्ध (4-10) होने से इराक, सीरिया, टर्की, पाक, इज़रायल-गाज़ा में भयानक युद्धमय वातावरण बनेगा।

[**गतवर्ष के 'पंचांगदिवाकर'** पृष्ठ 68 पर ईराक में 'युद्ध जैसे हालात का संकेत दे रहे हैं।' स्पष्टतया लिखा गया था। 'आतंकवादी या विरोधी गुटों द्वारा युद्धमय वातावरण बनाया जाएगा।' आदि (प्रभुकृपावश यह भविष्यवाणी अक्षरशः अब प्रमाणित हो रही है।) जैसा कि **ईराक, सीरिया, सूडान के हालात सर्वविदित हैं।**]

जल आदि चार स्तम्भों का फल—संवत् २०७२

(1) जल स्तम्भ—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का सम्पर्क केवल लगभग 12% है। फलस्वरूप आगामी वर्ष देश में कम वर्षा के योग हैं। कहीं खण्ड वर्षा एवं कहीं समयानुसार उपयोगी व अनुकूल वर्षा की कमी रहेगी। अधिक जलसिञ्चित धान्य (चावल) की फसल को हानि पहुँचेगी। कुछ क्षेत्रों में पेयजल की समस्याएं उत्पन्न होंगी। भूमिगत जलस्तर में भी गिरावट बनेगी। दुर्भिक्ष, अकाल जन्य परिस्थितियां बनेंगी। परन्तु रोहिणी का वास समुद्र पर होने से कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा होने से खाद्यान्न उत्पादन यथेष्ट रहेगा।

(2) तृण स्तम्भ—वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का सम्पर्क लगभग 30 प्रतिशत है। फलस्वरूप खण्ड एवं प्रतिकूल वर्षा के कारण भी तिनके, बाँस, घास, पुष्पों, वनस्पतियों, जड़ी-बूटियों तथा वन-औषधियों के उत्पादन में कमी रहेगी। पशुचारे का भी अभाव रहे तथा इनके मूल्यों में आशातीत वृद्धि होगी। फलस्वरूप गाय, भैंस आदि चौपाय पशुओं द्वारा दुग्ध उत्पादन में भी कमी रहे। तदनन्तर, आयुर्वैदिक औषधियों, दूध, पनीर, मक्खन, घी आदि डेयरी उत्पाद महंगे होंगे।

(3) वायु स्तम्भ—ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र के सम्पर्क का अभाव है। फलस्वरूप कुछ प्रदेशों में मेघों के संचालन एवं वायु वेग प्रतिकूल होने से बाढ़, चक्रवात,

तेज़-आँधियों व तूफ़ानों से खड़ी-फसलों, जन-धनादि सम्पदा को हानि पहुँचेगी। कृषि उत्पादन में कमी चिन्ताजनक रहेगी। वातावरण में ऊष्णता एवं आशातीत गर्मी का प्रकोप रहे।

(4) अन्य स्तम्भ–आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का सम्पर्क मात्र 32 प्रतिशत है। जल एवं तृण स्तम्भ भी कमज़ोर होने के कारण चिन्ताजनक हालात बनेंगे। अन्न, धान्य आदि के उत्पादन में कमी के कारण इनके मूल्यों में निरन्तर वृद्धि होती जाएगी। वायुस्तम्भ भी नगण्य होने से हाढ़ी-सौणी की फसलों को प्राकृतिक प्रकोपों से हानि होगी। मूल्यों में वृद्धि होने से किसानों व विचौलियों को लाभ तथा साधारण जनता के लिए महँगाई में वृद्धि होगी।

ऊपरलिखित चार स्तम्भ वर्ष में किसी भी देश की आर्थिक सम्पन्नता को समझने एवं जानने के लिए विशेष महत्त्व रखते हैं क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से वर्षा, मौनसून तथा अन्न उत्पादन पर ही निर्भर करती हैं।

आर्षमान द्वारा रक्षा फल–विचार

आर्षमान द्वारा वर्ष में राष्ट्र की रक्षा के चार दुर्गों (किले) को समृद्धि एवं सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

(1) प्रथम आर्ष–गतवर्ष की पौष अमावस्या को मूल नक्षत्र के स्पर्श से माना जाता है। मूल नक्षत्र का स्पर्श 47 प्रतिशत है।

(2) द्वितीय आर्ष–वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी नक्षत्र का सम्पर्क 21 प्रतिशत है।

(3) तृतीय आर्ष–श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का अभाव है।

(4) चतुर्थ आर्ष–कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र का सम्पर्क 98 प्रतिशत है।

फल–इस वर्ष रक्षा के संकेतक प्रथम दो दुर्ग मध्यम बली, चतुर्थ दुर्ग सुदृढ़ हैं। केवल तृतीय दुर्ग का अभाव है। केन्द्र सरकार की ओर से देश को आर्थिक, राजनैतिक एवं सैन्य दृष्टि से सशक्त बनाने के लिए विशेष नीतियां बनाई एवं क्रियान्वित की जाएगी। विज्ञान, अन्तरिक्ष एवं रक्षा क्षेत्र में नवीन अनुसन्धान करके देश के सुरक्षा-क्षेत्र को सुदृढ़ किया जाएगा। परन्तु एक दुर्ग नगण्य होने से चीनी व बांग्लादेशी घुसपैठ से देश की आन्तरिक एवं बाह्य सुरक्षा को गम्भीर संकट उत्पन्न होने का भय है। यद्यपि पड़ौसी देशों के साथ नवीन समझौते किए जाएँगे, परन्तु ये प्रयास निरर्थक साबित होंगे। देश के सुरक्षा प्रबन्धों को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता होगी।

–वर्षादि के विश्वामान–

वर्षादि विश्वा का कुल मान २० विश्वे होते हैं। जिस पदार्थ (विषय) के विश्वा 1 से 20 अंकों के मध्य जितने अधिक (20 अथवा उसके समीपस्थ) होंगे, उस वस्तु के उत्पादन की मात्रा उतनी अधिक होंगी। श्रावण संक्रां. अनुसार संवत् के विश्वामान भी अलग-अलग हो जाते हैं। जैसे-आगे वि. संवत् २०७२ में धान्य के विश्वा १५ लिखे हैं, इसका तात्पर्य यह हुआ कि आगामी वर्ष धान्य का पर्याप्त उत्पादन होगा।

वर्षा ७, धान्य १५, तृण ७, शीत ७, तेज १७, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा १५, तृषा ३, निद्रा ५, आलस्य ७, उद्यम १३, शान्ति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ११, उग्रता १५, पाप १५, पुण्य ३, व्याधि १, व्याधिनाश १५, आचार १५, अनाचार ३, मृत्यु १७, जन्म ९, देशउपद्रव १५, देशस्वास्थ्य ३, चोरभय ९, चोरनाश १, अग्नि १५, अग्निशान्त १, उद्भिज ११, जरायुज ३, अंडज ९, स्वेदज १५, टिड्डी १३, तोता ९, मूषक १७, सोना १७, तांबा १९, स्वचक्र ३, परचक्र ५, वृष्टि ७, अनावृष्टि १५, संवत्विश्वा १८॥

▲ सिंहस्थ गुरु का फल–सं. 2015 ई. ▲

सन् 2015 ई. के आरम्भ से ही गुरु कर्क राशि में वक्री होकर संचरणशील है। (8) अप्रै. को मार्गी होकर 14 जुलाई, 2015 ई. को गुरु सिंह राशि में प्रविष्ट होगा। कर्क व सिंह-दोनों राशियों में संचार का फल शास्त्रों में इस प्रकार से लिखा गया है।

कर्क राशि में गुरु का संचारफल

(वर्षारम्भ से 14 जुलाई तक)

बृहस्पतिर्यदा कर्के स्वल्पमेघः प्रवर्षति।
राजभिर्विग्रहश्चैव दुर्भिक्षं तत्र जायते॥ (अर्घप्रकाश)

अर्थात् बृहस्पति जब कर्क राशि में हो, तो उस वर्ष अनुकूल वर्षा की कमी होगी। कहीं दुर्भिक्ष, अर्थात् खाद्यान्न के उत्पादन में कमी हो। राजाओं अथवा राष्ट्राध्यक्षों में परस्पर टकराव एवं युद्ध का माहौल बनेगा। गेहूँ, धान्य, घी, चावल महँगे होंगे।

"उपरोक्त गतवर्षीय भविष्यवाणी के अनुसार ही इसका प्रभाव जून, जुलाई 2014 में देखने को मिला। उत्तर-पश्चिमी राज्यों में लगभग 50 प्रतिशत कम बारिश हुई, फिलीस्तीन-इज़रायल युद्ध, ईराक में शिया-सुन्नी युद्ध एवं खाद्य-वस्तुओं में महँगाई दर अधिक दर्ज हुई है।"

सिंहस्थ गुरु का प्रवेश एवं फल–संवत् २०७२

(14 जुलाई से संवतान्त तक)

यदासिंहेगुरुश्चैव सुभिक्षं तत्र जायते।
मेघाश्च प्रबलास्तत्र बहुसस्याचमेदिनी॥

अर्थात् बृहस्पति देव जब सिंह राशि में आते हैं, तो उस वर्ष सुभिक्ष हो अर्थात् गेहूँ, धान्य, चना आदि अनाज का उत्पादन अधिक होगा एवं अनुकूल एवं वेग के साथ वर्षा होगी। विभिन्न प्रकार की फसलें, मिश्रित करके कई नए फल, फूल, तृण आदि की पैदावार होगी। गायें, चौपाये आदि दूध अधिक देंगे। भैंस, गाय आदि चौपायों में भी तेजी होगी। देवताओं, विद्वानों, महापुरुषों एवं ब्राह्मणों का आदर-सम्मान किया जाएगा। आषाढ़ और भाद्रपद मास में अच्छी वर्षा होगी। श्रावण में कम वर्षा तथा कार्तिक में सुकाल अर्थात् शुभ वातावरण एवं समय होगा।

सुभिक्षं सर्पदंशश्च मेघोप्याषाढ़भाद्रयोः। श्रावणे वृष्टिरल्पैवसुकालः कार्तिकेमतः॥

☆ वि. संवत् 2072 में लाभ-हानि चक्र ☆

(विंशोत्तरी मतानुसारेण)

आगामी वर्ष में आपको जिस राशि का लाभ-हानि का विवरण ज्ञात करना हो, तो आप निम्नलिखित चक्र में अपनी राशि के नीचे लिखे लाभ-हानि के अंकों को जमा कर दें, फिर कुल जमा जोड़ में से 1 कम करके जोड़ को 8 से भाग दे देवें। भाग करने के पश्चात् यदि 1 बचे तो आगामी वर्ष में धन लाभ अच्छा रहेगा। मनोवांछित योजनाएं सफल होंगी। मनोरंजक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी। यदि शेष 2 बचे तो, धन लाभ मध्यम परन्तु विभिन्न कार्यों पर खर्च अधिक होगा। यदि शेष 3 बचें तो लाभ कम, खर्च (अपव्यय) अधिक रहेगा। व्यर्थ भाग-दौड़ अधिक रहेगी और घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। यदि शेष 4 बचें तो, मानसिक तनाव, शरीर कष्ट और रोगादि पर खर्च हो, घरेलू एवं आर्थिक समस्याएं उत्पन्न होंगी। यदि शेष 5 बचें तो लाभ कम तथा फिजूलखर्ची अधिक रहेगी। बनते कार्यों में विघ्न पड़ेगा। यदि शेष 6 बचें तो, भाग्योन्नति और धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। यदि शेष 7 बचें तो, व्यापार, लॉटरी, सट्टे आदि द्वारा अकस्मात् धन लाभ होगा। जमीन-जायदाद आदि कार्यों पर खर्च भी रहेंगे। आय के साधनों में भी वृद्धि होगी। यदि 8 अर्थात् 0 बचे, तो उस वर्ष लाभ कम व खर्च अधिक रहेगा, मानसिक परेशानियाँ भी बढ़ने के संकेत हैं।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	८	२	८	२	५	८	२	८	५	१४	१४	५
हानि	५	१४	११	८	५	११	१४	५	११	११	११	११

यमघण्टक योग ➡

क्रकय योग, संवर्त, दग्ध, कुलिक, उत्पात, यमघण्टक आदि योग मंगल कार्यों का सम्पादन करने के लिए त्याज्य माने गए हैं। वसिष्ट जी के अनुसार-**"शुभकार्य प्रसूतौ च सर्वदा परिवर्जयेत्।"** शुभ यात्रा एवं छोटे बच्चों के शुभ कार्यों के सम्पादन में तथा छोटे शिशुओं की पैदायश काल में भी इस योग का विचार किया जाता है। ऋषि वसिष्ठ अनुसार दिवसकाल में यमघंटक आदि दुष्ट योग हो तो मृत्युतुल्य कष्ट देता है, परन्तु रात्रिकाल में इसका फल अशुभ नहीं माना जाता है।

दिवा मृत्युप्रदाः पापा दोषस्त्वेतेन न रात्रिषु।

ध्यान रहे, किसी कुयोग के समय अन्य सिद्धि आदि सुयोग भी वर्तमान हो जाए, तो सुयोग की विजय होकर कुयोग अकर्मण्य हो जाता है-

अयोगः सिद्धि योगश्च द्वावेतौ भवतो यदि।
अयोगो हन्यते तत्र, सिद्धि योगः प्रवर्त्तते॥ (राजमार्तण्ड)

ज्वालामुखी योग-(वि. संवत् २०७२)

ज्वालामुखी योग का फल अशुभ माना गया है। इस योग में आरम्भ किया हुआ कार्य पूर्णतया सिद्ध नहीं हो पाता अथवा बार-बार विघ्न-बाधाएं होती हैं। इस योग में शुभ कार्य आरम्भ नहीं करने चाहिए। दुष्ट शत्रुओं पर प्रयोग करने के लिए यह मुहूर्त्त अच्छा समझा जाता है।

जब प्रतिपदा को मूल नक्षत्र, पंचमी को भरणी, अष्टमी को कृतिका, नवमी को रोहिणी अथवा दशमी को आश्लेषा नक्षत्र आता है, तो ज्वालामुखी योग बनता है। इस प्रकार 5 नक्षत्रों एवं 5 तिथियों के संयोग से ज्वालामुखी योग बनता है। इस योग के अशुभ फल को प्रकट करने के लिए निम्नलिखित लोकोक्ति प्रचलित है-

जन्मे तो जीवे नहीं, बसे तो उजड़े गाँव,
नारी पहने चूड़ियां, पुरुष विहीनी होय।
बोवे तो काटे नहीं, कुएँ उपजे न नीर॥

यद्यपि यह लोकोक्ति अतिशयोक्तपूर्ण हो सकती है, परन्तु इसके अशुभ प्रभाव के सम्बन्ध का उल्लेख कई ग्रन्थों में मिलता है। ज्वालामुखी योगानुसार यदि बालक इस योग में पैदा हो तो उसे अरिष्ट योग होता है। यदि इस योग में विवाह किया जाए तो वैधव्य का भय होता है। यदि बीजवपन किया जाए तो फसल अच्छी नहीं होती तथा जल आदि हेतु कूआँ खोदा जावे तो जलाशय (कूआँ) शीर्ष सूख जाए-यदि कोई रोगग्रस्त हो तो जल्दी ठीक न हो-इत्यादि अशुभ फल घटित होते हैं।

ज्वालामुखी योग (संवत् २०७२)

प्रारम्भ काल			समाप्ति काल		
तारीख	घं.	मिं.	तारीख	घं.	मिं.
3 जून	19	50	3 जून	21	02
3 सितं.	02	49	3 सितं.	07	36
7 अक्तू.	10	58	7 अक्तू.	17	10
11 दिसं.	25	21	12 दिसं.	16	04
15 फर16	04	11	15 फर16	24	27
16 फर.	03	09	16 फर.	23	05
12 मार्च	18	03	13 मार्च	11	07

यमघण्टक योग (सन् 2015 ई.)

प्रारम्भ काल			समाप्ति काल		
तारीख	घं.	मिं.	तारीख	घं.	मिं.
1 जन.	सू.	उ.	2 जन.	06	08
2 जन.	सू.	उ.	3 जन.	06	54
29 जन.	सू.	उ.	29 जन.	11	38
30 जन.	सू.	उ.	30 जन.	12	38
7 मार्च	14	37	8 मार्च	सू.	उ.
4 अप्रै.	सू.	उ.	4 अप्रै.	23	35
7 अप्रै.	04	05	7 अप्रै.	सू.	उ.
2 मई	सू.	उ.	2 मई	6	27
4 मई	10	32	5 मई	सू.	उ.
24 मई	26	28	25 मई	सू.	उ.
1 जून	सू.	उ.	1 जून	19	20
3 जून	19	50	4 जून	सू.	उ.
21 जून	10	41	22 जून	सू.	उ.
1 जुला.	सू.	उ.	1 जुला.	27	30
14 जुला.	13	06	15 जुला.	सू.	उ.
19 जुला.	सू.	उ.	19 जुला.	21	06
29 जुला.	सू.	उ.	29 जुला.	13	08
11 अग.	सू.	उ.	11 अग.	19	59
3 सितं.	25	19	4 सितं.	सू.	उ.
4 सितं.	24	26	5 सितं.	सू.	उ.
1 अक्तू.	10	08	2 सितं.	सू.	उ.
2 अक्तू.	8	27	3 अक्तू.	सू.	उ.
29 अक्तू.	सू.	उ.	29 अक्तू.	18	37
30 अक्तू.	सू.	उ.	30 अक्तू.	16	57
8 नवं.	05	03	8 नवं.	सू.	उ.
5 दिसं.	12	22	6 दिसं.	सू.	उ.
सन् 2016 ई.					
2 जन.	सू.	उ.	2 जन.	23	35

क्या गत 'प्लवंग' नामक संवत्सर (वि. संवत् २०७१) लुप्त सम्वत्सर था ?—एक सारगर्भित विश्लेषण

लगभग सभी पंचांगों में सर्वप्रथम प्रारम्भ में ही यह लिखा रहता है कि प्रस्तुत नवसंवत् का नाम 60 संवत्सरों में 'यह' है। 'अमुक संवत्' में कौन-सा संवत्सर है, इसे जानने के लिए तीन मत हैं। (1) नारद मुनि अनुसार प्रभवादि 60 संवत्सरों का ग्रहण सौर मास से करना चाहिए। (2) वेदाङ्ग ज्यो. अनुसार माघ शुक्ल (अर्थात् चान्द्र मास से) प्रभवादि की प्रवृत्ति करनी चाहिए। (3) परन्तु सभी प्रामाणिक संहिता ग्रन्थों के अनुसार संवत्सर का ज्ञान प्रभवादि गुरु (वृहस्पति) मान से ही करना चाहिए।

यथा—बार्हस्पत्येन षष्टयब्दं ज्ञेयं नान्यैस्तु नित्यशः (सूर्यसिद्धान्त)

लघुवसिष्ठसिद्धान्त, भास्कराचार्य, वसिष्ठ ऋषि, गर्गाचार्य, श्रीपति, वराह आदि ऋषियों ने तृतीय मत को स्वीकार किया है।

तदनुसार हमने गत वि. संवत् में गुरु मान से शिव विंशती (देवता-रुद्र) **'प्लवंग'** नामक संवत्सर लिखा था। यह शिव विंशती का प्रथम संवत्सर था। परन्तु उत्तरी भारत से प्रकाशित कुछ 2-3 पंचांगों में **'प्लवंग'** के स्थान पर **'आगामी कीलक'** संवत्सर का उल्लेख किया गया था, जिस कारण जनसामान्य एवं ब्राह्मण समाज में भ्रान्ति फैल गयी। हमें ब्राह्मण व विद्वत् जनों के असंख्य फोन एवं कुछ पत्र भी प्राप्त हुए हैं। जिसका सामार्थ्यनुसार समाधान एवं स्पष्टीकरण दिया गया था। स्वाभाविक भी है, क्योंकि पूजन, संकल्प आदि सभी कार्यों में इसका उल्लेख भी आवश्यक है तथा अशुद्ध एवं गल्त नाम उच्चारण से स्वयं ब्राह्मण एवं यजमान को प्राप्त होने वाला यथेष्ठ फल भी प्रश्नात्मक रहेगा। इसलिए पाठकों के संशय का शास्त्रविहित स्पष्टीकरण आवश्यक है।

प्रभवादि सम्वत्सर—जैसा कि पहले बताया है कि विक्रमी संवत् का नाम बाहर्स्पत्यमान अनुसार करना चाहिए। बृहस्पति मध्य गति से जितने समय में एक राशि का संचरण करता है, उसे बाहर्स्पत्य वर्ष कहते हैं। इसको सम्वत्सर भी कहते हैं, सम्वत्सरों की कुल संख्या साठ (60) है, जिसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। विवाह, यज्ञ, अनुष्ठानादि शुभ कार्यों के आरम्भ में सम्वत्सर का उच्चारण अवश्य किया जाता है। सम्वत्सरों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं—

1. प्रभव	9. युव	17. सुभानु	25. खर	33. विकारी
2. विभव	10. धाता	18. तारण	26. नंदन	34. शार्वरी
3. शुक्ल	11. ईश्वर	19. पार्थिव	27. विजय	35. प्लव
4. प्रमोद	12. बहुधान्य	20. व्यय	28. जय	36. शुभकृत
5. प्रजापति	13. प्रमाथी	21. सर्वजित्	29. मन्मथ	37. शोभन
6. अंगिरा	14. विक्रम	22. सर्वधारी	30. दुर्मुख	38. क्रोधन
7. श्रीमुख	15. वृष	23. विरोधी	31. हेमलम्बी	39. विश्वावसु
8. भाव	16. चित्रभानु	24. विकृति	32. विलम्बी	40. पराभव
41. प्लवंग	45. विरोधकृत	49. राक्षस	53. सिद्धार्थ	57. रुधिरोद्गारी
42. कीलक	46. परिधावी	50. नल	54. रौद्र	58. रक्ताक्षी
43. सौम्य	47. प्रमादी	51. पिंगल	55. दुर्मति	59. क्रोधन
44. साधारण	48. आनन्द	52. कालयुक्त	56. दुंदुभि	60. क्षय

सम्वत्सर निकालने की विधि

जिस विक्रमी सम्वत् में सम्वत्सर जानना हो, उसमें 9 जोड़कर प्राप्त संख्या को 60 द्वारा भाग देने पर, जो शेष बचे, उसमें 1 जोड़ देने पर प्रभवादि सम्वत्सर होगा। **यथा**—यदि वि. संवत् 2071 में सम्वत्सर जानना हो, तो सम्वत् 2071 में 9 जमा कर देने पर 2080 वर्ष बने। इनको 60 द्वारा भाग देने पर 34 लब्धि तथा शेष 40 बचे, इस संख्या में 1 जमा कर देने से संख्या 41 बनी। उपरोक्त तालिका अनुसार वि. संवत् 2071 में 41वाँ अर्थात् **'प्लवंग'** नामक संवत्सर था। सम्वत्सर के नामानुसार ही उसके शुभाशुभ का संकेत मिल जाता है। प्रत्येक वर्ष की **'पंचांगदिवाकर'** में नवसम्वत्सर के देश, परिवेश एवं जातक के शुभाशुभ फल सम्बन्धी भविष्य कथन का वर्णन रहता है।

सम्वत्सर-स्वामी—साठ (60) सम्वत्सरों को द्वादश (12) भागों में विभाजित कर देने से प्रत्येक भाग में पाँच सम्वत्सर होते हैं। इस सम्वत्सर की पंच-कालावधि 'युग' कहलाती है। पाँच-पाँच सम्वत्सरों से निर्मित क्रमानुसार युगसमूह के अधिपति (स्वामी) इस प्रकार हैं। **उदाहरणार्थ**—प्रभव से प्रजापति सम्वत्सर का समूह प्रथम युग कहलाता है। इसका स्वामी विष्णु है।

पँच सम्वत्सर (युग) स्वामी

युग क्रम	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
स्वामी	विष्णु	बृहस्पति	इन्द्र	अग्नि	विश्वकर्मा	अहिर्बुध्न्य	पितर	विश्वेदेवा	चन्द्र	इन्द्राग्नि	अश्विनी	भग

पँच सम्वत्सर (युग) स्वामी

20 सम्वत्सर का एक स्वामी होता है, 1 से 20 तक ब्रह्मा, 21 से 40 तक विष्णु, 41 से 60 तक रुद्र स्वामी होता है।

लुप्त संवत्सर कब होता है ?

जैसा कि पहले बताया गया है कि सम्वत्सर का आधार गुरुमान है। अतएव गुरु की गति अनुसार ही संवत्सर का निर्धारण होता है। गुरु सामान्यत: 1 राशि में 13 मास तक संचरण करता है। गत्यानुसार यह अवधि 1 मास (30 दिन) तक आगे-पीछे हो सकती है। किन्तु **अतिचारी होने पर 10-11 मास के भीतर ही उस राशि को भुक्त करके दूसरी राशि में पहुँच कर पुन: वक्री होकर उस राशि में लौटकर जब न आए, तो वह वर्ष लुप्त सम्वत्सर के नाम से पुकारा जाता है।** यहाँ यह विचारणीय है कि गुरु की एक राशि में व्याप्ति (संचरणकाल) कितने मास होनी चाहिए। हमारे ऋषियों एवं मुहूर्त ग्रन्थों में इस बारे स्पष्ट निर्देश दिए हैं–

ऋषि पराशर अनुसार दस (10) मास व कुछ दिन से पहले ही जब गुरु किसी राशि का भोग करके अतिचारवश दूसरी राशि में जाकर नहीं लौटता तो लुप्त संवत्सर होता है।

दशमासानन्तरमहानि कतिचिद्गुरुर्यदा भुङ्क्ते।
यद्यनायात्पूर्वर्क्षे तदा लुप्तसंवत्सरः प्रोक्तः।।

'मनु ऋषि' अनुसार जब गुरु 10 मास व कुछ दिन एक राशि का भोग करके दूसरी राशि में जाता है, तो लुप्त संवत् नहीं होता है।

अतिचारगतो जीवो दशमासात्परं यदि।
दिनानि कतिचिद्भुङ्क्ते न तदा लुप्तवत्सरः।। (मनु)

'मुहूर्त्ततत्त्व' ग्रन्थकार अनुसार भी जब गुरु एक वर्ष में तीन राशियों का स्पर्श करता है, तो लुप्त संवत् होता है। इसका समस्त शुभ कामों में त्याग करना चाहिए।

'यशोधरतन्त्र' अनुसार भी जब एक सौर वर्ष में दो गुरु वर्षों का अन्त होता है। इसलिए तीन राशि का स्पर्श होने से ही लुप्त संवत्सर होता है। यथा–

एकस्मिन् रविवर्षे गौरववर्षद्वयावसानं चेत्।
त्र्यब्दस्पृशमेनमेव विलुप्तसंवत्सरं प्राहुः।।

उपरोक्त शास्त्रीय विवेचना से यह स्पष्ट है कि गुरु का एक राशि में भोग्यकाल स्थूलमान से कम-से-कम 10 मास 20 दिन तो होना चाहिए। *वि. संवत् २०७० (सन् 2013-14 ई.) में गुरु ने अतिचार गति से 31 मई, 2013 ई. को मिथुन राशि में प्रवेश किया था। पुन: वि. संवत् २०७१ में 12 मास तथा 18 दिन के पश्चात् अतिचार गति से कर्क राशि में प्रवेश किया था। स्पष्ट है कि गुरु ने मिथुन राशि में अपना यथेष्ठ संचरणकाल पूरा कर लिया था। अतएव वि. संवत् २०७१ (प्लवंग नाम) लुप्त वर्ष नहीं था।* ब्राह्मण समाज एवं विद्वतजन किसी भी भ्रम में न रहें। ज्योतिषशास्त्रीय किसी विषय पर भ्रान्ति होने पर सामान्यजन एवं विद्वत्जन स्तरीय पंचांगों को ही प्रमाण मानें। ऐसे विषयों पर आप हमसे Telephone या पत्र द्वारा समाधान मांग सकते हैं। समय एवं सामार्थ्यानुसार हम आपकी समस्या का यथाशक्य निश्चित समाधान करेंगे।

शुभ चिन्तक–पं. विवेक शर्मा ज्योतिषी, जालन्धर।

"आगामी वर्ष के दो महान् पुण्यपर्व"

आगामी वर्ष वि. संवत् 2073 में निम्नलिखित कुम्भ महापर्व घटित हो रहे हैं–

(1) अर्धकुम्भी पर्व, हरिद्वार (13 अप्रैल, बुधवार, 2016 ई.)
(2) कुम्भ (सिंहस्थ) महापर्व उज्जैन (21 मई, शनिवार, 2016 ई.)

एतदर्थ श्रद्धालु, ईश्वरविश्वासी, आस्तिक महानुभावों एवं कल्याणकामी सत्पुरुषों को कटिबद्ध रहना चाहिए। इनकी सभी स्नानतिथियों, माहात्म्य का विस्तृत विवरण तथा अन्य आवश्यक जानकारी वि. संवत् २०७३ के **'पंचांगदिवाकर'** में दी जाएगी।

नोट–अर्धकुम्भी (हरिद्वार) का स्नान, माहात्म्य 20 मार्च, 2016 ई. से ही प्रारम्भ हो जाएगा।

पं. विवेक शर्मा (पंचाँगकर्त्ता) द्वारा थापर इंस्टीच्यूट ऑफ एस्ट्रोलॉजी का उद्घाटन

दिनांक 24-11-2013 ई. को पं. विवेक शर्मा (सम्पादक: पंचांगदिवाकर) द्वारा श्रीकृष्ण गोपाल थापर (निवास: 3304, सेक्टर-49-D, चण्डीगढ़) द्वारा नवीन स्थापित थापर इंस्टीच्यूट ऑफ एस्ट्रोलॉजी का उद्घाटन किया गया। चण्डीगढ़-ज़ीरकपुर रोड पर स्थित इस इंस्टीच्यूट के उद्घाटन के अवसर पर पं. विवेक शर्मा द्वारा मुख्यातिथि के रूप में दीप-प्रज्वलन तथा ज्योतिषीय विषयों पर सम्भाषण दिया गया। पंडित जी को भव्य दुशाला, पुष्पमाल्यालंकरण के साथ सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर इंस्टीच्यूट के संस्थापक श्री के.जी. थापर, गुरु जी पं. ओमप्रकाश जी भारद्वाज (राजपुरा), पं. सोहित शर्मा, जालन्धर एवं गणमान्य विद्वत जन तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

वि. संवत् २०७२ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल व मुख्य भविष्यवाणियाँ

☛ नया *'कीलक'* नामक सम्वत् होने से फसलों को अतिवृष्टि, अनावृष्टि, अकाल (सूखा), टिड्डी दलों (कृमियों) से क्षति तथा लोगों में क्लिष्ट (पेचीदा) रोगों की वृद्धि होगी। विश्व के विभिन्न प्रशासकों (प्रधाननेता) एवं लोगों में टकराव बढ़ेगा।

☛ *राजा शनि* और *मन्त्री मंगल* होने से विश्व एवं भारत का सामाजिक एवं राजनीतिक वातावरण विक्षुब्ध, अनिश्चित, तनावपूर्ण एवं अशान्त रहेगा। विश्व के अनेक देशों में टकराव, उपद्रव, विद्रोह एवं प्रतिद्वन्दिता की भावना बढ़ेगी। विभिन्न देशों में प्रभुसत्ता, टकराव, हिंसा एवं होड़ की प्रवृत्ति बढ़ेगी।

☛ दोनों मुख्य पद क्रूर ग्रहों को प्राप्त होने से चोरी, ठगी, भ्रष्टाचार, बेईमानी, जातीयता, दैनिक उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि से जनाक्रोश बढ़ेगा। ये मुद्दे साधारण जनता को आन्दोलित एवं उद्वेलित करते रहेंगे।

☛ जगत् लग्न कुण्डली में ग्रहस्थिति अनुसार पश्चिमी एशियाई देशों जैसे—ईराक, मिस्त्र, सीरिया, नाईजीरिया, सूडान, फिलीस्तीन, इज़रायल आदि के आन्तरिक, सामाजिक व राजनीतिक परिस्थितियां विक्षुब्ध एवं अशान्तिपूर्ण होंगी। मोदी सरकार द्वारा पड़ोसी एवं अन्य अन्तर्राष्ट्रीय देशों—रूस, जापान, जर्मनी, अमरीका, ब्रिटेन आदि के साथ सम्बन्धों को विशेष बढ़ावा दिया जाएगा।

☛ मुस्लिम बाहुल्य पश्चिमी एशिया के देश एवं यहूदी देश धार्मिक विध्वंसता की आग में सुलगने लगेंगे। यहाँ तक की यूरोप, रूस, अमरीका आदि देश भी इस आग से त्रस्त हो जाएंगे। युद्धमय वातावरण के मध्य बड़े पैमाने पर साधारण जनता पलायन (विस्थापन) करेगी।

☛ *खप्पर योग*—चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ (6 मार्च से 2 जून तक) मासों में क्रमशः पाँच शनि, पाँच रवि और पाँच मंगलवार होने से खप्पर योग बना है। फलस्वरूप विश्व एवं भारत के किसी राज्य में छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन) या किसी प्रमुख नेता के अपदस्थ या मृत्यु के योग हैं। प्रतिकूल जलवायु एवं खण्ड वर्षा से अकालजन्य हालात रहेंगे। पेट्रोल, डीज़ल के मूल्यों में आशातीत वृद्धि होती रहेगी।

☛ जुला.-अग. में सिंहस्थ गुरु अतिचारी होने, गुरु-शुक्र योग एवं 1 अग. तक शनि वक्री रहने से इस्लामी देशों में कहीं युद्धमय वातावरण, हवाई अड्डों आदि पर आक्रमण, विस्फोट होंगे। सोने, कॉपर आदि धातुओं में असाधारण तेजी होगी।

☛ स्वतन्त्र कुं. में ग्रहस्थिति अनुसार नव सत्तारूढ़ मोदी सरकार विपरीत परिस्थितियों में भी अर्थव्यवस्था को सम्भालते हुए देश को विकास एवं प्रगति की दिशा में ले जाएगी। व्यवस्था में अनेक मौलिक एवं बुनियादी परिवर्तन कर गुणात्मक सुधार लाया जाएगा। संसद् में नए बिल प्रस्तावित किए जाएंगे।

☛ *पुनः खप्पर योग*—श्रावण से आश्विन मास पर्यन्त (1 अग. से 27 अक्तू., 2015 ई.) पुनः खप्पर योग बनने से देश में महँगाई, भ्रष्टाचार तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ साधारण जनता तक न पहुँच पाने से जनता में आवेश एवं असन्तोष की भावना रहेगा।

☛ भारत में इसी वर्ष (अक्तू.-नवं., 2014 ई.) कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा स्पष्ट रूप से गठबन्धन करके विजयी होगी। हरियाणा में चुनावों बाद गठबन्धन करना पड़ेगा। जबकि जम्मू-काश्मीर में पी.डी.पी. की स्थिति सुदृढ़ होगी। भाजपा के प्रभावक्षेत्र में वृद्धि होगी।

☛ प्रधानमन्त्री श्रीनरेन्द्र मोदी की तथा भारत की मान-प्रतिष्ठा एवं प्रभुत्व में अन्तर्राष्ट्रीय एवं विश्वस्तरीय तौर पर वृद्धि होगी। अन्तर्राष्ट्रीय जगत् में एक धूमकेतु की तरह उभरेंगे।

शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष-ये वेद के छः अंग माने जाते हैं। भारतीय ज्योतिष को वैदिक साहित्य का अभिन्न अंग माना गया है। वेदांग ज्योतिष के प्रारम्भ में इस शास्त्र के महत्त्व को बतलाते हुए कहा गया है-

यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा।
तद्वद्वेदाङ्गशास्त्राणां ज्योतिषं मूर्धनि स्थितम्।।

ज्योतिष को ज्ञानरूपी शरीर का नेत्र कहा गया है, अर्थात् नेत्रों के अभाव में जैसे शरीर अपूर्ण और व्यर्थ है, उसी प्रकार ज्योतिष ज्ञान के बिना अन्य विषयों का ज्ञान अपूर्ण और अनुपयोगी है। वैदिक काल में ज्योतिष शास्त्र के ज्ञान को व्यवहार-उपयोगी होने के साथ-साथ आत्मकल्याणकारी भी माना जाता रहा है। महर्षि पाणिनी ने ज्योतिष को वेदपुरुष का नेत्र कहा है-**'ज्योतिषामयनं चक्षुः'**। आचार्य गर्गाचार्य के अनुसार-

ज्योतिश्चक्रे तु लोकस्य सर्वस्योक्तं शुभाशुभम्।
ज्योतिज्ञानं तु वेद स याति परमां गतिम्।।

अर्थात् ज्योतिष्चक्र सम्पूर्ण लोक के शुभाशुभ को व्यक्त करने वाला है, अतः जो ज्योतिष शास्त्र का ज्ञाता है, वह परम कल्याण को प्राप्त होता है। नारद् संहिता, गर्ग संहिता आदि ग्रन्थों में ज्योतिष शास्त्र का विशद् वर्णन मिलता है।

ईसा पूर्व लगभग 180 वर्ष पूर्व में रचित व उपलब्ध सूर्य-सिद्धान्त ग्रन्थ सैद्धान्तिक ग्रन्थों में अधिक प्राचीन है, जिसमें ग्रहस्पष्ट विधि, विभिन्न ग्रहों की गति, कालगणना आदि का स्पष्ट वर्णन मिलता है। प्राचीन भारत में धर्मपरायण समाज के सभी वर्गों-श्रौत, स्मार्त और गृहस्थों के कार्य इस शास्त्र के बिना सफल नहीं माने जाते थे-

'वेदस्य निर्मलं चक्षु ज्योतिः शास्त्रमकल्पषम्।
विनैतदखिलं श्रौतं स्मार्तं कर्माणि न सिद्ध्यन्ति।।

भारतीय ज्योतिष का मुख्य प्रयोजन आत्म-कल्याण के साथ लोक-व्यवहार का सम्पन्न करना है। लोक-व्यवहार के निर्वाह के लिए ज्योतिष के क्रियात्मक दो सिद्धान्त हैं-गणित और फलित। फलित ज्योतिष में जातक की जन्म-कुण्डली मनुष्य के पूर्वजन्मों के संचित एवं प्रारब्ध कर्मों की प्रतिमूर्त्ति है। अनेक जन्मों के पाप-पुण्य, शुभाशुभ कर्मों का फल कब प्रकट होगा ? और भविष्य में जातक को कैसी परिस्थितियों की सम्भावना है ? ऐसे महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर ज्योतिष शास्त्र अन्धेरे में दीप की भान्ति देता है-

'यदुपचितमन्यजन्मनि शुभाशुभं तस्य कर्मणः पक्तिम्।
व्यंजति शास्त्रमेतत् तमसि द्रव्याणि दीप इव।।

परमपिता श्रीपरमात्मा की अपार कृपा से उत्तरी भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं सर्वप्राचीन प्रकाशन **'पंचांगदिवाकर'**, **'मुफीद आलम जन्त्री'** (उर्दू-हिन्दी-पंजाबी) एवं तिथ-पत्रिका (पंजाबी भाषा) को प्रकाशित होते हुए प्रस्तुत संवत् २०७२ (2015-16 ई.) में गौरवशाली 140 वर्ष हो जाएंगे। पंचांगदिवाकर समूह के प्रवर्त्तक एवं संस्थापक हमारे परम पूज्य प्रपितामह (पितृ-पुरुष) विश्वविख्यात मशहूर आलम पण्डित देवीदयालु जी (लाहौर वाले) से लेकर आज तक की दीर्घावधि में हमारे प्रकाशनों को जो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ख्याति एवं प्रशंसा प्राप्त हो चुकी है, वह सुविज्ञ पाठकगणों से छिपी हुई नहीं है। उत्तरी भारत में शताब्दि से भी अधिक वर्षों पर्यन्त ज्योतिष जगत् के क्षेत्र में हमारी पंचांग, जन्त्री एवं अन्य प्रकाशनों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। सुविज्ञ पाठकों से अनुरोध है कि वह असली व प्रामाणिक पंचांगदिवाकर, तिथ-पत्रिका गुरुमुखी, मुफीद आलम जन्त्री तथा हमारी प्रकाशित **'अर्द्धशताब्दि पंचांग'** एवं **'दशवर्षीय पंचांगों'** के भीतर प्रथम पृष्ठ पर **स्वर्गीय पं. पन्ना लाल ज्योतिषी** का नाम व फोटो, गणितकर्त्ता पं. विवेक शर्मा (एम.ए.एल.एल.बी.) एवं पं. पंकज शर्मा तथा मुख्य वितरक **'जनरल बुक डिपो'** जालन्धर का नाम अवश्य पढ़ लिया करें, जिससे कि आप असली, शुद्ध एवं प्रामाणिक जन्त्री/पंचाँग ही प्राप्त कर सकें।

गतवर्षीय दिवाकर पंचांगों में 'स्वर्गीय पं. पन्ना लाल ज्योतिषी जी' की भविष्यवाणियाँ जो अक्षरशः सत्य सिद्ध हुईं

स्वर्गीय पं. पन्ना लाल ज्योतिषी की वाणी एवं लेखनी में सचमुच साक्षात् माता सरस्वती देवी का वास था। आगे हम संक्षिप्त रूप में पंडित पन्ना लाल ज्योतिषी जी की उन भविष्यवाणियों का उल्लेख कर रहे हैं जो ईश्वर कृपावश अक्षरशः सत्य सिद्ध हुईं।

(1) **बंगलादेश के रूप में पाकिस्तान का विभाजन (वि. संवत् २०२७)**

(2) **कांग्रेस (ई) की पराजय** (२०३३) तथा **पुनः सत्ता में आना (२०३६) ईरान-ईराक युद्ध (वि. संवत् २०३९)**

(3) **पूर्व प्रधानमन्त्री इन्दिरा गाँधी की आकस्मिक मृत्यु (वि. संवत् २०४१)**

(4) **पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गाँधी की आकस्मिक मृत्यु (वि. संवत् २०४७)**

(5) **सन् 1988 में मोर्चा सरकार** (गुजराल सरकार) के पतन तथा मध्यावधि चुनाव की भविष्यवाणी स्पष्टतः पण्डित जी ने कर दी थी-वि. संवत् २०५५ के पृष्ठ 48 पर स्पष्टतः लिखा गया था-***'वर्तमान सत्तारूढ़ मोर्चा सरकार येनकेन प्रकारेन फरवरी, 1998 तक चल पाएगी, परन्तु मार्च, 1998 के उपरान्त केन्द्रीय मोर्चा सरकार का पूर्वार्द्ध भाग से पूर्व कभी भी टूटने की आशंका बनी रहेगी-ऐसे योग हैं।'*** साथ ही चुनावों से पूर्व ही 'दैनिक पंजाब केसरी' समाचार पत्र में दिनांक 19-02-1998 को ही भाजपा के पुनः सत्तारूढ़ होने की भविष्यवाणी की गई थी तथा इसी संवत् के 'पंचांगदिवाकर' के पृष्ठ 191 पर स्पष्ट पढ़ें-आगामी लोकसभा के निर्वाचनों में भाजपा निःसन्देह अग्रिम, बहुमत एवं सशक्त पार्टी के रूप में उभरेगी तथा केन्द्र में सत्तारूढ़ होगी।

(6) वि. संवत् २०५६ के 'पंचांगदिवाकर' के पृष्ठों 48/49/50 पृष्टों पर *''भाजपा सरकार के आकस्मिक गिर जाने के सम्बन्ध में भविष्यवाणी स्पष्ट तौर पर पढ़ें।'' पृष्ठ 47 पर कारगिल (जम्मू-कश्मीर) में पाक सैनिक घुसपैठ एवं युद्ध के बारे में भी स्पष्ट भविष्यवाणी कर दी थी।*

(7) वि. संवत् २०५७ के *'पंचांग' में पाकिस्तान में शरीफ सरकार का तख्ता पलटना तथा मार्शल-लॉ का लगना, शासन परिवर्तन, हिंसक घटनाओं सम्बन्धित भविष्यवाणियाँ* पृष्ठ 50-51 पर स्पष्टतः लिखी थीं। पुनः इस वर्ष के पंचांग के पृष्ठ 52 पर *भाजपा सरकार का गिरकर केन्द्र में भाजपा गठबन्धन सरकार का पुनः सत्ता ग्रहण करने की भविष्यवाणी भी पढ़ सकते हैं।*

(8) वि. संवत् २०५८ के 'पंचांगदिवाकर' में पृष्ठ 56 पर **''अमरीका में 9/11** सम्बन्धित दुःखद त्रासदी के बारे में सांकेतिक भविष्यवाणी लिख दी गई थी।

(9) वि. संवत् २०५९ के 'पंचांग' के पृष्ठ 60 पर **''पंजाब विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की विजय सम्बन्धित भविष्यवाणी''** भी अक्षरशः सत्य सिद्ध हुई।

(10) वि. संवत् २०६० में 'अमरीका-ईराक युद्ध' तथा ईराक में सत्ता-परिवर्तन के योग बारे भविष्यवाणी स्पष्टतः पृष्ठ 63 पर लिखी गई थी।

(11) वि. संवत् २०६१ (सं. 2004-05) की पंचांग में स्पष्टतः पढ़ें-आगामी लोकसभा **चुनावों में श्रीमती सोनिया गाँधी (कांग्रेस) की विजय तथा कांग्रेस पार्टी भाजपा की अपेक्षा अधिक सीटों पर कामयाब होकर निकलेगी।** (पृष्ठ 67)

(12) वि. संवत् २०६२ (2005-06) में **'पाकिस्तान और भारत के मध्य दोस्ती और शान्तिवार्ताओं के नए आयाम जुड़ना'** (पृष्ठ 56)

(13) वि. संवत् २०६३ (2006-07) की पंचांग में **पंजाब, बिहार में नेतृत्व परिवर्तन के योग (पृष्ठ 55)-जैसा कि बादल सरकार एवं नितीश कुमार का सत्तासीन होना तथा पृष्ठ 59 पर मुम्बई में 11 जुलाई को बम-विस्फोट सम्बन्धित भविष्यवाणियां पं. जी की लेखन-आधिपत्य शैली तथा विद्वता की स्पष्ट प्रमाण थीं।**

(14) वि. संवत् २०६४ (2007-08) में पृष्ठ 56 पर मुख्य बॉक्स पर स्पष्टतः पढ़ें- **''उ. प्र., उत्तराखण्ड, पंजाब प्रदेशों में नेतृत्व परिवर्तन के योग होंगे।''** परिणाम आपके सामने थे।

(15) वि. संवत् २०६५ (2008-09) में पृष्ठ 59 पर स्पष्टतः पढ़ें- **''गुजरात में अनेक अवरोधों के बावजूद भाजपा एवं मोदी सरकार विजयी होगी।''**

(16) वि. संवत् २०६६ (2009-10 ई.) के पृष्ठ 71 पर अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा को सफलता प्राप्ति होना, पृष्ठ 75 पर 'जम्मू-कश्मीर' शीर्षक के अन्तर्गत- **'चुनावों में उमर-अब्दुल्ला की नैशनल-कांफ्रेंस गठबन्धन का प्रभावक्षेत्र बढ़ना तथा राजस्थान में भाजपा को चुनावों में हार का सामना।** कांग्रेस को विधानसभा में सफलता प्राप्त होना। इत्यादि।।

(17) संवत् २०६७ (2010-11) के पृष्ठ 67 पर **चीन, पाक की ओर से घुसपैठ** तथा पृष्ठ 75 पर **हरियाणा में कांग्रेस प्रत्याशी श्री भूपेन्द्र हुड्डा का पुनः जीत प्राप्त करने सम्बन्धी भविष्यवाणी सत्य सिद्ध हुई।**

(18) वि. संवत् २०६८ (2011-12 ई.) में प्रधानमन्त्री की निर्णयात्मक पग उठाने में अक्षमता, अमरीका सहित कुछ देशों में आर्थिक मन्दी तथा लीबिया, मिस्र, सूडान, सीरिया, चिली आदि देशों में आन्तरिक क्रान्ति तथा सत्ता-परिवर्तन सम्बन्धी भविष्यवाणियाँ पं. जी की गहन व सूक्ष्म तत्त्वदर्शी विद्वता की परिचायक हैं।

(19) वि. संवत् २०६९ (2012-13 ई.) में भी पृष्ठ 66 पर उन्होंने स्पष्ट उद्घोषित कर लिखा था कि **'मुस्लिम बाहुल्य एवं कट्टर इस्लामी देशों में आन्तिरक गृह-युद्ध, सत्ता-परिवर्तन की प्रबल सम्भावनाएं हैं।** पृष्ठ 68 पर भी उन्होंने लिखा था कि-'अनेकों घोटालों एवं महँगाई सम्बन्धी आरोपों के कारण भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की गरिमा को गहरा धक्का पहुँचेगा।

इसी वर्ष पृ. 70 पर पंजाब में अकाली-भाजपा गठबन्धन के पुनर्विजयी सम्बन्धी भविष्यवाणी भी अक्षरशः सत्य प्रमाणित हुई।

(20) वि. संवत् २०७० (2013-14 ई.) में **पृष्ठ 66 पर अरब व खाड़ी देशों में क्रान्तिकारी परिवर्तन होने सम्बन्धी, प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह एवं यू.पी.ए. सरकार की विश्वसनीयता में ज़बरदस्त कमी आएगी। आगामी विधानसभा चुनावों में यू.पी.ए. कांग्रेस सरकार को भारी क्षति होने के योग हैं एवं च, उत्तराखण्ड में महावृष्टि के संकेत** पृष्ठ 73 कालम-II में स्पष्टतः लिखे थे। अन्य च, पृष्ठ 69, कालम-II पर स्पष्ट पढ़ें- **अरब एवं खाड़ी देशों जैसे-सीरिया, लीबिया, मिस्र, यूगाण्डा, सूडान आदि देशों में क्रान्तिकारी ग्रुप निरकुंश तानाशाही नेताओं के विरुद्ध बगावत पर उतर आएंगे। घटनाक्रम दुनिया के सामने है।**

(21) (*i*) गतवर्ष वि. संवत् २०७१ के **'पंचांगदिवाकर' में 'श्रीनरेन्द्र मोदी' के प्रधानमन्त्री बनने के योग के सम्बन्ध में स्पष्टतः भविष्यवाणी लिखी गई थी**-पढ़े पृष्ठ 76, कालम II (अन्तिम लाईन)-***''यद्यपि नरेन्द्र मोदी के ही प्रधानमन्त्री पद के प्रबल योग बन रहे हैं।''*** अन्यत्र भी (पृष्ठ 81) स्पष्ट रूप से लिखा गया था-***''कठिन चुनौतियों एवं अवरोधों के बावजूद उच्चतम पद प्राप्त करने के योग मिलते हैं।''***

(*ii*) पृष्ठ 81, कालम I पर श्रीराहुल गाँधी की कुण्डली विश्लेषण में स्पष्टतः पढ़ें- ***'उपरोक्त ज्योतिषीय कारणों से श्रीराहुल गाँधी का अभी प्रधानमन्त्री पद पर प्रतिष्ठित होना संदिग्ध लगता है।''***

(*iii*) पृष्ठ 71, मुख्य कॉलम में विधानसभा चुनावों से सम्बन्धित भविष्यवाणी स्पष्ट रूप से पढ़ें-***.....आगामी पाँच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा तथा कांग्रेस में कांटे की टक्कर के बावजूद भाजपा की स्थिति बेहतर होगी।''*** परिणाम आपके समक्ष हैं। **अन्य च, केन्द्र में अप्रत्यशित रूप से नया नेतृत्व वजूद में आएगा।**

(*iv*) पृष्ठ 75, कालम I, में स्पष्ट रूप से पढ़ें-***'अर्थात् वृश्चिक लग्न में वर्ष प्रवेश होने से पश्चिमी क्षेत्रों में नौ मास में दुर्भिक्ष, उत्तरीय प्रदेशों में कृषि का उत्पादन आधा हो और लोहा, ताम्बा, सोना, पीतल, चाँदी आदि धातुओं में समर्घता (तेजी) हो।'*** जैसा कि विदित है कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार भी जून-जुलाई में कम वर्षा के कारण कृषि उत्पादन 40% कम रहने का अनुमान है।

(v) पृष्ठ 75, कालम I में ही स्पष्टत: पढ़ें- *दक्षिणी एशिया एवं खाड़ी क्षेत्रों के मुस्लिम बाहुल्य देशों जैसे-मिस्त्र, ग्रीस, सीरिया, पाकिस्तान, ईराक, अफगानिस्तान आदि देशों में वर्तमान तानाशाही हुकमरानों के विरुद्ध जनाक्रोश, जनान्दोलन, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के संकेत मिलते हैं। कहीं छत्रभंग व सत्ता-परिवर्तन होने के योग हैं'*-जून-जुलाई, 2014 ई. में आई.एस.आई.एस. (I.S.I.S.) जैसे आतंकी संगठन द्वारा सीरिया, ईराक में जो उपद्रव एवं विध्वंसक कार्यवाहियां की गई हैं-वे स्पष्ट संकेत हैं तथा पंडित पन्ना लाल जी द्वारा दिया गया संकेत ईश्वर कृपावश या दुर्भाग्यवश सत्य प्रमाणित हो गया।

(vi) पृष्ठ 74 कालम II में स्पष्ट पढ़ें- *''ऋतुओं (मौसमों) के परिवर्तन में अनिश्चितता रहे। संवत् के प्रथम चार मासों के मध्य उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं से भारी क्षति होने के योग हैं। मेघों एवं सेना का स्वामी सूर्य होने से उपयोगी वर्षा में कमी रहे। आँधियां अधिक हों।''* जैसा कि मई मास के अन्त में उत्तर-भारत में तेज़ आँधियां चली एवं वर्षा की कमी रही।

(vii) पृष्ठ 74 कालम I में स्पष्ट पढ़ें- *''आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में तेज़ी होने से सामान्य लोगों में बेचैनी व कष्ट हों।'' अन्य च, पृष्ठ 77 कालम II,—''दैनिक उपभोग की वस्तुओं के मूल्यों में ज़बरदस्त तेजी हो जाने से सामान्य लोगों का जीवन दूभर हो जाएगा। उपभोग्य वस्तुओं के दाम सामान्य लोगों की पहुँच से दूर होते जाएंगे।''*

(viii) पृष्ठ 80 पर **दिल्ली, उत्तर-प्रदेश एवं राजस्थान शीर्षकों के अन्तर्गत लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में भाजपा की सफलता प्राप्ति की भविष्यवाणियाँ** तथा पंजाब में कांग्रेस के प्रभावक्षेत्र में वृद्धि की भविष्यवाणी पं. विवेक शर्मा ने कर दी थी, जो ईश्वरकृपावश अक्षरश: सत्य सिद्ध हुई।

संवत् २०७२ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल और भविष्यफल

ग्रहों की आकाशी कौंसिल (ग्रह-परिषद्) के दश पदाधिकारों में से तीन अधिक क्रूर ग्रहों को और सात अधिकार शुभ (सौम्य) ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। राजा, मन्त्री तथा रसों के मुख्य अधिकार क्रूर ग्रहों शनि एवं मंगल को प्राप्त हुए हैं। फलस्वरूप विश्व एवं भारत का सामाजिक एवं राजनीतिक वातावरण विक्षुब्ध, अनिश्चित, तनावपूर्ण एवं अशान्त रहेगा। विश्व के अनेक देशों में टकराव, उपद्रव, विद्रोह एवं प्रतिद्वन्दिता की प्रवृत्तियां बढ़ेंगी। लोगों में क्रोध, उत्तेजना, लोभ एवं धन-लोलुपता की भावना अधिक बढ़े। झगड़े-फिसाद, अग्निकाण्ड, साम्प्रदायिक हिंसा, दुर्घटनाएं अधिक होंगी। प्रतिकूल वर्षा होने से एवं विभिन्न प्रकार के क्लिष्ट (पेचीदा) रोगों के कारण लोग परेशान रहेंगे। पृथ्वी के कुछ क्षेत्रों में युद्ध की स्थिति बनी रहेगी। चोरी, ठगी, लूटमार एवं डकैती आदि की घटनाएं अधिक होंगी। **'कीलक'** नामक संवत्सर होने से भी फसलों की हानि होगी तथा महँगाई में वृद्धि होगी। रसदार वनस्पतियों एवं फलों में रस तथा पैदावार की कमी रहेगी।

सस्येश (चौमासा फसलों का स्वामी), **नीरसेश** (धातुओं का स्वामी) तथा **धनेश** (कोश) के अधिकार **देवगुरु बृहस्पति (गुरु)** को प्राप्त होने से खेतीकर एवं कृषि से सम्बन्धित व्यवसाय करने वाले व्यापारी वर्ग को अच्छा मुनाफा प्राप्त होगा। पीतल, सुवर्ण, ताँबा, लौह आदि धातुएं एवं पुखराज, मोती, हीरे आदि जवाहारात तेज़ भाव होंगे। हल्दी, ग्वार में भी तेजी बनेगी। दूध, घी, गोरस की पैदावार अच्छी होगी, व्यापारी वर्ग अधिक सम्पन्न एवं खुशहाल होंगे। परन्तु **रसेश** उग्र ग्रह **शनि** होने से उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में आशातीत वृद्धि होने से सामान्य लोग दु:खी एवं असन्तुष्ट रहेंगे। लोगों एवं परिवारों में परस्पर नीरसता अर्थात् प्रेम-भावना की कमी रहे। वैश्विक ऊष्णता से देश में कहीं न्यून व कहीं अधिक वर्षा से फसलों को हानि होगी।

धान्येश (शीतकालीन फसलों का स्वामी) बुध होने से पंजाब, राजस्थान, हरियाणा आदि तथा सिन्ध (पाक) प्रदेशों में उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। कुछ क्षेत्रों में अच्छी वर्षा भी होगी। परन्तु **फलों एवं मेघ** (वर्षा) का स्वामी **चन्द्र** होने से कुछ प्रदेशों में फल, फूल, अनाज आदि की पैदावार अच्छी होने के संकेत हैं। उपभोग्य एवं सुख-सुविधाओं के साधनों में विस्तार होंगे। दूरसंचार के उपकरणों, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, आभूषण, जवाहरात, रबड़ उद्योग एवं अन्य लघु उद्योगों तथा अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक उन्नति होगी। **दुर्गेश** (सेना) भी **चन्द्रमा** होने से राजनेता (प्रशासक) लोगों में सुष्ठु ढंग से राज्य व्यवस्था करने तथा जनता को सुख-सुविधाएं प्रदान करने की चेष्टा करेंगे। विश्व के अनेक राष्ट्र प्रमुख परस्पर युद्धोन्मुख होंगे। अर्थात् परस्पर (आन्तरिक) तनाव एवं टकराव की स्थिति में होंगे।

नववर्ष प्रवेश एवं जगत् लग्न कुण्डली अनुसार भविष्यवाणियाँ

नववर्ष प्रवेश कुण्डली
20 मार्च, सन् 2015 ई., 15घं.-06मिं.

जगत् लग्नकुण्डली
14 अप्रैल, सन् 2015 ई., 13घं.-45मिं.

'कीलक' नामक नव वि. संवत् २०७२ का प्रवेश चैत्र अमावस की समाप्ति 20 मार्च की दोपहर 15घं.-06मिं. (२१/१५) पर, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, शुक्ल योग कालीन कर्क लग्न में होगा। वर्ष लग्नपति चन्द्रमा अष्टम भाव में शत्रुराशिगत परन्तु मित्र बुध के साथ स्थित है। शत्रुराशिगत एवं राजा शनि की इन पर गुप्त शत्रु दृष्टि भी पड़ रही है। अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का स्वामी (सप्तमधिपति) शनि पंचम भाव में शत्रुराशिगत है परन्तु उस पर उच्चस्थ गुरु की शुभ मित्र दृष्टि है। गुरु-शुक्र के मध्य परस्पर गुप्त शत्रु दृष्टि (4-10) सम्बन्ध भी होने से अन्तर्राष्ट्रीय एवं घरेलू हालात् अत्यन्त असमंजसपूर्ण एवं तनावमय होंगे।

ग्रहस्थिति अनुसार वर्ष के प्रारम्भिक पाँच मास भारतवर्ष के लिए विशेष घटनाक्रम एवं चुनौतियों से भरे रहेंगे। विश्व की प्रमुख शक्तियों-अमरीका, इंग्लैण्ड, फ्रांस, कैनेडा, भारत, रूस आदि के सामने **'इस्लामी कट्टरवाद'** तथा **'शिया-सुन्नी'** संघर्ष एक प्रमुख मुद्दा **रहेगा।** गुरु-शुक्र के मध्य परस्पर गुप्त शत्रु दृष्टि के फलस्वरूप सम्पूर्ण ईराक, सीरिया, इज़रायल-फिलीस्तीन तथा **अन्य मुस्लिम राष्ट्र दीर्घ (लम्बे) गुरिल्ला युद्ध की ओर** अग्रसर होंगे। उच्चस्थ गुरु के प्रभावरूप अमरीका, भारत, रूस जैसे देशों द्वारा मध्यस्तता द्वारा युद्ध-विराम सम्बन्धी प्रयासों के बावजूद विश्व में अशान्ति एवं अस्थिरता का माहौल रहेगा। भारत के पश्चिमी, उत्तर-पश्चिमी, सीमावर्ती प्रदेशों की सीमाओं पर पाकिस्तान एवं चीनी फौजों द्वारा सीमा अतिक्रमण की घटनाओं से युद्धजन्य वातावरण बनेगा। गुरु के प्रभावस्वरूप विश्व में भारत की प्रतिष्ठा एवं प्रभाव में वृद्धि होगी। परन्तु भारत सरकार के समक्ष पाकिस्तान, चीन, बांगलादेश के साथ भौगोलिक विवाद, आतंकवाद, घुसपैठ से सम्बन्धित जटिल और परस्पर विरोधाभासी परिस्थितियां रहेंगी। आतंकवादी हिंसक एवं विस्फोटों के कारण पश्चिमी एशिया (ईराक, सीरिया, अफगानिस्तान) के कुछ देश विशेष रूप से प्रभावित होंगे। **पंचम (विकास व योजना भाव)** भाव में यद्यपि शनि शत्रुराशिगत है, परन्तु गुरु की मित्र दृष्टि होने से भारत सरकार की ओर से प्रजा की भलाई हेतु अनेक विकासोन्मुखी योजनाओं का आरम्भ तथा विस्तार किया जाएगा। वर्ष प्रवेश कुण्डली में कर्क लग्न के उदय का फल शास्त्रों में इस प्रकार से वर्णित है-

कर्के सुखं तु पूर्वस्याम् उत्तरस्यां तु विग्रहः।
स्याच्चासनबलं यावद् दुर्भिक्षं पश्चिमेदिशि।।

अर्थात् वर्ष प्रवेश कर्क लग्न में हो तो पूर्वी क्षेत्रों एवं देशों में सुख एवं ऐशो-आराम/वैभव के साधनों में वृद्धि तथा प्रगति होगी। उत्तर दिशा के क्षेत्रों/देशों में दुःख एवं दुर्घटनाएं अधिक होंगी। जबकि पश्चिमी देश/क्षेत्रों में दुर्भिक्ष, फसलों की हानि तथा लोगों में क्लिष्ट रोगों की उत्पत्ति एवं भय रहे।

जगत् लग्न एवं घटनाक्रम

जगत् लग्न कुण्डली में भी वर्षप्रवेश कुं. की भान्ति कर्क (चर) लग्न उदित हुआ है। लग्न में सत्त्वगुणी एवं स्थिर संज्ञक ग्रह बृहस्पति उच्चस्थ होकर स्थित है। लग्नेश एवं कर्क राशि का स्वामी **चन्द्रमा** (जो देश की सामान्य प्रजा एवं स्त्री वर्ग का भी कारक होता है) **सप्तम भाव** (वैदेशिक सम्बन्ध) में गुरु एवं शुक्र द्वारा दृष्ट है। फलस्वरूप महिला विकास योजनाएं, रूस, जापान, अमरीका, चीन आदि पड़ोसी देशों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर विशेष बल एवं बढ़ावा दिया जाएगा। सौभाग्यवश भारत की विदेश-मन्त्री श्रीमती सुषमा स्वराज महिला ही है। फलस्वरूप मोदी सरकार एवं विदेश मंत्रालय द्वारा विदेशी व्यापार, विदेशी निवेश, महिला सम्बन्धी योजनाओं के बनाने एवं क्रियान्वन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्रहस्थिति अनुसार विश्व के अधिकांश देशों विशेषकर पश्चिमी एशियाई देशों के आन्तरिक, सामाजिक व राजनीतिक हालात् विक्षुब्ध एवं परेशानीकारक होंगे। विशेषकर ईराक, फिलीस्तीन, इज़रायल, सूडान, सीरिया, यूगाण्डा, मिस्र आदि देशों में आन्तरिक परिस्थितियां अस्थिर एवं अशान्तिपूर्ण होंगी। युद्धभय वातावरण के मध्य बड़े पैमाने पर साधारण जनता एक देश से दूसरे देश में पलायन करेगी। कुं. में मं.-शु. ग्रह स्वराशिगत तथा चंद्र, गुरु, सूर्य आदि ग्रह केन्द्रस्थ होने से कुछ देशों में सुभिक्ष अर्थात् धान्य, चना, दालों आदि का उत्पादन यथेष्ठ होगा-

धनेव्यये च सौम्यश्चकेन्द्र वा मेषसंक्रमे।
स्वर्क्षेशुभेसुहृद्दृष्टः सुभिक्षं व्यत्ययोऽन्यथा।।

अर्थात् यदि दूसरे, बारहवें अथवा केन्द्र में सौम्य ग्रह हों और स्वगृही हों तथा मित्र ग्रहों की उन पर दृष्टि हो तो सुभिक्ष होता है, अन्यथा दुर्भिक्ष होता है।

सन् 2015 ई. में ग्रहगोचर और विश्व के हालात

वर्षारम्भ माघ मास (ता. 6 जन. से 3 फर. तक) में पाँच मंगलवारों का समावेश होना, ता. 20 जन. को **भौमवती अमावस** तथा 29 दिसं., 2014 ई. से 21 जन., 2015 ई. तक गुरु-शुक्र के मध्य **समसप्तक योग** रहेगा। इस विपरीत ग्रहस्थिति के फलस्वरूप पाकिस्तान, ईराक, अफगानिस्तान, ईज़रायल-गाज़ा, लीबिया, यूक्रेन, सीरिया आदि मुस्लिम एवं यहूदी देशों में विस्फोटक, हिंसक एवं युद्धप्रेरक घटनाएं होंगी। सत्तारूढ़ एवं जेहादी (आतंकी) ग्रुपों के मध्य हिंसक टकराव के फलस्वरूप व्यापक बमबारी, अग्निकाण्ड, विस्फोट एवं मृत्यु-संहार के समाचार मिलेंगे। किसी देश के प्रमुख नेता के अपदस्थ, सत्ता-परिवर्तन (छत्रभंग) या मृत्यु के भी योग हैं-

यत्र मासे महीसूनो जायन्ते पञ्चवासराः। रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभंगस्तदा भवेत्।

फाल्गुन मास में (4 फर. से 5 मार्च तक) पाँच बुध एवं पांच बृहस्पतिवार का होना, लगभग सम्पूर्ण मास में मंगल-शुक्र का योग रहने से कहीं अतिवृष्टि, अनावृष्टि से बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से जन, धन व सम्पदा को क्षति पहुँचेगी। पश्चिमी देशों विशेषकर पश्चिमी एशिया के देशों में राज्य-परिवर्तन, हिंसा, छद्म युद्ध या गुरिल्ला युद्ध चलेगा।

'यत्र मासे पंचवाराः जायन्ते च वृहस्पतेः। विग्रहः पश्चिमे देशे खड्ग युद्धं च जायते।।'

चैत्र मास (ता. 6 मार्च से 4 अप्रै. तक) में पाँच शुक्र और पाँच शनिवारों का समावेश होने से मिश्रित प्रभाव होंगे। जनसंख्या में वृद्धि तथा विश्व में धन-सम्पदा का प्रसार व नियोजन बढ़ेगा। पाँच शनिवार होने से शिया-सुन्नी-कुर्द, यहूदी आदि जातियों में हिंसा तथा साम्प्रदायकि दंगे-फ़िसाद बढ़ेंगे। जनोपयोगी आवश्यक वस्तुओं एवं धान्यों के मूल्यों में वैश्विक स्तर (सम्पूर्ण विश्व में) पर तेजी होगी। **चैत्र संक्रान्ति** भी शनिवार को होने से विरोधी देशों **जैसे**–इज़रायल, फिलीस्तीन, ईराक-सीरिया, यूक्रेन-रूस, भारत-पाक में युद्धजन्य माहौल बनेगा–

'सौरश्चवारे रवि संक्रमश्चेद दुर्भिक्षमायाति च सर्वधान्यम्।
पृथ्वी सरोगानृपतेः प्रजासु भवेन्महायुद्धभयं तदानीम्।।

वैशाख मास (5 अप्रै. से 4 मई के मध्य) में **पाँच रविवार** होने से भी विश्व के कुछ देशों विशेषकर एशिया में अनाज की कमी, अत्यधिक महँगाई, सूखा व कहीं दुर्भिक्ष का भय सामान्य लोगों में रहेगा। कहीं छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन), आतंकी हमले, जातीय हिंसा, आकस्मिक विस्फोट, अग्निकाण्ड एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने के योग हैं–

'यत्रमासे रविवाराः जायन्ते पंचसततम्।
दुर्भिक्षं छत्रभंगस्यात् दास्ते च महद्भयम्।।'

14 अप्रै. को **मेष संक्रान्ति** भी **मंगलवार** को होने से पृथ्वी पर कहीं असामयिक वर्षा से कहीं समर्घता तथा कहीं दुर्भिक्ष रहे। व्यापारियों को लाभ, राजाओं (राज्याध्यक्षों) में परस्पर युद्ध की इच्छा, प्रजा में रोग-भय, गेहूँ, तिल, रुई के भावों में तेजी होगी। स्वामी--सेवक, पिता-पुत्र आदि निकट सम्बन्धों में भी विरोध रहे, जनता रोगग्रस्त रहे। अग्निकाण्ड, भूकम्प का भय रहेगा।–**'कुजे दिने चायनमेषराशेरभूत राजा खलु भूमिसुनुः।......सूर्योपरागः सुलभाच्च भीतिः भूकम्पनं स्याद्गदितं हि वर्षे।।'**

चान्द्र ज्येष्ठ मास (5 मई से 2 जून मध्य) में पाँच मंगलवार होने से कहीं हिंसक घटनाएं, उपद्रव व पश्चिमी देशों के मध्य युद्ध भय अर्थात् युद्धमय वातावरण रहेगा। किसी प्रमुख नेता (राज्याध्यक्ष) की आकस्मिक मृत्यु या अपदस्थ होने के भी योग हैं। यथा–**(मंगलेम्रियते राजा)।।**

खप्पर योग–चैत्र मास से ज्येष्ठ मास के मध्य (6 मार्च से 2 जून मध्य) क्रमानुसार पाँच शनि, पाँच रवि और पाँच मंगलवार होने से खप्पर योग बना है, जिसका फल शास्त्रकारों ने अशुभ एवं विनाशकारी बताया है। आगे 16 जुलाई को श्रावण संक्रान्ति का आषाढ़ी अमावस से योग होने को भी शास्त्रकारों ने **खप्पर योग** माना है। फलस्वरूप अफगानिस्तान, पाक, ईराक सहित अनेक देशों में राजनीतिक अस्थिरता, उथल-पुथल एवं अशान्ति व्याप्त होगी।

3 जून से 3 जुला. के मध्य **प्रथम चांद्र आषाढ़** मास में पाँच बुधवार एवं पाँच गुरुवार होंगे। फलस्वरूप विश्व में अमरीका, जापान, इन्डोनेशिया जैसे देशों में तूफान, आँधियाँ, सुनामी आदि प्राकृतिक प्रकोप अधिक होंगे। ता. 30 मई से 4 जुला. के मध्य कर्क राशि में गुरु-शुक्र योग रहने एवं ता. 16 जून को **भौमवती अमावस** होने से अफगानिस्तान, ईराक, सीरिया, पाकिस्तान, सूडान आदि मुस्लिम बाहुल्य देशों में आतंकवाद की दावाग्नि पुनः भड़कने लगेगी। भारत, यूक्रेन, बर्मा, इण्डोनेशिया, मलेशिया, कुवैत आदि देश भी इसके प्रभाव में आ जाएंगे। इस अवधि में इज़रायल-फिलीस्तीन, यूक्रेन-रूस, भारत-पाक आदि विरोधी देशों में परस्पर युद्ध एवं सैनिक टकराव होने के योग हैं। पश्चिमी एशिया के क्षेत्रों में हिंसक व विस्फोटक घटनाएं होने से भयावहपूर्ण माहौल रहेगा। सूखे, अकाल के कारण लोग पलायन करेंगे।

गुरु–शुक्रौ यदेकस्थौ नरयुद्धं तदा भवेत्। अकाले वा भवेद्वृष्टि जगत्यां नात्र संशयः।।

14 जुला को **बृहस्पति** सिंह राशि में प्रवेश के बाद अतिचारी गति से संचार करेगा। गुरु-शुक्र का योग भी 14 जुला. से 12 अग. तक रहेगा। ता. 1 अग. तक शनि वक्री रहेगा। इस अवधि में पाक, ईराक, अफगानिस्तान, गाज़ा, सीरिया आदि इस्लामिक देशों में कहीं युद्धमय वातावरण, हवाई-अड्डों आदि पर आक्रमण, विस्फोट होंगे। कहीं दुर्भिक्ष (अनाज की कमी) व अराजकता फैलने का भय होगा–

अतिचारगते जीवे वक्री भूते शनैश्चरे।
हा ! हा ! भूतं जगत् सर्वं रुण्डमाला महीतले।।
अपरं च–शनि वक्रे दुर्भिक्षं च राज्ञां युद्धं परस्परम्।।

पाकिस्तान, मिस्र, सीरिया, सूडान, अफगानिस्तान, यूक्रेन आदि देशों में अप्रत्याशित घटनाएं घटित होने के संकेत हैं।

पुनः श्रावण मास (1 से 29 अग.) में **पाँच शनिवार** होने से पश्चिमी एशिया के देशों में छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन), अग्निकाण्ड, यान-दुर्घटनाएं, किसी वरिष्ठ नेता या व्यक्ति की हत्या या निधन की सम्भावनाएं बनेंगी। परन्तु ता. 2 अग. से **शनि मार्गी** होने से विश्व में कुछ विरोधी देशों एवं गुटों के मध्य भी शान्ति वार्ताएं समायोजित होंगी। इज़रायल-गाज़ा, जिहादी (I.S.I.S.) ग्रुप तथा इराकी सरकार, भारत-पाक, भारत-चीन आदि विरोधी देशों के मध्य समझौते एवं शान्ति वार्ताओं की सम्भावनाएं बनेंगी। अमेरिका-रूस के मध्य तनाव को भी कम करने के लिए यूरोपीय देश प्रयास करेंगे, परन्तु शीत-युद्ध जैसा वातावरण बना रहेगा। रूस के कुछ देशों के साथ द्विपक्षीय सम्बन्ध प्रभावित होंगे।

भाद्रपद मास (30 अग. से 28 सितं. तक) में पाँच रविवार होने तथा 13 अग. से 14 सितं. तक मंगल-शुक्र योग होने से कुछ पश्चिमी एशियाई देशों, मुस्लिम बाहुल्य अफ्रीकी देशों में कहीं दुर्भिक्ष एवं छत्रभंग होने का भय होगा। कहीं उपद्रव, आतंक एवं हिंसक घटनाओं के कारण रोग, शोक तथा भूस्खलन, बाढ़, दुर्भिक्ष एवं भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदाओं का भय होगा।

तदनन्तर **आश्विन मास** में **पाँच मंगलवार** (29 सितं. से 27 अक्तू. तक) होने से विश्व में कहीं युद्ध भय, राजनीतिक उलट-फेर, उपद्रव तथा किसी प्रमुख नेता की आकस्मिक मृत्यु होने के संकेत हैं।

पुनः खप्पर योग—श्रावण से आश्विन मास पर्यन्त (1 अग. से 27 अक्तू. मध्य) क्रमशः पाँच शनि, रवि एवं मंगलवार होने से पुनः खप्पर योग का प्रभाव रहेगा। विश्वभर में आर्थिक मन्दी, सत्ता-परिवर्तन, मुस्लिम देशों में आन्तरिक गृह युद्ध, आतंकी घटनाओं, जातीय हिंसा का बोलबाला रहेगा। लोग दूसरे देश में पलायन के लिए बाध्य हो जाएंगे।

कार्तिक मास (28 अक्तू. से 25 नवं. तक) में पाँच बुधवार तथा कन्या राशि में मंगल-शुक्र-राहु का योग विश्व में विशेष उथल-पुथल करेगा। राजनेताओं व राज्याध्यक्षों का आपस में युद्ध विग्रह होगा और युद्ध, आगज़नी, प्राकृतिक आपदाओं से पृथ्वी रक्त से पूरित हो जाएगी–

मंगलोराहुशुक्रौ च स्थिता यदि त्रयस्तुले। परस्परं नृपैः युद्धं रुधिरैः पूरिता मही।।

फलस्वरूप विरोधी देशों के मध्य युद्ध अथवा गुरिल्ला युद्ध के कारण व्यापक रूप से रक्तपात एवं जन-हानि का भय है।

आगे **मार्गशीर्ष मास** में पाँच गुरुवार एवं पाँच शुक्रवार होने से विश्व के कुछ देशों के आन्तरिक हालात् अस्थिर एवं उद्विग्न होंगे। इस समयावधि में मंगल-राहु योग होने से भी पाकिस्तान, ईराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लीबिया, सूडान, यूक्रेन आदि कुछ देशों के नेतृत्व को गम्भीर चुनौतियों का सामना रहेगा। कुछ स्थलों पर विस्फोटक, आगज़नी व हिंसक घटनाएँ घटित होंगी।

विश्व के कुछ प्रसिद्ध देश

अमेरिका (America)–इसकी प्रभाव राशि मिथुन है। जगत् लग्न में द्वादश भाव में राशि की स्थिति तथा राशिस्वामी बुध पर गुरु की गुप्त शत्रु दृष्टि है। फलस्वरूप ग्रहस्थिति अनुसार अमेरिका की व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार के बावजूद अर्थव्यवस्था विशेष सुदृढ़ नहीं हो पाएगी। पश्चिमी-एशिया के देशों जैसे-ईराक, सीरिया, इज़रायल-गाज़ा, अफगानिस्तान में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप की बजाए परोक्ष रूप से आतंक के विरुद्ध सहायता एवं सहयोग करता रहेगा। परन्तु अन्त में विवशतापूर्वक दूसरे देशों की गृह-युद्ध की आग में सम्मिलित होना पड़ेगा। यूक्रेन आदि के मुद्दों को लेकर रूस के साथ द्विपक्षीय सम्बन्ध कुछ देर के लिए रुक जाएंगे तथा तनावपूर्ण स्थिति रहेगी। पाक, ईराक, ईरान, अफगानिस्तान आदि मुस्लिम बाहुल्य देशों के साथ विदेश नीति का पुनरावलोकन करेगा तथा विशेष बदलाव दृष्टिगत होंगे। विश्व में अपना प्रभुत्व-प्रसार स्थायी रखने एवं बढ़ाने के लिए भारत, चीन जैसे विकासशील देशों के साथ नए राजनैतिक एवं व्यवसायिक अनुबन्ध करेगा। पश्चिमी एशिया के विरोधी देशों के मध्य शान्ति स्थापित करने हेतु शान्ति-वार्ताएं एवं मध्यस्ता भी समायोजित करेगा।

''पाठक ध्यान दें, गतवर्ष पृष्ठ 75 पर इसी कॉलम में हमने लिखा था–**''आतंकी हमलों एवं सुरक्षा सम्बन्धी खतरों की दृष्टि से कुछ खाड़ी देशों में अस्थाई तौर पर अपने दूतावासों को बन्द करने पर मज़बूर होगा।''** जैसे कि पाठक जानते हैं कि जून-जुला. में अमरीका को ईराक एवं अफगानिस्तान में अपनी सेना तथा उच्चायुक्त वापिस बुलाने पड़े। हम पाठकों का आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जो फोन या पत्राचार के माध्यम से हमारी भविष्यवाणियां पढ़कर हमें बधाई देते हैं। जिससे हमें आगामी वर्षों में भी ईश्वर कृपावश ग्रह-अनुशीलन करके भविष्य-आकलन कर कुछ-न-कुछ लिखने की प्रेरणा मिलती है।

पाकिस्तान—जगत् लग्न में इसकी प्रभाव राशि कन्या पर राहु का संचार वर्षभर रहेगा। फलस्वरूप **पाकिस्तान एक ऐसा देश बन जाएगा जो पूरी तरह से खुद के विरुद्ध ही युद्धरत रहेगा।** दूसरे देशों के लिए भी खतरा बन जाएगा। अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में तालिबान परस्पर आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि होगी। यद्यपि पाक सेना द्वारा आतंकियों के विरुद्ध ज़मीनी और हवाई हमले किए जाएंगे। पाकिस्तान के मुख्य शहरों, हवाई अड्डों, सैनिक शिविरों पर आतंकी हमलों में जानो-माल की हानि होगी।

भारत के साथ शान्ति-वार्ताओं एवं व्यापारिक सन्धियों के बावजूद सीमा से उकसाने वाली हरकतों को जान-बूझकर अंजाम दिया जाएगा। पाकिस्तान सेना और जिहादी तत्त्वों को दोस्ती का माहौल रास नहीं आएगा तथा दोनों देशों के मध्य कश्मीर, घुसपैठ, सीमोल्लंघन आदि मुद्दों को जीवन्त रखकर तनावपूर्ण माहौल बनाने का प्रयास होता रहेगा। शरीफ सरकार को भी आन्तिरक विरोध का सामना करने पड़ेगा।

सन् 2015 ई. में मुस्लिम देशों के हालात

इस्लामी मतानुसार एक (यकम) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् आरम्भ होता है। मुस्लिम मतानुसार निर्धारित वर्षकुण्डली में मेष लग्न उदित हुआ है। लग्नेश मंगल अग्नितत्त्व राशिस्थ नवम भाव में स्थित है। उस पर सू.-शु.-श. आदि ग्रहों की गुप्त शत्रु दृष्टियां पड़ रही है। प्रभावस्वरूप पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईराक, सूडान, मिस्र, लीबिया, सीरिया आदि मुस्लिम देशों में आतंकी घटनाएं, सत्तारूढ़ हकूमतों तथा अलकायदा समर्थित जेहादी ग्रुपों के मध्य विध्वंसकारी एवं युद्ध-जन्य हालात रहेंगे। विस्फोट, सामूहिक हत्याएं तथा खूनी-संघर्ष ओर अधिक उग्र हो जाएगा। साधारण लोग एक देश से दूसरे देश में पलायन के लिए बाध्य हो जाएंगे। हवाई अड्डों पर बमबारी, प्रतिष्ठित संस्थानों आदि को विस्फोटों द्वारा विध्वंस कर दिए जाने सम्बन्धी अनेक हृदय विदीर्ण करने वाली घटनाएं घटित होंगी।

मुस्लिम देशों की कुण्डली
सूर्यास्त, 25 अक्तू., 2014 ई.

वि. सम्वत् २०७२ में गोचर ग्रहस्थिति और भारत का भविष्यफल

जन्मकुंडली स्वतंत्र भारत
15 अगस्त, 1947 ई.
($23^{घं.}$-$59^{मिं.}$) भा. स्टैं. टा.

कुंडली गणतंत्र दिवस
26 जनवरी, 1950 ई.
$10^{घं.}$-$19^{मिं.}$ (भा. स्टैं. टा.)

कुं. स्वतंत्र भारत (68वाँ वर्ष)
15 अग. 2014 ई.
($04^{घं.}$-$13^{मिं.}$) (दिल्ली)

कुं. स्वतंत्र भारत, 69वाँ वर्ष
15-08-2015 ई.
($10^{घं.}$-$22^{मिं.}$) (दिल्ली)

कुं. गणतन्त्र दिवस, 66वाँ वर्ष
26/27 जनवरी, 2015 ई.
($02^{घं.}$-$15^{मिं.}$) (A:M.), (दिल्ली)

स्वतन्त्र भारत के 68वें वर्ष (15-08-2014 ई.) की वर्ष कुण्डली में कर्क लग्न उदित हो चुका है। लग्नेश चन्द्रमा नवम (विकास एवं योजना भाव) भाव में यद्यपि केतु युक्त है, परन्तु उच्चस्थ गुरु की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। फलस्वरूप नई मोदी सरकार द्वारा देश **की अर्थव्यवस्था को सम्भालते हुए उसे विकास एवं प्रगति की दिशा में ले जाने हेतु वित्तीय अवस्था में विशेष मौलिक एवं बुनियादी परिवर्तन किए जाएंगे।** व्यापक राष्ट्रहित में कई नई योजनाएं एवं नीतियां बनाकर फैसले लिए जाएंगे, परन्तु केतु के प्रभाव से कुछ क्षेत्रियों पार्टियों एवं विपक्ष का विरोध प्रखर रूप से सामने आएगा। मुंथा छठे भाव में एवं मुंथा स्वामी लग्न भाव में दैत्यगुरु एवं चतुर्थेश शुक्र के साथ स्थित है। जिसके प्रभावस्वरूप अगस्त, 2014 ई. से देश में आन्तरिक विरोध, आतंकी घटनाओं, दुर्घटनाओं, साम्प्रदायिक एवं जातीय हिंसा, अनावृष्टि से असमंजसपूर्ण वातावरण रहेगा। लोगों में महँगाई, मूल्यवृद्धि, बेरोजगारी, कुछ क्षेत्रों में अकालजन्य स्थिति के कारण अशान्ति व भय होगा।

गुरु-शुक्रौ यदेकस्थौ नरयुद्धं तदा भवेत्।। अकाले वा भवेद् वृष्टिः जगत्यां नात्र संशयः।।

केन्द्रीय सरकार को योजनाओं को क्रियान्वित करने में विशेष क्लिष्ट एवं पेचीदा समस्याओं तथा अवरोधों का सामना रहेगा। पुनः कुण्डली में दो विरोधी ग्रहों मंग.-शुक्र का चतुर्थ भाव में योग तथा षष्ठम भाव में मुंथा का होना व्यक्ति और देश-दोनों के लिए अनिष्टकारी होता है। फलस्वरूप विकास योजनाओं पर आशातीत खर्चों के बावजूद वांछित लाभ नहीं हो पाएंगे। लघु एवं वृहद् विकास योजनाओं में आकस्मिक अड़चनों एवं अनावश्यक खर्चों में वृद्धि के कारण विकास की गति धीमी रहेगी। प्राकृतिक प्रकोपों एवं अग्निकाण्ड आदि के कारण भी विकास की गति अवरुद्ध होगी।

यदा सौरि भौमे सुरराजमंत्री भार्गवश्च यदैक राशौ समसप्तके वा।
अयोध्या मध्यदेशे, लंकापुरे च क्षुधाभयं शस्त्रं करोति।।

अयोध्या, मध्यप्रदेश, लंका, असम, उड़ीसा, पं. बंगाल आदि पूर्वी प्रदेशों में हिंसक, विस्फोटक घटनाएं तथा प्राकृतिक उपद्रव घटित होंगे। मुंथा के प्रभावस्वरूप पाक, चीन आदि विरोधी देशों के साथ व्यापारिक रिश्ते बढ़ने के बावजूद सीमा पर तनाव व घुसपैठ यथावत जारी रहेंगे। षष्ठ भाव में मुंथा (जोकि प्रत्यक्ष एवं परोक्ष शत्रु का भाव भी है) के कारण मोदी सरकार के समक्ष पाक, चीन के साथ भौगोलिक विवाद, आतंकवाद सम्बन्धित जटिल और परस्पर विरोधाभासी स्थितियां रहेंगी, जो समय-समय पर सरकार की परीक्षा लेंगी। लोकसभा में अप्रत्याशित जीत की भान्ति आगामी कुछ राज्यों जैसे-महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, झारखण्ड में भी भाजपा को विजय श्री प्राप्त होगी। परन्तु अपेक्षाकृत कम तथा गठजोड़ के उपरान्त ही सरकार बनाने में सफलता प्राप्त होगी। नए-नए समीकरण बनेंगे। विपक्षी पार्टियां आपस में गठजोड़ कर लेंगी।

66वें गणतन्त्र दिवस (26 जन., 2015 ई.) की कुण्डली में वृश्चिक लग्न उदित हुआ है। लग्न भाव में शत्रुराशिगत शनि का चतुर्थ शत्रु भावस्थ (सामान्य प्रजा की प्रसन्नता का भाव) मंगल के साथ परस्पर गुप्त शत्रु दृष्टि (४-१०) सम्बन्ध बन रहा है। जिसके प्रभावस्वरूप वर्ष के प्रारम्भिक महीनों में देश का राजनैतिक एवं सामाजिक वातावरण अत्यन्त विक्षुब्ध, अशान्त, तनावपूर्ण एवं अनिश्चित रहेगा। सत्तारूढ़ तथा विपक्षी पार्टियों के मध्य आरोप-प्रत्यारोप लगेगें। नवम (योजना) भाव में स्थित गुरु की लग्न भाव पर मित्र दृष्टि के प्रभावस्वरूप आधारभूत ढांचे को मज़बूत करके सरकारी कामकाज का स्तर सुधारा जाएगा तथा गुणात्मक सुधार लाकर सरकारी **योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जाएगा।** मुंथेश सूर्य तृतीय भाव (पड़ोसी देशों का भाव) में बुध के साथ स्थित है तथा गुरु के साथ प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि पड़ रही है। प्रभावस्वरूप भारत विदेश नीति के अन्तर्गत पड़ोसी देशों को विशेष महत्त्व देगा। परन्तु पाक-चीन भरोसे का कत्ल करना नहीं छोड़ेंगे। परन्तु फिर भी गुरु की लग्न पर दृष्टि के फलस्वरूप विकासशील देशों में भारत का प्रभाव एवं प्रभुत्व बढ़ेगा। मोदी सरकार अनेक नवीन योजनाओं जैसे-उद्योगों एवं रोजगार को

प्रोत्साहन देने के लिए विदेशी निवेश को आकर्षित करना, कृषि-सिंचाई के लिए देश की प्रमुख नदियों को जोड़ना, नमामि गंगा योजना, गांवों में ब्रॉडबेंड के लिए डिजिटल इण्डिया योजना, तीर्थ-यात्रा पर्यटन आदि विभिन्न योजनाओं द्वारा विकास की गति में तेज़ी लाई जाएगी। नई तीव्र गति की ट्रेनें चलाकर, सुशासन पर बल देकर आम साधारण जनता के मध्य सरकार की लोकप्रियता बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा।

स्वतन्त्र भारत के 69वें वर्ष की कुण्डली में 15 अग., 2015 ई. को कन्या लग्न उदित होगा। इस वर्ष कुण्डली में भारत की प्रभावराशि (मकर) पर मुंथा पंचम भाव (प्रशासनिक बुद्धि) में शुभ है, परन्तु उस पर सूर्य-मंगल-शुक्र एवं शनि की शुभाशुभ दृष्टियां पड़ रही हैं। **फलस्वरूप आगामी वर्ष भी प्रधाननेता के लिए असमंजसपूर्ण एवं विवशतापूर्ण परिस्थितियों वाला रहेगा। भ्रष्टाचार एवं महँगाई का मुद्दा अभी आम आदमी को उद्वेलित और आन्दोलित करता रहेगा।** जिससे सरकार की छवि एवं प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। नए छोटे राज्यों के गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाएगी। सरकार द्वारा पुराने कानूनों, धारा 370 तथा कॉमन सिविल कोड जैसे ज्वलन्त मुद्दों के प्रावधानों पर पुर्नविचार करने से विपक्षी दलों द्वारा आलोचना की जाएगी, जिससे ऐसी कई योजनाओं का क्रियान्वयन लम्बित हो जाएगा।

सन् 2015 ई. में गोचरग्रह और भारतवर्ष

वर्षारम्भ **माघ मास** (ता. 6 जन. से 3 फर. तक) में पाँच मंगलवार होने से देश के सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों के लिए शुभ नहीं है। देश में कहीं आतंकी एवं हिंसक घटनाओं की सम्भावना, राज्य परिवर्तन व साम्प्रदायिक घटनाओं का भय रहेगा। किसी प्रमुख नेता के अपदस्थ या आकस्मिक मृत्यु के भी योग हैं। ता. 29 दिसं., 2014 ई. से 21 जन., 2015 ई. तक **गुरु-शुक्र के मध्य समसप्तक योग** के प्रभावस्वरूप उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, असम आदि के पूर्वी क्षेत्रों में तथा जम्मू-कश्मीर के पश्चिमोत्तर भागों में व्यापक हिंसा, अग्निकाण्ड, उपद्रव एवं साम्प्रदायिक घटनाएं अधिक घटित होंगी। ता. 20 जन. को भौमवती अमावस भी राजनीतिक पक्ष से अशुभ मानी गई है।

राज्यभ्रंशो राजयुद्धं क्लेशानां च प्रवर्द्धनम्। उपघातोऽल्पवृष्टिश्च क्षयश्चार्थस्य भूमिजे।।

अर्थात् देश में राजनीतिक टकराव या राजनेताओं में परस्पर विग्रह एवं आरोप-प्रत्यारोप हों, कहीं छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन), उपद्रव व हिंसक घटनाएं हों। अल्पवृष्टि एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण आवश्यक वस्तुओं में कमी के कारण मूल्यों में तेजी हो।

फाल्गुन मास में (4 फर. से 5 मार्च तक) पाँच बुध एवं पाँच बृहस्पतिवार होने से मिश्रित प्रभाव रहेंगे। पाँच बुधवारों के प्रभाव से अनाजादि की पैदावार में वृद्धि होगी तथा उच्चवर्ग में सुख-सुविधाओं के साधनों का विस्तार होगा। परन्तु पाँच बृहस्पतिवार होने से कुछ प्रदेशों में उपयुक्त वर्षा की कमी रहे, तो कहीं अतिवृष्टि से बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से जन व धन-सम्पदा को क्षति पहुँचे। भारत के पश्चिमी प्रदेशों में एवं देश की पश्चिमी सीमाओं पर आतंकवादी एवं विस्फोटक घटनाएँ, जघन्य हत्याएं, उपद्रव एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के संकेत हैं। मास में **मंगल-शुक्र-केतु** योग रहने से विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के मध्य विरोध एवं टकराव का माहौल रहेगा। अनावृष्टि से फसलों को नुक्सान होगा-

शुक्रस्य यदि भौमेन-योगो वा समसप्तकम्। वृष्टिर्मासे तदाकाले।।

चैत्र मास (ता. 6 मार्च से 4 अप्रै. तक) में पाँच शुक्र और पाँच शनिवार होने से मिश्रित प्रभाव होंगे। जनसंख्या में वृद्धि, विदेशी निवेश, शेयर-बाज़ार में तेजी तथा धन के प्रचार-प्रसार में वृद्धि होगी। देश में मुद्रा-स्फीति का प्रसार बढ़ेगा। पाँच शनिवारों के कारण जनापयोगी आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में तेजी तथा पूर्वोत्तर दिशा में कहीं राज्यभंग, अग्निकाण्ड व युद्धादि का भय हो।

शनिवारा यदा पंचपाताले कम्पते फणीः। ईशान देशभंगश्च वह्णि दाहो महर्घता।।

वैशाख मास (5 अप्रै. से 4 मई के मध्य) में पाँच रविवार होने के प्रभावस्वरूप अत्यधिक महँगाई एवं भ्रष्टाचार के कारण सामान्य लोगों में आर्थिक परेशानियां तथा सामाजिक असुरक्षा की भावना रहेगी। कहीं छत्रभंग, राजनैतिक अस्थिरता एवं राजनैतिक गतिरोध पैदा होने का भय है। **ता. 18 अप्रै. को शनिवारी अमावस्या** होने से गेहूँ, अनाजादि वस्तुओं में कमी के कारण जनता को दुर्भिक्ष जन्य स्थिति के कारण महान् दुःख तथा भयंकर कष्टप्रद परिस्थितियों का सामना रहे। पिता-पुत्र में पराङ्गमुखता हो अर्थात् बहुत निकट के रिश्तेदारों में प्रेम-भावना की कमी रहेगी। राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अति स्वार्थपरता के कारण साम्प्रदायिकता, कट्टरवाद का फैलाव तथा चरित्रिक मूल्यों का ह्रास होगा।

दुर्भिक्षं रौरवं घोरं महादुखं महद्भयम्। पराङ्गमुखाः पितुः पुत्रा व्यसनं शनिवासरे।।

चान्द्र ज्येष्ठ मास (5 मई से 2 जून तक) से पाँच मंगलवारों का होने किसी प्रधाननेता के अपदस्थ या आकस्मिक मृत्यु होने के संकेत हैं। देश के किसी क्षेत्र विशेष में छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन), अग्निकाण्ड, उपद्रव, साम्प्रदायिक दंगे, तनाव एवं विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के योग हैं-

यत्रमासे महीसूनो जायन्ते पंचवासराः। रक्तेन पूरिता पृथिवी छत्रभंगस्तदा भवेत्।।

3 मई से 14 जून तक **मंगल-शनि** के मध्य **समसप्तक योग** होने से उत्तर-प्रदेश, मध्य-प्रदेश, बिहार, असम एवं अन्य कुछ राज्यों में हिंसा, राजनीतिक टकराव, उपद्रव, साम्प्रदायिक दंगे एवं हिंसक घटनाएं घटित होने के योग हैं-

यदा सौरि भौमे सुरराज मन्त्री, भार्गवश्च यदैक राशौ समसप्तके वा।
अयोध्या मध्यदेशे लंकापुरे, पूर्वस्यां च क्षुधाभयं शस्त्रं करोति।।

खप्पर योग-चैत्र से ज्येष्ठ मास के मध्य (6 मार्च से 2 जून तक) क्रमानुसार पाँच शनि, पाँच रवि और पाँच मंगलवार होने से खप्पर योग बना है। इसका फल शास्त्रों में अशुभ एवं भयकारक लिखा है व अति अनिष्ट एवं कष्टकारी घटनाएं घटित होने के संकेत हैं-

शनिः स्यादाद्यसंक्रान्तौ द्वितीयायां प्रभाकरः। तृतीयायां कुजो योगः खर्पराखयोति कष्टकृत।।

इस कालावधियों में चीन व पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों एवं शरारतपूर्ण कुटिल चालों से भारत में घुसपैठ तथा कोई बड़ी वारदात कराने के प्रयास करेंगे। सैन्य-टकराव व युद्धभय रहेगा।

प्रथम चान्द्र आषाढ़ मास (3 जून से 2 जुला. तक) में पाँच बुध एवं पाँच बृहस्पति वार होने, 4 जुला. तक कर्क राशि में गुरु-शुक्र योग रहने एवं 16 जून को भौमवती अमावस होने से देश के कुछ राज्यों में आन्तरिक कलह, उपद्रव एवं अशान्ति अथवा गुरिल्ला युद्ध जैसे हालात बनेंगे। कहीं छत्रभंग अथवा किसी विशिष्ट नेता के अपदस्थ या अपमृत्यु के योग हैं।

''यत्रमासे पञ्चवाराः जायन्ते च बृहस्पतेः। विग्रहः पश्चिमी देशे खड्ग युद्धं च जायते।।''

द्वितीय आषाढ़ मास (3 जुला. से 31 जुला. तक) में पाँच शुक्रवार होने से धन-सम्पदा का प्रसार व अपव्यय बढ़ेगा। **'प्रजा वृद्धिस्तु भार्गवे।।**–जनसंख्या में विशेष वृद्धि होगी। ता. 14 जुला. को गुरु शीघ्र गति से सिंह राशि में आकर शुक्र के साथ 12 अग. तक रहेगा। इन पर वक्री शनि की दृष्टि रहेगी। फलस्वरूप गेहूँ, तिल, उड़द, घी, चावल आदि दैनिक उपभोग्य वस्तुओं में अत्यधिक तेजी से लोगों में हाहाकार होगा। सोना, ताँबा आदि धातुएं भी तेज होंगी। आषाढ़ और भाद्रपद मास में अच्छी वर्षा होगी। श्रावण में कम वर्षा होगी।

गोधूमतिलमाषाज्य शालीनां च महर्घता।
सुवर्णरुप्यताम्रादेः प्रवालानां समर्घता।। श्रावणेवृष्टिरल्पैः....।।

ता. 16 जुला. को कर्क संक्रान्ति, गुरुवार को अमावस्या तिथि को होने से खप्पर योग का प्रभाव रहेगा। जिससे प्राकृतिक आपदाओं एवं अप्रत्याशित घटनाओं, अग्निकाण्ड, भूकम्प आदि के कारण लोग भयभीत रहें। अत्यधिक महँगाई के कारण साधारण जन पीड़ित एवं क्रुद्ध रहेंगे।

श्रावण मास में (ता. 1 से 29 अग. तक) पाँच शनिवार पड़ने से आवश्यक वस्तुओं जैसे–दूध, ईंधन, सब्जियां, तेल आदि के भावों में अत्यधिक तेज़ी, सामान्य लोगों में क्लिष्ट रोगों की उत्पत्ति, लोगों में पारस्परिक सौहार्द की कमी, राजनीतिक गठबन्धनों में परिवर्तन व साम्प्रदायिक टकराव हो–

शनिवारा यदा पंचजायन्ते रविपंचकम्। महार्घं जायन्ते धान्यं रोग शोकाकुला पृथिवी।।

बृहस्पति (गुरु) इस समय अतिचारी गति से संचार कर रहा है। देश में महँगाई, अनाज, आवश्यक वस्तुओं में कमी, लोगों के जीवन, धन-सम्पदा आदि की हानि होगी, कहीं दुर्भिक्ष, अकाल जन्य परिस्थितियां बनेंगी। प्रजा में विक्षोभ, राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता, अशान्ति जैसे हालात बनेंगे।

यदा सौम्यग्रहः कोऽपि अतिचारोऽपि जायते।
दुर्भिक्षं नृपपीड़ाश्च शुभं न दृश्यते क्वचित्।।

अगस्त (श्रावण) में शुक्र का उदय एवं अस्त देवतागण में होने तथा एक ही मास में गुरु-शुक्र ग्रहों का अस्त होना अशुभ माना गया है। राजनेताओं में परस्पर विग्रह एवं टकराव पैदा होंगे। सामान्य लोगों में भय, महारोग एवं असुरक्षा की भावना बने। कहीं साम्प्रदायिक टकराव एवं हिंसक घटनाएँ घटित हो सकती हैं–**सिंहे नृणामरणं लोक धनादि नाशः।।** जन-धन एवं सम्पदा आदि की क्षति हो। गुजरात, राजस्थान, पश्चि. म.प्र. में उत्पन्न होने वाले धान्य, फसलों की हानि होगी।

भाद्रपद मास (30 अग. से 28 सितं. तक) में पाँच रविवार होने तथा 13 अग. से 14 सितं. तक मंगल-शुक्र योग होने से अत्यधिक महँगाई, दुर्भिक्ष अथवा अकाल जैसी स्थिति बनती है। सामान्य लोगों में महँगाई के कारण क्रोध व अशान्ति रहे। जम्मू-कश्मीर, उ.प्र., बिहार आदि राज्यों में लोगों में भय का वातावरण रहेगा।

यत्रमासे रविवाराः जायन्ते पंचसततम्। दुर्भिक्षं छत्रभङ्गस्यात् वह्णि दाहो महर्घता।।

तदनन्तर आश्विन मास में पाँच मंगलवार (29 सितं. से 27 अक्तू. तक) होने तथा कन्या राशि में सूर्य-बुध-राहु रहने से देश के किसी राज्य में सत्ता परिवर्तन, उपद्रव एवं साम्प्रदायिक दंगे अधिक होंगे। किसी प्रमुख नेता के अपदस्थ या आकस्मिक मृत्यु के भी योग हैं।.....

........रक्तेन पूरिता पृथिवी छत्रभङ्गस्तदा भवेत्।।'

पुनः खप्पर योग–श्रावण मास से आश्विन मास पर्यन्त (1 अग. से 27 अक्तू. तक) खप्पर योग का प्रभाव रहने से देश में महँगाई, भ्रष्टाचार तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ निम्न व गरीब वर्ग तक न पहुँच पाने के कारण जनता में आवेश एवं असन्तोष की भावना रहेगी।

कार्तिक मास (28 अक्तू. से 25 नवं. तक) में पाँच बुधवार होने से देश के कुछ हिस्सों में दुर्भिक्ष, अनाज एवं वर्षा की कमी रहेगी। अनाज के भावों तथा महँगाई में वृद्धि होगी।

मासाद्यादिवसे सोमसुतवारो यदा भवेत्।
धान्यं महर्घं त्रीन्मासान्भावे वर्षे हि दुःखकृत्।।

इस मास मंगल-शुक्र-राहु का योग भी राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में विशेष उथल-पुथल करेगा।

आगे मार्गशीर्ष मास (26 नवं. से 25 दिसं. तक) में पाँच गुरुवार एवं पाँच शुक्रवार समाविष्ट होने से जम्मू-कश्मीर, उत्तर-प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, असम आदि में साम्प्रदायिक तनाव, उपद्रव एवं हिंसक घटनाएँ होने के संकेत हैं। देश में भ्रष्टाचार, मुनाफाखोरी एवं अत्यन्त महँगाई के विरुद्ध सरकारी योजनाओं का क्रियान्वन पर्याप्त नहीं रहेगा। सरकारी तंत्र असहाय प्राय हो जाएगा। सम्भ्रांत लोगों में धन का प्रसार अधिक बढ़ेगा।

प्रधानमन्त्री श्रीनरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार

प्रधानमन्त्री श्रीनरेन्द्र मोदी का जन्म वृश्चिक लग्न में उदित हुआ है। लग्नेश मंगल लग्न भाव में ही स्वराशिगत होकर भाग्येश चन्द्रमा के साथ है। फलस्वरूप श्रीमोदी जी की कुण्डली में रूचक, राजयोग, नीचभंगराजयोग आदि अनेक शुभ योग बन रहे हैं। चन्द्रमा--मंगल योग लग्नस्थ होने से चंद्रमा का नीच योग भंग हो चुका है। वृश्चिक लग्न में भाग्येश चन्द्रमा की महादशा/अन्तर्दशा विशेष रूप से शुभ एवं भाग्योदयकारक होती है। गुरु-शुक्र-शनि ग्रह केन्द्र में हैं।

'जातक पारिजात ग्रन्थ' के अनुसार यदि नवमेश, लाभेश, धनेश, उनमें से एक भी चन्द्रमा से केन्द्र में हो तो जातक को अखण्ड राज्य का पति बनावें।

धर्मेशलाभेश धनेश्वराणामेकोऽपि शीतद्युतिकेन्द्रवर्ती।-अखण्डसाम्राज्यपतित्वमेति।।

अन्यतर भी, यदि बृहस्पति, शुक्र और नवमेश केन्द्र या त्रिकोण या लाभ भाव में हों, तो जातक अनेक वाहनों से युक्त तथा भूमण्डल का राजा होता है।

गुरुशुक्रशुभाधीशाः केन्द्रकोणायगा यदि। अनेकपानसम्पन्नो मण्डलाधिपतिभवेत्।।

श्रीनरेन्द्र मोदी को चन्द्रमा की महादशा नवम्बर, 2011 से प्रारम्भ हो चुकी है। दिसम्बर, 2012 में श्री मोदी को पुनः तीसरी बार मुख्यमन्त्री पद प्राप्त हुआ। अब चन्द्र मध्य राहु की विषम परिस्थितियों से युक्त दशा में भारत देश का प्रधानमन्त्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। **गतवर्ष वि. संवत् २०७१ में हमने श्रीनरेन्द्र मोदी के प्रधानमन्त्री बनने की भविष्यवाणी स्पष्टतः कर दी गई थी। पृष्ठ 76 पर अन्तिम लाईन में पढ़ें–''यद्यपि नरेन्द्र के ही प्रदानमन्त्री पद के प्रबल योग बन रहे हैं।'' पुनः च, पृष्ठ 81 पर देखें–''कठिन चुनौतियों एवं अवरोधों के बावजूद उच्चतम पद प्राप्ति के योग हैं।''** जिन पाठकों ने पत्र या फोन द्वारा हमें प्रशंसापत्र एवं श्लाघा संदेश भेजे हैं, उनका हम हृदय से आभार प्रकट करते हैं।

वर्तमान प्रधानमन्त्री श्रीनरेन्द्र मोदी ने 26 मई, 2014 ई. को सायं 6 बजकर 13 मिनट पर चर लग्न तुला में पद की शपथ ग्रहण की थी। जबकि उनके मंत्रीमण्डल ने स्थिर लग्न वृश्चिक में अपने-अपने पदों की शपथ ग्रहण की थी। प्रधानमन्त्री की शपथकालीन कुं. में स्थिरसंज्ञक ग्रह शनि अपनी उच्च राशि में संचार कर रहा है। उस पर योजना (नवम्) भाव में उच्चस्थ होकर बैठे गुरु की शुभ मित्र दृष्टि है। फलस्वरूप अनेक अवरोधों एवं आलोचनाओं के बावजूद मोदी सरकार भारत को विकास पथ पर अग्रसर करने में सफलता प्राप्त करेगी। मोदी सरकार के समक्ष देश की आन्तरिक एवं बाह्य समस्याओं के सम्बन्ध में गम्भीर चुनौतियां एवं व्यवधान आएंगे। परन्तु अतिशीघ्र गति से बढ़ती महँगाई, बेमौसमी वर्षा, भ्रष्टाचार, पेयजल-बिजली व अन्य उपभोग्य, खाद्यान्न आदि वस्तुओं की कमी आदि समस्याओं का यथासम्भव निराकरण करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी लोकप्रियता बढ़ाएगी। वैश्विक जगत् पर मोदी जी के प्रभामंडल का प्रभाव बढ़ने के साथ--साथ भारत का भी गौरव बढ़ेगा।

श्री मोदी जी को वर्तमान काल में चन्द्र मध्ये राहु की अन्तर्दशा (6-05-2013 ई. से 5-11-2014 ई. तक) चल रही है। फलस्वरूप प्रधानमन्त्री पद सम्भालने के बाद पाँच मास तक मोदी जी के सामने देश की क्लिष्ट व पेचीदा आन्तरिक समस्याओं तथा विकट अन्तर्राष्ट्रीय (बाहरी) समस्याएं आएंगी। परन्तु जन्म कुं. में भी गुरु गोचरवश नवम भाव में आकर लग्न पर शुभ दृष्टि रखेगा। फलस्वरूप मोदी जी अपने विवेक एवं कुशल प्रबन्धन के बल सफलतापूर्वक अपना पद निर्वाह करेगें। आगे 5 नवं., 2014 ई. से 6 मार्च, 2016 ई. तक चंद्र मध्ये गुरु की अन्तर्दशा और भी शुभ एवं मोदी जी की प्रतिष्ठा व प्रभाव में वृद्धिकारक रहेगी।

शेष मन्त्रीमण्डल द्वारा वृश्चिक (स्थिर) लग्न में शपथ लेना भी सशक्त एवं प्रभावशाली सरकार का द्योतक है। लग्नेश (केन्द्रिय नेतृत्व, मंत्रीमण्डल के हालात का भाव) मंगल एकादश भाव (वाणिज्य, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों, राष्ट्रीय आय का भाव) में होने से देश की अर्थव्यवस्था एवं व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाए जाएंगे। परन्तु द्वादश (गुप्त शत्रु, विपक्ष) भाव में **शनि-राहु** योग होने से अधिकतर समय आरोप-प्रत्यारोप में व्यतीत होगा।

भारत के कुछ मुख्य प्रान्त

हिमाचल प्रदेश–इसकी प्रभाव राशि **मीन** तथा नाम राशि **कर्क** है। 68वें स्वतन्त्र भारत की कुण्डली में नाम राशि कर्क लग्न ही उदित हुआ है। लग्न में सूर्य, गुरु व शुक्र ग्रहों का संचार शुभ तथा प्रभाव राशि मीन पर चंद्र-केतु का संचार अशुभ परन्तु इस पर गुरु की दृष्टि होने से वर्ष 2015 ई. के पूर्वार्द्ध (जून) तक प्रदेश अनेक अवरोधों के बावजूद प्रगति मार्ग पर अग्रसर होगा। लग्न पर शनि की गुप्त शत्रु दृष्टि भी होने से प्रदेश एवं केन्द्रीय सरकार में खींचतान के कारण कुछ योजनाओं के क्रियान्वन में विलम्ब हो जाएगा। यद्यपि राज्य सरकार आम आदमी से लेकर उद्योगों, कृषकों को सस्ती बिजली उपलब्ध करवाकर अपनी प्रतिष्ठा एवं साख में वृद्धि करेगी। जुलाई, 2015 से वर्षान्त तक ग्रहस्थिति अनुसार विशेष प्राकृतिक आपदाएं, भूस्खलन, अतिवृष्टि एवं सड़क तथा प्राकृतिक दुर्घटनाओं के कारण कृषि, जन, धन आदि की हानि होने के संकेत हैं। सड़क एवं भवन-निर्माण तथा नवीन उद्योग स्थापन पर विशेष बल (ध्यान) दिया जाएगा।

पंजाब–इसकी नाम राशि कन्या तथा प्रभावराशि मीन है। गोचर ग्रहस्थिति अनुसार कन्या राशि पर वर्षभर राहु तथा मीन पर केतु का संचार रहेगा। भ्रष्टाचार एवं नशे की फैलती जड़ें लगातार गहरी होने से सरकार की प्रतिष्ठा व छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रदेश के कुछ भागों में कानून एवं व्यस्था की प्रणाली सुचारू न होकर असंतोषजनक रहेगी। बिजली तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि, महँगाई तथा ग्रामीण क्षेत्र की तुष्टीकरण नीति के कारण शहरी लोगों, छोटे व्यापारियों एवं उद्योगपतियों में गहन असन्तोष एवं आक्रोश की भावना रहेगी। आगामी वर्ष मन्त्रीमण्डल में विशेष परिवर्तन होंगे। अकाली पार्टी के अपने पुराने गठबन्धन भाजपा के साथ तनावपूर्ण सम्बन्ध रहेंगे। अनेक क्लिष्ट एवं पेचीदा समस्याओं के बावजूद बादल सरकार द्वारा बिजली, सड़क-निर्माण, निर्माणाधीन पुलों, कृषि विकास, प्रापर्टी टैक्स में कमी या हटा करके यथासम्भव प्रयास करेगी तथा प्रान्त प्रगतिपथ पर अग्रसर होगा।

ध्यान दें, गतवर्ष इस कॉलम के अन्तर्गत पृष्ठ 79 पर लोकसभा चुनावों सम्बन्धी भविष्यवाणी स्पष्ट लिखी गई थी–'आगामी लोकसभा चुनावों में 13 में से यद्यपि कांग्रेस की अपेक्षा अकाली-भाजपा अधिक सीटों पर ही विजयी होंगे। परन्तु कुछ क्षेत्रों में कड़ी चुनौतियां तथा वोट प्रतिशत में कमी आएगी। कांग्रेस के प्रभाव में वृद्धि होगी।' पाठक जानते हैं कि यह भविष्यवाणी सत्य सिद्ध हुई।

जम्मू-कश्मीर–प्रभावराशि तुला तथा नाम राशि मकर है। प्रभावराशि पर शनि-साढ़ेसति का प्रभाव तथा मकर राशि पर सूर्य-बुध योग पर गुरु की अशुभ दृष्टि रहेगी। गतवर्ष इसी कॉलम में पृष्ठ 80 पर लोकसभा चुनावों सम्बन्धी भविष्यवाणी में स्पष्टतः लिखा गया था–***''आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में पी.डी.पी. का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा। जम्मू क्षेत्र से भाजपा के पुनः विजयी होने के संकेत हैं।''*** जोकि पूर्ण रूप से हू-ब-हू सत्य प्रमाणित हुई।

68वें स्वतन्त्र भारत कुं. में तुला राशि पर मंगल-शनि योग सत्तारूढ़ नैशनल कांफ्रेस पार्टी के लिए अशुभ प्रभाव करेगा। **आगामी अक्तू.-नवंबर, 2014 ई. में होने वाले विधानसभा चुनावों सम्बन्धी भविष्यवाणी हम गतवर्ष की पंचांग में ही कर चुके हैं। पुनः 68वें स्वतन्त्र भारत की कुं. में (15-08-2014 ई. के आगे) ग्रहस्थिति अनुसार पी.डी.पी. एवं भाजपा का जनाधार तथा सीटें बढ़ने के बावजूद स्पष्ट बहुमत किसी भी पार्टी को नहीं प्राप्त होगा। चुनाव पश्चात् गठबन्धन सरकार अस्तित्व में आएगी। त्रिशंकु विधानसभा बनने के ही संकेत हैं।''** नवीन गठबन्धन सरकार राज्य में केन्द्रीय सहायता से अनेक स्पोटर्स, खेल, रेलवे, यातायात, स्वास्थ्य एवं पर्यटन सम्बन्धी अनेक योजनाओं का शिलान्यास तथा पुरानी योजनाओं को नई धार देकर अर्थव्यवस्था में सुधार लाया जाएगा। धारा 370 तथा कॉमन सिविल कोड सम्बन्धी ज्वलन्त मुद्दों पर केन्द्र एवं राज्य सरकार में वाद-विवाद जन्य माहौल रहेगा। आतंकवादी तत्त्व निरीह एवं निर्दोष लोगों को निमित्त बनाकर अपनी कुटिल स्वार्थपूर्ति एवं वारदातें करने में प्रयासरत होंगे।

हरियाणा–प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि मिथुन है। 68वें स्वतन्त्र भारत कुं. में मीन राशि पर चंद्र-केतु का संचार तथा मिथुन राशि द्वादशभावगत होगी। 26-01-2015 को 66वें गणतंत्र दिवस कुं. में भी वर्षभर मीन राशि पर केतु का संचार तथा मिथुन राशि अष्टमगत होगी। विपरीत ग्रहस्थिति अनुसार राज्य अक्तू.-नवं. में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद राजनीतिक अस्थिरता की ओर बढ़ेगा। इनैलो, हजकां, आप, भाजपा, कांग्रेस आदि पार्टियों के अतिरिक्त नई क्षेत्रीय पार्टियों का उदय होने से राजनीतिक अस्थिरता का वातावरण रहेगा। यद्यपि भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरेगी, फलस्वरूप चुनाव पश्चात् परिस्थिति अनुसार इनैलो या हजकां से समर्थन लेकर या देकर गठबन्धन सरकार बनाई जा सकेगी। चुनाव पूर्व अपनी छवि को ठीक करने के लिए कांग्रेस सरकार लोकलुभावन विशेष राजनीतिक एवं सामाजिक कदम उठाएगी। नई सरकार पुराने कानूनों के प्रावधानों विशेषकर गुरुद्वारा कानून, भूमि अधिनियमों में विशेष रूप से परिवर्तन करेगी। अनेक मुद्दों पर पक्ष/प्रतिपक्ष द्वारा आरोप लगाए जाएंगे।

उत्तर-प्रदेश–प्रभाव राशि धनु तथा नाम राशि वृष है। 68वें स्वतन्त्र भारत (15-08-2014 ई.) की कुं. में धनु राशि षष्ठ भाव में मुंथा युक्त है तथा राशिस्वामी तथा मुंथेश गुरु लग्न भाव में उच्चराशिगत परन्तु अस्तगत है। मुंथा पर उच्च शनि की दृष्टि रहेगी। फलस्वरूप सत्तारूढ़ सपा सरकार एवं केन्द्रीय सरकार के मध्य तनावपूर्ण सम्बन्ध बन सकते हैं। कानून एवं विकास की बिगड़ती व्यवस्था में सुधार हेतु उ.प्र. को छोटे राज्यों में विभाजित करने की माँग उठने लगेगी। इस सम्बन्ध कोई पुनर्गठन आयोग आदि कुछ स्थापित किया जा सकता है। कुछ क्षेत्रों से विरोध भावना का प्राकृटय होगा।

गतवर्ष के इसी कॉलम में पृष्ठ 80 पर स्पष्टतः पढ़ें–''भाजपा का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा।''

दिल्ली–इसकी प्रभाव राशि मकर है। गतवर्ष इसी कॉलम में पृष्ठ 80 पर कांग्रेस सरकार के पदच्युत एवं भाजपा सम्बन्धी भविष्यवाणी स्पष्टतः पढ़ें–''---**एवं बढ़ती महँगाई शीला सरकार की साख एवं प्रतिष्ठा के लिए अत्यधिक क्षतिकारक सिद्ध होगी।** आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में भाजपा निसन्देह सशक्त पार्टी के रूप **में उभरकर सामने आएगी। परन्तु सरकार बनाने के लिए आम पार्टी तथा स्वतन्त्र विधायकों का समर्थन लेना पड़ सकता है।''** जोकि वह नहीं ले पाई। तथा आप द्वारा अल्पकालिक सरकार बना ली गई। आगे जो हुआ, वह पाठकों को ज्ञात ही है।

आगामी 68वें (15-08-2014 ई.) स्वतन्त्र भारत कुं. तथा 66वें (26-01-2015 ई.) गणतन्त्र दिवस कुं. में ग्रहस्थिति अनुसार वर्षान्त तक पुनः चुनाव हो जाएंगे। वृश्चिक राशिस्थ शनि की मकर राशि पर दृष्टि रहेगी। वृश्चिक राशिस्थ शनि का अशुभ प्रभाव विशेष रूप से इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली) पर पड़ता है–ऐसा शास्त्रों में वर्णित है।

यदा बृश्चिकगः सौरिः मेदिनी दुःख संयुता।
वर्षमात्रमथोचोर्ध्वामिंद्रप्रस्थो विनश्यति।।

अर्थात् एक वर्ष के भीतर दिल्ली शहर में नाशकारी (हिंसक) कृत्य अधिक हों। चुनावों में यद्यपि भाजपा को सशक्त बहुमत मिल जाएगा। परन्तु कांग्रेस भी सशक्त विपक्षी पार्टी के रूप में उभरकर सामने आएगी। आप का जनाधार कम होगा। आगे हरि इच्छा प्रबल है।

उपरोक्त भविष्यवाणियां देश, स्थान आदि की जन्म-कुण्डलियों में ग्रहों की स्थिति, दशा एवं गोचर ग्रहों के प्रभाव व संकेतानुसार अपनी अल्प बुद्धि के अनुसार लिपिबद्ध की गई हैं। वास्तव में सर्वज्ञ एवं सर्वश्रेष्ठ भविष्यवेत्ता तो स्वयं भगवान् ही हैं–

''फलानि ग्रह संचारेण सूचयन्ति मनीषिणः। को वक्तः तारतम्यस्य वेधसं विना।''

लेख लिपिबद्धम्–
श्रावण शुक्ल प्रतिपदा
10 अग., रविवार, 2014 ई.

शुभ चिन्तकः
पं. विवेक शर्मा ज्योतिषी
सुपुत्र परम श्रद्धेय स्वर्गीय पं. पन्ना लाल ज्योतिषी,
जालन्धर (पंजाब)

सूर्यादि ग्रहों का राशि प्रवेश, वक्री-मार्गी एवं उदयास्त (घं. मिं.) (सन् 2015-16 ई.)

सूर्य राशि प्रवेश (वर्षारम्भ में धनु में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.	ता. मास	राशि	घं. मिं.
14 जन.	मकर	19/26	17 अग.	सिंह	12/25
13 फर.	कुम्भ	8/26	17 सितं.	कन्या	12/19
14 मार्च	मीन	29/18	17 अक्तू.	तुला	24/15
14 अप्रै.	मेष	13/45	16 नवं.	वृश्चिक	24/02
15 मई	वृष	10/37	16 दिसं.	धनु	14/42
15 जून	मिथुन	17/12	14 जन.(16)	मकर	25/25
16 जुला.	कर्क	28/02	13 फर.	कुम्भ	14/24
			14 मार्च	मीन	11/17

मंगल राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मीन में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.	ता. मास	राशि	घं. मिं.
23 मार्च	मेष	22/46	15 सितं.	सिंह	21/29
3 मई	वृष	23/53	3 नवं.	कन्या	8/07
15 जून	मिथुन	25/08	24 दिसं.	तुला	05/57
30 जुला.	कर्क	26/18	20 फर.(16)	वृश्चिक	16/42

बुध राशि प्रवेश (संवतारम्भ में कुम्भ में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.	ता. मास	राशि	घं. मिं.
27 मार्च	मीन	25/34	29 अक्तू.	तुला	22/42
12 अप्रै.	मेष	8/40	17 नवं.	वृश्चिक	7/30
27 अप्रै.	वृष	12/04	6 दिसं.	धनु	12/01
19 मई	वक्री	7/17	26 दिसं.	मकर	23/49
11 जून	मार्गी	28/02	5 जन(16)	वक्री	18/34
5 जुला.	मिथुन	12/13	14 जन.	व. धनु	15/01
20 जुला.	कर्क	23/02	25 जन.	मार्गी	27/20
4 अग.	सिंह	18/16	8 फर.	मकर	27/06
23 अग.	कन्या	8/38	1 मार्च	कुम्भ	24/11
17 सितं.	वक्री	23/38	18 मार्च	मीन	28/36
9 अक्तू.	मार्गी	20/27	2 अप्रै.	मेष	27/44

गुरु राशि प्रवेश (संवतारम्भ में कर्क में वक्री)

ता. मास	राशि	घं. मिं.	ता. मास	राशि	घं. मिं.
8 अप्रै.	मार्गी	22/23	8 जन.(16)	वक्री	10/05
14 जुला.	सिंह	6/23			

शुक्र राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मेष में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.	ता. मास	राशि	घं. मिं.
6 अप्रै.	वृष	19/43	5 जुला.	सिंह	9/50
2 मई	मिथुन	20/33	25 जुला.	वक्री	14/58
30 मई	कर्क	20/55	13 अग.	व. कर्क	17/23

शुक्र राशि प्रवेश

ता. मास	राशि	घं. मिं.
6 सितं.	मार्गी	14/01
30 सितं.	सिंह	28/14
3 नवं.	कन्या	7/30
30 नवं.	तुला	7/45
25 दिसं.	वृश्चिक	15/14
(सन् 2016 ई.)		
19 जन.	धनु	6/20
12 फर.	मकर	14/49
7 मार्च	कुम्भ	21/06
31 मार्च	मीन	27/23

—शनि—

(संवतारम्भ में वृश्चिक में वक्री)

ता. मास	राशि	घं. मिं.
2 अग.	मार्गी	11/24
25 मार्च(16)	वक्री	15/17

सारा संवत् वृश्चिक राशि में ही संचार करेगा।

राहु (संवतारम्भ में कन्या में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.
29 जन.(16)	सिंह	25/21

—केतु—

(संवतारम्भ में मीन में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.
29 जन.(16)	कुम्भ	25/21

—यूरेनस—

सारा संवत् मीन राशि में ही संचार करेगा।

—नैपच्यून—

सारा संवत् कुम्भ राशि में ही संचार करेगा।

—प्लूटो—

वर्षभर धनु राशि में ही संचार करेगा।

ग्रहों का वक्री-मार्गी

मंगल

सारा संवत् मार्गी अवस्था में ही संचार करेगा।

बुध

ता. मास		घं. मिं.
19 मई	वक्री	7/17
11 जून	मार्गी	28/02
17 सितं.	वक्री	23/38
9 अक्तू.	मार्गी	20/27
(सन् 2016 ई.)		
5 जन.	वक्री	18/34
25 जन.	मार्गी	27/20

गुरु

ता. मास		घं. मिं.
8 अप्रै.	मार्गी	22/23
8 जन.(16)	वक्री	10/05

शुक्र

ता. मास		घं. मिं.
25 जुला.	वक्री	14/58
6 सितं.	मार्गी	14/01

शनि

ता. मास		घं. मिं.
14 मार्च(15)	वक्री	20/21
2 अग.	मार्गी	11/24
25 मार्च(16)	वक्री	15/17

यूरेनस

ता. मास		घं. मिं.
26 जुला.	वक्री	16/02
26 दिसं.	मार्गी	9/19

नैपच्यून

ता. मास		घं. मिं.
12 जून	वक्री	14/32
18 नवं.	मार्गी	21/58

प्लूटो

ता. मास		घं. मिं.
17 अप्रै.	वक्री	09/18
25 सितं.	मार्गी	12/21

ग्रहों का उदय-अस्त (वि. संवत् २०७२)

मंगल

ता. मास		घं. मिं.
10 अप्रै.	पश्चिम-अस्त	12/05
12 अग.	पूर्वोदय	25/34

बुध

ता. मास		घं. मिं.
27 मार्च	पूर्वेऽस्त	18/27
22 अप्रै.	पश्चिमोदय	7/54
22 मई	व. पश्चिम-अस्त	14/37
8 जून	व. पूर्वोदय	13/49
12 जुला.	पूर्व में अस्त	12/06
5 अग.	पश्चिमोदय	11/37
24 सितं.	व. पश्चिम-अस्त	20/56
7 अक्तू	व. पूर्वोदय	9/40
28 अक्तू	पूर्व में अस्त	5/01
11 दिसं.	पश्चिमोदय	15/49

बुध (2016 ई.)

ता. मास		घं. मिं.
8 जन.	व. पश्चिमाऽस्त	27/41
20 जन.	व. पूर्वोदय	11/44
8 मार्च	पूर्व में अस्त	25/07
5 अप्रै.	पश्चिम में उदय	19/53

गुरु

ता. मास		घं. मिं.
12 अग.	पश्चिम में अस्त	11/34
7 सितं.	पूर्व में उदय	15/52

शुक्र

ता. मास		घं. मिं.
5 अग.	पश्चिम में अस्त	10/12
20 अग.	पूर्व में उदय	20/17

शनि

ता. मास		घं. मिं.
13 नवं.	पश्चिम-अस्त	9/50
16 दिसं.	पूर्वोदय	23/53

ग्रहों का नक्षत्र-चरण प्रवेश-संवत् २०७२ वि. (सं. 2015-16 ई.)

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2015 ई.	नक्षत्र चरण	घं. मिं.
18 मार्च	उ.भा. (1)	13/36
21 मार्च	उ.भा. (2)	22/03
25 मार्च	उ.भा. (3)	6/39
28 मार्च	उ.भा. (4)	16/15
31 मार्च	रेव. (1)	24/21
4 अप्रै.	रेव. (2)	9/31
7 अप्रै.	रेव. (3)	18/47
10 अप्रै.	रेव. (4)	28/11
14 अप्रै.	अश्वि(1)मेष	13/45
17 अप्रै.	अश्वि (2)	23/29
21 अप्रै.	अश्वि (3)	9/20
24 अप्रै.	अश्वि (4)	19/20
28 अप्रै.	भर. (1)	05/31
1 मई	भर. (2)	15/54
4 मई	भर. (3)	26/22
8 मई	भर. (4)	25/40
11 मई	कृति (1)	23/46
15 मई	कृति (2) वृष	10/37
18 मई	कृति (3)	21/37
22 मई	कृति (4)	8/39
25 मई	रोहि. (1)	19/53
29 मई	रोहि. (2)	7/13
1 जून	रोहि. (3)	18/40
5 जून	रोहि. (4)	6/13
8 जून	मृग. (1)	17/48
11 जून	मृग. (2)	29/29
15 जून	मृग(3)मिथुन	17/12
18 जून	मृग. (4)	28/56
22 जून	आर्द्रा (1)	16/46
25 जून.	आर्द्रा (2)	28/36
29 जून	आर्द्रा (3)	16/33
2 जुला.	आर्द्रा (4)	28/27
6 जुला.	पुन. (1)	16/25
9 जुला.	पुन. (2)	28/18

2015 ई.	नक्षत्र चरण	घं. मिं.
13 जुला.	पुन. (3)	16/13
16 जुला.	पुन.(4)कर्क	28/02
20 जुला.	पुष्य (1)	15/51
23 जुला.	पुष्य (2)	27/38
27 जुला.	पुष्य (3)	15/24
30 जुला.	पुष्य (4)	27/07
3 अग.	आश्ले (1)	14/48
6 अग.	आश्ले (2)	26/21
10 अग.	आश्ले (3)	13/49
13 अग.	आश्ले (4)	25/10
17 अग.	मघा (1) सिंह	12/25
20 अग.	मघा (2)	23/33
24 अग.	मघा (3)	10/37
27 अग.	मघा (4)	21/34
31 अग.	पू.फा. (1)	8/24
3 सितं.	पू.फा. (2)	19/05
7 सितं.	पू.फा. (3)	5/39
10 सितं.	पू.फा. (4)	16/01
13 सितं.	उ.फा. (1)	26/15
17 सितं.	उफा(2)कन्या	12/19
20 सितं.	उ.फा. (3)	22/14
24 सितं.	उ.फा. (4)	8/02
27 सितं.	हस्त (1)	17/43
30 सितं.	हस्त (2)	27/15
4 अक्तू.	हस्त (3)	12/36
7 अक्तू.	हस्त (4)	21/45
11 अक्तू.	चित्रा (1)	6/45
14 अक्तू.	चित्रा (2)	15/34
17 अक्तू.	चित्रा(3)तुला	24/15
21 अक्तू.	चित्रा (4)	8/47
24 अक्तू.	स्वा. (1)	17/12
27 अक्तू.	स्वा. (2)	25/29
31 अक्तू.	स्वा. (3)	9/37
3 नवं.	स्वा. (4)	17/35

2015-16 ई.	नक्षत्र चरण	घं.मिं.
6 नवं.	विशा. (1)	25/25
10 नवं.	विशा. (2)	9/05
13 नवं.	विशा. (3)	16/38
16 नवं.	विशा.(4)वृश्चि.	24/02
20 नवं.	अनु. (1)	7/22
23 नवं.	अनु. (2)	14/37
26 नवं.	अनु. (3)	21/46
29 नवं.	अनु. (4)	28/49
3 दिसं..	ज्ये. (1)	11/45
6 दिसं.	ज्ये. (2)	18/37
9 दिसं.	ज्ये. (3)	25/22
13 दिसं.	ज्ये. (4)	8/03
16 दिसं.	मूल (1) धनु	14/42
19 दिसं.	मूल (2)	21/17
22 दिसं.	मूल (3)	27/52
26 दिसं.	मूल (4)	10/27
29 दिसं.	पू.षा. (1)	16/59
(सन् 2016 ई.)		
1 जन.	पू.षा. (2)	23/29
5 जन.	पू.षा. (3)	05/58
8 जन.	पू.षा. (4)	12/27
11 जन.	उ.षा. (1)	18/55
14 जन.	उषा 2 मकर	25/25
18 जन.	उ.षा. (3)	7/58
21 जन.	उ.षा. (4)	14/35
24 जन.	श्रव. (1)	21/14
27 जन.	श्रव. (2)	27/57
31 जन.	श्रव. (3)	10/43
3 फर.	श्रव. (4)	17/31
6 फर.	धनि. (1)	24/24
10 फर.	धनि. (2)	7/21
13 फर.	धनि.(3)कुंभ	14/24
16 फर.	धनि. (4)	21/34
19 फर.	शत. (1)	28/52

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2016 ई.	नक्षत्र चरण	घं. मिं.
23 फर.	शत. (2)	12/18
26 फर.	शत. (3)	19/50
29 फर.	शत. (4)	27/28
4 मार्च	पू.भा. (1)	11/14
7 मार्च	पू.भा. (2)	19/06
10 मार्च	पू.भा. (3)	27/08
14 मार्च	पूभा(4)मीन	11/17
17 मार्च	उ.भा. (1)	19/36
20 मार्च	उ.भा. (2)	28/06
24 मार्च	उ.भा. (3)	12/46
27 मार्च	उभा (4)	21/34
31 मार्च	रेव. (1)	6/32
3 अप्रै.	रेव. (2)	15/38
6 अप्रै.	रेव. (3)	24/51
10 अप्रै.	रेव. (4)	10/14

मंगल नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में रेव. (4) में)

23 मार्च	अश्वि(1)मेष	22/46
28 मार्च	अश्वि (2)	10/02
1 अप्रै.	अश्वि (3)	21/49
6 अप्रै.	अश्वि (4)	10/09
10 अप्रै.	भर. (1)	23/02
15 अप्रै.	भर. (2)	12/27
19 अप्रै.	भर. (3)	26/25
24 अप्रै.	भर. (4)	16/57
29 अप्रै.	कृति. (1)	8/07
3 मई	कृति (2)वृष	23/53
8 मई	कृति. (3)	16/17
13 मई	कृति. (4)	9/16
17 मई	रोहि. (1)	26/47
22 मई	रोहि. (2)	20/59
27 मई	रोहि. (3)	15/46
1 जून	रोहि. (4)	11/13
6 जून	मृग. (1)	7/16

मंगल नक्षत्र प्रवेश

2015 ई.	नक्षत्र चरण	घं.मिं.
10 जून	मृग. (2)	27/54
15 जून	मृग(3)मिथु.	25/08
20 जून	मृग. (4)	23/00
25 जून	आर्द्रा(1)	21/23
30 जून	आर्द्रा (2)	20/25
5 जुला.	आर्द्रा (3)	20/03
10 जुला.	आर्द्रा (4)	20/15
15 जुला.	पुन. (1)	20/54
20 जुला.	पुन. (2)	22/10
25 जुला.	पुन. (3)	23/58
30 जुला.	पुर्न 4 कर्क	26/18
4 अग.	पुष्य (1)	29/12
10 अग.	पुष्य (2)	8/32
15 अग.	पुष्य (3)	12/22
20 अग.	पुष्य (4)	16/41
25 अग.	आश्ले (1)	21/30
30 अग.	आश्ले (2)	26/49
5 सितं.	आश्ले (3)	8/37
10 सितं.	आश्ले (4)	14/48
15 सितं.	मघा(1)सिंह	21/29
20 सितं.	मघा (2)	28/38
26 सितं.	मघा (3)	12/18
1 अक्तू.	मघा (4)	20/25
7 अक्तू.	पू.फा. (1)	05/01
12 अक्तू.	पू.फा. (2)	14/07
17 अक्तू.	पू.फा. (3)	23/43
23 अक्तू.	पू.फा. (4)	9/54
28 अक्तू.	उ.फा. (1)	20/43
3 नवं.	उफा 2 कन्या	8/07
8 नवं.	उ.फा. (3)	20/07
14 नवं.	उ.फा. (4)	8/53
19 नवं.	हस्त (1)	22/28
25 नवं.	हस्त (2)	12/57
30 नवं.	हस्त (3)	28/20
6 दिसं.	हस्त (4)	20/44
12 दिसं.	चित्रा (1)	14/21

मंगल नक्षत्र प्रवेश

2015-16 ई.	नक्षत्र चरण	घं.मिं.
18 दिसं.	चित्रा (2)	9/22
24 दिसं.	चित्रा 3 तुला	5/57
29 दिसं.	चित्रा (4)	28/15
(सन् 2016 ई.)		
4 जन.	स्वा. (1)	28/33
11 जन.	स्वा. (2)	7/17
17 जन.	स्वा. (3)	12/53
23 जन.	स्वा. (4)	21/57
30 जन.	विशा. (1)	11/06
5 फर.	विशा. (2)	29/23
13 फर.	विशा. (3)	6/29
20 फर.	विशा 4 वृश्चि.	16/42
28 फर.	अनु. (1)	15/24
8 मार्च	अनु. (2)	9/29
18 मार्च	अनु. (3)	14/51
1 अप्रै.	अनु. (4)	14/59

बुध नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में शत. (4) में)

22 मार्च	पू.भा. (1)	7/12
24 मार्च	पू.भा. (2)	6/26
25 मार्च	पू.भा. (3)	28/33
27 मार्च	पूभा 4 मीन	25/34
29 मार्च	उ.भा. (1)	21/35
31 मार्च	उ.भा. (2)	16/51
2 अप्रै.	उ.भा. (3)	10/47
3 अप्रै.	उ.भा. (4)	28/06
5 अप्रै.	रेवती (1)	20/35
7 अप्रै.	रेव. (2)	12/25
8 अप्रै.	रेव. (3)	27/39
10 अप्रै.	रेव. (4)	18/20
12 अप्रै.	अश्वि (1) मेष	8/40
13 अप्रै.	अश्वि (2)	22/45
15 अप्रै.	अश्वि (3)	12/47
16 अप्रै.	अश्वि (4)	26/56

बुध नक्षत्र प्रवेश

2015 ई.	नक्षत्र चरण	घं. मिं.
18 अप्रै.	भर. (1)	17/30
20 अप्रै.	भर. (2)	8/40
21 अप्रै.	भर. (3)	10/08
23 अप्रै.	भर. (4)	18/29
25 अप्रै.	कृति. (1)	13/59
27 अप्रै.	कृति 2 वृष	12/04
29 अप्रै.	कृति. (3)	13/43
1 मई	कृति. (4)	20/14
4 मई	रोहि. (1)	9/55
7 मई	रोहि. (2)	11/46
11 मई	रोहि. (3)	15/54
19 मई	वक्री	7/17
27 मई	व. रोहि. (2)	16/24
2 जून.	व. रोहि. (1)	18/36
11 जून	मार्गी	28/02
20 जून	रोहि. (2)	20/13
24 जून	रोहि. (3)	24/56
28 जून	रोहि. (4)	05/39
30 जून	मृग. (1)	22/24
3 जुला.	मृग (2)	7/57
5 जुला.	मृग 3 मिथुन	12/13
7 जुला.	मृग. (4)	12/41
9 जुला.	आर्द्रा (1)	10/12
11 जुला.	आर्द्रा (2)	05/25
12 जुला.	आर्द्रा (3)	22/44
14 जुला.	आर्द्रा (4)	14/42
16 जुला.	पुर्न (1)	05/39
17 जुला.	पुन. (2)	19/49
19 जुला.	पुन. (3)	9/33
20 जुला.	पुन.(4)कर्क	23/02
22 जुला.	पुष्य (1)	12/30
23 जुला.	पुष्य (2)	26/08
25 जुला.	पुष्य (3)	14/53
27 जुला.	पुष्य (4)	6/33
28 जुला.	आश्ले(1)	21/38
30 जुला.	आश्ले.(2)	13/26

2015 ई.	नक्षत्र चरण	घं. मिं.
1 अग.	आश्ले (3)	6/03
2 अग.	आश्ले (4)	23/39
4 अग.	मघा(1)सिंह	18/16
6 अग.	मघा (2)	13/59
8 अग.	मघा (3)	10/53
10 अग.	मघा (4)	9/05
12 अग.	पू.फा. (1)	8/38
14 अग.	पू.फा. (2)	9/46
16 अग.	पू.फा. (3)	12/31
18 अग.	पू.फा. (4)	17/05
20 अग.	उ.फा. (1)	23/40
23 अग.	उफा (2) कं.	8/38
25 अग.	उ.फा. (3)	20/26
28 अग.	उ.फा. (4)	11/35
31 अग.	हस्त (1)	7/41
3 सितं.	हस्त (2)	10/27
6 सितं.	हस्त (3)	24/35
11 सितं.	हस्त (4)	18/16
17 सितं.	वक्री	23/38
23 सितं.	व. हस्त (3)	15/46
27 सितं.	व. हस्त (2)	13/05
30 सितं.	व. हस्त (1)	15/25
3 अक्तू.	व. उफा(4)	17/21
9 अक्तू.	मार्गी	20/27
15 अक्तू.	हस्त (1)	24/37
18 अक्तू.	हस्त (2)	24/00
21 अक्तू.	हस्त (3)	11/14
23 अक्तू.	हस्त (4)	17/09
25 अक्तू.	चित्रा (1)	20/18
27 अक्तू.	चित्रा (2)	21/56
29 अक्तू.	चित्रा 3 तुला	22/42
31 अक्तू.	चित्रा (4)	23/06
2 नवं.	स्वा. (1)	23/22
4 नवं.	स्वा. (2)	23/43
6 नवं.	स्वा. (3)	24/16
8 नवं.	स्वा. (4)	25/01
10 नवं.	विशा. (1)	26/11

2015-16 ई.	नक्षत्र चरण	घं.मिं.
12 नवं.	विशा. (2)	27/37
14 नवं.	विशा. (3)	29/24
17 नवं.	विशा. 4 वृश्चि.	7/30
19 नवं.	अनु. (1)	9/54
21 नवं.	अनु. (2)	15/07
23 नवं.	अनु. (3)	15/29
25 नवं.	अनु. (4)	18/35
27 नवं.	ज्ये. (1)	21/51
29 नवं.	ज्ये. (2)	25/15
1 दिसं.	ज्ये. (3)	28/45
4 दिसं.	ज्ये. (4)	8/23
6 दिसं.	मूल.(1)धनु	12/01
8 दिसं.	मूल (2)	15/47
10 दिसं.	मूल (3)	19/42
12 दिसं.	मूल (4)	23/50
14 दिसं.	पू.षा. (1)	28/18
17 दिसं.	पू.षा. (2)	9/22
19 दिसं.	पू.षा. (3)	15/22
21 दिसं.	पू.षा. (4)	22/54
24 दिसं.	उ.षा. (1)	9/01
26 दिसं.	उषा(2)मकर	23/49
29 दिसं.	उ.षा. (3)	25/03
(सन् 2016 ई.)		
3 जन.	उषा (4)	24/20
5 जन.	वक्री	18/34
7 जन.	व. उ.षा.(3)	11/16
11 जन.	व. उ.षा. (2)	22/17
14 जन.	व. उषा(1)धनु	15/01
16 जन.	व. पूषा (4)	28/35
20 जन.	व. पूषा (3)	27/44
25 जन.	मार्गी	27/20
1 फर.	पू.षा. (4)	18/45
5 फर.	उ.षा. (1)	20/19
8 फर.	उषा (2)मक	27/06
11 फर.	उ.षा. (3)	25/18
14 फर.	उ.षा. (4)	18/26

बुध नक्षत्र प्रवेश

2016 ई.	नक्षत्र चरण	घं. मिं.
17 फर.	श्रव. (1):	8/08
19 फर.	श्रव. (2)	19/08
21 फर.	श्रव. (3)	28/03
24 फर.	श्रव. (4)	11/16
26 फर.	धनि. (1)	16/54
28 फर.	धनि. (2)	21/10
1 मार्च	धनि. 3 कुंभ	24/11
3 मार्च	धनि. (4)	26/00
5 मार्च	शत. (1)	26/43
7 मार्च	शत. (2)	26/23
9 मार्च	शत. (3)	25/02
11 मार्च	शत. (4)	22/43
13 मार्च	पू.भा. (1)	19/28
15 मार्च	पू.भा. (2)	15/20
17 मार्च	पू.भा. (3)	10/22
18 मार्च	पूभा (4)मीन	28/36
20 मार्च	उ.भा. (1)	22/05
22 मार्च	उ.भा. (2)	14/55
24 मार्च	उ.भा. (3)	7/09
25 मार्च	उ.भा. (4)	22/55
27 मार्च	रेव. (1)	14/19
29 मार्च	रेव. (2)	05/29
30 मार्च	रेव (3)	20/38
1 अप्रै.	रेव. (4)	11/59
2 अप्रै.	अश्वि(1)मेष	27/44
4 अप्रै.	अश्वि (2)	20/24
6 अप्रै.	अश्वि (3)	14/17
8 अप्रै.	अश्वि (4)	9/59
10 अप्रै.	भर. (1)	8/24

गुरु नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में आश्ले (1) में वक्री)

तिथि	नक्षत्र चरण	घं. मिं.
8 अप्रै.	मार्गी	22/23
10 मई	आश्ले (2)	7/41
6 जून	आश्ले (3)	14/59
26 जून	आश्ले (4)	17/25
14 जुला.	मघा(1)सिंह	6/23
30 जुला.	मघा (2)	12/37

गुरु नक्षत्र प्रवेश

2015-16 ई.	नक्षत्र चरण	घं.मिं.
14 अग.	मघा (3)	27/11
30 अग.	मघा (4)	8/32
14 सितं.	पू.फा. (1)	21/34
30 सितं.	पू.फा. (2)	18/10
17 अक्तू.	पू.फा. (3)	13/45
5 नवं.	पू.फा. (4)	8/08
28 नवं.	उ.फा. (1)	20/49
(सन् 2016 ई.)		
8 जन.	वक्री	10/05
17 फर.	व. पू.फा. (4)	25/04
15 मार्च	व. पू.फा. (3)	12/42

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में अश्वि (4) में)

तिथि	नक्षत्र चरण	घं. मिं.
23 मार्च	भर. (1)	19/22
26 मार्च	भर. (2)	14/10
29 मार्च	भर. (3)	9/10
31 मार्च	भर. (4)	28/26
3 अप्रै.	कृति (1)	23/57
6 अप्रै.	कृति 2 वृष	19/43
9 अप्रै.	कृति (3)	15/47
12 अप्रै.	कृति (4)	12/08
15 अप्रै.	रोहि. (1)	8/45
18 अप्रै.	रोहि. (2)	5/44
20 अप्रै.	रोहि. (3)	27/03
23 अप्रै.	रोहि. (4)	24/45
26 अप्रै.	मृग. (1)	22/52
29 अप्रै.	मृग. (2)	21/28
2 मई	मृग 3 मिथुन	20/33
5 मई	मृग. (4)	20/11
8 मई	आर्द्रा (1)	20/25
11 मई	आर्द्रा (2)	21/18
14 मई	आर्द्रा (3)	22/53
17 मई	आर्द्रा (4)	25/14
20 मई	पुर्न (1)	28/28
24 मई	पुर्न (2)	8/44
27 मई	पुर्न (3)	14/09

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2015 ई.	नक्षत्र चरण	घं. मिं.
30 मई	पुर्न (4) कर्क	20/55
3 जून	पुष्य (1)	5/15
6 जून	पुष्य (2)	15/28
9 जून	पुष्य (3)	27/52
13 जून	पुष्य (4)	18/58
17 जून	आश्ले (1)	13/24
21 जून	आश्ले (2)	12/06
25 जून	आश्ले (3)	16/56
30 जून	आश्ले (4)	6/17
5 जुला.	मघा(1)सिंह	9/50
11 जुला.	मघा (2)	17/27
24 जुला.	मघा (3)	9/40
25 जुला.	वक्री	14/58
26 जुला.	व. मघा (2)	19/04
7 अग.	व. मघा (1)	18/15
13 अग.	व. आश्ले (4) कर्क	17/23
18 अग.	व. आश्ले(3)	27/17
24 अग.	व. आश्ले(2)	29/18
6 सितं.	मार्गी	14/01
19 सितं.	आश्ले (3)	14/13
25 सितं.	आश्ले (4)	24/35
30 सितं.	मघा(1)सिंह	28/14
5 अक्तू.	मघा (2)	16/54
9 अक्तू.	मघा (3)	20/34
13 अक्तू.	मघा (4)	18/03
17 अक्तू.	पू.फा. (1)	11/03
20 अक्तू.	पू.फा. (2)	24/36
24 अक्तू.	पू.फा. (3)	11/23
27 अक्तू.	पू.फा. (4)	19/53
30 अक्तू.	उ.फा. (1)	26/30
3 नवं.	उफा 2 कन्या	7/30
6 नवं.	उ.फा. (3)	11/06
9 नवं.	उ.फा. (4)	13/31
12 नवं.	हस्त (1)	14/55
15 नवं.	हस्त (2)	15/27
18 नवं.	हस्त (3)	15/10
21 नवं.	हस्त (4)	14/12
24 नवं.	चित्रा (1)	12/37

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2015-16 ई.	नक्षत्र चरण	घं.मिं.
27 नवं.	चित्रा (2)	10/28
30 नवं.	चित्रा 3 तुला	7/45
2 दिसं.	चित्रा (4)	29/36
5 दिसं.	स्वा. (1)	25/00
8 दिसं.	स्वा. (2)	21/02
11 दिसं.	स्वा. (3)	16/45
14 दिसं.	स्वा. (4)	12/07
17 दिसं.	विशा. (1)	7/15
19 दिसं.	विशा. (2)	26/08
22 दिसं.	विशा. (3)	20/47
25 दिसं.	विशा 4 वृश्चि.	15/14
28 दिसं.	अनु. (1)	9/29
30 दिसं.	अनु. (2)	27/33
(सन् 2016 ई.)		
2 जन.	अनु. (3)	21/28
5 जन.	अनु. (4)	15/13
8 जन.	ज्ये. (1)	8/50
10 जन.	ज्ये. (2)	26/20
13 जन.	ज्ये. (3)	19/45
16 जन.	ज्ये. (4)	13/06
19 जन.	मूल (1) धनु	6/20
21 जन.	मूल (2)	23/31
24 जन.	मूल (3)	16/37
27 जन.	मूल (4)	9/39
29 जन.	पू.षा. (1)	26/38
1 फर.	पू.षा. (2)	19/33
4 फर.	पू.षा. (3)	12/25
6 फर.	पू.षा. (4)	29/15
9 फर.	उ.षा. (1)	22/02
12 फर.	उषा 2 मकर	14/49
15 फर.	उ.षा. (3)	7/34
17 फर.	उ.षा. (4)	24/18
20 फर.	श्रव. (1)	17/02
23 फर.	श्रव. (2)	9/45
25 फर.	श्रव. (3)	26/26
28 फर.	श्रव. (4)	19/07
2 मार्च	धनि. (1)	11/47
4 मार्च	धनि. (2)	28/26

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2016 ई.	नक्षत्र चरण	घं.मिं.
7 मार्च	धनि. 3 कुंभ	21/06
10 मार्च	धनि. (4)	13/46
13 मार्च	शत. (1)	6/25
15 मार्च	शत. (2)	23/06
18 मार्च	शत. (3)	15/47
21 मार्च	शत. (4)	8/29
23 मार्च	पू.भा. (1)	25/12
26 मार्च	पू.भा. (2)	27/55
29 मार्च	पू.भा. (3)	10/39
31 मार्च	पूभा 4 मीन	27/23
3 अप्रै.	उ.भा. (1)	20/08
6 अप्रै.	उ.भा. (2)	12/54
9 अप्रै.	उ.भा. (3)	5/40

शनि नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में अनु. (3) में वक्री)

16 अप्रै.	व. अनु. (2)	12/55
4 जून	व. अनु. (1)	11/36
2 अग.	मार्गी	11/24
27 सितं.	अनु. (2)	25/55
31 अक्तू.	अनु. (3)	27/15
29 नवं.	अनु. (4)	21/40
28 दिसं.	ज्ये. (1)	14/58
(सन् 2016 ई.)		
31 जन.	ज्ये. (2)	15/54
25 मार्च	वक्री	15/17

राहु नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में हस्त (3) में)

21 मार्च	हस्त (2)	12/38
23 मई	हस्त (1)	10/30
25 जुला.	उ.फा. (4)	8/15
26 सितं.	उ.फा. (3)	5/59
27 नवं.	उ.फा. (2)	27/38
(सन् 2016 ई.)		
29 जन.	उफा 1 सिंह	25/21
1 अप्रै.	पू.फा. (4)	22/58

केतु नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में रेव (1) में)

2015-16 ई.	नक्षत्र चरण	घं.मिं.
21 मार्च	उ.भा. (4)	12/36
23 मई	उ.भा. (3)	10/30
25 जुला.	उ.भा. (2)	8/15
26 सितं.	उ.भा. (1)	5/59
27 नवं.	पू.भा. (4)	27/38
(सन् 2016 ई.)		
27 जन.	पूभा 3 कुंभ	25/21
1 अप्रै.	पूभा (2)	22/58

यूरेनस नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में रेव. (2) में)

23 अप्रै.	रेव. (3)	21/23
26 जुला.	वक्री	16/02
9 नवं.	व. रेव. (2)	22/19
26 दिसं.	मार्गी	9/19
9 फर. (16)	रेव. (3)	16/11

नैपच्यून नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में शत. (3) में)

12 जून	वक्री	14/32
11 अक्तू.	व. शत. (2)	17/07
18 नवं.	मार्गी	21/58
25 दिसं.	शत. (3)	29/34
3 अप्रै. (16)	शत. (4)	11/48

प्लूटो नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में पू.षा. (3) में)

17 अप्रै.	वक्री	9/18
13 जुला.	व. पूषा (2)	7/40
25 सितं.	मार्गी	12/21
1 दिसं.	पू.षा. (3)	13/29
31 मार्च (16)	पूषा (4)	29/25

ग्रहों की अंशात्मक युतियां (सन् 2015-16 ई.)

30 जन.	सूर्य-बुध	(मकर)
20 फर.	मंग.-शुक्र	(मीन)
10 अप्रै.	सूर्य-बुध	(मीन)
23 अप्रै.	मंग.-बुध	(मेष)
27 मई	मंग.-बुध	(वृष)
14 जून	सूर्य-मंग.	(वृष)
1 जुला.	गुरु-शुक्र	(कर्क)
16 जुला.	मंग-बुध	(मिथुन)
23 जुला.	सूर्य-बुध	(मिथुन)
4 अग.	गुरु-शुक्र	(सिंह)
7 अग.	बुध-गुरु	(सिंह)
15 अग.	सूर्य-शुक्र	(कर्क)
26 अग.	सूर्य-गुरु	(सिंह)
29 अग.	बुध-राहु	(कन्या)
1 सितं.	मंग.-शुक्र	(कर्क)
24 सितं.	सूर्य-राहु	(कन्या)
30 सितं.	सूर्य-बुध	(कन्या)
18 अक्तू.	मंग.-गुरु	(सिंह)
25 अक्तू.	गुरु-शुक्र	(सिंह)
3 नवं.	मंग.-शुक्र	(सिंह)
7 नवं.	शुक्र-राहु	(कन्या)
10 नवं.	मंग.-राहु	(कन्या)
17 नवं.	सूर्य-बुध	(वृश्चिक)
25 नवं.	बुध-शनि	(वृश्चिक)
30 नवं.	सूर्य-शनि	(वृश्चिक)
(सन 2016 ई.)		
9 जन.	शुक्र-शनि	(वृश्चिक)
14 जन.	सूर्य-बुध	(धनु)
24 मार्च	सूर्य-बुध	(मीन)

द्विग्रही-योग—सन् 2015-16

बुध-शुक्र	1 जन. से 22 जन. (मकर)
सूर्य-शुक्र	14 जन. से 22 जन. (मकर)
मंग.-शुक्र	22 जन. से 12 फर. (कुम्भ)
मंग.-शुक्र	16 फर. से 12 मार्च (मीन)
सूर्य-मंग.	14 मार्च से 23 मार्च (मीन)
मंग.-शुक्र	23 मार्च से 6 अप्रै. (मेष)
सूर्य-बुध	27 मार्च से 12 अप्रै. (मीन)
मंग.-बुध	12 अप्रै. से 27 अप्रै. (मेष)
सूर्य-बुध	14 अप्रै. से 27 अप्रै. (मेष)
सूर्य-मंग.	14 अप्रै. से 3 मई (मेष)
मंग.-बुध	3 मई से 15 जून (वृष)
सूर्य-मंग.	15 मई से 16 जुला. (वृष, मिथुन)
सूर्य-बुध	15 मई से 15 जून (वृष)
गुरु-शुक्र	30 मई से 4 जुला. (कर्क)
मंग.-बुध	5 जुला. से 20 जुला. (मिथुन)
सूर्य-बुध	5 जुला. से 16 जुला. (मिथुन)
सूर्य-बुध	20 जुला. से 4 अग. (कर्क)
गुरु-शुक्र	14 जुला. से 13 अग. (सिंह)
सूर्य-मंग.	30 जुला. से 17 अग. (कर्क)
मंग.-शुक्र	13 अग. से 15 सितं. (कर्क)
बुध-राहु	23 अग. से 29 अक्तू. (कन्या)
मंग.-गुरु	15 सितं. से 3 नवं. (सिंह)
सूर्य-राहु	17 सितं. से 17 अक्तू. (कन्या)
सूर्य-बुध	29 अक्तू. से 16 नवं. (तुला)
सूर्य-शनि	16 नवं. से 16 दिसं. (वृश्चि.)
मंग.-राहु	3 नवं. से 24 दिसं. (कन्या)
मंग.-शुक्र	24 दिसं. से 25 दिसं. (तुला)
शुक्र-शनि	25 दिसं. से 19 जन. (वृश्चि.)

द्विग्रही-योग (सन 2016 ई.)

बुध-शुक्र	19 जन. से 8 फर. (धनु)
गुरु-राहु	29 जन. से संवतान्त तक (सिंह)
सूर्य-बुध	8 फर. से 13 फर. (मकर)
मंग.-शनि	20 फर. से संवतान्त तक (वृश्चिक)
बुध-शुक्र	7 मार्च से 18 मार्च (कुम्भ)

तीनग्रही-योग—सन् 2015-16

सूर्य+मंग.+बुध	14 अप्रै. से 27 अप्रै. (मेष)
सूर्य+मंग.+बुध	15 मई से 15 जून (वृष)
सूर्य+मंग.+बुध	5 जुला. से 16 जुला. (मिथुन)
सूर्य+मंग.+बुध	30 जुला. से 4 अग. (कर्क)
बुध+गुरु+शुक्र	4 अग. से 13 अग. (सिंह)
सूर्य+मंग.+शुक्र	13 अग. से 17 अग. (कर्क)
सूर्य+बुध+गुरु	17 अग. से 23 अग. (सिंह)
सूर्य+बुध+राहु	17 सितं. से 17 अक्तू. (कन्या)
मंग.+गुरु+शुक्र	30 सितं. से 3 नवं. (सिंह)
मंग.+शुक्र+राहु	3 नवं. से 30 नवं. (कन्या)
सूर्य+बुध+शनि	17 नवं. से 6 दिसं. (वृश्चि.)
सूर्य+बुध+शुक्र	7 मार्च से 14 मार्च (कुम्भ)

समसप्तक-योग—सन् 2015-16

शुक्र+शनि	6 अप्रै. से 1 मई (वृष, वृश्चि.)
मंग.+शनि	3 मई से 14 जून (वृष, वृश्चि.)
सूर्य+शनि	15 मई से 14 जून (वृष, वृश्चि.)
गुरु+शुक्र	7 मार्च (16) से 31 मार्च (सिंह, कुम्भ)

—षडाष्टक योग—

मंग.+शनि	23 मार्च से 2 मई (मेष, वृश्चि.)

संदिग्ध व्रत-पर्वों का शास्त्रीय निर्णय-वि.सं.२०७२

-पं. विवेक शर्मा

(1) अनङ्ग त्रयोदशी व्रत (1 अप्रैल, बुधवार)

यह व्रत पूर्वविद्धा चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को किया जाता है। इस वर्ष यह त्रयोदशी 1 अप्रैल, बुधवार को पूर्व (द्वादशी) विद्धा एवं प्रदोष-व्यापिनी है। अतएव यह '**व्रत एवं पूजन**' 1 अप्रैल को शास्त्रसम्मत होगा। धर्मसिन्धु अनुसार भी–

चैत्रशुक्लत्रयोदश्यामनंगपूजनव्रतम्। तत्र त्रयोदशी पूर्वविद्धा ग्राह्या।।

(2) भगवान् परशुराम जयन्ती (20 अप्रैल, सोमवार)

वैशाख शुक्ल तृतीया को भगवान् परशुराम जयन्ती मनाई जाती है। भविष्यपुराण अनुसार वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि की रात्रि के प्रथम प्रहर (प्रदोषकाल) में भगवान् श्रीपरशुराम का अंशावतार हुआ था–

वैशाखस्य सिते पक्षे तृतीयां पुनर्वसौ।
निशाया: प्रथम यामे समाख्य: समये हरि:।।

धर्मसिन्धु के अनुसार भी इसे प्रदोष व्यापिनी तृतीया तिथि में ग्रहण करने का निर्देश दिया है।–"**इयं रात्रि प्रथमयामव्यापिनी ग्राह्या।।**"

इस वर्ष 20 अप्रैल, सोमवार को तृतीया तिथि सायं 7 बजकर 3 मिंट बाद रात्रि प्रथम-प्रहर (प्रदोष) व्यापिनी है, अतएव भगवान् श्रीपरशुराम जयन्ती 20 अप्रैल, सोमवार को ही शास्त्रसम्मत होगी। अगले दिन, 21 अप्रैल को तृतीया तिथि प्रदोषव्यापिनी नहीं है।

(3) वटसावित्री व्रत (अमा.-पक्ष) (17 मई, रविवार)

वटसावित्री व्रत के पालन में दो परम्पराएं (मत) प्रचलित हैं। स्कन्द और भविष्योत्तर पुराण के अनुसार यह व्रत ज्येष्ठ पूर्णिमा को और निर्णयामृतादि के अनुसार अमावस्या को किया जाता है। दोनों परम्पराओं में यह व्रत पूर्व (चतुर्दशी) विद्धा अमावस या पूर्णिमा के दिन ही ग्रहण करने योग्य कहा गया है। धर्मसिन्धुकार अनुसार–

पूर्णिमास्यमावस्ये तु सावित्रीव्रतं विना परे ग्राह्ये।
कुलधर्मादौ पूर्वा गृह्यते तत्र मूलं मृग्यम्।।

स्कन्दपुराण, पुराणसमुच्चय भी चतुर्दशी विद्धा अमावस्या को ग्राह्य स्वीकार करते हैं। यथा–

चतुर्दश्याममावस्या यदा भवति नारद !।
तदैव सा पूजनीया वैधव्यं नाप्नुयु: स्त्रिय:।।
–ज्येष्ठेऽमावस्या तु पूर्वविद्धैव ग्राह्या।।

अपि च, स्कन्दपुराणकार ने सावित्री व्रत परविद्धा का निषेध कहा है–

'कृष्णाष्टमी चतुर्थी च सावित्री वटपैत्तिकी।
शुक्ला त्रयोदशी रम्भा नोपोष्या: परसंयुता।।

कुछ शास्त्रकारों के अनुसार यदि चतुर्दशी 18 घड़ी से अधिक हो, तो परवर्ती अमावस/पूर्णिमा तिथि को दूषित करती है। यथा–**भूतोऽष्टादशनाडीभि: दूषयत्यपरां तिथिमित्यस्याप्यन्यत्रते।।** परन्तु यह नियम तभी स्वीकार्य होगा, जब किसी तिथि का पूर्वविद्धा वेध वर्जित हो। यहाँ तो सभी शास्त्रकारों ने ज्येष्ठ अमावस चतुर्दशी विद्धा ही ग्रहण करने के लिए कहा है। यद्यपि चतुर्दशी तिथि का त्रिमुहूर्त्त व्यापिनी होना आवश्यक माना गया है।

शास्त्रवचनानुसार इस वर्ष ज्येष्ठ अमावस वाला वटसावित्री व्रत चतुर्दशी विद्धा अमावस वाले दिन 17 मई, रविवार को होगा।

(4) श्रीजगन्नाथ भगवान् की रथयात्रा (पुरी)(17 जुला. शुक्रवार)

स्कन्दपुराण अनुसार आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को यह पर्व मनाया जाता है। यदि द्वितीया तिथि पुष्य नक्षत्र युक्त हो तो उसी काल में यह पर्व मनाना चाहिए। पुष्य नक्षत्र संयुक्त होने से ही इस पर्व का माहात्म्य होता है।

आषाढ़स्य सिते पक्षे द्वितीया पुष्यसंयुता।
तस्यां रथे समारोप्य रामं सौभद्रया सह।।
यात्रोत्सवं प्रवर्त्याथ भोजयेद्धि द्विजान् बहून्।
रिक्षाभावे तिथौ कार्या यात्रा सा प्रीतये ममेति।।

धर्म सिन्धुकार अनुसार भी पुष्यनक्षत्र से युक्त अथवा केवल आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को रथयात्रा-उत्सव पर्व मनाया जाता है–

'आषाढ़शुक्लद्वितीयायां पुष्यनक्षत्रयुतायां केवलायां वा श्रीरामस्य रथोत्सव:।।

इस वर्ष आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि यद्यपि 18 जुलाई, शनिवार को प्रात: 8 बजकर 58 मिं. तक है, परन्तु 17 जुलाई, शुक्रवार को प्रात: 7 बजकर 40 मिं. बाद द्वितीया तथा पुष्य नक्षत्र का संयोग सायं 16घं.-25मिं. तक है। अतएव शास्त्रनियमानुसार श्रीजगन्नाथ भगवान् की रथयात्रा का उत्सव, पूजन इसी दिन करना श्रेयस्कर होगा।

(5) नाग-पंचमी (20 अगस्त, गुरुवार)

श्रावण शुक्ल पंचमी को नाग-पंचमी का व्रत एवं पूजन किया जाता है। धर्मसिन्धु के अनुसार यह उदय काल में कम-से-कम तीन मुहूर्त्त (6 घड़ी) व्यापिनी, पर विद्धा ग्रहण करनी चाहिए। परन्तु अगले दिन यदि तीन मुहूर्त्त से न्यून पंचमी हो, तो ही पहले दिन ग्रहण करनी चाहिए। चतुर्थी का वेध हो, तो दो मुहूर्त्त भी अगले दिन षष्ठी विद्धा लेनी चाहिए–

इयमुदये त्रिमुहर्त्तव्यापिनी परविद्धा ग्राह्या।। परेद्युः त्रिमुहूर्त्तन्यूना पंचमी पूर्वेद्युः त्रिमुहूर्तन्यून चतुर्थ्यां विद्धा तदा पूर्वैव।। त्रिमुहूर्त्ताधिक चतुर्थीवेधे द्विमुहूर्त्तापि परैव ग्राह्या।। (धर्मसिन्धु)

नारद वाक्यानुसार भी षष्ठी युक्त त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी पंचमी ही ग्रहण करनी चाहिए।

यथा-**पञ्चमी तु प्रकर्त्तव्या षष्ठीयुक्तैव**......।

प्रस्तुत वर्ष में श्रावण शुक्ल पंचमी 19 अगस्त, बुधवार को ६० घड़ी अर्थात् पूरा दिन तथा अगले दिन 20 अगस्त, गुरुवार को (६ घड़ी) से अधिक काल तक विद्यमान् है। **अतएव 20 अगस्त, गुरुवार 2015 ई. परविद्धा नागपंचमी को ही व्रत, पूजनादि शुभकृत्य करने शास्त्र सम्मत होंगे।**

(6) दूर्वाष्टमी व्रत (22 अगस्त, शनिवार)

भाद्रपद शुक्ल अष्टमी (पूर्वविद्धा) को सन्तान सुख एवं वंश वृद्धि की कामना से यह व्रत किया जाता है। धर्मसिन्धु अनुसार-**दूर्वाष्टमी व्रतं पुण्यं यः करोतीह मानवः। न तस्य क्षयमाप्नोति सन्तानं साप्तपौरुषम्। नन्दते वद्धते नित्यं यथा दूर्वा तथाकुलम्।। भाद्रशुक्लाष्टमी दूर्वाष्टमी सा च पूर्वा ग्राह्या।।**

परन्तु यदि किसी वर्ष भाद्र-शुक्लाष्टमी के समय कन्या का सूर्य (आश्विन मास) आ जाए (ऐसा अधिकतर तब होता है जब अधिक मास आ जाए) अथवा अगस्त्य तारा का उदय हो जाए, तो उस स्थिति में पूर्ववर्ती किसी अन्य मास की अष्टमी (भाद्र. कृष्ण या श्रावण शुक्लाष्टमी) में यह व्रत करना चाहिए, जब अगस्त्य तारा अदृश्य (अस्तगत) हो-

सिंहार्के एव कर्त्तव्या न कन्यार्के कदाचन्।
सिंहस्थे सोत्तमा सूर्येऽनुदिते मुनिसत्तम्।। (स्कन्दपुराण)
अन्येऽपि-**इदं दूर्वापूजनव्रतं कन्याऽर्केऽगस्त्योदये च वर्ज्यम्।।** (धर्मसिन्धु)

अपि च--यह व्रत '**रौहिण**' या ब्राह्म (दिन के नवम मुहूर्त्त) में व्याप्त (अथवा मध्याह्न से लेकर अपराह्न काल तक) अष्टमी में किया जाता है। यदि दोनों दिन अष्टमी नवम मुहूर्त्त व्याप्त हो, तो पूर्वविद्धा लेने का निर्देश है-

भाद्रशुक्लाष्टमी दूर्वाष्टमी सा पूर्वा ग्रह्या।।
एवं च,....उभयत्राष्टमीयोगे पूर्वैव।। (धर्मसिन्धु)

इस वर्ष भाद्र शुक्लाष्टमी 21 सितंबर को है, परन्तु उस दिन सूर्य कन्या राशि में होगा। तब इस व्रत को भाद्र. कृष्ण अष्टमी के दिन करने की शास्त्रानुमति है। परन्तु यदि भाद्र. कृष्ण अष्टमी से भी पहले अगस्त्य तारा हो जाएगा, तब इस व्रत को श्रावण शुक्ल अष्टमी के दिन करने की शास्त्राज्ञा है। भाद्र. कृष्ण अष्टमी, 5 सितम्बर से पहले ही पंजाब, हि.प्र., हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, राज. तथा समस्त भारत में अगस्त्य-उदय 4/5 सितं. को हो चुका होगा।

अतएव इन प्रदेशों में शास्त्र निर्देशानुसार श्रावण शुक्लाष्टमी **22 अगस्त, शनिवार** को यह व्रत करना शुभ होगा। क्योंकि इस दिन अष्टमी पूर्वविद्धा एवं '**रौहिण**' (नवम) मुहूर्त्त व्यापिनी है।

(7) रक्षा-बन्धन (29 अगस्त, शनिवार)

रक्षा-बन्धन का पवित्र पर्व भद्रा रहित अपराह्न व्यापिनी पूर्णिमा में करने का शास्त्र विधान है-

''भद्रायां द्वे न कर्त्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा''......।''

इस वर्ष 29 अगस्त, 2015 ई., शनिवार को श्रावण पूर्णिमा के दिन रक्षा-बन्धन का पवित्र कार्य होगा, परन्तु इस दिन दोपहर 13 घं. 50 मिं. तक भद्रा व्याप्ति (भूलोक पर) रहेगी। **अतएव शास्त्रानुसार दोपहर 13घं.-50मिं. तक के समय का बिल्कुल त्यागकर यह पर्व अपराह्ण काल में रक्षाबन्धन का शुभ कार्य करना प्रशस्त होगा।**

[पंजाब, हि.प्र., दिल्ली, जम्मू, हरि. आदि क्षेत्रों में ता. 29 अग. को अपराह्ण काल लगभग 13घं.-44मिं. से 16घं.-17मिं. तक रहेगा।]

परन्तु आजकल की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत अति आवश्यक परिस्थितिवश यदि भद्रा-काल में ही रक्षा-बन्धन आदि शुभ कार्य करना पड़े, तो शास्त्रकारों ने भद्रा-मुखकाल को छोड़कर भद्रा-पुच्छकाल में रक्षा-बन्धनादि शुभ कार्य करने की आज्ञा दी है। भविष्यपुराणानुसार भद्रा के पुच्छकाल में किए गए कृत्य में सिद्धि एवं विजय प्राप्त होती है, जबकि भद्रामुख में कार्य का नाश होता है-

''पुच्छे जयावहाः, मुखे कार्य विनाशाय..............।।''

[इस कारण यदि अत्यन्त आवश्यक परिस्थिति हो [इंटरव्यू, फौज आदि में ड्यूटी पर पहुँचना, किसी सम्बन्धी के अस्वस्थ होने की सूचना मिलने पर जाना हो इत्यादि), तो 29 अगस्त को प्रातः 10घं. 14मिं. से 11घं. 16मिं. तक भद्रापुच्छ काल में यह शुभ कार्य किया जा सकता है तथा दोपहर 11घं. 16मिं. से 12घं. 45मिं. तक भद्रा मुखकाल (रक्षा-बन्धन आदि कृत्य में) का विशेष रूप से त्याग करें।]

ये भद्रामुख-भद्रापुच्छ के परिहार-वाक्य अत्यन्त आवश्यक परिस्थितियां होने पर ही व्यवहार में लाना चाहिए, अन्यथा **सामान्य परिस्थितियों एवं कठिनाई के बावजूद 29 अगस्त, शनिवार को दोपहर 13घं. 50मिं. के बाद ही रक्षा-बन्धन का पवित्र कार्य करें।**

रक्षा-सूत्र (राखी) बान्धते समय निम्नलिखित मन्त्र पढ़ना चाहिए।-

येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः।
तेन त्वामबुध्नामि रक्षे मा चल मा चल।।

(8) कुशोत्पाटिनी अमावस्या (भाद्रपद अमावस) (13 सितंबर, रविवार)

भाद्रपद मास की अमावस्या तिथि कुशोत्पाटिनी (या कुशाग्रहणी) अमावस के नाम से जानी जाती है। इस दिन कुशा-सञ्चय करने से वर्षभर उसकी शुद्धता रहती है। जिस कुश का मूल सुतीक्षण हो, जिसमें पत्ती हो, अग्रभाग कटा न हो और हरा हो, वह देव तथा पितृ दोनों कार्यों के लिए उपयुक्त होता है। यह तिथि पूर्वाह्नव्यापिनी तथा दिन के द्वितीय प्रहर व्याप्त अमावस ली जाती है। यथा-

मासे नभस्यमावास्या तस्यां दर्भौच्चयो मतः।
अयातयामास्ते दर्भा विनियोज्याः पुनः पुनः।।

एवं च, 'इयममावास्या द्वितीयप्रहरव्यापिनी ग्राह्या।।' (वर्षकृत्य)

स्कन्दपुराणानुसार भी **'दर्भाणां सञ्चये सङ्गवःकाल ईरितः।।** अर्थात् कुशों के संचय में संगवकाल (दिन के पाँच भागों में से दूसरा भाग)-व्यापिनी अमावस्या शुभ कही गई है।

आगामी वर्ष भाद्रपद अमावस दो दिन (ता. 12 एवं 13 सितं.) द्वितीय प्रहर को व्याप्त हो रही है। द्वितीय प्रहर (संगवकाल) लगभग प्रातः 8घं. 42मिं. से दोप. 11घं. 10मिं. तक रहेगा। अमावस्या तिथि द्वितीय प्रहर-व्यापिनी होने से **कुशोत्पाटन का कार्य 13 सितं., 2015 ई., रविवार को ही करना प्रशस्त होगा।** इस तिथि को दर्भस्थल पर जाकर पूर्व या उत्तराभिमुख बैठकर निम्न मन्त्र पढ़कर और **'हुँ फट्'** कहकर दाहिने हाथ से एक बार में कुश उखाड़े-

विरञ्चिना सहोत्पन्न परमेष्ठिन्निसर्गज। नुद सर्वाणि पापानि दर्भ स्वस्तिकरो भव।।

यद्यपि परम्परया कुछ प्रदेशों में परम्परागत मध्याह्न बाद कुशोत्पाटन करते हैं, जिससे वे 12 सितं. को ही कुशोत्पाटन कार्य कर लेंगे।

'व्रते पिठोरसंज्ञेऽमा मध्याह्नव्यापिनी शुभा।' वाक्य अनुसार पिठोरी अमावस्या 12 सितंबर को मान्य होगी।

(9) श्रवण द्वादशी (विष्णुश्रृंखल योग) (24 सितम्बर)

भाद्र. शुक्ल पक्ष में दिन के समय मुहूर्त्तमात्र भी द्वादशी एवं श्रवण नक्षत्र का योग हो तो श्रवण द्वादशी का का व्रत किया जाता है। यदि इस पक्ष में किसी दिन एकादशी, द्वादशी और श्रवण-तीनों परस्पर एक दूसरे को स्पर्श करें, तो उस दिन **'विष्णुश्रृंखल योग'** बनता है।

अत्र द्वादश्यां श्रवणयोगाभावे एकादश्यां श्रवणयोगे तत्रैव श्रवणद्वादशीव्रतं कार्यम्।। (धर्म सिन्धु)

विष्णुश्रृंखलयोग बनने पर श्रवणद्वादशी का व्रत उसी (विष्णुश्रृंखल योग वाले) दिन ही किया जाता है। शास्त्रानुसार यदि पहले दिन एकादशी युता द्वादशी दूसरे दिन भी विद्यमान् हो और श्रवण नक्षत्र का इन दोनों से संयोग हो, तो भी **'विष्णुश्रृंखल योग'** बनता है। परन्तु यह योग केवल रात्रि के प्रथम प्रहर तक स्वीकार्य है।

इस वर्ष भाद्र. शुक्ल एकादशी 24 सितं., गुरुवार को विष्णुश्रृंखल योग 28घं.-39मिं. तक है। अतएव श्रवण द्वादशी का व्रत इसी दिन करना शुभ होगा तथा आगामी दिन (25 सितं.) में ही पारणा करनी चाहिए।

(10) वामन द्वादशी (जयन्ती) (25 सितम्बर, शुक्रवार)

श्रीवामन् भगवान् का अवतार श्रवण नक्षत्र युत मध्याह्न-व्यापिनी भाद्र. शुक्ल द्वादशी तिथि को हुआ था। शास्त्रानुसार यह पर्व मध्याह्नव्यापिनी भाद्र. शुक्ल द्वादशी में अथवा मध्याह्न से अन्यत्र भी श्रवण नक्षत्र से युक्त हो, उस दिन मनाया जाता है। इस वर्ष द्वादशी तिथि केवल 25 सितंबर, शुक्रवार को है, यद्यपि इस दिन श्रवण नक्षत्र का अभाव है, परन्तु द्वादशी का अन्यत्र काल में 24 सितं. को श्रवण नक्षत्र से सम्पर्क हुआ है। परन्तु शास्त्रमतानुसार यह व्रत मध्याह्नव्यापिनी द्वादशी, 25 सितं., शुक्रवार को प्रशस्त होगा, क्योंकि 24 सितं. को श्रवण नक्षत्र का संयोग एकादशी द्वादशी दोनों से है। यथा-

''अतो मध्याह्नव्यापिनी द्वादशी मध्याह्ने ततोन्यत्र काले वा श्रवणयुता ग्राह्या।।'' (धर्मसिन्धु)

'वामन-जयन्ती' पर्व 25 सितंबर, शुक्रवार को शास्त्र-सम्मत होगा।

(11) शारदीय नवरात्रारम्भ (13 अक्तू., मंगलवार)

शास्त्रानुसार सूर्योदय के बाद 10 घड़ी तक या मध्याह्न में अभिजित् मुहूर्त्त (दिन के अष्टम मुहूर्त्त) के समय आश्विन शुक्ल प्रतिपदा में नवरात्रारम्भ व कलशस्थापन किया जाता है। यदि प्रतिपदा तिथि सम्पूर्ण रूप (पूरी तरह) से चित्रा नक्षत्र या वैधृति योग से दूषित हो, तो इसकी परवाह न करते हुए इस दिन अभिजित् मुहूर्त्तकाल में ही नवरात्रारम्भ, घटस्थापन कर लेना चाहिए। निर्णयसिन्धुकार अनुसार भी-

सम्पूर्णाप्रतिपद्येव चित्रायुक्तायदा भवेत्। वैधृत्यावापियुक्तास्यात्तदामध्यदिनेरवौ।।
अभिजित्तुमुहूर्त्तं यत्तत्र स्थापनमिष्यते।।

अन्य च, कलशस्थापननिर्णयः-चित्रावैधृति-योगत्वात् मध्याह्ने (अभिजिन्मुहूर्त्ते) अपि कलश स्थापनं कार्यम्।।

इस वर्ष यही स्थिति घटित हो रही है। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा 13 अक्तू., 2015 ई. के दिन चित्रा का पूर्वार्द्ध भी 15घं.-10मिं. (भा.स्टैं.टा.) तक है। यहाँ अभिजित् मुहूर्त्त 11घं.-50मिं. से 12घं.-38मिं. (भा.स्टैं.टा.) तक है। स्पष्ट रूप से यहाँ चित्रा एवं वैधृति के पूर्वार्ध ने प्रतिपदा की सूर्योदयानन्तर की 10 घड़ियां तथा अभिजित् मुहूर्त्त का पूरा काल दूषित कर दिया है। इस स्थिति में उपरोक्त शास्त्रवाक्यानुसार अशुभ योग होने पर भी इनकी उपेक्षा कर इसी दिन (13 अक्तू., 2015 ई. को ही) अभिजित् मुहूर्त्त में (11घं.-50मिं. से 12घं.-38मिं. तक) ही नवरात्रारम्भ, घटस्थापन, दीपपूजन आदि करने चाहिए।

(12) शरद् पूर्णिमा (26 अक्तूबर, सोमवार)

यह व्रत प्रदोष और निशीथ-दोनों में होने वाली (व्याप्त) पूर्णिमा के दिन किया जाता है। यदि पहले दिन निशीथव्यापिनी हो और दूसरे दिन प्रदोषव्यापिनी न हो तो पहले दिन व्रत करना चाहिए-

यथा-आश्विनपौर्णमास्यां कोजागर व्रतम्।। सा पूर्वत्रैव निशीथव्याप्तौ पूर्वा।।

शास्त्र-वचनानुसार यह व्रत 26 अक्तू., सोमवार को होगा। शरद् पूर्णिमा की रात्रि में चन्द्रमा की चाँदनी में अमृत का निवास रहता है, इसलिए उसकी किरणों से अमृत और आरोग्य की प्राप्ति सुलभ होती है।

(13) श्रीसत्यनारायण व्रत (आश्विन-पूर्णिमा) (27 अक्तू., मंगलवार)

श्रीसत्यनारायण व्रत प्रदोषव्यापिनी एवं चन्द्रोदय व्यापिनी पूर्णिमा के दिन किया जाता है। क्योंकि यह व्रत नक्तव्रत है। इसलिए इसे नक्तव्रत की भान्ति प्रदोष काल में करने का विधान है। दोनों दिन प्रदोषकाल की व्याप्ति अथवा अव्याप्ति की परिस्थिति में यह व्रत दूसरे दिन ग्राह्य होगा। यथा-

सूर्यास्तोत्तरत्रिमुहूर्तात्मक प्रदोषव्यापिनी तिथिर्नक्ते ग्राह्या। अन्यतरदिने तद्याप्तौ तदेकदेशस्पर्शे वा सैव ग्राह्या।। ……… द्विनद्वये प्रदोषव्याप्तौ परा।। दिनद्वये प्रदोषव्याप्त्यभावे परत्रैव।।

अर्थात् पूर्णिमा की दोनों दिन प्रदोष में व्याप्ति हो, तो अगले दिन तथा यदि दोनों दिन प्रदोषकाल की व्याप्ति के अभाव में भी अगले दिन ही व्रत हेतु ग्रहण करें।

इस वर्ष आश्विन पूर्णिमा 27 अक्तू., 2015 ई. को 17घं. 35मिं. पर समाप्त हो रही है। ता. 26 अक्तू., को भी पूर्णिमा रात्रि 21घं. 10मिं. बाद से प्रारम्भ होगी। ता. 26 या 27 अक्तू. को पंजाब, हरियाणा, हिमाचलादि पश्चिमोत्तर प्रान्तों में प्रदोषकाल लगभग 17घं. 40मिं. से 20घं. 16मिं. तक रहेगा। अतएव दोनों दिन प्रदोषकाल की अव्याप्ति की स्थिति में **यह सत्यनारायण व्रत दूसरे दिन 27 अक्तू., मंगलवार को रखना प्रशस्त होगा।**

(14) धन-त्रयोदशी (9 नवंबर, सोमवार)

धन-त्रयोदश (धन-तेरस) प्रदोषव्यापिनी कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को मनायी जाती है। इस दिन चाँदी, पीतल आदि का बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। इस दिन सायंकाल के समय घर के मुख्य दरवाज़े पर यमराज के निमित्त दक्षिणाभिमुख करके एक दीपक तेल से भरकर प्रज्वलित करे तथा गन्धक्षतादि से पूजनकर एक पात्र में अनाज रखकर उस पर प्रज्वलित दीप रख देवें।

कार्तिकस्यासिते पक्षे त्रयोदश्यां निशामुखे। यम दीपं वह्णिर्दघात् अपमृत्यु विनश्यति।।

यह पर्व सूर्यास्त के बाद त्रि-मुहूर्त्त (६ घड़ी) व्यापिनी त्रयोदशी ग्रहण करनी चाहिए-

सूर्यास्तमानोत्तर त्रिमुहूर्तात्मक प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी ग्राह्या।। (धर्मसिन्धु)

परन्तु यदि दो दिन त्रयोदशी प्रदोष-व्यापिनी हो, तो अगली ग्रहण करनी चाहिए। यथा-

दिनद्वये प्रदोषव्याप्तौ साम्येन तदेकदेशस्पर्शे वा उत्तरा।।

अपि च, 'त्रयोदशी शुक्ला पूर्वा कृष्णोत्तरा।।' वाक्यानुसार हमने धन त्रयोदशी पर्व 9 नवंबर, सोमवार को लगाया गया है। तथापि कुछ प्रदेशों में यह पर्व 8 नवं. से ही प्रारम्भ हो जाएगा। परन्तु व्रत एवं दीपदान हेतु 9 नवं. ही प्रशस्त होगी।

(15) श्रीहनुमान जयन्ती (उ. भारत) (9 नवंबर, सोमवार)

व्रत रत्नाकर अनुसार आश्विन (कार्तिक) कृष्ण चतुर्दशी, भौमवार की महानिशा (अर्द्धरात्रि) में अञ्जनादेवी के उदर से श्रीहनुमान जी का जन्म हुआ था।

आश्विनस्यासिते पक्षे भूतायां च महानिशि।
भौमवारेऽञ्जनादेवी हनूमन्तमजीजनत्।।

प्रस्तुत वर्ष 9 नवंबर, 2015 ई. को कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी निशीथव्यापिनी है, अतएव श्रीहनुमान जयन्ती पर्व इसी दिन प्रशस्त होगा। यह हनुमान जयन्ती उत्तर-भारतीय परम्परा अनुसार है, दक्षिण भारत में यह चैत्र पूर्णिमा को मनायी जाती है।

(16) भीष्मपंचक व्रत प्रारम्भ (21 नवंबर, शनिवार)

शास्त्रों में भीष्मपंचक व्रत का अनुष्ठान केवल पाँच दिन (कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक) निर्दिष्ट है। यदि शुद्धा एकादशी से उदयकालिक पूर्णिमा तक की अवधि में कोई तिथि क्षय हो जाए और भीष्म-पंचकों के दिनों की संख्या चार ही रह जाए, तब दशमी विद्धा एकादशी से ही यह व्रत प्रारम्भ करके शुद्ध (जिसमें चतुर्दशी का वेध न हो) उदय-कालिक पूर्णिमा के दिन ही इसे समाप्त किया जाए। इसी प्रकार, यदि इन पाँच तिथियों (एका. से पूर्णिमा तक) में से किसी एक तिथि की वृद्धि हो जाने से भीष्म पंचकों के 6 दिन बनते हों, तो शुद्ध एकादशी वाले दिन से प्रारम्भ करके चतुर्दशी-विद्धा पूर्णिमा के दिन ही भीष्म-पंचकों को समाप्त करना चाहिए। धर्मसिन्धु के अनुसार-

''एकादश्यादिदिनपंचके भीष्मपंचकव्रतमुक्तम्। तच्च शुद्धैकादश्यामारभ्य चतुर्दश्यविद्धौदयिक पौर्णमास्यां समापनीयम्।। यदि शुद्धैकादश्यामारंभे क्षयवशेन पौर्णमास्यां पंचदिनात्मक व्रतसमाप्तिर्न घटते तदा विद्धैकादश्यामप्यारंभः।। शुद्धैकादश्यामारंभेपि दिनवृद्धिवशेन परविद्धपौर्णमास्यां समापने यदि षड्दिनापत्तिस्तदा चतुर्दशीविद्धपौर्णिमायामपि समाप्तिः कार्या।।''

इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा तिथि का क्षय हुआ है। अतएव उपरोक्त शास्त्र नियमानुसार **'भीष्मपंचक व्रत'** 21 नवंबर, 2015 ई., से 25 नवंबर, 2015 ई. तक पाँच दिन रहेंगे।

(17) श्रीदत्तात्रेय जयन्ती (24 दिसम्बर, गुरुवार)

मार्गशीर्ष पूर्णिमा की श्रीदत्तात्रेय जी का जन्म हुआ था। इसमें प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा ली जाती है। यथा-

''मार्गशीर्षपौर्णमास्यां दत्तात्रेयोत्पत्तिः। इयं प्रदोषव्यापिनी ग्राह्या।।'' (धर्मसिन्धु)

इस वर्ष 24 दिसं., 2015 ई. को 18घं. 28 मिं. के बाद प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा को दत्तात्रेय जयन्ती होगी। 25 दिसं. को पूर्णमाशी प्रदोषकाल से अव्याप्त है।

इसी प्रकार श्रीसत्यनारायण व्रत भी 24 दिसंबर को ग्राह्य होगा।

(18) होलिका-दहन (23 मार्च, बुधवार) 2016 ई.

फाल्गुन पूर्णिमा मन्वादि तिथि कहलाती है। साधारणतया प्रदोष-व्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भद्रारहित काल में होलिका-दहन किया जाता है। यदि पूर्णिमा दोनों दिन प्रदोषव्यापिनी हो तथा अगले दिन (पूर्णिमा) प्रदोष के एकदेश को भी स्पर्श करें तो अगले दिन (पूर्णिमा) ही होलिका दहन करना चाहिए क्योंकि पहले दिन भद्रा का दोष है। पुनः यदि दूसरे दिन पूर्णिमा प्रदोषव्यापिनी न हो तथा पहिले दिन पूर्णिमा के समय भद्रा हो, एवं च दूसरे दिन पूर्णिमा सूर्योदय से साढ़े तीन प्रहर तक या उससे भी अधिक काल तक हो और अगले दिन प्रतिपदा बढ़ गई हो (वृद्धिगामिनी) अर्थात् प्रतिपदा का मान (भोगकाल) पूर्णिमा के मान से अधिक हो, तो अगले दिन प्रदोषव्यापिनी प्रतिपदा में ही होलिका दहन करना चाहिए।

द्वितीय मत-[परन्तु यदि प्रतिपदा पूर्णिमा से घट गई हो, अर्थात् प्रतिपदा का मान पूर्णिमा के मान से कम हो, तथा पहले दिन प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा में भद्रा के मुख को त्यागकर भद्रा-पुच्छ में होलिका दहन करना चाहिए।] यथा-

--सा प्रदोषव्यापिनी भद्रारहिता ग्राह्या।। दिनद्वये प्रदोषव्याप्तौ परदिने प्रदोषैकदेशव्याप्तौ व परेव।। पूर्वदिने भद्रादोषात्। परदिने प्रदोषस्पर्शाभावे पूर्वदिने प्रदोषे भद्रासत्वे यदि पूर्णिमा परदिने सार्धत्रियामा ततोधिका वा तत्परदिने च प्रतिपद्-वृद्धिगामिनी तदा परदिने प्रतिपदि प्रदोषव्यापिन्यां होलिका।।

--उक्तविषये यदि प्रतिपदो ह्रासस्तदा पूर्वदिने भद्रामुखं मात्रं त्यक्त्वा भद्रायामेव वा होलिकादीपनम्।। निशीथोत्तरं भद्रासमाप्तौ भद्रामुखं त्यक्त्वा भद्रायामेव।। (धर्मसिन्धु)

तदनुसार आगामी फाल्गुन पूर्णिमा, 22 एवं 23 मार्च 2016 ई. दो दिन व्याप्त हो रही है। ता. 22 मार्च, मंगलवार को पूर्णिमा तिथि दोपहर 15घं. 13मिं. के बाद स्पष्ट रूप से प्रदोष व्यापिनी है। परन्तु 15घं.-13मिं. से अगले दिन 04घं. 22मिं. (28घं.-22मिं.) तक भद्रा व्यापिती भी रहेगी। अगले दिन 23 मार्च, बुधवार को पूर्णिमा प्रदोष-व्यापिनी नहीं है, परन्तु तीन प्रहर से अधिक समय तक (यामत्रयव्यापिनी) व्याप्त है। एवं प्रतिपदा तिथि '**वृद्धिगामिनी**' है। अतएव उपरोक्त शास्त्रमतानुसार प्रथम मतानुसार **23 मार्च, बुधवार को ही होलिका दहन करना शास्त्रसम्मत होगा।**

परन्तु अधिकतर शास्त्रकार दिन में होलिका दहन निषिद्ध मानते हैं-

दिवा होलिकादीपनं तु सर्वग्रन्थविरुद्धम्।। (धर्मसिन्धु)

अब '**वर्षकृत्य**' का यह वाक्य देखिए-

सायाह्ने होलिका कुर्यात् पूर्वाह्ने क्रीडनं गवाम्।। तथा

यदि पूर्वदिने सायाह्ने भद्राशून्या सा न लभ्यते तदा परदिने एव।।

ब्रह्मवैवर्तपुराण का यह स्पष्ट वाक्य सायाह्न-काल को होलिका दहन के लिए ग्राह्य मान रहा है-

होलिका पौर्णमासी तु सायाह्नव्यापिनी मता।।

तथा '**भविष्योत्तर पुराण**' के अनुसार भी यदि फाल्गुन पूर्णिमा साढ़े तीन याम (प्रहर) या इससे अधिक काल को व्याप्त करे और आगे प्रतिपदा वृद्धिगामिनी, हो, तो वहाँ होलिका-दहन सायाह्न-व्यापिनी पूर्णिमा में करना चाहिए-

सार्द्धयामत्रयं वा स्याद्द्वितीये दिवसे यदा। प्रतिपद्-वर्धमाना तु तदा सा होलिका मता।।

उपरोक्त शास्त्र-वचनों के अनुसार 23 मार्च, बुधवार को प्रदोष संयुक्त एवं पूर्णिमा व्याप्त '**सायाह्न-काल**' में होलिका दहन प्रशस्त रहेगा। ता. 23 मार्च को '**सायाह्न-काल**' यद्यपि उत्तरी-भारत में लगभग 16घं.-12मिं. से 18घं.-37मिं. तक रहेगा। तदनुसार पूर्णिमा-व्याप्त सायाह्न-काल में 16घं.-55मिं. से 17घं.-31मिं. के मध्यकाल तक होलिका-दहन कर लेना चाहिए।

श्रीमहालक्ष्मी पूजन (दीपावली) के शुभ काल

(11 नवम्बर, बुधवार 2015 ई.)

'**ब्रह्मपुराण**' के अनुसार अर्द्धरात्रि व्यापिनी अर्थात् आधी रात तक रहने वाली अमावस्या ही श्रेष्ठ होती है। यदि वह आधी रात तक न रहे, तो प्रदोषव्यापिनी लेनी चाहिए-

दीपन्दत्त्वा प्रदोषे तु लक्ष्मीं संपूज्य यथाविधि।

स्वालंकृतेन भोक्तव्यं सितवस्त्रोपशोभिना।।(निर्णयसिन्धुः)

लक्ष्मी-पूजा, दीपदानादि के लिए प्रदोषकाल ही विशेषतया प्रशस्त माना जाता है।

कार्तिके प्रदोषे तु विशेषेण निशावर्धके।

तस्यां सम्पूज्येत देवीं भोग मोक्ष प्रदायिनीम्।।(भविष्यपुराण)

इस वर्ष 11 नवम्बर, 2015 ई., बुधवार को दीपावली स्वाती/विशाखा नक्षत्र, सौभाग्य योग कालीन प्रदोष, निशीथकाल एवं अल्पकाल के लिए महानिशीथ व्यापिनी अमावस्या युक्त होने से विशेषतः प्रशस्त एवं पुण्यप्रदायक रहेगी। दोपहर 13घं. 34मिं. तक स्वाती नक्षत्र विशेष रूप से प्रशस्त रहेगा। कार्तिक अमावस्या बुधवार को होने से व्यापारी वर्ग के लिए लाभप्रद रहेगी। दीपावली के दिन चौमुखा दीपक रातभर प्रदीप्त रहना शुभ एवं मंगलप्रदायक होता है। दीपावली में अमावस तिथि, प्रदोषकाल निशीथकाल, महानिशीथकाल तथा चौघड़ियां मुहूर्तों का अपना विशेष स्थान है।

प्रदोषकाल–11 नवं. को जालन्धर एवं निकटवर्ती नगरों में सूर्यास्त (17घं.-28मिं.) से लेकर 2घं.-42मिं. पर्यन्त (20घं.-10मिं. तक) प्रदोषकाल व्याप्त रहेगा। (प्रत्येक नगरके रात्रिमान के अनुसार इसका समय निर्धारण करें-देखें पृ. 259 (वि. संवत् २०६९)

सायं 17घं.-43मिं. से 19घं.-38मिं. तक वृष (स्थिर) लग्न भी विशेषतः प्रशस्त होगा। प्रदोषकाल में वृष लग्न, विशाखा नक्षत्र तथा तुला के सूर्य-चन्द्र होने से अत्यन्त शुभकाल रहेगा।

प्रदोषकाल में ही 19घं.-09मिं. से 20घं.-50मिं. तक '**शुभ**' चौघड़ियां भी रहने से इस योग से दीपदान, श्रीमहालक्ष्मी पूजन, कुबेर-पूजन, बही-खाता पूजन, धर्म एवं गृह-स्थलों पर दीप प्रज्वलित करना, ब्राह्मणों तथा आश्रितों को भेंट, मिष्ठान्नादि बाँटना शुभ होगा।

निशीथ-काल–11 नवंबर, बुधवार को जालन्धर में निशीथकाल 20घं.-10मिं. से 22घं.-52मिं. तक रहेगा। निशीथकाल में ही 21घं.-52मिं. तक मिथुन लग्न मध्यम, तदुपरान्त अर्द्धरात्रि तक 24घं.-14मिं. तक '**कर्क**' लग्न विशेष रूप से प्रशस्त होगा।

20घं.-50मिं. से 22घं.-31मिं. तक '**अमृत**' की चौघड़ियां भी शुभ रहेंगी। तदुपरान्त '**चर**' की चौघड़ियां भी अर्द्धरात्रि 24घं.-12मिं. तक शुभ ही होंगी। इस अवधि में श्रीसूक्त, कनकधारा स्तोत्र और लक्ष्मी स्तोत्र आदि मन्त्रों का जपानुष्ठान करना चाहिए।

इस वर्ष अमावस रात्रि 23घं.-17मिं. तक ही होने से निशीथकाल का भी विशेष माहात्म्य रहेगा तथा यथासम्भव इस काल तक पूजन आरम्भ कर लेना चाहिए।

महानिशीथकाल–रात्रि 22घं.-52मिं. से 25घं.-34मिं. तक महानिशीथकाल रहेगा। इस समयावधि में अमावस तिथि केवल 23घं.-17मिं. (कुल 25 मिनट) तक रहेगी। इसलिए यथासम्भव निशीथकाल में ही जपानुष्ठान प्रारम्भ कर लेना चाहिए। इसमें भी रात्रि 24घं.-14मिं. तक **कर्क लग्न** तदुपरान्त '**सिंह**' लग्न विशेष प्रशस्त रहेंगे। ध्यान दें, इसमें भी 24घं.-12मिं. तक चर की चौघड़ियां शुभ, तदुपरान्त 24घं.-12मिं. से रोग की चौघड़ियां रहेंगी। महानिशीथकाल में श्रीलक्ष्मी, महाशक्ति काली उपासना, यन्त्र-मन्त्र-तथा तांत्रिक अनुष्ठान एवं साधनाएं की जाती हैं।

नोट–अपने स्थानीय नगर में चौघड़ियां मुहूर्त्त (समय) जानने के लिए पृष्ठ 255 देखें तथा महालक्ष्मी पूजन एवं साधना के लिए प्रशस्त वृष, कर्क आदि लग्न के लिए पृष्ठ 263 का अवलोकन कर निकालें अथवा स्थानीय पंडित जी से '**पंचांगदिवाकर**' दिखाकर परामर्श लें।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत-महोत्सव

(5 सितम्बर, शनिवार—महापुण्यप्रदायक जयन्ती-योग)

श्रीमद्भागवत्, भविष्यादि सभी पुराणों के अनुसार भगवान् श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रकृष्ण अष्टमी तिथि, बुधवार, रोहिणी नक्षत्र एवं वृष के चन्द्रमा कालीन, अर्द्धरात्रि के समय हुआ था–

मासि भाद्रपदे, अष्टम्यां कृष्णपक्षेऽर्द्ध रात्रके।
वृष राशि स्थितो चन्द्रे, नक्षत्रे रोहिणी युते।।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के समय छहों तत्त्वों भाद्र. कृष्ण पक्ष, अर्द्धरात्रिकाल, अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र एवं वृष का चन्द्र और बुधवार या सोमवार को विद्यमानता (सम्मिलन) बड़ी कठिनता से प्राप्त होती है। अनेक वर्षों में कई बार भाद्र. कृष्ण अष्टमी की अर्द्धरात्रि को वृष का चन्द्र तो होता है, परन्तु रोहिणी नक्षत्र नहीं होता। इसी कारण पंचांग में प्रायः सप्तमी विद्धा रोहिणी नक्षत्र नहीं होता। इसी कारण पंचांग में प्रायः सप्तमी विद्धा अष्टमी को स्मार्तानां (गृहस्थ) तथा नवमी विद्धा अष्टमी को वैष्णवानां लिखा होता है। इस वर्ष 5 सितं. को लगभग सभी तत्त्वों का दुर्लभ योग मिल रहा है अर्थात् 5 सितं. को श्रीकृष्णजन्माष्टमी को अर्द्धरात्रि व्यापिनी अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र एवं वृषस्थ चन्द्रमा का पुण्यप्रदायक योग बन रहा है। प्रायः सभी शास्त्रकारों ने ऐसे दुर्लभ योग की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। **यथा**—निर्णयसिन्धु के अनुसार आधी रात के समय रोहिणी में यदि अष्टमी तिथि मिल जाए, तो उसमें श्रीकृष्ण का पूजनार्चन करने से तीन जन्मों के पाप दूर हो जाते हैं–

''रोहिण्यां अर्द्धरात्रे च यदा कृष्णाष्टमी भवेत्।
तस्यांम्यर्चनं शौरेः हन्ति पापं त्रिजन्मजम्।। (निर्णय सिन्धु)

श्रीकृष्णजन्माष्टमी रोहिणी नक्षत्र-योग रहित हो तो **'केवला'** और रोहिणी नक्षत्र युक्त हो तो **'जयन्ती'** कहलाती है। **'जयन्ती'** में बुध-सोम का योग आ जाए तो वह अत्युत्कृष्ट फलदायक हो जाती है। **'केवलाष्टमी'** और **'जयन्ती'** में अधिक भिन्नता नहीं है, क्योंकि अष्टमी के बिना जयन्ती का स्वतन्त्र स्वरूप नहीं हो सकता। प्राचीनकाल से ही अर्द्धरात्रि-व्यापिनी अष्टमी में रोहिणी नक्षत्र के बिना भी व्रत-उपवास किया जाता है, परन्तु तिथि-योग के बिना रोहिणी में किसी प्रकार का स्वतन्त्र विधान नहीं है। अतः श्रीकृष्ण जन्माष्टमी ही रोहिणी नक्षत्र के योग से जयन्ती बनती है। एतदर्थ कहा गया है कि **'रोहिणी-गुणविशिष्टा जयन्ती'**।। विष्णुरहस्य का भी यह श्लोक **'जयन्ती-योग'** की पुष्टि करता है–

अष्टमी कृष्णपक्षस्य रोहिणीऋक्षसंयुता।
भवेत्प्रौष्ठपदे मासि जयन्ती नाम सा स्मृता।।

अर्थात् भाद्रपद मास में कृष्ण पक्ष की अष्टमी यदि रोहिणी नक्षत्र से संयुक्त होती है, तो वह जयन्ती नाम से जानी जाती है।

अग्निपुराण अनुसार भी–

सप्तमी सहिताष्टम्यां निशीथे रोहिणी यदि।
भविता साष्टमी पुण्या यावत् चन्द्र दिवाकरौ।।

अर्थात् सप्तमी युक्त अष्टमी को आधी रात में रोहिणी होय, तो वह अष्टमी तब तक पुण्यप्रदायक है, जब तक सूर्य-चन्द्रमा हैं।

अपि च, जन्माष्टमी के व्रत में सोमवार या बुधवार का योग हो, तो यह श्रेष्ठता का द्योतक है, रोहिणी नक्षत्र के समान निर्णयकारक नहीं।

''अत्र व्रते बुध सोमवार योगः प्राशस्त्य विधायको न तु रोहिणीवत् निर्णायकः।। (धर्मसिन्धुः)

अस्तु, सभी धर्म एवं निबन्ध ग्रन्थों में ऐसे दुर्लभ योग की विशेष महिमा कही है।

उपरोक्त शास्त्रवचनों के अनुसार 5 सितं., शनिवार को प्रातः ध्वजारोहण एवं संकल्पपूर्वक व्रतानुष्ठान करके **'ॐ नमः भगवते वासुदेवाय। ॐ कृष्णाय वासुदेवाय गोविन्दाय नमो नमः'** आदि मन्त्र जप, श्रीकृष्ण नाम स्तोत्रपाठ, कीर्तनादि तथा रात्रि को श्रीकृष्ण बालरूप की पूजार्चन, ध्वजारोहण, झूला-झुलाना, चन्द्रार्घ्यदान, जागरण-कीर्तनादि शुभ कृत्य करने चाहिएं। रात्रि को 12 बजे गर्भ से जन्म लेने के प्रतीकस्वरूप खीरा फोड़कर एवं शंख ध्वनि सहित भगवान् का जन्मोत्सव मनाएँ। जन्मोत्सव के पश्चात् कर्पूरादि प्रज्वलित कर सामूहिक स्वर से श्रीभगवान् की आरती-स्तुति करें। फिर शङ्ख में गंगाजल सहित दूध-जल, फल, कुश, कुसुम, गन्धादि डालकर निम्न मंत्र द्वारा चन्द्रमा को अर्घ्य देवें–

गृहाणार्घ्यं शशाङ्क इमं रोहिण्या सहितो मम। ज्योत्स्नापते नमस्तुम्यं नमस्ते ज्योतिषां पते। नमस्ते रोहिणीकान्त अर्घ्यं मे प्रतिगृह्यताम्।।

फिर नमस्कार करके प्रार्थना करें–

त्रांहि मां सर्वपापघ्नं दुखशोकार्णवात् प्रभो अर्थात्

हे प्रभो ! दुःख व शोकरूपी समुद्र से मेरी रक्षा करो। तत्पश्चात् मक्खन, मिश्री-धनिया, केले आदि फलों का प्रसाद ग्रहण करें। फिर भगवान् श्रीकृष्ण के ध्यान/नाम मन्त्रों का यथाशक्ति जाप करते रहें।

'ॐ नारायणाय नमः, अच्युताय नमः, अनन्ताय नमः, वासुदेवाय नमः।।'

दूसरे दिन मिष्ठान्न सहित प्रसाद बाँटना, ब्राह्मण भोजन एवं यथाशक्ति दान करके श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी के दुर्लभ पर्व का अवश्य पुण्य-लाभ उठाना चाहिए।

इस दिन अभीष्ट सन्तान प्राप्ति के लिए विधिपूर्वक सन्तान गोपाल स्तोत्र का पाठ करने का विशेष माहात्म्य होगा। इस पर्व के सम्बन्ध में संशय या संदिग्ध कुछ भी नहीं है। फिर भी **'जयन्ती योग'** के उपलक्ष्य में माहात्म्य लिखा गया है। अपने स्थानीय नगर में **'श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी'** (5 सितं.) के दिन चन्द्रोदय जानने के लिए पृष्ठ 10-11 देखें। निवेदक-पं. विवेक शर्मा

आषाढ़ अधिक मास–संवत् २०७२ (सन् 2015 ई.)

(17 जून से 16 जुलाई, 2015 ई. तक)

आगामी वि. संवत् २०७२ (सन् 2015-16 ई.) में चान्द्र आषाढ़ मास अधिक मास होगा। इस चान्द्र मास की कालावधि 17 जून, बुधवार से लेकर 16 जुलाई, गुरुवार तक रहेगी।

अधिक-मास निर्णय–सूर्य सिद्धान्त, सिद्धान्त-शिरोमणि, ब्रह्म-सिद्धान्त आदि सिद्धान्तिक ग्रन्थों के अनुसार जिस चान्द्र-मास में सूर्य संक्रान्ति का अभाव हो, उस चान्द्र मास को अधिक मास कहते हैं।

यस्मिन् मासे न संक्रान्तिः, संक्रान्ति द्वयमेव वा। (ब्रह्मसिद्धान्त)

आचार्य चण्डेश्वर अनुसार भी–

दर्शद्वयमतिक्रम्य यदा सङ्क्रमते रविः।
मलमासः सः विज्ञेयः सर्वकर्मसु गर्हितः।।

यदि दो अमावस्याओं के अन्तर सूर्य की संक्रान्ति न हो, तो उक्त मास को मल मास कहते हैं। इस मास में समस्त शुभ काम नहीं करने चाहिए।

लोक-व्यवहार में अधिक मास को अधि-मास, मलमास एवं पुरुषोत्तम मास आदि नामों से भी जाना जाता है। ज्योतिषीय गणनानुसार एक सौर वर्ष 365 दिन, 6 घण्टे एवं 11 सैकिण्ड का होता है, जबकि एक चान्द्रवर्ष 354 दिन एवं लगभग 9 घण्टे का होता है। सौर वर्ष एवं चान्द्र वर्ष तथा सौर मास एवं च चान्द्रमास के मध्य सामञ्जस्य स्थापित करने के लिए ही भारतीय शास्त्रकारों द्वारा '**अधिक मास**' की परिकल्पना (व्यवस्था) की गई है। पुरुषार्थ चिन्तामणि के अनुसार एक अधिक मास से दूसरे अधिक (मल) मास तक की अवधि अर्थात् पुनरावृत्ति 28 मास से लेकर 36 मास के भीतर होना सम्भव है। इस प्रकार हर तीसरे वर्ष में अधिक मास अर्थात् पुरुषोत्तम मास की पुनरावृत्ति होना सम्भव है।

अधिक मास के आने पर जो व्यक्ति श्रद्धा एवं भक्तिपूर्वक व्रत, उपवास, श्रीविष्णु पूजन, पुरुषोत्तम माहात्म्य का पाठ, दान आदि शुभ कर्म करता है, वह मनोवांछित फल प्राप्त कर लेता है और अन्त में गोलोक पहुँचकर भगवान् श्रीकृष्ण का सान्निध्य प्राप्त करता है।

वि. संवत् २०७२ में प्रथम आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा तदनुसार 17 जून, बुधवार से आषाढ़ अधिक मास प्रारम्भ होकर 16 जुलाई, गुरुवार तक व्याप्त रहेगा। प्र. आषाढ़ शुक्ल पक्ष और द्वितीय आषाढ़ कृष्ण पक्ष–दोनों पक्षों के अन्तराल में किसी संक्रान्ति का अभाव होने से आषाढ़ मास ही अधिक मास अर्थात् मलमास माना जाएगा।

शास्त्रों में आषाढ़ अधिक मास का फल इस प्रकार से वर्णित है–

द्वयाषाढ़े व्यथा किंचित् खण्डवृष्टिः क्वचित्पुनः।

अन्येत्र–यशः पुण्यं सुभिक्षं च द्विराषाढ़े महत् सुखम्।।

अर्थात् जिस वर्ष दो आषाढ़ आवें, तो उस वर्ष किसी प्रदेश में खण्ड वर्षा अर्थात् रुक-रुक कर अल्प वर्षा हों और कहीं अति वर्षा हो तथा किसी प्रदेश में विषम् वर्षा एवं प्राकृतिक प्रकोपों के कारण फसलों को हानि किंवा जन, धन और कृषि आदि को क्षति पहुँचने के संकेत हैं। कुछ प्रदेशों में फसलों का उत्पादन अच्छा होने पर भी प्राकृतिक आदि प्रकोपों से लोगों को कष्टपूर्ण परिस्थितियों का सामना हो। अन्य मतानुसार, जब आषाढ़ अधिक मास दो हों, तो पुण्य, यश, सुभिक्ष तथा प्रजा को अधिक सुख होता है।

भविष्योत्तरपुराण अनुसार पुरुषोत्तम (अधि. मास) मास में ईश्वर (भगवान् कृष्ण) के निमित्त जो व्रत, उपवास, स्नान, दान या पूजनादि किए जाते हैं, उन सबका अक्षय फल होता है और व्रती के सब अनिष्ट नष्ट हो जाते हैं। पुराणों में, शास्त्रकारों ने सर्वपाप हरण करने वाले अधिमास काल में व्रत, उपवास, पूजन, दान आदि के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के विधान बतलाए गए हैं। हेमाद्रि अनुसार पुरुषोत्तम मास (अधिमास) आरम्भ होने पर प्रातः स्नानादि नित्यकर्म से निवृत्त होकर एकभुक्त या नक्तव्रत रखकर भगवान् विष्णुस्वरूप सहस्रांशु (भास्कर) का मंत्रों द्वारा लालपुष्प सहित पूजन एवं स्तोत्र पाठ करके कांस्य पात्र में भरे हुए अन्न, फल, वस्त्रादि का दान किया जाता है। पूजनोपरान्त अथवा अधिकमास के अन्तिम दिन विविध प्रकार के घी, गुड़ और अन्न का दान करें तथा घी, गेहूँ और गुड़ के बनाए हुए तैंतीस (33) अपूप (पूओं) को पात्र में रखकर निम्न मन्त्र पढ़कर फलों, मिष्ठान्न, वस्त्र, दक्षिणा सहित ब्राह्मण को दान करें–

"ॐ विष्णुरूपी सहस्रांशु सर्वपापप्रणाशनः। अपूपान्न प्रदानेन मम पापं व्यपोहतु।।"

इसके बाद आगे लिखे मन्त्र से भगवान् विष्णु को प्रार्थना करें–

"यस्य हस्ते गदाचक्रे गरुडोयस्य वाहनम्। शङ्खः करतले यस्य स मे विष्णुः प्रसीदतु।।"

इसके अतिरिक्त आषाढ़ अधिक मास में प्रतिदिन श्रीपुरुषोत्तम माहात्म्य का पाठ एक निश्चित् समय पर श्रद्धापूर्वक करना चाहिए। श्रीविष्णु स्तोत्र, श्रीविष्णु सहस्रनाम, श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त आदि पाठ करना शुभ होगा। अधिकमास की समाप्ति पर स्नान, जप, पुरुषोत्तम मास पाठ एवं निम्न मन्त्रों सहित गुड़, गेहूँ, घृत, वस्त्र, मिष्ठान्न, दाख, केले, कूष्माण्ड, ककड़ी आदि वस्तुओं का दान-दक्षिणा सहित करके भगवान् को 3 बार अर्घ्य देवें। त्रयस्त्रिंशद् (३३) नाम मन्त्रों का जप करें–

(१) विष्णुं, (२) जिष्णुं, (३) महाविष्णुं, (४) हरिं, (५) कृष्णं, (६) अधोक्षजम्, (७) केशवं, (८) माधवं, (९) रामं, (१०) अच्युतं, (११) पुरुषोत्तमम्, (१२) गोविन्दं, (१३) वामनं, (१४) श्रीशं, (१५) श्रीकृष्णं, (१६) विश्वसाक्षिणं, (१७) नारायणं, (१८) मधुरिपुं, (१९) अनिरुद्धं, (२०) त्रिविक्रमम्, (२१) वासुदेवं, (२२) जगद्योनिं, (२३) अनन्तं, (२४) शेषशायिनम्, (२५) सकर्षणं, (२६) प्रद्युम्नं, (२७) दैत्यरिं, (२८) विश्वतोमुखम्, (२९) जनार्दनं, (३०) धरावासं, (३१) दामोदरं, (३२) मघार्दनं, (३३) श्रीपतिं च।।

❖ अधिक–मास में त्याज्य कर्म कार्य ❖

ज्योतिष-आचार्यों के मतानुसार अधिक (पुरुषोत्तम) मास में कुछ नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य कर्मों को करने का निषेध माना गया है। जैसे–विवाह, यज्ञ, देव-प्रतिष्ठा, महादान, चूड़ाकर्म (मुण्डन), देवतीर्थों में गमन, नवगृह प्रवेश, वृषोत्सर्ग, भूमि आदि सम्पत्ति की खरीद (क्रय), नयी गाड़ी का क्रय आदि शुभ कार्यों का आरम्भ अधिक मास-काल में नहीं करने चाहिएं–

अग्न्याधेयं प्रतिष्ठां च यज्ञो दानव्रतानि च।
वेदव्रतवृषोत्सर्ग चूडाकरणमेखला:।।
गमनं देवतीर्थानां विवाहमभिषेचनम्।
यानं च गृहकर्माणि मलमासे विवर्जयेत्।। (गर्गाचार्य)

इसके अतिरिक्त नववधू प्रवेश, नव-यज्ञोपवीत धारण, नव-अलंकार, नवीन वस्त्रादि धारण करना, कूआँ, तालाब, बावली, बाग आदि का खनन करना, भूमि, वाहनादि का क्रय करना, काम्य व्रत का आरम्भ, भूमि, सुवर्ण, तुला, गायादि का दान, अष्टका श्राद्ध, उपाकर्मादि कर्मों के सम्पादन का निषेध माना गया है।

⭘ अधिक (पुरुषोत्तम) मास में करणीय कर्म ⭘

अधिक (मल) मास में जिस काम्य कर्म के प्रयोग का आरम्भ अधिक मास से पहले ही हो चुका हो, उसकी सम्पूर्त्ति अधिक मास में विहित है। **मलमास में मरने वाले का वार्षिक श्राद्ध, पितरों की क्रिया करना, तीर्थ व गजच्छाया श्राद्ध,** यदि मध्य में किसी के मलमास हो तो एक मास का अधिक ही श्राद्ध होगा। अर्थात् जिस मास में यह प्राप्त होता है, उसकी द्विरावृत्ति होती है। यदि मलमास में ही किसी की मृत्यु हो, तो उससे जो 12वाँ मास हो, उसमें प्रेतक्रिया को समाप्त करना चाहिए। तीव्र ज्वर या प्राणघातक रोगादि की निवृत्ति के लिए रुद्रपूजादि अनुष्ठान, पुत्र/सन्तान जन्म के नामकरण, अन्नप्राशनादि सम्बन्धी आवश्यक (दिन-निर्धारित) कर्म, कपिल षष्ठी जैसे दुर्लभ योगों का प्रयोग, नित्य पूजा-जप-दानादि कर्म अथवा ग्रहण सम्बन्धी श्राद्ध, दान, जपादि किए जा सकते हैं–

आवश्यकर्म मासाख्यं मलमासमृताब्दिकम्।
तीर्थेभच्छाययो: श्राद्धमाधानाङ्ग पितृक्रियाम्।। (सूर्योदय) (ज्यो. नि.)

नव सम्वत्सर का फल और माहात्म्य

भारत की गौरवमयी सभ्यता एवं संस्कृति में **सम्वत्सर** का विशेष महत्त्व है। हिन्दुओं के प्राय: सभी शुभ **संस्कारों (विवाह-मुण्डनादि)** एवं **मन्त्र-जपादि अनुष्ठानों में संकल्पादि के समय सम्वत् के नाम का प्रयोग प्रमुखता से किया जाता है।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवीन सम्वत् का प्रारम्भ होता है। सत्ययुग का आरम्भ भी इसी दिन हुआ माना जाता है तथा ब्रह्मा जी ने सृष्टि का आरम्भ भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को किया था। ''**चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा संसर्ज प्रथमेऽहनि (ब्रह्मपुराण)।**'' सम्भवत: इसी कारण **इसे स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त** माना जाता है। इस दिन किए गए जप-दानादि शुभ कर्मों के प्रभाव से वर्ष भर धन-सम्पदा एवं सुख-शान्ति बनी रहती है। संवत् 2072 में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 21 मार्च ई., शनिवार से '**कीलक**' नामक नया संवत्सर प्रारम्भ होगा।

नव सम्वत्सर के आगमन पर प्रात: तैलाभ्यंग, नित्य कर्मों से निपटकर आसन, पाद्य, अर्घ्य, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप-दीप, ताम्बुल, नैवेद्य, फल, आदि से सम्वत्सर पूजन एवं फल श्रवणादि, नवरात्र घट-स्थापन, मिट्टी के पात्र में रखी रेत-मिट्टी में जौं-गेहूँ आदि के बीज बोना, ओंकार सहित श्री गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, शिव एवं श्री दुर्गा-इन पंचदेवों तथा नवग्रहों की स्वयं अथवा किसी सुयोग्य ब्राह्मणों द्वारा पूजार्चना करवा कर उन्हें क्षीर सहित सात्त्विक भोजन करवाकर उनका '**पंचांगदिवाकर**' सहित यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, फल एवं धनादि देकर सत्कार करना चाहिए।

पूजन के समय भगवान् ब्रह्मा एवं विष्णु की मूर्तियों के समक्ष पुष्पाक्षत, नैवेद्य, अर्घ्य गंगा जल आदि लेकर निम्न मन्त्र पढ़ें–

ॐ ब्रह्मणे नम: से ब्रह्मा जी का आवाहन तथा बहुरूपाय विष्णवे परमात्मने नम: परमात्म-विष्णुमावाहयामि स्थापयामि च। फिर सम्वत्सर की मूर्त्ति अथवा प्रतीक रूप में सुपारी रखकर निम्न मन्त्रों से पूजन एवं प्रार्थना करें–

''भगवंतस्त्वत्प्रसादेन वर्षं क्षेममिहास्तु मे। संवत्सरोपसर्गा मे विलयं यान्त्वशेषत:।''

ॐ सम्वत्सराय नम:, चैत्राय नम:, वसन्ताय नम:। आदि नाम-मन्त्रों से पूजन करके विद्वान् ब्राह्मण का अर्चन करें। तथा क्षीर सहित भोजन करवाकर यथाशक्ति वस्त्र, फलों नया पंचाँग दिवाकर आदि का दान करें।

तदुपरान्त स्वास्ती वाचन, शान्ति पाठ आदि मांगलिक मन्त्रों का पाठ करने के पश्चात् सूर्य देव को ताम्र बर्तन से मन्त्र-पूर्वक तीन बार अर्घ्य देकर गायत्री मन्त्र का जाप करना चाहिए। तत्पश्चात् दिवाकर पंचाँग में किसी ब्राह्मण के श्री मुख से **सम्वत् का नाम,** सम्वत् का **वास,** सवारी राजा, **मन्त्री आदि का फल श्रवण करना** चाहिए चैत्र, प्रतिपदा से लेकर नवमी तक भगवान्-विष्णु, शिव एवं श्री दुर्गा के समक्ष नित्य ज्योति जलाकर श्रद्धानुसार श्री दुर्गासप्तशती का जप, पाठ करने का विधान है।

चैत्र प्रतिपदा से नवमी तक प्रतिदिन प्रात: कटु नीम की कोमल पत्तियाँ व पुष्पों का चूर्ण बनाकर, उसमें काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, ईमली, अजवायन, जीरा तथा शक्कर या चीनी बराबर मात्रा में मिलाकर चूर्ण बनाकर भगवान् को भोग लगाकर ग्रहण करने से वर्षभर आरोग्यता बनी रहती है तथा रक्त विकार, त्वचा, कुष्ठ आदि रोगों का भय नहीं रहता॥

वि. संवद् २०७२, चैत्र शुक्ल पक्ष शाक: १९३६–३७ **तारीखें**

सन् 2015 ई. (ता. 21 मार्च से 4 अप्रैल तक) हिजरी सन् 1436 — भा.स्टैं.टा. **जालन्धर**

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, वसन्त ऋतु:

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	शक फाल्गु.	मुं. जमा.	मार्च	सौर प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल	ग्रह दर्शन–प्रातः बुध पूर्वक्षितिज में, शनि याम्योत्तरवृत्त में दिखाई देगा, ता. 27 मार्च से बुध पूर्व में ही अस्त। सायं मं.–शु. पश्चिम क्षितिज में तथा गुरु पूर्वकपाल में दिखेगा।	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
३०.०३	१	शनि	१२	२३	उ.भा. रेव	६ ५९	८ ४८	ब्रह्म	४५	४८	बव	१२	२३	३०	२९	21	८	मे. ५९/४८	कीलक नाम वि. संवत् २०७२ प्रारम्भ, चैत्र (वासन्त) नवरात्रे(A)	११	०६	०१	३३	6	35	18	36
३०.०५	२	रवि	४	१५	अश्वि	५४	३३	ऐन्द्र	३६	४८	कौ	४	१५	चैत्र	जम	22	९	मेष	गणगौरी तृतीया, श्रीमत्स्य जयन्ती, जमादि-उल्सानी (मुस्लि.)मास(B)	११	०७	०१	०८	6	34	18	36
अवम्	३	रवि	५७	१०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००	तृतीया तिथि का क्षय ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
३०.१३	४	चंद्र	५१	४०	भर.	५०	५०	वैधृ	२८	५५	व	२४	२५	२	२	23	१०	मेष	भ. २४/२५ से ५१/४० तक, मंगल अश्वि (१) मेष में ४०/३५,(C)	११	०८	००	३८	6	32	18	37
३०.१८	५	मंग	४७	५३	कृति	४८	४८	विष्क	२२	२०	बव	१९	४७	३	३	24	११	वृ. ५/१०	श्री (लक्ष्मी) पंचमी, स. सि. योग:	११	०९	००	०८	6	31	18	38
३०.२०	६	बुध	४६	००	रोहि	४८	४०	प्रीति	१७	१५	कौ	१६	५७	४	४	25	१२	वृष	स्कन्द षष्ठी व्रत, सर्वार्थ सिद्ध योग	११	०९	५९	३५	6	30	18	38
३०.२५	७	गुरु	४६	८	मृग	५०	२८	आयु	१३	४५	गर	१६	०४	५	५	26	१३	मि. १९/२०	भ. ४६/०८ से प्रारम्भ	११	१०	५९	०१	6	29	18	39
३०.३३	८	शुक्र	४८	८	आर्द्रा	५४	५	सौभा	११	४५	वि	१७	८	६	६	27	१४	मिथुन	भ. १७/०८ तक, **श्रीदुर्गाष्टमी, भवान्युत्पत्ति, बुध मीन में ४७/४८D**	११	११	५८	२४	6	27	18	40
३०.३५	९	शनि	५१	५०	पुन	५९	१८	शोभ	११	१०	बा	१९	५९	७	७	28	१५	क. ४२/५३	**श्रीरामनवमी, नवरात्रे समाप्त**	११	१२	५७	४५	6	26	18	40
३०.४०	१०	रवि	५६	५५	पुष्य	६०	००	अति	११	५३	तै	२४	२३	८	८	29	१६	कर्क	बुध उ.भा. में ३७/५५, नवरात्रे-पारणा, स. सि. यो.	११	१३	५७	०२	6	25	18	41
३०.४३	११	चंद्र	६०	००	पुष्य	५	५५	सुक	१३	२८	व	२९	५८	९	९	30	१७	कर्क	भ. २९/०८ से प्रारम्भ, गण्डमूल (प्रातः 8/46 घं.मिं.) से प्रा.	११	१४	५६	१८	6	24	18	41
३०.५०	११	मंग	३	००	अश्ले	१३	१५	धृति	१५	४३	वि	३	००	१०	१०	31	१८	सिं. १३/१३	भ. ३/०० तक, **कामदा एकादशी व्रत**, सूर्य रेव. में ४४/५८, स.सि.यो.	११	१५	५५	३२	6	22	18	42
३०.५५	१२	बुध	९	३०	मघा	२१	३	शूल	१८	४५	बा	९	३०	११	११	अप्रै	१९	सिंह	प्रदोष व्रत, **अनङ्ग त्रयोदशी व्रत**, श्रीविष्णु दमनोत्सव, 1 अप्रै., गंडमूलादि	११	१६	५४	४२	6	21	18	43
३०.५८	१३	गुरु	१६	८	पूफा	२८	५०	गंड	२०	५०	तै	१६	८	१२	१२	2	२०	कं. ४५/४३	**श्रीमहावीर जयन्ती (जैन)**	११	१७	५३	५१	6	20	18	43
३१.०३	१४	शुक्र	२२	२८	उफा	३६	२०	वृद्धि	२३	१३	व	२२	२८	१३	१३	3	२१	कन्या	भ. २२/२८ से ५५/२२ तक, गुड फ्राईडे, श्रीसत्यनारायण व्रत (F)	११	१८	५२	५९	6	19	18	44
३१.०८	१५	शनि	२८	१५	हस्त	४३	१३	ध्रुव	२५	१०	बव	२८	१५	१४	१४	4	२२	कन्या	चैत्र पूर्णिमा, **ग्रस्तोदय खग्रास चन्द्रग्रहण** (देखें पृ. 15), **वैशाख स्नान**G	११	१९	५२	०४	6	18	18	45

(A) शुरू पंचक समाप्त (28/49 घं.मिं.), घटस्थापन, वर्षफल श्रवण, ध्वजारोहण, चन्द्रदर्शन, मु. ३०, **(B)** प्रारम्भ, बुध पू.भा. में १/३५, शक चैत्र, व शक सं. १९३७ शुरु **(C)** शुक्र भरणी में ३२/०५, दमनक चतुर्थी **(D)** (घं. मिं. 25/34), बुध पूर्व में अस्त ३०/००, मेला बाहूफोर्ट (जम्मू), अशोकाष्टमी **(F)** शुक्र कृति (१) में ४४/०५, शिवदमनोत्सव **(G)** प्रारम्भ, श्रीहनुमान जयन्ती (दक्षिण-भारत), गं.मू.

शुक्रे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 27 मार्च

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	२	०	१०	३	०	७	५	११
११	०८	०२	२८	१८	१७	१०	१६	१६
५६	११	२६	३०	४६	२५	४३	२१	२१
०४	१३	५३	११	२६	५०	४९	५२	५२
59 23	753 5	44 41	107 23	2 18	71 39	1 17	3 10	3 10
उभा ३	आर्द्रा १	अश्वि १	पूभा ३	आश्ले १	भर २	अनु ३	हस्त २	उभा ४
०	मा	मा	मा	व	मा	व	व	व
०	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

मं.शु. १ | १२ सू. के. | बु. ११ | २ | १० | ३ चं. | ९ | ४ गु. | ६ रा. | ८ श. | ५ | ७

शनौ पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 4 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	५	०	११	३	०	७	५	११
१९	१४	०८	१३	१८	२६	१०	१५	१५
५०	१८	२२	२६	३३	५६	३०	५६	५६
०८	१३	५५	४९	१७	२६	५४	२७	२७
59 6	719 55	44 17	118 6	0 48	70 54	2 2	3 11	3 11
रेव १	हस्त २	कृति ३	उभा ४	आश्ले १	कृति १	अनु ३	हस्त २	उभा ४
०	मा	मा	मा	व	मा	व	व	व
०	उ	उ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

मं. शु. १ | १२ सू.बु. के. | ११ | २ | १० | ३ | ९ | ४ गु. | ६ चं.रा. | ८ श. | ५ | ७

चैत्र शुक्ल पक्षफल–

चैत्र प्रतिपदा, शनिवार (21 मार्च) से '**कीलक**' नामक नया वि. २०७२ प्रारम्भ होगा। संवतारम्भ से व्रतानुष्ठान, होम-दानादि शुभ कार्यों के संकल्पादि में इसी नाम का प्रयोग होगा। नव सम्वत् का राजा शनि और मन्त्री मंगल होगा। फलस्वरूप चोरी, डकैती, तस्करी, विलिष्ट रोगों आदि की घटनाएँ अधिक होंगी। सामान्य लोग असुरक्षा की भावना एवं विलिष्ट रोगों के कारण भयभीत रहें। प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त्त में श्रीदुर्गा मूर्ति के सम्मुख नारियल सहित घटस्थापन करके अखण्ड दीप मन्त्रपूर्वक जलाना चाहिए। फिर श्रीदुर्गा पूजन करके नवमी तक श्रीदुर्गा सप्तशती का पाठ नित्य नियमानुसार करना चाहिए। प्रतिपदा को ही समृद्धि के प्रतीक मिट्टी के पात्र में शुद्ध रेत/मिट्टी डालकर जौं के बीज बोकर, शुद्ध जल के छींटे डालकर मंगल मन्त्र पढ़ने चाहिए। इसी दिन ब्राह्मणमुख द्वारा नवसंवत्सर का पूजन, संवत् का नाम एवं राजा मन्त्री का फल श्रवण करके ब्राह्मण को यथाशक्ति नया पंचाँग, धर्मग्रंथ, फल, मिष्ठान्न, दक्षिण सहित दान करना चाहिए। इसी दिन ध्वजारोहण करने का विधान है। **लोकभविष्य**–चैत्र मास में **पाँच शनिवार** होने से कहीं छत्र-भंग (सत्ता परिवर्तन), नेताओं में परस्पर विरोध तथा कहीं साम्प्रदायिक टकराव एवं हिंसक घटनाएँ होने के संकेत हैं। दैनिक उपभोग्य की वस्तुओं के मूल्यों में और तेज़ी हो। 4 अप्रैल, शनिवार की रात्रि को ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण घटित होना भी आयन्दा विशेष तेजी का सूचक है। **आकाश लक्षण**–उ. भारत के विभिन्न क्षेत्रों में तेज़ हवाओं के साथ वर्षा होने के योग हैं।

वि. संवत् २०७२, वैशाख कृष्ण पक्ष शाक : १९३७ | **सन् 2015 ई. (ता. 5 अप्रैल से 18 अप्रैल तक)** हिजरी सन् 1436 | भा.स्टैं.टा. **जालन्धर**

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, वसन्त ऋतु:

ग्रह दर्शन–प्रातः श. पश्चिमकपाल में होगा। बु. अभी अस्त है। सायं गु. याम्योत्तरवृत्त के पास, मं.–शु. पश्चिम–क्षितिजासन्न होंगे। ता. 10 से मंग. पश्चिम में ही अस्त हो जाएगा।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	तारीखें: चैत्र शक.	जमा. सा.	अप्रैल	चैत्र प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी–पल
३१.१३	१	रवि	३३	१८	चित्रा	४९	२३	व्या.	२६	३५	बा	०	४७	१५	१५	5	२३	तु. १६/२८
३१.१८	२	चंद्र	३७	२०	स्वा	५४	३५	हर्ष	२७	१५	तै	५	१९	१६	१६	6	२४	तुला
३१.२३	३	मंग	४०	१८	विशा	५८	४०	वज्र	२७	८	व	८	४९	१७	१७	7	२५	वृ. ४२/४५
३१.२५	४	बुध	४२	३	अनु	६०	००	सिद्धि	२६	५	बव	११	११	१८	१८	8	२६	वृश्चिक
३१.३३	५	गुरु	४२	३३	अनु	१	४०	व्य.	२४	५	कौ	१२	१८	१९	१९	9	२७	वृश्चिक
३१.३८	६	शुक्र	४१	४०	ज्ये.	३	२०	वरी	२१	३	गर	१२	७	२०	२०	10	२८	ध. ३/२०
३१.४०	७	शनि	३९	२३	मूल	३	३८	परि	१६	५५	वि	१०	३२	२१	२१	11	२९	धनु
३१.४५	८	रवि	३५	४८	पूषा	२	३५	शिव	११	४०	बा	७	३६	२२	२२	12	३०	म. १७/०८
३१.५०	९	चंद्र	३०	५३	उ.षा. श्रव.	० ५६	१५ ३८	सिद्ध साध्य	५ ५८	२३ ५	तै	३	२१	२३	२३	13	३१	मकर
३१.५३	१०	मंग	२४	५३	धनि	५२	३	शुभ	४९	५८	वि	२४	५३	२४	२४	14	वैश	कुं. २४/२८
३२.००	११	बुध	१७	५५	शत	४६	३८	शुक्ल	४१	१३	बा	१७	५५	२५	२५	15	२	कुम्भ
३२.०५	१२	गुरु	१०	१५	पूभा	४०	४०	ब्रह्म	३१	५५	तै	१०	१५	२६	२६	16	३	मी. २७/१०
३२.०८	१३	शुक्र	२	१०	उभा	३४	२८	ऐन्द्र	२२	२५	व	२	१०	२७	२७	17	४	मीन
अवम	१४	शुक्र	५३	५८	००	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००
३२.१५	३०	शनि	४६	५	रेव	२८	२३	वैधृ	१२	५८	च	२०	२	२८	२८	18	५	मे. २८/२३

तिथि	विवरण	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
१	वैशाख कृष्ण पक्ष प्रारम्भ, बुध रेवती में ३५/४८	११	२०	५१	०५	6	16	18	45
२	**शुक्र वृष में** ३३/४० (19घं.-43मिं.)	११	२१	५०	०६	6	15	18	46
३	भ. ८/४९ से ४०/१८ तक,	११	२२	४८	०६	6	14	18	47
४	**श्रीगणेश चतुर्थी व्रत** (देखें पृ. 10-11), **गुरु मार्गी ४०/२५**, स.सि.यो. **(A)**	११	२३	४८	०३	6	13	18	47
५	गण्डमूलादि प्रात: 6/51 उपरांत	११	२४	४६	५८	6	11	18	48
६	भ. ४१/४० से, मंगल भरणी में ४२/१०, **मंगल पश्चिम में अस्त (B)**	११	२५	४५	५०	6	10	18	49
७	भ. १०/३२ तक, गण्डमूल प्रात: 7/36 तक	११	२६	४४	४३	6	9	18	49
८	**बुध अश्वि. (१) मेष में** ६/२० (8घं.-40मिं.), स. सि. योग	११	२७	४३	३८	6	8	18	50
९	भ. ५७/५३ से प्रारम्भ, स. सि. योग:	११	२८	४२	२२	6	7	18	51
१०	भ. २४/५३ तक, **पंचक प्रारम्भ** २४/२८, **सूर्य अश्वि (१) मेष (C)**	११	२९	४१	०९	6	6	18	51
११	**वरूथिनी एकादशी व्रत**, शुक्र रोहि. में ६/४३, श्रीवल्लभाचार्य जयन्ती	०	००	३९	५४	6	4	18	52
१२	**प्रदोष व्रत**, वक्री शनि अनु. (२) में १७/१०	०	०१	३८	३८	6	3	18	53
१३	भ. २/१० से २८/०४ तक, मासशिवरात्रि व्रत	०	०२	३७	१८	6	2	18	53
१४	**चतुर्दशी तिथि का क्षय** ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
३०	**वैशाख शनिवारी अमावस, पंचक समाप्त २८/२३**, बुध भरणी में D	०	०३	३५	५७	6	1	18	54

(A) सती अनुसूया जयन्ती **(B)** १४/४८, गं. मू. **(C)** में १९/०८ (13घं.-45मिं.), **वैशाख संक्रान्ति (वैशाखी)**, मु. ३०, पुण्यकाल सं. प्रात: 7घं.-21मिं. बाद, **(D)** २८/४३, गण्डमूल विचार

रवौ अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रात: ५/३० बजे, 12 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	८	०	११	३	१	७	५	११
२७	२५	१४	२९	१८	०६	१०	१५	१५
४२	४२	१५	४३	३२	२०	१२	३१	३१
०३	४७	४८	२४	११	४१	१४	०१	०१
58 51	832 15	44 3	125 -53	0 43	70 4	2 42	3 11	3 11
रेव ४	पूभा ४	भर १	रेव ४	आश्ले १	कृति ३	अनु ३	हस्त २	उभा ४
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	उ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रात: 5.30

१ मं. | १२ सू. बु. के. | ११ | १० | ९ चं. | ८ श. | ७ | ६ रा. | ५ | ४ गु. | ३ | २ शु.

शनौ अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रात: ५/३० बजे, 18 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	११	०	०	३	१	७	५	११
०३	२२	१८	१२	१८	१३	०९	१५	१५
३४	४०	३८	१८	३९	१९	५४	११	११
४४	०८	२७	१२	१५	२१	४८	५६	५६
58 41	886 48	43 36	123 41	1 49	69 22	3 10	3 10	3 10
अश्वि २	रेव २	भर. २	अश्वि ४	आश्ले १	रोहि १	अनु २	हस्त २	उभा ४
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	अ	अ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अमा., प्रात: 5.30

१ सू. मं. बु. | १२ के. चं. | ११ | १० | ९ | ८ श. | ७ | ६ रा. | ५ | ४ गु. | ३ | २ शु.

वैशाख कृष्ण पक्षफल–

वैशाख मास (चैत्र पूर्णिमा से वैशाख पूर्णिमा तक) में किसी तीर्थ स्थान पर अथवा अपने निवास पर ही गंगाजलादि मिश्रित पवित्र जल में स्नान करके भगवान् लक्ष्मी/नारायण की पूजार्चन करके नित्य श्रीविष्णु सहस्रनाम तथा **वैशाख माहात्म्य** का नियमित रूप से पाठ करना चाहिए। वै. पूर्णिमा को ब्राह्मण को यथाशक्ति वस्त्र, मौसमी फल, अनाजादि का दान करना कल्याणकारी होगा। ता. 14 अप्रैल, मंगलवार को वैशाख संक्रान्ति ३० मुहूर्त्ति है। वैशाख मास में **पाँच रविवार** पड़ रहे हैं। इनके प्रभावस्वरूप अत्यधिक महँगाई व भ्रष्टाचार के कारण सामान्य लोगों में आर्थिक परेशानियाँ एवं सामाजिक असुरक्षा का भय होगा। कहीं छत्रभंग, राजनैतिक अस्थिरता एवं राजनैतिक गतिरोध पैदा होने का भय है–**यत्रमासे रविवारा: जायन्ते पंचसततम्। दुर्भिक्षं छत्रभङ्ग स्यात् दास्ते च महद्भयम्।।** इस पक्ष में **शनिवार** की अमावस्या होने से गेहूँ–अनाजादि वस्तुओं में दुर्लभता होने से आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में विशेष तेजी होगी। पिता–पुत्र जैसे निकट के रिश्तों में भी प्रेम भाव में कमी हो। राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र में अति स्वार्थपरता के कारण साम्प्रदायिकता, कट्टरवाद एवं चारित्रिक मूल्यों का ह्रास होगा। **संक्रान्ति राशिफल**–मेष, वृष, कर्क, सिंह, धन, मकर राशि वालों को संक्रान्ति का फल शुभ होगा। जबकि अन्य राशि वालों को मिश्रित फल प्राप्त होंगे। **मंगलवारी संक्रान्ति** होने के कारण तिल, तैल, घृत, गुड़, शक्कर, ईख, वनस्पति, रसादि सर्व प्रकार के माल पंसारी तेज होंगे। प्रजा में दुख-पीड़ा व असंतोष बढ़ेगा। कहीं छत्रभंग, उपद्रव व हिंसक घटनाएँ अधिक हों। **आकाश लक्षण**–इस पक्ष में तेज हवाओं के साथ खण्ड वर्षा होने के योग हैं।

वि. संवत् २०७२, वैशाख शुक्ल पक्ष शाक: १९३७ | **सन् 2015 ई. (ता. 19 अप्रैल से 4 मई तक)** हिजरी सन् 1436
सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, वसन्त–ग्रीष्म ऋतु: | भा.स्टैं.टा. **जालन्धर**

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	तारीखें: शक	मुस्लिम	अंग्रेजी	सौर प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल
३२.१८	१	रवि	३८	५३	अश्वि	२२	५३	विष्क प्रीति	१ ५५	५० २०	किं	१२	२९	२९	२९	19	६	मेष
३२.२०	२	चंद्र	३२	४०	भर.	१८	१५	आयु	४७	५०	बा	५	४७	३०	३०	20	७	वृष ३२/१८
३२.२५	३	मंग	२७	५०	कृति	१४	५८	सौभा	४१	३०	गर	२७	५०	वैश	रज	21	८	वृष
३२.३०	४	बुध	२४	४०	रोहि	१३	१५	शोभ	३६	३५	वि	२४	४०	२	२	22	९	मि. ४३/०३
३२.३३	५	गुरु	२३	२५	मृग	१३	२३	अति	३३	१३	बा	२३	१५	३	३	23	१०	मिथुन
३२.३८	६	शुक्र	२४	१०	आर्द्रा	१५	२५	सुक	३१	२५	तै	२४	१०	४	४	24	११	मिथुन
३२.४५	७	शनि	२६	५३	पुन	१९	२५	धृति	३१	८	व	२६	५३	५	५	25	१२	कर्क ३/१८
३२.४८	८	रवि	३१	१३	पुष्य	२५	३	शूल	३२	५	बव	३१	१३	६	६	26	१३	कर्क
३२.५३	९	चंद्र	३६	५०	अश्ले	३१	५५	गंड	३४	००	बा	४	२	७	७	27	१४	सिं. ३१/५५
३२.५८	१०	मंग	४३	१३	मघा	३९	३५	वृद्धि	३६	३०	तै	१०	२	८	८	28	१५	सिंह
३२.५८	११	बुध	४९	४०	पूफा	४७	२३	ध्रुव	३९	८	व	१६	२७	९	९	29	१६	सिंह
३३.०३	१२	गुरु	५५	५०	उफा	५४	५३	व्या.	४१	३८	बव	२२	४५	१०	१०	30	१७	कन्ये ४/२०
३३.०८	१३	शुक्र	६०	००	हस्त	६०	००	हर्ष	४३	३३	कौ	२८	३३	११	११	मई	१८	कन्या
३३.१०	१३	शनि	१	१५	हस्त	१	४०	वज्र	४४	४५	तै	१	१५	१२	१२	2	१९	तु. ३४/४०
३३.१५	१४	रवि	५	३३	चित्रा	७	२५	सिद्धि	४५	००	व	५	३३	१३	१३	3	२०	तुला
३३.२०	१५	चंद्र	८	३८	स्वा.	११	५८	व्य.	४८	१८	बव	८	३८	१४	१४	4	२१	वृ. ५९/३३

अंग्रेजी	प्रातः शनि याम्योत्तरवृत्त से पश्चिम में होगा। सायं गु. याम्योत्तर वृत्त के पास, शुक्र पश्चिम में होगा। 22 अप्रै. से बुध भी पश्चिमी में होगा। मंगल अस्त है।	दे. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
19	वैशाख शुक्ल पक्ष प्रारम्भ, स. सि. योग:, गं. मू. 15/09 तक	०	०४	३४	३६	6	००	18	55
20	चन्द्रदर्शन, मु. 30, **भगवान् श्रीपरशुराम जयन्ती** (देखें पृ. 83), **(A)**	०	०५	३३	१२	5	59	18	55
21	भ. ५६/१५ से, **अक्षय तृतीया**, केदार-बदरी यात्रा प्रारम्भ, शक **B**	०	०६	३१	४६	5	58	18	56
22	भ. २४/४० तक, बुध पश्चिम में उदय ४/५३, स. सि. योग:	०	०७	३०	१८	5	57	18	57
23	**आद्यगुरु श्रीशंकराचार्य जयन्ती,**	०	०८	२८	४७	5	56	18	57
24	श्रीरामानुजाचार्य जयन्ती,	०	०९	२७	१६	5	55	18	58
25	भ. २६/५३ से ५९/०३ तक, **श्रीगङ्गा-जयन्ती,** बुध कृति. में २०/१५,	०	१०	२५	४२	5	53	18	59
26	शुक्र मृग. में ४२/३०, **श्रीदुर्गाष्टमी, बगुलामुखी जयन्ती,** स.सि.यो.	०	११	२४	०५	5	52	18	59
27	**जानकी (सीता) नवमी,** सूर्य भर. में ५९/१०, **बुध वृष में १५/३३,** गं.मू.	०	१२	२२	२७	5	51	19	००
28	गंडमूलादि 21/40 घं.मिं. तक	०	१३	२०	४६	5	50	19	01
29	भद्रा १६/२७ से ४९/४० तक, **मोहिनी एकादशी व्रत,** मंगल कृति. में ५/४३	०	१४	१९	०३	5	50	19	01
30		०	१५	१७	१८	5	49	19	02
मई	**प्रदोष व्रत,** मई मास प्रारम्भ, **मई (श्रम) दिवस**	०	१६	१५	३२	5	48	19	03
2	**श्रीनृसिंह जयन्ती, शुक्र मिथुन में** ३६/५५ (20 घं. 33 मिं.)	०	१७	१३	४४	5	47	19	03
3	भ. ५/३३ से ३७/०५ तक, **मंगल वृष में ४५/२३, श्रीकूर्म जयन्ती C**	०	१८	११	५३	5	46	19	04
4	**वैशाख पूर्णिमा स्नानदानादि,** श्रीबुद्ध जयन्ती, वैशाखस्नान समाप्त **(D)**	०	१९	१०	०१	5	45	19	05

(A) शिवाजी जयन्ती, सूर्य सायन वृष में २३/०३, ग्रीष्म ऋतु आरम्भ **(B)** वैशाख प्रारम्भ, रज्जब (मुस्लि.) मास प्रा., **अगस्त्यास्त** **(C)** श्रीसत्यनारायण व्रत **(D)** छिन्नमस्तिका जयन्ती, बुध रोहि. में १०/२५

रवौ अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 26 अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	३	०	०	३	१	७	५	११
११	११	२४	२७	१८	२२	०९	१४	१४
२३	२५	२५	४९	५८	३०	२७	४६	४६
१२	३५	५२	०८	५२	३४	३२	३०	३०
58 24	723 27	43 12	103 30	3 16	67 16	3 41	3 11	3 11
अश्वि ४	पुष्य ३	भर. ४	कृति १	आर्द्रा १	रोहि ४	अनु २	हस्त २	उफा ४
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	अ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

१ सू. मं. बु.; २ शु.; ३; ४ चं. गु.; ५; ६ रा.; ७; ८ श.; ९; १०; ११; १२ के.

चन्द्रे पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 4 मई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	६	१	१	३	२	७	५	११
१९	१७	००	०९	१९	०१	०८	१४	१४
०९	२२	१०	४६	२९	३२	५६	२१	२१
२७	५६	०१	५८	३७	१२	३५	०४	०४
58 8	755 18	42 48	70 37	4 36	66 57	4 5	3 10	3 10
भर. २	स्वा. ४	कृति २	कृति ४	आर्द्रा १	मृग ३	अनु २	हस्त २	उफा ४
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	अ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

१ सू.; २ बु. मं.; ३ शु.; ४ गु.; ५; ६ रा.; ७ चं.; ८ श.; ९; १०; ११; १२ के.

वैशाख शुक्ल पक्षफल—

भविष्य पुराणानुसार भगवान् के अंशावतार श्रीपरशुराम का जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि के प्रथम प्रहर (प्रदोषकाले) में हुआ था। तदनुसार सोमवार, 20 अप्रैल को सूर्यास्त के पश्चात् सायं 7/03 के बाद भगवान् परशुराम का जन्मोत्सव मनाना शुभ होगा। **अक्षय तृतीया** पर्व, 21 अप्रैल, मंगलवार की मध्याह्न 11/57 के बाद **रोहिणी नक्षत्र** कालीन मनाना विशेष प्रशस्त होगा। **यह स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त तिथि है।** इस दिन किए गए तप, जप, ध्यान, यज्ञ, दानादि शुभ कार्यों का अक्षुण्ण (अक्षय) फल होता है। इसदिन तीर्थ स्नान, समुद्र स्नान, श्रीविष्णु पूजन, श्रीविष्णु सहस्रनाम का पाठ, ब्राह्मण भोजन, कलश, वस्त्र, फल, चावलादि अनाज एवं मिष्ठान्न दक्षिणासहित दान यथाशक्ति करने से अनन्त गुणा फल होता है। **श्रीगङ्गा जयंती** (25 अप्रै.) को श्रीगङ्गा जी का अवतरण पृथ्वी पर हुआ था। इस पक्ष में हरिद्वार में गंगा स्नान एवं पुष्पाक्षत व दीपादि द्वारा गंगा पूजन, जप-पाठ एवं अन्न, वस्त्र, फलों आदि का दान करने का विशेष माहात्म्य होता है। शक्तिरूपा **बगुलामुखी माता** (बगुलमुखी जयं. 26 अप्रै.) की पूजार्चन करने से व्यक्ति को ऋण, रोग एवं शत्रु भय नहीं होता। **वैशाख मास में पाँच रविवार** होने से भारत के कुछ राज्यों में राजनैतिक अस्थिरता एवं गतिरोध होने के संकेत हैं। लोगों में भय एवं विक्षोभ रहे। घी, खाद्य, तैल, दालें, चौपाय, पशुचारा तेज़ भाव हों। **आकाश लक्षण**—भारत के उत्तर-पश्चिमी भागों में तेज़ हवाओं के साथ वर्षा के योग हैं।

वि. संवत् २०७२, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष शाक : १९३७ — सन् 2015 ई. (ता. 5 मई से 18 मई तक) हिजरी सन् 1436

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतुः — भा.स्टैं.टा. जालन्धर

ग्रह दर्शन—प्रातः शनि पश्चिम में दिखाई देगा। सायं गुरु पश्चिम कपाल में, बुध, शुक्र भी पश्चिम क्षितिज में दिखाई देंगे। मंगल अभी अस्त रहेगा।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	तारीखें वैशा. शक	रज्जब मु.	मई	वैशा. प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल		दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
३३.२३	१	मंग	१०	२५	विशा	१५	१८	वरी	४२	३८	कौ	१०	२५	१५	१५	5	२२	वृश्चिक	ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रारम्भ	०	२०	०८	०६	5	44	19	05
३३.२८	२	बुध	११	००	अनु	१७	२३	परि	४०	००	गर	११	००	१६	१६	6	२३	वृश्चिक	भ. ४०/४३ से, **श्रीनारद जयन्ती**, वीणादान, स. सि. यो.	०	२१	०६	११	5	43	19	06
३३.३३	३	गुरु	१०	२५	ज्ये.	१८	२५	शिव	३६	३३	वि	१०	२५	१७	१७	7	२४	ध. १८/२५	भ. १०/२५ तक, **श्रीगणेश चतुर्थी व्रत** (देखें पृ. 10-11), टैगोर जयन्ती	०	२२	०४	१४	5	42	19	07
३३.३५	४	शुक्र	८	४८	मूल	१८	२५	सिद्ध	३२	१५	बा	८	४८	१८	१८	8	२५	धनु	शुक्र आर्द्रा में ३६/५०, गण्डमूल विचार	०	२३	०२	१८	5	41	19	07
३३.३८	५	शनि	६	१०	पू.षा.	१७	२८	साध्य	२७	१३	तै	६	१०	१९	१९	9	२६	म. ३२/०५		०	२४	००	१७	5	41	19	08
३३.४३	६	रवि	२	४५	उ.षा.	१५	४३	शुभ	२१	३३	व	२	४५	२०	२०	10	२७	मकर	भद्रा २/४५ से ३०/३८ तक, गुरु आश्ले. (२) में ५/०३	०	२४	५८	१६	5	40	19	09
अवम्	७	रवि	५८	३०	००	०	०	००	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००	सप्तमी तिथि का क्षय ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
३३.४५	८	चंद्र	५३	३५	श्रव	१३	१३	शुक्ल	१५	१५	बा	२६	३	२१	२१	11	२८	कुंभे ४१/४०	**पंचक प्रारम्भ ४१/४०**, सूर्य कृतिका में ४५/१७, स. सि. योगः	०	२५	५६	१३	5	39	19	09
३३.५०	९	मंग	४८	३	धनि	१०	००	ब्रह्म	८	२८	तै	२०	४९	२२	२२	12	२९	कुम्भ		०	२६	५४	११	5	38	19	10
३३.५३	१०	बुध	४१	५८	शत	६	१३	ऐन्द्र वैधृ	१ ५३	५ २०	व	१५	१	२३	२३	13	३०	मी. ४८/०३	भ. १५/०१ से ४१/५८ तक,	०	२७	५२	०६	5	38	19	11
३३.५८	११	गुरु	३५	३३	पू.भा. उ.भा.	१ ५७	५८ २३	विष्क	४५	२३	बव	८	४६	२४	२४	14	३१	मीन	**अपरा एकादशी व्रत, भद्रकाली एकादशी (पं.)**	०	२८	४९	५९	5	37	19	12
३४.००	१२	शुक्र	२८	५५	रेव	५२	४३	प्रीति	३७	१५	कौ	२	१४	२५	२५	15	ज्ये	मे. ५२/४३	**पंचक समाप्त ५२/४३, सूर्य वृष में १२/३३, ज्येष्ठ संक्रान्ति,(A)**	०	२९	४७	५३	5	36	19	12
३४.०३	१३	शनि	२२	१८	अश्वि	४८	१०	आयु	२९	१०	व	२२	१८	२६	२६	16	२	मेष	भ. २२/१८ से ४९/११ तक, मासशिवरात्रि व्रत, स. सि. यो. **(B)**	१	००	४५	४४	5	36	19	13
३४.०७	१४	रवि	१६	३	भर.	४४	८	सौभा	२१	२५	शकु	१६	३	२७	२७	17	३	वृ. ५८/१३	मंगल रोहि. में ४३/००, **शनैश्चर जयन्ती**, अमावस (पितृकार्येषु) **(C)**	१	०१	४३	३४	5	35	19	13
३४.०८	३०	चंद्र	१०	२०	कृति	४०	५०	शोभ	१४	८	ना	१०	२०	२८	२८	18	४	वृष	**ज्येष्ठ सोमवती अमावस, स्नान-दानादि**, तीर्थस्नान पुण्यम्	१	०२	४१	२२	5	35	19	14

(A) मु. 30 पुण्यकाल सं. सूर्योदय से मध्याह्न बाद तक, प्रदोष व्रत, स. सि. योग, गं. मू. **(B)** सावित्री चौदश, वटसावित्री व्रत प्रा., गण्डमूल **(C)** भावुका अमावस, वटसावित्री व्रत (अमा.-पक्ष) (देखें पृ. 83)

चन्द्रे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 11 मई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	९	१	१	३	२	७	५	११
२५	२०	०५	१६	२०	०९	०८	१३	१३
५५	१०	०८	२३	०५	१६	२७	५८	५८
५४	१६	३२	४५	००	५०	१४	४९	४९
57 58	843 21	42 28	37 30	5 40	65 36	4 19	3 11	3 11
भर. ४	श्रव. ४	कृति ३	रोहि. २	अश्ले २	आर्द्रा १	अनु २	हस्त २	उभा ४
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	अ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

१ सू. ; २ बु. मं. ; ३ शु. ; ४ गु. ; ५ ; ६ रा. ; ७ ; ८ श. ; ९ ; १० चं. ; ११ ; १२ के.

चन्द्रे अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 18 मई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१	१	१	१	३	२	७	५	११
०२	००	१०	१९	२०	१६	०७	१३	१३
४१	२२	०४	०१	४७	५१	५६	३६	३६
१५	१६	४५	४७	४४	२५	३१	३४	३४
57 49	841 56	42 7	2 46	6 41	64 1	4 27	3 11	3 11
कृति २	कृति २	रोहि. १	रोहि. ३	अश्ले २	आर्द्रा ४	अनु २	हस्त २	उभा ४
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	अ	अ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अमा., प्रातः 5.30

२ सू. चं. मं. बु. ; ३ शु. ; ४ गु. ; ५ ; ६ रा. ; ७ ; ८ श. ; ९ ; १० ; ११ ; १२ के. ; १

ज्येष्ठ कृष्ण पक्षफल—

ज्येष्ठ मास में एकादशी, संक्रान्ति, अमावस्या, शुक्लाष्टमी, गंगादशमी, निर्जला एकादशी, पूर्णमाशी आदि पर्वों पर जलपात्र, गेहूँ-चावल, सत्तू, चने आदि अनाज, दूध, चीनी, शक्कर, पंखा, छाता, आम-खरबूज़ा आदि फल, वस्त्र तथा अन्य ग्रीष्म उपयोगी वस्तुओं का संकल्पपूर्वक सुपात्र ब्राह्मण को दक्षिणा सहित दान करने का विशेष महत्त्व है। इस पक्ष की **अपरा एकादशी** (14 मई) का व्रत रखकर किसी गरीब परिवार की अन्न-धनादि से सहायता करना विशेष शुभ होता है। ता. 15 को **ज्येष्ठ संक्रान्ति** शुक्रवार को ३० मुहूर्त्ति है। नक्षत्रानुसार मन्दाकिनी नाम संक्रांति राजनेताओं के लिए सुखकारक होगी। ३० मुहूर्त्ति इस संक्रान्ति के स्नान, दान, जपादि का पुण्यकाल प्रातः सूर्योदय से लेकर मध्याह्न बाद तक रहेगा। **ज्येष्ठ मास में पाँच (५) मंगलवार** होने से देश में कहीं छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन), साम्प्रदायिक उपद्रव एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं। किसी प्रमुख नेता का आकस्मिक निधन या अपदस्थ होने के योग हैं—**यत्र मासे महीसूने जायन्ते पंचवासराः। रक्तेन पूरिता पृथिवी छत्रभंगस्तदा भवेत्।।** गेहूँ, चने, घृत, दालें, खाद्य तैल, खल, बिनौले आदि माल पंसारी, सोना, पीतल आदि तेज़ भाव होंगे। इस पक्ष में शनि अभी वक्री होकर वृश्चिक राशि में संचरित है। जिससे कहीं अनाज की कमी एवं नेताओं में परस्पर टकराव हों। पक्ष में **सोमवारी अमावस्या** (18 मई) को तीर्थ स्नान, भगवान् शिव की पूजार्चना, जप, पाठ एवं ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र, दक्षिणा आदि का दान करना विशेष पुण्यप्रदायक माना जाता है। **आकाश लक्षण**—पक्ष में उ. भारत में कहीं तेज हवाओं के साथ तीव्र बौछारें एवं गर्मी का प्रकोप रहेगा।

वि. संवत् २०७२, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष शाकः १९३७ — सन् 2015 ई. (ता. 19 मई से 2 जून तक) हिजरी सन् 1436

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतुः — भा.स्टैं.टा. जालन्धर

ग्रह दर्शन—प्रातः श. पश्चिम में होगा। सायं, बु., गु. व शु. पश्चिम में होंगे। ता. 22 मई से बु. पश्चिम में ही अस्त हो जाएगा। मं. भी अभी अस्त है।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	तारीखें: शाके ज्ये.	मुस्लि.	मई	प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल	व्रत-पर्व	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
३४.१३	१	मंग	५	३८	रोहि	३८	४३	अति	७	४३	बव	५	३८	२९	२९	19	५	वृष	चन्द्रदर्शन, मु. ४५, **बुध वक्री 7घं.-17मिं.**, श्रीगङ्गा स्नान प्रारम्भ,	१	०३	३९	११	5	34	19	15
३४.१५	२	बुध	२	१३	मृग	३८	३	सुक/धृति	२/५८	२०/१०	कौ	२	१३	३०	श.	20	६	मिथु. ८/१३	**रम्भा तृतीया व्रत,** शुक्र पुन. में ५७/१८, शव्वान (मुस्लि.) मास **(A)**	१	०४	३६	५७	5	33	19	15
३४.१८	३	गुरु	०	१८	आर्द्रा	३८	५८	शूल	५५	२५	गर	०	१८	३१	२	21	७	मिथुन	भ. ३०/१४ से, महाराणा प्रताप जयन्ती, सूर्य सायन मिथुन में २१/४५	१	०५	३४	४०	5	33	19	16
३४.२३	४	शुक्र	०	१०	पुन	४१	४५	गंड	५४	१०	वि	०	१०	ज्ये.	३	22	८	कर्क २५/५५	भ. ०/१० तक, शक ज्येष्ठ प्रारम्भ, **वक्री बुध पश्चिम में अस्त** २२/४३	१	०६	३२	२५	5	32	19	17
३४.२३	५	शनि	१	५३	पुष्य	४६	१८	वृद्धि	५४	१५	बा	१	५३	२	४	23	९	कर्क	राहु हस्त (१), केतु उ.भा. (३) में १२/२५, विन्ध्य वासिनी पूजा	१	०७	३०	०८	5	32	19	17
३४.२८	६	रवि	५	२५	अश्ले	५२	२३	ध्रुव	५५	३५	तै	५	२५	३	५	24	१०	सिं. ५२/२३	अरण्य षष्ठी, गण्डमूल विचार,	१	०८	२७	४७	5	31	19	18
३४.३०	७	चंद्र	१०	२३	मघा	५१	३०	व्या.	५७	४५	व	१०	२३	४	६	25	११	सिंह	भ. १०/२३ से ४३/२२ तक, सूर्य रोहि. में ३५/५५, गं.मू. 29/19 घं. तक	१	०९	२५	२७	5	31	19	19
३४.३०	८	मंग	१६	२०	पूफा	६०	००	हर्ष	६०	००	बव	१६	२०	५	७	26	१२	सिंह	**श्रीदुर्गाष्टमी,** धूमावती जयन्ती, **मेला क्षीर भवानी (काश्मीर)**	१	१०	२३	०४	5	31	19	19
३४.३५	९	बुध	२२	४३	पूफा	७	१५	हर्ष	०	२३	कौ	२२	४३	६	८	27	१३	कं. २४/१०	उमा ब्राह्मणी व्रत	१	११	२०	४१	5	30	19	20
३४.३५	१०	गुरु	२८	४८	उफा	१४	५०	वज्र	२	५८	गर	२८	४८	७	९	28	१४	कन्या	**श्रीगङ्गा दशहरा पर्व (हरिद्वार), हस्त नक्षत्र 11/26 बजे बाद,**	१	१२	१८	१७	5	30	19	20
३४.४०	११	शुक्र	३४	८	हस्त	२१	४८	सिद्धि	५	८	व	१	२८	८	१०	29	१५	तु. ५४/५०	भ. १/२८ से ३४/८ तक, **निर्जला एकादशी व्रत**	१	१३	१५	४८	5	29	19	21
३४.४२	१२	शनि	३८	५	चित्रा	२७	३३	व्य.	६	२३	बव	६	७	९	११	30	१६	तुला	**शुक्र कर्क में ३८/३५ (20घं.-55मिं.),** चम्पक-द्वादशी	१	१४	१३	२०	5	29	19	22
३४.४३	१३	रवि	४०	३५	स्वा	३१	५३	वरी	६	३३	कौ	९	२०	१०	१२	31	१७	तुला	प्रदोष व्रत, **वटसावित्री व्रतारम्भ**	१	१५	१०	५२	5	29	19	22
३४.४५	१४	चंद्र	४१	२८	विशा	३४	३८	परि	५	३०	गर	११	२	११	१३	जून	१८	वृ. १९/०५	भ. ४१/२८ से, **जून मास** प्रारम्भ,	१	१६	०८	२०	5	29	19	23
३४.४८	१५	मंग	४०	५३	अनु	३५	५८	शिव/सिद्ध	३/५९	१८/५०	वि	११	११	१२	१४	2	१९	वृश्चिक	भ. ११/११ तक, **ज्येष्ठ पूर्णिमा, वटसावित्री व्रत** (पूर्णिमा-पक्ष) **(B)**	१	१७	०५	४९	5	28	19	23

(A) प्रारम्भ, उमा-अवतार, महाराणा प्रताप जयन्ती (राजस्थाने), स. सि. यो. **(B)** सन्त कबीर जयन्ती, शुक्र पुष्य में ५९/२८ (29घं.-15मिं.), श्रीसत्यनारायण व्रत

भौमे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 26 मई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१	४	१	१	३	२	७	५	११
१०	१३	१५	१७	२१	२५	०७	१३	१३
२३	२५	४०	२२	४४	१६	२०	११	११
०६	२३	२५	१४	५६	०५	४५	०८	०८
57 37	709 8	41 45	28 24	7 44	61 46	4 28	3 11	3 11
रोहि १	पूफा १	रोहि २	रोहि ३	अश्ले २	पुन २	अनु २	हस्त १	उभा ३
०	मा	मा	व	मा	मा	व	व	व
०	उ	अ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

३ शु. | २ सू. मं. बु. | १ | १२ के. | ४ गु. | ५ चं. | ११ | ६ रा. | ८ श. | १० | ७ | ९

भौमे पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 2 जून

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१	७	१	१	३	३	७	५	११
१७	०८	२०	१३	२२	०२	०६	१२	१२
०५	४९	३१	३७	४१	२१	४९	४८	४८
५६	२७	३६	१९	३४	२०	४६	५३	५३
57 28	790 37	41 25	31 44	8 34	59 18	4 21	3 11	3 11
रोहि ३	अनु २	रोहि ४	रोहि २	अश्ले २	पुन ४	अनु २	हस्त १	उभा ३
०	मा	मा	व	मा	मा	व	व	व
०	अ	अ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

३ | २ सू. मं. बु. | १ | १२ के. | ४ गु. शु. | ५ | ११ | ६ रा. | ८ चं. श. | १० | ७ | ९

ज्येष्ठ शुक्ल पक्षफल—

इस पक्ष की तृतीया तिथि (20 मई) को गौरी माता की प्रसन्नता के लिए रम्भा तृतीया का व्रत किया जाता है। इसमें विवाह, संतान व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। देवी माँ की पुष्प, नैवेद्य आदि से पूजन करके निम्न मन्त्र से प्रार्थना करनी चाहिए—**देवि ! त्वं शक्तिस्त्वं स्वधा स्वाहा त्वं सावित्री सरस्वती। पतिं देहि गृहं देहि सुतान् देहि नमोऽस्तुते।** माता पार्वती का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। इस पक्ष में शुक्लाष्टमी के दिन जम्मू-कश्मीर में भगवती दुर्गा माता के मन्दिरों में क्षीर, मेवे आदि सहित भोग लगाकर क्षीर भवानी का उत्सव मनाया जाता है। हरिद्वार में **गंगा दशमी** (28 मई) के दिन श्रीगंगा स्नान के उपरान्त पुष्प, अक्षत, धूप-दीप, नारियलादि, द्रव्यों सहित गंगा जी का पूजन करके यथाशक्ति दान करना चाहिए। **निर्जला एकादशी** (29 मई) को स्नानादि के पश्चात् संकल्पपूर्वक निराहार व्रत रखकर भगवान् सत्यनारायण की पूजार्चना के बाद यथाशक्ति आम, खरबूजे आदि फल, दूध, वस्त्र, छाता, पंखे, जलयुक्त घड़ा आदि का दान ब्राह्मण को दक्षिणा सहित किया जाता है। ऋषि व्यास जी अनुसार यदि सभी एकादशियों के व्रत न हो सकें, तो केवल निर्जला एकादशी का व्रत रखने से साल भर की एकादशियों के समान पुण्यफल प्राप्त हो जायेगा। **ज्येष्ठ पूर्णिमा** (2 जून) के दिन जलापूरित घट, आम, खरबूज़े, वस्त्र, सत्तू, चावल, गेहूँ, शक्कर, पंखे आदि ग्रीष्म मौसमोपयोगी वस्तुओं का दान दक्षिणा सहित सुपात्र विप्र को देना शुभ होगा। ज्येष्ठ में पाँच मंगलवार होने से कहीं साम्प्रदायिक उपद्रव भय, किसी राजनैतिक प्रमुख के अपदस्थ या मृत्यु होने के संकेत हैं।

आकाश लक्षण—इस पक्ष में उ. भारत में तेज हवाओं के साथ गर्म लू एवं कहीं-कहीं खण्ड वर्षा होने के योग हैं।

वि. संवत् २०७२, प्रथम (शुद्ध) आषाढ़ कृष्ण शाक: १९३७ | **सन् 2015 ई. (ता. 3 जून से 16 जून तक)** हिजरी सन् 1436 | भा.स्टैं.टा. **जालन्धर**

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतुः

ग्रह दर्शन– ता. 8 जून से प्रातः बुध पूर्वी क्षितिज में दिखाई देगा। सायं शनि पूर्व में, गु.-शु. पश्चिमक्षितिज में होंगे। मंगल 10 अप्रैल से अभी अस्त है।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	तारीखें: शकं रा.	शाबान	अंग्रे.	प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल
३४.५०	१	बुध	३८	५५	ज्ये.	३५	५५	साध्य	५५	२५	बा	९	५४	१३	१५	3	२०	धनु ३५/५५
३४.५०	२	गुरु	३५	५०	मूल	३४	४५	शुभ	५०	८	तै	७	२३	१४	१६	4	२१	धनु
३४.५३	३	शुक्र	३१	५८	पू.षा.	३२	४५	शुक्ल	४४	१५	व	३	५४	१५	१७	5	२२	म. ४७/०८
३४.५३	४	शनि	२७	२५	उषा	३०	८	ब्रह्म	३७	५३	बा	२७	२५	१६	१८	6	२३	मकर
३४.५८	५	रवि	२२	३३	श्रव	२७	१०	ऐन्द्र	३१	१५	तै	२२	३३	१७	१९	7	२४	कुं. ५५/३५
३४.५८	६	चंद्र	१७	२०	धनि	२३	५८	वैधृ	२४	२३	व	१७	२०	१८	२०	8	२५	कुम्भ
३५.००	७	मंग	१२	३	शत	२०	३५	विष्क	१७	२८	बव	१२	३	१९	२१	9	२६	कुम्भ
३५.००	८	बुध	६	४०	पूभा	१७	१३	प्रीति	१०	२८	कौ	६	४०	२०	२२	10	२७	मीने ३/०३
३५.००	९	गुरु	१	२०	उभा	१३	५०	आयु सौभा	३ ५६	३० ३५	गर	१	२०	२१	२३	11	२८	मीन
अवम	१०	गुरु	५६	५	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००	०	००
३५.०३	११	शुक्र	५०	५८	रेव	१०	३३	शोभ	४९	४८	बव	२३	३२	२२	२४	12	२९	मेषे १०/३३
३५.०३	१२	शनि	४६	८	अश्वि	७	२८	अति	४३	१५	कौ	१८	३३	२३	२५	13	३०	मेष
३५.०५	१३	रवि	४१	४८	भर	४	४३	सुक	३७	५	गर	१३	५८	२४	२६	14	३१	वृष १९/०५
३५.०६	१४	चंद्र	३८	५	कृति	२	२८	धृति	३१	३०	वि	९	५७	२५	२७	15	आ.	वृष
३५.०६	३०	मंग	३५	२०	रोहि	१	००	शूल	२६	३५	चतु	६	४३	२६	२८	16	२	मि. ३०/४०

अंग्रे.	विवरण	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मिं.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मिं.
3	प्रथम (शुद्ध) आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रारम्भ, गण्डमूल विचार	१	१८	०३	१७	5	28	19	24
4	वक्री शनि अनु. (१) में १५/२०, गण्डमूल (19/22 घं. मिं. तक)	१	१९	००	४४	5	28	19	24
5	भ. ३/५४ से ३१/५८ तक, **श्रीगणेश चतुर्थी व्रत** (देखें पृ. 10-11)	१	१९	५८	१०	5	28	19	25
6	मंगल मृग. में ४/३०, गुरु आश्ले (३) में २३/४८, स.सि.यो. 17/31 उप.	१	२०	५५	३६	5	28	19	25
7	**पंचक प्रारम्भ ५५/३५** (27 घं. 41 मिं.)	१	२१	५३	००	5	27	19	26
8	भ. १७/२० से ४४/४२ तक, सूर्य मृग. में ३०/५३, **वक्री बुध पूर्व (A)**	१	२२	५०	२१	5	27	19	26
9		१	२३	४७	४५	5	27	19	27
10		१	२४	४५	०८	5	27	19	27
11	भ. २८/४३ से ५६/०५ तक, स. सि. यो. 10/59 (घं.मिं.) उप., गंडमूल 10/59 घं. बाद	१	२५	४२	३०	5	27	19	27
००	दशमी तिथि का क्षय ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
12	**पंचक समाप्त १०/३३, योगिनी एकादशी व्रत** (स्मार्त), गण्डमूलादि	१	२६	३९	५२	5	27	19	28
13	**योगिनी एकादशी व्रत (वैष्णव)**, गंडमूलादि प्रातः 8/26 तक	१	२७	३७	१३	5	27	19	28
14	भ. ४१/४८ से, **प्रदोष व्रत**, मासशिवरात्रि व्रत	१	२८	३४	३४	5	27	19	29
15	भ. ९/५७ तक, **सूर्य मिथुन में २९/२३, आषाढ़ संक्रान्ति**, मु. ४५**(B)**	१	२९	३१	५५	5	27	19	29
16	**आषाढ़ भौमवती अमावस, स्नान, दानादि**	२	००	२९	१५	5	27	19	29

(A) में उदय २०/५५, **(B)** स्नानदानादि का पुण्यकाल सं. प्रातः 10/48 से, **मंगल मिथुन** में ४९/१३ (25 घं. 08 मिं.), स. सि. योगः

बुधे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 10 जून

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१	१०	१	१	३	३	७	५	११
२४	२९	२६	१०	२३	१०	०६	१२	१२
४५	१८	०१	३७	५३	०३	१५	२३	२३
१८	५६	३९	३७	०२	४९	४५	२७	२७
57 22	847 52	41 4	6 18	9 25	55 45	4 6	3 11	3 11
मृग १	पूभा ३	मृग १	रोहि १	आश्ले ३	पुष्य ३	अनु १	हस्त १	उभा ३
०	मा	मा	व	मा	मा	व	व	व
०	उ	अ	उ	अ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

३
२ सू. मं. बु.
१
४ गु. शु.
१२ के.
५
११ चं.
६ रा.
८ श.
१०
७
९

भौमे अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 16 जून

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
२	१	२	१	३	३	७	५	११
००	२३	००	११	२४	१५	०५	१२	१२
२९	०८	०७	०६	५०	३०	५१	०४	०४
२५	०७	२६	४४	५७	२९	४९	२२	२२
57 19	805 54	40 48	20 42	9 58	52 27	3 50	3 11	3 11
मृग ३	रोहि ४	मृग ३	रोहि १	आश्ले ३	पुष्य ४	अनु १	हस्त १	उभा ३
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	अ	अ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अमा., प्रातः 5.30

४ शु. गु.
३ सू. मं.
२ बु. चं.
५
१
६ रा.
१२ के.
७
९
११
८ श.
१०

प्रथम (शुद्ध) आषाढ़ कृष्ण पक्षफल–

आषाढ़ मास में भगवान् लक्ष्मीनारायण की कृपा प्राप्ति के लिए, ब्रह्मचारी रहते हुए, नित्यप्रति स्नानादि के पश्चात् भगवान् की पूजार्चना करके श्रीविष्णु सहस्रनाम अथवा श्रीहरिहर स्तोत्र का पाठ करना कल्याणप्रद होता है। इसके अतिरिक्त एकादशी, आषाढ़ संक्रान्ति, अमावस्या और पूर्णमाशी के दिन ब्राह्मण दम्पत्ति को मिष्टान्न सहित भोजन करवाना तथा यथाशक्ति आम, खरबूजे आदि मौसमी फल, जलपूरित घड़ा, पंखा, छाता, आँवले, वस्त्र, अनाज आदि का दान करना कल्याणकारी होता है। **स्वास्थ्य**–आषाढ़ मास में स्वयं को विशेषकर शिर को तेज धूप व ऊष्णता से बचाना चाहिए तथा इस मास सादा भोजन, छाछ व शीतल पेय का प्रयोग करना चाहिए। इस पक्षमें **आषाढ़ संक्रान्ति**, 15 जून, सोमवार को सायं 5 बजकर 12 मिनट पर **वृश्चिक लग्न** में प्रवेश करेगी। स्नान दान आदि का पुण्यकाल प्रातः 10/48 से प्रारम्भ होगा। संक्रान्ति लग्न (कुण्डली) पर शनि का संचार है तथा पक्षारम्भ में गुरु-शुक्र का योग होने से देश के कुछ भागों में आन्तरिक कलह, उपद्रव एवं अशान्ति का वातावरण होगा। राजनेताओं एवं लोगों में परस्पर कलह-क्लेश, विग्रह हो। किसी विशिष्ट नेता के अपदस्थ या अपमृत्यु के योग हैं। कहीं असामयिक वर्षा से हानि हो तथा दैनिक उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में तेजी के कारण लोगों में विक्षोभ हो–''**गुरू शुक्रौ यदैकस्थौ नरयुद्धं तदा भवेत्। अकाले व भवेद् वृष्टिः जगत्यांनात्र संशय।।**'' **मंगलवारी अमावस्या** (16 जून) होने से कहीं छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन), राजनीतिक टकराव, अग्निकाण्ड एवं हिंसक घटनाएँ होने के संकेत हैं।

आकाश लक्षण–सं. कुं. में चन्द्र-बुध पर शनि की दृष्टि है तथा मंगल के साथ षडाष्टक योग बना है। ... भारत में उपयोगी वर्षा का बाधक व विलम्ब योग बना हुआ है।

वि. संवत् २०७२, प्रथम (अधि.) आषाढ़ शुक्ल शाक: १९३७ | तारीखें | चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल

सन् 2015 ई. (ता. 17 जून से 2 जुला. तक) हिजरी सन् 1436 — भा. स्टैं. टा. जालन्धर

सूर्य उत्तर-दक्षिणायन, उत्तर गोल, ग्रीष्म-वर्षा ऋतुः

ग्रह दर्शन—बुध प्रातः पूर्व क्षितिज में दिखेगा। शनि सायं पूर्व में, गु.-शु. पश्चिमक्षितिज में पास-पास होंगे। मं. अभी मंगल अस्त है।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	शक	हिजरी	जून	आषा. प्र.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल	ग्रह दर्शन	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मिं.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मिं.
३५.०६	१	बुध	३३	४५	मृग	०	३३	गंड	२२	३५	किं	४	३३	२७	२९	17	३	मिथुन	**आषाढ़-अधिक मास प्रारम्भ** (देखें पृ. 89), शुक्र आश्लेषा में १९/५०	२	०१	२६	३४	5	28	19	30
३५.०७	२	गुरु	३३	३८	आर्द्रा	१	२३	वृद्धि	११	४३	बा	३	४२	२८	३०	18	४	क. ४८/००	**चन्द्रदर्शन**, मु. ४५, स. सि. योगः	२	०२	२३	५३	5	28	19	30
३५.०८	३	शुक्र	३५	३	पुन	३	४३	ध्रुव	१८	५	तै	४	२१	२९	रम	19	५	कर्क	रमज़ान (मुस्लि.) मास प्रारम्भ, रोज़े शुरु	२	०३	२१	१४	5	28	19	30
३५.०८	४	शनि	३८	५	पुष्य	७	३८	व्या.	१७	४३	व	६	३४	३०	२	20	६	कर्क	भ. ६/३४ से ३८/०५ तक, गण्डमूल 8/31 से, **विनायक चतुर्थी**	२	०४	१८	३१	5	28	19	30
३५.०८	५	रवि	४२	३८	अश्ले	१३	३	हर्ष	१८	३३	बव	१०	२२	३१	३	21	७	सिंहे १३/०३	सूर्य सायन कर्क में ४१/४३, **सायन दक्षिणायन प्रारम्भ**, वर्षा ऋतु प्रा.	२	०५	१५	४८	5	28	19	31
३५.०८	६	चंद्र	४८	१५	मघा	२०	३३	वज्र	२०	२०	कौ	१५	२७	आ.	४	22	८	सिंह	सूर्य आर्द्रा में २८/१५, शक आषाढ़ प्रारम्भ, गण्डमूल 13/21 घं.मिं. तक	२	०६	१३	०४	5	28	19	31
३५.०७	७	मंग	५४	३०	पूफा	२७	१०	सिद्धि	२२	४५	गर	२१	२३	२	५	23	९	कन्ये ४४/०८	भ. ५४/३० से प्रारम्भ	२	०७	१०	११	5	29	19	31
३५.०७	८	बुध	६०	००	उफा	३४	५५	व्य.	२५	२८	वि	२७	३७	३	६	24	१०	कन्या	भ. २७/३७ तक,	२	०८	०७	३६	5	29	19	31
३५.०६	८	गुरु	०	४३	हस्त	४२	१५	वरी	२७	५३	बव	०	४३	४	७	25	११	कन्या	मंगल आर्द्रा में ३९/४५	२	०९	०४	५०	5	29	19	31
३५.०६	९	शुक्र	६	१८	चित्रा	४८	३३	परि	२९	३५	कौ	६	१८	५	८	26	१२	तु. १५/३३	गुरु आश्लेषा (४) में २९/५०	२	१०	०२	०६	5	29	19	32
३५.०५	१०	शनि	१०	३०	स्वा	५३	१८	शिव	३०	१०	गर	१०	३०	६	९	27	१३	तुला	भ. ४१/४९ से शुरू, स. सि. योगः	२	१०	५९	११	5	30	19	32
३५.०५	११	रवि	१३	८	विशा	५६	२०	सिद्ध	२९	२५	वि	१३	८	७	१०	28	१४	वृ. ४०/४५	भ. १३/०८ तक, **पुरुषोत्तमा एकादशी व्रत**	२	११	५६	३२	5	30	19	32
३५.०४	१२	चंद्र	१३	५३	अनु	५७	३३	साध्य	२७	१३	बा	१३	५३	८	११	29	१५	वृश्चिक	**सोम प्रदोष व्रत**, स. सि. योगः, गण्डमूल 28/31 से,	२	१२	५३	४३	5	30	19	32
३५.०४	१३	मंग	१२	४५	ज्ये.	५६	५८	शुभ	२३	२८	तै	१२	४५	९	१२	30	१६	धनु ५६/५८	बुध मृग. में ४२/१५, गण्डमूल विचार	२	१३	५०	५७	5	30	19	32
३५.०३	१४	बुध	९	५८	मूल	५४	५८	शुक्ल	१८	२८	व	९	५८	१०	१३	जुला	१७	धनु	भ. ९/५८ से ३७/५२ तक, श्रीसत्यनारायण व्रत, गण्डमूल 27/30 तक	२	१४	४८	०८	5	31	19	32
३५.०२	१५	गुरु	५	४५	पूषा	५१	४८	ब्रह्म	१२	१८	बव	५	४५	११	१४	2	१८	धनु	**अधि. आषाढ़ पूर्णिमा**, स्नान-दान आदि	२	१५	४५	२१	5	32	19	32

बुधे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 24 जून

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
२	५	२	१	३	३	७	५	११
०८	०३	०५	१५	२६	२२	०५	११	११
०७	०८	३२	५५	१३	११	२२	३८	३८
४१	०७	४५	२४	१४	२४	५०	५६	५६
57 14	709 30	40 28	55 5	10 40	46 46	3 21	3 11	3 11
आर्द्रा १	उफा २	मृग ४	रोहि २	आश्ले ३	आश्ले २	अनु १	हस्त १	उभा ३
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	अ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

४ शु. गु. | ३ सू. मं. | २ बु. | ५ | १ | ६ चं. रा. | १२ के. | ७ | ९ | ११ | ८ श. | १०

गुरौ पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 2 जुलाई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
२	८	२	१	३	३	७	५	११
१५	१४	१०	२५	२७	२७	०४	११	११
४५	२९	५५	०५	४०	५९	५८	१३	१३
१९	३६	२४	१३	३६	५९	०२	३०	३०
57 11	845 53	40 9	85 41	11 15	39 2	2 46	3 11	3 11
आर्द्रा ३	पूषा १	आर्द्रा २	मृग १	आश्ले ४	आश्ले ४	अनु १	हस्त १	उभा ३
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	अ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

४ शु. गु. | ३ सू. मं. | २ बु. | ५ | १ | ६ रा. | १२ के. | ७ | ९ चं. | ११ | ८ श. | १०

प्रथम (अधि.) आषाढ़ शुक्ल पक्षफल–

इस पक्ष की प्रतिपदा अर्थात् 17 जून, बुधवार से 16 जुला. गुरुवार पर्यन्त **आषाढ़ अधि-मास** की व्याप्ति रहेगी। इस अवधि में **विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृह-प्रवेश, काम्य व्रतानुष्ठान**, नवीन आभूषण बनवाना, नई गाड़ी की खरीद करना आदि अन्य काम्य शुभ कार्यारम्भ करना वर्जित माने जाते हैं। यद्यपि इस अवधि में वर्षफल-जन्मदिन, गर्भाधान, पुंसवन, विशेष रोग कष्ट निवृत्ति के लिए जप, पाठ दानादि कृत्य किए जा सकते हैं, अथवा पहले से आरम्भ किए गए निर्माण कार्य किए जा सकते हैं। **भविष्य पुराण** के अनुसार अधिक मास में **भगवान् विष्णु** के निमित्त मुख्य पर्व-तिथियों पर जो विशिष्ट स्नान, पूजन, व्रत-उपवास आदि किए जाते हैं, उनका सबका अक्षय फल होता है। इस मास में प्रातः स्नान आदि से निवृत्त होकर एकभुक्त या नक्त व्रत रखकर भगवान् भास्कर की मन्त्रों सहित रक्त पुष्पों द्वारा पूजा करके सूर्य अष्टकादि स्तोत्रों एवं पुरुषोत्तम मास का पाठ करना एवं कांस्य-पात्र में अक्षत, फल, गुड़, वस्त्र, फलों आदि का दान करने का विधान है। विशेष जानकारी के लिए गत पृष्ठों (नं. 89) पर लिखे गए **आषाढ़-अधि मास** फल के विवरण सम्बन्धी लेख पढ़ें। इसके अतिरिक्त आषाढ़-अधि मास से प्रतिदिन श्रीपुरुषोत्तम माहात्म्य का श्रद्धापूर्वक प्रातः (एक निश्चित समय पर) पाठ करना शुभ होगा। इस पक्ष के आरम्भ से ही **कर्क राशि पर गुरु-शुक्र** का योग बना हुआ है, जिससे देश के पश्चिमोतरीय भागों में आन्तरिक उपद्रव, साम्प्रदायिक तनाव एवं हिंसक घटनाओं का भय होगा–**गुरू-शुक्रौ यदैक्यस्थौ नरयुद्धं तदा भवेत्। अकाले वा भवेद् वृष्टिः जगत्यां नात्र संशय। आकाश लक्षण**–इस पक्ष में उत्तरी भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रुक-रुक कर वर्षा होगी।

वि. संवत् २०७२, द्वितीय (अधि.) आषाढ़ कृष्ण शाक: १९३७

सन् 2015 ई. (ता. 3 जुलाई से 16 जुलाई तक) हिजरी सन् 1436

सूर्य दक्षिणायन, उत्तर गोल, वर्षा ऋतु:

प्रातः पूर्व में दिखाई दे रहा बुध 12 जुला. से अस्त हो जाएगा। सायं शनि पूर्व में, गु.-शु. पश्चिम में दिखाई देंगे। मं. अभी अस्त है।

भा.स्टैं.टा. — जालन्धर

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	तारीखें आषा. शक	रमजान मु.	जुलाई	आषा. प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल		दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
३५.०१	१	शुक्र	०	२८	उषा	४७	५०	ऐन्द्र वैधृ	५ ५७	२० ४८	कौ	०	२८	१२	१५	3	१९	मक. ५/५३	**द्वितीय (अधिक) आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रारम्भ**	२	१६	४२	३२	5	32	19	32
अवम	२	शुक्र	५४	२५	००	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००	द्वितीया तिथि का क्षय ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
३५.००	३	शनि	४८	००	श्रव.	४३	२८	विष्क	४९	५५	व	२१	१३	१३	१६	4	२०	मकर	भ. २१/१३ से ४८/०० तक,	२	१७	३९	४३	5	32	19	32
३४.५८	४	रवि	४१	२८	धनि	३८	५५	प्रीति	४१	५५	बव	१४	४४	१४	१७	5	२१	कुं. ११/१०	**पंचक प्रारम्भ** ११/१०, **श्रीगणेश चतुर्थी व्रत** (देखें पृ. 10-11), **बुध (A)**	२	१८	३६	५७	5	33	19	32
३४.५५	५	चंद्र	३५	५	शत	३४	३३	आयु	३४	५	कौ	८	१७	१५	१८	6	२२	कुम्भ	सूर्य पुन. में २७/१०	२	१९	३४	१०	5	33	19	31
३४.५३	६	मंग	२९	००	पूभा	३०	२८	सौभा	२६	३०	गर	२	३	१६	१९	7	२३	मो. १६/२५	भ. २९/०० से ५६/१३ तक,	२	२०	३१	२३	5	34	19	31
३४.५३	७	बुध	२३	२५	उभा	२६	५५	शोभ	१९	२०	बव	२३	२५	१७	२०	8	२४	मीन		२	२१	२८	३५	5	34	19	31
३४.५०	८	गुरु	१८	२०	रेव	२३	५०	अति	१२	३३	कौ	१८	२०	१८	२१	9	२५	मेषे २३/५०	**पंचक समाप्त २३/५०**, बुध आर्द्रा में ११/३३, स. सि. योग, गं. मू.	२	२२	२५	४७	5	35	19	31
३४.५०	९	शुक्र	१३	५५	अश्वि	२१	२५	सुक	६	२०	गर	१३	५५	१९	२२	10	२६	मेष	भ. ४२/०० से, प्रा., स. सि. योग 14/09 घं. मिं. तक, गं. मू.	२	२३	२३	००	5	35	19	31
३४.४६	१०	शनि	१०	५	भर	१९	३५	धृति शूल	० ५५	३३ २३	वि	१०	५	२०	२३	11	२७	वृ. ३४/१५	भ. १०/०५ तक,	२	२४	२०	१६	5	36	19	30
३४.४५	११	रवि	६	५८	कृति	१८	३०	गंड	५०	४८	बा	६	५८	२१	२४	12	२८	वृष	**पुरुषोत्तमा एकादशी व्रत, बुध पूर्व में अस्त** १६/१५	२	२५	१७	२९	5	36	19	30
३४.४३	१२	चंद्र	४	३५	रोहि	१८	८	वृद्धि	४६	५०	तै	४	३५	२२	२५	13	२९	मि. ४८/१८	**सोम प्रदोष व्रत**, स. सि. योग:	२	२६	१४	४५	5	37	19	30
३४.४३	१३	मंग	३	५	मृग	१८	४३	ध्रुव	४३	४०	व	३	५	२३	२६	14	३०	मिथुन	भ. ३/०५ से ३२/४९ तक, **गुरु मघा (१) सिंह में** १/५५, 6घं.-23मिं., मासशिवरात्रि	२	२७	१२	०२	5	37	19	30
३४.३८	१४	बुध	२	३३	आर्द्रा	२०	१३	व्या	४१	२३	शकु	२	३३	२४	२७	15	३१	मिथुन	**अमावस (पितृकार्येषु)**, मंगल पुन में ३८/१०	२	२८	०९	२७	5	38	19	29
३४.३८	३०	गुरु	३	१०	पुन	२२	५८	हर्ष	४०	३	ना	३	१०	२५	२८	16	श्रा.	कर्क ७/१०	**अमावस (स्नानदानादि), आषाढ़ अधिकमास समाप्त, सूर्य कर्क में B**	२	२९	०६	३२	5	38	19	29

A मिथुन में १६/४० (12घं. 13मिं.), शुक्र मघा (१) सिंह में १०/४३ (9घं. 50मिं.) (B) ५६/०० (घं.मिं. 28/02) **श्रावण संक्रान्ति**, मु. ३०, पुण्यकाल सं. अगले दिन प्रात: 10/26 तक, बुध पुन. में ०/०३, निर. दक्षिणायन प्रा., सिंहस्थ पर्व शुरु

गुरौ अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रात: ५/३० बजे, 9 जुलाई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
२	११	२	२	३	४	७	५	११
२२	२४	१५	०६	२९	०२	०४	१०	१०
२५	२३	३५	१८	००	०७	४०	५१	५१
३८	३०	३९	३६	३७	४३	१८	१५	१५
57 13	836 57	39 54	109 26	11 40	30 8	2 12	3 11	3 11
पुन १	रेव ३	आर्द्रा ३	मृग ४	आश्ले ४	मघा १	अनु १	हस्त १	उभा ३
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	अ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रात: 5.30

भाव	राशि	ग्रह
1	३	सू. मं. बु.
2	४	गु.
3	५	शु.
4	६	रा.
5	७	
6	८	श.
7	९	
8	१०	
9	११	
10	१२	चं. के.
11	१	
12	२	

गुरौ अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रात: ५/३० बजे, 16 जुलाई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
२	२	२	२	४	४	७	५	११
२९	२८	२०	१९	००	०५	०४	१०	१०
०६	२५	१४	५९	२३	०५	२६	२८	२८
१५	०१	१२	१०	३२	५५	४१	५९	५९
57 15	756 5	39 38	125 20	12 3	18 41	1 36	3 11	3 11
पुन ३	पुन ३	पुन १	आर्द्रा ४	मघा १	मघा २	अनु १	हस्त १	उभा ३
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	अ	अ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अमा., प्रात: 5.30

भाव	राशि	ग्रह
1	३	सू. चं. मं. बु.
2	४	
3	५	गु. शु.
4	६	रा.
5	७	
6	८	श.
7	९	
8	१०	
9	११	
10	१२	के.
11	१	
12	२	

द्वितीय (अधि.) आषाढ़ कृष्ण पक्षफल–

इस पक्षारम्भ (3 जुला.) से 16 जुला. तक आषाढ़ अधि-मास की व्याप्ति रहेगी। जिस कारण इस अवधि के मध्य विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृह प्रवेश आदि शुभ कार्य तथा आभूषण, गाड़ी, भूमि आदि बहुमूल्य वस्तु के क्रय करने का निषेध रहेगा। यद्यपि **पुरुषोत्तमा एकादशी**, पूर्णमाशी आदि पर्वों पर एकभुक्त व्रत रखकर भगवान् सहस्रांशु (सूर्य) का पूजन, मन्त्र एवं सूर्य स्तोत्र व पुरुषोत्तम मास माहात्म्य का पाठ करना एवं यथाशक्ति फलों, वस्त्र, अन्नापूरित कांस्य पात्र का दक्षिणा सहित ब्राह्मणों को दान करने का विशेष माहात्म्य होगा। शास्त्रमतानुसार **आषाढ़ अधिमास** का फल इस प्रकार से लिखा गया है–"**द्वयाषाढ़े व्यथा किंचित् खण्ड वृष्टि क्वचित्पुन:**" अर्थात् जिस वर्ष दो **आषाढ़ आवें**, उस वर्ष देश में कहीं खण्ड वर्षा या अल्प वर्षा हो, और कहीं अति वर्षा के कारण बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से जन, धन व कृषि को क्षति पहुँचे। खाद्य उत्पादनों में जबरदस्त महँगाई बढ़े। **सौर-आषाढ़ मास में पाँच मंगलवार** होने से देश में कहीं सत्ता परिवर्तन, साम्प्रदायिक टकराव एवं हिंसक घटनाएँ होने के संकेत हैं। किसी प्रमुख नेता के निधन या अपदस्थ होने के योग हैं। **यत्र मासे महीसूने जायन्ते पंचवासरा:। रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभंगस्तदा भवेत्।।** ता. 16 जुला. कर्क संक्रान्ति गुरुवार को, अर्द्ध रात्रि के बाद 17 जुला. की प्रात: 4 बजकर 2 मिंट पर मिथुन लग्न में प्रविष्ट होगी। संक्रान्ति पुण्यकाल 17 जुला. की प्रात: 10/26 तक रहेगा। अमावस्या तिथि को संक्रान्ति होने से **खप्पर योग** का प्रभाव रहेगा। **आषाढ़े कर्कसंक्रान्तौ गुरौ तु प्रबलोनिल:।।** जिससे प्राकृतिक आपदाओं एवं अप्रत्याशित घटनाओं के कारण लोग भयभीत रहें। अत्यधिक महँगाई के कारण आम लोग पीड़ित हों। **आकाश लक्षण**–उत्तरी भारत के राज्यों दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब, जम्मू-कश्मीर में रुक-रुक कर व्यापक वर्षा के योग हैं।

वि. संवत् २०७२, द्वि. (शुद्ध) आषाढ़ शुक्ल | शाक: १९३७

सन् 2015 ई. (ता. 17 जुला. से 31 जुलाई तक) हिजरी सन् 1436

सूर्य दक्षिणायन, उत्तर गोल, वर्षा ऋतु:

भा.स्टैं.टा. जालन्धर

ग्रह दर्शन–मंगल अभी अस्त चल रहा है। सायं श. पूर्वकपाल में, गुरु-शुक्र पश्चिमक्षितिज में दिखाई देंगे। बुध अभी अस्त है।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	आषा. प्र.	रमजा. मु.	जुलाई	श्राव. प्र.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल		दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	घट. वि.	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मिं.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मिं.
३४.३३	१	शुक्र	५	३	पुष्य	२६	५५	वज्र	३९	४३	बव	५	३	२६	२९	17	२	कर्क	द्वितीय (शुद्ध) आषाढ़ शुक्लपक्ष, रथ-यात्रा (श्रीजगन्नाथ पुरी) देखें पृ.83(A)	३	००	०३	४९	5	39	19	28
३४.३०	२	शनि	८	१५	अश्ले	३२	८	सिद्धि	४०	२५	कौ	८	१५	२७	३०	18	३	सिं. ३२/०८	चन्द्रदर्शन, मु. ३०, गण्डमूल विचार	३	०१	०१	०५	5	40	19	28
३४.२८	३	रवि	१२	४५	मघा	३८	३५	व्य.	४२	३	गर	१२	४५	२८	श.	19	४	सिंह	भ. ४५/३२ से, शव्वाल (मुस्लि.) मास प्रारम्भ, गंडमूल 21/06 तक	३	०१	५८	२३	5	40	19	27
३४.२५	४	चंद्र	१८	१८	पूफा.	४५	५५	वरी	४४	२३	वि	१८	१८	२९	२	20	५	सिंह	भ. १८/१८ तक, सूर्य पुष्य में २५/२५, **बुध कर्क में ४३/२३**	३	०२	५५	४१	5	41	19	27
३४.२५	५	मंग	२४	३५	उ.फा.	५३	४५	परि	४७	८	बा	२४	३५	३०	३	21	६	कन्ये २/५०	स. सि. योग:	३	०३	५२	५९	5	41	19	27
३४.२०	६	बुध	३१	००	हस्त	६०	००	शिव	४९	४८	तै	३१	००	३१	४	22	७	कन्या	**स्कन्द षष्ठी, कुमार-षष्ठी**, बुध पुष्य में १७/००, स. सि. यो.	३	०४	४९	१८	5	42	19	26
३४.१५	७	गुरु	३७	००	हस्त	१	२५	सिद्ध	५२	००	गर	३	५०	श्रा.	५	23	८	तुला ३५/०३	भ. ३७/०० से, सूर्य सायन सिंह में ८/१३, शक श्रावण प्रारम्भ, (B)	३	०५	४७	३७	5	43	19	25
३४.१५	८	शुक्र	४१	५५	चित्रा	८	२८	साध्य	५३	२०	वि	९	२८	२	६	24	९	तुला	भ. ९/२८ तक, **श्रीदुर्गाष्टमी**	३	०६	४४	५४	5	43	19	25
३४.१०	९	शनि	४५	१५	स्वा	१४	१०	शुभ	५३	२३	बा	१३	३५	३	७	25	१०	तुला	**शुक्र वक्री २३/०५**, राहु उ.फा. (४) केतु उ.भा. (२) में ६/१८, C	३	०७	४२	१५	5	44	19	24
३४.१०	१०	रवि	४६	४३	विशा	१८	१३	शुक्ल	५१	५३	तै	१५	५९	४	८	26	११	वृश्चि २/२३		३	०८	३९	३३	5	44	19	24
३४.०५	११	चंद्र	४६	५	अनु	२०	१५	ब्रह्म	४८	४५	व	१६	२४	५	९	27	१२	वृश्चिक	भ. १६/२४ से ४६/०५ तक, **हरिशयनी एकादशी व्रत**, चातुर्मास्य व्रत D	३	०९	३६	५४	5	45	19	23
३४.००	१२	मंग	४३	२५	ज्ये.	२०	१५	ऐन्द्र	४४	००	बव	१४	४५	६	१०	28	१३	धनु २०/१५	बुध आश्ले. में ३९/४०, गण्डमूल विचार	३	१०	३४	१६	5	46	19	22
३४.००	१३	बुध	३९	००	मूल	१८	२५	वैधृ	३७	५०	कौ	११	१३	७	११	29	१४	धनु	**प्रदोष व्रत**, गण्डमूल 13/08 तक,	३	११	३१	३७	5	46	19	22
३४.५५	१४	गुरु	३३	५	पू.षा.	१४	५८	विष्क	३०	२५	गर	६	३	८	१२	30	१५	म. २८/५३	भ. ३३/०५ से ५९/३५ तक, **मंगल कर्क में ५१/१८** (घं.मिं. 26/18)E	३	१२	२८	५७	5	47	19	21
३३.५३	१५	शुक्र	२६	५	उ.षा.	१०	१५	प्रीति	२२	५	बव	२६	५	९	१३	31	१६	मकर	**आषाढ़ी पूर्णिमा, गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा**, वायु परीक्षा, स.सि.यो.F	३	१३	२६	२०	5	47	19	20

A आषाढ़ गुप्त नवरात्रे शुरू, मनोरथ द्वितीया व्रत **(B)** विवस्वत सप्तमी **(C)** भढली नवमी, गुप्त नवरात्रे समाप्त, **मेला शरीक भवानी (काश्मीर)** **(D)** नियमादि प्रारम्भ, श्रीविष्णु शयनोत्सव, स. सि. योग 13/51 तक, गं. मू. **(E)** गुरु मघा (२) में १७/०५, श्रीसत्यनारायण व्रत, कोकिला व्रत, शिवशयनोत्सव, मेला ज्वालामुखी (काश्मीर) **(F)** 9/53 (घं. मिं. बाद)

शुक्रे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 24 जुलाई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
३	६	२	३	४	४	७	५	११
०६	०४	२५	०६	०२	०६	०४	१०	१०
४४	५२	३०	५७	०१	३९	१६	०३	०३
२६	०५	२३	५०	१६	३९	३३	३३	३३
57	726	39	126	12	2	0	3	3
18	52	21	35	25	3	50	11	11
पुष्य २	चित्रा ४	पुन २	पुष्य २	मघा १	मघा २	अनु १	हस्त १	उभा ३
०	मा	मा	मा	मा	मा	व	व	व
०	उ	अ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

५ गु. शु. | ३ मं. | ६ रा. | ४ सू. बु. | २ | ७ चं. | १ | ८ श. | १० | १२ के. | ९ | ११

शुक्रे पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 31 जुलाई

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
३	९	३	३	४	४	७	५	११
१३	०७	००	२१	०३	०६	०४	०९	९
२५	२०	०५	१९	२८	०४	१२	४१	४१
४०	१६	१२	४५	५२	३५	४१	१७	१७
57	879	39	117	12	14	0	3	3
21	29	6	37	37	34	11	11	11
पुष्य ४	उफा ४	पुन ४	आश्ले २	मघा २	मघा २	अनु १	उफा ४	उभा २
०	मा	मा	मा	मा	व	व	व	व
०	उ	अ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

५ शु. गु. | ३ | ६ रा. | ४ सू. मं. बु. | २ | ७ | १ | ८ श. | १० चं. | १२ के. | ९ | ११

द्वि. (शुद्ध) आषाढ़ शुक्ल पक्षफल–

इस पक्ष की द्वितीया तिथि (पुष्य नक्षत्रयुक्त होने से), 17 जुलाई को भगवान् **श्रीजगन्नाथ की रथ यात्रा** का भव्य उत्सव विशेषकर जगन्नाथ पुरी (उड़ीसा) तथा देश के अन्य भागों में भी बड़े उत्साह एवं श्रद्धा से मनाया जाता है। इसी पक्ष में होने वाली **हरिशयनी एकादशी** (27 जुला.) से चातुर्मास्य व्रत नियमादि प्रारम्भ होंगे, जोकि **कार्तिक शुक्ला एका.** अर्थात् हरिप्रबोधिनी एकादशी (22 नवं.) तक की अवधि पर्यन्त रहेंगे। धर्मपरायण तपस्वी लोग यह अवधि चातुर्मास्य व्रतादि नियमों का पालन करते हुए चार मास नित्य भगवान् विष्णु की पूजा-अर्चना, स्तोत्र-पाठ आदि में व्यतीत करते हैं। **आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा,** 31 जुला.) के दिन भगवान् विष्णु और ऋषि वेदव्यास की पूजा-अर्चना एवं स्तोत्र-पाठ करके अपने **इष्ट गुरु** की यथाशक्ति वस्त्र, फल, मिष्टान्न, धनादि द्वारा सेवा करनी चाहिए।

ग्रह गोचर–इस पक्ष के आरम्भ में ही देव गुरू एवं दैत्य गुरु-शुक्र सिंह राशि में संचार कर रहे हैं, जिससे ताम्बा, सोना, लाल वर्ण के चौपाय एवं सर्व प्रकार के अनाज, धान्यादि दिन प्रतिदिन महँगे होंगे। **यदादेवगुरूः दैत्यगुरुश्च सिंहे हेमरक्त चतुष्पदः। धान्यानि च महर्घाणियावन्ति हि दिनानि च।।** इसी पक्ष के अन्त में **मंगल भी कर्क राशि** में आकर ईख, चने एवं सर्व प्रकार के अनाजों में तेजीकारक होगा। किसी प्रमुख नेता के लिए अरिष्टकार होगा। **आकाश लक्षण**–भारत के उत्तर पश्चिमी एवं पर्वतीय क्षेत्रों पर रुक-रुक कर व्यापक वर्षा के योग हैं। **शकुन**–आ.शु. पंचमी को बादल चाल एवं इन्द्रधनुष दिखे तो खाद्य एवं वनस्पति तेलों के भाव तीन महीनों में डेढ़ गुणा लाभ प्रदायक होंगे।

वि. संवत् २०७२, श्रावण कृष्ण पक्ष शाक : १९३७

सन् 2015 ई. (ता. 1 अगस्त से 14 अगस्त तक) हिजरी सन् 1436

भा.स्टैं.टा. — जालन्धर

सूर्य दक्षिणायन, उत्तर गोल, वर्षा ऋतुः

10 अप्रै. से अस्त चला आ रहा मं. 12 अग. से प्रातः पूर्वक्षितिज में दिखाई देगा। सायं श. पूर्वकपाल में तथा 5 अग. से बु. पश्चिम में होगा। ता. 5 से शुक्र तथा 12 से गुरु पश्चिम में अस्त होगा।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	श्रा. शक	श्वा. मु.	अगस्त	श्राव. प्र.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल
३३.५०	१	शनि	१८	२०	श्रव. धनि	४ ५८	४३ ४५	आयु	१३	५	कौ	१८	२०	१०	१४	1	१७	कुं. ३१/४५
३३.४५	२	रवि	१०	१५	शत.	५२	४५	सौभा शोभ	३ ५४	४८ ३३	गर	१०	१५	११	१५	2	१८	कुम्भ
३३.४३	३	चंद्र	२	१५	पू.भा.	४७	५	अति	४५	३५	वि	२	१५	१२	१६	3	१९	मी. ३३/२८
अवम्	४	चंद्र	५४	४०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००
३३.३८	५	मंग	४७	३८	उ.भा.	४२	००	सुक	३७	३	कौ	२१	९	१३	१७	4	२०	मीन
३३.३३	६	बुध	४१	३०	रेव	३७	४५	धृति	२९	१३	गर	१४	३४	१४	१८	5	२१	मे. ३७/४५
३३.३३	७	गुरु	३६	२३	अश्वि	३४	३३	शूल	२२	१३	वि	८	५७	१५	१९	6	२२	मेष
३३.२८	८	शुक्र	३२	२०	भर.	३२	२३	गंड	१६	५	बा	४	२२	१६	२०	7	२३	वृ. ४७/०३
३३.२३	९	शनि	२९	२८	कृति	३१	२३	वृद्धि	१०	५०	तै	०	५४	१७	२१	8	२४	वृष
३३.२०	१०	रवि	२७	४५	रोहि	३१	३३	ध्रुव	६	३५	वि	२७	४५	१८	२२	9	२५	वृष
३३.१५	११	चंद्र	२७	१०	मृग	३२	४८	व्या.	३	१३	बा	२७	१०	१९	२३	10	२६	मि. २/००
३३.१३	१२	मंग	२७	४५	आर्द्रा	३५	१३	हर्ष वज्र	० ५९	४८ १५	तै	२७	४५	२०	२४	11	२७	मिथुन
३३.०८	१३	बुध	२९	२५	पुन	३८	४०	सिद्धि	५८	३३	व	२९	२५	२१	२५	12	२८	क. २२/४०
३३.०३	१४	गुरु	३२	१३	पुष्य	४३	१३	व्य.	५८	४३	वि	०	४९	२२	२६	13	२९	कर्क
३३.००	३०	शुक्र	३६	८	अश्ले	४८	५०	वरी	५९	४३	चतु	४	११	२३	२७	14	३०	सिं. ४८/५०

अगस्त	व्रत, पर्व एवं विशेष विवरण	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मिं.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मिं.
1	श्रावण कृष्ण पक्ष प्रारम्भ, **पंचक प्रारम्भ ३१/४५** अशून्यशयन व्रत, **A**	३	१४	२३	४१	5	48	19	20
2	भ. ३६/१५ से, **शनि मार्गी** १३/५८ (11घं. 24मिं.), **शुक्र वार्धक्य B**	३	१५	२१	०७	5	49	19	19
3	भ. २/१५ तक, **श्रीगणेश चतुर्थी व्रत** (देखें पृ.10-11), सूर्य आश्ले. में २२/२८	३	१६	१८	३२	5	49	19	18
०	चतुर्थी तिथि का क्षय ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
4	**नागपंचमी** (राज. व बंगाल), मंगल पुष्य में ५८/२५, **बुध मघा (१) C**	३	१७	१५	५६	5	50	19	17
5	भ. ४१/३० से, **पंचक समाप्त ३७/४५, शुक्र पश्चिमे अस्त** १०/५३**D**	३	१८	१३	२४	5	51	19	16
6	भ. ८/५७ तक, स. सि. यो., गण्डमूल	३	१९	१०	५०	5	51	19	16
7		३	२०	०८	२३	5	52	19	15
8	भ. ५८/३७ से प्रारम्भ	३	२१	०५	५४	5	53	19	14
9	भ. २७/४५ तक, गुरु वार्धक्य प्रारम्भ १४/०८	३	२२	०३	२५	5	53	19	13
10	**कामिका एकादशी व्रत**, स. सि. योग	३	२३	०१	००	5	54	19	12
11	**भौम प्रदोष व्रत**	३	२३	५८	३५	5	54	19	11
12	भ. २९/२५ से, **मंगल पूर्व में उदय** ४९/०८, बुध पू.फा. में ६/४८ **(E)**	३	२४	५६	१०	5	55	19	10
13	भ. ०/४९ तक, वक्री **शुक्र कर्क में** २८/३८ (17घं.-23मिं.), गुरुपुष्य योग	३	२५	५३	३९	5	56	19	09
14	**हरियाली अमावस** स्नानदानादि, गुरु मघा (३) में ५३/०८, गण्डमूलादि	३	२६	५१	२७	5	56	19	08

शुक्र अस्त, 5 अग.

गुरु अस्त 12 अग.

(A) अगस्त मास प्रारम्भ, लोकमान्य तिलक स्मरणोत्सव **(B)** प्रारम्भ १०/५८ **(C)** सिंह में ३१/०५ (18घं.-16मिं.), स.सि.यो. **D** बुध पश्चिम में उदय १४/२८ गं.मू. **E** गुरु पश्चिम में अस्त १४/०८, मासशिवरात्रि व्रत

शुक्रे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 7 अगस्त

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
३	०	३	४	४	४	७	५	११
२०	१९	०४	०४	०४	०३	०४	०९	०९
०७	०१	३८	२९	५७	३५	१३	१९	१९
३२	४७	२६	५७	५९	४१	३१	०२	०२
57 29	822 7	38 55	106 32	12 50	29 23	0 30	3 11	3 11
अश्ले २	पु. २	पुष्य १	मघा २	मघा २	मघा २	अनु १	उफा ४	उभा २
०	मा	मा	मा	मा	व	मा	व	व
०	उ	अ	उ	उ	अ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

गु. ५ शु.बु. | ४ सू. मं. | ३ | २ | १ चं. | १२ के. | ११ | १० | ९ | ८ श. | ७ | ६ रा.

शुक्रे अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 14 अगस्त

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
३	३	३	४	४	३	७	५	११
२६	१९	०९	१६	०६	२९	०४	०८	०८
५०	५२	१०	२२	२८	४१	१९	५६	५६
२५	४३	१४	५८	१६	३३	०७	४६	४६
57 38	729 11	38 44	95 45	12 59	37 1	1 11	3 11	3 11
अश्ले ४	अश्ले १	पुष्य २	पूफा १	मघा २	अश्ले ४	अनु १	उफा ४	उभा २
०	मा	मा	मा	मा	व	मा	व	व
०	अ	उ	उ	अ	अ	उ	अ	अ

कुं. अमा., प्रातः 5.30

५ बु. गु. | ४ सू चं मं शु. | ३ | २ | १ | १२ के. | ११ | १० | ९ | ८ श. | ७ | ६ रा.

श्रावण कृष्ण पक्षफल–

श्रावण मास में भगवान् शिव की प्रसन्नता के लिए प्रत्येक सोमवार का फलाहार व्रत रखकर बिल्वपत्र, पंचामृत, गंगाजल, दूध, अक्षत, पुष्पों, फलादि के साथ शिवपूजन एवं पंचाक्षरी मन्त्रों के साथ भगवान् शिव का अभिषेक करने से अभीष्ट फलों की प्राप्ति होती है। श्रावण मास में ही श्रीशिवमहापुराण या श्रावण माहात्म्य का नित्य पाठ करने से भी पुण्यफलों की प्राप्ति होती है। इस मास के सभी मंगलवारों का विधिपूर्वक व्रत, पूजादि करने से स्त्रियों को विवाह, सन्तान, सौभाग्यादि सुखों की प्राप्ति होती है। (14 अग.) को **हरियाली अमावस** होगी। इसदिन गङ्गा आदि तीर्थ पर स्नान, जप, दान आदि करने से (शास्त्रमतानुसार) एक हज़ार गोदानों का पुण्य फल मिलता है। इसी पक्ष में दो प्रमुख ग्रहों, **शुक्र एवं गुरू** का (क्रमशः 5 अग. एवं 12 अग.) श्रावण मास में अस्त हो रहा है। शास्त्र में इसका फल अशुभ माना गया है। राजनेताओं में परस्पर विग्रह एवं टकराव पैदा होंगे। सामान्य लोगों में भय एवं असुरक्षा की भावना बने। कहीं साम्प्रदायिक टकराव एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं–**सिंहेनृणांमरण लोक धनादि नाशः।** जन-धन एवं सम्पदा आदि की क्षति हो। **चान्द्र श्रावण मास में** पांच शनिवार होने से देश के कुछ भागों में क्लिष्ट रोगोत्पत्ति, जातीय हिंसा, कहीं छत्रभङ्ग और बाढ़ादि प्राकृतिक आपदाओं के कारण कहीं खड़ी फसलों एवं जन, धनादि की भारी क्षति होने के संकेत हैं एवं सामान्य वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक तेज़ी होने से लोगों में आक्रोश बढ़ेगा। **आकाश लक्षण**–इस पक्ष में भारत के उत्तरी-पश्चिमी एवं मध्यवर्ती पूर्वी क्षेत्रों में व्यापक वर्षा होने के योग हैं।

वि. संवत् २०७२, श्रावण शुक्ल पक्ष शाक: १९३७

सन् 2015 ई. (ता. 15 अग. से 29 अगस्त तक) हिजरी सन् 1436

सूर्य दक्षिणायन, उत्तर गोल, वर्षा–शरद् ऋतुः

भा.स्टैं.टा. जालन्धर

प्रातः मंग. पूर्व में तथा 20 अग. से शुक्र भी पूर्व में दिखाई देना शुरु हो जाएगा। सायं बु. पश्चिम में व शनि याम्योत्तर वृत्तासन्न, गुरु अभी अस्त होगा।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	तारीखें श्राव. शक	शव्वा. मु.	अंग्रेजी	प्र. प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल		दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मि.	सूर्यास्त घं.	मि.
३२.५५	१	शनि	४१	३	मघा	५५	२३	परि	६०	००	किं	८	३६	२४	२८	15	३१	सिंह	श्रावण शुक्ल पक्षारम्भ, भारत स्वतन्त्रता दिवस, मेला चिन्तपूर्णी प्रा., गं. मू.	३	२७	४९	०५	5	57	19	07
३२.५०	२	रवि	४६	४८	पूफा.	६०	००	परि	१	२३	बा	१३	५६	२५	२९	16	३२	सिंह	चन्द्रदर्शन, मु. ३०	३	२८	४६	४८	5	58	19	06
३२.४८	३	चंद्र	५३	१०	पूफा.	२	४३	शिव	३	४३	तै	१९	५९	२६	जि	17	भा.	कन्ये १९/३८	**सूर्य मघा (१) सिंह में १६/०८, भाद्रपद संक्रान्ति, मु. ४५, (A)**	३	२९	४४	२९	5	58	19	05
३२.४३	४	मंग	५९	४५	उफा.	१०	३०	सिद्ध	६	२३	व	२६	२८	२७	२	18	२	कन्या	भ. २६/२८ से ५९/४५ तक, **वरद् चतुर्थी**, दूर्वा गणपति व्रत, स. सि. यो.	४	००	४२	१४	5	59	19	04
३२.४०	५	बुध	६०	००	हस्त	१८	२८	साध्य	९	१५	बव	३२	५५	२८	३	19	३	तु. ५२/२०	स. सि. योग:	४	०१	३९	५७	5	59	19	03
३२.३५	५	गुरु	६	५	चित्रा	२६	००	शुभ	११	४८	बा	६	५	२९	४	20	४	तुला	**नाग पंचमी** (देखें पृ. 83), कल्कि जयन्ती, **शुक्र पूर्व में उदय ३५/४३(B)**	४	०२	३७	४३	6	00	19	02
३२.३०	६	शुक्र	११	४०	स्वा.	३२	३८	शुक्ल	१३	४३	तै	११	४०	३०	५	21	५	तुला		४	०३	३५	२८	6	01	19	01
३२.२८	७	शनि	१५	५८	विशा	३७	५५	ब्रह्म	१४	४०	व	१५	५८	३१	६	22	६	वृ. २१/४५	भ. १५/५८ से ४७/१४ तक, गोस्वामी तुलसीदास जयं., दूर्वाष्टमी व्रत (देखें पृ. 84), श्रीशीतला पूजन	४	०४	३३	१७	6	01	19	00
३२.२३	८	रवि	१८	३०	अनु.	४१	२५	ऐन्द्र	१४	१५	बव	१८	३०	भा.	७	23	७	वृश्चिक	**श्रीदुर्गाष्टमी, बुध कन्या में ६/३०**, सूर्य सायन कन्या में **(C)**	४	०५	३१	०८	6	02	18	59
३२.२०	९	चंद्र	१९	८	ज्ये.	४२	५५	वैधृ	१२	२०	कौ	१९	८	२	८	24	८	ध. ४२/५५	गण्डमूल विचार	४	०६	२८	५८	6	02	18	57
३२.१३	१०	मंग	१७	३५	मूल	४२	२०	विष्क	८	४५	गर	१७	३५	३	९	25	९	धनु	भ. ४५/४८ से, मंगल आश्ले में ३८/३८, गण्डमूल, झूलन यात्रा प्रा.	४	०७	२६	४८	6	03	18	56
३२.०८	११	बुध	१४	००	पू.षा.	३९	४८	प्रीति आयु	३ ५६	३० ४५	वि	१४	००	४	१०	26	१०	म. ५३/५५	भ. १४/०० तक, **पवित्रा एकादशी व्रत सर्वेषाम्**	४	०८	२४	४३	6	04	18	55
३२.०५	१२	गुरु	८	४०	उ.षा.	३५	३८	सौभा	४८	४३	बा	८	४०	५	११	27	११	मकर	प्रदोष व्रत	४	०९	२२	३७	6	04	18	54
३२.००	१३	शुक्र	१	४८	श्रव.	३०	५	शोभ	३९	३५	तै	१	४८	६	१२	28	१२	कुं. ५६/५८	भ. ५३/४५ से, पंचक प्रारम्भ ५६/१८, ऋग्वेदि उपाकर्म	४	१०	२०	३१	6	05	18	53
००.००	१४	शुक्र	५३	४५	००	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००	**चतुर्दशी तिथि क्षय** ०० (भद्रा 29 अग. को दुपै. 13/50 तक)	०	०	०	०	०	०	०	०
३१.५८	१५	शनि	४५	००	धनि.	२३	३८	अति	२९	४८	वि	१९	२३	७	१३	29	१३	कुम्भ	भ. १९/२३ तक, **श्रावण पूर्णिमा, रक्षा-बन्धन** (भद्रा बाद) (देखें पृ.84), यजुर्वेदि-**(D)**	४	११	१८	२८	6	05	18	52

शुक्र उदय 20 अग.

(A) पुण्यकाल सं. सारा दिन, **कुम्भ महापर्व (नासिक)** स्नान शुरु (देखें पृ. 12), **मधुस्रवा-हरियाली-सिंघारा तीज**, जिल्काद (मु.) मास प्रारम्भ **(B)** बुध उ.फा. में ४४/१० **(C)** २५/१५, **शरद् ऋतु प्रारम्भ, शुक्र बाल्यत्व समाप्त** ३५/४३, शक भाद्रपद प्रा., मेला चिन्तपूर्णी, चामुण्डादेवी, नैनादेवी (हि.प्र.) **(D)** अथर्ववेदि उपाकर्म, श्रीसत्यनारायण व्रत, गायत्री जयन्ती, दर्शन श्रीअमरनाथ गुफा, **ऋषि तर्पण, संस्कृत दिवस**, हयग्रीव जयन्ती,

रवौ अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 23 अगस्त

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
४	७	३	४	४	३	७	५	११
०५	०७	१४	२९	०८	२४	०४	०८	०८
२९	३९	५७	४९	२५	१९	३३	२८	२८
५३	१४	३३	२०	२३	५०	१५	१०	१०
57 48	762 46	38 26	81 45	13 3	30 53	2 2	3 11	3 11
मघा २	अनु २	पुष्य ४	उफा १	मघा ३	आश्ले ३	अनु १	उफा ४	उभा २
०	मा	मा	मा	मा	व	मा	व	व
०	उ	उ	उ	अ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

५ सू. बु. गु. | ६ रा. | ४ शु. मं. | ३ | २ | १ | १२ के. | ११ | १० | ९ | ८ चं. श. | ७

शनौ पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 29 अगस्त

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
४	१०	३	५	४	३	७	५	११
११	००	१८	०७	०९	२१	०४	०८	०८
१७	२३	४७	३३	४३	४२	४६	०९	०९
०४	५१	४४	५७	४१	३७	५२	०५	०५
57 57	902 22	38 16	70 59	13 3	18 50	2 36	3 10	3 10
मघा ४	धनि ३	आश्ले १	उफा ४	मघा ३	आश्ले २	अनु १	उफा ४	उभा २
०	मा	मा	मा	मा	व	मा	व	व
०	उ	उ	उ	अ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

५ सू. गु. | ६ रा. बु. | ४ शु. मं. | ३ | २ | १ | १२ के. | ११ चं. | १० | ९ | ८ श. | ७

श्रावण शुक्ल पक्षफल–

इस पक्ष की प्रतिपदा (15 अग.) से अष्टमी तिथि (23 अग.) तक माता छिन्नमस्तिका (चिन्तपूर्णी), माता **ज्वालामुखी** एवं **चामुण्डा** (कांगड़ा) में जागरण, कीर्तन, लंगर आदि सम्बन्धी भव्य मेले आयोजित होते हैं। तृतीया सोमवार (17 अग.) को **भाद्रपद संक्रान्ति** दुपै. 12/25 पर **तुला लग्न** में प्रवेश करेगी। संक्रान्ति के स्नान जप, पाठ, दानादि का पुण्यकाल सोमवार की प्रातः 6 बजकर 1 मिंट से शुरु होगा। हरियाली तीज का पर्व भी इसी दिन होगा। इसी दिन से कुम्भ महापर्व (नासिक) में भी शाही स्नान प्रारम्भ हो जाएंगे (देखें पृ. 12)। **नाग पंचमी** (20 अग.) गुरुवार को 3 मुहूर्त्त अर्थात् 6 घड़ी से अधिक होने से पर विद्धा, अर्थात् 20 अग. को मान्य होगी। इसदिन घर के बाह्य द्वार पर गोबर से सर्पाकृति बना कर, उसकी, दूध, दूर्वा, कुशा, पुष्पाक्षत एवं शक्कर-गुड़ादि नैवेद्य आदि के साथ पूजन करके **नाग स्तोत्र** का पाठ करना चाहिए। **श्रीदुर्गाष्टमी** (23 अग.) को **माता छिन्नमस्तिका** का अन्तिम भव्य मेला होगा। ता. 22 को **दूर्वाष्टमी** का पर्व भी मनाया जाएगा (देखें पृ. 84), ता. 29 अग. को **श्रावण पूर्णिमा** के दिन भाई-बहन के पवित्र सम्बन्धों का पर्व रक्षा-बन्धन होगा। भद्रा दुपै. 13/50 तक व्याप्त रहेगी। शास्त्रनियम अनुसार **रक्षा बन्धन** का पर्व भद्रोत्तरे दुपै. 13/50 के बाद ही परम्परानुसार मनाना शुभ होगा (देखें पृ. 84)।।

रक्षा-सूत्र बन्धन मन्त्र–येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वां अनुबध्नामि रक्षे मा चल मा चल।।

वि. संवत् २०७२, भाद्रपद कृष्ण पक्ष शाक: १९३७ — सन् 2015 ई. (ता. 30 अग. से 13 सितम्बर तक) हिजरी सन् 1436

सूर्य दक्षिणायन, उत्तर गोल, शरद् ऋतु:

प्रातः मं.-शु., पूर्वक्षितिज में ता. 7 सितं. से गुरु भी पूर्व में उदित होगा। सायं श. याम्योत्तरवृत्त से कुछ पश्चिम की ओर, बुध पश्चिम क्षितिज में होगा।

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	तारीखें भाद्र. शक	जिल्काद मु.	अगस्त	भाद्र प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल		दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
३१.५३	१	रवि	३५	५३	शत	१६	३८	सुक	१९	३५	बा	१०	१७	८	१४	30	१४	मी. ५६/१८	भाद्रपद कृष्ण पक्ष प्रा., गुरु मघा (४) में ६/०५, **गायत्री जपम्**	४	१२	०६	२५	6	06	18	51
३१.४५	२	चंद्र	२६	४८	पू.भा.	९	३३	धृति / शूल	९ / ५९	१८ / २०	तै	१	२१	९	१५	31	१५	मीन	भ. ५२/३१, सूर्य पू.फा. में ५/४३, बुध हस्त में ३/५५, कज्जली तीज **A**	४	१३	१४	२७	6	07	18	49
३१.४३	३	मंग	१८	१३	उ.भा. / रेव	२ / ५६	४८ / ४५	गंड	४९	५५	वि	१८	१३	१०	१६	सितं	१६	मे. ५६/४५	भ. १८/१३ तक, **पंचक समाप्त ५६/४५, अंगारकी श्रीगणेश (B)**	४	१४	१२	२९	6	07	18	48
३१.३८	४	बुध	१०	२३	अश्वि	५१	४३	वृद्धि	४१	१५	बा	१०	२३	११	१७	2	१७	मेष	गण्डमूल 26/49 तक,	४	१५	१०	३३	6	08	18	47
३१.३५	५	गुरु	३	४०	भर.	४७	५८	ध्रुव	३३	४०	तै	३	४०	१२	१८	3	१८	मेष	भ. ५८/२० से, **चन्दन षष्ठी व्रत, चन्द्रोदय 22[घं.] 18[मिं.] (जालन्धर)**, हल षष्ठी	४	१६	०८	३८	6	08	18	46
अवम	६	गुरु	५८	२०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००	षष्ठी तिथि का क्षय ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
३१.२८	७	शुक्र	५४	२८	कृति	४५	४३	व्या.	२७	१५	वि	२६	२४	१३	१९	4	१९	वृषे २/१३	भ. २६/२४ तक, शीतला सप्तमी, अगस्त्योदय [गुरोदय पूर्व 7 सितं.]	४	१७	०६	४४	6	09	18	44
३१.२३	८	शनि	५२	१०	रोहि	४५	००	हर्ष	२२	५	बा	२३	१९	१४	२०	5	२०	वृष	**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत,** जयंती योगे (देखें पृ. 88), स. सि. यो.	४	१८	०४	५५	6	10	18	43
३१.२०	९	रवि	५१	३५	मृग	४५	५५	वज्र	१८	१५	तै	२१	५३	१५	२१	6	२१	मि. १५/१५	**श्रीगुग्गा-नवमी, शुक्र मार्गी १९/३८,** गोकुलाष्टमी, नन्दोत्सव	४	१९	०३	०६	6	10	18	42
३१.१५	१०	चंद्र	५२	३०	आर्द्रा	४८	२३	सिद्धि	१५	४०	व	२२	३	१६	२२	7	२२	मिथुन	भ. २२/०३ से ५२/३० तक, **गुरु पूर्व में उदय २४/१३**	४	२०	०१	१८	6	11	18	41
३१.१०	११	मंग	५४	५३	पुन	५२	१५	व्य.	१४	१८	बव	२३	४२	१७	२३	8	२३	क. ३६/०८	**अजा एकादशी व्रत सर्वेषाम्**	४	२०	५९	३३	6	11	18	39
३१.०५	१२	बुध	५८	३०	पुष्य	५७	१८	वरी	१३	५५	कौ	२६	४२	१८	२४	9	२४	कर्क	**वत्स द्वादशी (पूजा)** [कुम्भ महापर्व नासिक (13 सितं.)]	४	२१	५७	४९	6	12	18	38
३१.०३	१३	गुरु	६०	००	अश्ले	६०	००	परि	१४	३३	गर	३०	५०	१९	२५	10	२५	कर्क	प्रदोष व्रत, गुरु बाल्यत्व समाप्त २४/१३, गंडमूलादि, कैलाशयात्रा प्रा. 2 दिन	४	२२	५६	१०	6	12	18	37
३०.५८	१३	शुक्र	३	१०	अश्ले	३	२३	शिव	१५	५३	व	३	१०	२०	२६	11	२६	सिंहे ३/२३	भ. ३/१० से ३५/५७ तक, मासशिवरात्रि व्रत, **अघोरा**-डाकिनी **C**	४	२३	५४	२९	6	13	18	36
३०.५०	१४	शनि	८	४३	मघा	१०	१५	सिद्ध	१७	५०	शकु	८	४३	२१	२७	12	२७	सिंह	अमावस (पितृकार्येषु), पिठोरी अमावस, गण्डमूलादि	४	२४	५२	५१	6	14	18	34
३०.४८	३०	रवि	१४	५३	पू.फा.	१७	४८	साध्य	२०	१५	ना	१४	५३	२२	२८	13	२८	कं. ३४/४३	**भाद्रपद अमावस** (देवकार्येषु), **कुम्भ महापर्व (नासिक)** (देखें पृ. 12)**(D)**	४	२५	५०	४९	6	14	18	33

भा.स्टैं.टा. जालन्धर

(A) (चं. उ. व्यापिनी) **(B) बहुला चतुर्थी व्रत** (देखें पृष्ठ 10-11), सितं. मास आरम्भ **(C)** चतुर्दशी, गंडमूलादि **(D)** मुख्य स्नानदानादि, **कुशाग्रहणी अमावस** (देखें पृ. 84), **'ॐ हुँ फट् स्वाहा'** 'इह मंत्रेण कुशोत्पाटनम्', सूर्य उ.फा. में ५०/०३, स.सि.यो., लोहार्गल यात्रा (स्नान), रानी सती मेला (झुंझुनूं) (राज.)

शनौ अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 5 सितं.

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
४	१	३	५	४	३	७	५	११
१८	१२	२३	१५	११	२०	०५	०७	०७
०३	५२	१५	०४	१४	२०	०६	४६	४६
१८	५९	०४	४०	५४	५४	५१	५०	५०
58 9	804 8	38 7	54 25	13 1	2 2	3 12	3 11	3 11
पूफा २	रोहि १	अश्ले २	हस्त २	मघा ४	अश्ले २	अनु १	उफा ४	उभा २
०	मा	मा	मा	मा	व	मा	व	व
०	उ	उ	उ	अ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

६ रा. बु. | ४ मं. शु. | ५ सू. गु. | ७ | ३ | ८ श. | २ चं. | ९ | ११ | १ | १० | १२ के.

रवौ अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 13 सितं.

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
४	४	३	५	४	३	७	५	११
२५	२२	२८	२०	१२	२१	०५	०७	०७
४९	४८	१९	४४	५८	०८	३४	२१	२१
३०	१५	०५	३४	३२	३५	४८	२४	२४
58 25	708 16	37 53	24 4	12 52	15 36	3 53	3 11	3 11
पूफा ४	पूफा ३	अश्ले ४	हस्त ४	मघा ४	अश्ले २	अनु १	उफा ४	उफा २
०	मा	मा	मा	मा	मा	मा	व	व
०	अ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अमा., प्रातः 5.30

६ रा. बु. | मं. ४ शु. | ५ सू. चं. गु. | ७ | ३ | ८ श. | २ | ९ | ११ | १ | १० | १२ के.

भाद्रपद कृष्ण पक्षफल–

इस पक्ष में अंगारकी बहुलाचौथ (1 सितं.) का व्रत रखकर सायंकाल में श्रीगणेश जी का व्रत, पूजन एवं लड्डुओं का भोग लगाकर मन्त्र जप करें। तत्पश्चात् चन्द्रोदय होने पर अर्घ्य प्रदान करने से मनोवाँछित फलों की प्राप्ति होती है। ता. 3 सितं. को **चन्दन-षष्ठी** का व्रत रखकर सूर्य व चन्द्र की पूजार्चना करने से धन, सन्तति व सौभाग्य में वृद्धि होती है। 5 सितं. **शनिवार** को **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** का व्रत रखकर भगवान् कृष्ण की कथा श्रवण/पाठ करना तथा रात्रि को पुष्पाक्षत एवं फलों सहित पूजन करने से अनेक कायिक व मानसिक दुःखों की निवृत्ति होती है। जन्माष्टमी को रोहिणी नक्षत्र का योग होने से जयन्ती नामक प्रशस्त योग बनता है, इसमें श्रीकृष्ण स्तोत्र का पाठ करना विशेष पुण्यकारक होगा। **जन्माष्टमी** के दूसरे दिन गोकुल में **नन्दोत्सव** मनाया जाता है। **अजा एकादशी** (8 सितं.) का विधिपूर्वक व्रत करने से जन्म-जन्म के कष्टों से निवृत्ति होती है। **वत्स द्वादशी** (9 सितं.) प्रातः बछड़े सहित गाय का पूजन करके मूँग, मोठ और बाजरा सहित भोजन का भोग लगाते हैं। इस दिन गाय का दूध दही या गोघृत से परहेज करके भैंस का दूध, प्रयोग में लाते हैं। **कुशाग्रहणी अमावस** (13 सितं.) को देव-पितृ कार्यों के लिए पूर्व या उत्तर दिशा में बैठकर मन्त्रपूर्वक कुशा ग्रहण करनी चाहिए। भाद्रपद अमावस्या (13 सितं. रविवार) को **नासिक तीर्थ पर कुम्भ महापर्व के स्नान-दानादि** का विशेष (मुख्य) माहात्म्य रहेगा। भाद्र-मास में **५ रविवार** पड़ने से कहीं प्रतिकूल वर्षा के कारण फसलों को हानि, छत्रभंग, उपद्रव आदि हिंसक घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं।

वि. संवत् २०७२,	भाद्रपद शुक्ल पक्ष	शाक : १९३७												तारीखें				चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल
दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	भाद्र शुक्ल	जिल्हिज्जा मु.	सितंबर	भाद्र प्रवि.	
३०.४३	१	चंद्र	२१	२५	उ.फा.	२५	३५	शुभ	२२	५३	बव	२१	२५	२३	२९	14	२९	कन्या
३०.३८	२	मंग	२८	३	हस्त	३३	३०	शुक्ल	२५	३८	कौ	२८	३	२४	३०	15	३०	कन्या
३०.३३	३	बुध	३४	२५	चित्रा	४१	८	ब्रह्म	२८	८	तै	१	१४	२५	जि.	16	३१	तुले ७/२०
३०.२८	४	गुरु	४०	१०	स्वा.	४८	८	ऐन्द्र	३०	१३	व	७	१८	२६	२	17	आ.	तुला
३०.२५	५	शुक्र	४४	५८	विशा	५४	१०	वैधृ	३१	३८	बव	१२	३४	२७	३	18	२	वृ. ३७/४५
३०.१८	६	शनि	४८	२५	अनु.	५८	५०	विष्क	३२	३	कौ	१६	४२	२८	४	19	३	वृश्चिक
३०.१५	७	रवि	५०	१५	ज्ये.	६०	००	प्रीति	३१	१५	गर	१९	२०	२९	५	20	४	वृश्चिक
३०.१०	८	चंद्र	५०	१०	ज्ये.	१	५३	आयु	२९	३	वि	२०	१३	३०	६	21	५	धनु १/५३
३०.०८	९	मंग	४८	१३	मूल	३	८	सौभा	२५	२३	बा	१९	१२	३१	७	22	६	धनु
३०.००	१०	बुध	४४	२०	पू.षा. उ.षा.	२ ५१	२५ ५८	शोभ	२०	८	तै	१५	४७	आ	८	23	७	म. १६/५८
२९.५५	११	गुरु	३८	४३	श्रव.	५५	४५	अति	१३	२३	व	११	३२	२	९	24	८	मकर
२९.५०	१२	शुक्र	३१	३८	धनि	५०	१३	सुक धृति	५ ५६	२३ १८	बव	५	११	३	१०	25	९	कुं. २३/०८
२९.४५	१३	शनि	२३	२३	शत	४३	३३	शूल	४६	१८	तै	२३	२३	४	११	26	१०	कुम्भ
२९.४३	१४	रवि	१४	२३	पूभा	३६	२०	गंड	३५	५०	व	१४	२३	५	१२	27	११	मीने २३/१०
२९.३८	१५	चंद्र	४	५५	उभा	२८	५०	वृद्धि	२५	१०	बव	४	५५	६	१३	28	१२	मीन

सन् 2015 ई. (ता. 14 सितं. से 28 सितं. तक) हिजरी सन् 1436 सूर्य दक्षिणायन, उत्तर-दक्षिण गोल, शरद् ऋतुः					भा.स्टैं.टा. जालन्धर			
प्रातः गुरु पूर्वक्षितिज में, उससे ऊपर मंगल तथा शुक्र होंगे। सायं बु. पश्चिमक्षितिज में होगा, परन्तु 24 सितं. से लुप्त हो जाएगा। शनि पश्चिम कपाल में होगा।	दे. रा.	सू. अ.	स्प. क.	घ्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
भाद्रपद शुक्ल पक्ष प्रारम्भ, गुरु पू.फा. (१) में ३८/१८	४	२६	४९	४५	6	15	18	32
चन्द्रदर्शन, मु. ३०, **मंगल** मघा (१) **सिंह में ३८/०५**, सामवेदि उपाकर्म	४	२७	४८	१२	6	15	18	30
हरितालिका तृतीया, गौरी तृतीया, श्रीवराह जयन्ती, जिल्हिजा (मु.)**A**	४	२८	४६	४३	6	16	18	29
भ. ७/१८ से ४०/१० तक, **सूर्य कन्या में १५/०५, आश्विन संक्रान्ति,B**	४	२९	४५	१५	6	17	18	28
ऋषि-पंचमी, कुम्भमहापर्व (नासिक) स्नान तिथि (देखें पृ. 12)**C**	५	००	४३	५०	6	17	18	27
सूर्य षष्ठी व्रत, स. सि. यो.	५	०१	४२	२४	6	18	18	25
भ. ५०/१५ से, मुक्ताभरण-सन्तान सप्तमी व्रत, गण्डमूल विचार	५	०२	४१	०२	6	18	18	24
भ. २०/१३ तक, **श्रीराधाष्टमी, श्रीमहालक्ष्मी व्रतारम्भ**, दधीची जयंती	५	०३	३९	४१	6	19	18	23
श्रीचन्द्र नवमी (उदा.-सम्प्र.), **श्रीभागवत् सप्ताह पाठारम्भ**, गंडमूल	५	०४	३८	२३	6	19	18	21
सूर्य सायन तुला में १८/४८, दक्षिण गोल प्रारम्भ, विष्णुश्रृंखल योग **(D)**	५	०५	३७	०४	6	20	18	20
भ. ११/३२ से ३८/४३ तक, **पद्मा एकादशी व्रत, (E)**	५	०६	३५	४९	6	21	18	19
पंचक प्रारम्भ २३/०८, प्रदोष व्रत, श्रीवामन जयंती (देखें पृ. 85)+	५	०७	३४	३३	6	21	18	17
+राहु उ.फा. (३) केतु उ.भा. (१) में ५९/०५	५	०८	३३	१९	6	22	18	16
भ. १४/२३ से ३९/३९ तक, **अनन्त चतुर्दशी व्रत**, सूर्य हस्त में २८/२३**F**	५	०९	३२	०९	6	22	18	15
भाद्रपद पूर्णिमा, स्नानदानादि, **पितृपक्ष (श्राद्ध) प्रा.**, प्रतिपदा का श्राद्ध**(G)**	५	१०	३०	५९	6	23	18	14

(A) मास प्रारम्भ, कुम्भपर्व स्नान तिथि (नासिक) **(B)** मुहूर्त्ति १५, पुण्यकाल सं. सूर्योदय से मध्याह्न तक, **सिद्धि विनायक व्रत, कलंक-चतुर्थी** (चन्द्रदर्शन-निषेध), चन्द्रास्त 20/56, **बुध वक्री** ४३/२३, पत्थर चौथ, विश्वकर्मा पूजन **(C)** सम्वत्सरी महापर्व (जैन) **(D)** 30घं.-19मिं. से, **शक आश्विन प्रारम्भ** **(E)** श्रवण द्वादशी (21/50 बाद), **वक्री बुध पश्चिम में अस्त** ३६/२८, विष्णुश्रृंखल योग 28/39 तक, विष्णु करवट परिवर्तन उत्सव, **(F)** शनि अनु. (२) में ४८/५३, श्रीसत्यनारायण व्रत, कदली व्रत, **मेला सोढल (जालन्धर)**, प्रोष्ठपदी महालय श्राद्ध प्रारम्भ, पूर्णिमा का श्राद्ध **(G) ग्रस्तास्त चन्द्रग्रहण** (देखें पृ. 16)

चन्द्रे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 21 सितंबर

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
५	७	४	५	४	३	७	५	११
०३	२९	०३	२१	१४	२४	०६	०६	०६
३७	०९	२१	१५	४०	०४	०७	५५	५५
४२	४५	२२	३१	५०	५१	५५	५८	५८
58 39	721 52	37 40	25 41	12 40	29 35	4 28	3 11	3 11
उफा ३	ज्ये. ४	मघा २	हस्त ४	पूफा १	आश्ले. ३	अनु. १	उफा ४	उभा २
०	मा	मा	व	मा	मा	मा	व	व
०	उ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

६ सू. बु. रा. | ५ गु. मं. | ४ शु. | ३ | २ | १ | १२ के. | ११ | १० | ९ | ८ चं. श. | ७

चन्द्रे पूर्णिमायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 28 सितंबर

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
५	११	४	५	४	३	७	५	११
१०	०८	०७	१५	१६	२८	०६	०६	०६
२८	४७	४४	५७	०८	०१	४०	३३	३३
५१	३६	२४	०४	४३	३६	४३	४३	४३
58 51	912 49	37 28	65 49	12 24	39 2	4 57	3 11	3 11
हस्त १	उभा २	मघा ३	हस्त २	पूफा १	आश्ले. ४	अनु. २	उफा ३	उभा १
०	मा	मा	व	मा	मा	मा	व	व
०	उ	उ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. पूर्णिमा, प्रातः 5.30

६ सू. बु. रा. | ५ गु. मं. | ४ शु. | ३ | २ | १ | १२ चं. के. | ११ | १० | ९ | ८ श. | ७

भाद्रपद शुक्ल पक्षफल–

इस पक्ष की तृतीया को **सौभाग्यवती** स्त्रियों को अखण्ड सुहाग की कामना से **हरितालिका तीज** (16 सितं.) का व्रत विधिपूर्वक करना चाहिए। सिद्धि विनायक श्रीगणेश ४ **(पत्थर चौथ)** (17 सितं.) को व्रत रखकर श्रीगणेश पूजन व लड्डुओं का भोग लगाना शुभ होगा। इस दिन सायं को चन्द्रदर्शन करने का निषेध माना जाता है। 17 सितं. गुरुवार को आश्विन संक्रान्ति १५ मुहूर्त्ति दुपै. 12 बजकर 19 मिनट पर वृश्चिक लग्न में प्रवेश करेगी। संक्रान्ति के स्नान, दानादि का पुण्यकाल प्रातः सू.उ. से लेकर मध्याह्न बाद तक रहेगा। **मुक्ताभरण**, 20 सितं. को सन्तान सप्तमी का व्रत सन्तान सुख की कामना से पति-पत्नी दोनों के द्वारा रखकर भगवान् शिव-पार्वती एवं सूर्य देव की पूजा की जाती है। ता. 21 को श्री राधाष्टमी एवं महालक्ष्मी का पूजन एवं व्रत सौभाग्यवती स्त्रियां अपने सुहाग एवं सन्तान सुख के लिए करती हैं। ता. 25 सितं. को भगवान् विष्णु के **वामन अवतार** की पुण्य तिथि होगी। इस दिन भगवान् विष्णु का पुष्पाक्षत द्वारा पूजन, स्तोत्र एवं मन्त्र पाठ, जप, दानादि करने का विशेष माहात्म्य होगा। इस दिन कुम्भ महापर्व (नासिक) का स्नान माहात्म्य समाप्त हो जाएगा। ता. 27 सितं. को **अनन्त चौदश** का व्रत रखकर भगवान् विष्णु के **अनन्त स्वरूप** का ध्यान, जप, पाठ एवं दानादि किया जाता है। इसी दिन जालन्धर में भगवान् शिव के अंशावतार बाबा सोढल का भव्य मेला आयोजित होता है। ता. 28 को पूर्णिमा मात्र प्रातः 8घं. 21मिं. तक होगी। तदुपरान्त आश्विनकृष्ण प्रतिपदा का प्रारम्भ होने से **प्रतिपदा का श्राद्ध** इसीदिन बाद दुपैहर को होगा। पूर्णिमा का श्राद्ध (ता. 27 को) 12 बजकर 10 मिंट के पश्चात् करना प्रशस्त होगा।

वि. संवत् २०७२, आश्विन कृष्ण पक्ष शाकः १९३७

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घड़ी	पल	नक्षत्र	घड़ी	पल	योग	घड़ी	पल	करण	घड़ी	पल	तारीखें [illegible]	तारीखें [illegible]	तारीखें सितंबर	तारीखें आश्विन प्र.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल
अवम्	१	चंद्र	५५	३०	०	०	०	००	०	०	०	०	०	०	०	०	०	००
२९.३०	२	मंग	४६	२८	रेव	२१	३०	ध्रुव	१४	३८	तै	२०	५९	७	१४	29	१३	मेष २१/३०
२९.२८	३	बुध	३८	१८	अश्वि	१४	५३	व्या./हर्ष	४/५५	१५/२३	व	१२	२३	८	१५	30	१४	मेष
२९.२०	४	गुरु	३१	१८	भर.	९	१८	वज्र	४७	१३	बव	४	४८	९	१६	अक्टू	१५	वृष २३/०५
२९.१५	५	शुक्र	२५	५०	कृति	५	३	सिद्धि	४०	२०	तै	२५	५०	१०	१७	2	१६	वृष
२९.१३	६	शनि	२२	१३	रोहि	२	३३	व्य.	३४	५८	व	२२	१३	११	१८	3	१७	मि. ३२/००
२९.०८	७	रवि	२०	२८	मृग	१	५५	वरी	३१	८	बव	२०	२८	१२	१९	4	१८	मिथुन
२९.०३	८	चंद्र	२०	४८	आर्द्रा	३	१५	परि	२८	५३	कौ	२०	४८	१३	२०	5	१९	क. ५०/२८
२८.५८	९	मंग	२२	५५	पुन	६	२३	शिव	२८	३	गर	२२	५५	१४	२१	6	२०	कर्क
२८.५३	१०	बुध	२६	४३	पुष्य	११	१३	सिद्ध	२८	२८	वि	२६	४३	१५	२२	7	२१	कर्क
२८.५०	११	गुरु	३१	५३	अश्ले	१७	२५	साध्य	२९	५३	बा	३१	५३	१६	२३	8	२२	सिंहे १७/२५
२८.४३	१२	शुक्र	३७	५३	मघा	२४	३३	शुभ	३१	५५	कौ	४	५३	१७	२४	9	२३	सिंह
२८.४०	१३	शनि	४४	२५	पूफा.	३२	१३	शुक्ल	३४	२५	गर	११	९	१८	२५	10	२४	कं. ४९/१०
२८.३५	१४	रवि	५१	१०	उफा.	४०	८	ब्रह्म	३७	५	वि	१७	४८	१९	२६	11	२५	कन्या
२८.३०	३०	चंद्र	५७	४०	हस्त	४७	५३	ऐन्द्र	३९	३५	चतु	२४	२५	२०	२७	12	२६	कन्या

सन् 2015 ई. (ता. 29 सितं. से 12 अक्तू. तक) हिजरी सन् 1436

भा.स्टैं.टा. — जालन्धर

सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, शरद् ऋतुः

ग्रह दर्शन—प्रातः मं., गु. व शु. पूर्व क्षितिज के ऊपर होंगे। ता. 7 अक्तू. से बुध भी पूर्व में दिखेगा। सायं शनि पश्चिम कपाल में दिखाई देगा।

विवरण	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	घट. वि.	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मि.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मि.
प्रतिपदा तिथि का क्षय ०० ००	०	०	०	०	०	०	०	०
पंचक समाप्त २१/३०, द्वितीया का श्राद्ध, गण्डमूल विचार	५	११	२९	५२	6	24	18	12
भ. १२/२३ से ३८/१८ तक, गुरु पू.फा. (२) में २९/२५, **शुक्र** मघा (१)**A**	५	१२	२८	४९	6	24	18	11
श्रीगणेश चतुर्थी व्रत (देखें पृ. 10-11), चतुर्थी का श्राद्ध	५	१३	२७	४६	6	25	18	09
महात्मा गाँधी जयन्ती, पंचमी का श्राद्ध, चन्द्र षष्ठी	५	१४	२६	४४	6	26	18	08
भ. २२/१३ से ५१/२१ तक, वक्री बुध उ.फा. (४) में २७/१८, **षष्ठी का श्राद्ध**	५	१५	२५	४८	6	26	18	07
श्रीमहालक्ष्मी व्रत समाप्त (चं. उ. व्यापिनी), **सप्तमी का श्राद्ध B**	५	१६	२४	५०	6	27	18	06
श्रीमहालक्ष्मी व्रत समाप्त (सू.उ. व्यापिनी), अष्टमी का श्राद्ध **C**	५	१७	२३	५७	6	27	18	04
भ. ५४/४९ से, मातृ नवमी, मंगल पू.फा. (१) में ५६/२३, सौभाग्यवतियों **D**	५	१८	२३	०४	6	28	18	03
भ. २६/४३ तक, वक्री बुध पूर्व में उदय ७/५८, दशमी का श्राद्ध	५	१९	२२	१७	6	29	18	02
इन्दिरा एकादशी व्रत, एकादशी का श्राद्ध	५	२०	२१	३१	6	29	18	01
बुध मार्गी ३४/५३, संन्यासीनां श्राद्ध, **द्वादशी का श्राद्ध**	५	२१	२०	४५	6	30	17	59
भ. ४४/२५ से, **शनि प्रदोष व्रत,** त्रयोदशी का श्राद्ध	५	२२	२०	०४	6	31	17	59
भ. १७/४८ तक, सूर्य चित्रा में ०/३५, शस्त्र-विष-दुर्घटनादि से मृतकों का श्राद्ध	५	२३	१९	२४	6	31	17	57
महालय, सोमवती अमावस, सर्वपितृ श्राद्ध, पितृ-विसर्जन **E**	५	२४	१८	४८	6	32	17	56

A सिंह में ५४/३५ (28/14 घं.मिं.), भरणी श्राद्ध, तृतीया का श्राद्ध **B** (दोपहर 2/38 से पूर्व) **C** जीवित्पुत्रिका व्रत **D** एवं नवमी का श्राद्ध **E** चतुर्दशी/अमावस का श्राद्ध, मेला फाल्गु. व कपालमोचन (कुरुक्षेत्र) हरि.

चन्द्रे अष्टम्यां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 5 अक्तू.

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
५	२	४	५	४	४	७	५	११
१७	१८	१२	०८	१७	०२	०७	०६	०६
२१	४८	०६	४०	३४	५७	१६	११	११
३७	०३	१०	५४	३९	५९	४६	२७	२७
59 7	761 59	37 16	42 00	12 6	46 23	5 25	3 11	3 11
हस्त ३	आर्द्रा ४	मघा ४	उफा ४	पूफा २	मघा १	अनु २	उफा ३	उभा १
०	मा	मा	व	मा	मा	मा	व	व
०	उ	उ	अ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अष्टमी, प्रातः 5.30

७ | ६ सू. बु. रा. | मं. ५ गु.शु. | ८ श. | ४ | ९ | ३ चं. | १० | १२ के. | २ | ११ | १

चंद्रे अमावस्यायां ग्रह स्पष्ट प्रातः ५/३० बजे, 12 अक्तू.

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
५	५	४	५	४	४	७	५	११
२४	१३	१६	०७	१८	०८	०७	०५	०५
१६	२४	२६	१९	५८	४०	५५	४९	४९
१५	२९	४२	१६	१२	२६	४९	१२	१२
59 23	708 40	37 7	29 44	11 42	52 1	5 48	3 11	3 11
चित्रा १	हस्त २	पूफा १	उफा ४	पूफा २	मघा ३	अनु २	उफा ३	उभा १
०	मा	मा	मा	मा	मा	मा	व	व
०	अ	उ	उ	उ	उ	उ	अ	अ

कुं. अमा., प्रातः 5.30

७ | ६ सू. चं. बु. रा. | मं. ५ गु.शु. | ८ श. | ४ | ९ | ३ | १० | १२ के. | २ | ११ | १

आश्विन कृष्ण पक्षफल—

ज्ये. कृ. ४, गुरु	7 मई	ज्ये.	प्रात: 9/52 बाद, ल. ३, अभि.
प्र.आ.कृ. ४, शनि	6 जून	उ.षा.	ल. ४, ५, अभि. चं. दा.
श्राव. कृ. ४, सोम	3 अग.	पू.भा.	ल. ५, चं. दा., अभि. (शुक्र वार्धक्य दोष)
कार्ति. कृ. ४, शुक्र	30 अक्तू	रोहि.	ल. ९, अभिजित
मार्ग. कृ. ४, रवि	29 नवं.	पुर्न.	ल. ९, अभिजित
पौष कृ. ४, मंग	29 दिसं.	श्ले.	ल. ११, चं. गु. दा., अभि.
(सन् 2016 ई० में)			
माघ कृ. ४, बुध	27 जन.	पू.फा.	ल. ११ (चं. दा.) प्रात: 9/56 बाद
फागु. कृ. ४, शुक्र	26 फर.	हस्त	ल. १२ (चं. दा.), अभि.
चैत्र कृ. ४, रवि	27 मार्च	विशा	ल. १, ३, अभिजित

श्री दुर्गा देवी प्रतिष्ठा मुहूर्त्त २०७२

(आगे लिखे मुहूर्त्त समस्त देवियों की प्रतिष्ठा के लिए शुभ होंगे। परन्तु शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथियां श्रीगौरी की प्रतिष्ठा में विशेष रूप से प्रशस्त होंगी।

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
चैत्र शु. १, शनि	21 मार्च	रेव.	ल. २, ३, अभिजित
चै.शु. २/३, रवि	22 मार्च	अश्वि	ल. २, अभिजित
चैत्र शु. ८, शुक्र	27 मार्च	आर्द्रा	ल. २, ४, अभिजित
वैशा. कृ. ६, शुक्र	10 अप्रै.	मूल	ल. ३, अभि. (चं. दा.)
वैशा.कृ. ९, चन्द्र	13 अप्रै.	श्रव.	ल. २, अभिजित
वैशा. शु. ३, मंग.	21 अप्रै.	रोहि.	मु. 11/57 बाद, अभि.
वैशा. शु. ५, गुरु	23 अप्रै.	मृग.	मु. 11/17 तक
वैशा. शु. ७, शनि	25 अप्रै.	पुर्न.	ल. २, ३, अभिजित
ज्ये. कृ. ४, शुक्र	8 मई	मूल	ल. ३, अभिजित
ज्ये. कृ. ९, मंग.	12 मई	धनि.	ल. ३ (9/38 तक)
ज्ये. शु. ३, बुध	20 मई	मृग.	ल. २, ३ (ल. 8/50 तक), ५
ज्ये. शु. १२, शनि	30 मई	चित्रा	मु. 8/02 बाद,
शु.आ.कृ. २, गुरु	4 जून	मूल	ल. ३, अभिजित
शु.आ.कृ.५, रवि	7 जून	श्रव.	ल. ३, अभिजित
शु.आ.कृ. ९, गुरु	11 जून	रेव.	ल.५ (10/59 बाद), अभि.
शु.आ.शु. ९, शनि	25 जुला	स्वा.	ल. ५, अभिजित
आश्वि शु. १/२, बुध	14 अक्तू	स्वा.	ल. ९
आश्वि शु.५, रवि	18 अक्तू	ज्ये/मू.	ल. ९, ११
कार्ति. कृ. ५, शनि	31 अक्तू	मृग	ल. ९, अभिजित
कार्ति. शु. ४, रवि	15 नवं.	मूल	अभिजित्
मार्ग. कृ. ५, चन्द्र	30 नवं.	पुष्य	ल. ९, अभिजित
मार्ग. कृ. ९, शुक्र	4 दिसं	उ.फा.	ल. ९, अभिजित
मार्ग. शु. १, शनि	12 दिसं.	मूल	ल. ११, अभिजित
(सन् 2016 ई० में)			
पौष कृ. १२, गुरु	7 जन.	अनु.	ल. ११, अभिजित
पौष शु. ८, रवि	17 जन.	अश्वि	ल. ११, ३, अभिजित
माघ कृ. १२, शुक्र	5 फर.	मूल	अभिजित
फागु. कृ. ९, गुरु	3 मार्च	मूल	ल. १२, अभिजित
फागु. शु. २, गुरु	10 मार्च	उ.भा.	ल. १२ (चं. पू.), अभिजित
फागु. शु. ३, शुक्र	11 मार्च	रेव/अ	ल. १२, अभिजित

भगवान् शिव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त सं. २०७२

गत कालमों में दिए गए सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्तों के अतिरिक्त आगे भगवान् शिव प्रतिमा व शिवलिङ्ग स्थापन हेतु मुख्य मुहूर्त्त दिए जा रहे हैं, जो विशेषतः शुभ एवं ग्राह्य होंगे। शिव प्रतिमा/ शिवलिङ्ग प्रतिष्ठा हेतु निम्न मुहूर्त्तों में आगामी पृष्ठ पर दिए गए '**शिववास चक्र**' का भी प्रयोग करें तो विशेष शुभ होगा। **शिव प्रतिष्ठा हेतु उत्तरायण मास विशेष प्रशस्त होते हैं।**

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
चैत्र शुक्ल १, शनि	21 मार्च	रेव	ल. २, ३, अभि., स्वयं सिद्ध
चैत्र शु. ८, शुक्र	27 मार्च	आर्द्रा	ल. २, ४, अभिजित
चैत्र शु. १०, रवि	29 मार्च	पुष्य	ल. २, ३, अभिजित
वैशा. कृ. ८, रवि	12 अप्रै.	उ.षा.	ल. ३, अभिजित (प्रात: 7/10 बाद)
वैशा. शु. ३, मंग.	21 अप्रै.	रोहि.	ल. ४, ५, अभिजित (11/57 बाद)
वैशा. शु. ५, गुरु	23 अप्रै.	मृ/अ	ल. २, ४ (चं. दा.), अभि.
वैशा. शु. ८, रवि	26 अप्रै.	पुष्य	ल. २, ३, अभिजित
वैशा. शु. १४, रवि	3 मई	स्वा	ल. ३, ४, अभिजित
ज्ये. कृ. ३, गुरु	7 मई	ज्ये.	ल. २, ३, ४, भद्रा परिहार
ज्ये. कृ. ४, शुक्र	8 मई	मूल	ल. ३, ४, अभिजित
ज्ये. कृ. ८, चंद्र	11 मई	श्र/ध	ल. ४, ५, अभिजित
ज्ये. शु. ३, गुरु	21 मई	आर्द्रा	ल. ४, ५, अभिजित
ज्ये. शु. ८, मंग.	26 मई	पू.फा.	ल. ३, ४, अभिजित
शु.आ.कृ. २, गुरु	4 जून	मूल	३, ४, अभिजित, चं. दा.
शु.आ.कृ. ५, रवि	7 जून	श्रव.	ल. ४, ५, अभिजित
शु.आ.कृ.९/१०, गुरु	11 जून	रेव	ल. ५ (10/59 बाद), अभि.
द्वि.आ.शु. ७, गुरु	23 जुला	चित्रा	ल. ५, ७, अभिजित
श्रा.कृ.१/२, शनि	1 अग.	धनि.	ल. ५, ७, अभिजित
कार्ति. शु. ८, गुरु	19 नवं.	धनि.	अभिजित, दुपै. 11/54 बाद
कार्ति. शु. १३, मंग	24 नवं.	अश्वि	ल. ९ (प्रात: 9/58 तक)
मार्ग. कृ. ३, शनि	28 नवं.	आर्द्रा	ल. ९, अभिजित
मार्ग. कृ. ५, चन्द्र	30 नवं.	पुष्य	ल. १०, ११, अभिजित
मार्ग. शु. १, शनि	12 दिसं.	मूल	ल. ११, अभिजित

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
(सन् 2016 ई० में)			
पौष शु. ८, रवि	17 जन.	अश्वि	ल. ११, अभिजित
पौष शु. १४, शनि	23 जन.	पुर्न	ल. ११, अभि., भद्रा परि.
माघ कृ. ८, चंद्र	1 फर.	स्वाती	ल. अभिजित
माघ कृ. १२, शुक्र	5 फर.	मूल	ल. १२, अभिजित
माघ शु. ११, गुरु	18 फर.	आर्द्रा	ल. १२, अभिजित
फागु. कृ. २, बुध	24 फर.	पू.फा.	ल. १२ (मु. 9/42 तक)
फागु. कृ. ५, रवि	28 फर.	स्वा.	ल. १२, अभिजित
फागु. कृ. ७, मंग.	1 मार्च	अनु.	ल. १२, अभिजित
फागु. कृ.१२, रवि	6 मार्च	श्रव.	ल. १२, अभिजित
फा. कृ. १३/१४, चंद्र	7 मार्च	धनि.	ल. १२, अभिजित्
फा. शु. ८, मंग.	15 मार्च	मृग.	ल. १२ (चं. दा.) अभि. (पंजाब, हिमाचल में त्याज्य)

अभिजित मुहूर्त्त

पुराणानुसार अभिजित मुहूर्त्त काल में क्रियमाण सभी कर्म प्राय: सफल होते हैं। भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र की भान्ति अभिजित् मुहूर्त्त सब दोषों को नाश कर देता है– **दिनमध्यगते सूर्ये मुहूर्त्ते हि अभिजित् प्रभुः। चक्रमादाय गोविन्दः सर्वान्दोषान्निकृन्तति॥**

दिनमान के अर्ध भाग में स्थानीय सूर्योदय जमा कर देने से अभिजित् मुहूर्त्त का मध्य भाग निकल आता है। '**नारद पुराण**' के अनुसार **अभिजित्** के मध्याह्न काल से १ घटी अर्थात् २४ मिनट पूर्व और मध्याह्न से २४ मिनट पश्चात् तक के समय को **अभिजित् काल** कहा जाता है।

उदाहरण–मान लो, आपने २८ नवम्बर को अभिजित मुहूर्त्त का समय जानना है, तो उस दिन के दिनमान (२५/३० घटी पल) का अर्धभाग १२ घड़ी, ४५ पल होंगे। इस अर्ध भाग के ५ घंटे, ६ मिनट बनते हैं। इनके उस दिन में जालन्धर के सूर्योदय ७/१० घं. मिं. में जमा कर देने से दुपै. १२ बजकर १६ मिनट पर अभिजित मुहूर्त्त का मध्यकाल होगा। इससे २४ मिनट पूर्व अर्थात् ११/५२ घं. मिं. से अभिजित का प्रारम्भ काल तथा (१२/१६ + ००/२४ मिनट = १२ घं. ४० मिनट पर अभिजित का समाप्ति काल (घंटा मिंट) होगा।

श्री मद्भागवत, हरिवंशपुराण, रामायणादि प्रारम्भ मुहूर्त्त-वि. संवत् २०७२

वैसे तो भगवान् श्री हरि की कथा किसी भी स्थिति या समय में गाई जा सकती है, परन्तु श्री मद्भागवत्, श्रीहरिवंश पुराण, रामायण, शिव महापुराण आदि पूज्य ग्रन्थों के पाठ का प्रारम्भ शास्त्र निर्धारित तिथि, नक्षत्र, वार, मास आदि के अनुसार किया जाए, तो विशेष अधिक पुण्यफल प्रद होता है। सुनिश्चित मुहूर्त्तों में भी कृष्ण पक्ष की अपेक्षा शुक्ल पक्ष श्रेष्ठतर माना गया है। श्री शिवपुराण पाठारम्भ में श्रावण, माघ व फागुन मास विशेष प्रशस्त माने जाते हैं। श्रीदेवीभागवत् वाचन हेतु श्री दुर्गा प्रतिष्ठा में लिखे मुहूर्त भी ग्राह्य होंगे।

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
वैशा. कृ. ११,बुध	15 अप्रै.	शत.	ल. २, ४ (चं. दान)
वैशा. कृ. १२,गुरु	16 अप्रै.	पू.भा.	मुहूर्त्त 10/09 तक
वैशा. शु. ५, गुरु	23 अप्रै.	मृग	ल. १, २ (मु. 11/17 तक)
वैशा. शु. १२,गुरु	30 अप्रै.	उ.फा.	ल. २, ३, ४
वैशा. शु. १५,रवि	3 मई	चि/स्वा	ल. २, ३, ४, अभि. (मु. 7/59 बाद)
ज्ये. कृ. ८, चंद्र	11 मई	श्र/ध.	ल. ३, ४, अभिजित
ज्ये. शु. २, बुध	20 मई	मृग	ल. ४, ५
ज्ये. शु. ५, शुक्र	22 मई	पुर्न	ल. ४, ५, अभिजित
ज्ये. शु.१०, गुरु	28 मई	उ.फा.	ल. ४, ५ (मु. 11/26 तक)
ज्ये. शु.१३, रवि	31 मई	स्वा.	मुहूर्त्त प्रात : 11/06 के बाद
शु.आ.कृ.३, शुक्र	5 जून	पू.षा.	ल. ३, ५, अभि.
शु.आ.कृ.५, रवि	7 जून	श्रव.	ल. ४, ५, अभि.
शु.आ.कृ.८, बुध	10 जून	पू.भा.	मु. प्रात: 8/07 तक
शु.आ.कृ.११,शुक्र	12 जून	रे/अश्वि	ल. ३, ४, ५, अभि.
शु.आ.शु.७, गुरु	23 जुला	चित्रा	ल. ५, ७, अभि.
शु.आ.पूर्णि. शुक्र	31 जुला	उ/श्र	ल. ७, अभि.
आश्वि शु. ८, बुध	21 अक्तू	उ.षा.	ल. ९, ११ (चं. दान)
आश्वि शु.१०,शुक्र	23 अक्तू	ध/शत	ल. ९, १०, अभि.
कार्ति. कृ.७,सोम	2 नवं.	पुर्न	ल. १०, अभि.
कार्ति.कृ.१०,शुक्र	6 नवं.	पू.फा.	मुहूर्त्त 11/05 बाद, अभि.
कार्ति. शु. ७, बुध	18 नवं.	श्रव.	ल. ९, ११
मार्ग. कृ.१, गुरु	26 नवं.	रोहि.	ल. ९, १०, ११
मार्ग. कृ. २, शुक्र	27 नवं.	मृग	ल. १०, ११, अभि.
मार्ग. कृ. ५, चंद्र	30 नवं.	पुष्य	ल. १०, ११, अभि.
मार्ग. कृ. ८, गुरु	3 दिसं	पू.फा.	मुहूर्त्त प्रात: 8/00 के बाद
मार्ग. शु. २, रवि	13 दिसं.	पू.षा.	ल. ९, १०
मार्ग. शु. ३, चंद्र	14 दिसं.	उ.षा.	ल. ९, ११, अभि.
(सन् 2016 ई० में)			
पौष शु. ११, बुध	20 जन.	रोहि.	ल. ११, १
माघ कृ. १, रवि	24 जन.	पुष्य	ल. ११, १, अभिजित
माघ कृ. ५, शुक्र	29 जन.	हस्त	ल. १ (चं. दा.), २, अभि.
माघ कृ. ८, चंद्र	1 फर.	स्वा.	ल. १२, १, अभिजित
माघ कृ. १०, बुध	3 फर.	अनु.	ल. १२, १
माघ शु. २, बुध	10 फर.	शत	ल. १२, १
माघ शु. ३, गुरु	11 फर.	पू/उभा	ल. १२, १ (मु. दोप. 12/03 तक)
माघ शु. १०, बुध	17 फर.	मृग.	ल. १२, १
माघ शु. १२,शुक्र	19 फर.	पुर्न	ल. १२, १, २, अभि.
फागु. कृ. २, बुध	24 फर.	पू/उफा	ल. १२, २
फागु. कृ. १२,रवि	6 मार्च	श्रव.	ल. १२, १, २, अभि.
फागु. शु. २, गुरु	10 मार्च	उ.भा.	ल. १, २, अभिजित

वाहन आदि क्रय मुहूर्त्त-सन् 2015 ई.

आगे लिखे मुहूर्त्त कार, स्कूटर, साईकल, ट्रक आदि का क्रय करने के अतिरिक्त कम्प्यूटर, रेफ्रिजरेटर, जनरेटर, टैलीविजन, ज़मीन-जायदाद, बहुमूल्य आभूषण, वस्त्रादि की खरीद करने में समान रूप में उपयोगी होंगे। शनिवार वाला दिन तभी ग्रहण करें, यदि कुण्डली में शनि शुभ या योगकारक हो। वाहनादि से पूर्ण लाभ प्राप्ति एवं सुरक्षा हेतु अपने पण्डित या पुरोहित जी द्वारा वाहन पर मन्त्रपूर्वक स्वास्तिक चिन्ह रचना, श्री गणेश अम्बिका पूजन एवं हनुमान पूजा एवं कवच व स्तोत्र पाठ करवाना शुभ होगा। पूजनोपरान्त पण्डित जी को यथाशक्ति दान-दक्षिणा देकर उनसे शुभाशीष ग्रहण करना चाहिए। वाहन क्रय करने वाले व्यक्ति का चंद्रमा भी चतुर्थ, अष्टम या बारहवें नहीं होना चाहिए।

—निवेदक पं. विवेक शर्मा ज्यो.

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
माघ शु. ७, चंद्र	26 जन.	रेवती	ल. १, २, ३, अभि.
फागु. कृ. १, बुध	4 फर.	श्ले.	ल. १, २
फा.कृ.२/३,शुक्र	6 फर.	पू.फा.	ल. १, २, अभि.
फा. कृ. ७, बुध	11 फर.	स्वा.	ल. १, २
फा. कृ. ११, रवि	15 फर.	मूल	ल. १, २, ३, अभि.
फागु. शु. २, शुक्र	20 फर.	पू.भा.	ल. १, २, ३, अभि.
फागु. शु. ५, चंद्र	23 फर.	अश्वि	ल. २, ३, अभिजित
चैत्र कृ. ३, रवि	8 मार्च	हस्त	ल. २, ३, ४, अभि.
चैत्र शु. १, शनि	21 मार्च	उ./रेव	ल. २, ४, अभि., स्वयं सिद्ध
वैशा. कृ. ११,बुध	15 अप्रै.	शत.	ल. २, ३
वैशा. कृ. १२,गुरु	16 अप्रै.	पूभा	मुहू. प्रात: 10/09 तक
वैशा. शु. ५, गुरु	23 अप्रै.	मृग	मुहू. प्रात: 11/17 तक
वैशा. शु. ७, शनि	25 अप्रै.	पुर्न	ल. २, ३
वैशा. शु. ११,बुध	29अप्रै.	पू.फा.	ल. २, ३ (मु. दोप. 12/25 तक)
वैशा. शु. १२,गुरु	30 अप्रै.	उ.फा.	ल. २, ३, ४, अभि.
वैशा. पूर्णि., रवि	3 मई	चि/स्वा	ल. ३, ४, अभि.
ज्ये.कृ.४/५, गुरु	8 मई	मूल	मुहू. प्रात: 9/12 बाद
ज्ये. कृ. ८, चंद्र	11 मई	श्र/ध	ल. ३, ४, ५, अभि.
ज्ये. शु. २, बुध	20 मई	मृग	ल. ४, ५
ज्ये. शु. ५, शुक्र	22 मई	पुर्न	मुहूर्त्त 5/36 बाद, ल. ४, ५
ज्ये. शु. ५, शनि	23 मई	पुष्य	ल. ३, ५, अभि.
ज्ये. शु. ६, रवि	24 मई	अश्ले	ल. ३, ५, अभि.
ज्ये. शु. १०, गुरु	28 मई	उ.फा.	ल. ३, ४, ५ (11/26 तक)
ज्ये. शु. १३, रवि	31 मई	स्वा.	ल. ३, ४, ५
शु.आ.कृ.५, रवि	7 जून	श्रव.	ल. ३, ४, अभि.
शु.आ.कृ.११,शुक्र	12 जून	रेव/अ	ल. ३, ४, अभि.
शु.आ.शु. २, शनि	18 जुला	अश्ले	ल. ५, ७, अभि.
शु.आ.शु. ७, गुरु	23 जुला	चित्रा	मुहूर्त्त 6/17 बाद
शु.आ.शु. ८, शुक्र	24 जुला	चि/स्वा	ल. ५, ७, अभि.
शु.आ. पूर्णि.,शुक्र	31 जुला	उ/श्र	ल. ५, ७, अभि.
आश्वि शु. २, बुध	14 अक्तू	स्वा.	ल. ९, १०
आश्वि शु. ६, चंद्र	19 अक्तू	मूल	ल. ९, १०, ११, अभि.
आश्वि शु. ८, बुध	21 अक्तू	उ.षा.	ल. ९, १०, ११
आश्वि शु.१०,शुक्र	23 अक्तू	धनि	ल. ९, १०, ११
कार्ति कृ.५, शनि	31 अक्तू	मृग	ल. १०, अभि.
कार्ति. कृ. ७, चंद्र	2 नवं.	पुर्न	ल. ९, १०
कार्ति.कृ.१०,शुक्र	6 नवं.	पू.फा.	ल. ९, अभिजित

श्रावण मास में

शिवभक्ति का प्रतीक काँवड़ी जलाभिषेक मुहूर्त्त-2015 ई.

गोमुख, श्रीकेदारनाथ, श्रीअमरनाथ, श्री हरिद्वार, नीलकण्ठ एवं गंगादि तीर्थों से श्री गंगाजल के कलश भरकर भगवान श्री शिव की प्रसन्नता हेतु **आषाढ़ पूर्णिमा से लेकर सम्पूर्ण श्रावण मास पर्यन्त भगवान श्री शिव के प्रतिष्ठित मन्दिरों, विग्रहों, स्वरूपों एवं ज्योतिर्लिङ्गों** तथा क्षेत्रीय **मन्दिरों** में शिवभक्त काँवड़ियों द्वारा श्रद्धारूपी श्रीगङ्गाजल अभिषेक किया जाता है।

स्कन्दपुराणानुसार श्रावण मास में नियमपूर्वक नक्त व्रत करें और महीने भर प्रतिदिन रूद्राभिषेक करें।

कुर्यात् नक्त व्रतं योगिन् श्रावणे नियतो नरः। रूद्राभिषेकं कुर्वीत मासमात्रं दिने दिने।।

कुछ लोगों का भ्रम है **कि श्रावण-भादों मास में नदियां रजस्वलारूप हो जाने से उनका जल पवित्र नहीं होता। परन्तु स्कन्दपुराण में स्पष्ट लिखा है कि सिन्धु, सृती, चन्द्रभागा, गंगा, सरयू, नर्मदा, यमुना, प्लक्षजाला, सरस्वती-ये सभी नंदसंज्ञा वाली नदियाँ-ये रजोदोष से युक्त नहीं होती हैं।-ये सभी अवस्थाओं में निर्मल रहती हैं।**

श्री गंगादि तीर्थों से जल लाने एवं भगवान् शिवपूजन एवं शिवलिङ्ग को जलांजली अभिषेक करने की शुभ एवं पुण्य तारीखें-

पक्ष तिथि	वार	नक्षत्र	तारीखें	पक्ष तिथि	वार	नक्षत्र	तारीखें
आषा. पूर्णिमा (9/53 तक)	शुक्र	उ.षा.	31 जुलाई	श्रावण शु. ५/६	गुरू	चित्रा	20 अग.
श्रावण कृ. १ (7/41 तक)	शनि	श्रवण	1 अगस्त	श्रावण शु. ६	शुक्र	स्वाती	21 अग.
श्रावण कृ. ७	गुरू	अश्विनी	6 अगस्त	श्रावण शु. ११	बुध	पू.षा.	26 अग.
श्रावण कृ. ११	चंद्र	मृग	10 अगस्त	श्रावण शु.१३(9/32 बाद)	गुरू	उ.षा.	27 अग.
श्रावण कृ. १२/१३	मंग.	आर्द्रा	11 अगस्त	श्रावण शु. १३/१४	शुक्र	श्रवण	28 अग.
श्रावण कृ. १४	गुरु	पुष्य	13 अगस्त	श्रावण पूर्णिमा	शनि	धनिष्ठा	29 अग.
श्रावण शु. ५	बुध	हस्त	19 अगस्त	---------	--	----	-----

विशेष-श्रावण मास में **गुरू 12 अग. से 7 सितं.** तथा **शुक्र 5 अग. से 20 अग.** के मध्य अस्त रहेंगे। परन्तु दोनों ग्रह अस्त होने के बावजूद नित्य कर्म एवं रूद्राभिषेक के लिए गंगाजल आदि ग्रहण करना शुभ होगा। गुरू-शुक्रादि ग्रहों के अस्त का विचार नहीं किया जाता।

अभिषेक हेतु जलामृत लिवाने की यात्रा में शुभ दिन विचार

काँवडियां शुभयात्रा हेतु जाने से पूर्व चन्द्रमा का सम्मुख व दाएँ आदि दिशा वास जानकर शुभ यात्रा आरम्भ करें तो कल्याणकारी होगा। **उदाहरणार्थ**-जिस दिशा की ओर जाना हो उस राशि से सम्बन्धित दिशा सम्मुख अर्थात् कल्याणकारी कहलाएगी। उससे दाहिनी ओर की दिशा में पड़ने वाली चन्द्र राशि एवं उसकी दिशा भी शुभ एवं लाभकारी होगी। जबकि बाईं ओर पड़ने वाली एवं दिशा कष्टकारी एवं अशुभ होगी।

चन्द्रराशि अनुसार यात्रा में दिशा की शुभाशुभ विचार

दिशा	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
द्वादश राशियां	मेष, सिंह, धनु	मिथुन, तुला, कुम्भ	कर्क, वृश्चिक, मीन	वृष, कन्या, मकर।

शिवलिङ्ग एवं शिव मूर्त्ति स्थापना में उपयोगी

-शिववास चक्र-

शिवलिङ्ग एवं शिव मूर्त्ति स्थापना एवं प्रतिष्ठार्थ

ऊपर लिखे शास्त्रविहित मुहूर्त्तों में से विशेष मुहूर्त्त के चयन हेतु कुछ विद्वान् शिववास चक्र का भी प्रयोग करते हैं। पाठकों के लाभ हेतु शिववास चक्र दिया जा रहा हैं। इस चक्र की प्रयोग विधि इस प्रकार से है-उपरोक्त लिखी गई तिथियों में से अभीष्ट (Required) तिथि की संख्या को दोगुणा करके उसमें, पाँच जोड़ देवें, फिर कुल मान को सात से भाग कर देवें, जो शेष संख्या बचे, उसके अनुसार शिव का वास जानना। उदाहरण-मान लो हमने पंचमी तिथि के सम्बन्ध में शिववास जानना है, तो पाँच संख्या को दोगुणा करने पर दस संख्या मिली, इसमें 5 जमा करके 15 संख्या हुई, इसको 7 द्वारा भाग देने पर शेष 1 बचा, इसका फल लाभ/सुख अच्छा लिखा है। कुछ विद्वान् महामृत्युमुञ्जय आदि शैव मन्त्रानुष्ठान के पश्चात् करणीय होमादि में भी इस शिववास चक्र का विचार करते हैं।

शिववास चक्र

शेष	शिववास	फल
१	कैलाश पर	शुभ/लाभ, सुख
२	गौरी संग	शुभ-लाभ
३	बैल पर	कार्य सिद्धि
४	सभा में	कष्टकारी
५	भोजन	दुख प्रदायक
६	रमण	कष्टप्रद
(शून्य)	श्मशान	नेष्ट फल

गृहारम्भ के मुहूर्त्त शोधन में

-वृष वास्तु-चक्र विचार-

बैल के अंग	शिर	अगले पाद (पांव)	पृष्ठपाद (पिछले पांव)	पृष्ठ (पीठ)	दक्ष कुक्षि (दाईं कोख)	पुच्छ (पूँछ)	वाम कुक्षि (बाईं कोख)	मुख
नक्षत्र	३	४	४	३	४	३	४	३
फल	अग्नि-भय	शून्य (०)	स्थिरता शान्तिप्रद	श्रीलक्ष्मी प्राप्ति	लाभ-प्रद	स्वामी कष्टकारी	दारिद्रय	सदा पीड़ा व कष्ट

गत पृष्ठों में दिए गए गृहारम्भ के मुहूर्तों में से मास शुद्धि, ग्रह-बलादि देखने के बाद, कल्पित वृष (बैल) के अंगों पर अभिजित् सहित अट्ठाईस नक्षत्रों को प्रत्यारोप (स्थापित) करें। सूर्याधिष्ठित नक्षत्र से मुहूर्त के दिन तक गणना करने पर मुहूर्त्त वाला दिन दोषपूर्ण आता हो, तो उस स्थिति में मुहूर्त्त का दिन बदल लेना चाहिए।

उदाहरण-जैसे सूर्य के नक्षत्र से लेकर प्रथम तीन नक्षत्रों तक गिनने पर **मुहूर्त्त दिन** पड़ता हो, तो गृह में **अग्निदाह** का भय रहेगा। आगे 4, 5, 6 एवं 7वें नक्षत्र पर मु. नक्षत्र आवे तो शून्य यानि-कुछ भी शुभाशुभ फल न हो। अर्थात् अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिले। आगामी चार (8, 9, 10, 11)वें नक्षत्रों के मध्यपात हो तो भाग्य में स्थिरता एवं शान्ति रहेगी। चतुर्थ भाग उससे आगे के तीन नक्षत्रों के मध्य मुहूर्त आ जावे तो लक्ष्मी प्राप्ति अर्थात् धन प्राप्ति के योग होंगे। इसी क्रमानुसार फल जानें।

निष्कर्षत:-गृह निर्माण का आरम्भ करने के लिए सूर्य के नक्षत्र से प्रथम सात नक्षत्र अशुभ। आठवें नक्षत्र से अठारहवें तक शुभ तथा शेष अंतिम दश नक्षत्र पुनः अशुभ होंगे।

विवाहादि शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि विचार

विवाह, मुण्डन, गृहारम्भादि शुभ कार्यों में मास, तिथि, नक्षत्र, योगादि की शुद्धि के साथ विवाह लग्न की शुद्धि को विशेष महत्त्व एवं प्रधानता दी गई है। तिथि को शरीर, चन्द्रमा को मन, **योग–नक्षत्रों** आदि को शरीर के अंग तथा **लग्न** को **आत्मा** माना गया है। यथा—

तिथिः शरीरं मन इन्दुवीर्यं विलग्नमात्माऽवयवास्तु-भाद्याः —ज्योतिर्निबंध

लग्न बल के बिना जो कुछ भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका फल वैसे ही व्यर्थ हो जाता है, जैसे ग्रीष्मकाल में बिना जल के नदी।

लग्नवीर्यं विना यत्र यत्कर्म क्रियते बुधैः।
तत्फलं विलयं याति ग्रीष्मे कुसरिता यथा॥ —ज्योति. विदरणे

सभी शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि का विशेष महत्त्व है।

विवाह लग्न का निश्चय करना हो, तो त्रिविक्रम–संहितानुसार, **लग्न** स्थान में चन्द्र तथा सूर्य, शनि, मंगल, राहु, केतु आदि क्रूर ग्रह न हों, लग्न से छठे स्थान में शुक्र, चन्द्र, व लग्नेश न हो तथा आठवें स्थान में चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र व लग्नेश नहीं होने चाहिएं तथा सप्तम स्थान में कोई भी ग्रह नहीं होना चाहिए। **सातवें चन्द्र** और गुरु समफल करते हैं। अर्थात् चन्द्र, गुरु का दानादि करने से शान्ति हो जाती है।

विवाह लग्न में अशुभ एवं पूज्य ग्रह

× ×
चंद्र विवाह सभी पाप ग्रह
शनि
शुक्र
× ×
राहु
मंगल
× ×
सभी ग्रह [चं.-गु.] (परिहार)
× ×
लग्नेश शुक्र, चंद्र
चं. मं. लग्नेश शुभ ग्रह

"त्याज्या लग्नेऽब्दयो मंदः षष्ठे शुक्रेन्दुलग्नपाः।
रन्ध्रे-चन्द्रादयः पंच, सर्वेऽब्जगुरु समौ॥"

परिहारस्वरूप १२वें शनि, तीसरे शुक्र, चतुर्थ में राहु, दशम भाव में मंगल का दोष यथोचित दानादि करने से शान्ति हो जाती है। **'पंचांगदिवाकर'** में लगाए गए लग्न मुहूर्तों में इन तीनों भावों में शनि, शुक्र व मंगल ग्रहों की स्थिति हो वहां उचित दानादि करवा लें।

आगे षष्ठाष्टम एवं द्वादश चन्द्र, शुक्र, अष्टम भौम, लग्नस्थ एवं सप्तमस्थ चन्द्र गुरु आदि के अपवाद (परिहार) लिखे गए हैं।

विवाह में ग्राह्य शुभ लग्न—मुहूर्त्त ग्रन्थों के अनुसार विवाह लग्न काल में ३, ६, ८, ११वें सूर्य तथा इन्हीं स्थानों (३, ६, ११) में राहु, केतु और शनि भी शुभ होते हैं। ३, ६ और ११वें **मंगल**, २, ३, ११वें **चंद्रमा**, ३, ६, ७ शुभ और ८वें स्थानों को छोड़कर अन्य भावों में स्थित **शुक्र** शुभ होता है। ग्यारहवें भाव में सूर्य तथा केन्द्र त्रिकोण में गुरु लग्नगत अनेक दोषों का परिहार करते हैं— **लग्ने वर्गोत्तमे वेन्दौ द्यूनाथे लाभगेऽथवा।**
केन्द्र कोणे गुरौ दोषा नश्यन्ति सकलाऽपि॥ मु. गणपति॥

विवाह लग्न सम्बन्धी परिहार वाक्य

जन्म राशि से अष्टमस्थ लग्न—वर कन्या की जन्म राशि या लग्न से चतुर्थ, अष्टम तथा बारहवी राशिस्थ लग्न अशुभ कहे गए हैं। यथोक्तम्—

सुखघ्नं तुर्यमुद्वाहे द्वादश वित्तनाश कृत्। जन्म भात् जन्म लग्नाच्च मृत्युदंलग्नमष्टमम्॥

परन्तु परिहार स्वरूप जन्म राशि या लग्न राशि का स्वामी तथा विवाह लग्न का **स्वामी ग्रह समान** हो, अथवा **मित्र क्षेत्री** हो, अथवा अष्टमस्थ लग्न राशि का **स्वामी**, **केन्द्र** स्थित हो अथवा गुर्वादि शुभ ग्रह से वीक्षित हो तो अष्टम लग्न का दोष दूर होता है।

कर्तृरि दोष—लग्न में पापी ग्रह मार्गी होकर १२ भाव में तथा क्रूर (पापी) ग्रह वक्री गत होकर दूसरे भाव में हो, तो कर्तृरि **दोष** होता है। यह योग दारिद्रय, शोक व मृत्युतुल्य कष्टकारी होता है।

परिहार—कर्तृरि दोष कारक ग्रह **नीच**, शत्रु क्षेत्री, अथवा अस्तगत हो, तो इस दोष का परिहार हो जाता है। इसके अतिरिक्त गुरु, शुक्र, बुध इनमें से कोई शुभ ग्रह केन्द्र त्रिकोण में अथवा २रे या १२वें भावस्थ गुरु हो तो भी कृर्तरि दोष निवार्य हो जाता है।

अष्टम भौम का परिहार—मंगल अस्तंगत, नीच राशि का (कर्क) या शत्रु राशि (मिथुन एवं कन्या) का होकर अष्टम स्थान में हो, तो दोषकारक नहीं, परन्तु लग्नेश होकर अष्टमगत नहीं होना चाहिए। **अस्तगे नीचगे भौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा।**
कुजाष्टमोद्भवो दोषो न किंचिदपि विद्यते॥ कश्यप॥

छठे, बारहवें चन्द्र का परिहार—नीच राशि, शत्रु राशि या नीच–राशिगत चन्द्रमा ६ या १२वें स्थानस्थ होना दोषपूर्ण नहीं माना गया। जैसे—वृश्चिक, मिथुन, कन्या राशि ३, ६

नीचराशिगते चन्द्रे नीचांशगतेऽपि वा, चन्द्रे षष्ठारि–रिः फस्थे दोषो नास्ति न संशयः।

परन्तु लग्नेश होकर चन्द्र षष्ठाष्टम नहीं होना चाहिए।

लग्नस्थ चन्द्रमा यद्यपि त्याज्य माना गया है, परन्तु यदि लग्नगत चन्द्र पर गुरु की दृष्टि हो अथवा वह गुरु से युक्त हो, तो अशुभ चन्द्रमा भी शुभ हो जाता है—

"अशुभोऽपि शुभचन्द्रो, गुरुणा लोकितो युतः॥" (पियूषधारा)

लग्नस्थ चन्द्र का परिहार—"कर्किगोस्थः पूर्णो विधुस्तनौ"

व्रतंबन्धोक्त अनुसार वृष, कर्क एवं पूर्ण चन्द्रमा या शुभग्रह से दृष्ट हो लग्न में दोषकारक नहीं होता। मु. मार्त्तंड

षष्ठाष्टमस्थ शुक्रापवाद—नीच एवं शत्रु राशिगत शुक्र छठे, आठवें हो तो दोषकारक नहीं परन्तु लग्नेश होकर इन भावों में न हो। जैसे—

नीच राशिगते शुक्रे शत्रु क्षेत्रगतेऽपि वा।
भृगु षट्कोत्थितो दोषो नास्ति तत्र न संशयः॥ मुहूर्त्त चिं. पीयूषधारा

सप्तम भावस्थ चन्द्र–गुरु—सप्तम भाव में यद्यपि सभी ग्रह वर्जित कहे हैं, परन्तु चन्द्र गुरु का परिहार है। **"चन्द्र चान्द्री शुक्रजीवा यामित्रे शुभकारकाः।"**

'मुहूर्त्तगणपति' अनुसार विवाहादि शुभ कार्य के लग्न में, केन्द्र–त्रिकोण में **गुरु**, **शुक्र** एवं बुध एवं ग्यारहवें भाव में चन्द्र या सूर्य अथवा सप्तमेश हो, तो अनेक दोषों का नाश हो जाता है।

वेध दोष परिहार—पंचशलाका चक्रानुसार विवाह नक्षत्र का क्रूर ग्रह द्वारा वेध हो जाने

पर विवाहित नक्षत्र सर्वथा त्याज्य माना जाता है। परन्तु गुरु, बुध आदि सौम्य ग्रहों का चरण वेध (१ एवं ४थे चरण के मध्य तथा २ रे व ३ रे चरण ही अशुभ माना है। --ज्योतिर्निबन्ध

युतिदोष परिहार--पाप एवं क्रूर ग्रह की युति त्याज्य मानी जाती है। परन्तु यदि चन्द्रमा उच्चस्थ, स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री (वृष, कर्क, मिथुन, सिंह एवं कन्या) राशि का हो तो युतिदोष अविचारणीय होता है। यथा--

स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो व मित्रक्षेत्रगतो विधुः।
युति दोषाय न भवेत् दम्पत्योः श्रेयसेतदा॥ (नारदः)

(१०) दग्धा तिथि परिहार--विवाह लग्न समय केन्द्र--त्रिकोण गत गुरु हो एवं एकादश (११वां) भाव शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो दग्धातिथि का दोष नहीं रहता।--मु० गणपति

पंचांगदिवाकर में शुभ विवाह मुहूर्त्तों में जहाँ कहीं अशुभ योग का स्पर्श हुआ है, वहां विशेष दोषपूर्ण घड़ियों को विचार करके ही वि. मुहूर्त लगाए गए हैं।

कश्यपर्वि अनुसार लग्न से केन्द्र, त्रिकोण में गुरू, शुक्र या बुधादि सौम्य ग्रह हो, तो समस्त दोषों का ऐसे परिहार हो जाता है, जैसे भगवान् विष्णु को मात्र स्मरण करने से पापों का नाश हो जाता है

काव्यो गुरु र्वा सौम्यो वा यदा केन्द्र त्रिकोणगाः।
नाशयन्ति अखिलान् दोषान् पापानि व हरिस्मृतिः॥ (कश्यप)

भद्रा का शुभाशुभ विचार

भद्राकाल में विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, रक्षा बन्धन आदि मांगलिक कृत्यों का निषेध माना जाता है, परन्तु भद्रा काल में शत्रु का उच्चाटन करना, स्त्री प्रसंग में, यज्ञ करना, स्नान करना, अस्त्र--शस्त्र का प्रयोग, आप्रेशन करना, मुकद्दमा करना, अग्नि लगाना, किसी वस्तु को काटना, भैंस, घोड़ा, ऊँट सम्बन्धी कर्म प्रशस्त माने जाते हैं।

भद्रा परिहार विचार--सामान्य परिस्थितियों में विवाह आदि शुभ मुहूर्त्तों में भद्रा का त्याग ही करना चाहिए, परन्तु आवश्यक परिस्थितिवश **भूलोक की भद्रा**, तथा **भद्रा मुख** छोड़कर भद्रा पुच्छ में शुभ कृत्य किए जा सकते हैं।

कार्येत्वाश्यके विष्टेर्मुख, कण्ठहृदि मात्रं परित्येत्।

एक अन्य मतानुसार अत्यावश्यक स्थिति में रात्रि में तिथि के पूर्वार्द्ध की भद्रा, दिन में परार्ध की भद्रा ग्रहण कर सकते हैं।

तिथेः पूर्वार्धजा रात्रौ दिने भद्रा परार्धजा। भद्रा दोषो न तत्र स्यात् कार्येऽत्यावश्यके सति॥

भद्रा परिहार

कुछ आवश्यक स्थितियों में भद्रा दोष का परिहार हो जाता है। यथा--

तिथि पूर्वार्धजा भद्रा दिवा भद्रा प्रकीर्तिता। तिथिरुत्तरजा भद्रा रात्रिभद्रेति कथ्यते॥
दिवा भद्रा रात्रौ रात्रिभद्रा यदा दिवा। तदाविष्टिकृतो--दोषो न, भवेत्सर्व सौख्यदः॥

अर्थात् तिथि के पूर्वार्द्ध भाग में प्रारम्भ भद्रा अर्थात् तिथि दिवस के पूर्वार्ध भाग में प्रारम्भ भद्रायादि तिथ्यन्त में रात्रिव्यापिनी हो जाए, तो दोषकारक न होकर सुखदायिनी हो जाती है।

(ii) पीयूषधारानुसार--दिन की भद्रा रात्रि को और रात्रि की भद्रा दिन को आ जाए, तो भद्रा दोषरहित हो जाती है।

रात्रिभद्रा यदह्नि स्याद् दिवा भद्रा यदा निशि। न तत्र भद्रादोषः, सा भद्रा--भद्र दायिनी॥

(iii) "दिवा परार्द्धजा विष्टिः, पूर्वार्द्धोत्था निशि। तदा विष्टिः शुभायेति कमलासनभाषितम्॥"

उत्तरार्ध की भद्रा दिन में, तथा पूर्वार्द्ध की रात्रि में शुभ होती है।

भद्रा लोक वास

मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक का चन्द्रमा होने से भद्रा स्वर्ग लोक में, कन्या, तुला, धनु, मकर का चन्द्रमा होने से **पाताल** में, कर्क, सिंह, कुम्भ व मीन राशि के चन्द्रमा में **भद्रा मर्त्यलोक (भू लोक)** में--अर्थात् **सम्मुख रहती है**। जब भद्रा **भू--लोक में (सम्मुख)** रहती है, **अशुभफल दायिनी** एवं वर्जित मानी जाती है, अन्य लोकों में हो, तो शुभ है--

स्थिताभूर्लोस्था भद्रा सदा त्याज्या स्वर्गपातालगा शुभा --(मु. मार्त्तण्ड)

लोकवास	स्वर्ग	पाताल	भू--लोक
चन्द्रराशि	१, २, ३, ८	६, ७, ९, १०	४, ५, ११, १२
भद्रा--मुख	ऊर्ध्वमुखी	अधोमुख	सम्मुख

स्वर्गे भद्रा धनं धान्यं पाताले च धनागमः। मृत्युलोके यदा भद्रा कार्य सिद्धिस्तदानहि॥

(iv) शुक्ल पक्ष की भद्रा का नाम **वृश्चिकी** है। कृष्ण पक्ष की भद्रा का नाम **सर्पिणी** है। **मतान्तर से**, दिन की **भद्रा सर्पिणी**, रात्रि की भद्रा **वृश्चिकी** है। बिच्छू का विष डंक में तथा सर्प का विष मुख में होने के कारण **वृश्चिकी** भद्रा की पुच्छ और **सर्पिणी** भद्रा का मुख विशेषतः त्याज्य है।

(v) भद्रा दोष, मंगल--शनिवार जनित दोष, व्यतीपात, अष्टम भावस्थ एवं जन्म नक्षत्र दोष, मध्याह्न के पश्चात् शुभकारक मानी जाती है।

गोधूलि काल

विवाह मुहूर्त्तों में क्रूर ग्रह युति, वेध, मृत्युबाण आदि दोषों की शुद्धि उपरान्त यदि अभिवांछित मुहूर्त में शुद्ध विवाह--लग्न न निकलता हो, तो मुहूर्त ग्रन्थाचार्यों ने गोधूलि का लग्न ग्रहण करने की सम्मति प्रदान की है।

गोधूलि काल--जब सूर्यास्त न हुआ हो (अर्थात् सूर्यास्त होने वाला हो) और गाय आदि चौपाय अपने--अपने गृहों को लौटते हुए अपने खुरों से पथ की धूलि को आकाश में उड़ाकर जाने लगें, तो उस काल को मुहूर्त्तकारों ने **गोधूलि काल** का नाम प्रदान करते हुए, इसे विवाहादि सब मांगलिक कार्यों में प्रशस्त कहा है। यह लग्न, मुहूर्त्त, पात, अष्टम भाव, जामित्रादि दोषों को नष्ट प्राय कर देता है।

नो वा योगो न मृतिभवनं नैव जामित्र दोषो,
गोधूलिः सा मुनिभिरुदिता सर्वकार्येषु शस्ता॥ --मुहूर्त चिन्तामणि

जब कोई अन्य शुभ लग्न न बनता हो, और कन्या विवाह योग्य हो गई हो तो गोधूलि में विवाह शुभ होता है। **ज्योतिनिर्बन्धानुसार–**

लग्न शुद्धिर्यदा न स्याद् यौवने समुपास्थिते, तदा वै सर्ववर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम्॥

गोधूलि लग्न काल के सम्बन्ध में विद्वानों ने मतान्तर पाए जाते हैं–

(i) पीयूषधारा के मतानुसार सूर्य के अर्ध-अस्त होने के अनन्तर २ घड़ी (४८ मिनट) **का समय गोधूलि काल है।**

(ii) मुहूर्त्त गणपति के अनुसार सूर्यार्ध बिम्ब के अस्त हो जाने के पूर्व एवं पश्चात् १५-१५ पल अर्थात् १२ मिनट का मध्यान्तर गोधूलि संज्ञक है।

(iii) आचार्य नारदानुसार सूर्योदय से सप्तम लग्न गोधूलि लग्न काल होता है।

चतुर्थमभिजित लग्नमुदयार्क्षातु सप्तमम्॥ –नारद

(iv) कुछ विद्वानों के अनुसार लग्न, सप्तम तथा अष्टम भाव में मंगल को भी वर्ज्य माना गया है। शेष भावों में अन्य किसी ग्रह का विचार गोधूलि लग्न में नहीं किया जाता।

(v) गुरुवार को सूर्यास्त के बाद तथा शनिवार को सूर्यास्त होने से पूर्व (पहले) की ही आधी घड़ी (12 मिनट) को गोधूलिकाल माना गया है, अन्यथा नहीं. (मुहूर्त्त चिन्तामणि)

––क्षौरकर्म (हजामत) के लिए शुभाशुभ दिन––

गर्गादि आचार्यों के अनुसार रविवार, मंगलवार एवं शनिवार को क्षौर (हजामत) कर्म करवाने से आयु का क्षय होता है। **सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार** को क्षौर कर्म (हजामत) करवाना शुभ होता है। मतान्तर से एक पुत्र सन्तान वाले गृहस्थी को सोमवार के दिन, तथा विद्या एवं धनाकांक्षी गृहस्थी को गुरुवार के दिन क्षौर नहीं करवाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त पर्व वाले दिन, जन्मदिन, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी (१४) आदि रिक्ता तिथियों में, व्रत के दिन, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति, श्राद्ध के दिन, भद्रा और व्यातिपात योग में तथा भोजन करने के बाद, देश-प्रदेश जाने के समय में शुभाकांक्षी क्षौर कर्म न करावें।

––तैलाभ्यंग–अर्थात् तैल मालिश करना––

रविवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार को तैल लगाना शुभ नहीं माना जाता है। **निर्णय सिन्धु** के अनुसार रविवार तैल लगाने से ताप, मंगलवार को आयु क्षीणता, गुरुवार से धन-हानि, शुक्रवार को तैल लगाने से दुःख होता है। सोमवार, बुधवार तथा शनिवारों को तैल लगाना शुभ होता है। प्रतिदिन तेल लगाने वालों को भी दोष नहीं लगता–(**–अभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम्॥**)

चतुर्कोणों दिशाशूल विचार

आग्नेय (पूर्व-दक्षिण) में सोम व गुरुवार, **नैर्ऋत्य** (दक्षिण-पश्चिम) दिशा में रविवार व शुक्रवार, वायव्य (उत्तर-पश्चिम) में मंगलवार तथा **ईशान** (पूर्व-उत्तर) में बुध एवं शनिवार के दिन **दिशाशूल** होता है (मुहूर्त्त गणपति)

दिशापति के वार अनुसार उसी दिशा की यात्रा शुभदायिनी तथा उससे पीछे (सामनेवाली) दिशा की यात्रा अनिष्टप्रदा होती है–

दिग्गीशाहे शुभा यात्रा पृष्ठा हे मरणं ध्रुवम् (ज्योतिस्तत्व)

परन्तु बधवार उत्तर दिशा का स्वामी होते हुए, बुध की उत्तर में निषिद्ध माना गया है (गर्ग)

विशेष–यदि एक जगह से रवाना होकर, उसी दिन गन्तव्य स्थान पर पहुँच जाना निश्चित हो, तो ऐसी यात्रा में तिथि-वार-नक्षत्र, दिशा-शूल, प्रतिशुक, योगिनी आदि जनित दोषों का विचार नहीं करना चाहिए–यथा **"एकस्मिन्नपि दिवसे यदि चेद् गमनं प्रवेशश्च।**
प्रतिशुक्रवार शूलं न चिन्तयेत् योगिनी पूर्वम्॥।"–(पीयूषधारा)

यात्रादि मुहूर्त्त विचार

किसी कार्य के उद्देश्य से देशान्तर गमन को यात्रा कहते हैं। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और २, ३, ५, ७, १०, ११, १३–इन तिथियों में अश्वि., मृग. पुर्न, पुष्य, अनु, हस्त, श्रव., धनि, रेव.– इन नक्षत्रों में तथा चौर, वाण, भद्रा, वैधृति, व्यतियात और मासांत दिनादि दोष रहित समय में यात्रा करें। यात्रा करने से पूर्व क्रोध और मैथुन कर्म का त्याग करना चाहिए।

दिशाशूल

सोमवार, शनिवार को पूर्व, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम, मंगलवार, बुधवार को उत्तर तथा गुरुवार को दक्षिण दिशा का दिशाशूल होता है, अतः उक्त वारों को उस दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए। अत्यावश्यक होने पर रविवार को दलिया एवं घी खाकर, सोमवार को दर्पण देखकर या दूध पीकर, मंगलवार को गुड़ खाकर, बुधवार को धनिया या तिल खाकर, गुरुवार को दही खाकर, शुक्रवार को जौं खाकर दूध पीकर और शनिवार को अदरक या उड़द खाकर प्रस्थान किया जा सकता है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पाँव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, यात्रा सफल होगी।

चन्द्रवास ज्ञान चक्र

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	बृश्चिक
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

चन्द्रवास विचार

जाने वाली दिशा में चन्द्रमा का वास सम्मुख और दाहिनी ओर को हो तो धन का लाभ और सुख होता है। यदि पीठ की ओर अथवा बाईं तरफ चन्द्रवास हो तो कष्ट और धन की हानि होती है।

सम्मुख चन्द्रमा का विशेष फल

करणदोष, नक्षत्रदोष, वारदोष, संक्रान्ति दोष, अशुभतिथिदोष, कुलिक दोष, प्रहार्द्ध वारवेला दोष, मंगल, शनि, रवि, राहु-केतु के दोष को सम्मुख चन्द्रमा दूर करता है।

'यात्रा के समय शुभ शकुन'

यात्रा के समय श्वेत पुष्पों का दर्शन श्रेष्ठ माना गया है। भरे हुए घड़े का दिखाई देना तो बहुत ही उत्तम है। दूर का कोलाहल, अकेला वृद्ध पुरुष, पशुओं में बकरे, गौ, घोड़े तथा हाथी, देवप्रतिमा, प्रज्वलित अग्नि, दूर्वा, ताज़ा गोबर, सोना, चांदी, रत्न, बच, सरसों आदि औषधियां, मूँग, छाता, पीढ़ा, राजचिह्न, जिसके पास कोई रोता न हो ऐसा शव, फल, घी, दही, दूध, अक्षत, दर्पण, मधु, शंख, ईख, शुभ सूचक वचन, भक्त पुरुषों का गाना-बजाना, मेघ की गम्भीर गर्जना, बिजली की चमक तथा मन का सन्तोष-ये सब शुभ शकुन हैं। 'चले आओ'–यह शब्द यदि सामने की ओर से सुनाई पड़े तो उत्तम है। 'जाओ'–यह शब्द यदि पीछे की ओर से हो तो उत्तम है।

विवाहादि शुभ कार्यों में शास्त्रीय विचार

विवाह में जन्म मास, नक्षत्रादि का विचार–

आद्य गर्भ, अर्थात् बड़े लड़के या बड़ी लड़की का विवाह जन्म मास, जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म लग्न में न करें। "आद्य गर्भ सुत कन्ययो र्द्वयो जन्म मास भतिथौ कर ग्रहः। नोचितोऽथ विबुधैः प्रशस्यते चेद् द्वितीय जनुषोः सुतप्रदः॥ मु. चिंतामणि॥"

परन्तु ज्येष्ठ पुत्र के बाद उत्पन्न पुत्र या कन्या का विवाह जन्म मास, नक्षत्रादि में करना प्रशस्त है। ज्येष्ठ पुत्र-कन्या के अतिरिक्त अन्य स्थितियों में जन्म-मास, जन्म राशि, नक्षत्र एवं जन्म लग्न विशेष शुभ माना है।

जन्ममासे च पुत्राढ्या धनाढ्या च धनोदये। जन्म मे जन्मराशौ च कन्या हि ध्रुव सन्तति॥

आचार्य भृगु जी के अनुसार जन्म मास, जन्म नक्षत्र एवं जन्म लग्न में विवाह होने पर दम्पत्ति के सुख एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है तथा वह धन सम्पत्ति तथा सन्तान सुख से सौभाग्यशालिनी होती है।

जन्ममासेऽथ जन्मर्क्षे जन्मलग्नेऽथ जन्मनि।
उद्वाहेषु च नारीणां प्रतिष्ठा महती भवेत्। भृगुः
जन्ममासेऽथ पुत्राढ्या धनादया जन्मभोदये।
जन्मभे वा भवेदूढा वृद्धा संतति वर्धिनी॥ (यवनाचार्य)

ज्येष्ठ मास में विवाह का विचार

ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठ पुत्र और ज्येष्ठ कन्या यह तीन ज्येष्ठ विवाह संस्कार में विशेषतया वर्जित माने जाते हैं। परन्तु यदि दो ज्येष्ठ वर्तमान हों अर्थात् लड़का-लड़की दोनों ज्येष्ठ (बड़े) हों, परन्तु महीना ज्येष्ठ के अतिरिक्त हो अथवा लड़का-लड़की में से एक ज्येष्ठ हो और दूसरा अनुज हो, तो ज्येष्ठ मास में भी विवाह करना सामान्य एवं मध्यम फल होता है–

द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोक्तत्रवेक ज्येष्ठः शुभावहः।
ज्येष्ठ त्रयं न कर्वीत् विवाहे सर्वसम्मतम् —वाराहमिहिर॥

तथापि आवश्यक परिस्थितिवश ज्येष्ठ मास में कृतिका से सूर्य निकल जाने पर सूर्य दानादि करके विवाह करने में कोई हानि नहीं। **मुनि भारद्वाज** के मतानुसार ज्येष्ठ के महीने की भान्ति मार्गशीर्ष मास में भी अग्रज लड़का-लड़की एवं मार्ग मास-तीनों का यथासम्भव त्याग करें।

(३) सगे भाई-बहन के विवाह छः मास के भीतर नहीं करने चाहिएं। यदि इस बीच संवत् परिवर्तन हो जाए, तो कोई दोष नहीं **(मु. मार्तण्ड)**। पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें। इसी तरह विवाह के बाद ६ महीने तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि शुभ कार्य न करें। **(नारद)**, परन्तु कन्या-विवाह के पश्चात् पुत्र विवाह ६ मास के भीतर शुभ है। दो सगे भाईयों का विवाह दो सगी बहनों से न करें अथवा एक वर के साथ दो सगी बहनों का विवाह न करें **(वसिष्ठ)** तथा जिस वर को अपनी कन्या देवें, उसकी बहन के साथ अपने लड़के का विवाह न करे **(नारदः)**।

दो सगे भाईयों या दो सगी बहनों का एक संस्कार ६ महीने के भीतर करना सम्भव है **(वृन्दमनुः)**। दो सहोदर (भाई-बहन) के संस्कार आवश्यक स्थिति उत्पन्न होने पर नदी, पर्वत, स्थान एवं पुरोहित भेद (भिन्न) से एक ही दिन अथवा ६ महीने के भीतर शुभ होंगे **(शार्गंधर)** जुड़वें भाई-बहन के मांगलिक कार्य एक ही मण्डप में भी शुभ हैं। विवाहादि मंगल कार्य से ६ मास तक लघु मंगल कार्य न करें। यह ६ महीने का निषेध केवल तीन पीढ़ि तक के मनुष्यों के लिए कहा है।

मंगल संस्कार से ६ महीने तक पितृकर्म, श्राद्धादि न करें। वाग्दान अर्थात् विवाह सम्बन्ध का निश्चय हो जाने के बाद वर-कन्या के कुल में माता-पिता भाई आदि निकटस्थ बन्धु की दुःखद मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष के पश्चात् विवाह आदि शुभ कार्य करना चाहिए (निर्णय सिंधु) परन्तु **अपवाद स्वरूप** संकट काल में अथवा अत्यावश्यक परिस्थितिवश एक मास के बाद अथवा सूतक निवृत्ति के बाद जप, पाठ, होम शान्ति एवं यथाशक्ति द्रव्य, वस्त्र, गोदानादि के बाद शुभ कार्य ग्राह्य होंगे–

प्रतिकूलेऽपि कर्त्तव्यो विवाहो मासमन्तरात्।
शान्ति विधाय गां दत्वा वाग्दानादि चरेत् पुनः॥

जन्म नक्षत्र विचार

जातक का जन्म नक्षत्र अन्न प्राशन, उपनयन, मुंडन (चूड़ाकरण), राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों में प्रशस्त माना गया है, परन्तु यात्रा, सीमान्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्म नक्षत्र अनिष्टकर होता है–

बालान्नभुक्तौ व्रतबन्धनेऽपि राज्याभिषेके खलुजन्मधिण्यम्।
शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु॥ —वसिष्ठ

मतान्तर से ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त दीपिकानुसार केवल चूड़ाकरण (मुण्डन), औषध सेवन, विवाद, यात्रा और कर्णवेध में ही **जन्म-नक्षत्र** का निषेध कहते है, अन्य सभी कार्यों में जन्म नक्षत्र शुभ कहा है–

जन्म नक्षत्रगश्चन्द्रः प्रशस्तः सर्वकर्मसु।
क्षौर भैषजविवादध्वकर्त्तनेषु विवर्जयेत्॥ (मुहूर्त्त दीपिका)

परन्तु जन्म नक्षत्र से २५वां तथा २७वां नक्षत्र शुभ कार्यों में त्याज्य माना जाता है।

जन्म मास अग्रज (बड़े) लड़के या लड़की का विवाह **जन्म नक्षत्र** एवं **जन्म मास** में करने का निर्विवादेन निषेध माना गया है–

न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा। आद्य गर्भ सुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रहः॥ —नारद

परन्तु अनुज लड़के या लड़की का विवाह **जन्म मास** में ग्रहणीय माना गया है–

विबुधैः प्रशस्यते चेत् द्वितीयजनुषोः सुतप्रदः —मुहूर्त्त चिंतामणि

विवाह में सम-विषम वर्षों का विचार

सम वर्षों (१८, २०, २२, २४ आदि) में कन्या का विवाह और **विषम वर्षों** (१९, २१, २३, २५ आदि) में लड़के (पुत्र) का विवाह शुभ माना गया है। –अर्थात् इन वर्षों में कन्या या पुत्र का विवाह करना, उनके वैवाहिक जीवन में सुख, सौहार्द आदि की दृष्टि से कल्याणकारी होता है। इसके विपरीत वर्षों (अर्थात् कन्या का विषम वर्षों में तथा लड़के का सम वर्षों) में करना दुःख, रोग एवं कष्टप्रद होता है–

अब्देषु युग्मेषु च कन्याकानां स्वजन्म वर्षात् शुभदो विवाहः।
अयुग्म वर्षेषु शुभो नराणां विपर्यये दुःखगद प्रदःस्यात्॥ (ज्योतिष तत्त्व प्रकाश)

कन्या वरण मुहूर्त्त–

उपरोक्त शुभ मासों, तिथियों में तथा कृतिका, तीनों पूर्वा, उत्तराषाढ़ा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा, अनुराधादि विवाहोक्त नक्षत्रों में सुपारी, नारियल, मौसमी फल, सुगन्धित द्रव्य, वस्त्र, आभूषण मिष्ठान्न, फल, फूलों आदि के साथ वर परिवार के किसी श्रेष्ठ अग्रज अथवा वृद्धजन के कर कमलों के द्वारा कन्या का विधिवत् वरण करें।

आवश्यक मुहूर्त विचार

नोट–सभी मुहूर्तों में अधिक मास, पितृ पक्ष, रिक्ता तिथि (४, ९, १४), वैधृति आदि दुष्ट योगों एवं गुरु/शुक्रास्तादि का भी विचार कर लेना उचित होगा।

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
बच्चे का नाम रखना	१ (कृष्ण), तथा दोनों पक्ष की २, ३, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) तिथियाँ॥ व पूर्णिमा	सूतकान्त (सप्ताह के बाद) १०, १२, १३, १६ आदि दिनों में तथा चंद्र, बुध, गुरु एवं शुक्र वारों में॥	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत और रेवती।
बच्चे को स्कूल डालना (विद्यारम्भ)	२,३,५,७,१०,११,१२, १३ (शु.), १४, बुध एवं पूर्णिमा तिथि	उत्तरायण मासों में (14 जन. से 15 जुला. आषाढ़ तक) ५वें या ७वें वर्ष, रवि, चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र वार।	अश्वि, मृग, रोह, पुन, पुष्य, श्ले, पूर्वा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, श्रव, धनि, शत, उत्तरा–तीनों।
मुंडन संस्कार	१ (कृष्ण), २,३,५,६,७, १०, ११, १३ (शुक्ल १५ शुभ तिथियाँ।	जन्म से १, ३, ५ इत्यादि वर्षों में, वैशा, ज्ये., आषा. (मास तक), माघ, फागु. (उत्तरायणे), चं. बु. गु. शु.।	अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., ज्ये., श्रव, धनि, शत, रेव एवं जन्म नक्षत्र ग्राह्य॥
दुकान/बही खाता शुरु करना	१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १० १२, १३(शुक्ल),१५ तिथियां।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र, शनि। वैशा, ज्ये, आषा, श्रा, भा., मार्ग, माघ, फा।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा–३, हस्त, चित्रा, अनु, मूल, श्रव, धनि, पूभा, रेवती।
नौकरी आरम्भ करना	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, उत्तरायण महीने प्रशस्त हैं।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, अनु, ज्ये, श्रव–रेव।
स्कूटर, कारादि गाड़ी खरीदना	१ (कृ.), २,३,५,६,७,१० ११, १२, १३ (शु.), १५।	चंद्र, बुध, गुरु व शुक्रवारों में। तथा द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर योगों में।	अश्वि, उत्तरा–३, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा–३, पूर्वा–३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु. धनि, रेवती।
गृहारम्भ (मकान बनाना)	१ (कृ), २,३,५,६,७,१०, ११, १२, १३ (शु.) १५।	चन्द्र, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, वैशा, ज्ये, श्रव, भाद्र., मार्ग., माघ, फागु. प्रशस्त हैं।	अश्वि, रोह, मृग, पुर्न, पुष्य, उत्तरा (३), हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, धनि, शत, रेव।
शिलान्यास (नींव खोदना)	गृहारम्भ वाली तिथियां ग्राह्य।	गृहारम्भ वाले वार एवं मास ग्राह्य। सुप्त भूमि के प्रविष्टे (५,७,९,१५,२१,२४ त्याज्य)	उपरोक्त नक्षत्रों के अतिरिक्त अश्विनी व श्रवण नक्षत्र सुप्त भूमि के प्रविष्टे।
नए घर में प्रवेश करना	१(कृ), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	वैशा, ज्ये, कार्ति., मार्ग, माघ एवं फाल्गु.॥ पुराने गृह में श्राव, भाद्र भी ग्राह्य, वार–चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र व शनि।	अश्वि, रोह, मृग, उत्तरा, ३, हस्त, चित्रा, स्वा, पुष्य, अनु, धनि, रेव।

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
सगाई मुहूर्त्त	१ (कृ), २,३,५,६,७,८,१०, ११, १२, १३ (शु.), १५ शुभ तिथियां॥	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा, ज्ये, आषाढ़, श्रावण, भाद्र. आश्वि, मार्ग, माघ और फागु.।	अश्वि, रोह, मृग, मघा, पूर्वा ३, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु, मूल, श्रव, धनि, रेवती।
विवाह मुहूर्त्त	१(कृ.),२,३,५,७,८,९,१० ११, १२, १३ (शुक्ल), १५।	वै., ज्ये, आषा, श्रा., भा, अश्वि, मार्ग, माघ, फागु. तथा कार्तिक (पर्वतीये केवल)। रवि, चंद्र बुध, गुरु, शुक्र प्रशस्त। मं. श. (मध्यम)।	रोह, मृग, मघा, उत्तरा ३ (तीनों), हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूल, श्रवण, धनि., रेव।
मुहूर्त्त मुकलावा	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा., मार्ग, फाल्गुन मास।	अश्वि, रोह, मृग, पुर्न, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु., मूल, श्रव, धनि, रेव।
बीज बोना (हल चलाना)	१ (कृ) २, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.) १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार।	अश्वि, रोह, मृग, पुर्न, पुष्य, मघा, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, विशा, अनु, मूल, धनि., रेवती।
अनाज संग्रह (भरने का मुहूर्त्त)	२, ३, ५, ७, ८, ११, १२, १३, (शुक्ल), १५।	चन्द्र, बुध, गुरु व शुक्र।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूल, श्रव, धनि, शत, रेवती।
आप्रेशन कराने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ६, ७, १०, १२, १३	रवि, मंगल, गुरु, शनि	अश्वि, रोहि, मृग, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभि, श्रव
मन्त्र सिद्ध करने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५ तिथि।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र वारों में।	अश्वि, मृग, उफा, हस्त, श्रवण, विशाखा।
भूमि खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृष्ण) तथा ५, ६, १०, ११, १५।	मंगल, गुरु, शुक्र।	मृग, पुन, श्ले, मघा, विशाखा, अनु, पूर्वा ३, मूल, रेवती।
मुकद्दमा दायर करना	३, ५, ८,१०,१३ (शुक्ल) १५, चंद्र व मंग. दोनों बलान्वित होने चाहिएं।	रवि, मंग, बुध, गुरु, वार प्रशस्त हैं।	भर, आर्द्रा, श्ले, मघा, पूर्वा–३, ज्ये., मूल, नक्षत्र।
पशु खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृ)२,३,५,६,७,८,१०, ११,१२,१३(शुक्ल) १५।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु शनि।	अश्वि, पुन, पुष्य, हस्त, विशा, ज्ये, धनि, शत, रेवती।
औषधि सेवन का मुहूर्त्त	१, (कृ),२, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.)।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र, जन्म नक्षत्र त्याज्य हैं।	अश्वि, मृग, पुष्य, चित्रा, पुर्न, हस्त, अनु, स्वा, अभि, श्रवण, धनिष्ठा हैं।

आपको किस दिन क्या कार्य करना शुभ है ?

नाम वार	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	वीरवार	शुक्रवार	शनिवार
यात्रा में शुभ ग्राह्य-दिशाएँ	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षिण पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण वायव्य (उत्तर-पश्चिम)	दक्षिण-पूर्व आग्नेय (दक्षिण-पूर्व)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)	पूर्व, उत्तर ईशान (उत्तर-पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)
यात्रा में त्याज्य (दिशाशूले)	पश्चिम, वायव्य (उ. पश्चि. कोण)	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षि.-पूर्व)	उत्तर, पश्चिम वायव्य (उत्तर पश्चि.)	उत्तर, पश्चिम ईशान (पूर्व-उत्तर)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षि. पश्चि.)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य कोण (द. पश्चि.)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)
विद्या एवं शिक्षा सम्बन्धी	विज्ञान, इंजीनियरिंग, सेना, उद्योग, बिजली, मैडिकल, एवं प्रशासनिक शिक्षा सम्बन्धी।	लेखनादि कार्य, मैडीकल शिक्षा, सौंदर्य प्रसाधन, औषधि निर्माण व योजना सम्बन्धी।	बिजली (इलैक्ट्रानिक), सर्जरी की शिक्षा, शस्त्र विद्या सीखना, अग्नि, स्पोर्टस, भूगर्भ विज्ञान, दंत चिकित्सा आदि।	गणित, लेखनादि, बौद्धिक कार्य, बैंक वकालत, तकनीकि हुनर, ज्योतिष, विज्ञान, वाहनादि चलाना सीखना।	दर्शन-शास्त्र, धर्म मंत्र ज्योतिष, वकालत, उच्च पद प्रशासनिक शिक्षा वैद्यक आदि।	नृत्य, वाद्य, गायन, कला, संगीत, ऐक्टिंग, गीत-काव्य, रचना, स्त्रियों एवं सौंदर्य सम्बन्धी शिक्षा।	तकनीकी शिल्प, कला, मशीनरी सम्बन्धी ज्ञान (Engineering) अंग्रेजी, उर्दू, फारसी का ज्ञान शुरु करना।
व्यापार सम्बन्धी कार्य	राज्य प्रशासनिक कार्य सेनाधिकारी, ज्यूलर्ज, औषधि, शस्त्र, अग्नि, अनाज, सोना, तांबा, चाँदी, गाय, बैलादि का क्रय-विक्रय, मैडीकल, इलैक्ट्रीकल, मंत्रानुष्ठान यज्ञादि।	कृषि, गाय, भैंस, दूध, घी डेयरी, फार्म, औषधि, सोडादि तरल पदार्थ, शंख, मोती, स्त्री, धन सम्पदा, सौंदर्य प्रसाधन, सुगन्धि (Perfumes) सम्बन्धी वस्तुओं का क्रय-विक्रय, विदेशी पत्राचार आदि।	शक्ति, अग्नि एवं बिजली से सम्बिन्धत कार्य, बेकरी electronics, स्पोर्टस Goods, सोना, तांबा, मूंगा, पीतलादि का क्रय भूमि, सर्जरी एवं रक्षा सामग्री, सन्धि विच्छेद आदि कार्य।	कृषि एवं व्यापारिक वस्तुओं का क्रय-विक्रय, शेयरों का क्रय, पुस्तक, लेखन प्रशासन, लेखाकार्य (Accounts) शिक्षण, वकालत, शिल्प, एवं सम्पादन कार्य, वाहन क्रय-विक्रय।	धार्मिक अनुष्ठान, उच्च प्रशासनिक कार्य, उच्च शिक्षा के कार्य, आभूषण, औषधि, लकड़ी, भूमि, वाहनादि का लेन-देन, विदेश गमनादि कार्य।	संगीत, सिनेमा, विदेश बारे, टैलीविजन, स्त्रियों, एवं श्रृंगारिक वस्तुओं से संबन्धित कार्य, रूई, कपड़ा बैंकिंग, चाँदी, जवाहरात, रसायन, शराब, सोडा, सुगन्धित द्रव्य, वाहनादि क्रय-विक्रय, खुशबूदार वस्तु।	मशीनरी, लोहा, लकड़ी चमड़ा, सीमेंट, तेल, पैट्रोल, पत्थर, भूमि, ठेकेदारी, शस्त्रों का क्रय-विक्रय, अन्वेषण एवं आप्रेशण कार्य, अधीनस्थ कर्मचारी, वाहनादि प्रयोग विदेश-यात्रादि कार्य।

नाम वार	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह	शुक्र	शनि
नवीन वस्त्र धारण करना	शुभ है	मध्यम	अशुभ	शुभ	शुभ	अति शुभ	अशुभ
नवीन आभूषण धारण	शुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ
तेल लगाना	अशुभ	शुभ	अशुभ	विशेष शुभ	अशुभ	शुभ	विशेष शुभ
हजामत करना	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम
नया जूता पहनना	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम
मुकद्दमा करना	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ

अनुष्ठान आरम्भ करने का मुहूर्त

मास–वैशाख, श्रावण, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन।

तिथि (शुक्ला)–२, ३, ५, ७, १०, ११, १३।

वार–सू. गु. शु. (सोम मध्यम)।

नक्षत्र–अश्वि., रो. मृ. पुन. पु. उत्तरा. ३. ह. स्वा. वि. अनु. ज्ये. श्र. ध. श. रे।

लग्न–शिव की आराधना १, ४, ७, १० लग्नों में एवं विष्णु की २, ५, ८, ११ लग्नों में तथा देवी की ३, ६, ९, १२ लग्नों में कर्त्तव्य है।

अन्य देवताओं के अनुष्ठान में वह राशि लग्न ग्रहण करें, जब ३, ६, ११वें क्रूर ग्रह १, २, ४, ५, ७, ९, १०वें सौम्य ग्रह तथा ८, १२वें ग्रहाभाव।

विशेष–आराध्य देवताओं के मास, तिथि, वार, नक्षत्र विशेष शुभ है। पुनश्च, गुरु-शुक्रास्त, बलहीन चन्द्र तथा कुयोग परित्याज्य हैं।

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

विवाह योग्य लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली में वर्ण, वश्य, तारा, ग्रहमैत्री, नाड़ी आदि अष्टकूट सम्बन्धी गुण मिलान के पश्चात् कुण्डली में मंगल एवं मंगलीक दोष पर विशेष रूप से विचार किया जाता है। मंगलीक दोष का आधार सामान्यतः निम्न श्लोक माना जाता है।

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तुविनाशाय भर्ता कन्या विनाशकः।

–मु. संग्रहदर्पण

अर्थात् जिस कन्या की कुण्डली में १, ४, ७, ८ या १२वें स्थान में मंगल हो, तो वह कन्या वर (पति) के लिए हानिकारक तथा इसी भान्ति जिस लड़के की कुण्डली में इन्हीं स्थानों में मंगल हो वह कन्या को हानिकारक होता है। इसी भांति लग्न, चन्द्र और कभी-कभी शुक्र की राशि से भी मंगल की उपर्युक्त स्थितियों का विचार किया जाता है।

अपवाद–(१) मंगल दोष वाली कन्या का विवाह मंगलीक दोष वाले वर के साथ करने से मंगल का अनिष्ट दोष नहीं होता तथा वर-वधू के मध्य दाम्पत्य सुख बढ़ता है–

कुज दोष वती देया कुजदोषवते किल। नास्ति दोषो न चानिष्टं दम्पत्योः सुखवर्धनम्॥

मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक के परिहारस्वरूप मुहूर्त्त ग्रन्थों में अनेकत्र परिहार वाक्य मिलते हैं। यथा–

(२) यदि लड़की की कुण्डली में जिस स्थान पर मंगल स्थित (मंगलीक कारक) हो, और लड़के की कुण्डली में उसी स्थान पर शनि, मंगल, सूर्य, राहु आदि कोई पाप ग्रह स्थित हों, तो भौमदोष भंग हो जाता है। इसी प्रकार लड़के की कुण्डली में भौम दोष होने पर कन्या की कुण्डली में उसी भाव में कोई पाप ग्रह होने से भी भौमदोष नहीं रहता–

शनि भौमोऽथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्।
तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोष विनाश कृत्॥–फलित संग्रह **अन्येऽपि–**

भौमेन सदृशो भौमः पापो व तादृशो भवेत्। विवाहः शुभदः प्रोक्तश्चिरायुः पुत्रपौत्रदः॥

अर्थात् एक की कुण्डली में मंगल दोष हो, तो दूसरे की कुण्डली में भी उन्हीं स्थानों में शनि आदि पाप ग्रह होने से मंगलीक दोष का प्रभाव क्षीण होकर विवाह में शुभ होता है।

यामित्रे च सदा सौरि लग्ने वा हिबुके तथा। अष्टमे द्वादशो चैव भौमदोषो न विद्यते॥

यह श्लोक भी लगभग इसी आशय का है।

(३) मेष राशि का मंगल लग्न में, वृश्चिक राशि का चौथे भाव में, मकर का सातवें, कर्क राशि का आठवें, एवं धनु राशि का मंगल १२वें हो, तो मंगल दोष नहीं होता। यथोक्तम्–

अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके कुजे।
द्यूने मृगे कर्किचाष्टौ भौमदोषो न विद्यते॥ **–मुहूर्त्त पारिजात**

प्रकारान्तर से, मीन का मंगल ७वें भाव तथा कुम्भ राशि का मंगल अष्टम में हो, तो भौम दोष नहीं होता।

''द्यूने मीने घटे चाष्टौ भौम दोषो न विद्यते'' **–मुहूर्त्त चिंतामणि**

(४) यदि द्वितीय भाव में चन्द्र-शुक्र का योग हो, या मंगल गुरु द्वारा दृष्ट हो, केन्द्र भावस्थ राहु हो, अथवा केन्द्र में राहु-मंगल का योग हो, तो मंगल दोष नहीं रहता–

न मंगली चन्द्र भृगु द्वितीये, न मंगली पश्यति यस्य जीवा।
न मंगली केन्द्रगते च राहुः, न मंगली मंगल-राहु योगे॥ **–मुहूर्त्त दीपक**

(५) बलान्वित गुरु वा शुक्र लग्न में हो, तो वक्री, नीचस्थ, अस्तंगत अथवा शत्रुक्षेत्री मंगल उपरोक्त दुष्ट स्थानों में होने पर भी भौम दोष नहीं होता–

सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽथवाभौमे।
वक्रे नीचारि गृहस्थे वाऽस्तेऽपि न कुज दोषः॥ **–मुहूर्त्त दीपक**

(६) इसी भांति केन्द्र व त्रिकोण में यदि शुभ ग्रह हों, तथा ३, ६, ११वें भावों में पाप-ग्रह हों तथा सप्तमेश ग्रह सप्तम में ही हो, तो मंगल दोष नहीं होता–

''केन्द्र कोणे शुभादये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा॥'' **–मुहूर्त्त चिंतामणि**

(७) यद्यपि १, २, ४, ७, ८, ११ और १२वें भावों में स्थित मंगल वर-वधू के वैवाहिक जीवन में विघटन उत्पन्न करता है, परन्तु यदि मंगल अपने घर (१, ८) का हो, **उच्चस्थ** (मकर) का **किंवा मित्र क्षेत्री** मंगल दोष कारक नहीं होता–

तनु धन सुख मदनायुर्लाभ व्ययगः कुजस्तु दाम्पत्यम्।
विघट्यति तद् गृहेशो न विघटयति तुंगमित्रगेहेवा॥ **–मु. चिंतामणि**

(८) यदि वर-कन्या की कुण्डलियों में परस्पर राशिमैत्री हो, गणैक्य हो, २७ गुण या अधिक मिलान होता हो, तो भी भौम दोष अविचारणीय है। 'मुहूर्त्त दीपक' नामक ग्रन्थानुसार–

राशिमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्। अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते॥

विवेचन–उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मुहूर्त्त संग्रह दर्पण में दिए गए मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक (''लग्ने व्यये पाताले–'') के परिहारस्वरूप कुछ अर्वाचीन ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं, जिनमें परस्पर विरोध वाक्यता भी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन सैद्धान्तिक एवं प्रतिष्ठित मुहूर्त्त ग्रंथों जैसे–विवाह वृन्दावन, मुहूर्त्त मार्तण्ड, सारावली, मु. चिन्तामणि (प्राचीन संस्करण), ज्योतिः निबन्ध आदि) में मंगलीक सम्बन्धी उपर्युक्त श्लोक एवं तत्सम्बन्ध विभिन्न परिहार वाक्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

वर-कन्या की कुण्डली में मंगलीक दोष एवं उसके परिहार का निर्णय अत्यन्त सावधानीपूर्वक करना चाहिए। केवल १, ४, ७, ८ आदि भावों में मंगल को देखकर दाम्पत्य जीवन के सुख-दुःख का निर्णय कर देना उपयुक्त नहीं। मंगलीक वाले स्थानों (भावों) में मंगल के अतिरिक्त कोई अन्य क्रूर ग्रह भी १, २, ७ एवं १२वें स्थानों में हो, तो वह भी परिवारिक एवं वैवाहिक जीवन के लिए अनिष्टकारी होता है। यथा–

लग्ने क्रूरा व्यये क्रूरा धने क्रूराः कुजस्तथा।
सप्तमे भवने क्रूराः परिवार क्षयंकराः॥ –मु. संग्रह दर्पण

मंगल अथवा मंगलीक दोष का निर्णय कुण्डली विशेष में सभी ग्रहों के पारस्परिक अनुशीलन के पश्चात् ही करना चाहिए। मिलान करते समय केवल मंगल या मंगलीक पर ही अत्यधिक बल न देते हुए मेलापक सम्बन्धी अन्य तत्त्वों का भी सर्वाङ्ग रूप से विवेचन करना चाहिए। जैसे–चलित भाव कुण्डली, सप्तमेश की उच्च-नीच स्थिति, सप्तम भाव पर गुरु, शुक्र की दृष्टि आदि तत्त्वों का सम्यक विचार किसी विद्वान ज्योतिषी जी से करवाना चाहिए।

वर-कन्या मिलान में वर्णादि अष्टकूटों का महत्त्व

विवाह गृहस्थाश्रम की आधारशिला है और उसी के मध्यम से मनुष्य, देव, ऋषि एवं पितृ आदि ऋण त्रय से उद्धृण होकर परम कल्याण को प्राप्त कर सकता है। तद् हेतु उत्तम लक्षणों जैसे-सुन्दर, सुशीला, मधुरभाषिणी एवं पतिव्रता कन्या तथा कर्त्तव्यनिष्ठ, स्वस्थ, शिक्षित, सदाचारी एवं सुसंस्कृत लड़के के साथ विवाह सम्बन्ध शुभ होता है। विवाह सम्बन्ध करने से पूर्व लड़के-लड़की का कुल-गोत्र, सनाथता, विद्या, धन, स्वास्थ्य (शरीर) और आयु-इन सात गुणों की परीक्षा करने के पश्चात् ही कुण्डलियों में परस्पर **मंगलीक आदि अरिष्ट योगों तथा वर्ग, स्त्रीदूर, कर्तरि एवं वर्णादि अष्टकूटों** का विचार करना चाहिए।

मेलापक प्रक्रिया में **मंगलीक और अष्टकूट** तत्त्वों का विशेष महत्त्व है, क्योंकि वर-कन्या के दाम्पत्य जीवन को अधिकाधिक सुखी एवं मंगलमय बनाने के लिए उनके जन्म नक्षत्रों एवं जन्म कुण्डलियों के अनुसार मिलान करना अत्यन्त आवश्यक है। उपयुक्त मिलान न होने की स्थिति में पति-पत्नी के वैवाहिक जीवन में-विचार वैमनस्य, सन्तान कष्ट, वैधव्य, वैधुर्यादि दोष अथवा पारिवारिक कष्ट होने की सम्भावनाएं हो जाती है। मंगलीक दोष का विशेष विवरण इसी पंचाँग के गत पृष्ठ पर दिया गया है। यहाँ पर नक्षत्र मिलान के मुख्य तत्त्व अष्टकूट का विवेचन किया जा रहा है। ध्यान रहे, अष्ट (आठ) कुंटों का निर्णय वर-कन्या के जन्म नक्षत्रों से ही किया जाता है। अष्टकूटों के आठ कूट (अंग) निम्नलिखित हैं :-

(१) वर्ण (२) वश्य (३) तारा (४) योनि (५) ग्रहमैत्री (६) गणमैत्री (७) भकूट तथा **(८) नाड़ी** -ये आठ कूट हैं।

प्रत्येक कूट की क्रम संख्या अपने श्रेष्ठ गुणों की सूचक है। वर्णादि अष्टकूटों में **गुणों का योग ३६ होता है।** इसमें क्रमानुसार वर्ण का १ गुण, वश्य के २, तारा के ३, योनि के ४, ग्रहमैत्री के ५, गण-मैत्री के ६, भकूट के ७ एवं नाड़ी के ८ (आठ) गुण जानने चाहिएं।

वर्णादि कुल ३६ गुणों के योग में से १ से १७ तक गुण मिलान तुच्छ एवं निन्दनीय (त्याज्य) माने जाते हैं, १८ से २१ तक मध्यम एवं ग्राह्य और २२ से २८ तक उत्तम तथा २९ से ३६ तक गुण सर्वोत्कृष्ट मिलान माना जाता है।

एकैकवृद्धितो ज्ञेया वर्णादीनां गुणाः क्रमात्।
विवाहः शुभदस्तेषां गुणे त्वष्टादशाधिके॥ —मु० गणपति

वर्णादि अष्टकूट

(१) वर्ण विचार–४, ८, १२ राशियों का **ब्राह्मण**, १, ५, ९ का **क्षत्रिय**, २, ६, १० **वैश्य** तथा ३, ७, ११ राशियों का **शूद्रवर्ण** होता है। वर का वर्ण कन्या के वर्ण से उच्च स्तरीय अथवा समान वर्ण होने पर **एक गुण** प्राप्त होता है। अन्यथा शून्य गुण होगा।

परिहार–यदि वर की राशि का वर्ण कन्या के राशि-वर्ण से हीन हो, परन्तु राशिपति उत्तम वर्ण हो, तो वर्ण मिलान शुभ हो जाता है।

(२) वश्य विचार–सिंह राशि के अतिरिक्त सभी राशियाँ नर (मनुष्य) राशि के वश में हैं। जल राशियाँ (४।१० उ.।१२) नर राशियों (३।६।७।९ पू.।११) का भक्ष्य है। वृश्चिक को छोड़कर शेष राशियाँ सिंह राशि के वश्य हैं। **समान वश्य होने पर २ गुण**, एक वश्य और दूसरा शत्रु होने पर एक गुण, एक वश्य और एक भक्ष्य होने पर आधा गुण तथा एक शत्रु और एक भक्ष्य होना शून्य अर्थात् गुणाभाव होगा।

(३) तारा विचार–कन्या के जन्म नक्षत्र से वर के जन्म नक्षत्र तक तथा वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर दोनों संख्याओं को अलग-अलग ९ द्वारा भाग देने पर यदि शेष ३, ५, ७ बचे तो अशुभ तारा होती है।

दोनों (वर-कन्या) ताराओं में अशुभ तारा हो तो शून्य गुण, एक में तारा शुभ और दूसरे में अशुभ हो तो डेढ़ गुण तथा दोनों में तारा शुभ हो तो ३ गुण होते हैं।

(४) योनि विचार–अश्विनी आदि नक्षत्रों के अनुसार जातक की योनि ज्ञात की जाती है। वर और कन्या की योनियों का आपसी वैर त्याज्य है। जैसे-गौ और व्याघ्र में, सिंह और गज, न्यौला और सर्प में, अश्व और महिष में, श्वान और हरिण में, वानर और मेष में, मूषक और मार्जार में, परस्पर महावैर है।

[**नोट**–योनि व महावैर योनि की तालिका चक्र गत पृष्ठों में दिया गया है।]

गुण–वर-कन्या की एक ही योनि होना शुभ है। योनियों में परस्पर अतिमित्र हो तो ४ गुण, मित्र हो तो ३, सहज प्रकृति समान हो तो २, सामान्य वैर हो तो १ गुण तथा योनियों में अतिशत्रुता हो तो शून्य-अर्थात् गुणाभाव होगा।

(५) ग्रह मैत्री–ग्रह मैत्री कूट के सन्दर्भ में वर-कन्या के राशि स्वामियों का ऐक्य अथवा मैत्री भावादि अभिप्रेत्य है। (राशि स्वामी का विवरण गत पृष्ठों में नक्षत्र, राशि, वर्णादि तालिका चक्र में दिया गया है।)

गुण विचार–वर-कन्या की राशियों में परस्पर अधि-मित्रता या राश्यैक होने पर ५ गुण, एक सम और दूसरा मित्र हो, तो ४ गुण, एक-दूसरे के सम हो, तो ३ गुण, एक मित्र दूसरा शत्रु हो, तो १ गुण, एक सम दूसरा शत्रु हो, तो आधा गुण, दोनों की राशियां परस्पर शत्रु हों, तो शून्य अर्थात् गुणाभाव होता है।

अष्टकूटों में राशि स्वामी की मैत्री को विशेष महत्त्व दिया गया है। मिलान में वर्ण, योनि, गण और षडाष्टक दोष होने पर भी यदि परस्पर राशि मैत्री पाई जाती हो तो अन्य किंचिद् दोषों का निवारण हो जाता है। यथा-

गणदोषो योनि दोषो वर्णदोषः षडाष्टकम्।
चत्वारि नैव दुष्यन्ति राशिमैत्री यदा भवेत्॥ —बृहज्जयोतिः सार

अपवाद–वर-कन्या के राशिपतियों में परस्पर वैर होने पर भी राशि नवांशपति परस्पर मित्र हो, तो विवाह शुभ माना जाता है। यथा-

राशिनाथे विरुद्धेऽपि सबल नवांशकाधिपौ।
तन्मैत्रेऽपि च कर्त्तव्य, दम्पज्योः शुभमिच्छता॥

(६) गण विचार–अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, स्वा., अनु., श्रव., रेवती नक्षत्रों का **देवता गण**, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, भर० और आर्द्रा इन नक्षत्रों का **मनुष्यगण**, कृति., अश्ले, मघा, चित्रा, विशा., ज्ये., मूल, धनि. और शत. का **राक्षसगण।**

वर-कन्या का **एक ही गण** होने पर विवाह **उत्तम**, देव-मनुष्य हो तो शुभ, किसी एक का राक्षसगण और दूसरा मनुष्यगण हो अथवा किसी एक का देवगण और दूसरा राक्षस गण हो तो अशुभ एवं त्याज्य होता है।

गुण विभाजन–वर-कन्या का एक ही गुण हो, तो ६ गुण, वर का देवगण एवं कन्या का मनुष्यगण हो तो भी ६ गुण, पर कन्या देवगण एवं वर का मनुष्य हो तो ५ गुण, एक का देवगण तथा दूसरा राक्षसगण अथवा एक का मनुष्यगण दूसरे का राक्षसगण हो, तो शून्य गुण होता है इत्यादि।

मनुष्यादि गणों का गुण बोधक चक्र

कन्या	गुण	देव	मनुष्य	राक्षस
	देव	६	५	१
	मनुष्य	६	६	०
	राक्षस	०	०	६

गण दोष परिहार–

(क) राशिपतियों में परस्पर मित्रता या राशिनवांशपति में मित्रता हो, तो गणदोष नहीं रहता।

ग्रहमैत्री च राशिश्च विद्यते नियतं यदि। न गणभाव जनितं दूषणंस्याद विरोधदम्॥

गर्ग–मु. चिन्तामणि च

(ख) ग्रहमैत्री तथा वर-कन्या के नक्षत्रों की नाड़ियों में भिन्नता हो, तो गणदोष होने पर भी दोष नहीं होता।

–पीयूषधारा

(ग) इसी भान्ति तारा, वश्य, योनि ग्रहमैत्री तथा भकूट की शुद्धि होने पर कोई दोषपत्ति नहीं होती।

–मुहूर्त्त मार्त्तण्ड

(७) भकूट विचार–इसे **राशिकूट** भी कहते हैं। वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर छठे एवं आठवें हो, तो **षडाष्टक दोष** होता है। यदि वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर पांचवीं-नौवीं हो, तो **नव पंचम दोष**, यदि दोनों की राशियाँ परस्पर दूसरी और बारहवीं हो, तो **द्विद्वादश दोष** कहलाता है। **षडाष्टक दोष** (विशेषकर शत्रु-षडाष्टक) होने की स्थिति में वर-कन्या, इनके माता-पिता अथवा उनके किसी निकटस्थ बन्धु को मृत्यु-तुल्य कष्ट होने की सम्भावना होती है। **नवपंचम दोष** की स्थिति में विवाहित दम्पत्ति को संतान सम्बन्धी दुःख होने का भय होता है तथा **द्विद्वादश दोष** (शत्रुकूट) होने पर वर कन्या को धन हानि एवं आर्थिक परेशानियों का सामना रहता है।

षडाष्टक परिहार–(i) मेष-वृश्चिक, वृष-तुला, मिथुन-मकर, कर्क-धनु, सिंह-मीन तथा कन्या-कुम्भ आदि मित्र राशियों का षडाष्टक शुभ होता है, जबकि वैर-षडाष्टक ही विशेषतया त्याज्य होता है। यथा–१-६, २-९, ३-८, ४-११, ५-१०, ७-१२ राशियों का शत्रुगत षडाष्टक होने से त्याज्य माना जाता है।

(ii) परन्तु परिहारस्वरूप **तारा-शुद्धि, राशीश-मैत्री, राशिवश्यैक्य,** अथवा **राशि स्वामी ग्रह समान** होने पर षडाष्टक दोष भी ग्राह्य होता है। यथा–

न वर्गवर्णौ न गणोः न योनिर्द्विद्वादशे चैव षडाष्टके वा।
तारा विरुद्धे नव पंचमे वा मैत्री यदा स्यात्शुभदो विवाहः॥ —बृ. ज्योतिस्सार

नव पंचम परिहार–

(i) वर की राशि से कन्या की राशि पांचवीं हो और कन्या की राशि से वर की राशि ९वीं हो, तो यह नव-पंचम शुभ होता है–

वरस्य पंचमे कन्या, कन्यायां नवमेवरः। एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यां पुत्रपौत्र सुखावहम्॥

–बृहज्योतिषः सारः

(ii) मीन-कर्क, वृश्चिक-कर्क, मिथुन-कुम्भ और कन्या-मकर–ये चार नवपंचक विशेषतया त्याज्य माने जाते हैं।

मीनालिम्यां युते कीटे कुम्भे मिथुन संगते। मकरे कन्यकायुक्ते न कुर्यान्नवजचमे॥ –शार्गंधर

(iii) वर-कन्या दोनों के चन्द्र राशि अधिपति अथवा राशि नवांशपति परस्पर मित्रक्षेत्री हों, तो नवपंचम अविचारणीय है।

द्वि-द्वादश दोष का परिहार–

(i) लड़के की राशि से कन्या की राशि दूसरी हो तो कन्या धन हानिकारक और १२वीं हो तो वह धनवती और पतिप्रिया होती है।

(ii) १-२, ३-४, ५-६, ७-८, ९-१० एवं ११-१२ राशियों का द्वि-द्वादश शत्रु-द्विद्वादश एवं च अनिष्टकर मानते हैं।

(iii) मतान्तर में **सिंह और कन्या** द्वि-द्वादश ग्राह्य है। **–मुहूर्त्तमार्त्तण्ड**

इसके अतिरिक्त कुछ परिस्थितियों में वर-कन्या की परस्पर राशि-स्थिति विशेष शुभकारी होती है। जैसे–वर-कन्या, दोनों की एक ही राशि १०वें का होना, दोनों की राशियों का परस्पर ३-११वें (त्रिरेकादश) होना, दोनों की राशियों का आपस में ४-१०वें होना एवं च दोनों की राशियों का परस्पर सप्तम (**समसप्तक**) होना वर-कन्या के वैवाहिक जीवन के लिए शुभफल प्रद होता है। परन्तु **अपवाद** रूप में, कर्क-मकर का तथा सिंह-कुम्भ राशियों का समसप्तक योग वर-कन्या के विवाह में शुभ नहीं माना गया– **मकरे कर्कटे चैव कुम्भे सिंहे तथैव च।**
परस्परं सप्तमे च वैधव्यं तु विनिर्दिशेत्॥ **–ज्योतिनिबन्ध**

(८) नाड़ी दोष विचार–अष्टकूट निर्धारक तत्त्वों में नाड़ी का विशेष महत्त्व है। वर-कन्या की एक ही नाड़ी होना विवाह में अशुभ माना गया है। 36 गुणों में से इसके 8 गुण होते हैं। भिन्न नाड़ी के आठ गुण तथा नाड़ी समान होने पर गुणाभाव अर्थात् शून्य गुण होता है।

अश्वन्यादि २७ जन्म नक्षत्रों को तीन नाड़ियों (पंक्तियों) में विभाजित किया गया है–आदि, मध्य और अन्त्य। इनका विवरण निम्न चक्र में दिया गया है।

नाड़ी चक्र

आदि नाड़ी	अश्वि	आर्द्रा	पुन	उ.फा.	हस्त	ज्ये.	मूल	शत	पू.भा.
मध्य नाड़ी	भर	मृग	पुष्य	पू.फा.	चित्रा	अनु.	पूषा	धनि	उ.भा.
अन्त्य नाड़ी	कृति	रोह	श्ले.	मघा	स्वा	विशा	उ.षा.	श्रव	रेव

वर-कन्या का जन्म नक्षत्र एक ही नाड़ी में पड़ना विवाह में अशुभ माना जाता है। दोनों की **आदि (प्रथम)** नाड़ी हो, तो विवाह के पश्चात् उनका परस्पर वियोग आदि, **मध्य नाड़ी** हो, तो दोनों की हानि तथा **अन्त्य** नाड़ी हो तो वैधव्य या अतिशय दुःख होता है। —बृहज्योतिषसार

वर-कन्या के नक्षत्र एक ही नाड़ी वाले हों, तो नाड़ी दोष माना जाता है। एक समान नाड़ी वाले वर-कन्या को ज्योतिषाचार्यों ने बहुत अशुभ माना है।

विवाह में नाड़ी दोष का आचार्यों द्वारा विशेष महत्त्व दिया गया है। नारद ऋषि अनुसार-

एक नाडी विवाहश्च गुणैः सर्वे समन्वितः।
वर्जनीयः प्रयत्नेन दम्पत्योः निधनं यतः॥ (नारद)

अर्थात् विवाह मिलान में चाहे सब गुण मिल रहे हों, परन्तु वर-कन्या की एक ही नाड़ी का प्रयत्नपूर्वक त्याग करना चाहिए। यह दोष दम्पत्ति के लिए अनिष्टकर/घातक माना जाता है। नाड़ी दोष में एक ही नक्षत्र और समान नक्षत्र चरण होने पर भी सभी आचार्यों ने एकमत से अनिष्टकारी कहा है।

नाड़ी दोषापवाद एवं परिहार–

(i) वर-कन्या की एक ही राशि हो, परन्तु नक्षत्र अलग-अलग हों।

(ii) वर-कन्या दोनों का जन्म नक्षत्र एक हो, परन्तु राशियाँ भिन्न-भिन्न हों, तो नाड़ी दोष अविचारणीय है। (विवाह वृन्दावन)

(iii) वर-कन्या, दोनों का नक्षत्र एक हो, परन्तु चरण भिन्न-भिन्न हों।

(iv) नाड़ी दोष ब्राह्मणों के लिए, वर्णदोष क्षत्रियों के लिए, गण दोष वैश्यों के लिए तथा योनि दोष शूद्रों के लिए विशेष रूप से विचारणीय होता है–

नाड़ी दोषस्तु विप्राणां वर्णदोषश्च क्षत्रिये। गणदोषश्च वैश्येषु योनि दोषस्तु पाद्जान्॥

ध्यान रहे, ब्राह्मणेतर वर्ण जातियों के लिए नाड़ी दोष नितान्तः उपेक्षनीय नहीं होता॥

हमारे मतानुसार नाड़ी दोष का विचार सभी जाति के वर-कन्यओं के मिलान के सम्बन्ध में समान रूप से करना चाहिए। विशेष रूप से कर्क, वृश्चिक तथा मीन (४, ८, १२) राशियों के सन्दर्भ में।

(v) यदि वर-कन्या दोनों की एक राशि हो, परन्तु नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों अथवा यदि दोनों का नक्षत्र एक हो और राशि अलग-अलग हो, एवं च नक्षत्र चरण भिन्न (पाद भेद) हो, तो ऐसी स्थिति में नाड़ी एवं गण दोष नहीं होता-अर्थात् शुभ होता है।

राश्यैक्ये चेद् भिन्नमृक्षं द्वयोः स्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्मं तथैव।
नाड़ी दोषों नो गणानां च दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभंस्यात्॥ –मुहूर्त संग्रह दर्पण

यद्यपि वर-कन्या का एक ही नक्षत्र अथवा एक ही राशि का होने से नाड़ी दोष का परिहार माना गया है, परन्तु यदि दोनों के नक्षत्र चरणों में समानता हो अथवा नक्षत्रों में पाद वेध* हो, तो विवाह सर्वदा त्याज्य एवं वर्जित होगा। यथा–

एक नक्षत्र जातानां नाड़ी दोषो न विद्यते। अन्यर्क्षनाड़ीवेधेषु विवाहो वर्जितः सदा॥
–ज्योतिष तत्त्व प्रकाश

अन्यत्र भी कहा गया है– **दम्पत्योरेक नक्षत्र भिन्नपादे शुभावहम्।**
दम्पत्योरेकपादे तु वर्षान्ते मरणं ध्रुवम्॥ (का. नि.)

पराशरानुसार भी यही अभिमत है–

पराशरः प्राह नवांशभेदाद एकनक्षत्र राशचोरपि सौमनस्यम्॥

***नोट**–ध्यान रहे, किसी नक्षत्र के प्रथम पाद और चतुर्थ पाद तथा दूसरे एवं तीसरे पाद में परस्पर वेध होना भी पाद-वेध कहलाता है।

(vi) **'नरपतिजचर्या'** अनुसार वर कन्या के नक्षत्र चरणों के I & IV, II & III तथा IV & I, III & II चरणों के मध्य ही पादवेध चरणों का विचार करना अनिवार्य होता है। इसके अतिरिक्त अन्य नक्षत्र चरणों के वेध जैसे I & III, II & IV नक्षत्र चरणों में वेधाभाव होने के कारण स्वल्पदोष रह जाता है।

आद्यांशेन चतुर्थांश चतुर्थांशेन यादिमम्। द्वितीयेन तृतीयं तु तृतीयेन द्वितीयकम्॥
ययो भांशव्यधश्चैवं जायते वर कन्ययोः। तयो मृत्युर्न सन्देहः शेषांशाः स्वल्प दोषदाः॥

(vii) 'ज्योतिष चिन्तामणि' अनुसार रोहिणी, मृगशिर, आर्द्रा, ज्येष्ठा, कृतिका, पुष्य, श्रवण, रेवती एवं उत्तराभाद्रपद-इन नक्षत्रों में उत्पन्न वर-कन्या को नाड़ी दोष नहीं लगता।

रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नी पुष्यश्रवणपौष्णभम्।
अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाड़ी दोषो न विद्यते॥ –ज्यो० चिन्तामणि

नाड़ी आदि दोषों का परिहार होने की स्थिति में उनसे सम्बन्धित आधे गुणों को जोड़ (जमा कर) देने का विधान है।

उपयुक्त उपायों से परिहार–

हमारे मतानुसार गण, योनि, षडाष्टक, द्विद्वादश, नाड़ी आदि अष्टकूटों में परिहार वाक्य उपलब्ध हो जाने पर भी अपनी शक्ति एवं सामर्थ्यानुसार यथोचित संख्या में जप, पाठ, दानादि करवा लेना चाहिए।

'बृहस्पति संहिता' के अनुसार नाड़ी दोष की शान्ति के लिए **श्रीमृत्युञ्जय मन्त्र** का जाप (यथोचित संख्या में) करके ब्राह्मणों को गौ, वस्त्र, अनाज, घृतादि सहित भोजन एवं सुवर्ण, चांदी, रत्नों की दक्षिण आदि से सन्तुष्ट करने से नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है–

अन्यत्र भी लिखा है-श्री महामृत्युञ्जय के जप-पाठ के उपरान्त–

षडाष्टके गोमिथुनं प्रदेयं, कास्यं सरूप्यं नवपंचमेच।
नाड्यां सुवर्णान्नमथो सुधेनुं द्विद्वादशे ब्राह्मणतर्पणं च॥

अर्थात् दुष्ट षडाष्टक दोष होने पर गोमिथुन (एक गाय, एक बैल), **नवपंचम** में चांदी-कांसे का बर्तन, **नाड़ी दोष** में गाय, अन्न, सुवर्ण-वस्त्र का दान तथा **द्विद्वादश** में ब्राह्मणों एवं सुपात्र जनों को यथाशक्ति भोजन, दान-दक्षिणादि द्वारा सन्तुष्ट करने से मिलान सम्बन्धी **अष्टकूट दोषों** की शान्ति हो जाती है।

वर-कन्या की कुण्डली में नाड़ी-देष हो, परन्तु अत्यन्त आवश्यक परिस्थितिवश विवाह करना आवश्यक हो, तो उस स्थिति में वर/कन्या का अर्क/कुम्भ विवाह, महामृत्युजंय जप, सुवर्ण, रत्न, चांदी, अनाजादि के दान, ब्राह्मण भोजन आदि के पश्चात् ही विवाह कार्य करना प्रशस्त होगा–

हेमाज्यरत्नगोदानं मृत्युञ्जयजपस्तथा।
कुर्यादवश्यमुद्वाहे नाडीदोषाऽपनुत्तये॥ (मुहूर्त गणपति)

शुद्ध वर-कन्या मेलापक सारिणी (भाग-१)

वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अश्वि 1 से 4	भर. 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुर्न 1,2,3	पुर्न 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पू.फा. 1 से 4	उ.फा. 1	उ.फा. 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
मेष	अश्वि 1 से 4	२८ 8	३३ 4	२८ 3,6	१८॥ 1236	२१॥ 1,2,3	२२॥ 1,2,3	२६ 1,3,5	१७ 1,5,8	१९ 1358	२३॥ 3,8	३१॥ 3	२८ 6	२१ 6,9,व	२५ 9,व	१५ 389व	११ 3578	९ 14578	१३॥ 14567
	भर 1 से 4	३४ 4	२८ 8	२९ 6	१९ 1,2,6	२३ 1,2,3	१४॥ 1238	१८ 1358	२६॥ 1,3,5	२७ 1,3,5	३१॥ 3	२३॥ 3,8	२५ 3,6	२० 6,9,व	१८॥ 8,9व	२६ 9,व	२१॥ 1,5,7	२० 1357	५ 13578
	कृति 1 चरण	२७॥ 3,6	२९ 6	२८ 8	१८ 1,2,8	१० 1268	१६॥ 1236	२० 1356	२०॥ 1356	२१ 1356	२५॥ 3,6	२६॥ 3,6	२३॥ 3,8	१७ 389व	२० 6,9व	२० 6,9व	१५॥ 1567	१६ 1567	१८ 1357
वृष	कृति 2,3,4	१९ 2,3,6	२० 2,6	१९ 2,8	२८ 8	२० 6,8	२६॥ 3,6	१७॥ 2,3,6	१७॥ 2,3,6	१८॥ 2,3,6	२२ 3,5,6	२३ 3,5,6	२० 3,5,8	१९ 358व	२२ 5,6व	२२ 5,6व	२१ 6,9	२१ 6,9	२३॥ 3,9
	रोह 1 से 4	२४ 2,3	२३॥ 2,3	११ 2,6,8	२० 6,8	२८ 8	३६	२७ 1,2	२४ 1,2,3	२३ 1234	२६ 3,4,5	२७ 3,5	१२॥ 3468	१०॥ 3568	२४॥ 3,5व	२७ 5,व	२६ 4,9	२६ 4,9	२० 4,6,9
	मृग 1-2	२३॥ 2,3	१५ 2,3,8	१९ 2,3,6	२७॥ 3,6	३५ -	२८ 8	१९॥ 1,2,8	२४॥ 1,2,4	२३ 1234	२६ 3,4,5	१९ 3,5,8	२१ 3,5,6	१९॥ 456व	१५ 3458	२४॥ 3,5व	२४ 3,9	२६ 4,9	१३ 6,8,9
मिथुन	मृग 3-4	२७ 3,5	१८ 3,5,8	२२ 3,5,6	२० 2,3,6	२७॥ 2,व	२० 2,8,व	२८ 8	३३ 4	३१॥ 3,4	१९॥ 2,4,5	१२ 2358	१४॥ 2356	२४ 3,4,6	२० 348व	२८॥ 3,व	३१॥ 3	३४ 4	२१ 4,6,8
	आर्द्रा 1 से 4	१९॥ 3,5,8	२७॥ 3,5	२१॥ 3,5,6	१९ 2,3,6	२५ 2,3,4	२६ 2,4	३४ -	२८ 8	२५ 4,8	१३ 24568	२०॥ 235व	१३ 2356	२४ 3,6,व	२९॥ 3,4व	२१॥ 3,4,8	२४॥ 3,4,8	२५ 3,4,8	२७॥ 4,6
	पुन. 1,2,3	२० 3,5,8	२७ 3,5	२३॥ 3,5,6	२०॥ 2,3,6	२३ 2,3,4	२४ 2,3,4	३१॥ 3,4	२४ 4,8	२८ 8	१६ 258व	२३ 2,5,व	१७ 235व	२३ 346व	२७ 3,4व	२२ 3,8व	२५ 3,8	२६ 3,8	२७॥ 3,6
कर्क	पुन. 4	२३ 1,3,8	२९॥ 1,3	२५॥ 1,3,6	२२ 1356	२४ 1345	२५ 1345	१८ 1245	१० 12568	१५ 1258	२८ 8	३५ -	२९॥ 3,6	१६॥ 1246	२०॥ 1234	१५॥ 1238	१८ 1358	१९॥ 1358	२१ 1356
	पुष्य 1 से 4	३०॥ 1,3	२१॥ 1,3,8	२७ 1,3,6	२३ 1356	२५ 1,3,5	१८ 1358	११॥ 12358	१८॥ 1235	२२ 125व	३५ -	२८ 8	३० 6	२० 1236	१५॥ 1238	२३॥ 1,2,3	२६ 1,3,5	२७ 1,3,5	१२॥ 14568
	श्ले. 1 से 4	२६ 1,6	२५ 1,3,6	२३ 1,3,8	१९ 1358	११॥ 14568	१९ 1456	१३ 12456	१२ 12456	१५॥ 1256	२८ 3,6	२९ 6	२८ 8	१५ 1248	१५॥ 1246	१८॥ 1236	२१॥ 1356	२१ 1356	२६ 1,3,5
सिंह	मघा 1 से 4	२० 6,9,व	२० 6,9,व	१६॥ 8,9,व	१७॥ 158व	९॥ 1568व	१७॥ 156व	२१॥ 146व	२२॥ 136व	२१ 1346व	१६॥ 2,4,6	२० 2,3,6	१६॥ 2,4,8	२८ 8	३० 6	२७ 3,6	१६ 1236	१६॥ 1236	२१॥ 123व
	पू.फा. 1 से 4	२६ 9,व	१८॥ 8,9,व	२० 6,9,व	२१ 156व	२३॥ 145व	१५॥ 1458	२० 148व	२८॥ 1,3,व	२६ 1,4,व	२२॥ 2,3,4	१७॥ 2,3,8	१६॥ 2346	३० 6	२८ 8	३५	२४ 1,2व	२३ 123व	७॥ 1268
	उ.फा. 1	१७ 8,9,व	२६ 9,व	२१ 6,9,व	२१ 156व	२६ 1,5,व	२५ 135व	२८॥ 1,3व	२१ 1,3,8	२१॥ 1,3,8	१७॥ 2,3,8	२५॥ 2,3	२० 2,3,6	२७॥ 3,6	३५ -	२८ 8	१७ 128व	१६॥ 128व	१३॥ 1236
कन्या	उ.फा. 2,3,4	१३ 3578	२२॥ 5,7	१६ 5,6,7	२१ 6,9	२६ 4,9	२४॥ 3,9	३१॥ 1,3	२३॥ 1,3,8	२४॥ 1,3,8	२० 3,5,8	२८ 3,5	२२॥ 3,5,6	१८ 2,6,व	२५ 2,व	१८ 2,8व	२८ 8	२७॥ 8	२५ 3,4,6
	हस्त 1 से 4	१० 34578	२० 3,5,7	१७॥ 5,6,7	२२ 6,9	२५ 9	२६ 9	३३ 1,4	२२॥ 1,3,8	२४ 1,3,8	२० 358व	२८ 3,5व	२३ 3,5,6	१८॥ 236व	२२॥ 2,3व	१६ 2,8व	२६ 8	२८ 8	२८ 4,6
	चित्रा 1,2	१३ 3567	४॥ 45678	१९ 3,5,7	२४ 3,4,9	२० 6,9	१२॥ 6,8,9	१९ 1,6,8	२६ 1,4,6	२५॥ 1,3,6	२१॥ 356व	१२॥ 3568व	२७ 35,व	२२॥ 2,3,व	८॥ 2368व	१४॥ 2346व	२४॥ 3,4,6	२७॥ 4,6	२८ 8

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी – (भाग-२)

वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अश्वि 1 से 4	भर. 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुनं 1,2,3	पुनं 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पू.फा. 1 से 4	उ.फा. 1	उ.फा. 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
तुला	चित्रा 3,4	२२॥ 3,4,6	१४ 3468	२८॥ 3,4	२४ 3,7	२०॥ 4,6,7	१२ 6,7,8	१३ 6,8,9	२१ 4,6,9	११॥ 3,6,9	२०॥ 3,5,6	२१ 3568	२६॥ 3,5,व	२५॥ 3,5,व	२२॥ 3568	१७॥ 456व	१७॥ 2346	२० 2,4,6	२१ 2,8
	स्वा. 1 से 4	२७॥ 3,4	२१॥ 3	१७॥ 3,6,8	१३ 3678	१५॥ 3,7,8	१६ 4,7	२७ 9	२६॥ 4,9	२८ 9	२१ 5,व	२७ 3,5	१४ 3568	१३ 3568	२५॥ 3,5व	२५॥ 3,5व	२६ 2,3	२७॥ 2,3	२१ 2,4,6
	विशा 1,2,3	२२॥ 3,4,6	२३ 3,4,6	२०॥ 3,4,8	१५॥ 3478	१०॥ 3678	१८॥ 3,6,7	२० 3,6,9	२० 4,6,9	२१ 4,6,9	२२ 56,व	२१॥ 4,5,6	१८॥ 3,5,8	१७॥ 358,व	२२॥ 356व	१७॥ 2346	१७॥ 2346	१९ 2346	२७॥ 2,3
वृश्चिक	विशा 4	१७ 1467	१७ 1467	१४॥ 1478	११॥ 1,4,8	१४॥ 1368	२२॥ 1,3,6	१२॥ 1567	१३ 1567	१३॥ 1567	११॥ 4,6,9	१८॥ 4,6,9	१५॥ 3,8,9	२२ 1,3,8	२३॥ 136व	२२॥ 146व	१७॥ 1456	१८ 1456	२७ 135व
	अनु. 1 से 4	२५ 1,3,7	१५॥ 1378	२० 1367	२४॥ 1,3,6	२७॥ 1,3,4	२०॥ 1,3,8	१० 13578	१५ 13457	२०॥ 1,5,7	२६॥ 9	१८॥ 8,9	२१ 6,9	२५ 1,3,6	२१ 138व	२१॥ 1,3व	२५ 135व	२६ 135व	११॥ 1358
	ज्ये. 1 से 4	१२ 1678	१८॥ 1367	२५ 1,3,7	२१॥ 1,3	२२॥ 1,3,6	२२॥ 1,3,6	१३ 13567	३ 134578	५॥ 135678	१०॥ 3689	२० 6,9	२६ 9	३१ 1,4,व	२४ 136व	१७ 1368	१३ 13568	१३ 1568व	२४॥ 1345
धनु	मूल 1 से 4	१२ 4689	२१ 6,9	२५ 3,9	११॥ 1,5,7	१३ 1567	१३॥ 1567	२२ 1356	१५ 1568	१२ 14568	७॥ 4678	१७॥ 3,6,7	२४ 4,7	२५ 9,व	२० 6,9व	९॥ 689व	१३ 1568	१३ 1568	२६ 1,4,5
	पू.षा. 1 से 4	२६ 9	१८॥ 8,9	१८॥ 4,6,9	१२॥ 14567	१८॥ 1457	११ 14578	१८॥ 1458	२७ 1,3,5	२७ 1,3,5	२३॥ 37,व	१३ 3478	१७॥ 3,6,7	११ 6,9,व	१७॥ 8,9व	२५ 9,व	२८॥ 1,5	२७ 1,3,5	१३॥ 13568
	उ.षा. 1	२५ 3,9	२६ 4,9	१२ 4689	६ 15678	१० 14578	१७ 1457	२५ 1,4,5	२७ 1,3,5	२७॥ 1,3,5	२३॥ 37,व	२३॥ 3,7,व	८॥ 678व	८॥ 4689	२४ 4,9व	२५ 9,व	२८॥ 1,5	२८॥ 1,5	२१ 1,5,6
मकर	उ.षा. 2,3,4	२७ 3,4,5	२८॥ 4,5	१४॥ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२३ 3,4,9	२२ 1347	२२ 1,3,7	२२॥ 1,3,7	२८ 3,5	२८ 3,5	१४ 3568	४॥ 45678	२० 4,5,7	२१ 4,5,7	२४॥ 9,व	२५ 9,व	१७॥ 4,6,9
	श्रव 1234	२७ 3,4,5	२६॥ 3,4,5	१४ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२६ 4,9	२३ 147व	२२ 1,3,7	२२ 1,4,7	२८ 4,5	२६ 4,5	१५ 4568	६॥ 5678	१८॥ 4,5,7	२० 4,57	२४ 4,9व	२४॥ 4,9व	११॥ 4,6,9
	धनि 1,2	२० 3456	११॥ 34568	२६ 3,4,5	२४ 3,4,9	२०॥ 4,6,9	१२ 4689	९ 1678	१६ 1467	१६ 1467	२२ 4,5,6	१३ 4568	२८ 4,5	११॥ 4,5,7	५॥ 5678	११॥ 4567	१६ 469व	१८ 469व	१५ 469व
कुम्भ	धनि 3,4	२० 4,5,6	१०॥ 4568	२६ 3,4,5	३०॥ 3,4	२७ 4,6	११॥ 4,6,8	११ 4689	११ 4,6,9	१८॥ 3469	१३ 4567	४॥ 45678	११॥ 357व	२५॥ 3,5,व	११ 568व	१८॥ 456व	१८ 4,6,7	११ 4,6,7	१७ 4,7,8
	शत 1 से 4	१५ 3568	२१ 3,5,6	२८ 3,5	३२॥ 3	२५॥ 3,4,6	२७ 4,6	२० 4,6,9	११ 4698	१३ 6,9,8	८ 5678व	१४ 567व	२२ 5,7,व	२६॥ 3,5,व	२०॥ 356व	११॥ 568व	११॥ 3678	९ 4678	२५ 4,7
	पू.भा. 1,2,3	१८ 4,5,8	२५ 3,4,5	२० 4,5,6	२५ 3,4,6	३१॥ 3,4	३१॥ 3,4	२५ 3,4,9	१७॥ 4,8,9	१८॥ 4,8,9	१३॥ 4578व	२० 457व	१३ 3567व	११॥ 5,6,व	२५॥ 4,5व	१६॥ 458व	१५॥ 4,7,8	१५॥ 3478	१७॥ 3467
मीन	पू.भा. 4	१४॥ 1248	२२ 1234	१६॥ 1246	११ 1456	२६ 1345	२६ 1345	२६ 145व	१८॥ 1458	११ 1458	१८ 4,8,9	२५ 4,9	११ 4,6,9	१८ 1467	२३॥ 1347	१४॥ 1478	१६ 1458व	१७ 1458	१८॥ 1456
	उ.भा. 1 से 4	२५ 1,2,3	१७ 1238	११ 1236	२१ 1356	२६ 1345	१८ 1358	१७॥ 1358	२५ 135व	२८ 1,5,व	२७॥ 9	११॥ 8,9	२२॥ 6,9	११ 1367	१७ 1378	२६ 1,3,7	२७॥ 135व	२७ 135व	१० 14568
	रेव 1 से 4	२५ 1,2,4	२४॥ 1,2,3	११ 1268	१४ 1568	१७॥ 1358	२६ 1,3,5	२५ 135व	२४॥ 135व	२६ 1,3,5	२६ 3,9	२७॥ 9	१४ 6,8,9	१३ 1687	२३॥ 1,3,7	२४ 1,3,7	२६ 135व	२७ 135व	११॥ 1456

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ४) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी – (भाग-३)

कन्या राशि	वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓	तुला			बृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन	
		चित्रा 3,4	स्वा. 1 से 4	विशा 1,2,3	विशा 4	अनु 1 से 4	ज्ये 1 से 4	मूल 1 से 4	पू.षा. 1 से 4	उ.षा. 1 चरण	उ.षा. 2,3,4	श्रव 1 से 4	धनि 1,2	धनि 3,4	शत 1 से 4	पू.भा. 1,2,3	पू.भा. 4	उ.भा. 1 से 4
मेष	अश्वि 1 से 4	२२॥ 1346	२६॥ 1,3,4	२२॥ 1346	१८॥ 3467	२५॥ 3,7	१४॥ 6,7,8	१३ 6,8,9	२५ 4,9	२३॥ 1,3,9	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	२० 1456	२०॥ 1456	१५ 1358	१६ 1358	१५ 2348	२५ 2,3
मेष	भर 1 से 4	१३॥ 1368	२९ 1,3	२१॥ 1,3,6	१७॥ 3467	१७॥ 378	२० 3,6,7	२० 6,9	१८॥ 8,9	२६ 4,9	२७॥ 1,5	२६ 1,3,5	१० 14568	९॥ 14568	२० 1356	२४ 1345	२३ 2,3,4	१७॥ 2,3,8
मेष	कृति 1 चरण	२७॥ 1,3,4	१५ 1368	१९॥ 1348	१५॥ 3478	१९॥ 3,6,7	२५॥ 3,7	२५ 3,9	१८॥ 4,6,9	१२॥ 6,8,9	१३॥ 1568	१२ 14568	२५ 1,3,5	२५॥ 1,3,5	२७ 1,3,5	१९॥ 1356	१७॥ 2346	१९॥ 2,3,6
वृष	कृति 2,3,4	२३ 1347	११ 13678	१४॥ 1378	२०॥ 3,4,8	२४॥ 3,6	३०॥ 3	२० 3,5,7	१४ 4567	७ 5678	१२ 6,9,8	१०॥ 4689	२४ 3,4,9	२९॥ 1,3,4	३१॥ 1,3	२३॥ 1346	२० 3456	२२ 3,5,6
वृष	रोह 1 से 4	१९॥ 1,6,7	१५॥ 1378	९॥ 1678	१५ 1368	२९॥ 3,4	२४ 3,6	१४॥ 3567	१९॥ 3,5,7	११॥ 4578	१६ 4,8,9	१७॥ 4,8,9	२०॥ 4,6,9	२६ 1,4,6	२५ 1,3,6	३१ 1,3,4	२७ 3,4,5	२७ 3,4,5
वृष	मृग 1-2	१२ 1678	२५॥ 1,7	१९ 1367	२५ 3,6	२१॥ 3,5,8	२४॥ 3,6	१५ 3567	१०॥ 3578	१७॥ 3457	२२ 3,4,9	२५॥ 4,9	१३ 4689	१९॥ 1468	२७ 1,4,6	२९॥ 1,3,4	२६ 3,5	१८ 3,5,8
मिथुन	मृग 3-4	१४ 6,8,9	२७ 4,9	२१ 3,6,9	१४ 3567	११ 3578	१४ 3567	२३ 3,5,6	१८॥ 3458	२५ 3,4,5	२०॥ 347व	२४ 4,7,व	११ 678व	१३ 6,8,9	२१॥ 6,9	२४ 3,9	२५॥ 3,5,व	१७॥ 3,5,8
मिथुन	आर्द्रा 1 से 4	२१ 4,6,9	२७ 9	२०॥ 4,6,9	१३ 4567	१७॥ 3457	३ 345678	१६ 3568	२८ 3,5	२८ 3,5	२३॥ 3,7व	२३॥ 3,7,व	१८ 467व	१९॥ 4,6,7	१२॥ 689	१७॥ 4,8,9	१९ 5,8,व	२६॥ 3,5व
मिथुन	पुन. 1,2,3	२१ 3,6,9	२८ 9	२२ 6,9	१५ 5,7व	२२ 5,7व	७ 35678	१४ 34568	२७ 3,5	२७ 3,5	२२॥ 3,7व	२३॥ 3,7,व	१७॥ 3467	१९ 3469	१४ 6,8,9	१६ 4689	१८॥ 4,8,9	२८ 5,व
कर्क	पुन. 4	२१ 1356	२८ 1,5व	२२ 156व	२० 6,9	२६ 9	१२ 3689	८॥ 14678	२१ 147व	२१॥ 147व	२६ 1,3,5	२७ 1,3,5	२१ 1456	१२ 14567	८॥ 1567	१०॥ 14578	१६॥ 4,8,9	२६॥ 9
कर्क	पुष्य 1 से 4	११ 14568	२६॥ 1,3,5	२१॥ 1456	१९॥ 4,6,9	१८॥ 8,9	२१ 6,9	१७॥ 1367	११॥ 1478	२१॥ 1347	२६ 1,3,5	२५ 1345	१३ 13568	४॥ 145678	१४ 13567	१८॥ 1457	२४ 4,9	१८॥ 8,9
कर्क	श्ले. 1 से 4	२५॥ 1,3,5	१२ 1568	१७॥ 1,5,8	१५ 3,8,9	२०॥ 6,9	२६ 9	२३ 1,4,7	१६ 1367	७॥ 3678	१३ 4568	१३ 4568	२६ 1,4,5	१७॥ 1457	२० 1357	११ 14567	१८ 4,6,9	२१ 6,9
सिंह	मघा 1 से 4	२४॥ 1,3,5	११॥ 13568	१६॥ 1358व	२२॥ 3,8व	२६ 3,6व	३३ व	२५ 9,व	१९॥ 6,9व	८॥ 689व	३॥ 15678	४॥ 15678	१८॥ 1,5,7	२४॥ 1,5,व	२५॥ 1,5,व	१८॥ 156व	१९ 3,6,7	२० 3,6,7
सिंह	पू.फा. 1 से 4	१०॥ 1568	२५॥ 135व	१८॥ 156व	२४ 3,6व	२३॥ 3,8व	२५॥ 3,6व	२० 6,9व	१७॥ 8,9,व	२४ 4,9व	१९ 1,5,7	१८॥ 1,5,7	४॥ 15678	११ 1568	१९॥ 156व	२४॥ 135व	२५ 3,7	१७॥ 3,7,8
सिंह	उ.फा. 1	१७ 13456	२५॥ 1,3,5	१६॥ 13456	२२॥ 3,4,6	३१॥ 3,व	१७॥ 3,6,8	९॥ 3689	२५ 9,व	२५॥ 9,व	२० 1,5,7	२० 1,5,7	११॥ 1567	१७॥ 1356	११ 3568	१५॥ 358व	१६ 3478	२६॥ 3,7
कन्या	उ.फा. 2,3,4	१६॥ 1246	२५॥ 1,2,3	१७ 1246	१८ 456व	२७॥ 3,5व	१३॥ 568व	१४ 3568	२९॥ 5	२९॥ 5	२४॥ 9,व	२५ 9,व	१७ 3,6,9	१६॥ 1367	१०॥ 3678	१४॥ 1378	१७॥ 3,5,8	२८ 3,5व
कन्या	हस्त 1 से 4	२० 1246	२६॥ 1,2,3	१८॥ 1236	२० 3456	२६ 3,5व	१३॥ 3568	१५ 3568	२७ 3,5	२८॥ 5	२४ 9,व	२४ 9,व	१९ 4,6,9	१९ 1467	८॥ 34678	१३॥ 1378	१६॥ 3458	२६॥ 3,5व
कन्या	चित्रा 1,2	२० 1,2,8	१९ 1246	२६॥ 1,2,3	२८॥ 3,5व	११ 3568	२५ 345व	२७ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	१७॥ 3,6,9	१९ 6,9,व	१५॥ 4,8,9	१६ 1478	२४ 1,4,7	१६॥ 1467	१९॥ 3456	१० 34568

नोट–गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1 ,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी – (भाग-४)

कन्या ↓	वर/नक्षत्र →	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
	नक्षत्र	चित्रा 3,4	स्वा. 1 से 4	विशा 1,2,3	विशा 4	अनु 1 से 4	ज्ये 1 से 4	मूल 1 से 4	पू.षा. 1 से 4	उ.षा. 1 चरण	उ.षा. 2,3,4	श्रव 1 से 4	धनि 1,2	धनि 3,4	शत 1 से 4	पू.भा. 1,2,3	पू.भा. 4	उ.भा. 1 से 4	रेव 1 से 4
तुला	चित्रा 3,4	२८ 8	२७ 4,6	३४ 3	२३॥ 2,3व	६ 2348व	२१ 234व	२७॥ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	२५ 3,6,व	२७ 6,व	२३॥ 4,8,व	१८॥ 4,8,9	२६ 4,9	१९ 3469	१२ 4567	३ 345678	१२ 34567
	स्वा. 1 से 4	२८ 4,6	२८ 8	२० 4,6,8	१० 248व	२१॥ 2,3व	१६॥ 236व	२३ 3,5,6	२७ 3,5	१९ 3,5,8	२२ 3,8,व	२३ 3,8,व	२७ 4,6	२१ 4,6,9	२० 4,6,9	२५ 4,9	१९ 457,व	१९॥ 3,7,व	१२ 3578
	विशा 1,2,3	३४॥ 3	१९ 4,6,8	२८ 8	१७॥ 2,8व	१६ 246व	२१॥ 234व	२७॥ 3,4,5	२२ 3,5,6	१४ 3568	१७ 368व	१७॥ 368व	३०॥ 3,4,व	२५ 3,4,9	२६ 4,9	२० 4,6,9	१४ 4567	१३॥ 4567	४ 45678
वृश्चिक	विशा 4	२३ 123व	७ 12468व	१६॥ 128व	२८ 8	२७॥ 4,6	३१॥ 3,4	२२ 1234	१७॥ 1362व	९ 12368	१२॥ 13568	१२॥ 13568	२५ 1345	२४ 1345	२६ 145,व	२० 1456	१९॥ 4,6,9	१८॥ 4,6,9	९॥ 4689
	अनु. 1 से 4	६॥ 12468	२२ 123व	१६ 1246	२८ 4,6	२८ 8	३१ 6	१५ 12346	१३॥ 1238व	२२ 123व	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	१२ 13568	११ 1358	२१ 1356	२४॥ 145व	२४ 4,9	१८॥ 8,9	२७॥ 9
	ज्ये. 1 से 4	१९॥ 1234	१५ 126व	१९॥ 1234	३१॥ 3,4	३० 6	२८ 8	१४॥ 1248	१७॥ 1236	१७॥ 1व236	२० 1356	२० 1356	२५ 1,3,5	२४ 1345व	१८ 1358	१० 13568	९॥ 3689	२१॥ 6,9	२१ 6,9
धनु	मूल 1 से 4	२६ 1,4,5	२१ 1356	२६ 1,4,5	२३ 124व	१५॥ 1246	१५ 1248	२८ 8	२८ 4,6	२६॥ 3,6	१५॥ 1236	१५॥ 1236	२०॥ 1234	२८॥ 1,3,4	२१॥ 1,3,8	१४॥ 1468	१६॥ 3468	२५ 6,व	२७ 6,व
	पू.षा. 1 से 4	१३ 1568	२७ 1,3,5	२१ 1356	१८ 246व	१५॥ 238व	१८ 246व	२८ 4,6	२८ 8	३४ -	२३ 124व	२३॥ 1,2,व	५॥ 1268	१४॥ 1468	२३॥ 1,4,6	२८॥ 1,4	३०॥ 4,व	२३॥ 8,व	३१ 3,व
	उ.षा. 1	२१ 1,5,6	१९ 1,5,8	१३ 1568	९॥ 268व	२४ 2,3व	१८॥ 2,3,6	२६॥ 3,4,6	३४ -	२८ 8	१६॥ 126व	१५ 1248व	१५॥ 1236व	२३॥ 1,3,6	२३॥ 1,3,6	२१॥ 1,3,4	३१ 3,व	३१ 3,व	२३ 3,8,व
मकर	उ.षा. 2,3,4	२४ 1,3,6	२२॥ 1,3,8	१५॥ 1368	१३ 4568	२७ 4,5	२१ 4,5,6	१६ 246व	२४ 2,4व	१७॥ 2,8व	२८ 8	२६ 4,8	२६॥ 4,6	१७॥ 126व	१७॥ 126व	२३॥ 1234	३०॥ 3,4	३१ 3,4	२२॥ 3,4,8
	श्रव 1234	२७ 146व	२२॥ 148व	१७॥ 1468	१४ 3568	२७ 3,4,5	२२ 3456	१७॥ 246व	२३॥ 2,3व	१५ 248व	२५ 4,8	२८ 8	२८ 4,6	१९ 1246	१८ 1246	२१॥ 124व	२८॥ 3,4	२९॥ 3,4	२२॥ 3,4,8
	धनि 1,2	२३ 148व	२४॥ 146व	२९ 1,4व	२६ 3,4,5	१२ 4568	२६ 3,4,5	२१ 234व	७॥ 2468व	१६ 2346	२७ 3,4,6	२७॥ 4,6	२८ 8	१८॥ 128व	२४ 124व	२० 126व	२६॥ 3,6	१५॥ 4,6,8	२२॥ 3,4,6
कुम्भ	धनि 3,4	१८॥ 4,8,9	२० 4,6,9	२५ 3,4,9	२५ 4,5व	११ 4568	२५ 4,5व	२९॥ 3,4	१५॥ 3468	२४॥ 3,6	१८ 236व	१९ 246व	२० 2,8,व	२८ 8	३३ 4	२८॥ 3,6	१८ 236व	७ 2468व	१४॥ 246व
	शत 1 से 4	२६ 4,9	१९॥ 4,6,9	२६ 4,9	२६॥ 4,5व	२१ 356व	१९ 358व	२२॥ 3,4,8	२४॥ 3,4,6	२४॥ 3,4,6	१८॥ 236व	१८॥ 236व	२५ 2,4,व	२९ 4	१९ 8	१९॥ 4,6,8	८॥ 2468व	१७॥ 236व	१६ 236व
	पू.भा. 1,2,3	१९ 3469	२६ 4,9	२० 4,6,9	२०॥ 456व	२६॥ 4,5व	११ 4568व	१५ 3468	२९ 3,4	३०॥ 3,4	२४॥ 234व	२३॥ 234व	२०॥ 236व	२९ 3,6	१९ 4,6,8	२८ 8	१७॥ 2,8,व	२२॥ 2,4,व	२०॥ 234व
मीन	पू.भा. 4	१२ 14567	१९॥ 1457	१३॥ 14567	१९॥ 4,6,9	२५ 4,9	९ 4689	१५॥ 1468	२९ 134व	३० 1,3व	२९॥ 1,3,4	२८॥ 1,3,4	२५॥ 1,3,6	१७ 1236व	८ 12468	१७ 128व	२८ 8	३३ 4	३०॥ 3,4
	उ.भा. 1 से 4	३ 145678	१९॥ 1357	१२॥ 14567	१८॥ 4,6,9	१९॥ 8,9	२१॥ 6,9	२४॥ 136व	२२॥ 1,8व	३० 134व	२९॥ 1,3,4	२९॥ 1,3,4	१४॥ 1468	५॥ 12468	१६॥ 1236व	२२ 124व	३३ 4	२८ 8	३५ -
	रेव 1 से 4	१३ 14567	११ 1578व	४॥ 145678	१०॥ 4689	२७॥ 9	२२॥ 6,9	२७ 146व	२९॥ 1,3व	२१॥ 138व	२१ 1348	२१॥ 1348	२३ 1346	१४॥ 1246व	१६॥ 1236व	१८॥ 124व	३० 3,4	३४ -	२८ 8

नोट–गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्ठक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

तिथि, नक्षत्रादि गण्डान्त नक्षत्रों का विचार

अश्विनी नक्षत्र—मेष राशि एवं केतु के इस नक्षत्र में उत्पन्न हुए बच्चे का जीवन प्रायः संघर्षशील होता है। इस नक्षत्र में **प्रथम चरण** में जन्म होने से पिता के लिए कष्टकारी, **दूसरे चरण** में फिजूलखर्ची, **तीसरे चरण** में भ्रमणशील तथा **चतुर्थ नक्षत्र** में कृश शरीर (अपने शरीर के लिए) कष्ट रहता है।

आश्लेषा नक्षत्र—कर्क राशि एवं बुध के नक्षत्र के जातक प्रायः चंचल एवं चतुर बुद्धि वाले तथा परिवर्तनशील प्रकृति के होते हैं। **प्रथम चरण** में जन्म हो तो विशेष दोष नहीं, **दूसरे चरण** में पैतृक धन की हानि, **तीसरे चरण** में माता-पिता के लिए गण्डान्त शूल तथा **चतुर्थ चरण** में पिता के लिए अनिष्टकारी है—

आश्लेषाद्ये न गण्डं स्यातंधनगण्डं द्वितीयके। तृतीये मातृगण्डं तु पितृगण्डं चतुर्थके॥

मघा नक्षत्र—सूर्य राशि और केतु के नक्षत्र में उत्पन्न जातक स्पष्टवादी, शीघ्र क्रुद्ध होने वाले, उद्यमी और धनवान होते हैं। **प्रथम चरण** में उत्पन्न हो तो माता-पिता को कष्ट या मातृ पक्ष की हानि, **दूसरे चरण** में पिता को परेशानी, **तीसरे चरण** में जन्म हो तो शुभ फलदायक, **चतुर्थ चरण** में जन्म हो तो विद्या, धनादि के लिए शुभ होता है।

ज्येष्ठा नक्षत्र—मंगल की राशि (वृश्चिक) एवं बुध के नक्षत्र में उत्पन्न जातक सरल हृदय, तीक्ष्ण बुद्धि, धर्म परायण तथा उन्नति के कार्यों में अनेक बाधाओं से युक्त होते हैं। ज्येष्ठा नक्षत्र के **प्रथम पाद** (चरण) में उत्पन्न बच्चा ज्येष्ठ (बड़े) को अरिष्टकर, **दूसरे चरण** में पैदा हो तो छोटे भाई को नेष्ट, **तीसरे चरण** में पिता के लिए अरिष्टकर तथा यदि **चतुर्थ चरण** में उत्पन्न हो जातक स्वयं अपने एवं पिता के लिए अनिष्टकारी होता है।

ज्येष्टाद्यपादेऽवज्रमाशुं हन्याद् द्वितीयपादे यदि तत्कानिष्ठम्।
तृतीयपादे पितरं निहन्ति चतुर्थे मृतमेति जातः॥

ज्येष्ठा नक्षत्र और मंगलवार के योग में उत्पन्न कन्या बड़े भाई के लिए अरिष्टकारक होती है।

अभुक्त मूल नक्षत्र—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम २ घटियाँ तथा मूल नक्षत्र के आरम्भ की २ घटियाँ—कुल चार घड़ियाँ **अभुक्त मूल** गण्ड नक्षत्र कहलाते हैं। इनमें उत्पन्न कन्या, पुत्र, पशु और नौकर कुल के लिए अनिष्टकारी होते हैं। इनमें उत्पन्न बच्चे को बिना शान्ति कराये न देखें।

अभुक्त मूं गठिका चतुष्टयं ज्येष्ठान्त्यमूलादि भवं हि नारदः।
जातं शिशुं तत्र परित्यजेत् वा मुखं पिताऽस्याष्ट समा न पश्येत्॥

अभुक्त मूल—नक्षत्रों की आद्यान्त घटियों के बारे में विद्वानाचार्यों में मतान्तर पाया जाता है। यथा-नारद के अनुसार ज्येष्ठा, मूल नक्षत्र की चार घटियाँ, वशिष्ठ के अनुसार २ घड़ियाँ तथा बृहस्पति के मतानुसार केवल १-१ अभुक्त-मूल संज्ञक है। अभुक्तमूलोत्पन्न बालक यदि जीवित रहे, तो अपने वंश की वृद्धि करने वाला, धनवान् एवं सम्पत्तिवान होता है।

मूल नक्षत्र—केतु के नक्षत्र और गुरु की राशि (धनु) में उत्पन्न जातक धार्मिक रुचि वाला, उदार हृदय, मिलनसार, परोपकारी, धन-वाहनादि सुखों से युक्त होता है। चरण भेदानुसार मूल के **प्रथम चरण** में उत्पन्न जातक पिता की हानि करता है। **दूसरे चरण** में माता की हानि, **तीसरे चरण** में धन का नाश तथा **चौथा चरण** शुभ होता है। नक्षत्र की विधिपूर्वक शान्ति करवा लेने से अनिष्ट का भय नहीं रहता।

मूलाद्यपादे पितरं निहन्याद् द्वितीयके मातरमाशु हन्ति।
तृतीयजो वित्तविनाशकः स्यात् चतुर्थपादे समुपैति सौख्यम्॥

मूल नक्षत्र और रविवार दोनों के योग में उत्पन्न कन्या श्वसुर के लिए अनिष्टकारी होती है—

भौमवासरे योगेन ज्येष्ठाजा ज्येष्ठ सोदरम्॥ भानुवासरयोगेन मूलजा श्वसुरं हरेत्॥

मूल नक्षत्र फल का अन्य प्रकार

मूल नक्षत्र की सम्पूर्ण घटियों को १५ द्वारा भाग देकरं १५ खण्ड बना लें। प्रत्येक खण्ड का फल इस प्रकार से होगा। **प्रथम भाग** हो तो पिता के लिए अनिष्टकर, **दूसरे में** चाचा की हानि, **तीसरे में** बहनोई की हानि, **चौथे में** पितामह (दादा) की हानि, **आठवें में** चाची के लिए अनिष्टकर, **नवमे में** सबके लिए अनिष्टकर, **दसवें अंश में** पशु का नाश, **ग्यारहवें में** नौकर का नाश होता है। **बारहवें अंश में** स्वयं जातक का नाश होता है। **तेरहवें अंश में** हो तो उसके ज्येष्ठ भाई का नाश, **चौदहवें अंश में** जातक की बहिन का अनिष्ट होता है। अगर **पन्द्रहवें में** हो तो नाना का नाश (अनिष्ट) होता है।

उदाहरणार्थ यदि मूल का सर्वर्क्ष योग ६४ घड़ी १८ पल है, तो इसमें १५ द्वारा भाग देने से लब्ध प्रथम भाग में ४ घड़ी, १७ पल हुए। मान लो कि जन्मकालीन भयात् २८।४५ है। ४।१७ घट्यादि को ९ से गुणा करने पर पता चला कि ३८।३३ पर नौवां खण्ड (भाग) समाप्त होकर ३८।४५ पर दसवां भाग पड़ता है। तदनुसार फल चौपाय आदि पशु के लिए अनिष्ट रहेगा।

रेवती नक्षत्र—बुध के नक्षत्र और गुरु की राशि (मीन) में उत्पन्न जातक सर्वप्रिय, विद्यावान, सुन्दर आकृति, तर्कशील एवं धनवान् होता है। रेवती के **प्रथम चरण** में जन्म हो तो राजा के समान वैभवशाली, दूसरे में मन्त्री के समान सुख साधनों से युक्त, **तीसरे में** जन्म होने से धनवान तथा **चतुर्थ में** जन्म होने से माता-पिता के लिए अरिष्टकारी होता है।

दिवाजातस्तु पितरं रात्रिजो जननी तथा। आत्मानं संध्यायोहन्ति नास्ति गण्डे विपर्ययः॥

गण्डमूल नक्षत्र शान्ति के लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित सम्पूर्ण 'गण्डमूल नक्षत्र-शान्ति प्रयोग' पुस्तक मंगवा लेवें। मूल्य ६५ रुपए।

अरिष्ट ग्रहों की शान्ति हेतु सप्तवारों के व्रत की विधि

यदि किसी जातक की जन्म कुण्डली में कोई अशुभ ग्रह अनिष्टकारक हो अथवा किसी विशेष कार्य सिद्धि में कोई अनिष्ट ग्रह बाधा एवं पीड़ा पहुंचा रहा हो, तो उससे सम्बन्धित वार में विधि अनुसार व्रत, पाठ-पूजा एवं ग्रह मंत्र के जप हवन दानादि करने से अरिष्ट ग्रह की शान्ति होने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारे कार्यालय से **''व्रत और त्यौहार''** एवं **सप्तवार कथा** मंगवा कर पढ़ सकते हैं। मूल्य 60 रुपए। व्रत, जप, हवनादि अनुष्ठान करने से मानसिक व कायिक पापों का प्रायश्चित हो जाता है।

रविवार के व्रत की विधि—सर्व मनोकामना की पूर्ति विशेषकर शत्रु विजय, पुत्र प्राप्ति, नेत्र रोग, कुष्ठ (कोढ़) आदि चर्म रोगों के निवारण हेतु तथा आयु एवं सौभाग्य वृद्धि के लिए रविवार का व्रत किया जाता है। इस व्रत को सूर्यषष्ठी (विशेषकर रविवासरी), रथ सप्तमी अथवा शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) रविवार से प्रारम्भ करके प्रत्येक रविवार कम से कम बारह (१२) अथवा एक वर्ष पर्यन्त व्रत रखें। व्रत के दिन प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर सूर्य के बीज मंत्र **''ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः''** मंत्र का कम से कम तीन माला करके सूर्य भगवान् का ध्यान करें। **आदित्याय विद्महे भास्कराय धीमहि तन्नो भानुः प्रचोदयात्॥** अथवा गायत्री मंत्र की दो माला जाप करें। तदनन्तर ताम्र बर्तन में शुद्ध जल (गंगा जल सहित), गंगाक्षत, लाल पुष्प या लाल चन्दन एवं कुशा डालकर सूर्य देव को इस मंत्र द्वारा अर्घ्य देकर प्रदक्षिणा करें—**''एहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजो राशे जगत्पते। अनुकम्पय मां गृहाण अर्घ्य दिवाकर''** स्वयं भी लाल चन्दन या केशरादि से तिलक लगाए। उस दिन नमक-तेलादि तामसिक भोजन से परहेज रखें। उद्यापन-कालीन अंतिम रविवार को सूर्य के बीज मंत्र तथा सूर्य गायत्री मंत्र द्वारा हवनादि के पश्चात् ब्राह्मण दम्पत्ति को मिष्ठान सहित भोजन करवा कर यथाशक्ति गेहूं, गुड़, ताम्र बर्तन, नारियल, लाल वस्त्र, मिष्ठानादि का दक्षिणा सहित दान करें। **सूर्य शान्ति** हेतु मानक (माणिक्य) रत्न सुवर्ण की अंगूठी में धारण करना तथा लाल वस्त्र दान करना शुभ रहता है।

सोमवार के व्रत की विधि—यह व्रत श्रावण, चैत्र, वैशाख, कार्तिक या मार्गशीर्ष के महीनों के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से प्रारम्भ करें। इस व्रत को पांच वर्ष अथवा सोलह सोमवार पर्यन्त श्रद्धा के साथ विधिपूर्वक धारण करें। चैत्र शुक्लाष्टमी तिथि, आर्द्रा नक्षत्र, सोमवार को अथवा श्रावण मास के प्रथम सोमवार को प्रारम्भ करने का विशेष माहात्म्य है। व्रतारम्भ करने वाले स्त्री-पुरुष को चाहिए कि प्रातःकाल जल में कुछ काले तिल डालकर स्नान करें। स्नानानन्तर **''ॐ नमः शिवाय''** आदि शिव मंत्रों द्वारा तथा श्वेत फूलों, सफेद चन्दन, चावल, पंचामृत, अक्षत, सुपारी, फल, गंगा, जल, बिल्व पत्रादि से शिव-पार्वती का पूजन करें और पूजनोपरान्त ब्राह्मण को दान-दक्षिणा देकर स्वयं भोजन करें। भोजन एक समय नमक रहित होना चाहिए। व्रत का उद्यापन भी उपर्युक्त महीनों में करना श्रेयकर होता है। उद्यापन में दशमांश जप का हवन करके सफेद वस्तुओं जैसे-चावल, श्वेत वस्त्र, बरफी, दूध-दही, क्षीर, चांदी, सफेद फलों का दान करना चाहिए। यह व्रत करने से मानसिक शान्ति होकर मनोरथ सिद्धि होती है। उद्यापन के दिन ब्राह्मणों तथा बच्चों को खीर, पूड़ी, मिष्ठान भोजन करवा कर यथाशक्ति दान करें।

चन्द्रमा की शान्ति हेतु चांदी की अंगूठी में चन्द्रकान्तमणि एवं मोती धारण करना, श्वेत वस्त्र दान करना, दूध, दही, बरफी, चावलों, बतासे आदि का दान करना कल्याणकारी होता है। व्रत के दिन इसके बीज मंत्र **''ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः''** की कम से कम तीन माला का जाप करना चाहिए।

मंगलवार के व्रत की विधि—सर्व प्रकार के सुखों, रक्त विकार, शत्रु दमन, स्वास्थ्य रक्षा, पुत्र प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ, ह्रदयमोचनादि के लिए मंगलवार का व्रत उत्तम है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ सप्ताह तक अथवा यथाशक्ति जीवन-पर्यन्त रखें। इस व्रत में गेहूं और गुड़ सहित भोजन करें। भोजन नमक रहित एक समय ही करना चाहिए। इस व्रत से मंगल ग्रह के अरिष्ट दोष भी शांत हो जाते हैं। व्रत में श्री हनुमान जी की लाल पुष्पों, फूलों, ताम्र बर्तन तथा नारियल द्वारा पूजा एवं दान करना चाहिए साथ ही श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। भौम ग्रह की शान्ति के लिए **''ॐ क्रां, क्रीं, क्रौं सः भौमाय नमः''** बीज मंत्र की कम से कम तीन माला जाप करनी चाहिए। मंगल की शुभता के लिए ताम्बे की अंगूठी में मूंगा धारणा करना शुभ होता है। **मंगल देवता** का ध्यान निम्नलिखित मंत्र द्वारा करना चाहिए—

रक्त माल्य अम्बरधरः शक्ति शूल गदाधारः। चतुर्भुजः रक्तोमा वरदः स्याद धरासुतः॥

इसके अतिरिक्त श्री हनुमान चालीसा तथा श्री हनुमान उपासना करना भी कल्याणप्रद रहता है।

बुधवार के व्रत की विधि—इस व्रत का प्रारम्भ शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) बुधवार से करें। २१ व्रत रखें। बुधवार के व्रत से बुध ग्रह की शान्ति तथा धन, बुद्धि, विद्या और व्यापार में वृद्धि होती है। यह व्रत विशाखा नक्षत्रकालीन बुधवार को प्रारम्भ करके सात अथवा हर बुधवार तक करें। व्रत के दिन स्नानोपरान्त हरे वस्त्र पहिनकर श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ तथा ग्रह शान्ति के लिए हरा वस्त्र धारण करके, बीजमंत्र **''ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः''** का पाठ कम से कम तीन माला जाप करनी चाहिए। इस दिन एक समय नमक रहित जैसे-मूंगी से बना हुआ हलवा, मीठी पंजीरी व मूंग के लड्डुओं का दान करें और स्वयं भी सेवन करें। व्रत के अन्तिम बुधवार को मधुसर्पी, दधि तथा घृत के साथ बीज मंत्र का हवन करें। तदुपरांत सुपात्रव्यक्ति को मूंगी सहित भोजन, हरे फल, हरा-पीला वस्त्र दान करें। गौओं को हरा चारा भी डाल देवें।

बुध ग्रह की शान्ति के लिए हरा वस्त्र धारणा करना, छोटी इलाइची, तुलसी तथा कांसे के बर्तन में भोजन करना तथा पन्ना रत्न धारण करना शुभ एवं कल्याणकारी रहता है।

बृहस्पतिवार के व्रत की विधि—यह व्रत गुरु ग्रह की शान्ति तथा विद्या-बुद्धि, धन-धान्य, पुत्र-पौत्र विवाह आदि सुखों की प्राप्ति के लिए किया जाता है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (ज्येष्ठ) वीरवार से प्रारम्भ करके तीन वर्ष अथवा १६ वीरवार तक करना चाहिए। व्रत प्रारम्भ के दिन प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर पीले वस्त्र धारण करके पीले पुष्पों, चने की दाल, पीला यज्ञोपवीत, पीला चन्दन, बेसन की बरफी, हल्दी व पीले चावलों एवं केला आदि पीले फलों सहित भगवान् विष्णु तथा बृहस्पति (गुरू) की पूजा करनी चाहिए तथा गुरू के बीज मन्त्र की कम से कम तीन या पांच अथवा १६ माला करनी चाहिए। व्रती को बृहस्पति वार को शिर नहीं धोना चाहिए तथा एक समय ही नमक रहित भोजन करना चाहिए। व्रती को उस दिन भोग लगा कर किसी ब्राह्मण व बालक को चने की दाल, बेसन की बर्फी, बेसन का हलुवा, घी, लड्डु, पीले चावल, केलों आदि पीतल का बर्तन तथा पीले वस्त्र का दान दक्षिण सहित करके स्वयं भी ऐसा ही भोजन करना चाहिए। इस दिन केले के वृक्ष की पूजा का भी विधान लिखा है। मन-वचन और कर्म द्वारा शुद्ध चित्त होकर गुरु गायत्री मंत्र अथवा गुरु के बीज मंत्र **''ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः''** का यथाशक्ति पाठ करे। उद्यापन में पाठ के दशमांश भाग का समधि,

मधु-सर्पी, घृत, दधि व हरिद्रा सहित सामग्री द्वारा हवन करना कल्याणकारी रहता है। बृहस्पति की शुभता के लिए सोने की अंगूठी में पुखराज पहिनना भी शुभ रहता है।

शुक्रवार व्रत कथा की विधि–यह व्रत धन, विवाह, संतानादि भौतिक सुखों में वृद्धिकारक होता है। यह व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से शुरु किया जाता है। श्रावण मास के प्रथम शुक्रवार को प्रारम्भ करने से विशेष रूप से लक्ष्मी की कृपा रहती है। व्रत के दिन स्नानोपरान्त सफेद वस्त्र धारण करके श्री लक्ष्मी देवी की धूप, दीप, श्वेत, चंदन, चावल, श्वेत पुष्प, चीनी, सुपारी से पूजा करके बच्चों में श्वेत मिठाई, क्षीर, फलादि बाँट दें। ग्रह शान्ति के लिए

"ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः" की ३ माला या दस माला का जाप करें। स्वयं भी एक समय क्षीरादि श्वेत वस्तुओं का सेवन करें। नमक का प्रयोग न करें। यही पदार्थ यथा-शक्ति संभव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दे। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो या उद्यापन उपरान्त हवनादि के पश्चात्, ब्राह्मणों एवं बालकों (बटुकों) को क्षीर चावलादि से युक्त भोजन कराने तथा श्वेत वस्त्र, खाण्ड, चावल, चाँदी फलादि सफेद पदार्थों का दान करें। यह व्रत शुक्र शान्ति का सरल उपचार है। यह व्रत २१ या ३१ अथवा यथाशक्ति मात्रा में करें–मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी, ऐसा शिवपुराण में लिखा है।

शनिवार व्रत कथा की विधि–यह व्रत शनिग्रह की अरिष्ट शान्ति तथा जीर्ण, शत्रुभय, आर्थिक संकट, मानसिक संताप का निवारण करता है और धन-धान्य और व्यापार में वृद्धि करता है। यह व्रत शुक्ल पक्ष के शनिवार विशेषकर श्रावण मास शनिवार के दिन लौह निर्मित शनि की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान करा कर धूप-गंध, नीले पुष्प (विशेषकर काला गुलाब) फल, तिल, लौंग, सरसों का तेल, चावल, गंगाजल, दूध डालकर पश्चिम दिशा की ओर अभिमुख होकर पीपल वृक्ष की जड़ में डाल दें। १९ शनिवार करने के उपरान्त उद्यापन के समय पिप्लेश्वर महादेव का पूजन करें। पीपल के वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूत को लपेट कर धूप दीप नैवेद्य से शनिदेव की पूजा करे। ७ बार धागे को लपेटने के साथ ही साथ शनिदेव की जय बोलते रहे और गाधि, कौशिक, पिप्लाद तीनों महामुनियों का स्मरण अवश्य करना चाहिए। इस दिन शनि स्तोत्र का पाठ, जूते, जुराब नीले रंग का वस्त्र काला छाता, काले माश, काले चने, चाकू, नारियल और तेल से निर्मित वस्तुओं का दान किसी वृद्ध ब्राह्मण को देवें और स्वयं भी उड़दादि तथा तेल निर्मित पदार्थों का सेवन करें और एक समय नमक रहित भोजन करना चाहिए। घोड़े की नाल (लोहे का) छल्ला पहनना चाहिए। हनुमान जी को भी तेल चढ़ाना चाहिए और संकटमोचन का पाठ करना चाहिए। शनिदेव की शान्ति के लिए महामृत्युञ्जय का जाप भी कल्याणकारी रहेगा।

राहु की शान्ति के लिए भी शनि का व्रत उपरोक्त विधि अनुसार करे और दान में नारियल, भूरा काबल, जौं आदि दे और पक्षियों को बाजरा डालना चाहिए। सतनाजा दान करना चाहिए। राहु के बीजमंत्र **"ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः॥"** का पाठ करना श्रेयकर होता है।

केतु ग्रह की शान्ति हेतु-केतु के बीज मंत्र **"ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः"** की पांच माला का जाप तथा पूजा मंगलवार के व्रत जैसे करनी चाहिए।

१२ राशियों का घाती चक्र

द्वादश राशि के प्रत्येक मनुष्य को घाती चक्र में दिए अनुसार प्रत्येक तिथि, वार नक्षत्र, लग्न, चंद्रमास घातक होते हैं। अतः मनुष्य को चाहिये कि वे अपना कोई भी इष्ट और शुभ कार्य घातक समय वा मुहूर्त्त पर आरम्भ न करें। नीचे दिया हुआ घात चक्र युद्ध, विवाद (शास्त्रार्थ) राज सेवा, वाहन, यात्रा, रोगादि कार्यों में देखना चाहिए। अर्थात् इन राशि वालों के लिए इन कार्यों में घात चन्द्र, वारादि शुभ नहीं और तीर्थ यात्रा, विवाहादि में घात चन्द्रादि का विचार न करें। विशेष फलादेश जानने के लिये पत्र व्यवहार करें।

राशयः	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्ग	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
घात तिथि	१-६-११	५-१०-१५	२-७-१२	२-७-१२	३-८-१३	५-१०-१५	४-९-१४	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	३-८-१३	५-१०-१५
घात वार	रवि	शनि	चन्द्र	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
घात नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूल	श्रवण	शत.	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घात योग	विष्कुम्भ	सुकर्मा	परिघ	धृति	प्रीति	सुकर्मा	अतिगंड	ब्रह्म	वैधृति	गंड	व्याघात	वज्र
घात करण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बालव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुभ	चतुष्पाद
घात लग्न	१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५
घात प्रहर	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	प्रथम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	चतुर्थ
पु. घा. चंद्र	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनु	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ
स्त्री घा. चंद्र	मेष	धनु	धनु	मिथुन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनु	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	मेष

ग्रहों का नैसर्गिक मैत्री चक्र

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मित्र	चंद्र मंगल गुरु	सूर्य बुध	सूर्य चंद्र गुरु	सूर्य शुक्र	सूर्य चंद्र मंगल	बुध शनि	बुध शुक्र	शुक्र बुध शनि	बुध गुरु
सम	बुध	मंगल गुरु शुक्र शनि	शुक्र शनि	मंगल गुरु शनि	शनि	मंगल गुरु	गुरु	गुरु केतु	मंगल राहु शुक्र
शत्रु	शुक्र शनि	०० ००	बुध राहु	चंद्र	बुध शुक्र	सूर्य चंद्र	सूर्य मंगल चंद्र	सूर्य चंद्र मंगल	सूर्य चंद्र शनि
उच्चांश	मेष १०	वृषे ३	म. २८	कं. १५	कर्क ५	मी. २७	तु. २०	वृ. १५	
नीचांश	तु. १०	वृश्चि ३	क. २८	मी १५	म. ५	कं. २७	मे. २०°	वृ. १५°	

नक्षत्र, राशि, वर्ण, योनि आदि ज्ञान चक्र

नक्षत्र	चरणाक्षर	राशि	वश्य	योनि	महावैर योनि	राशि स्वामी	गण	नाड़ी	तत्त्व हंसका	नाम (संज्ञा)	नक्षत्र देवता	कितने तारे	पंचश्ला का वेध
अश्विनी	चू. चे. चो. ला.	मेष	चतुष्पद	अश्व	महिष	मंगल	देव	आदि	अग्नि	क्षिप्र	अश्वि कु.	३	पू. फा.
भरणी	ली. लू. ले. लो.	मेष	चतुष्पद	गज	सिंह	मंगल	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	यम	३	अनु
कृत्तिका	अ. इ. उ. ए.	मे.१ वृष ३	चतुष्द	मेढ़ा	वानर	मं.१ शु.३	राक्षस	अन्त्य	अ.१ पृ.३	मिश्र	अग्नि	६	विशा
रोहिणी	ओ. वा. वी. वू.	वृष	चतुष्पद	सर्प	न्योला	शुक्र	मनुष्य	अन्त्य	पृथ्वी	ध्रुव	ब्रह्मा	५	अभि
मृगशिर	वे. वो. का. की.	वृ.२ मि.२	च.२ नर२	सर्प	न्योला	शु.२ बु.२	देव	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	चन्द्रमा	५	उ.षा.
आर्द्रा	कु. घ. ङ. छ.	मिथुन	नर(मनुष्य)	श्वान	मृग	बुध	मनुष्य	आदि	वायु	तीक्ष्ण	शिव	१	पू.षा.
पुनर्वसु	के. को. हा. ही.	मि.३ क.१	न.३ ज.१	मार्जार	मूषक	बु.३ चं.१	देव	आदि	वा.३ ज.१	चर	अदिति	४	मूल
पुष्य	हू. हे. हो. डा.	कर्क	जलचर	मेढ़ा	वानर	चंद्र	देव	मध्य	जल	क्षिप्र	गुरु	३	ज्ये.
आश्लेषा	डी. डू. डे. डो.	कर्क	जलचर	मार्जा.	मूषक	चंद्र	राक्षस	अन्त्य	जल	तीक्ष्ण	सर्प	५	धनि
मघा	मा. मी. मू. मे.	सिंह	चतुष्पद	मूषक	बिडाल	सूर्य	राक्षस	अन्त्य	अग्नि	उग्र	पितर	५	श्रव
पू.फा.	मो. टा.टी. टू.	सिंह	चतुष्पद	मूषक	बिडाल	सूर्य	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	भग, सूर्य	२	अश्वि
उ.फा.	टे. टो. पा. पी.	सिं.१ कं.३	चं.१ न.३	गौ	व्याघ्र	सू.१ बु.३	मनुष्य	आदि	अ.१ पृ.३	ध्रुव	अर्यमा	२	रेव
हस्त	पू. ष. ण. ठ.	कन्या	नर	महिष	अश्व	बुध	देव	आदि	पृथ्वी	क्षिप्र	सूर्य	५	उ.भा.
चित्रा	पे. पो. रा. री.	के.२ तु.२	नर	व्याघ्र	गौ	बु.२ शु.२	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	विश्व	१	पू.भा.
स्वाती	रू. रे. रो. ता.	तुला	नर	महिष	अश्व	शुक्र	देव	अन्त्य	वायु	चर	वायु	१	शत
विशाखा	ती. तू. ते. तो.	तु.३ वृ.१	न.३ की.१	व्याघ्र	गौ	शु.३ मं.१	राक्षस	अन्त्य	वा.३ ज.१	मिश्र	इंद्राग्नि	४	कृति
अनुराधा	ना. नी. नू. ने.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	देव	मध्य	जल	मृदु	मिश्र	४	भर
ज्येष्ठा	नो. या. यी. यू.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	राक्षस	आदि	जल	तीक्ष्ण	इन्द्र	३	पुष्य
मूल	ये. यो. भा. भी.	धनु	नर	श्वान	मृग	गुरु	राक्षस	आदि	अग्नि	तीक्ष्ण	राक्षस	११	पुन
पूर्वाषाढ़ा	भू. ध. फ. ढ.	धनु	न॥ चतु ३	वानर	मेंढ़ा	गुरु	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	जल	२	आर्द्रा
उत्तराषाढ़ा	भे. भो. जा. जी.	ध.१ मं.३	चतुष्पद	नकुल	सर्प	गु.१ शं.३	मनुष्य	अन्त्य	अ.१ पृ.३	ध्रुव	विश्वे	२	मृग
अभिजित	जु. जे. जो. ख.	मकर	—	नकुल	सर्प	शनि	—	—	पृथ्वी	क्षिप्र	विष्णु	३	रोह
श्रवण	खी. खू. खे. खो.	मकर	चतु.१ ॥ज२	वानर	मेढ़ा	शनि	देव	अन्त्य	पृथ्वी	क्षिप्र	विष्णु	३	कृति
धनिष्ठा	गा. गी. गू. गे.	म.२ कुं.२	ज.२ न.२	सिंह	गज	शनि	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	चर	वसु	४	विशा
शतभिषा	गो. सा. सी. सू.	कुम्भ	नर	अश्व	महिष	शनि	राक्षस	आदि	वायु	चर	वरुण	१००	स्वा
पूर्वाभाद्रपद	से. सो. दा. दी.	कुं.३ मी.१	न.३ ज.१	सिंह	गज	श.३ गु.१	मनुष्य	आदि	वा.३ ज.१	उग्र	रूद्र	२	चित्रा
उ. भाद्रपद	दू. थ. झ. ञ.	मीन	जलचर	गौ	व्याघ्र	गुरु	मनुष्य	मध्य	जल	ध्रुव	अहिबु	२	हस्त
रेवती	दे. दो. चा. ची.	मीन	जलचर	गज	सिंह	गुरु	देव	अन्त्य	जल	मृदु	पूषा	३२	उ.फा.

नामाक्षरों से वर्ग देखने का चक्र (अपने से चतुर्थ वर्ग को मित्र क्षेत्री समझना चाहिए)

अ ई उ ए	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
गरुड़	बिडाल	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	हरिण	मेढ़ा

वर्ण ज्ञान चक्र

वर्ण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
राशि	१२/४/८	१/५/९	२/६/१०	३/७/११

ग्रह मैत्री चक्र

ग्रहा:	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्राणि	चं मं गु	सू बु	सू चं गुरु	सू शु	सू चं मं.	बु श	शु बु
समा:	बुध:	मं गु शु श	शु श	मं गु श	श	मं गु	गु
शत्रव	शु श	० ०	बुध	चं	बु शु	सू चं	सू चं मं
उच्चांश	मे १०	वृष ३	म २८	क १५	कर्क ५	मी २७	तु २०
नीचांश	तु १०	वृ ३	क २८	मी १५	म ५	क २७	मे २०

मित्र नवपंचम चक्र								शत्रु नवपंचम चक्र			
१	२	३	५	७	८	९	१०	१२	११	६	४
५	६	७	९	११	१२	१	२	४	३	१०	८

मित्रषडाष्टक चक्र						शत्रुषडाष्टक चक्र					
१	३	५	७	९	११	१	३	५	७	९	११
८	१०	१२	२	४	६	६	८	१०	१२	२	४

मित्रद्विर्द्वादश चक्र						शत्रुद्विर्द्वादश चक्र					
१२	२	४	६	८	१०	१	३	५	७	९	११
१	३	५	७	९	११	२	४	६	८	१०	१२

नव पंचम–कन्या से वर अथवा वर से कन्या की राशि पांचवीं, नौवीं हो, तो दम्पत्ति को संतान हानि की संभावना होती है। परन्तु मीन-कर्क, कर्क-बृश्चिक, कुम्भ-मिथुन, कन्या-मकर विशेषत: त्याज्य माने जाते हैं। राशि मैत्री होने की स्थिति में नव-पंचम दोष अचिन्तनीय है।

षडाष्टक दोष–लड़के और लड़की की राशियां परस्पर छठे-आठवें हों तो षडाष्टक यथा-सम्भव त्याज्य है। शत्रु षडाष्टक दोष विशेषत: त्याज्य माना जाता है।

विस्तृत विवेचन के लिए देखें गत पृष्ठ 175

भारतीय संस्कृति में संस्कारों का महत्त्व

(मुख्य-मुख्य मुहूर्त्तों का निर्णय स्वयं करें)

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में संस्कारों का विशेष महत्त्व है। प्राचीन ऋषियों ने गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि कर्म तक **षोडश-संस्कारों** के महत्त्व को एकमत से स्वीकार किया है। मनुष्य जन्म से अबोध होता है, परन्तु संस्कारों से मनुष्य के आन्तरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व का निखार व परिष्कार होता है। जैसे, शास्त्र में कहा गया है--

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद् द्विज उच्यते।
वेद पाठात् भवेद् विप्रः, ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः॥

अतएव सुख, समृद्धि एवं कल्याण चाहने वाले प्रत्येक वर्ण के गृहस्थी मनुष्य को भारतीय परम्परा एवं संस्कृति का अनुगमन करते हुए गर्भाधान, पुंसवन, नामकरणादि संस्कारों को धारण करना चाहिए। शास्त्र विधि अनुसार बच्चे के संस्कार करने से बालक/कन्या मेधावी, धनी, यशस्वी एवं दीर्घायु होता है॥

षोडश संस्कार इस प्रकार से हैं–

(१) गर्भाधान (२) पुंसवन (३) सीमन्तोन्नयन (४) जातकर्म (५) नामकरण (६) निष्क्रमण (७) अन्न प्राशन (८) चूडाकरण (मुण्डन), **(९) यज्ञोपवीत (१०) से (१३) तक चतुर्वेदीय व्रत, (१४) समानवर्त्तन (१५) विवाह (१६) अन्त्येष्टि।**

☞ **(१) गर्भाधान संस्कार**–यह प्रथम संस्कार है, जो स्त्री के ऋतु (रजस्वला)स्नान के पश्चात् किया जाता है। भार्या के स्त्री धर्म (रजोदर्शन) में होने के १६ दिन तक वह गर्भ-धारण के योग्य रहती है। **रजोदर्शन** के दिन ६, ८, १०, १२, १४, १६वें दिनों में क्रियमाण गर्भाधान पुत्रदायक तथा विषम दिनों (५, ७, ९, ११, १३, १५) में कन्या-प्रद होता है। उपरोक्त दिनों में भी शुद्ध मुहूर्त दिनों का विचार किया जाता है।

(१) गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त्त

शुभतिथियां–१ (कृष्ण) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शुक्ल)

शुभ वार–सोम, बुध गुरु एवं शुक्रवार

